स्री रघुराज प्राक्रम को लख तेज संबूह सभै भहराने ॥
ओटन कूद करोटन फाध सु लंकहि छाडि बिलंक सिधाने ॥६१८॥
रावन रोस भरयो रन मो गहि बीस हूं बाहि हथयार प्रहारे ॥
भूंमि अकास दिसा बिदिसा चकि चार रुके नही जात निहारे ॥
फोकन तै फल तै मद्ध तै अध तै बध कै रण मंडल डारे ॥
छंत्र धुजा बर बाज रथी रथ काटि सभै रघुराज उतारे ॥६१९॥
रावन चउप चलयो चप कै निज बाज बिहीन जबै रथ जानयो ॥
ढाल त्रिसूल गदा बरछी गहि स्री रघुनंदन सो रन ठानयो ॥
धाइ परयो ललकार हठी कप पुंजन को कछु त्रास न मानयो ॥
अंगद आदि हनवंत ते लै भट कोट हुते कर एक न जानयो ॥६२०॥
रावन को रघुराज जबै रण मंडल आवत मद्धि निहारयो ॥
बीस सिला सित साइक लै करि कोपु बडो उर मद्ध प्रहारयो ॥
भेद चले मरम सथल को सर स्रोण नदी सर बीच पखारयो ॥
आगे ही रेंग चलयो हठि कै भट धाम को भूल न नाम उचारयो ॥६२१॥
रोस भरयो रन मौ रघुनाथ सु पान के बीच सरासन लै कै ॥
पाचक पाइ हटाइ दयो तिह बीसहूं बाहि बिना ओह कै कै ॥
दै दस बान बिमान दसो सिर काट दए सिव लोक पठै कै ॥
स्री रघुराज बरयो सीअ को बहुरो जनु जुद्ध सुयंबर जै कै ॥६२२॥

◄ इति स्री बचित्र नाटके रामवतार दस सिर बधह धिआइ समापतम सतु ॥

अथ मदोदरी समोध बभीछन को लंक राज दीबो ॥

सीता मिलबो कथनं ॥

स्वैया छंद ॥

इंद्र डराकुल थो जिह के डर सूरज चंद्र हुतो भय भीतो ॥
लूट लयो धन जउन धनेस को ब्रहम हुतो चित मोननि चीतो ॥

इंद्र से भूप अनेक लरै इन सौ फिरि कै ग्रह जात न जीतो ॥
सो रन आज भलैं रघुराज सु जुद्ध सुयंबर कै सीअ जीतो ॥६२३॥

अलका छंद ॥

चटपट सैणं खटपट भाजे ॥
झटपट जुझयो लख रण राजे ॥
सटपट भाजे अटपट सूरं ॥
झटपट बिसरी घट पट हूरं ॥६२४॥
चटपट पैठे खटपट लंकं ॥
रण तज सूरं सर धर बंकं ॥
झलहल बारं नरबर नैणं ॥
धकि धकि उचरे भकि भकि बैणं ॥६२५॥
नर बर रामं बरनर मारो ॥
झटपट बाहं कटि कटि डारो ॥
तब सभ भाजे रख रख प्राणं ॥
खटपट मारे झटपट बाणं ॥६२६॥
चटपट रानी सटपट धाई ॥
रटपट रोवत अटपट आई ॥
चटपट लागी अटपट पायं ॥
नरबर निरखे रघुबर रायं ॥६२७॥
चटपट लोटैं अटपट धरणी ॥
कसि कसि रोवैं बरनर बरणी ॥
पटपट डारैं अटपट केसं ॥
बट हरि कूकैं नट वर भेसं ॥६२८॥
चटपट चीरं अटपट पारैं ॥
धर कर धूमं सरबर डारैं ॥
सटपट लोटैं खटपट भूमं ॥
झटपट झूरैं घरहर घूमं ॥६२९॥

रसावल छंद ॥

जबै राम देखै ॥
महा रूप लेखै ॥
रही नयाइ सीसं ॥
सभै नार ईसं ॥६३०॥
लखैं रूप मोही ॥
फिरी राम देही ॥
दई ताहि लंका ॥
जिमं राज टंका ॥६३१॥
क्रिपा द्रिसट भीने ॥
तरे नेत्र कीने ॥
झरै बार ऐसे ॥
महा मेघ जैसे ॥६३२॥
छकी पेख नारी ॥
सरं काम मारी ॥
बिधी रूप रामं ॥
महा धरम धामं ॥६३३॥
तजी नाथ प्रीतं ॥
चुभे राम चीतं ॥
रही जोर नैणं ॥

कहैं मद बैणं ॥६३४॥
सीआ नाथ नीके ॥
हरैं हार जीके ॥
लए जात चितं ॥
मनो चोर बितं ॥६३५॥
सभै पाइ लागो ॥
पतं द्रोह तयागो ॥
लगी धाइ पायं ॥
सभै नारि आयं ॥६३६॥
महा रूप जाने ॥
चितं चोर माने ॥
चुभे चित्र ऐसे ॥
सितं साइ कैसे ॥६३७॥
लगो हेम रूपं ॥
सभै भूप भूपं ॥
रंगे रंग नैणं ॥
छके देव गैणं ॥६३८॥
जिनै एक बारं ॥
लखे रावणारं ॥
रही मोहत ह्वै कै ॥
लुभी देख कै कै ॥६३९॥
छकी रूप रामं ॥
गए भूल धामं ॥
करयो राम बोधं ॥
महा जुद्ध जोधं ॥६४०॥
राम बाच मदोदरी प्रति ॥

रसावल छंद ॥

सुनो राज नारी ॥
कहा भूल हमारी ॥
चितं चित कीजै ॥
पुनर दोस दीजै ॥६४१॥
मिलै मोहि सीता ॥
चलै धरम गीता ॥
पठयो पउन पूतं ॥
हुतो अग्र दूतं ॥६४२॥
चलयो धाइ कै कै ॥
सीआ सोध लै कै ॥
हुती बाग माही ॥
तरे ब्रिछ छाही ॥६४३॥
परयो जाइ पायं ॥
सुनो सीअ मायं ॥
रिपं राम मारे ॥
खरे तोहि दुआरे ॥६४४॥
चलो बेग सीता ॥
जहा राम जीता ॥
सभै सत्रु मारे ॥
भूअं भार उतारे ॥६४५॥
चली मोद कै कै ॥
हनू संग लै कै ॥

सीआ राम देखे ॥
उही रूप लेखे ॥६४६॥
लगी आन पायं ॥
लखी राम रायं ॥
कहयो कउल नैनी ॥
बिधुं बाक बैनी ॥६४७॥
धसो अग मद्धं ॥
तबै होइ सुद्धं ॥
लई मान सीसं ॥
रचयो पावकीसं ॥६४८॥
गई पैठ ऐसे ॥
घनं बिज जैसे ॥
स्रुतं जेम गीता ॥
मिली तेम सीता ॥६४९॥
धसी जाइ कै कै ॥
कढी कुंदन ह्वै कै ॥
गरै राम लाई ॥
कबं क्रित गाई ॥६५०॥
सभो साध मानी ॥
तिहू लोग जानी ॥
बजे जीत बाजे ॥
तबै राम गाजे ॥६५१॥
लई जीत सीता ॥
महा सुभ्र गीता ॥
सभै देव हरखे ॥
नभं पुहप बरखे ॥६५२॥

◀ इति स्री बचित्र नाटके रामवतार बभीछन को लंका को राज दीबो मदोदरी समोध कीबो सीता मिलबो धयाइ समापतं ॥18॥

अथ अउधपुरी को चलबो कथनं ॥

रसावल छंद ॥

तबै पुहपु पै कै ॥
चड़े जुद्ध जै कै ॥
सभै सूर गाजै ॥
जयं गीत बाजे ॥६५३॥
चले मोद ह्वै कै ॥
कपी बाहन लै कै ॥
पुरी अउध पेखी ॥
स्रुतं सुरग लेखी ॥६५४॥

मकरा छंद ॥

सीअ लै सीएस आए ॥
मंगल सु चार गाए ॥
आनंद हीए बढाए ॥
सहरो अवध जहा रे ॥६५५॥
धाई लुगाई आवै ॥

भीरो न बार पावै ॥
आकल खरे उघावै ॥
भाखैं ढोलन कहा रे ॥६५६ ॥
जुलफै अनूप जा की ॥
नागन कि सिआह बाकी ॥
अधभुत अदाइ ता की ॥
ऐसो ढोलन कहा है ॥६५७ ॥
सरवोस ही चमनरा ॥
पर चुसत जा वतनरा ॥
जिन दिल हरा हमारा ॥
वह मन हरन कहा है ॥६५८ ॥
चित को चुराइ लीना ॥
जालम फिराक दीना ॥
जिन दिल हरा हमारा ॥
वह गुल चिहर कहा है ॥६५९ ॥
कोऊ बताइ दै रे ॥
चाहो सु आन लै रे ॥
जिन दिल हरा हमारा ॥
वह मन हरन कहा है ॥६६० ॥
माते मनो अमल के ॥
हरीआ कि जा वतन के ॥
आलम कुसाइ खूबी ॥
वह गुल चिहर कहा है ॥६६१ ॥
जालम अदाइ लीए ॥
खंजन खिसान कीए ॥
जिन दिल हरा हमारा ॥
वह महबदन कहा है ॥६६२ ॥
जालम अदाए लीने ॥
जानुक सराब पीने ॥
रुखसर जहान ताबा ॥
वह गुलबदन कहा है ॥६६३ ॥
जालम जमाल खूबी ॥
रोसन दिमाग अखसर ॥
पुर चुसत जा जिगर रा ॥
वह गुल चिहर कहा है ॥६६४ ॥
बालम बिदेस आए ॥
जीते जुआन जालम ॥
कामल कमाल सूरत ॥
वर गुल चिहर कहा है ॥६६५ ॥
रोसन जहान खूबी ॥
जाहर कलीम हफत जि ॥
आलम खुसाइ जलवा ॥
वह गुल चिहर कहा है ॥६६६ ॥
जीते बजंग जालम ॥
कीन खतंग पररा ॥
पुहपक बिबान बैठे ॥
सीता रवन कहा है ॥६६७ ॥
मादर खुसाल खातर ॥
कीने हजार छावर ॥
मातुर सिता बधाई ॥

वह गुल चिहर कहा है ॥६६८॥

◀ *इति स्री राम अवतार सीता अयुधिआ आगम नाम धिआइ समापतं ॥*

अथ माता मिलणं ॥

रसावल छंद ॥

सुने राम आए ॥
सभै लोग धाए ॥
लगे आन पायं ॥
मिले राम रायं ॥६६९॥
कोऊ चउर ढारैं ॥
कोऊ पान खुआरैं ॥
परे मात पायं ॥
लए कंठ लायं ॥६७०॥
मिलै कंठ रोवैं ॥
मनो सोक धोवैं ॥
करैं बीर बातैं ॥
सुने सरब मातैं ॥६७१॥
मिलै लच्छ मातं ॥
परे पाइ भ्रातं ॥
करियो दान एतो ॥
गनै कउन केतो ॥६७२॥
मिले भरथ मातं ॥
कही सरब बातं ॥
धनं मात तो को ॥
अरिणी कीन मो को ॥६७३॥
कहा दोस तेरै ॥
लिखी लेख मेरै ॥
हुनी हो सु होई ॥
कहै कउन कोई ॥६७४॥
करो बोध मातं ॥
मिलयो फेरि भ्रातं ॥
सुनयो भरथ धाए ॥
पगं सीस लाए ॥६७५॥
भरे राम अंकं ॥
मिटी सरब संकं ॥
मिलयं सत्र हंता ॥
सरं सासत्र गंता ॥६७६॥
जटं धूर झारी ॥
पगं राम रारी ॥
करी राज अरचा ॥
दिजं बेद चरचा ॥६७७॥
करैं गीत गानं ॥
भरे वीर मानं ॥
दीयं राम राजं ॥
सरे सरब काजं ॥६७८॥
बुलै बिप लीने ॥

सुतोचार कीने ॥
भए राम राजा ॥
बजे जीत बाजा ॥६७९॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

चहूं चक के छत्रधारी बुलाए ॥
धरे अत्र नीके पुरी अउध आए ॥
गहे राम पायं परम प्रीत कै कै ॥
मिले चत्र देसी बडी भेट दै कै ॥६८०॥
दए चीन माचीन चीनंत देसं ॥
महा सुंद्री चेरका चार केसं ॥
मनं मानकं हीर चीरं अनेकं ॥
कीए खेज पईयै कहूं एक एकं ॥६८१॥
मनं मुतीयं मानकं बाज राजं ॥
दए दंतपंती सजे सरब साजं ॥
रथं बेसटं हीर चीरं अनंतं ॥
मनं मानकं बद्ध रद्धं दुरंतं ॥६८२॥
किते स्वेत ऐरावतं तुलि दंती ॥
दए मुतयं साज सजे सुपंती ॥
किते बाज राजं जरी जीन संगं ॥
नचै नट मानो मचे जंग रंगं ॥६८३॥
किते पक्खरे पील राजा प्रमाणं ॥
दए बाज राजी सिराजी न्रिपाणं ॥
दई रकत नीलं मणी रंग रंगं ॥
लखयो राम को अत्र धारी अभंगं ॥६८४॥
किते पसम पाटंबरं स्वरण बरणं ॥
मिले भेट लै भाति भातं अभरणं ॥
किते परम पाटंबरं भान तेजं ॥
दए सीअ धामं सभो भोज भोजं ॥६८५॥
किते भूखणं भान तेजं अनंतं ॥
पठे जानकी भेट दै दै दुरंतं ॥
घने राम मातान की भेट भेजे ॥
हरे चित के जाहि हेरे कलेजे ॥६८६॥
घमं चक्र चक्रं फिरी राम दोही ॥
मनो बयोत बागो तिमं सीअ सोही ॥
पठै छत्र दै दै छितं छोण धारी ॥
हरे सरब गरबं करे पुरब भारी ॥६८७॥
कटयो काल एवं भए राम राजं ॥
फिरी आन रामं सिरं सरब राजं ॥
फिरियो जैत पत्रं सिरं सेत छत्रं ॥
करे राज आगिआ धरै बीर अत्रं ॥६८८॥
दयो एक एकं अनेकं प्रकारं ॥
लखे सरब लोकं सही रावणारं ॥
सही बिसन देवारदन द्रोह हरता ॥
चहूं चक जानयो सीआ नाथ भरता ॥६८९॥
सही बिसन अउतार कै ताहि जानयो ॥
सभो लोक खयाता बिधाता पछानयो ॥
फिरी चार चक्रं चतुर चक्र धारं ॥
भयो चक्रवरती भूअं रावणारं ॥६९०॥
लखयो परम जोगिंद्रणो जोग रूपं ॥

महादेव देवं लखयो भूप भूपं ॥
महा सत्र सत्रं महा साध साधं ॥
महा रूप रूपं लखयो बयाध बाधं ॥६९१॥
त्रीयं देव तुलं नरं नार नाहं ॥
महा जोध जोधं महा बाह बाहं ॥
सुतं बेद करता गणं रुद्र रूपं ॥
महा जोग जोगं महा भूप भूपं ॥६९२॥
परं पारगंता सिवं सिद्ध रूपं ॥
बुधं बुद्धि दाता रिधं रिद्ध कूपं ॥
जहा भाव कै जेण जैसो बिचारे ॥
तिसी रूप सौ तउन तैसे निहारे ॥६९३॥
सभो ससत्रधारी लहे ससत्र गंता ॥
दुरे देव द्रोही लखे प्राण हंता ॥
जिसी भाव सो जउन जैसे बिचारे ॥
तिसी रंग कै काछ काछे निहारे ॥६९४॥

अनंत तुका भुजंग प्रयात छंद ॥

कितो काल बीतिओ भयो राम राजं ॥
सभै सत्र जीते महा जुद्ध माली ॥
फिरयो चक्र चारो दिसा मद्ध रामं ॥
भयो नाम ता ते महा चक्रवरती ॥६९५॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

सभै बिप आगसत ते आदि लै कै ॥
भ्रिगं अंगुरा बिआस ते लै बिसिसटं ॥
बिस्वामित्र अउ बालमीकं सु अत्रं ॥
दुरबासा सभै कसप ते आद लै कै ॥६९६॥
जभै राम देखै सभै बिप आए ॥
परयो धाइ पायं सीआ नाथ जगतं ॥
दयो आसनं अरघु पाद रघु तेणं ॥
दई आसिखं मौननेसं प्रसिंनयं ॥६९७॥
भई रिख रामं बडी गिआन चरचा ॥
कहो सरब जौपै बढै एक ग्रंथा ॥
बिदा बिप्र कीने घनी दच्छना दै ॥
चले देस देसं महा चित हरखं ॥६९८॥
इही बीच आयो म्रितं सून बिपं ॥
जीऐ बाल आजै नही तोहि स्रापं ॥
सभै राम जानी चितं ताहि बाता ॥
दिसं बारणी ते बिबाणं हकारयो ॥६९९॥
हुतो एक सूद्रं दिसा उत्र मद्धं ॥
झुलै कूप मद्धं परयो औध मुक्खं ॥
महा उग्र ते जाप पसयात उग्रं ॥
हनयो ताहि रामं असं आप हथं ॥७००॥
जीयो ब्रहम पुत्रं हरयो ब्रहम सोगं ॥
बढी कीरत रामं चतुर कुंट मद्धं ॥
करयो दस सहंस्र लउ राज अउधं ॥
फिरी चक्र चारो बिखै राम दोही ॥७०१॥
जिणे देस देसं नरेसं त रामं ॥
महा जुद्ध जेता तिहूं लोक जानयो ॥

दयो मंत्री अत्रं महाभ्रात भरथं ॥
कीयो सैन नाथं सुमित्रा कुमारं ॥७०२॥

मितगत छंद ॥

सुमति महा रिख रघुबर ॥
दुंदभ बाजति दर दर ॥
जग कीअस धुन घर घर ॥
पूर रही धुन सुरपुर ॥७०३॥
सुढर महा रघुनंदन ॥
जगपत मुन गन बंदन ॥
धरधर लौ नर चीने ॥
सुख दै दुख बिन कीने ॥७०४॥
अर हर नर कर जाने ॥
दुख हर सुख कर माने ॥
पुर धर नर बरसे है ॥
रूप अनूप अभै है ॥७०५॥

अनका छंद ॥

प्रभू है ॥
अजू है ॥
अजै है ॥
अभै है ॥७०६॥
अजा है ॥
अता है ॥
अलै है ॥
अजै है ॥७०७॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

बुलयो चत्र भ्रातं सुमित्रा कुमारं ॥
करयो माथुरेसं तिसे रावणारं ॥
तहा एक दईतं लवं उग्र तेजं ॥
दयो ताहि अपं सिवं सूल भेजं ॥७०८॥
पठयो तीर मंत्रं दीयो एक रामं ॥
महा जुद्ध माली महा धरम धामं ॥
सिवं सूल हीणं जवै सत्र जानयो ॥
तबै संगि ता कै महा जुद्ध ठानयो ॥७०९॥
लयो मंत्र तीरं चलयो निआइ सीसं ॥
त्रिपुर जुद्ध जेता चलयो जाण ईसं ॥
लखयो सूल हीणं रिपं जउण कालं ॥
तबै कोप मंडयो रणं बिकरालं ॥७१०॥
भजै घाइ खायं अगायंत सूरं ॥
हसे कंक बंकं घुमी गैण हूरं ॥
उठे टोप टुकं कमाणं प्रहारे ॥
रणं रोस रजे महा छत्र धारे ॥७११॥
फिरयो अप दईतं महा रोस कै कै ॥
हणे राम भ्रातं वहै बाण लै कै ॥
रिपं नास हेतं दीयो राम अपं ॥
हणियो ताहि सीसं द्रुगा जाप जपं ॥७१२॥
गिरयो झूम भूमं अघूमयो अरि घायं ॥

हणयो सत्र हंता तिसै चउप चायं ॥
गणं देव हरखे प्रबरखंत फूलं ॥
हतयो दैत द्रोही मिटयो सरब सूलं ॥७१३॥
लवं नासुरैयं लवं कीन नासं ॥
सभै संत हरखे रिपं भे उदासं ॥
भजै प्रान लै लै तजयो नगर बासं ॥
करयो माथुरेसं पुरीवा नवासं ॥७१४॥
भयो माथुरेसं लवंनास्र हंता ॥
सभै ससत्र गामी सुभं ससत्र गंता ॥
भए दुसट दूरं करूरं सु ठामं ॥
करयो राज तैसो जिमं अउध रामं ॥७१५॥
करियो दुसट नासं पपातंत सूरं ॥
उठी जै धुनं पुर रही लोग पूरं ॥
गई पार सिंधं सु बिंधं प्रहारं ॥
सुनियो चक्र चारं लवं लावणारं ॥७१६॥

अथ सीता को बनबास दीबो ॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

भई एम तउनै इतै रावणारं ॥
कही जानकी सो सुकथं सुधारं ॥
रचे एक बागं अभिरामं सु सोभं ॥
लखे नंदनं जउन की क्रात छोभं ॥७१७॥
सुनी एम बानी सीआ धरम धामं ॥
रचियो एक बागं महा अभरामं ॥
मणी भूखितं हीर चीरं अनंतं ॥
लखे इंद्र पथं लजे स्रोभ वंतं ॥७१८॥
मणी माल बज्रं ससोभाइ मानं ॥
सभै देव देवं दुती सुरग जानं ॥
गए राम ता मो सीआ संग लीने ॥
किती कोट सुंदरी सभै संगि कीने ॥७१९॥
रचयो एक मंद्रं महा सुभ्र ठामं ॥
करयो राम सैनं तहा धरम धामं ॥
करी केल खेलं सु बेलं सु भोगं ॥
हुतो जउन कालं समै जैस जोगं ॥७२०॥
रहयो सीअ गरभं सुनयो सरब बामं ॥
कहे एम सीता पुनर बैन रामं ॥
फिरयो बाग बागं बिदा नाथ दीजै ॥
सुनो प्रान पिआरे इहै काज कीजै ॥७२१॥
दीयौ राम संगं सुमित्रा कुमारं ॥
दई जानकी संग ता के सुधारं ॥
जहा घोर सालं तमालं बिक्रालं ॥
तहा सीअ को छोर आइयो उतालं ॥७२२॥
बनं निरजनं देख कै कै अपारं ॥
बनंबास जानयो दयो रावणारं ॥
रुरोदं सुर उचं पपातंत प्रानं ॥
रणं जेम वीरं लगे मरम बानं ॥७२३॥
सुनी बालमीकं स्रुतं दीन बानी ॥
चलयो कउक चितं तजी मोन धानी ॥

सीआ संगि लीने गयो धाम आपं ॥
मनो बच करमं दुरगा जाप जापं ॥७२४॥
भयो एक पुत्रं तहा जानकी तै ॥
मनो राम कीनो दुती राम ते लै ॥
वहै चार चिहनं वहै उग्र तेजं ॥
मनो अप अंसं दुती काढि भेजं ॥७२५॥
दीयो एक पालं सु बालं रिखीसं ॥
लसै चंद्र रूपं किधो दयोस ईसं ॥
गयो एक दिवसं रिखी संधियानं ॥
लयो बाल संगं गई सीअ नानं ॥७२६॥
रही जात सीता महा मोन जागे ॥
बिना बाल पालं लखयो सोकु पागे ॥
कुसा हाथ लै कै रचयो एक बालं ॥
तिसी रूप रंगं अनूपं उतालं ॥७२७॥
फिरी नाइ सीता कहा आन देखयो ॥
उही रूप बालं सुपालं बसेखयो ॥
क्रिपा मोन राजं घनी जान कीनो ॥
दुती पुत्र ता ते क्रिपा जान दीनो ॥७२८॥

◄ *इति स्री बचित्र नाटके रामवतार दुइ पुत्र उतपंने धयाइ धयाइ समापतं ॥21॥*

अथ जग्यग्रयारंभ कथनं ॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

उतै बाल पालै इतै अउध राजं ॥
बुले बिप जगयं तजयो एक बाजं ॥
रिपं नास हंता दयो संग ता कै ॥
बडी फउज लीने चलयो संग वा कै ॥७२९॥
फिरयो देस देसं नरेसाण बाजं ॥
किनी नाहि बाधयो मिले आन राजं ॥
महा उग्र धनिया बडी फउज लै कै ॥
परे आन पायं बडी भेट दै कै ॥७३०॥
दिसा चार जीती फिरयो फेरि बाजी ॥
गयो बालमीकं रिखिसथान ताजी ॥
जबै भाल पत्रं लवं छोर बाचयो ॥
बडो उग्रधंनया रसं रुद्र राचयो ॥७३१॥
ब्रिछं बाज बाधयो लखयो ससत्र धारी ॥
बडो नाद कै सरब सैना पुकारी ॥
कहा जात रे बाल लीने तुरंगं ॥
तजो नाहि या को सजो आन जंगं ॥७३२॥
सुणयो नाम जुद्धं जबै स्रउण सूरं ॥
महा ससत्र सउडी महा लोह पूरं ॥
हठे बीर हाठै सभै ससत्र लै कै ॥
परयो मद्धि सैणं बडो नादि कै कै ॥७३३॥
भली भात मारै पचारे सु सूरं ॥
गिरे जुद्ध जोधा रही धूर पूरं ॥
उठी ससत्र झारं अपारंत वीरं ॥
भ्रमे रुंड मुंड तनं तच्छ तीरं ॥७३४॥

गिरे लुथ पथं सु जुथत बाजी ॥
भ्रमै छूछ हाथी बिना सुआर ताजी ॥
गिरे ससत्र हीणं बिअसत्रंत सूरं ॥
हसे भूत प्रेतं भ्रमीं गैण हूरं ॥७३५॥
घणं घोर नीसाण बजे अपारं ॥
खहे वीर धीरं उठी ससत्र झारं ॥
छले चार चित्रं बचित्रंत बाणं ॥
रणं रोस रजे महा तेजवाणं ॥७३६॥

चाचरी छंद ॥

उठाई ॥
दिखाई ॥
नचाई ॥
चलाई ॥७३७॥
भ्रमाई ॥
दिखाई ॥
कंपाई ॥
चखाई ॥७३८॥
कटारी ॥
अपारी ॥
प्रहारी ॥
सुनारी ॥७३९॥
पचारी ॥
प्रहारी ॥
हकारी ॥
कटारी ॥७४०॥
उठाए ॥
गिराए ॥
भगाए ॥
दिखाए ॥७४१॥
चलाए ॥
पचाए ॥
त्रसाए ॥
चुटआए ॥७४२॥

◄ *इति लव बाधवो सत्रुघण बधहि समापत ॥*

अथ लछमन जुध कथनं ॥

अणका छंद ॥

जब सर लागे ॥
तब सभ भागे ॥
दलपति मारे ॥
भट भटकारे ॥७४३॥
हय तज भागे ॥
रघुबर आगे ॥
बहु बिध रोवैं ॥

समुहि न जोवैं ॥७४४॥
लव अर मारे ॥
तव दल हारे ॥
द्वै सिस जीते ॥
नह भय भीते ॥७४५॥
लछमन भेजा ॥
बहु दल लेजा ॥
जिन सिस मारू ॥
मोहि दिखारू ॥७४६॥
सुण लहु भ्रातं ॥
रघुबर बातं ॥
सजि दल चलयो ॥
जल थल हलयो ॥७४७॥
उठ दल धूरं ॥
नभ झड़ पूरं ॥
चहू दिस ढूके ॥
हरि हरि कूके ॥७४८॥
बरखत बाणं ॥
थिरकत जुआणं ॥
लह लह धुजणं ॥
खहखह भुजणं ॥७४९॥
हसि हसि ढूके ॥
कसि कसि कूके ॥
सुण सुण बालं ॥
हठि तज उतालं ॥७५०॥

दोहरा ॥

हम नही तयागत बाज बर सुणि लछमना कुमार ॥
अपनो भर बल जुद्ध कर अब ही संक बिसार ॥७५१॥

अणका छंद ॥

लछमन गजयो ॥
बड धन सजयो ॥
बहु सर छोरे ॥
जणु घण ओरे ॥७५२॥
उत दिव देखैं ॥
धनु धनु लेखैं ॥
इत सर छोरे ॥
मस कण तूटैं ॥७५३॥
भट बर गाजैं ॥
दुंदभ बाजैं ॥
सरबर छोरैं ॥
मुख नह मोरैं ॥७५४॥
लछमन बाच सिस सो ॥

अणका छंद ॥

स्रिण स्रिण लरका ॥
जिन करु करखा ॥
दे मिलि घोरा ॥

तुहि बल थोरा ॥७५५॥
हठ तजि अईऐ ॥
जिन समुहईऐ ॥
मिलि मिलि मो को ॥
डर नहीं तो को ॥७५६॥
सिस नही मानी ॥
अति अभिमानी ॥
गहि धनु गजयो ॥
दु पग न भजयो ॥७५७॥

अजबा छंद ॥

रुद्धे रण भाई ॥
सर झड़ि लाई ॥
बरखे बाणं ॥
परखे जुआणं ॥७५८॥
डिगे रण मद्धं ॥
अद्धो अद्धं ॥
कटे अंगं ॥
रुझै जंगं ॥७५९॥
बाणन झड़ लायो ॥
सरब रसायो ॥
बहु अर मारे ॥
डील डरारे ॥७६०॥
डिगे रण भूमं ॥
नरबर घूमं ॥
रजे रण घायं ॥
चके चायं ॥७६१॥

अपूरब छंद ॥

गणे केते ॥
हणे जेते ॥
कई मारे ॥
किते हारे ॥७६२॥
सभै भाजे ॥
चितं लाजे ॥
भजे भै कै ॥
जीयं लै कै ॥७६३॥
फिरे जेते ॥
हणे केते ॥
किते घाए ॥
किते धाए ॥७६४॥
सिसं जीते ॥
भटं भीते ॥
महा क्रुद्धं ॥
कीयो जुद्धं ॥७६५॥
दोऊ भ्राता ॥
खगं खयाता ॥
महा जोधं ॥
मंडे क्रोधं ॥७६६॥

तजे बाणं ॥
धनं ताणं ॥
मचे बीरं ॥
भजे भीरं ॥७६७॥
कटे अंगं ॥
भजे जंगं ॥
रणं रुझे ॥
नरं जुझे ॥७६८॥
भजी सैनं ॥
बिना चैनं ॥
लछ्न बीरं ॥
फिरयो धीरं ॥७६९॥
इकै बाणं ॥
रिपं ताणं ॥
हणयो भालं ॥
गिरयो तालं ॥७७०॥

◀ *इति लछमन बधहि समापतं ॥*

अथ भरथ जुध कथनं ॥

अड़्हा छंद ॥

भाग गयो दल त्राम कै कै ॥
लछमणं रण भूम दै कै ॥
खले रामचंद हुते जहा ॥
भट भाज भग लगे तहा ॥७७१॥
जब जाइ बात कही उनै ॥
बहु भात सोक दयो तिनै ॥
सुनि बैन मोन रहै बली ॥
जन चित्र पाहन की खली ॥७७२॥
पुन बैठ मंत्र बिचारयो ॥
तुम जाहु भरथ उचारयो ॥
मुन बाल द्वै जिन मारीयो ॥
धरि आन मोहि दिखारीयो ॥७७३॥
सज सैन भरथ चले तहा ॥
रण बाल बीर मंडे जहा ॥
बहु भात बीर संघारही ॥
सर ओघ प्रओघ प्रहारही ॥७७४॥
सुग्रीव और भभीछनं ॥
हनवंत अंगद रीछनं ॥
बहु भाति सैन बनाइ कै ॥
तिन पै चलयो समुहाइ कै ॥७७५॥
रण भूमि भरथ गए जबै ॥
मुन बाल दोइ लखे तबै ॥
दुइ काक पच्छा सोभही ॥
लखि देव दानो लोभही ॥७७६॥
भरथ बाच लव सो ॥

अकड़ा छंद ॥

मुनि बाल छाडहु गरब ॥
मिलि आन मोहू सरब ॥
लै जाहि राघव तीर ॥
तुहि नैक दै कै चीर ॥७७७॥
सुनते भरे सिस मान ॥
कर कोप तान कमान ॥
बहु भाति साइक छोरि ॥
जन अभ्र सावण ओर ॥७७८॥
लागे सु साइक अंग ॥
गिरगे सु बाह उतंग ॥
कहूं अंग भंग सुबाह ॥
कहूं चउर चीर सनाह ॥७७९॥
कहूं चित्र चार कमान ॥
कहूं अंग जोधन बान ॥
कहूं अंग घाइ भभक ॥
कहूं स्रोण सरत छलक ॥७८०॥
कहूं भूत प्रेत भकंत ॥
सु कहूं कमद्ध उठंत ॥
कहूं नाच बीर बैताल ॥
सो बमत डाकणि जुआल ॥७८१॥
रण घाइ घाए वीर ॥
सभ स्रोण भीगे चीर ॥
इक बीर भाजि चलंत ॥
इक आन जुद्ध जुटंत ॥७८२॥
इक ऐंच ऐंच कमान ॥
तक वीर मारत बान ॥
इक भाज भाज मरंत ॥
नही सुरग तउन बसंत ॥७८३॥
गज राज बाज अनेक ॥
जुझे न बाचा एक ॥
तब आन लंका नाथ ॥
जुझयो सिसन के साथ ॥७८४॥

बहोड़ा छंद ॥

लंकेस के उर मो तक बान ॥
मारयो राम सिसत जि कान ॥
तब गिरयो दानव सु भूमि मद्ध ॥
तिह बिसुध जाण नही कीयो बद्ध ॥७८५॥
तब रुकयो तास सुग्रीव आन ॥
कहा जात बाल नही पैस जान ॥
तब हणयो बाण तिह भाल तक ॥
तिह लगयो भाल मो रहयो चक ॥७८६॥
चप चली सैण कपणी सु क्रुद्ध ॥
नल नील हनू अंगद सु जुद्ध ॥
तब तीन तीन लै बाल बान ॥
तिह हणो भाल मो रोस ठान ॥७८७॥
जो गए सूर सो रहे खेत ॥
जो बचे भाज ते हुइ अचेत ॥

तब तकि तकि सिस कसि बाण ॥
दल हतयो राघवी तजि काणि ॥७८८॥

अनूप नराज छंद ॥

सु कोपि देखि कै बलं सु क्रुद्ध राघवी सिसं ॥
बचित्र चित्रत सरं बबरख बरखणो रणं ॥
भभजि आसुरी सुतं उठंत भेकरी धुनं ॥
भ्रमंत कुंडली क्रितं पपीड़ दारणं सरं ॥७८९॥
घुमंत घाइलो घणं ततच्छ बाणणो बरं ॥
भभज कातरो कितं गजंत जोधणो जुद्धं ॥
चलंत तीछणो असं खिमंत धार उजलं ॥
पपात अंगद केसरी हनू व सुग्रिवं बलं ॥७९०॥
गिरंत आमुरं रणं भभरम आसुरी सिसं ॥
तजंत सुआमणो घरं भजंत प्रान ले भटं ॥
उठंत अंध धुंधणो कबंध बंधतं कटं ॥
लगंत बाणाणो बरं गिरंत भूमि अहवयं ॥७९१॥
पपात ब्रिछणं धरं बबेग मार तुजणं ॥
भरंत धूर भूरणं बमंत स्रोणतं मुखं ॥
चिकार चावडी नभं फिकंत फिंकरी फिरं ॥
भकार भूत प्रेतणं डिकार डाकणी डुलं ॥७९२॥
गिरै धरं धुरं धरं धरा धरं धरं जिवं ॥
भभजि स्रउणतं तणै उठंत भै करी धुनं ॥
उठंत गद सदणं ननद निफिरं रणं ॥
बबरख साइकं सितं घुमंत जोधणो ब्रणं ॥७९३॥
भजंत भै धरं भटं बिलोक भरथणो रणं ॥
चलयो चिराइ कै चपी बबरख साइको सितं ॥
सु क्रुद्ध साइकं सिसं बबद्ध भालणो भटं ॥
पपात प्रिथवीयं हठी ममोह आस्र मंगतं ॥७९४॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटके रामावतारे भरथ बधहि धिआइ समापतं ॥*

अनूप नराज छंद

भभजि भीतणो भटं ततजि भरथणो भूअं ॥
गिरंत लुथतं उठं रुरोद राघवं तटं ॥
जुझे सु भ्रात भरथणो सुणंत जानकी पतं ॥
पपात भूमिणो तलं अपीड़ पीड़तं दुखं ॥७९५॥
ससज जोधणं जुधी सु क्रुद्ध बद्धणो बरं ॥
ततजि जग मंडलं अदंड दंडणो नरं ॥
सु गज बज बाजणो उठंत भै धरी सुरं ॥
सनद्ध बद्ध खै दलं सबद्ध जोधणो बरं ॥७९६॥
चचक चावडी नभं फिकंत फिंकरी धरं ॥
भखंत मास हारणं बमंत ज्वाल दुरगयं ॥
पुअंत पारबती सिरं नचंत ईसणो रणं ॥
भकंत भूत प्रेतणो बकंत बीर बैतलं ॥७९७॥

तिलका छंद ॥

जुटे वीरं ॥

छुटे तीरं ॥
फुटे अंगं ॥
तुटे तंगं ॥७९८॥
भगे वीरं ॥
लगे तीरं ॥
पिक्खे रामं ॥
धरमं धामं ॥७९९॥
जुझे जोधं ॥
मचे क्रोधं ॥
बंधो बालं ॥
बीर उतालं ॥८००॥
ढुके फेर ॥
लिने घेर ॥
वीरैं बाल ॥
जिउ द्वैकाल ॥८०१॥
तजी काण ॥
मारे बाण ॥
डिगे वीर ॥
भगे धीर ॥८०२॥
कटे अंग ॥
डिगे जंग ॥
सुद्धं सूर ॥
भिने नूर ॥८०३॥
लक्खै नाहि ॥
भगे जाहि ॥
तजे राम ॥
धरमं धाम ॥८०४॥
अउरै भेस ॥
खुले केस ॥
ससत्रं छोर ॥
दै दै कोर ॥८०५॥

दोहरा ॥

दुहूं दिसन जोधा हरै परयो जुद्ध दुऐ जाम ॥
जूझ सकल सैना गई रहिगे एकल राम ॥८०६॥
तिहू भ्रात बिनु भै हनयो अर सभ दलहि संघार ॥
लव अरु कुस जूझन निमित लीनो राम हकार ॥८०७॥
सैना सकल जुझाइ कै कति बैठे छप जाइ ॥
अब हम सो तुमहूं लरो सुनि सुनि कउसल राइ ॥८०८॥
निरख बाल निज रूप प्रभ कहे बैन मुसकाइ ॥
कवन तात बालक तुमै कवन तिहारी माइ ॥८०९॥

अकरा छंद ॥

मिथला पुर राजा ॥
जनक सुभाजा ॥
तिह सिस सीता ॥
अति सुभ गीता ॥८१०॥
सो बनि आए ॥
तिह हम जाए ॥

हैं दुइ भाई ॥
सुनि रघुराई ॥८११॥
सुनि सीअ रानी ॥
रघुबर जानी ॥
चित पहिचानी ॥
मुख न बखानी ॥८१२॥
तिह सिस मानयो ॥
अति बल जानयो ॥
हठि रण कीनो ॥
कह नही दीनो ॥८१३॥
कसि सर मारे ॥
सिस नही हारे ॥
बहु बिधि बाणं ॥
अति धनु ताणं ॥८१४॥
अंग अंग बेधे ॥
सभ तन छेदे ॥
सभ दल सूझे ॥
रघुबर जूझे ॥८१५॥
जब प्रभ मारे ॥
सभ दल हारे ॥
बहु बिधि भागे ॥
दुऐ सिस आगे ॥८१६॥
फिरि न निहारैं ॥
प्रभू न चितारैं ॥
ग्रह दिसि लीना ॥
अस रण कीना ॥८१७॥

चौपई ॥

तब दुहूं बाल अयोधन देखा ॥
मनो रुद्र कीड़ा बनि पेखा ॥
काटि धुजन के ब्रिच्छ सवारे ॥
भूखन अंग अनूप उतारे ॥८१८॥
मूरछ भए सभ लए उठई ॥
बाज सहित तह गे जह माई ॥
देखि सीआ पति मुख रो दीना ॥
कहयो पूत बिधवा मुहि कीना ॥८१९॥
इति स्री बचित्र नाटके रामवतार लव बाज बाधवे राम बधह ॥

अथ सीता ने सभ जीवाए कथनं ॥

सीता बाच पुत्रन सो ॥

चौपई ॥

अब मो कउ कासट दे आना ॥
जरउ लागि पहि होऊां मसाना ॥
सुनि मुनि राज बहुत बिधि रोए ॥
इन बालन हमरे सुख खोए ॥८२०॥
जब सीता तन चहा कि काढूं ॥
जोग अगनि उपराज सु छाडूं ॥

तब इम भई गगन ते बानी ॥
कहा भई सीता तै इयानी ॥८२१॥

अरूपा छंद ॥

सुनी बानी ॥
सीआ रानी ॥
लयो आनी ॥
करै पानी ॥८२२॥
सीता बाच मन मै ॥

दोहरा ॥

जउ मन बच करमन सहित राम बिना नही अउर ॥
तउ ए राम सहित जीऐ कहयो सीआ तिह ठउर ॥८२३॥

अरूपा छंद ॥

सभै जागे ॥
भ्रमं भागे ॥
हठं तयागे ॥
पगं लागे ॥८२४॥
सीआ आनी ॥
जगं रानी ॥
धरम धानी ॥
सती मानी ॥८२५॥
मनं भाई ॥
उरं लाई ॥
सती जानी ॥
मनै मानी ॥८२६॥

दोहरा ॥

बहु बिधि सीअहि समोध करि चले अजुधिआ देस ॥
लव कुस दोऊ पुत्रनि सहित स्री रघुबीर नरेस ॥८२७॥

चौपई ॥

बहुतु भाति कर सिसन समोधा ॥
सीय रघुबीर चले पुरि अउधा ॥
अनिक बेख से ससत्र सुहाए ॥
जानत तीन राम बन आए ॥८२८॥
इति स्री बचित्र नाटके रामवतारे तिहू भिरातन सैना सहित जीबो ॥
सीता दुहू पुत्रन सहित पुरी अवध प्रवेस कथनं ॥

चौपई ॥

तिहूं मात कंठन सो लाए ॥
दोऊ पुत्र पाइन लपटाए ॥
बहुर आनि सीता पग परी ॥
मिट गई तहीं दुखन की घरी ॥८२९॥
बाज मेध पूरन कीअ जगा ॥
कउसलेस रघुबीर अभगा ॥

ग्रिह सपूत दो पूत सुहाए ॥
देस बिदेस जीत ग्रह आए ॥८३०॥
जेतिक कहे सु जग बिधाना ॥
बिध पूरब कीने ते नाना ॥
एक घाट सत कीने जगा ॥
चट पट चक्र इंद्र उठि भगा ॥८३१॥
राजसुइ कीने दस बारा ॥
बाज मेधि इकीस प्रकारा ॥
गवालंभ अजमेध अनेका ॥
भूमि मद्ध करम कीए अनेका ॥८३२॥
नागमेध खट जग कराए ॥
जउन करे जनमे जय पाए ॥
अउरै गनत कहा लग जाऊं ॥
ग्रंथ बढन ते हीए डराऊं ॥८३३॥
दस सहंस्र दस बरख प्रमाना ॥
राज करा पुर अउध निधाना ॥
तब लउ काल दसा नीअराई ॥
रघुबर सिरि म्रित डंक बजाई ॥८३४॥
नमसकार तिह बिबिधि प्रकारा ॥
जिन जग जीत करयो बस सारा ॥
सभहन सीस डंक तिह बाजा ॥
जीत न सका रंक अरु राजा ॥८३५॥

दोहरा ॥

जे तिन की सरनी परे कर दै लए बचाइ ॥
जौ नही कोऊ बाचिआ किसन बिसन रघुराइ ॥८३६॥

चौपई छंद ॥

बहु बिधि करो राज को साजा ॥
देस देस के जीते राजा ॥
साम दाम अरु दंड सभेदा ॥
जिह बिधि हुती सासना बेदा ॥८३७॥
बरन बरन अपनी क्रित लाए ॥
चार चार ही बरन चलाए ॥
छत्री करैं बिप्र की सेवा ॥
बैस लखै छत्री कह देवा ॥८३८॥
सूद्र सभन की सेव कमावै ॥
जह कोई कहै तही वह धावै ॥
जैसक हुती बेद सासना ॥
निकसा तैस राम की रसना ॥८३९॥
रावणादि रणि हाक संघारे ॥
भाति भाति सेवक गण तारे ॥
लंका दई टंक जनु दीनो ॥
इह बिधि राज जगत मै कीनो ॥८४०॥

दोहरा छंद ॥

बहु बरखन लउ राम जी राज करा अर टाल ॥
ब्रहमरंध्र कह फोर कै भयो कउसलिआ काल ॥८४१॥

चौपई ॥

जैस म्रितक के हुते प्रकारा ॥
तैसेई करे बेद अनुसारा ॥
राम सपूत जाहिं घर माही ॥
ताकहु तोट कोऊ कह नाही ॥८४२॥
बहु बिधि गति कीनी प्रभ माता ॥
तब लउ भई कैकई साता ॥
ता के मरत सुमित्रा मरी ॥
देखहु काल क्रिआ कस करी ॥८४३॥
एक दिवस जानकि त्रिय सिखा ॥
भीत भए रावण कह लिखा ॥
जब रघुबर तिह आन निहारा ॥
कछुक कोप इम बचन उचारा ॥८४४॥
राम बाच मन मै ॥
या को कछु रावन सो होता ॥
ता ते चित्र चित्रकै देखा ॥
बचन सुनत सीता भई रोखा ॥
प्रभ मुहि अजहूं लगावत दोखा ॥८४५॥

दोहरा ॥

जउ मेरे बच करम करि ह्रिदै बसत रघुराइ ॥
प्रिथी पैंड मुहि दीजीऐ लीजै मोहि मिलाइ ॥८४६॥

चौपई ॥

सुनत बचन धरनी फट गई ॥
लोप सीआ तिह भीतर भई ॥
चक्रत रहे निरख रघुराई ॥
राज करन की आस चुकाई ॥८४७॥

दोहरा ॥

इह जगु धूअरो धउलहरि किह के आयो काम ॥
रघुबर बिनु सीअ ना जीऐ सीअ बिन जीऐ न राम ॥८४८॥

चौपई ॥

दुआरे कहयो बैठ लछमना ॥
पैठ न कोऊ पावै जना ॥
अंतहि पुरहि आप पगु धारा ॥
देहि छोरि म्रित लोक सिधारा ॥८४९॥

दोहरा ॥

इंद्र मती हित अज न्रिपत जिम ग्रिह तज लीअ जोग ॥
तिम रघुबर तन को तजा स्री जानकी बियोग ॥८५०॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक रामवतारे सीता के हेत म्रित लोक से गए धिआइ समापतं ॥*

अथ तीनो भ्राता त्रीअन सहित मरबो कथनं ॥

चौपई ॥

रउर परी सगरे पुर माही ॥
काहूं रही कछू सुध नाही ॥
नर नारी डोलत दुखिआरे ॥
जानुक गिरे जूझि जुझिआरे ॥८५१॥
सगर नगर महि पर गई रउरा ॥
बयाकुल गिरे हसत अरु घोरा ॥
नर नारी मन रहत उदासा ॥
कहा राम कर गए तमासा ॥८५२॥
भरथऊ जोग साधना साजी ॥
जोग अगन तन ते उपराजी ॥
ब्रहमरंध्र झट दै कर फोरा ॥
प्रभ सौ चलत अंग नही मोरा ॥८५३॥
सकल जोग के कीए बिधाना ॥
लछमन तजे तैस ही प्राना ॥
ब्रहमरंध्र लव अरि फुन फूटा ॥
प्रभ चरनन तर प्रान निखूटा ॥८५४॥
लव कुस दोऊ तहा चल गए ॥
रघुबर सीअहि जरावत भए ॥
अर पित भ्रात तिहूं कह दहा ॥
राज छत्र लव के सिर रहा ॥८५५॥
तिहूंअन की इसत्री तिह आई ॥
संगि सती ह्वै सुरग सिधाई ॥
लव सिर धरा राज का साजा ॥
तिहूंअन तिहूं कुंट कीअ राजा ॥८५६॥
उतर देस आपु कुस लीआ ॥
भरथ पुत्र कह पूरब दीआ ॥
दच्छन दीअ लच्छन के बाला ॥
पच्छम सत्रुघन सुत बैठाला ॥८५७॥

दोहरा ॥

राम कथा जुग जुग अटल सभ कोई भाखत नेत ॥
सुरग बास रघुबर करा सगरी पुरी समेत ॥८५८॥

◄ इति राम भिरात त्रीअन सहित सुरग गए अर सगरी पुरी सहित सुरग गए धिआइ समापतम ॥

चौपई ॥

जो इह कथा सुनै अरु गावै ॥
दूख पाप तिह निकटि न आवै ॥
बिसन भगति की ए फल होई ॥
आधि बयाधि छ्वै सकै न कोइ ॥८५९॥
संमत सत्रह सहस पचावन ॥
हाड़ वदी प्रिथमै सुख दावन ॥
त्व प्रसादि करि ग्रंथ सुधारा ॥
भूल परी लहु लेहु सुधारा ॥८६०॥

दोहरा ॥

नेत्र तुंग के चरन तर सतद्रव तीर तरंग ॥
स्री भगवत पूरन कीयो रघुबर कथा प्रसंग ॥८६१॥
साध असाध जानो नही बाद सुबाद बिबादि ॥
ग्रंथ सकल पूरण कीयो भगवत क्रिपा प्रसादि ॥८६२॥
स्वैया ॥
पाइ गहे जब ते तुमरे तब ते कोऊ आंख तरे नही आनयो ॥
राम रहीम पुरान कुरान अनेक कहैं मत एक न मानयो ॥
सिंम्रिति सासत्र बेद सभै बहु भेद कहै हम एक न जानयो ॥
स्री असिपान क्रिपा तुमरी करि मै न कहयो सभ तोहि बखानयो ॥८६३॥

दोहरा ॥

सगल दुआर कउ छाडि कै गहयो तुहारो दुआर ॥
बाहि गहे की लाज असि गोबिंद दास तुहार ॥८६४॥

◀ *इति स्री रामाइण समापतम सतु सुभम सतु ॥*

क्रिसनावतार ॥

SECTION 11: KRISHNA CHARITAR (CONTINUED)

Extended narration — Krishan Charitar Pakhyan

ੴवाहिगुरू जी की फतिह ॥

स्री अकाल पुरख जी सहाइ ॥

अथ क्रिसनावतार इकीसमो कथनं ॥

चौपई ॥

अब बरणो क्रिसना अवतारू ॥
जैस भाति बपु धरियो मुरारू ॥
परम पाप ते भूमि डरानी ॥
डगमगात बिध तीरि सिधानी ॥१॥
ब्रहमा गयो छीर निधि जहा ॥
काल पुरख इसथित थे तहा ॥
कहियो बिसनु कहु निकटि बुलाई ॥
क्रिसन अवतार धरहु तुम जाई ॥२॥

दोहरा ॥

काल पुरख के बचन ते संतन हेत सहाइ ॥
मथुरा मंडल के बिखै जनमु धरो हरि राइ ॥३॥

चौपई ॥

जे जे क्रिसन चरित्र दिखाए ॥
दसम बीच सभ भाखि सुनाए ॥
ग्यारा सहस बानवे छंदा ॥
कहे दसम पुर बैठि अनंदा ॥४॥

अथ देवी जू की उसतत कथनं ॥

सवैया ॥
होइ क्रिपा तुमरी हम पै तु सभै सगनं गुन ही धरि हों ॥
जीअ धारि बिचार तबै बर बुधि महा अगनं गुन को हरि हों ॥
बिनु चंडि क्रिपा तुमरी कबहूं मुख ते नही अछर हउ करि हों ॥
तुमरो करि नामु किधो तुलहा जिम बाक समुंद्र बिखै तरि हों ॥५॥

दोहरा ॥

रे मन भज तूं सारदा अनगन गुन है जाहि ॥
रचौ ग्रंथ इह भागवत जउ वै क्रिपा कराहि ॥६॥

कबितु ॥

संकट हरन सभ सिधि की करन चंड तारन तरन अरु लोचन बिसाल है ॥
आदि जा कै आहम है अंत को न पारावार सरनि उबारन करन प्रतिपाल है ॥
असुर संघारन अनिक दुख जारन सो पतित उधारन छडाए जम जाल है ॥
देवी बरु लाइक सुबुधि हू की दाइक सु देह बरु पाइक बनावै ग्रंथ हाल है ॥७॥
सवैया ॥
अद्र सुता हूं की जो तनया महिखासुर की मरता फुनि जोऊ ॥
इंद्र को राजहि की दवैया करता बध सुंभ निसुंभहि दोऊ ॥

जो जप कै इह सेव करै बरु को सु लहै मन इछत सोऊ ॥
लोक बिखै उह की समतुल गरीब निवाज न दूसर कोऊ ॥८॥

◀ इति स्री देवी जू की उसतति समापतं ॥

अथ प्रिथमी ब्रहमा पहि पुकारत भई ॥

सवैया ॥
दईतन के भर ते डर ते जु भई प्रिथमी बहु भारहिं भारी ॥
गाइ को रूपु तबै धर कै ब्रहमा रिखि पै चलि जाइ पुकारी ॥
ब्रहम कहियो तुम हूं हम हूं मिलि जाहि तहा जह है ब्रतिधारी ॥
जाइ करै बिनती तिह की रघुनाथ सुनो इह बात हमारी ॥९॥
ब्रहम को अग्र सभै धर कै सु तहा को चले तन के तनीआ ॥
तब जाइ पुकार करी तिह सामुहि रोवत ता मुनि ज्यो हनीआ ॥
ता छबि की अति ही उपमा कबि ने मन भीतर यौ गनीआ ॥
जिम लूटे तै अग्रज चउधरी कै कुटवार पै कूकत है बनीआ ॥१०॥
लै ब्रहमा सुर सैन सभै तह दउरि गए जह सागर भारी ॥
गाइ प्रनाम करो तिन को अपुने लखि बार निवार पखारी ॥
पाइ परे चतुरानन ताहि के देखि बिमान तहा ब्रतिधारी ॥
ब्रहम कहियो ब्रहमा कहु जाहु अवतार लै मै जर दैतन मारी ॥११॥
स्रउनन मै सुनि ब्रहम की बात सबै मन देवन के हरखाने ॥
कै कै प्रनाम चले ग्रिहि आपन लोक सभै अपुने कर माने ॥
ता छबि को जसु उच महा कबि ने अपुने मन मै पहिचाने ॥
गोधन भाति गयो सभ लोक मनो सुर जाइ बहोर कै आने ॥१२॥
ब्रहमा बाच ॥

दोहरा ॥

फिरि हरि इह आगिआ दई देवन सकल बुलाइ ॥
जाइ रूप तुम हूं धरो हउ हूं धरि हौ आइ ॥१३॥
बात सुनी जब देवतन कोटि प्रनाम जु कीन ॥
आप समेत सु धामीऐ लीने रूप नवीन ॥१४॥
रूप धरे सभ सुरन यौ भूमि माहि इह भाइ ॥
अब लीला स्री देवकी मुख ते कहो सुनाइ ॥१५॥

◀ इति स्री बिसनु अवतार ह्वैबो बरननं समापतं ॥

अथ देवकी को जनम कथनं ॥

दोहरा ॥

उग्रसैन की कंनिका नाम देवकी तास ॥
सोमवार दिन जठर ते कीनो ताहि प्रकास ॥१६॥

◀ इति देवकी को जनम बरननं प्रिथम धिआइ समापतम ॥

अथ देवकी को बरु ढूंढबो कथनं ॥

दोहरा ॥

जबै भई वहि कंनिका सुंदर बर कै जोगु ॥
राज कही बर के निमित ढूंढहु अपना लोग ॥१७॥
दूत पठे तिन जाइ कै निरख्यो है बसुदेव ॥
मदन बदन सुख को सदनु लखै तत को भेव ॥१८॥

कबितु ॥

दीनो है तिलकु जाइ भालि बसुदेव जू के डारियो नारीएर गोद माहि दै असीस कौ ॥
दीनी है बडाई पै मिठाई हूं ते मीठी सभ जन मनि भाई अउर ईसन के ईस कौ ॥
मन जु पै आई सो तो कहि कै सुनाई ता की सोभा सभ भाई मन मध घरनीस को ॥
सारे जग गाई जिनि सोभा जा की गाई सो तो एक लोक कहा लोक भेदे बीस तीस को ॥१९॥

दोहरा ॥

कंस बासदेवै तबै जोरिओ ब्याह समाज ॥
प्रसंन भए सभ धरनि मै बाजन लागे बाज ॥२०॥

अथ देवकी को ब्याह कथनं ॥

सवैया ॥
आसनि दिजन को धर कै तरि ता को नवाइ लै जाइ बैठायो ॥
कुंकम को घस कै करि पुरोहित बेदन की धुनि सिउ तिह लायो ॥
डारत फूल पंचाम्रिति अछत मंगलचार भइओ मन भायो ॥
भाट कलावंत अउर गुनी सभ लै बखसीस महा जसु गायो ॥२१॥

दोहरा ॥

रीति बरातिन दुलह की बासुदेव सभ कीन ॥
तबै काज चलबे निमित मथुरा मै मनु दीन ॥२२॥
बासदेव को आगमन उग्रसैन सुनि लीन ॥
चमू सबै चतुरंगनी भेजि अगाऊ दीन ॥२३॥
सवैया ॥
आपस मै मिलबे हित कउ दल साज चले धुजनी पति ऐसे ॥
लाल करे पट पै डर केसर रंग भरे प्रतिना पति कैसे ॥
रंचक ता छबि ढूंढि लई कबि नै मन के फुनि भीतर मै से ॥
देखन कउतकि बिआहहि को निकसे इहु कुंकुम आनंद जैसे ॥२४॥

दोहरा ॥

कंस अउर बसुदेव जू आपसि मै मिलि अंग ॥
तबै बहुरि देवन लगे गारी रंगा रंग ॥२५॥
सोरठा ॥
दुंदभि तबै बजाइ आए जो मथुरा निकटि ॥
ता छबि को निरखाइ हरख भइओ हरिखाइ कै ॥२६॥
सवैया ॥
आवत को सुनि कै बसुदेवहि रूप सजे अपुने तनि नारी ॥
गावत गीत बजावत तालि दिवावति आवत नागरि गारी ॥
कोठन पै निरखै चड़ि तासनि ता छबि की उपमा जीअ धारी ॥
बैठि बिवान कुटंब समेत सु देखत देवन की महतारी ॥२७॥

कबितु ॥

बासुदेव आइओ राजै मंडल बनाइओ मनि महा सुख पाइओ ता को आनन निरख कै ॥
सुगंधि लगायो राग गाइनन गायो तिसै बहुत दिवायो बर लिआयो जो परख कै ॥
छाती हाथ लायो सीस निआयो उग्रसैन तबै आदर पठायो पूज मन मै हरख कै ॥
भयो जनु मंगन न भूमि पर बादर सो राजा उग्रसैन गयो कंचन बरख कै ॥२८॥

दोहरा ॥

उग्रसैन तब कंस को लयो हजूरि बुलाइ ॥
कहिओ साथ तुम जाइ कै देहु भंडारु खुलाइ ॥२९॥
अउर समगरी अंन की लै जा ता के पासि ॥
करि प्रनामु ता को तबै इउ करियो अरदासि ॥३०॥
काल रात्र को ब्याह है कंसहि कही सुनाइ ॥
बासुदेव पुरोहित कही भली जु तुमै सुहाइ ॥३१॥
कंस कहिओ करि जोरि तब सबै बात को भेव ॥
साधि साधि पंडित कहियो अस मानी बसुदेव ॥३२॥
सवैया ॥
राति बितीत भई अर प्राति भई फिरि राति तबै चड़ि आए ॥
छाडि दए हथि फूल हजार दो ऊभुच प्रयोधर ऐसि फिराए ॥
अउर हवाई चली नभ को उपमा तिन की कबि स्याम सुनाए ॥
देखहि कउतक देव सबै तिह ते मनो कागद कोटि पठाए ॥३३॥
लै बसुदेव को अग्र पुरोहित कंसहि के चलि धाम गए है ॥
आगे ते नारि भई इक लेहिस गागर पंडित डारि दए है ॥
डारि दए लडूआ गहि झाटनि ता को सोऊ वे तो भछ गए है ॥
जादव बंस दुहूं दिस ते सुनि कै सु अनेकिक हास भए है ॥३४॥

कबितु ॥

गावत बजावत सु गारन दिवाखत आवत सुहावत है मंद मंद गावती ॥
केहरि सी कटि अउ कुरंगन से द्रिग जा के गज कैसी चाल मन भावत सु आवती ॥
मोतिन के चउकि करे लालन के खारे धरे बैठे तबै दोऊ दूलहि दुलही सुहावती ॥
बेदन की धुनि कीनी बहु दछना दिजन दीनी लीनी सात भावरै जो भावते सोभावती ॥३५॥

दोहरा ॥

राति भए बसुदेव जू कीनो तहा बिलास ॥
प्रात भए उठ कै तबै गइओ ससुर के पासि ॥३६॥
सवैया ॥
साज समेत दए गज आयुत सु अउर दए त्रिगुणी रथनारे ॥
लछ भटं दस लछ तुरंगम ऊट अनेक भरे जर भारे ॥
छतीस कोट दए दल पैदल संगि किधो तिन के रखवारे ॥
कंस तबै तिह राखन कउ मनो आप भए रथ के हकवारे ॥३७॥

दोहरा ॥

कंस लवाए जात तिनि सकल प्रबल दल साजि ॥
आगे ते स्रवनन सुनी बिध की असुभ अवाज ॥३८॥
नभि बानी बाच कंस सो ॥

कबितु ॥

दुख को हरिन बिध सिधि के करन रूप मंगल धरन ऐसो कहियो है उचार कै ॥

लीए कहा जात तेरो काल है रे मूड़ मति आठवो गरभ या को तो को डारै मारि है ॥
अचरज मान लीनो मन मै बिचार इह काढ कै क्रिपान डारो इन ही संघारि कै ॥
जाहिंगे छपाइ कै सु जानी कंस मन माहि इहै बात भली डारो जर ही उखारि कै ॥३९॥

दोहरा ॥

कंस दोहूं के बध नमित लीनो खड़ग निकारि ॥
बासुदेव अरु देवकी डरे दोऊ नर नारि ॥४०॥
बासुदेव बाच कंस सो ॥

दोहरा ॥

बासदेव डरु मान कै ता सो कही सुनाइ ॥
जो या ही ते जनम है मारहु ताकहु राइ ॥४१॥
कंस बाच मन मै ॥

दोहरा ॥

पुत्र हेत के भाव सौ मति इह जाइ छपाइ ॥
बंदीखानै देउ इन इहै बिचारी राइ ॥४२॥

अथ देवकी बसुदेव कैद कीबो ॥

सवैया ॥
डारि जंजीर लए तिन पाइन पै फिरि कै मथुरा महि आयो ॥
सो सुनि कै सभ लोग कथा अति नाम बुरो जग मै निकरायो ॥
आनि रखै ग्रिह आपन मै रखवारी को सेवक लोग बैठायो ॥
आनि बडेन की छाडि दई कुल भीतर आपनो राह चलायो ॥४३॥
कबियो बाच दोहरा ॥
कितक दिवस बीते जबै कंस राज उतपात ॥
तबै कथा अउरै चली करम रेख की बात ॥४४॥
प्रथम पुत्र देवकी के जनम कथनं ॥

दोहरा ॥

पुत्र भइओ देवकी कै कीरति मत तिह नामु ॥
बासुदेव लै ताहि कौ गयो कंस कै धाम ॥४५॥
सवैया ॥
लै करि तात को तात चलियो जब ही न्रिप कै दर ऊपर आइओ ॥
जाइ कहियो दरवानन सो तिन बोलि कै भीतर जाइ जनाइओ ॥
कंस करी करुना सिसु देखि कहिओ हम हूं तुम को बखसाइओ ॥
फेर चलिओ ग्रिह को बसुदेव तऊ मन मै कछु न सुखु पाइओ ॥४६॥
बसुदेव बाच मन मै ॥

दोहरा ॥

बासुदेव मन आपने कीनो इहै बिचार ॥
कंस मूड़ दुरमति बडो या कौ डरि है मारि ॥४७॥
नारद रिखि बाच कंस प्रति ॥

दोहरा ॥

तब मुनि आयो कंस ग्रिहि कही बात सुनि राइ ॥

असट लीक कर कै गनी दीनो भेद बताइ ॥४८॥

अथ भ्रितन सौ कंस बाच ॥

सवैया ॥
बात सुनी जब नारद की इह तो न्रिप के मन माहि भई है ॥
मारहु जाइ इसै अब ही करि भ्रितन नैन की सैन दई है ॥
दउरि गए तिह आइसु मान कै बात इहै चलि लोग गई है ॥
पाथर पै हनि कै घन जिउ बपु जीवहि ते करि भिंन लई है ॥४९॥
प्रिथम पुत्र बधहि ॥
सवैया ॥
अउर भयो सुत जो तिह के ग्रिहि तउ न्रिप कंस महा मति हीनो ॥
सेवक भेज दए तिन लिआइ कै पाथर पै हनि कै फुनि दीनो ॥
सोर परियो सब ही पुर मै कबि नै तिह को जसु इउ लखि लीनो ॥
इंद्र मूओ सुनि कै रन मै मिल कै सुर मंडल रोदन कीनो ॥५०॥
अउर भयो सुत जो तिह के ग्रिह नाम धरिओ तिह को तिन हूं जै ॥
मार दयो सुनि कै न्रिप कंस सु पाथर पै हनि डारिओ खूंजै ॥
सीस के बार उखारत देवकी रोदन चोरन तै घरि गूंजै ॥
जिउ रुति अंतु बसंत समै नभि को जिम जात पुकारत कूंजै ॥५१॥

कबितु ॥

चउथो पुत्र भइओ सो भी कंस मार दइओ तिह सोक बड़वा की लाटै मन मै जगत है ॥
परी हैगी दासी महा मोह हूं की फासी बीच गई मिट सोभा पै उदासी ही पगत है ॥
कैधो तुम नाथ ह्वै सनाथ हम हूं पै हूंजै पति की न गति और तन की न गति है ॥
भई उपहासी देह पूतन बिनासी अबिनासी तेरी हासी न हमै गासी सी लगत है ॥५२॥
सवैया ॥
पाचवो पुत्र भयो सुनि कंस सु पाथर सो हनि मारि दयो है ॥
स्वास गयो नभि के मग मै तन ता को किधौ जमुना मै गयो है ॥
सो सुनि कै पुनि स्रोनन देवकी सोक सो सास उसास लयो है ॥
मोह भयो अति ता दिन मै मनो याही ते मोह प्रकास भयो है ॥५३॥
देवकी बेनती बाच ॥

कबितु ॥

पुत्र भइओ छठो बंस सो भी मारि डारिओ कंस देवकी पुकारी नाथ बात सुनि लीजीऐ ॥
कीजीऐ अनाथ न सनाथ मेरे दीनानाथ हमै मार दीजीऐ कि या को मार दीजीऐ ॥
कंस बडो पापी जा को लोभ भयो जापी सोई कीजीऐ हमारी दसा जा ते सुखी जीजीऐ ॥
स्रोनन मै सुनि असवारी गज वारी करो लाईऐ न ढील अब दो मै एक कीजीऐ ॥५४॥
इति छठवों पुत्र बधह ॥

अथ बलभद्र जनम ॥

सवैया ॥
जो बलभद्र भयो गरभातर तौ दुहं बैठि कै मंत्र करिओ है ॥
ता ही ते मंत्र के जोर सो काढि कै रोहिनी के उर बीच धरिओ है ॥
कंस कदाच हने सिसु को तिह ते मन मै बसुदेव डरिओ है ॥
सेख मनो जग देखन को जग भीतर रूप नवीन करिओ है ॥५५॥

दोहरा ॥

क्रिसन क्रिसन करि साध दो बिसनु किसन पति जासु ॥

क्रिसन बिस्व तरबे निमित तन मै करियो प्रकास ॥५६॥

अथ क्रिसन जनम ॥

सवैया ॥
संख गदा करि अउर त्रिसूल धरे तनि कउच बडे बडभागी ॥
नंद गहै करि सारंग सारंग पीत धरै पट पै अनुरागी ॥
सोई हुती जनमिउ इह के ग्रिह कै डरपै मन मै उठि जागी ॥
देवकी पुत्र न जानियो लखिओ हरि कै कै प्रनाम सु पाइन लागी ॥५७॥

दोहरा ॥

लखिओ देवकी हरि मनै लखिओ न करि करि तात ॥
लखिओ जान करि मोहि की तानी तानि कनात ॥५८॥
क्रिसन जनम जब ही भइओ देवन भइओ हुलास ॥
सत्र सबै अब नास होहिं हम को होइ बिलास ॥५९॥
आनंद सो सब देवतन सुमन दीन बरखाइ ॥
सोक हरन दुसटन दलन प्रगटे जग मो आइ ॥६०॥
जै जै कार भयो जबै सुनी देवकी कानि ॥
त्रासति हुइ मन मै कहियो सोर करै को आनि ॥६१॥
बासुदेव अरु देवकी मंत्र करै मन माहि ॥
कंस कसाई जान कै हीऐ अधिक डरपाहि ॥६२॥

◀ *इति क्रिसन जनम बरननं समापतं ॥*

सवैया ॥
मंत्र बिचार करिओ दुहहूं मिलि मारि डरै इह को मति राजा ॥
नंदहि के घरि आइ हउ डारि कै ठाट इही मन मै तिन साजा ॥
कान्रह कहिओ मन मै न डरो तुम जाहु निसंक बजावत बाजा ॥
माया की खैंचि कनात लई धर बालक सऊरभ आपि बिराजा ॥६३॥

दोहरा ॥

क्रिसन जबै तिन ग्रिहि भयो बासुदेव इह कीन ॥
दस हजार गाई भली मनै मनसि करि दीन ॥६४॥
सवैया ॥
छूटि किवार गए घरि के दरि के न्रिप के बर के चलते ॥
हरखे सरखे बसुदेवहि के पग जाइ छुहिओ जमना जल ते ॥
हरि देखन कौ हरि अउ बढ के हरि दउर गए तन के बल ते ॥
काज इही कहि दोऊ गए जु खिझै बहु पापन की मल ते ॥६५॥

दोहरा ॥

क्रिसन जबै चड़ती करी फेरिओ माया जाल ॥
असुर जिते चउकी हुते सोइ गए ततकाल ॥६६॥
सवैया ॥
कंसहि के डर ते बसुदेव सु पाइ जबै जमुना मधि ठानो ॥
मान कै प्रीति पुरातन को जल पाइन भेटन काज उठानो ॥
ता छबि को जसु उच महा कबि ने अपने मन मै पहिचानो ॥
कान्रह को जान किधो पति है इह कै जमुना तिह भेटत मानो ॥६७॥

दोहरा ॥

जबै जसोदा सुइ गई माया कीयो प्रकास ॥
डारि क्रिसन तिह पै सुता लीनी है करि तास ॥६८॥
सवैया ॥
माया को लै कर मै बसुदेव सु सीघ्र चलियो अपुने ग्रिह माही ॥
सोइ गए पर दुआर सबै घर बाहरि भीतरि की सुधि नाही ॥
देवकी तीर गयो जब ही सभ ते मिलगे पट आपसि माही ॥
बालि उठी जब रोदन कै जग कै सुधि जाइ करी नर नाही ॥६९॥
रोइ उठी वह बालि जबै तब स्रोनन मै सुनि ली धुनि होरै ॥
धाइ गए न्रिप कंसह के घरि जाइ कहियो जनमियो रिपु तोरै ॥
लै के क्रिपान गयो तिह के चलि जाइ गही कर तै करि जोरै ॥
देखहु बात महा जड़ की अब आदिक के बिख चाबत भोरै ॥७०॥
लाइ रही उर सो तिह को मुख ते कहियो बात सुनो मतवारे ॥
पुत्र हने मम पावक से छठ ही तुम पाथर पै हनि डारे ॥
छीन कै कंस कहियो मुख ते इह भी पटके इह कै अब नारे ॥
दामिनी ह्वै लहकी नभ मै जब राख लई वह राखनहारे ॥७१॥

कबितु ॥

कै कै क्रोध मनि करि ब्योत वा के मारबे की चाकरन कहिओ मार डारो न्रिप बात है ॥
कर मो उठाइ कै बनाइ भारे पाथर पै राज काज राखबे को कछु नही पात है ॥
आपनो सो बल करि राखै इह भली भात स्वछंद बंद कै कै छूट इह जात है ॥
माया को बढाइ कै सु सभन सुनाइ कै सु ऐसे उडी बारा जैसे पारा उडि जात है ॥७२॥
सवैया ॥
आठ भुजा करि कै अपनी सभनो कर मै बर आयुध लीने ॥
जवाल निकास कही मुख ते रिपु अउर भयो तुमरो मति हीने ॥
दामिनि सी लहकै नभि मै डर कै फटगे तिह सत्रन सीने ॥
मार डरै इह हूं हम हूं सभ त्रास मनै अति दैतन कीने ॥७३॥

अथ देवकी बसुदेव छोरबो ॥

सवैया ॥
बात सुनी इह की जु स्रोनन निंदत देवन को घरि आयो ॥
झूठ हने हम पै भगनी सुत जाइ कै पाइन सीस निवायो ॥
ग्यान कथा कर कै अति ही बहु देवकी औ बसुदेव रिझायो ॥
ह्वै कै प्रसंनि बुलाइ लुहार को लोह अउ मोह को फाध कटायो ॥७४॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे देवकी बसुदेव को छोरबो बरननं समापतं ॥*

कंस मंत्रीन सो बिचार करत भया ॥

दोहरा ॥

मंत्री सकल बुलाइ के कीनो कंस बिचार ॥
बालक जो मम देस मै सो सभ डारो मार ॥७५॥
सवैया ॥
भागवत की यह सुध कथा बहु बात भरे भली भाति उचारी ॥
बाकी कहो फुनि अउर कथा को सुभ रूप धरियो ब्रिज मधि मुरारी ॥
देव सभै हरखे सुनि भूमहि अउर मनै हरखै नर नारी ॥
मंगल होहि घरा घर मै उतरियो अवतारन को अवतारी ॥७६॥
जाग उठी जसुधा जब ही पिखि पुत्रहि देन लगी हुनीआ है ॥
पंडितन को अरु गाइन को बहु दान दीओ सभ ही गुनीआ है ॥

पुत्र भयो सुनि कै ब्रिजभामिन ओढ कै लाल चली चुनीआ है ॥
जिउ मिल कै घन के दिन मै उड कै सु चली जु मनो मुनीआ है ॥७७॥
नंद बाच कंस प्रति ॥

दोहरा ॥

नंद महर लै भेट कौ गयो कंस के पासि ॥
पुत्र भयो हमरे ग्रिहै जाइ कही अरदासि ॥७८॥
बसुदेव बाच नंद सो ॥

दोहरा ॥

नंद चलिओ ग्रिह को जबै सुनी बात बसुदेव ॥
भै ह्वै है तुम को बडो सुनो गोप पति भेव ॥७९॥
कंस बाच बकी सो ॥
सवैया ॥
कंस कहै बकी बात सुनो इह आज करो तुम काज हमारो ॥
बारक जे जनमे इह देस मै ताहि कौ जाइ कै सीघ्र संघारो ॥
काल वहै हमरो कहीऐ तिह त्रास डरियो हीअरा मम भारो ॥
हाल बिहाल भयो तिह काल मनो तन मै जु डसिओ अहि कारो ॥८०॥
पूतना बाच कंस प्रति ॥

दोहरा ॥

इह सुनि कै तब पूतना कही कंस सो बात ॥
बरमा जाए सब हनो मिटे तिहारो तात ॥८१॥
सवैया ॥
सीस निवाइ उठी तब बोलि सु घोलि मिठा लपटौ थन मै ॥
बाल जु पान करे तजे प्रानन ताहि मसान करों छिन मै ॥
बुधि तान सुजान कहियो सति मान सु आइ हौं टोर कै ता हनि मै ॥
निरभउ न्रिप राज करो नगरी सगरी जिन सोच करो मन मै ॥८२॥
कबियो बाच दोहरा ॥
अति पापन जगंनाथ पर बीड़ा लीयो उठाइ ॥
कपट रूप सोरह सजे गोकुल पहुंची जाइ ॥८३॥
सवैया ॥
काजर नैनि दीए मन मोहत ईगुर की बिंदुरी जु बिराजै ॥
टाड भुजान बन्नही कटि केहिर पाइन नूपर की धुनि बाजै ॥
हार गरे मुकताहल के गई नंद दुआरहि कंस कै काजै ॥
बास सुबास बसी सभ ही तन आनन मै ससि कोटिक लाजै ॥८४॥
जसुधा बाच पूतना प्रति ॥

दोहरा ॥

बहु आदर करि पूछिओ जसुमति बचन रसाल ॥
आसन पै बैठाइ कै कहिओ बात कहु बाल ॥८५॥
पूतना बाच जसोधा सो ॥

दोहरा ॥

महरि तिहारे सुत सुनिओ जनमिओ रूप अनूप ॥
मो गोदी दै दूध को होवै सभ को भूप ॥८६॥
सवैया ॥
गोद दयो जसुधा तब ता के सु अंत समै तब ही उनि लीनो ॥

भाग बडे दुर बुधनि के भगवानहि कौ जिनि असथन दीनो ॥
छीर रकत्र सु ताही के प्रान सु ऐच लए मुख मो इह कीनो ॥
जिउ गगड़ी तुमरी तन लाइ कै तेल लए तुच छाड कै पीनो ॥८७॥

दोहरा ॥

पाप करिओ बहु पूतना जा सो नरक डराइ ॥
अंति कहियो हरि छाडि दै बसी बिकुंठहि जाइ ॥८८॥
सवैया ॥
देहि छि कोस प्रमान भई पुखरा जिम पेट मुखो नलूआरे ॥
डंड दुकूल भए तिह के जनु बार सिबाल ते सेख पूआरे ॥
सीस सुमेर को स्रिंग भयो तिह आखन मै परगे खड़ूआरे ॥
साह के कोट मै तोप लगी बिब गोलन के ह्वै गलूआरे ॥८९॥

दोहरा ॥

असथन मुख लै क्रिसन तिह ऊपरि सोइ गए ॥
धाइ तबै ब्रिज लोक सभ गोद उठाइ लए ॥९०॥
काटि काटि तन एकठो कीयोब ता को ढेर ॥
दे ईधन चहुं ओर ते बारत लगी न बेर ॥९१॥
सवैया ॥
जब ही नंद आइ है गोकुल मै लई बास सुबास महा बिसमानिओ ॥
लोक सबै ब्रिज को बिरतात कहिओ सुनि कै मन मै डर पानिओ ॥
साच कही बसुदेवहि मो पहि सो परतछि भई हम जानिओ ॥
ता दिन दान अनेक दीयो सभ बिप्रन बेद असीस बखानिओ ॥९२॥

दोहरा ॥

बाल रूप ह्वै उतरिओ दयासिंधु करतार ॥
प्रिथम उधारी पूतना भूमि उतारियो भारु ॥९३॥

◄ *इति स्री दसम सकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे पूतना बधहि धिआइ समापतम सत सुभम सतु ॥*

अथ नाम करण कथनं ॥

दोहरा ॥

बासुदेव गरग को निकटि लै कही जु ताहि सुनाइ ॥
गोकुल नंदहि के भवनि क्रिपा करो तुम जाइ ॥९४॥
उतै तात हमरे तहा नाम करन करि देहु ॥
हम तुम बिनु नही जानही अउर स्रउन सुन लेहु ॥९५॥
सवैया ॥
बेग चलियो दिज गोकुल को बसुदेव महान कही सोई मानी ॥
नंद के धाम गयो तब ही बहु आदर ताहि करियो नंद रानी ॥
नामु सु क्रिसन कहिओ इह को करि मान लई इह बात बखानी ॥
लाइ लगंन नछत्रन सोधि कही समझाइ अकथ कहानी ॥९६॥

दोहरा ॥

क्रिसन नाम ता को धरियो गरगहि मनै बिचारि ॥
सिआम पलोटै पाइ जिह इह सम मनो मुरारि ॥९७॥

सुकल बरन सतिजुगि भए पीत बरन त्रेताइ ॥
पीत बरन पट सिआम तन नर नाहनि के नाहि ॥९८॥
सवैया ॥
अंन्रय दयो गरगै जब नंदहि तउ उठि कै जमुना तटि आयो ॥
न्रहाइ कटै करि कै धुतीआ हरि को अरु देवन भोग लगायो ॥
आइ गए नंद लाल तबै कर सो गहि कै अपुने मुख पायो ॥
चक्रत ह्वै गयो पेखि तबै तिह अंन्रय सभै इन भीटि गवायो ॥९९॥
फेरि बिचार करियो मन मै इह ते नहि बालक पै हरि जी है ॥
मानस पंच भू आतम को मिलि कै तिन सो करता सरजी है ॥
याद करी ममता इह कारन मध को दूर करै करजी है ॥
मूंद लई तिह की मति यौ पट सौ तन ढापत जिउ दरजी है ॥१००॥
नंद कुमार त्रिबार भयो जब तो मनि बामन क्रोध करिओ है ॥
मात खिझी जसुदा हरि को गहि कै उर आपने लाइ धरिओ है ॥
बोल उठे भगवान तबै इह दोस न है मुहि याद करिओ है ॥
पंडित जान लई मन मै उठ कै तिह के तब पाइ परिओ है ॥१०१॥

दोहरा ॥

नंद दान ता कौ दयो कह लउ कहो सुनाइ ॥
गरग आपने घरि चलियो महा प्रमुद मनि पाइ ॥१०२॥
इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे नामकरन बरननं ॥
सवैया ॥
बालक रूप धरे हरि जी पलना पर झूलत है तब कैसे ॥
मात लडावत है तिह कौ औ झुलावत है करि मोहित कैसे ॥
ता छबि की उपमा अति ही कबि स्याम कही मुख ते फुनि ऐसे ॥
भूमि दुखी मन मै अति ही जनु पालत है रिपु दैतन जैसे ॥१०३॥
भूख लगी जब ही हरि को तब पै जसुधा थन कौ तिनि चाहियो ॥
मात उठी न भयो मन क्रुध तबै पग सो महि गोड कै बाहियो ॥
तेल धरिओ अरु घीउ भरिओ छुटि भूमि परियो जसु स्याम सराहियो ॥
होत कुलाहल मध पुरी धरनी को मनो सभ सोक सु लाहियो ॥१०४॥
धाइ गए ब्रिज लोक सबै हरि जी तिन अपने कंठ लगाए ॥
अउर सभै ब्रिज लोक बधू मिलि भातन भातन मंगल गाए ॥
भूमि हली नभ यो इह कउतक बारन भेद यौ भाखि सुनाए ॥
चक्रत बात भए सुनि कै अपने मन मै तिन साच न लाए ॥१०५॥
सवैया ॥
कानहि के सिर साथ छुहाइ कै अउर सभै तिन अंगन को ॥
अरु लोक बुलाइ सबै ब्रिज कै बहु दान दयो तिन मंगन को ॥
अरु दान दयो सभ ही ग्रिह को कर कै पट रंगन रंगन को ॥
इह साज बनाइ दयो तिन को अरु अउर दयो दुख भंगन को ॥१०६॥
कंस बाच त्रिणावरत सो ॥
अड़िल ॥
जबै पूतना हनी सुनी गोकुल बिखै ॥
त्रिणावरत सो कहियो जाहु ता को तिखै ॥
नंद बाल को मारो ऐसे पटकि कै ॥
हो पाथर जाणु चलाईऐ कर सो झटकि कै ॥१०७॥
सवैया ॥
कंसहि कै तसलीम चलियो है त्रिणावरत सीघर दै गोकुल आयो ॥
बउडर को तब रूप धरियो धरनी पर कै बल पउन बहायो ॥
आगम जान कै भारी भयो हरि मारि तबै वह भूमि परायो ॥
पूर भए द्रिग मूंद कै लोकन लै हरि को नभि के मग धायो ॥१०८॥
जउ हरि जी नभि बीच गयो कर तउ अपने बल को तन चटा ॥

रूप भयानक को धरि कै मिलि जुध करियो तब राछस फटा ॥
फेरि संभार दसो नख आपने कै कै तुरा सिर सत्र को कटा ॥
रुंड गिरियो जनु पेडि गिरियो इम मुंड परियो जनु डार ते खटा ॥१०९ ॥

◄ इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे त्रिणावरत बधह समापतम ॥

सवैया ॥
कान्रह बिना जन गोकुल के बहु आजिज होइ इकत्र ढूंडायो ॥
दुआदस कोस पै जाइ परियो हुतो खोजत खोजत पै मिलि पायो ॥
लाइ लीयो हीय सो सभ ही तब ही मिलि कै उन मंगल गायो ॥
ता छबि को जसु उच महा कबि ने मुख ते इम भाखि सुनायो ॥११० ॥
दैत को रूप भयानक देख कै गोप सभौ मन मै डरु कीआ ॥
मानस की कह है गनती सुर राजहि को पिखि फाटत हीआ ॥
ऐसो महा बिकराल सरूप तिसै हरि ने छिन मै हनि लीआ ॥
आइ सुनिओ अपुने ग्रिह मै तिह को बिरतात सभै कहि दीआ ॥१११ ॥
दै बहु बिपन को तब दान सु खेलत है सुत सो फुनि माई ॥
अंगुल कै मुख सामुहि होत ही लेत भले हरि जी मुसकाई ॥
आनंद होत महा जसुदा मनि अउर कहा कहो तोहि बडाई ॥
ता छबि की उपमा अति पै कबि के मन मै तन ते अति भाई ॥११२ ॥

अथ सारी बिस्व मुख मो क्रिसन जी जसोधा को दिखाई ॥

सवैया ॥
मोहि बढाइ महा मन मै हरि कौ लगी फेरि खिलावन माई ॥
तउ हरि जी मन मध बिचारि सिताब लई मुखि माहि जंभाई ॥
चक्रत होइ रही जसुधा मन मधि भई तिह के दुचिताई ॥
माइ सु ढापि लई तब ही सभ बिसन मया तिन जो लखि पाई ॥११३ ॥
कान्रह चले घुंटूआ घर भीतर मात करै उपमा तिह चंगी ॥
लालन की मनि लाल किधौ नंद धेन सभै तिह के सभ संगी ॥
लाल भई जसुदा पिखि पुत्रहिं जिउ घनि मै चमकै दुति रंगी ॥
किउ नहि होवै प्रसंन्य सु मात भयो जिन के ग्रिहि तात त्रिभंगी ॥११४ ॥
राहि सिखावन काज गडीहरि गोप मनो मिल कै सु बनायो ॥
कानहि को तिह उपर बिठाइ कै आपने आङन बीच धवायो ॥
फेरि उठाइ लयो जसुदा उर मो गहि कै पय पान करायो ॥
सोइ रहे हरि जी तब ही कबि ने अपुने मन मै सुख पायो ॥११५ ॥

दोहरा ॥

जब ही निंद्रा छुट गई हरी उठे ततकाल ॥
खेल खिलावन सो करियो लोचन जाहि बिसाल ॥११६ ॥
इसी भाति सो क्रिसन जी खेल करे ब्रिज माहि ॥
अब पग चलतियो की कथा कहों सुनो नर नाहि ॥११७ ॥
सवैया ॥
साल बितीत भयो जब ही तब कान्रह भयो बल कै पग मै ॥
जसु मात प्रसंन्य भई मन मै पिखि धावत पुत्रहि को मग मै ॥
बात करी इह गोपिन सो प्रभा फैल रही सु सभै जग मै ॥
जनु सुंदरता अति मानुख को सब धाइ धसी हरि कै नग मै ॥११८ ॥
गोपिन सो मिल कै हरि जी जमुना तटि खेल मचावत है ॥
जिम बोलत है खग बोलत है जिम धावत है तिम धावत है ॥
फिरि बैठि बरेतन मध मनो हरि सो वह ताल बजावत है ॥
कबि स्याम कहै तिन की उपमा सुभ गीत भले मुख गावत है ॥११९ ॥

कुंजन मै जमुना तटि पै मिलि गोपिन सो हरि खेलत है ॥
तरि कै तब ही सिगरी जमुना हटि मधि बरेतन पेलत है ॥
फिरि कूदत है जु मनो नट जिउ जल को हिरदे संगि रेलत है ॥
फिरि ह्वै हुड़आ लरके दुहूं ओर ते आपसि मै सिर मेलत है ॥१२०॥
आइ जबै हरि जी ग्रिहि आपने खाइ कै भोजन खेलन लागे ॥
मात कहै न रहै घरि भीतरि बाहरि को तब ही उठि भागे ॥
स्याम कहै तिन की उपमा ब्रिज के पति बीथिन मै अनुरागे ॥
खेल मचाइ दयो लुक मीचन गोप सभै तिह के रसि पागे ॥१२१॥
खेलत है जमुना तट पै मन आनंद कै हरि बारन सो ॥
चड़ि रूख चलावत सोट किधो सोऊ धाइ कै लिआवै गुआरन को ॥
कबि स्याम लखी तिन की उपमा मनो मधि अनंत अपारन सो ॥
बल जात सबै मुनि देखन कौ करि कै बहु जोग हजारन सो ॥१२२॥
इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे गोपिन सो खेलबो बरननं ॥

अथ माखन चुराइ खैबो कथनं ॥

सवैया ॥
खेलन के मिस पै हरि जी घरि भीतर पैठि कै माखन खावै ॥
नैनन सैन तबै करि कै सभ गोपिन को तब ही सु खुलावै ॥
बाकी बचियो अपने करि लै करि बानर के मुख भीतरि पावै ॥
स्याम कहै तिह की उपमा इह कै बिधि गोपिन कान्रह खिझावै ॥१२३॥
खाइ गयो हरि जी जब माखन तउ गुपीआ सभ जाइ पुकारी ॥
बात सुनो पति की पतनी तुम डार दई दधि की सभ खारी ॥
कानहि के डर ते हम चोर कै राखत है चड़ि ऊच अटारी ॥
ऊखल को धरि कै मनहा पर खात है लंगर दै करि गारी ॥१२४॥
होत नही जिह के घर मै दधि दै करि गारन सोर करै है ॥
जो लरका जनि कै खिझ है जन तो मिलि सोटन साथ मरै है ॥
आइ परै जु त्रीआ तिह पै सिर के तिह बार उखार डरै है ॥
बात सुनो जसुदा सुत की सु बिना उतपात न कान्रह टरै है ॥१२५॥
बात सुनी जब गोपिन की जसुदा तब ही मन माहि खिझी है ॥
आइ गयो हरि जी तब ही पिखि पुत्रहि कौ मन माहि रिझी है ॥
बोल उठे नंद लाल तबै इह गवार खिझावन मोहि गिझी है ॥
मात कहा दधि दोसु लगावत मार बिना इह नाहि सिझी है ॥१२६॥
मात कहियो अपने सुत को कहु किउ करि तोहि खिझावत गोपी ॥
मात सौ बात कही सुत यौ करि सो गहि भागत है मुहि टोपी ॥
डार कै नास बिखै अंगुरी सिरि मारत है मुझ को वह थोपी ॥
नाक घसाइ हसाइ उनै फिरि लेत तबै वह देत है टोपी ॥१२७॥
जसुधा बाच गोपिन सो ॥
सवैया ॥
मात खिझी उन गोपिन को तुम किउ सुत मोहि खिझावत हउ री ॥
बोलत हो अपने मुख ते हमरे धन है दधि दाम सु गउ री ॥
मूड़ अहीर न जानत है बढि बोलत हो सु रहो तुम ठउ री ॥
कानहि साध बिना अपराधहि बोलहिंगी जु भई कछु बउरी ॥१२८॥

दोहरा ॥

बिनती कै जसुदा तबै दोऊ दए मिलाइ ॥
कान्रह बिगारै सेर दधि लेहु मन कु तुम आइ ॥१२९॥
गोपी बाच जसोधा सो ॥

दोहरा ॥

तब गोपी मिलि यो कही मोहन जीवै तोहि ॥
याहि देहि हम खान दधि सभ मनि करै न क्रोहि ॥१३०॥
इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे माखन चुरैबो बरननं ॥

अथ जसुधा को बिसव सारी मुख पसारि दिखैबो ॥

सवैया ॥
गोपी गई अपुने ग्रिह मै तब ते हरि जी इक खेल मचाई ॥
संगि लयो अपुने मुसली धर देखत ता मिटीआ इन खाई ॥
भोजन खानहि को तजि खेलै सु गुवार चले घर को सभ धाई ॥
जाइ हली सु कहिओ जसुधा पहि बात वहै तिन खोलि सुनाई ॥१३१॥
मात गहियो रिस कै सुत को तब लै छिटीआ तन ताहि प्रहारियो ॥
तउ मन मधि डरियो हरि जी जसुधा जसुधा करि कै जु पुकारियो ॥
देखहु आइ सबै मुहि को मुख मात कहियो तब तात पसारियो ॥
स्याम कहै तिन आनन मै सभ ही धर मूरति बिसव दिखारियो ॥१३२॥
सिंधु धराधर अउ धरनी सभ था बलि को पुरि अउ पुरि नागनि ॥
अउर सभै निरखे तिह मै पुर बेद पड़ै ब्रहमा गनिता गनि ॥
रिधि अउ सिधि अउ आपने देख कै जानि अभेव लगी पग लागन ॥
स्याम कहै तिन चच्छन सो सभ देख लयो जु बडी बडिभागनि ॥१३३॥

दोहरा ॥

जेरज सेतज उतभुजा देखे तिन तिह जाइ ॥
पुत्र भाव को दूर करि पाइन लागी धाइ ॥१३४॥
इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे मात जसुदा कउ मुख पसारि बिस्व रूप दिखैबो ॥

अथ तरु तोरि जुमलारजुन तारबो ॥

सवैया ॥
फेरि उठी जसुदा परि पाइन ता की करी बहु भात बडाई ॥
हे जग के पति हे करुना निधि होइ अजान कहिओ मम माई ॥
सारे छिमो हमरो तुम अउगन हुइ मतिमंदि करी जु ढिठाई ॥
मीट लयो मुख तउ हरि जी तिह पै ममता डरि बात छिपाई ॥१३५॥

कबितु ॥

करुना कै जसुधा कहियो है इम गोपिन सो खेलबे के काज तोरि लिआए गोप बन सौ ॥
बारको के कहे करि क्रोध मन आपने मै स्याम को प्रहार तन लागी छूछकन सौ ॥
देखि देखि लासन कौ रोवै सुत रोवै मात कहै कबि स्याम महा मोहि करि मन सौ ॥
राम राम कहि सभो मारबे की कहा चली सामुहे न बोलीऐ री ऐसे साधु जन सौ ॥१३६॥

दोहरा ॥

खीर बिलोवन कौ उठी जसुदा हरि की माइ ॥
मुख ते गावै पूत गुन महिमा कही न जाइ ॥१३७॥
सवैया ॥
एक समै जसुधा संगि गोपिन खीर मथै करि लै कै मधानी ॥
ऊपर को कटि सौ कसि कै पटरो मन मै हरि जोति समानी ॥
घंटका छुद्र कसी तिह ऊपरि स्याम कही तिह की जु कहानी ॥
दान औ प्राक्रम की सुधि कै मुख तै हरि की सुभ गावत बानी ॥१३८॥
खीर भरियो जब ही तिह को कुचि तउ हरि जी तब ही फुनि जागे ॥
पय सु पिआवहु हे जसुदा प्रभु जी इह ही रसि मै अनुरागे ॥

दूध फटियो हुइ बासन ते तब धाइ चली इह रोवन लागे ॥
क्रोध करिओ मन मै ब्रिज के पति पै घरि ते उठि बाहरि भागे ॥१३९॥

दोहरा ॥

क्रोध भरे हरि जी मनै घरि ते बाहरि जाइ ॥
संग सखा लै कपि सभै आए सैन बनाइ ॥१४०॥
पाथर को गहि कै करै दीनो मटु सु भगाइ ॥
खीर दसो दिस बहि चलियो अउ पीनो हरि धाइ ॥१४१॥
सवैया ॥
सैन बनाइ भलो हरि जी जसुदा दधि को मिलि लूटन लाए ॥
हाथन मै गहि कै सभ बासन कै बल को चहूं ओरि बगाए ॥
फूट गए वह फैल परिओ दधि भाव इहै कबि के मनि आए ॥
कंस को मीझ निकारन को अगूआ जनु आगम कान्रह जनाए ॥१४२॥
फोर दए तिन जो सभ बासन क्रोध भरी जसुदा तब धाई ॥
फाधि चड़े कपि रूखन रूखन ग्वारन ग्वारन सैन भगाई ॥
दउरत दउरि तबै हरि जी बसुधा परि आपनी मात हराई ॥
स्याम कहै फिर कै ब्रिज कै पति ऊखल सो फुनि देहि बंधाई ॥१४३॥
दउरि गहे हरि जी जसुदा जब बाधि रही रसीआ नही मावै ॥
कै इकठी ब्रिज की रसीआ सभ जोरि रही कछु थाहि न पावै ॥
फेरि बंधाइ भए ब्रिज के पति ऊखल सो धरि ऊपर धावै ॥
साध उधारन को जुमलारजुन ताहिं निमित किधो वह जावै ॥१४४॥

दोहरा ॥

घीसति घीसति उखलहि कान्रह उधारत साध ॥
निकटि तबै तिन के गए जाननहार अगाध ॥१४५॥
सवैया ॥
ऊखल कान्रह अराइ किधौ बल कै तन को तरु तोर दए है ॥
तउ निकसे तिन ते जुमलारजन कै बिनती सुर लोक गए है ॥
ता छबि को जसु उच महा कबि के मन मै इह भाति भए है ॥
नागन के पुरि ते मधु के मट कै मति की लजु ऐच लए है ॥१४६॥
कउतक देखि सभै ब्रिज के जन जाइ तबै जसुदा पहि आखी ॥
तोर दए तन को बल कै तर भाति भली हरि की सुभ साखी ॥
ता छबि की उपमा अति ही कबि ने अपुने मुख ते इम भाखी ॥
फेरि कही भहराइ तितै उडे जिउ धर ते उड जात है माखी ॥१४७॥
दूतन के बध को सिव मूरति है निज सो करता सुख दइया ॥
भगवान जू ठाढ भयो करि लै गिरि पै करि कै कुछ हूं न गणे ॥
अति ता छबि के जस उच महा कबि स्याम किधौ इह भाति भणे ॥
जिमु बीर बडो करि सिपर लै कछु कै न गने पुनि तीर घणे ॥३८३॥
गोप कहै इह साधन को दुख दूर करै मन माहि गडै ॥
इह है बलवान बडो प्रगटिओ सोऊ को इह सो छिन आइ अडै ॥
सभ लोग कहै फुनि खापत या कबि स्याम कहै भगवान बडै ॥
तिह मोछ लही छिन मै इह ते जिन के मन मै जररा कु जडै ॥३८४॥
करि कोप निवार दए मघवा दल कान्रह्रह बडे बलबीर ब्रती ॥
जिम कोपि जलंधरि ईसि मरियो जिम चंडि चमुंडहि सैन हती ॥
पछुताइ गयो मघवा ग्रिह को न रही तिह की पति एक रती ॥
इक मेघ बिदार दए हरि जी जिम मोहि निवारत कोपि जती ॥३८५॥
कुप कै तिनि मेघ बिदार दए जिनि राख लयो जल भीतर हाथी ॥
जाहि सिला लगि पाइ तरी जिह राखि लई द्रुपती सु अनाथी ॥
बैर करै जोऊ पै इह सो सभ गोप कहै इह ताहि असाथी ॥
जो हित सो चित कै इह की फुनि सेव करै तिह को इह साथी ॥३८६॥
मेघन को तब ही क्रिसनं दल खातिर ऊपरि न कछू आंदा ॥
कोप करियो अति ही मघवा न चलियो तिह सो कछु ताहि बसादा ॥
जोर चलै किह को तिह सो कहि है सभ ही जिस को जगु बादा ॥
मूंड निवाइ मनै दुख पाइ गयो मघवा उठि धामि खिसादा ॥३८७॥
सक्र गयो पछुताहि ग्रिहं कहु फोर दई जब कान्रहि अनी ॥
बरखा करि कोप करी ब्रिज पै सु कछू हरि कै नहि एक गनी ॥
फुनि ता छबि की अति ही उपमा कबि स्याम किधो इह भाति भनी ॥
पछताइ गयो पति लोकन को जिम लूट लयो अहि सीस मनी ॥३८८॥
जाहि न जानत भेद मुनी मनि भा इह जापन को इह जापी ॥
राज दयो इन ही बलि को इन ही कबि स्याम धरा सभ थापी ॥
मारत है दिन थोरन मै रिपु गोप कहै इह कान्रह्रह प्रतापी ॥
कारन याहि धरी इह मूरति मारन को जग के सभ पापी ॥३८९॥
करि कै जिह सो छल पै चतुरानन चोरि लए सभ गोप दफा ॥
तिन कउतक देखन कारन को फुनि राखि रहिओ वह बीच खफा ॥
कान बिना कुपए उह सो सु करे बिन ही सर दीन जफा ॥
छिन मधि बनाइ लए बछुरे सभ गोपन की उन ही सी सफा ॥३९०॥
कान उपारि धरिओ कर पै गिरि ता तरि गोप निकारि सबै ॥
बकई बक अउर गडासुर त्रिनाव्रत बीर बधे छिन बीच तबै ॥
जिन काली को नाथ लयो छिन भीतर धिआन न छाडहु वाहि कबै ॥
सभ संत सुनी सुभ कान्रह कथा इक अउर कथा सुनि लेहु अबै ॥३९१॥
गोप बाच नंद जू सो ॥
सवैया ॥

नंद के अग्रज कान्रह पराक्रम गोपन जाइ कहियो सु सबै ॥
दैत अघासुर अउर त्रिनाव्रत याहि बधियो उडि बीच नभै ॥
फुनि मारि डरी बकई सभ गोपन दान दयो इह कान्रह अभै ॥
सुनीऐ पति कोटि उपाव करो कोऊ पै इह सो सुत नाहि लभै ॥३९२॥
गोपन की बिनती सुनीऐ पति धिआन धरै इह को रणगामी ॥
धिआन धरै इह को मुनि ईसर धिआन धरै इह काइर कामी ॥
धिआन धरै इह को सु त्रिया सभ धिआन धरै इह देखन बामी ॥
सति लखियो हम कै करता जग सति कहियो मत कै नहि खामी ॥३९३॥
है भगवान बली प्रगटियो सभ गोप कहै पुतना इन मारी ॥
राज बिभीछन याहि दयो इन ही कुपि रावन दैत संघारी ॥
रछ करी प्रलादहि की इन ही हरनाखस की उर फारी ॥
नंद सुनो पति लोकन कै इन ही हमरी अब देह उबारी ॥३९४॥
है सभ लोगन को करता ब्रिज भीतर है करता इह लीला ॥
सिख्यन को बरता हरि है इह साधन को हरता तन हीला ॥
राख लई इन ही सीअ की पति राखि लई त्रिय पारथ सीला ॥
गोप कहै पति सो सुनीऐ इह है क्रिसनं बर बीर हठीला ॥३९५॥
दिन बीत गए चकए गिरि के हरि जी बछरे संग लै बनि जावै ॥
जिउ धर मूरति घासु चुगै भगवान महा मन मै सुख पावै ॥
लै मुरली अपुने कर मै करि भाव घने हित साथ बजावै ॥
मोहि रहै जु सुनै पतनी सुर मोहि रहै धुनि जो सुनि पावै ॥३९६॥
कुप कै जिनि बालि मरिओ छिन मै अरु रावन की जिनि सैन मरी है ॥
जाहि बिभीछन राज दयो छिन मै जिह की तिह लंक करी है ॥
मुर मारि दयो घटिकान करी रिपु जा सीअ की जीय पीर हरी है ॥
सो ब्रिज भूमि बिखै भगवान सु गऊअन कै मिस खेल करी है ॥३९७॥
जाहि सहंस्र फनी तन ऊपरि सोइ करी जल भीतर क्रीड़ा ॥
जाहि बिभीछन राज दयो अरु जाहि दई कुपि रावन पीड़ा ॥
जाहि दयो कर कै जग भीतर जीव चराचर अउ गज कीड़ा ॥
खेलत सो ब्रिज भूमि बिखै जिनि कील सुरासुर बीच झगीड़ा ॥३९८॥
बीर बडे दुरजोधन आदिक जाहि मराइ डरे रनि छत्री ॥
जाहि मरियो सिसुपाल रिसै करि राजन मै क्रिसनं बर अत्री ॥
खेलत है सोऊ गऊअन मै जोऊ है जग को करता बध सत्री ॥
आगि सो धूम्र लपेटत जिउ फुनि गोप कहावत है इह छत्री ॥३९९॥
कर जुध मरे इकले मधु कीटभ राजु सतक्रित को जिह दीआ ॥
कुंभकरन मरियो जिनि है अरु रावन को छिन मै बध कीआ ॥
राजु बिभीछन दे करि आनंद अउधि चलियो संगि लै करि सीआ ॥
पापन के बध कारन सो अवतार बिखै ब्रिज के अब लीआ ॥४००॥
जो उपमा हरि की करी गोपन तउ पति गोपन बात कही है ॥
जो इह को बलु आइ कहियो गरगै हम सो सोऊ बात सही है ॥
पूतु कहियो बसुदेवहि को दिज ताहि मिलियो फुनि मानि इही है ॥
जो इह को फुनि मारन आयो सु ताही की देह गई न रही है ॥४०१॥

अथ इंद्र आइ दरसन कीआ अरु बेनती करत भया ॥

सवैया ॥
दिन एक गए बन को हरि जी मघवा तजि मान हरी पहि आयो ॥
पापन के बखसावन को हरि के तरि पाइन सीस निवायो ॥
अउर करी बिनती हरि की अति ही तिह तो भगवान रिझायो ॥
चूक भई हम ते कहियो सक्र सु कै हरि जी तुम कौ नहि पायो ॥४०२॥
तू जग को करता करुनानिधि तू सभ लोगन को करता है ॥
तू मुर को मरीया रिपु रावन भूरिसिला त्रीया को भरता है ॥

तू सभ देवन को पति है अरु साधन के दुख को हरता है ॥
जो तुमरी कछु भूल करै तिह के फुनि तू तन को मरता है ॥४०३॥
सुनि कान्रह सतक्रित की उपमा तब काम सु धेन गऊ चलि आई ॥
आइ करी उपमा हरि की बहु भातिन सो कबि स्याम बडाई ॥
गावत ही गुन कानर के इक किंकर आइ गई हरि पाई ॥
स्याम करो उपमा कहियो पति सो उपमा बहु भातिन भाई ॥४०४॥
कानर के पग पूजन को सभ देवपुरी तजि कै सुर आए ॥
पाइ परे इक पूजत भे इक नाच उठे इक मंगल गाए ॥
सेव करै हरि की हित कै करि आवत केसर धूप जगाए ॥
दैतन को बध कै भगवान मनो जग मै सुर फेरि बसाए ॥४०५॥

दोहरा ॥

देव सक्र आदिक सभै सभ तजि कै मनि मान ॥
ह्वै इकत्र करनै लगे क्रिसन उसतती बानि ॥४०६॥

कबितु ॥

प्रेम भरे लाज के जहाज दोऊ देखीअत बारि भरे अभ्रन की आभा को धरत है ॥
सील के है सिंधु गुन सागर उजागर के नागर नवल नैन दोखन हरत है ॥
सत्रन संघारी इह कान्रह अवतारी जू के साधन को देह दूख दूर को करत है ॥
मित्र प्रतिपारक ए जग के उधारक है देख कै दुसट जिह जीय ते जरत है ॥४०७॥
सवैया ॥
कान्रह को सीस निवाइ सभै सुर आइसु लै चल धामि गए है ॥
गोबिंद नाम धरियो हरि को इह तै मन आनंद याद भए है ॥
राति परे चलि कै भगवान सु डेरनि आपन बीच अए है ॥
प्राति भए जग के दिखबे कहु कीन सु सुंदर खेल नए है ॥४०८॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे इंद्र भूल बखसावन नाम बरननं धिआइ समापतम ॥*

अथ नंद को बरुन बाध करि लै गए ॥

सवैया ॥
निसि एक द्वादसि के हरि तात चलियो जमुना महि न्रहावन काजै ॥
आहि परिओ जल मै बरुनं गज कोपि गहियो सभ जोरि समाजै ॥
बाध चले संगि लै बरुनं पहि कानर के बिनु ही कुपि गाजै ॥
जाइ कै ठाढि करिओ जब ही पहिचान लयो दरीआवन राजै ॥४०९॥
नंद बिना पुरि सुंन भयो सभ ही मिल कै हरि जी पहि आए ॥
आइ प्रनाम करे पर पाइन नंद त्रियादिक ते घिघिआए ॥
कै बहु भातन सो बिनती करि कै भगवान को आइ रिझाए ॥
मो पति आज गए उठ कै हम ढूंढि रहे कहूंऐ नही पाए ॥४१०॥
कान्रह बाच ॥
स्वैया ॥
तात कहिओ हसि कै जसुधा पहि तात लिआवन कौ हम जै है ॥
सात अकास पताल सु सातहि जाइ जही तह जाही ते लियै है ॥
जौ मर गिओ तउ जा जम के पुरि अयुध लै कुपि भारथ कै है ॥
नंद को आनि मिलाइ हउ हउ किह जाइ रमे तऊ जान न दै है ॥४११॥
गोप प्रनाम गए कर कै ग्रिहि तो हसि कै इम कान्रह कहियो है ॥
गोपन के पति को मिल हों इह झूठ नही फुन सति लहियो है ॥
गोपन के मन को अति ही दुख बात सुने हरि दूरि बहिओ है ॥

छाडि अधीरज दीन सभो फुनि धीरज को मन गाढ गहिओ है ॥४१२॥
प्रात भए हरि जी उठ कै जल बीच धसिओ बरनं पहि आयो ॥
आइ कै ठाढि भयो जब ही नदीआ पति पाइन सो लपटायो ॥
भ्रितन मो अजने तुम तात अनिओ बंध के कहि कै घिघिआयो ॥
कान्रह छिमापन दोख करो इह भेद हमै लख कै नही पायो ॥४१३॥
जिनि राज भभीछन रीझि दयो रिस कै जिनि रावन खेत मरिओ है ॥
जाहि मरिओ मुर नाम अघासुर पै बलि को छल सो जु छलिओ है ॥
जाहि जलंधर की त्रिय को तिह मूरति कै सत जाहि टरियो है ॥
धंन है भाग किधो हमरे तिह को हम पेखबि आजु करिओ है ॥४१४॥

दोहरा ॥

पाइन पर कै बरनि जू दयो नंद कउ साथि ॥
कहियो भाग मुहि धंनि है चलै पुसतकन गाथ ॥४१५॥
सवैया ॥
तात को साथ लयो भगवान चलियो पुर को मनि आनंद भीनो ॥
बाहरि लोक मिले ब्रिज के करि कान्रह प्रणाम प्राक्रम कीनो ॥
पाइ परे हरि के बहु बारन दान घनो दिज लोकन दीनो ॥
आइ मिलाइ दयो ब्रिज को पति सति हमै करता कर दीनो ॥४१६॥
नंद बाच ॥
सवैया ॥
बाहरि आनि कहियो ब्रिज के पति कानर ही जग को करता रे ॥
राज दयो इन रीझि बिभीछनि रावन से रिपु कोटिक मारे ॥
भ्रितन लै बरुणै बंधिओ तिह ते मुहि आनिओ है याही छडा रे ॥
कै जग को करता समझो इह को करि कै समझो नही बारे ॥४१७॥
गोप सभो अपुने मन भीतर जानि हरी इह भेद बिचारिओ ॥
देखहि जाइ बैकुंठ सभै हम पै इह कै इह भाति उचारिओ ॥
ता छबि को जसु उच महा कबि ने अपुनै मुख ते इम सारिओ ॥
गिआन ह्वै पारसु गोपन लोह कौ कान्रह सभै करि कंचन डारिओ ॥४१८॥
जान कै अंतरि को लखीआ जब रैनि परी तब ही परि सोए ॥
दूख जिते जु हुते मन मै तितने हरि नामु के लेवत खोए ॥
आइ गयो सुपना सभ को तिह जा पिखए त्रीया नर दोए ॥
जाइ अनूप बिराजत थी तिह जा सम जा फुनि अउर न कोए ॥४१९॥
सभ गोपि बिचारि कहियो मन मै इह बैकुंठ ते ब्रिज मोहि भला है ॥
कान्रह समै लखीऐ न इहा ओहु जा पिखीऐ भगवान खला है ॥
गोरस खात उहा हम ते मंगि जो करता सभ जीव जला है ॥
सो हमरे ग्रिहि छाछहि पीवत जाहि रमी नभ भूमि कला है ॥४२०॥

◄ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे नंद जू को बरुण पास ते छुडाए लिआइ बैकुंठ दिखाव सभ गोपिन को धिआइ समापतं ॥*

अथ रासि मंडल लिखयते ॥

अथ देवी जू की उसतत कथनं ॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

तूही असत्रणी ससत्रणी आप रूपा ॥
तूही अंबिका जंभ हंती अनूपा ॥
तूही अंबिका सीतला तोतला है ॥

प्रिथवी भूमि अकास तैही कीआ है ॥४२१॥
तुही मुंड मरदी कपरदी भवानी ॥
तुही कालिका जालपा राजधानी ॥
महा जोग माइआ तुही ईसवरी है ॥
तुही तेज अकास थंभो मही है ॥४२२॥
तुही रिसटणी पुसटणी जोग माइआ ॥
तुही मोह सो चउदहूं लोक छाइआ ॥
तुही सुंभ नैसुंभ हंती भवानी ॥
तुही चउदहूं लोक की जोति जानी ॥४२३॥
तुही रिसटणी पुसटणी ससत्रणी है ॥
तुही कसटणी हरतनी असत्रणी है ॥
तुही जोग माइआ तुही बाक बानी ॥
तुही अंबिका जंभहा राजधानी ॥४२४॥
महा जोग माइआ महा राजधानी ॥
भवी भावनी भूत भबिअं भवानी ॥
चरी आचरणी खेचरणी भूपणी है ॥
महा बाहणी आपनी रूपणी है ॥४२५॥
महा भैरवी भूतनेसवरी भवानी ॥
भवी भावनी भबियं काली क्रिपानी ॥
जया आजया हिंगुला पिंगुला है ॥
सिवा सीतला मंगला तोतला है ॥४२६॥
तुही अछरा पछरा बुधि ब्रिधिआ ॥
तुही भैरवी भूपणी सुध सिधिआ ॥
महा बाहणी असत्रणी ससत्र धारी ॥
तुही तीर तरवार काती कटारी ॥४२७॥
तुही राजसी सातकी तामसी है ॥
तुही बालका ब्रिधणी अउ जुआ है ॥
तुही दानवी देवणी जछणी है ॥
तुही किंन्रणी मछणी कछणी है ॥४२८॥
तुही देवते सेसणी दानु वेसा ॥
सरहि ब्रिसटणी है तुही असत्र भेसा ॥
तुही राज राजेसवरी जोग माया ॥
महा मोह सो चउदहूं लोक छाया ॥४२९॥
तुही ब्राहमी बैसनवी स्री भवानी ॥
तुही बासवी ईसवरी कारतिकिआनी ॥
तुही अंबिका दुसटहा मुंडमाली ॥
तुही कसट हंती क्रिपा कै क्रिपानी ॥४३०॥
तुमी बराहणी ह्वै हिरनाछ मारियो ॥
हरंनाकसं सिंघणी ह्वै पछारियो ॥
तुमी बावनी ह्वै तिनो लोग मापे ॥
तुमी देव दानो कीए जछ थापे ॥४३१॥
तुमी राम ह्वै कै दसाग्रीव खंडियो ॥
तुमी क्रिसन ह्वै कंस केसी बिहंडियो ॥
तुमी जालपा है बिड़ालाछ घायो ॥
तुमी सुंभ नैसुंभ दानो खपायो ॥४३२॥

दोहरा ॥

दास जान करि दास परि कीजै क्रिपा अपार ॥
आप हाथ दै राख मुहि मन क्रम बचन बिचारि ॥४३३॥

चौपई ॥

मै न गनेसहि प्रिथम मनाऊ ॥
किसन बिसन कबहूं न धिआऊ ॥
कानि सुने पहिचान न तिन सो ॥
लिव लागी मोरी पग इन सो ॥४३४॥
महाकाल रखवार हमारो ॥
महा लोह मै किंकर थारो ॥
अपुना जानि करो रखवार ॥
बाह गहे की लाज बिचार ॥४३५॥
अपुना जानि मुझै प्रतिपरीऐ ॥
चुनि चुनि सत्र हमारे मरीऐ ॥
देग तेग जग मै दोऊ चलै ॥
राखु आपि मुहि अउर न दलै ॥४३६॥
तुम मम करहु सदा प्रतिपारा ॥
तुम साहिब मै दास तिहारा ॥
जानि आपना मुझै निवाज ॥
आपि करो हमरे सभ काज ॥४३७॥
तुम हो सभ राजन के राजा ॥
आपे आपु गरीब निवाजा ॥
दास जान करि क्रिपा करहु मुहि ॥
हारि परा मै आनि दवारि तुहि ॥४३८॥
अपुना जानि करो प्रतिपारा ॥
तुम साहिबु मै किंकर थारा ॥
दास जानि कै हाथि उबारो ॥
हमरे सभ बैरीअन संघारो ॥४३९॥
प्रथमि धरो भगवत को ध्याना ॥
बहुरि करो कबिता बिधि नाना ॥
क्रिसन जथामति चरित्र उचारो ॥
चूक होइ कबि लेहु सुधारो ॥४४०॥

◀ *इति स्री देवी उसतति समापतं ॥*

अथ रास मंडल ॥

सवैया ॥
जब आई है कातिक की रुति सीतल कान्रह तबै अति ही रसीआ ॥
संगि गोपिन खेल बिचार करिओ जु हुतो भगवान महा जसीआ ॥
अपवित्रन लोगन के जिह के पगि लागत पाप सभै नसीआ ॥
तिह को सुनि त्रीयन के संगि खेल निवारहु काम इहै बसीआ ॥४४१॥
आनन जाहि निसापति सो द्रिग कोमल है कमला दल कैसे ॥
है भरुटे धनु से बरनी सर दूर करै तन के दुखरै से ॥
काम की सान के साथ घसे दुख साधन कटबे कहु तैसे ॥
कउल के पत्र किधो ससि साथ लगे कबि सुंदर स्याम अरै से ॥४४२॥
बधिक है टटीआ बरुनी धर कोरन की दुति साइक साधे ॥
ठाढे है कान्रह किधो बन मै तन पै सिर पै अंबुवा रंग बाधे ॥
चाल चलै हरूए हरूए मनो सीख दई इह बाधक पाधे ॥
अउ सभ ही ठट बधक से मन मोहन जाल पीतंबर काधे ॥४४३॥
सो उठि ठाढि किधो बन मै जुग तीसर मै पति जोऊ सीया ॥
जमुना महि खेल के कारन कौ घसि चंदन भाल मै टीको दीया ॥

भिलरा डरि नैन के सैनन को सभ गोपिन को मन चोरि लीया ॥
कबि स्याम कहै भगवान किधो रस कारन को ठग बेस कीआ ॥४४४॥
द्रिग जाहि म्रिगी पति की सम है मुख जाहि निसापति सी छबि पाई ॥
जाहि कुरंगन के रिपु सी कटि कंचन सी तन नै छबि छाई ॥
पाट बने कदली दल द्वै जंघा पर तीरन सी दुति गाई ॥
अंग प्रतंग सु सुंदर स्याम कछू उपमा कहीऐ नही जाई ॥४४५॥
मुख जाहि निसापति की सम है बन मै तिन गीत रिझियो अरु गायो ॥
ता सुर को धुनि स्रउनन मै ब्रिज हूं की त्रिया सभ ही सुनि पायो ॥
धाइ चली हरि के मिलबे कहु तउ सभ के मन मै जब भायो ॥
कान्रह मनो म्रिगनी जुवती छलबे कहु घंटक हेरि बनायो ॥४४६॥
मुरली मुख कानर के तरूए तरु स्याम कहै बिधि खूब छकी ॥
ब्रिज भामिन आ पहुची दवरी सुधि हिया जु रही न कछू मुख की ॥
मुख को पिखि रूप के बस्रय भई मत ह्वै अति ही कहि कान्रह बकी ॥
इक झूमि परी इक गाइ उठी तन मै इक ह्वै रहिगी सु जकी ॥४४७॥
हरि की सुनि कै सुर स्रउनन मै सभ धाइ चली ब्रिजभूमि सखी ॥
सभ मैन के हाथि गई बध कै सभ सुंदर स्याम की पेखि अखी ॥
निकरी ग्रिह ते म्रिगनी सम मानहु गोपिन ते नहि जाहि रखी ॥
इह भाति हरी पहि आइ गई जनु आइ गई सुधि जानि सखी ॥४४८॥
गई आइ दसो दिस ते गुपीआ सभ ही रस कान्रह के साथ पगी ॥
पिख कै मुखि कान्रह को चंद कला सु चकोरन सी मन मै उमगी ॥
हरि को पुनि सुधि सु आनन पेखि किधौ तिन की ठग डीठ लगी ॥
भगवान प्रसंनि भयो पिख कै कबि स्याम मनो म्रिग देख म्रिगी ॥४४९॥
गोपिन की बरजी न रही सुर कानर की सुनबे कहु त्राघी ॥
नाखि चली अपने ग्रिह इउ जिमु मति जुगीस्वर इंद्रहि लाघी ॥
देखन को मुखि ताहि चली जोऊ काम कला हूं को है फुनि बाघी ॥
डारि चली सिर के पट इउ जनु डारि चली सभ लाज बहाघी ॥४५०॥
कान्रह के पासि गई जब ही तब ही सभ गोपिन लीन सु संङा ॥
चीर परे गिर कै तन भूखन टूट गई तिन हाथन बंङा ॥
कान्रह को रूप निहारि सभै गुपीआ कबि स्याम भई इक रंङा ॥
होइ गई तनमै सभ ही इक रंग मनो सभ छोड कै संङा ॥४५१॥
गोपिन भूलि गई ग्रिह की सुधि कान्रह ही के रस भीतर राची ॥
भउह भरी मधुरी बरनी सभ ही सु ढरी जनु मैन के साची ॥
छोर दए रस अउरन स्वाद भले भगवान ही सो सभ माची ॥
सोभत ता तन मै हरि को मनो कंचन मै चुनीआ चुनि खाची ॥४५२॥
कान्रह को रूप निहारि रही ब्रिज मै जु हुती गुपीआ अति हाछी ॥
राजत जाहि म्रिगी पति नैन बिराजत सुंदर है सम माछी ॥
सोभित है ब्रिज मंडल मै जनु खेलबे काजि नटी इह काछी ॥
देखनि हार किधौ भगवान दिखावत भाव हमै हिया आछी ॥४५३॥
सोहत है सभ गोपिन के कबि स्याम कहै द्रिग अंजन आजे ॥
कउलन की जनु सुधि प्रभा सर सुंदर सान के ऊपरि माजे ॥
बैठि घरी इक मै चतुरानन मैन के तात बने कसि साजे ॥
मोहति है मन जोगन के फुनि जोगन के गन बीच कला जे ॥४५४॥
ठाढि है कान्रह सोऊ महि गोपिन जाहि को अंत मुनी नहि बूझे ॥
कोटि करै उपमा बहु बरखन नैनन सो तउ नैकु न सूझे ॥
ताही के अंति लखैबे के कारन सूर घनै रन भीतर जूझे ॥
सो ब्रिज भूमि बिखै भगवान त्रीआ गन मै रस बैन अरूझे ॥४५५॥
कानर के निकटै जब ही सभ ही गुपीआ मिलि सुंदर गईया ॥
सो हरि मधि ससानन पेखि सभै फुनि कंद्रप बेख बनईआ ॥
लै मुरली अपने करि कान्रह किधौ अति ही हित साथ बजईया ॥
घंटक हेरक जिउ पिख कै म्रिगनी मुहि जात सु है ठहरईया ॥४५६॥

मालसिरी अरु रामकली सुभ सारंग भावन साथ बसावै ॥
जैतसिरी अरु सुध मलार बिलावल की धुनि कूक सुनावै ॥
लै मुरली अपुने करि कान्रह किधौ अति ही हित साथ बजावै ॥
पउन चलै न रहै जमुना थिर मोहि रहै धुनि जो सुनि पावै ॥४५७॥
सुन के मुरली धुनि कानर की सभ गोपिन की सभ सुधि छुटी ॥
सभ छाडि चली अपने ग्रिह कारज कान्रह ही की धुनि साथ जुटी ॥
ठगनी सुर है कबि स्याम कहै इन अंतर की सभ मति लुटी ॥
म्रिगनी सम है चलत यौ इन के मग लाज की बेल तराक तुटी ॥४५८॥
कान्रह को रूप निहार रही त्रिया स्याम कहै कबि होइ इकाठी ॥
जिउ सुर की धुनि कौ सुन कै म्रिगनी चलि आवत जात न नाठी ॥
मैन सो मत ह्वै कूदत कान्रह सु छोरि मनो सभ लाज की गाठी ॥
गोपिन को मनु यौ चुरि गयो जिम खोरर पाथर पै चरनाठी ॥४५९॥
हसि बात करै हरि सो गुपीआ कबि स्याम कहै जिन भाग बडे ॥
मोहि सभै प्रगटियो इन को पिख कै हरि पापन जाल लडे ॥
क्रिसनं तन मधि बधू ब्रिज की मन ह्वै करि आतुर अति गडे ॥
सोऊ सति किधो मन जाहि गडे सु अधंनि जिनो मन है अगडे ॥४६०॥
नैन चुराइ महा सुख पाइ कछू मुसकाइ भयो हरि ठाढो ॥
मोहि रही ब्रिज बाम सभै अति ही तिन कै मनि आनंद बाढो ॥
जा भगवान किधो सीय जीत कै मारि डरियो रिपु रावन गाढो ॥
ता भगवान किधो मुख ते मुकता नुकता सम अंम्रित काढो ॥४६१॥
कान्रह जू बाच गोपी प्रति ॥
सवैया ॥
आजु भयो झड़ है जमुना तटि खेलन की अब घात बणी ॥
तज कै डर खेल करो हम सो कबि स्याम कहियो हसि कान्रह अणी ॥
जो सुंदर है तुम मै सोऊ खेलहु खेलहु नाहि जणी रु कणी ॥
इह भाति कहै हसि कै रस बोल किधो हरता जोऊ मान फणी ॥४६२॥
हसि कै सु कही बतीआ तिन सो कबि स्याम कहै हरि जो रस रातो ॥
नैन म्रिगीपति से तिह के इम चाल चलै जिम गईयर मातो ॥
देखत मूरति कान्रह की गोपिन भूलि गई ग्रिह की सुध सातो ॥
चीर गए उड कै तन कै अरु टूट गयो नैन ते लाज को नातो ॥४६३॥
कुपि कै मधु कैटभ तानि मरे मुरि दैत मरियो अपने जिन हाथा ॥
जाहि बिभीछन राज दयो रिसि रावन काट दए जिह माथा ॥
सो तिह की तिहू लोगन मधि कहै कबि स्याम चले जस गाथा ॥
सो ब्रिज भूमि बिखै रस कै हित खेलत है फुनि गोपिन साथा ॥४६४॥
हसि कै हरि जू ब्रिज मंडल मै संग गोपिन के इक होड बदी ॥
सभ धाइ परै हमहूं तुमहूं इह भाति कहियो मिलि बीच नदी ॥
जब जाइ परे जमुना जल मै संग गोपिन के भगवान जदी ॥
तब लै चुभकी हरि जी त्रिय को सु लयो मुख चूम किधो सो तदी ॥४६५॥
गोपी बाच कान्रह जू सो ॥
सवैया ॥
मिल कै सभ ग्वारिन सुंदर स्याम सो स्याम कही हसि बात प्रबीनन ॥
राजत जाहि म्रिगीपति से द्रिग छाजत चंचलता सम मीनन ॥
कंचन से तन कउल मुखी रस आतुर है कहियो रछक दीनन ॥
नेहु बढाइ महा सुखु पाइ कहियो सिरि निआइ कै भाति अधीनन ॥४६६॥
अति ह्वै रिझवंत कहिओ गुपीआ जुग तीसर मै पति भयो जु कपी ॥
जिनि रावन खेति मरिओ कुप कै जिह रीझि बिभीछन लंक थपी ॥
जिह की जग बीच प्रसिध कला कबि स्याम कहै कछु नाहि छपी ॥
तिह संग करै रस की चरचा जिन हूं तिरीया फुनि चंडि जपी ॥४६७॥
जउ रस बात कही गुपीआ तब ही हरि जवाब दयो तिन साफी ॥
आई हो छोडि सभै पति को तुम होइ तुमै न मरे फुनि माफी ॥

हउ तुम सो नहि हेत करो तुम काहे कउ बाम करो रस लाफी ॥
इउ कहि कै हरि मोन भजी सु बजाइ उठियो मुरली महि काफी ॥४६८॥
कान्रह बाच गोपी सों ॥
सवैया ॥
सभ सुंदर गोपिन सो कबि स्याम दयो हरि कै हरि जवाब जबै ॥
न गई हरि मान कहियो ग्रिह को प्रभ मोहि रही मुखि देख सबै ॥
क्रिसनं करि लै अपने मुरली सु बजाइ उठिओ जुत राग तबै ॥
मनो घाइल गोपिन के ब्रण मै भगवान डरियो जनु लोन अबै ॥४६९॥
जिउ म्रिग बीच म्रिगी पिखीऐ हरि तिउ गन ग्वारिन के मधि सोभै ॥
देखि जिसै रिपु रीझ रहै कबि स्याम नहीं मन भीतर छोभै ॥
देखि जिसै म्रिग धावत आवत चित करै न हमै फुनि को भै ॥
सो बन बीच बिराजत कान्रह जोऊ पिखवै तिह को मनु लोभै ॥४७०॥
गोपी बाच कान्रह जू सो ॥
सवैया ॥
सोऊ ग्वारिन बोलि उठी हरि सो बचना जिन के सम सुध अमी ॥
तिह साथ लगी चरचा करने हरता मन साधन सुधि गमी ॥
तज कै अपुने भरता हमरी मति कान्रह जू ऊपरि तोहि रमी ॥
अति ही तन काम करा उपजी तुम को पिखए नहि जात छमी ॥४७१॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
भगवानि लखी अपुने मन मै इह ग्वारनि मो पिखि मैन भरी ॥
तब ही तजि संक सभै मन की तिन के संगि मानुख केल करी ॥
हरि जी करि खेल किधौ इन सो जनु काम जरी इह कीन जरी ॥
कबि स्याम कहै पिखवो तुम कौतुक कान्रह हरियो कि हरी सु हरी ॥४७२॥
जो जुग तीसर मूरति राम धरी जिह अउर करियो अति सीला ॥
सत्रन को सु संघारि कहै प्रतिपारक साधन को हरि हीला ॥
दवापर मो सोऊ कान्रह भयो मरीया अरि को धरीया पट पीला ॥
सो हरि भूमि बिखै ब्रिज की हसि गोपिन साथ करै रस लीला ॥४७३॥
मालसिरी अरु रामकली सुभ सारंग भावन साथ बजावै ॥
जैतसिरी अरु सुध मल्रहार बिलावल की धुनि कूकि सुनावै ॥
लै मुरली अपुने करि कान्रह किधो अति भावन साथ बजावै ॥
पउन चलै न रहै जमुना थिर मोहि रहै धुनि जो सुनि पावै ॥४७४॥
कान्रह बजावत है सुर सो फुनि गोपिन के मन मै जोऊ भावै ॥
रामकली अरु सुध मल्रहार बिलावल की अति ही ठट पावै ॥
रीझि रहै सु सुरी असुरी म्रिग छाडि म्रिगी बन की चलि आवै ॥
सो मुरली महि स्याम प्रबीन मनो करि रागन रूप दिखावै ॥४७५॥
सुन कै मुरली धुनि कानर की मन मै सभ ग्वारिन रीझि रही है ॥
जो ग्रिह लोगन बात कही तिन हूं फुनि ऊपरि सीस सही है ॥
सामुहि धाइ चली हरि के उपमा तिह की कबि स्याम कही है ॥
मानहु पेखि समसन के मुख धाइ चली मिलि जूथ अही है ॥४७६॥
जिनि रीझि बिभीछन राजु दयो कुप कै दस सीस दई जिनि पीड़ा ॥
मारुत ह्वै दल दैतन को छिन मै घन सो कर दीन उडीड़ा ॥
जाहि मरियो मुर नाम महा सुर आपन ही लंघि मारगु भीड़ा ॥
सो फुनि भूमि बिखै ब्रिज की संगि गोपिन कै सु करै रस क्रीड़ा ॥४७७॥
खेलत कान्रह सोऊ तिन सो जिह की सु करै सभ ही जग जात्रा ॥
सो सभ ही जग को पति है तिन जीवन के बल की पर मात्रा ॥
राम ह्वै रावन सो जिन हूं कुपि जुध करियो करि कै प्रम छात्रा ॥
सो हरि बीच अहीरिन के करिबे कहु कउतुक कीन सु नात्रा ॥४७८॥

दोहरा ॥

जबै क्रिसन संग गोपीअन करी मानुखी बान ॥
सभ गोपी तब यौ लखियो भयो बसय भगवान ॥४७९॥
सवैया ॥
कान्रह तबै संग गोपिन के तब ही फुनि अंत्र धिआन ह्वै गईया ॥
खे कह गयो धरनी धसि गयो किधो मधि रहियो समझियो नही पईया ॥
गोपिन की जब यौ गति भी तब ता छबि को कबि स्याम कहइया ॥
जिउ संग मीनन के लर कै तिन त्याग सभो मनो बारि धरइया ॥४८०॥
गोपिन के तन की छुटगी सुधि डोलत है बन मै जनु बउरी ॥
एक उठै इक झूमि गिरै ब्रिज की महरी इक आवत दउरी ॥
आतुर ह्वै अति ढूंडत है तिन के सिर की गिर गी सु पिछउरी ॥
कान्रह को ध्यान बसियो मन मै सोऊ जान गहै फुनि रूखन कउरी ॥४८१॥
फेरि तजै तिन रूखन को इह भाति कहै नंद लाल कहा रे ॥
चंपक मउलसिरी बट ताल लवंग लता कचनार जहा रे ॥
पै जिह के हम कारन को पगि कंटकका सिरि धूप सहा रे ॥
सो हम कौ तुम देहु बताइ परै तुम पाइन जाव तहा रे ॥४८२॥
बेल बिराजत है जिह जा गुल चंपक का सु प्रभा अति पाई ॥
मौलिसिरी गुल लाल गुलाब धरा तिन फूलन सो छबि छाई ॥
चंपक मउलसिरी बट ताल लवंग लता कचनार सुहाई ॥
बारि झरै झरना गिरि ते कबि स्याम कहै अति ही सुखदाई ॥४८३॥
तिह कानन को हरि के हित ते गुपीआ ब्रिज की इह भाति कहै ॥
बर पीपर हेरि हिया न कहूं जिह के हित सो सिरि धूप सहै ॥
अहो किउ तजि आवत हो भरता बिनु कान्रह पिखे नहि धामि रहै ॥
इक बात करै सुन कै इक बोलब रूखन को हरि जानि गहै ॥४८४॥
कान्रह बियोग को मानि बधू ब्रिज डोलत है बन बीच दिवानी ॥
कूंजन जयो कुरलात फिरै तिह जा जिह जा कछु खान न पानी ॥
एक गिरै मुरझाइ धरा पर एक उठै कहि कै इह बानी ॥
नेहु बढाइ महा हम सो कत जात भयो भगवान गुमानी ॥४८५॥
नैन नचाइ मनो म्रिग से सभ गोपिन को मन चोरि लयो है ॥
ताही कै बीच रहियो गडि कै तिह ते नहि छूटन नैकु भयो है ॥
ताही के हेत फिरै बन मै तजि कै ग्रिह स्वास न एक लयो है ॥
सो बिरथा हम सो बन भ्रात कहो हरि जी किह ओरि गयो है ॥४८६॥
जिन हूं बन बीच मरीच मरियो पुर रावनि सेवक जाहि दहियो है ॥
ताही सो हेत करियो हम हूं बहु लोगन को उपहास सहियो है ॥
वासर से द्रिग सुंदर सो मिलि ग्वारिनिया इह भाति कहियो है ॥
ताही की चोट चटाक लगे हमरो मनूआ म्रिग ठउर रहियो है ॥४८७॥
बेद पड़ै सम को फल हो बहु मंगन को जोऊ दान दिवावै ॥
कीन अकीन लखै फल हो जोऊ आथित लोगन अंन जिवावै ॥
दान लहै हमरे जीअ को इह के सम को न सोऊ फल पावै ॥
जो बन मै हम को जररा इक एक घरी भगवान दिखावै ॥४८८॥
जाहि बिभीछन लंक दई अरु दैतन के कुपि कै गन मारे ॥
पै तिन हूं कबि स्याम कहै सभ साधन राखि असाध संघारे ॥
सो इह जा हम ते छप गयो अति ही कर कै संगि प्रीति हमारे ॥
पाइ परो कहीयो बन भ्रात कहो हरि जी किह ओरि पधारे ॥४८९॥
ग्वारिन खोजि रही बन मै हरि जी बन मै नही खोजत पाए ॥
एक बिचार करियो मन मै फिर कै न गयो कबहूं उह जाए ॥
फेरि फिरी मन मै गिनती करि पारथ सूत की डोर लगाए ॥
यौ उपजी उपमा चकई जनु आवत है कर मै फिरि धाए ॥४९०॥
आइ के ढूंढि रही सोऊ ठउर तहा भगवान न ढूंढड पाए ॥
इउ जु रही सभ ही चकि कै जनु चित्र लिखी प्रितिमा छबि पाए ॥
अउर उपाव करियो पुनि ग्वारिन कान्रह ही भीतरि चित लगाए ॥

गाइ उठी तिह के गुन एक बजाइ उठी इक स्वाग लगाए ॥४९१॥
होत बकी इक होत त्रिणाव्रत एक अघासुर ह्वै करि धावै ॥
होइ हरी तिन मै धसि कै धरनी पर ता कहु मारि गिरावै ॥
कान्रह सो लाग रहियो तिन कौ अत ही मन नैक न छूटन पावै ॥
इउ उपजी उपमा बनीआ जनु सालन के हित रोर बनावै ॥४९२॥
राजा परीछत बाच सुक सो ॥

दोहरा ॥

सुक संग राजे कहु कही जूथ दिजन के नाथ ॥
अगनि भाव किह बिधि कहै क्रिसन भाव के साथ ॥४९३॥
सुक बाच राजा सो ॥
सवैया ॥
राजन पास ब्यास को बाल कथा सु अरौचक भाति सुनावै ॥
ग्वारनीआ बिरहानुल भाव करै बिरहानल को उपजावै ॥
पंच भू आतम लोगन को इह कउतुक कै अति ही डर पावै ॥
कान्रह को ध्यान करे जब ही बिरहानल की लपटान बुझावै ॥४९४॥
ब्रिखभासुर ग्वारनि एक बनै बछुरासुर मूरति एक धरै ॥
इक ह्वै चतुरानन ग्वार हरै इक ह्वै ब्रहमा फिरि पाइ परै ॥
इक ह्वै बगुला भगवान के साथ महा कर कै मनि कोप लरै ॥
इह भाति बधू ब्रिज खेल करै जिह भाति किधो नंद लाल करै ॥४९५॥
कान्रह चरित्र सभै कर कै सभ ग्वारिन फेरि लगी गुन गावन ॥
ताल बजाइ बजा मुरली कबि स्याम कहै अति ही करि भावन ॥
फेरि चितार कहियो हमरे संगि खेल करियो हरि जी इह ठावन ॥
ग्वारिन स्याम की भूल गई सुधि बीच लगी मन के दुख पावन ॥४९६॥
अति होइ गई तन मै हरि साथ सु गोपिन की सभ ही घरनी ॥
तिह रूप निहार कै बसि भई जु हुती अति रूपन की धरनी ॥
इह भाति परी मुरझाइ धरी कबि ने उपमा तिह की बरनी ॥
जिम घंटक हेर मै भूमि के बीच परै गिर बान लगे हरनी ॥४९७॥
बरुनी सर भउहन को धनु कै सु सिंगार के साजन साथ करी ॥
रस को मन मै अति ही करि कोप सु कान्रह के सामुहि जाइ अरी ॥
अति ही करि नेहु को क्रोधु मनै तिह ठउर ते पैग न एक टरी ॥
मनो मैन ही सो अति ही रन कै धरनी पर ग्वारिन जूझि परी ॥४९८॥
तिन ग्वारिन को अति ही पिखि प्रेम तबै प्रगटे भगवान सिताबी ॥
जोति भई धरनी पर इउ रजनी महि छूटत जिउ महताबी ॥
चउक परी तब ही इह इउ जैसे चउक परै तम मै डरि खुआबी ॥
छाडि चलियो तन को मन इउ जिम भाजत है ग्रिह छाडि सराबी ॥४९९॥
ग्वारिन धाइ चली मिलबे कहु जो पिखए भगवान गुमानी ॥
जिउ म्रिगनी म्रिग देखि चलै जु हुती अति रूप बिखै अभिमानी ॥
ता छबि की अति ही उपमा कबि नै मुख ते इह भाति बखानी ॥
जिउ जल चात्रिक बूंद परै जिम कूदि परै मछली पिखि पानी ॥५००॥
राजत है पीअरो पट कंधि बिराजत है म्रिग से द्रिग दोऊ ॥
छाजत है मनि सो उर मै नदीआ पति साथ लीए फुनि जोऊ ॥
कान्रह फिरै तिन गोपिन मै जिह की जग मै सम तुलि न कोऊ ॥
ग्वारिन रीझ रही ब्रिज की सोऊ रीझत है चक देखत सोऊ ॥५०१॥

कबितु ॥

कउल जिउ प्रभात तै बिछुरियो मिली बात तै गुनी जिउ सुर सात तै बचायो चोर गात तै ॥
जैसे धनी धन तै अउ रिनी लोक मनि तै लरईया जैसे रन तै तजईया जिउ नसात तै ॥
जैसे दुखी सूख तै अभूखी जैसे भूख तै सु राजा सत्र आपने को सुने जैसे घात तै ॥

होत है प्रसंन जेते एते एती बातन तै होत है प्रसंन्य गोपी तैसे कान्रह बात तै ॥५०२॥
कान्रह जू बाच ॥
सवैया ॥
हसि बात कही संगि गोपिन कान चलो जमुना तटि खेल करै ॥
चिटकारन सो भिर कै तिह जा तुमहूं हूं तरो हमहूं हूं तरै ॥
गुहि कै बन फूलन सुंदर हार सो केल करै तिन डारि गरै ॥
बिरहा छुध को तिह ठउर बिखै हस कै रस कै संगि पेट भरै ॥५०३॥
आइसु मानि तबै हरि को सभ धाइ चली गुपीआ तिह ठउरै ॥
एक चलै मुसकाइ भली बिधि एक चलै हरूए इक दउरै ॥
स्याम कहै उपमा तिह की जल मै जमुना कहु ग्वारिन हउरै ॥
रीझ रहै बन के म्रिग देखि सु अउर पिखै गज गामन सउरै ॥५०४॥
स्याम समेत सभै गुपीआ जमुना जल को तरि पारि परईया ॥
पार भई जब हीं हित सो गिरदा कर कै तिह को तिसटईया ॥
ता छबि की अति ही उपमा कबि नै मुख ते इह भाति सुनईया ॥
कान्रह भयो ससि सुध मनो सम राजत ग्वारिन तीर तरईया ॥५०५॥
बात लगी कहने मुख ते कवि स्याम कहै मिल कै सभ ग्वारिन ॥
चंद्रमुखी म्रिग से द्रिगनी लखीयै तिन भान अनंत अपारनि ॥
कान्रह के साथ करी चरचा मिलि कै ब्रिज की सभ सुंदर बारनि ॥
छोरि दई ग्रिह की सभ लाज जु होइ महा रस की चसकारनि ॥५०६॥
कै रस के हरि कारनु कै करि कसट बडो कोऊ मंतर साधो ॥
कै कोऊ जंत्र बडोई सधियो इन को अपने मन भीतर बाधो ॥
कै केहूं तंत्र के साथ किधो कबि स्याम कहै अति ही करि धाधो ॥
चोरि लयो मनु ग्वारिन को छिन भीतर दीन दयानिधि माधो ॥५०७॥
गोपी वाच ॥
सवैया ॥
कान्रह के ग्वारिन साथ कहियो हम को तजि कै किह ओरि गए थे ॥
प्रीति बढाइ महा हम सो जमुना तटि पै रस केल कए थे ॥
यौ तजि गे जिम राहि मुसाफिर स्याम कहियो तुम नाहि नए थे ॥
फूल खिरे मुख आए कहा अपनी बिरीआ कहूं भउर भए थे ॥५०८॥

अथ चतुर पुरख भेद कथनं ॥

सवैया ॥
नर एक अकीन ही प्रीत करै इक कीन करै इक कीन जु जानै ॥
एक न प्रीति के भेद जनै जोऊ प्रीति करै अरि कै तिह मानै ॥
सो नर मूड़ बिखै कहीयै जगि जो नर रंच न प्रीति पछानै ॥
सो चरचा रस की इह भाति सु ग्वारिनीआ संगि कान्रह बखानै ॥५०९॥
गोपी बाच ॥
सवैया ॥
ग्वारिनीआ इह भाति कहै करि नेह को अंति दगा कोऊ दै है ॥
दो जन छाडि परो हरि गयो जन जो छल सो तिह को हरि लै है ॥
जो बटहा जन धावत है कोऊ जात चलियो पिख कै मधिमै है ॥
पै खिझ कै अति ही गुपीआ इह भाति कहियो तिन की सम ए है ॥५१०॥
जब ही इह ग्वारिन बात कही तब ही तिन के संग कान्रह हसै ॥
जिह नाम के लेत जरा मुख ते तज कै गनका सभ पाप नसे ॥
न जपियो जिह जाप सोऊ उजरे जिह जाप जपियो सोऊ धाम बसे ॥
तिन गोपिन सो इह भाति कहियो हमहूं अति ही रस बीच फसे ॥५११॥
कहि कै इह बात हसे हरि जू उठ कै जमुना जल बीच तरे ॥
छिन एक लगियो न तबै तिह को लखि कै जमुना कह पार परे ॥
लखि कै जल को संग गोपिन के भगवान महा उपहास करे ॥

बहु होरनि तै अरु ब्रयाहनि तै कुरमातन तै अति सोऊ खरे ॥५१२॥
कान्रह बाच ॥
सवैया ॥
रजनी पर गी तब ही भगवान कहियो हसि कै हम रास करै ॥
ससि राजत है सित गोपिन के मुख सुंदर सेत ही हार डरै ॥
हित सो ब्रिज भूमि बिखै सभ ही रस खेल करै कर डार गरै ॥
तुम को जोऊ सोक बढियो बिछुरे हम सो मिलि कै अब सोक हरै ॥५१३॥
ऐहो त्रीया कहि स्री जदुबीर सभै तुम रास को खेल करो ॥
गहि कै कर सो करु मंडल कै न कछू मन भीतर लाज धरो ॥
हमहूं तुमरे संग रास करै नचि है नचियो नह नैकु डरो ॥
सभ ही मन बीच असोक करो अति ही मन सोकन को सु हरो ॥५१४॥
तिन सो भगवान कही फिर यो सजनी हमरी बिनती सुनि लीजै ॥
आनंद बीच करो मन के जिह ते हमरे तन को मन जीजै ॥
मितवा जिह ते हित मानत है तब ही उठ कै सोऊ कारज कीजै ॥
दै रस को सिरपाव तिसै मन को सभ सोक बिदा करि दीजै ॥५१५॥
हसि कै भगवान कही फिरि यौ रस की बतीया हम ते सुन लईयै ॥
जा के लीए मितवा हित मानत सो सुन कै उठि कारज कईयै ॥
गोपिन साथ क्रिपा करि कै कबि स्याम कहियो मुसलीधर भईयै ॥
जा संग हेत महा करीयै बिनु दामन ता ही के हाथि बिकईयै ॥५१६॥
कानर की सुन कै बतीआ मन मै तिन ग्वारिन धीर गहियो है ॥
दोख जितो मन भीतर थो रस पावक मो त्रिण तुलि दहियो है ॥
रास करियो सभ ही मिलि कै जसुधा सुत को तिन मानि कहियो है ॥
रीझ रही प्रिथमी प्रिथमी गन अउ नभ मंडल रीझ रहियो है ॥५१७॥
गावत एक बजावत ताल सभै ब्रिज नारि महा हित सो ॥
भगवान को मानि कहियो तब ही कबि स्याम कहै अति ही चित सो ॥
इन सीख लई गति गामन ते सुर भामन ते कि किधो कित सो ॥
अब मोहि इहै समझियो सु परै जिह कान्रह सिखे इन हूं तित सो ॥५१८॥
मोर को पंख बिराजत सीस सु राजत कुंडल कानन दोऊ ॥
लाल की माल सु छाजत कंठहि ता उपमा सम है नहि कोऊ ॥
जो रिपु पै मग जात चलियो सुनि कै उपमा चलि देखत ओऊ ॥
अउर की बात कहा कहीयै कबि स्याम सुरादिक रीझत सोऊ ॥५१९॥
गोपिन संग तहा भगवान मनै अति ही हित को कर गावै ॥
रीझ रहै खग ठउर समेत सु या बिधि ग्वारिन कान्रह रिझावै ॥
जा कहु खोजि कई गण गंध्रब किंनर भेद न रंचक पावै ॥
गावत सो हरि जू तिह जा तज कै म्रिगनी चलि कै म्रिग आवै ॥५२०॥
गावत सारंग सुध मलार बिभास बिलावल अउ फुनि गउरी ॥
जा सुर स्रोनन मै सुन कै सुर भामिन धावत डारि पिछउरी ॥
सो सुन कै सभ ग्वारनिया रस कै संग होइ गई जनु बउरी ॥
तिआग कै कानन ता सुन कै म्रिग लै म्रिगनी चलि आवत दउरी ॥५२१॥
एक नचै इक गावत गीत बजावत ताल दिखावत भावन ॥
रास बिखै अति ही रस सो सु रिझावन काज सभै मन भावनि ॥
चादनी सुंदर राति बिखै कबि स्याम कहै सु बिखै रुत सावन ॥
ग्वारनिया तजि कै पुर को मिलि खेलि करै रस नीकनि ठावन ॥५२२॥
सुंदर ठउर बिखै कबि स्याम कहै मिलि ग्वारिन खेल करियो है ॥
मानहु आप ही ते ब्रहमा सुर मंडल सुधि बनाइ धरियो है ॥
जा पिख के खग रीझ रहै म्रिग तिआग तिसै नही चारो चरियो है ॥
अउर की बात कहा कहीये जिह के पिखए भगवान छरियो है ॥५२३॥
इत ते नंदलाल सखा लीए संगि उतै फुनि ग्वारिन जूथ सबै ॥
बहसा बहसी तह होन लगी रस बातन सो कबि स्याम तबै ॥
जिह को ब्रहमा नही अंत लखै नह नारद पावत जाहि छबै ॥

म्रिग जिउ म्रिगनी महि राजत है हरि तिउ गन ग्वारिन बीच फबै ॥५२४॥
नंद लाल लला इत गावत है उत ते सभ ग्वारनिया मिलि गावै ॥
फागुन की रुति ऊपरि आबन मानहु कोकिलका कुकहावै ॥
तीर नदी सोऊ गावत गीत जोऊ उन के मन भीतर भावै ॥
नैन नछत्र पसारि पिखै सुर देव बधू मिलि देखनि आवै ॥५२५॥
मंडल रास बचित्र महा सम जे हरि की भगवान रचियो है ॥
ताही के बीच कहै कबि इउ रस कंचन की समतुलि मचियो है ॥
ता सी बनाइबे को ब्रहमा न बनी करि कै जुग कोटि पचियो है ॥
कंचन के तनि गोपनि को तिह मधि मनी मन तुलि गचियो है ॥५२६॥
जल मै सफरी जिम केल करै तिम ग्वारनिया हरि के संगि डोलै ॥
जिउ जन फाग को खेलत है तिह भाति ही कान्रह के साथ कलोलै ॥
कोकिलका जिम बोलत है तिम गावत ता की बराबर बोलै ॥
स्याम कहै सभ ग्वारनिया इह भातन सो रस कान्रहि निचोलै ॥५२७॥
रस की चरचा तिन सो भगवान करी हित सो न कछू कम कै ॥
इह भाति कहियो कबि स्याम कहै तुमरे माहि खेल बनिओ हम कै ॥
कहि कै इह बात दीयो हसि कै सु प्रभा सुभ दंतन यौ दमकै ॥
जनु दिउस भले रुति सावन की अति अभ्रन मै चपला चमकै ॥५२८॥
ऐहो लला नंद लाल कहै सभ ग्वारनिया अति मैन भरी ॥
हमरे संग आवहु खेल करो न कछू मन भीतर संक करी ॥
नैन नचाइ कछू मुसकाइ कै भउह दुऊ करि टेढि धरी ॥
मन यौ उपजी उपमा रस की मनो कान्रह के कंठहि फासि डरी ॥५२९॥
खेलत ग्वारिन मधि सोऊ कबि स्याम कहै हरि जू छबि वारो ॥
खेलत है सोऊ मैन भरी इन हूं पर मानहु चेटक डारो ॥
तीर नदी ब्रिज भूमि बिखै अति होत है सुंदर भाति अखारो ॥
रीझ रहै प्रिथमी के सभै जन रीझ रहियो सुर मंडल सारो ॥५३०॥
गावत एक नचै इक ग्वारनि तारिन किंकन की धुनि बाजै ॥
जिउ म्रिग राजत बीच म्रिगी हरि तिउ गन ग्वारिन बीच बिराजै ॥
नाचत सोऊ महा हित सो कबि स्याम प्रभा तिन की इम छाजै ॥
गाइब पेखि रिसै गन गंध्रब नाचब देखि बधू सुर लाजै ॥५३१॥
रस कारन को भगवान तहा कबि स्याम कहै रस खेल करियो ॥
मन यौ उपजी उपमा हरि जू इन पै जनु चेटक मंत्र डरियो ॥
पिख कै जिह को सुर अछ्रन के गिरि बीच लजाइ बपै सु धरियो ॥
गुपीआ संगि कान्रह के डोलत है इन को मनूआ जब कान्रह हरियो ॥५३२॥
स्याम कहै सभ ही गुपीआ हरि के संगि डोलत है सभ हूईआ ॥
गावत एक फिरै इक नाचत एक फिरै रस रंग अकूईआ ॥
एक कहै भगवान हरी इक लै हरि नामु परै गिरि भूईआ ॥
यौ उपजी उपमा पिखि चुंमक लागी फिरै तिह के संग सूईआ ॥५३३॥
संग ग्वारिन कान्रह कही हसि कै कबि स्याम कहै अध राति समै ॥
हम हूं तुम हूं तजि कै सभ खेल सभै मिल कै हम धामि रमै ॥
हरि आइसु मानि चली ग्रिह को सभ ग्वारनीया करि दूर गमै ॥
अब जाइ टिकै सभ आसन मै करि कै सभ प्रात की नेह तमै ॥५३४॥
हरि सो अरु गोपिन संगि किधो कबि स्याम कहै अति खेल भयो है ॥
लै हरि जी तिन को संग आपन तिआग कै खेल को धामि अयो है ॥
ता छबि को जसु उच महा कबि ने अपुने मनि चीन लयो है ॥
कागजीए रस को अति ही सु मनो गनती करि जोरु दयो है ॥५३५॥

अथ करि पकर खेलबो कथनं ॥

रास मंडल ॥
सवैया ॥

प्रात भए हरि जू तजि कै ग्रिह धाइ गए उठि ठउर कहा को ॥
फूल रहे जिहि फूल भली बिधि तीर बहै जमुना सो तहा को ॥
खेलत है सोऊ भाति भली कबि स्याम कहै कछु त्रास न ता को ॥
संग बजावत है मुरली सोऊ गऊअन के मिस ग्वारनिया को ॥५३६॥
रास कथा कबि स्याम कहै सुन कै ब्रिखभानु सुता सोऊ धाई ॥
जा मुख सुध निसापति सो जिह के तन कंचन सी छबि छाई ॥
जा की प्रभा कबि देत सभै सोऊ ता मै रजै बरनी नहि जाई ॥
स्याम की सोभ सु गोपिन ते सुनि कै तरुनी हरनी जिम धाई ॥५३७॥

कबितु ॥

सेत धरे सारी ब्रिखभानु की कुमारी जस ही की मनो बारी ऐसी रची है न को दई ॥
रंभा उरबसी अउर सची सु मदोदरी पै ऐसी प्रभा का की जग बीच न कछू भई ॥
मोतिन के हार गरे डारि रुचि सो सुधार कान्रह जू पै चली कबि स्याम रस के लई ॥
सेतै साज साजि चली सावरे की प्रीति काज चादनी मै राधा मानो चादनी सी ह्वै गई ॥५३८॥
सवैया ॥
अंजन आडि सु धार भले पट भूखन अंग सु धार चली ॥
जनु दूसर चंद्रकला प्रगटी जनु राजत कंज की सेत कली ॥
हरि के पग भेटन काज चली कबि स्याम कहै संग राधे अली ॥
जनु जोति त्रियन ग्वारिन ते इह चंद की चादनी बाली भली ॥५३९॥
कान्रह सो प्रीति बढी तिह की मन मै अति ही नहि नैकु घटी है ॥
रूप सची अरु पै रति तै मन त्रीयन ते नहि नैकु लटी है ॥
रास मै खेलनि काज चली सजि साजि सभै कबि स्याम नटी है ॥
सुंदर ग्वारिन कै घन मै मनो राधिका चंद्रकला प्रगटी है ॥५४०॥
ब्रहमा पिखि कै जिह रीझ रहिओ जिह को दिख कै सिव ध्यान छुटा है ॥
जा निरखे रति रीझ रही रति के पति को पिखि मान टुटा है ॥
कोकिल कंठ चुराइ लीयो जिनि भावन को सभ भाव लुटा है ॥
ग्वारिन के घन बीच बिराजत राधिका मानहु बिजु छटा है ॥५४१॥
कान्रह के पूजन पाइ चली ब्रिखभानु सुता सभ साज सजै ॥
जिह को पिख कै मनि मोहि रहै कबि स्याम कहै दुति सीस रजै ॥
जिन अंग प्रभा कबि देत सभै सोऊ अंग धरे त्रिय राज छजै ॥
जिह को पिखि कंद्रप रीझ रहै जिह को दिखि चादनी चंद लजै ॥५४२॥
सित सुंदरु साज सभै सजि कै ब्रिखभान सुता इह भाति बनी ॥
मुख राजत सुध निसापति सो जिह मै अति चादनी रूप घनी ॥
रस को करि राधिका कोप चली मनो साज सो साज कै मैन अनी ॥
तिह पेखि भए भगवान खुसी सोऊ त्रीयन ते त्रिय राज गनी ॥५४३॥
राधे बाच गोपिन सो ॥
सवैया ॥
ब्रिखभानु सुता हरि पेखि हसी इह भाति कहियो संग ग्वारिन कै ॥
सम दारिम दात निकास किधो सम चंद मुखी ब्रिज बारन कै ॥
हम अउ हरि जी अति होड परी रस ही के सु बीच महा रन कै ॥
तजि के सभ संकि निसंक भिरो संग ऐसे कहियो हसि ग्वारिन कै ॥५४४॥
हसि बात कही संग गोपिन के कबि स्याम कहै ब्रिखभानु जई ॥
मनो आप ही ते ब्रहमा सु रची रुचि सो इह रूप अनूप मई ॥
हरि को पिखि कै निहुराइ गई उपमा तिह की कबि भाख दई ॥
मनो जोबन भार सहियो न गयो तिह ते ब्रिज भामिनि नीचि भई ॥५४५॥
सभ ही मिलि रास को खेल करै सभ ग्वारनिया अति ही हित ते ॥
ब्रिखभानु सुता सुभ साज सजे सु बिराजत साज सभै सित ते ॥
फुनि ऊच प्रभा अति ही तिन की कबि स्याम बिचार कही चित ते ॥
उत ते घनस्याम बिराजत है हरि राधिका बिदुलता इत ते ॥५४६॥
ब्रिखभानु सुता तहि खेलत रासि सु स्याम कहै सखीया संग लै ॥

उत चंद्र भगा सभ ग्वारिन को तन चंदन के संग लेपहि कै ॥
जिन के म्रिग से द्रिग सुंदर राजत छाजत गामनि पै जिन गै ॥
मनि यौ उपजी उपमा नहि चंद की चादनी जोबन वारन मै ॥५४७॥
चंद्रभगा बाच राधे प्रति ॥
सवैया ॥
बतीया फुनि चंद्रभगा मुख ते इह भाति कही ब्रिखभान सुता सो ॥
आवहु खेल करे हरि सो हम नाहक खेल करो तुम का सो ॥
ता की प्रभा कबि स्याम कहै उपजी है जोऊ अपने मनूआ सो ॥
ग्वारिन जोति तरईयन की छपगी दुति राधिका चंद्रकला सो ॥५४८॥
राधे बाच ॥
सवैया ॥
सुनि चंद्रभगा की सभै बतीया ब्रिखभान सुता तब ऐसे कहियो है ॥
याही के हेत सुनो सजनी हम लोकन को उपहास सहियो है ॥
स्रउनन मै सुनि रास कथा तब ही मन मै हम ध्यान गहियो है ॥
स्याम कहै अखीआ पिख कै हमरे मन को तन मोहि रहियो है ॥५४९॥
तब चंद्रभगा इह भाति कहियो सजनी हमरी बतीआ सुनि लीजै ॥
देखहु स्याम बिराजत है जिह के मुख के पिखए फुनि जीजै ॥
जा के करे मित होइ खुसी सुनीऐ उठ कै सोऊ काज करीजै ॥
ताही ते राधे कहो तुम सो अब चार भई तु बिचार न कीजै ॥५५०॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
कान्रह के भेटन पाइ चली बतीया सुनि चंद्रभगा फुनि कैसे ॥
मानहु नाग सुता इह सुंदरि तिआगि चली ग्रिहि पत्र धरै से ॥
ग्वारनि मंदरि ते निकसी कबि स्याम कहै उपमा तिह ऐसे ॥
मानहु स्याम घनै तजि कै प्रगटी है सोऊ बिजली दुति जैसे ॥५५१॥
रासहि की रचना भगवान कहै कबि स्याम बचित्र करी है ॥
राजत है तरए जमुना अति ही तह चादनी चंद करी है ॥
सेत पटै संग राजत ग्वारिन ता की प्रभा कबि ने सु करी है ॥
मानहु रास बगीचन मै इह फूलन की फुलवारि जरी है ॥५५२॥
चंद्रभगा हूं को मानि कहियो ब्रिखभान सुता हरि पाइन लागी ॥
मैन सी सुंदर मूरति पेखि कै ताही के देखिबे को अनुरागी ॥
सोवत थी जनु लाज की नीद मै लाज की नीद तजी अब जागी ॥
जा को मुनी नहि अंतु लहै इह ताही सो खेल करै बडभागी ॥५५३॥
कान्रह बाच राधा सो ॥

दोहरा ॥

क्रिसन राधिका संग कहियो अति ही बिहसि कै बात ॥
खेलहु गावहु प्रेम सो सुनि सम कंचन गात ॥५५४॥
क्रिसन बात सुनि राधिका अति ही बिहसि कै चीत ॥
रास बिखै गावन लगी ग्वारिन सो मिलि गीत ॥५५५॥
सवैया ॥
चंद्रभगा अरु चंद्रमुखी मिल कै ब्रिखभानु सुता संग गावै ॥
सोरठि सारंग सुध मलार बिलावल भीतर तान बसावै ॥
रीझ रही ब्रिज हूं की त्रीया सोऊ रीझ रहै धुनि जो सुनि पावै ॥
सो सुन कै इन पै हित कै बन तिआगि म्रिगी म्रिग अउ चलि आवै ॥५५६॥
तिन सेंधुर माग दई सिर पै रस सो तिन को अति ही मनु भीनो ॥
बेसर आड सु कंठसिरी अरु मोतिसिरी हूं को साज नवीनो ॥
भूखन अंग सभै सजि सुंदरि आखन भीतर काजर दीनो ॥
ताही सु ते कबि स्याम कहै भगवान को चित चुराइ कै लीनो ॥५५७॥
चंद की चादनी मै कबि स्याम जबै हरि खेलनि रास लगियो है ॥

राधे को आनन सुंदर पेखि कै चाद सो ताही के बीच पगियो है ॥
हरि को तिन चित चुराइ लीयो सु किधो कबि को मन यौ उमगियो है ॥
नैनन को रस दे भिलवा ब्रिखभान ठगी भगवान ठगियो है ॥५५८॥
जिह को पिख कै मुख मैन लजै जिह को दिख कै मुखि चंद्र लजै ॥
कबि स्याम कहे सोऊ खेलत है संग कानर के सुभ साज सजै ॥
सोऊ सूरतिवंत रची ब्रहमा कर कै अति ही रुचि कै न कजै ॥
मनि माल के बीच बिराजत जिउ तिम त्रियन मै त्रिय राज रजै ॥५५९॥
गाइ कै गीत भली बिधि सुंदरि रीझि बजावत भी फिरि तारी ॥
अंजन आड सुधार भले पट साजन को सज कै सु गुवारी ॥
ता छबि की अति ही सु प्रभा कबि नै मुखि ते इह भाति उचारी ॥
मानहु कान्रह ही के रस ते इह फूल रही त्रीय आनंद बारी ॥५६०॥
ता की प्रभा कबि स्याम कहै जोऊ राजत रास बिखै सखीआ है ॥
जा मुख उपमा चंद्र छटा सम छाजत कउलन सी अखीआ है ॥
ता की किधौ अति ही उपमा कबि नै मन भीतर यौ लखीआ है ॥
लोगन के मन की हरता सु मुनीनन के मन की चखीआ है ॥५६१॥
रूप सची इक चंद्रप्रभा इक मैनकला इक मैन की मूरति ॥
बिजुछटा इक दारिम दात बराबर जाही की है न कछू रति ॥
दामिनि अउ म्रिग की म्रिगनी सरमाइ जिसै पिखि होत है चूरति ॥
सोऊ कथा कबि स्याम कहै सभ रीझ रही हरि की पिखि मूरति ॥५६२॥
ब्रिखभानु सुता हसि बात कही तिह के संग जो हरि अति अगाधो ॥
स्याम कहै बतीया हरि को संग ऐसे कही पट को तजि राधो ॥
रास बिखै तुम नाचहु जू तज कै अति ही मन लाज को बाधो ॥
ता मुख की छबि यौ प्रगटी मनो अभ्रन ते निकसियो ससि आधो ॥५६३॥
जिन के सिरि सोंधर माग बिराजत राजत है बिंदूआ जिन पीले ॥
कंचन भा अरु चंद्रप्रभा जिन के तन लीन सभै फुनि लीले ॥
एक धरे सित सुंदर साज धरे इक लाल सजे इक नीले ॥
स्याम कहे सोऊ रीझ रहै पिखि कै द्रिग कंज से कान्रह रसीले ॥५६४॥
सभ ग्वारनिया तह खेलत है सुभ अंगन सुंदर साज कई ॥
सोऊ रास बिखै तह खेलत है हरि सो मन मै अति ही उमई ॥
कबि स्याम कहै तिन की उपमा जु हुती तह ग्वारिन रूप रई ॥
मनो स्यामहि को तन गोरिन पेखि कै स्यामहि सी सभ होइ गई ॥५६५॥
केल कै रास मै रीझ रही कबि स्याम कहै मन आनंद कै कै ॥
चंद्रमुखी तन कंचन भा हसि सुंदर बात कही उमगै कै ॥
पेखत मूरति भी रस के बसि आपन ते बढ वाहि लखै कै ॥
जिउ म्रिगनी म्रिग पेखत तिउ ब्रिखभान सुता भगवान चितै कै ॥५६६॥
ब्रिखभानु सुता पिखि रीझ रही अति सुंदरि सुंदर कान्रह को आनन ॥
राजत तीर नदी जिह के सु बिराजत फूलन के जुत कानन ॥
नैन कै भावन सो हरि को मनु मोहि लइओ रस की अभिमानन ॥
जिउ रस लोगन भउहन लै धनु नैनन सैन सु कंज से बानन ॥५६७॥
कान्रह सो प्रीति बढी तिन की न घटी कछु है बढही सु भई है ॥
डार कै लाज सभै मन की हरि कै संगि खेलन को उमई है ॥
स्याम कहै तिन की उपमा अति ही जु त्रीआ अति रूप रई है ॥
सुंदर कान्रह जू कौ पिखि कै तनमै सभ ग्वारिन होइ गई है ॥५६८॥
नैन म्रिगी तन कंचन के सभ चंद्रमुखी मनो सिंधु रची है ॥
जा सम रूप न राजत है रति रावन त्रीय न अउर सची है ॥
ता महि रीझ महा करतार क्रिपा कटि केहर कै सु गची है ॥
ता संग प्रीति कहै कबि स्याम महा भगवानहि की सु मची है ॥५६९॥
रागन अउर सुभावन की अति गारन की तह माड परी ॥
ब्रिज गीतन की अति हासन सो जह खेलत भी कई एक घरी ॥
गावत एक बजावत ताल कहै इक नाचहु आइ अरी ॥

कबि स्याम कहै तिह ठउर बिखै जिह ठउर बिखै हरि रास करी ॥५७०॥
जदुराइ को आइसु पाइ त्रीया सभ खेलत रास बिखै बिधि आछी ॥
इंद्र सभा जिह सिंधु सुता जिम खेलन के हित काछन काछी ॥
कै इह किंनर की दुहिता किधौ नागन की किधौ है इह ताछी ॥
रास बिखै इम नाचत है जिम केल करै जल भीतर माछी ॥५७१॥
जिह के मुखि देखि छटा सुभ सुंदर मधिम लागत जोति ससी है ॥
भउरन भाइ सो छाजत है मदनै मनो तान कमान कसी है ॥
ताही के आनन सुंदर ते सुर रागह की सभ भाति बसी है ॥
जिउ मधु बीच फसै मखीआ मति लोगन की इह भाति फसी है ॥५७२॥
फिरि सुंदर आनन ते हरि जू बिधि सुंदर सो इक तान बसायो ॥
सोरठि सारंग सुध मलार बिलावल की सुर भीतर गायो ॥
सो अपने सुन स्रउनन मै ब्रिज गवारनीया अति ही सुखु पायो ॥
मोहि रहे बन के खग अउ म्रिग रीझ रहै जिन हूं सुनि पायो ॥५७३॥
तह गावत गीत भलै हरि जू कबि स्याम कहै करि भाव छबै ॥
मुरली जुत ग्वरानि भीतर राजत ज्यो म्रिगनी म्रिग बीच फबै ॥
जिह को सभ लोगन मै जसु गावत छूटत है तिन ते न कबै ॥
तिनि खेलन को मन गोपिन को छिन बीच लीयो फुनि चोर सबै ॥५७४॥
कबि स्याम कहै उपमा तिह की जिन जोबन रूप अनूप गहियो है ॥
जा मुख देखि अनंद बढियो जिह को सुनि स्रउनन सोक दहियो है ॥
आनंद कै ब्रिखभानु सुता हरि के संग ज्वाब सु ऐस कहियो है ॥
ता के सुने त्रीया मोहि रही सुनि कै जिह को हरि रीझ रहियो है ॥५७५॥
ग्वारनीया मिल कै संगि कान्रह कै खेलत है कबि स्याम सबै ॥
न रही तिन को सुधि अंगन की नहि चीरन की तिन को सु तबै ॥
सु गनो कह लउ तिन की उपमा अति ही गन मै मनि ता की छबै ॥
मन भावन गावन की चरचा कछु थोरीयै है सुनि लेहु अबै ॥५७६॥
कान्रह जू बाच ॥

दोहरा ॥

बात कही तिन सो क्रिसन अति ही बिहसि कै चीति ॥
मीत रसहि की रीति सो कहियो सु गावहु गीत ॥५७७॥
सवैया ॥
बतीआ सुनि कै सभ ग्वारनीया सुभ गावत सुंदर गीत सभै ॥
सिंधु सुता रु घ्रिताची त्रीया इन सी नही नाचत इंद्र सभै ॥
दिवया इन के संगि खेलत है गज को कबि स्याम सु दान अभै ॥
चड़ कै सु बिवानन सुंदर मै सुर देखन आवत तिआग नभै ॥५७८॥
त्रेतहि हो जिनि राम बली जग जीति मरियो सु धरियो अति सीला ॥
गाइ कै गीत भली बिधि सो फुनि ग्वारिन बीच करै रस लीला ॥
राजत है जिह को तन स्याम बिराजत ऊपर को पट पीला ॥
खेलत सो संगि गोपिन कै कबि स्याम कहै जदुराइ हठीला ॥५७९॥
बोलत है जह कोकिलका अरु सोर करै चहूं ओर रटासी ॥
स्याम कहै तिह स्याम की देह रजै अति सुंदर मैन घटा सी ॥
ता पिखि कै मन ग्वारिन ते उपजी अति ही मनो घोर घटा सी ॥
ता महि यौ ब्रिखभान सुता दमकै मनो सुंदर बिजु छटा सी ॥५८०॥
अंजन है जिह आखन मै अरु बेसर को जिह भाव नवीनो ॥
जा मुख की सम चंद प्रभा जसु ता छबि को कबि ने लखि लीनो ॥
साज सभै सज कै सुभ सुंदर भाल बिखै बिंदूआ इक दीनो ॥
देखत ही हरि रीझ रहे मन को सब सोक बिदा कर दीनो ॥५८१॥
ब्रिखभानु सुता संग खेलन की हसि कै हरि सुंदर बात कहै ॥
सुनए जिह के मनि आनंद बाढत जा सुन कै सभ सोक दहै ॥
तिह कउतुक कौ मन गोपिन को कबि सयाम कहै दिखबो ई चहै ॥

नभि मै पिखि कै सुर गंध्रब जाइ चलियो नहि जाइ सु रीझ रहै ॥५८२॥
कबि स्याम कहै तिह की उपमा जिह के फुनि उपर पीत पिछउरी ॥
ताही के आवत है चलि कै ढिग सुंदर गावत सारंग गउरी ॥
सावलीआ हरि कै ढिग आइ रही अति रीझ इकावत दउरी ॥
इउ उपमा उपजी लखि फूल रही लपटाइ मनो त्रीय भउरी ॥५८३॥
स्याम कहै तिह की उपमा जोऊ दैतन को रिपु बीर जसी है ॥
जे तप बीच बडो तपीआ रस बातन मै अति ही जु रसी है ॥
जाही को कंठ कपोत सो है जिह भा मुख की सम जोति ससी है ॥
ता म्रिगनी त्रीय मारन को हरि भउहनि की अरु पंच कसी है ॥५८४॥
फिरि कै हरि ग्वारिन के संग हो फुनि गावत सारंग रामकली है ॥
गावत है मन आनंद कै ब्रिखभानु सुता संगि जूथ अली है ॥
ता संग डोलत है भगवान जोऊ अति सुंदरि राधे भली है ॥
राजत है जिह को ससि सो मुख छाजत भा द्रिग कंज कली है ॥५८५॥
ब्रिखभानु सुता संग बात कही कबि स्याम कहै हरि जू रसवारे ॥
जा मुख की सम चंद प्रभा जिह के म्रिग से द्रिग सुंदर कारे ॥
केहरि सी जिह की कटि है तिन हूं बचना इह भाति उचारे ॥
सो सुनि कै सभ ग्वारनीया मन के सभि सोक बिदा करि डारे ॥५८६॥
हसि कै तिह बात कही रस की सु प्रभा जिन हूं बड़वानल लीली ॥
जो जग बीच रहियो रवि कै नर कै तरु कै गज अउर पपीली ॥
मुख ते तिन सुंदर बात कही संग ग्वारनि के अति सही सु रसीली ॥
ता सुनि कै सभ रीझ रही सुनि रीझ रही ब्रिखभानु छबीली ॥५८७॥
ग्वारनीया सुनि स्रउनन मै बतीआ हरि की अति ही मन भीनो ॥
कंठसिरी अरु बेसरि माग धरै जोऊ सुंदर साज नवीनो ॥
जो अवतारन ते अवतार कहै कबि स्याम जु है सु नगीनो ॥
ताहि किधौ अति ही छल कै सु चुराइ मनो मन गोपिन लीनो ॥५८८॥
कानर सो ब्रिखभानु सुता हसि बात कही संग सुंदर ऐसे ॥
नैन नचाइ महा म्रिग से कबि स्याम कहै अति ही सु रुचै से ॥
ता छबि की अति ही उपमा उपजी कबि के मन ते उमगै से ॥
मानहु आनंद कै अति ही मनो केल करै पति सो रति जैसे ॥५८९॥
ग्वारिन को हरि कंचन से तन मै मनि की मन तुलि खुभा है ॥
खेलत है हरि के संग सो जिन की बरनी नही जात सुभा है ॥
खेलन को भगवान रची रस के हित चित्र बचित्र सभा है ॥
यौ उपजी उपमा तिन मै ब्रिखभानु सुता मनो चंद्र प्रभा है ॥५९०॥
ब्रिखभानु सुता हरि आइस मान कै खेलत भी अति ही स्रम कै ॥
गहि हाथ सो हाथ त्रीया सभ सुंदर नाचत रास बिखै भ्रम कै ॥
तिह की सु कथा मन बीच बिचारि करै कबि स्याम कही क्रम कै ॥
मनो गोपिन के घन सुंदर मै ब्रिज भामिनि दामिनि जिउ दमकै ॥५९१॥

दोहरा ॥

पिखि कै नाचत राधिका क्रिसन मनै सुख पाइ ॥
अति हुलास जुत प्रेम छकि मुरली उठियो बजाइ ॥५९२॥
सवैया ॥
नट नाइक सुद्ध मलार बिलावल ग्वारिन बीच धमारन गावै ॥
सोरठि सारंग रामकली सु बिभास भले हित साथ बसावै ॥
गावहु ह्वै म्रिगनी त्रीय को सु बुलावत है उपमा जीय भावै ॥
मानहु भउहन को कसि कै धनु नैनन के मनो तीर चलावै ॥५९३॥
मेघ मलार अउ देवगंधारि भले गवरी करि कै हित गावै ॥
जैतसिरी अरु मालसिरी नट नाइक सुंदर भाति बसावै ॥
रीझ रही ब्रिज की सभ ग्वारिन रीझ रहै सुर जो सुन पावै ॥
अउर की बात कहा कहीयै तजि इंद्र सभा सभ आसन आवै ॥५९४॥

खेलत रास मै स्याम कहै अति ही रस संग त्रीया मिलि तीनो ॥
चंद्रभगा अरु चंद्रमुखी ब्रिखभान सुता सजि साज नवीनो ॥
अंजन आखन दै बिंदूआ इक भाल मै सोंधुर सुंदर दीनो ॥
यौ उजपी उपमा त्रीय कै सुभ भाग प्रकास अबै मनो कीनो ॥५९५॥
खेलत कान्रह सो चंद्रभगा कबि स्याम कहै रस जो उमहियो है ॥
प्रीति करी अति ही तिह सो बहु लोगन को उपहास सहियो है ॥
मोतिन माल ढरी गर ते कबि ने तिह को जसु ऐसे कहियो है ॥
आनन चंद्र मनो प्रगटे छपि कै अंधिआरु पतारि गयो है ॥५९६॥

दोहरा ॥

ग्वारिन रूप निहार कै इउ उपजयो जीय भाव ॥
राजत ज्यो महि चादनी कंजन सहित तलाव ॥५९७॥
सवैया ॥
लोचन है जिन के सु प्रभाधर आनन है जिन को सम मैना ॥
कै कै कटाछ चुराइ लयो मन पै तिन को जोऊ रछक धैना ॥
केहरि सी जिन की कटि है सु कपोत सो कंठ सु कोकिल बैना ॥
ताहि लयो हरि कै हरि को मन भउह नचाइ नचाइ कै नैना ॥५९८॥
कान्रह बिराजत ग्वारिन मै कबि स्याम कहै जिन को कछु भउ ना ॥
तात की बात को नैकु सुनै जिन के संग भ्रात करियो बनि गउना ॥
ता की लटै लटकै तन मो जोऊ साधन के मनि गिआन दिवउना ॥
संदल पै उपजी उपमा मनो लाग रहे अहि राजन छउना ॥५९९॥
खेलत है सोऊ ग्वारिन मै जोऊ ऊपर पीत धरे उपरउना ॥
जो सिर सत्रन के हरिता जोऊ साधन को वरु दान दिवउना ॥
बीच रहियो जग के रवि कै कबि स्याम कहै जिह को पुनि खउना ॥
राजत यौ अलकै तिन की मनो चंदन लाग रहे अहि छउना ॥६००॥
कीर से नाक कुरंग से नैनन डोलत है सोऊ बीच त्रीया मै ॥
जो मन सत्रन बीच रवियो जो रहियो रवि साधन बीच हीया मै ॥
ता छबि को जसु उच महा इह भातिन सो फुनि उचरीया मै ॥
ता रस की हम बात कही जोऊ रावन सु बसियो है जीआ मै ॥६०१॥
खेलत संग ग्वारिन के कबि स्याम कहै जोऊ कानर काला ॥
राजत है सोई बीच खरो सो बिराजत है गिरदे तिह बाला ॥
फूल रहे जह फूल भली बिधि है अति ही जह चंद उजाला ॥
गोपिन नैनन की सु मनो पहरी भगवान सु कंजन माला ॥६०२॥

दोहरा ॥

बरनन चंद्रभगा कहियो अति निरमल कै बुधि ॥
उपमा ताहि तनउर की सूरज सी है सुधि ॥६०३॥
सवैया ॥
स्याम के जा पिखि स्याम कहै अति लाजहि के फुनि जाल अटे है ॥
जा की प्रभा अति सुंदर पै सुत भावन भाव सु वारि सुटे है ॥
जिह को पिखि कै जन रीझ रहै सु मुनीन के पेखि धिआन छुटे है ॥
राजत राधे अहीरि तनउर के मानहु सूरज से प्रगटे है ॥६०४॥
खेलत है सोऊ ग्वारिन मै जिह को ब्रिज है अति सुंदर डेरा ॥
जाही के नैन कुरंग से है जसुधा जू को बालक नंदहि केरा ॥
ग्वारिन सो तहि घेर लयो कहिबे जसु को उमगियो मन मेरा ॥
मानहु मैन सो खेलन काज करियो मिल कै मनो चादन घेरा ॥६०५॥
ग्वारिन रीझ रही हरि पेखि सभै तजि लाजि सु अउ डर सासो ॥
आई है तिआगि सोऊ ग्रिह पै भरतार कहै न कछू कहि मा सो ॥
डोलत है सोऊ ताल बजाइ कै गावत है करि कै उपहासो ॥

मोहि गिरै धर पै सु त्रीया कबि स्याम कहै चितवै हरि जा सो ॥६०६॥
जो जुग तीसर है करता जोऊ है तन पै धरिया पट पीले ॥
जाहि छलियो बलिराज बली जिनि सत्र हने करि कोप हठीले ॥
ग्वारिन रीझ रही धरनी जु धरे पट पीतन पै सु रंगीले ॥
जिउ म्रिगनी सर लागि गिरै इह तिउ हरि देखत नैन रसीले ॥६०७॥
कानर के संग खेलत सो अति ही सुख को कर कै तन मै ॥
स्याम ही सो अति ही हित कै चित कै नहि बंधन अउ धन मै ॥
धरि रंगनि बसत्र सभै तहि डोलत यौ उपमा उपजी मन मै ॥
जोऊ फूल मुखी तह फूल कै खेलत फूल सी होइ गई बन मै ॥६०८॥
सभ खेलत है मनि आनंद कै भगवान को धारि सबै मन मै ॥
हरि के चितबे की रही सुधि एकन अउर रही न कछू तन मै ॥
नही भूतल मै अरु मातलु मै इनि सो नहि देवन के गन मै ॥
सोऊ रीझ सो स्याम कहै अति ही फुनि डोलत ग्वारिन के गन मै ॥६०९॥
हसि कै भगवान कही बतीया ब्रिखभानु सुता पिखि रूप नवीनो ॥
अंजन आड धरे पुनि बेसर भाव सभै जिनि भावन कीनो ॥
सुंदर सोंधर को जिन लै करि भाल बिखै बिंदूआ इक दीनो ॥
नैन नचाइ मनै सुख पाइ चितै जदुराइ तबै हसि दीनो ॥६१०॥
बीन सी ग्वारिन गावत है सुनबे कहु सुंदर कानर कारे ॥
आनन है जिन को ससि सो सु बिराजत कंजन से द्रिग भारे ॥
झाझन ता की उठी धर पै धुनि ता छबि को कबि स्याम उचारे ॥
ढोलक संगि तंबूरन होइ उठे तह बाजि म्रिदंग नगारे ॥६११॥
खेलत ग्वारिन प्रेम छकी कबि स्याम कहै संग कानर कारे ॥
छाजत जा मुख चंद प्रभा सम राजत कंचन से द्रिग भारे ॥
जा पिखि कंद्रप रीझ रहै पिखिए जिह के म्रिग आदिक हारे ॥
केहरि कोकिल के सभ भाव किधौ इन पै गन ऊपर वारे ॥६१२॥
जाहि बिभीछनि राज दीयो जिन हूं बर रावन सो रिपु साधो ॥
खेलत है सोऊ भूमि बिखै ब्रिज लाज जहाजन को तजि बाधो ॥
जाहि निकास लयो मुरि प्रान सु माप लीयो बलि को तन आधो ॥
स्याम कहै संग ग्वारिन के अति ही रसि कै सोऊ खेलत माधो ॥६१३॥
जो मुर नाम महा रिपु पै कुप कै अति ही डरईया फुनि भीरनि ॥
जो गज संकट को कटीया हरता जोऊ साधन के दुख पीरनि ॥
सो ब्रिज मै जमुना तट पै कबि स्याम कहै हरैया त्रीय चीरनि ॥
ता कर कै रस को चसको इह भाति कहियो गन बीच अहीरनि ॥६१४॥
कान्रह जू बाच ग्वारिन सो ॥
सवैया ॥
केल करो हम संग कहिओ अपने मन मै कछु संक न आनो ॥
झूठ कहियो नहि मानहु री कहियो हमरो तुम साच पछानो ॥
गुआरनीया हरि की सुनि बात गई तजि लाज कबै जसु ठानो ॥
राति बिखै तजि झीलहि को नभ बीच चलियो जिम जात टनानो ॥६१५॥
ब्रिखभानु सुता हरि के हित गावत ग्वारिन के सु किधौ गन मै ॥
इम नाचत है अति प्रेम भरी बिजली जिह भाति घने घन मै ॥
कबि ने उपमा तिह गाइब की सु बिचार कही अपने मन मै ॥
रुति चेत की मै मन आनंद कै कुहकै मनो कोकिलका बन मै ॥६१६॥
हरि के संग खेलत रंग भरी सु त्रीया सजि साज सभै तन मै ॥
अति ही कर कै हित कानर सो कर कै नही बंधन औ धन मै ॥
फुनि ता छबि की अति ही उपमा उपजी कबि स्याम के यौ मन मै ॥
मनो सावन मास के मध बिखै चमकै जिम बिदुलता घन मै ॥६१७॥
स्याम सो सुंदर खेलत है कबि स्याम कहै अति ही रंग राची ॥
रूप सची अरु पै रति की मन मै कर प्रीति सो खेलत साची ॥
रास की खेल तटै जमुना रजनी अरु द्योस बिधरक माची ॥

चंद्रभगा अरु चंद्रमुखी ब्रिखभानु सुता तज लाजहि नाची ॥६१८॥
रास की खेल सु ग्वारनीया अति ही तह सुंदर भाति रची है ॥
लोचन है जिन के म्रिग से जिन के समतुल न रूप सची है ॥
कंचन से जिन को तन है मुख है ससि सो तह राधि गची है ॥
मानो करी करि लै करता सुध सुंदर ते जोऊ बाकी बची है ॥६१९॥
आई है खेलन रास बिखै सज कै सु त्रीया तन सुंदर बाने ॥
पीत रंगे इक रंग कसुंभ के एक हरे इक केसर साने ॥
ता छबि के जसु उच महा कबि ने अपने मन मै पहिचाने ॥
नाचत भूमि गिरी धरनी हरि देख रही नही नैन अघाने ॥६२०॥
तिन को इतनो हित देखत ही अति आनंद सो भगवान हसे है ॥
प्रीति बढी अति ग्वारिन सो अति ही रस के फुनि बीच फसै है ॥
जा तन देखत पुंनि बढै जिह देखत ही सभ पाप नसे है ॥
जिउ ससि अग्र लसै चपला हरि दारम से तिम दात लसे है ॥६२१॥
संग गोपिन बात कही रस की जोऊ कानर है सभ दैत मरईया ॥
साधन को जोऊ है बरता अउ असाधन को जोऊ नास करईया ॥
रास बिखै सोऊ खेलत है जसुधा सुत जो मुसलीधर भईया ॥
नैनन के कर कै सु कटाछ चुराइ मनो मति गोपिन लईया ॥६२२॥
देव गंधारि बिलावल सुध मलार कहै कबि स्याम सुनाई ॥
जैतसिरी गुजरी की भली धुनि रामकली हूं की तान बसाई ॥
सथावर ते सुन कै सुर जी जड़ जंगम ते सुर जा सुन पाई ॥
रास बिखै संगि ग्वारिन के इह भाति सो बंसुरी कान्रह बजाई ॥६२३॥
दीपक अउ नट नाइक राग भली बिधि गउरी की तान बसाई ॥
सोरठि सारंग रामकली सुर जैतसिरी सुभ भाति सुनाई ॥
रीझ रहे प्रिथमी के सभै जन रीझ रहियो सुन के सुर राई ॥
तीर नदी संगि ग्वारिन के मुरली करि आनंद स्याम बजाई ॥६२४॥
जिह के मुख की सम चंद्रप्रभा तन की इह भा मनो कंचन सी है ॥
मानहु लै कर मै करता सु अनूप सी मूरति या की कसी है ॥
चादनी मै गन ग्वारिन के इह ग्वारिन गोपिन ते सु हछी है ॥
बात जु थी मन कानर के ब्रिखभान सुता सोऊ पै लखि ली है ॥६२५॥
कान जू बाच राधे सो ॥

दोहरा ॥

क्रिसन राधिका तन निरखि कही बिहसि कै बात ॥
म्रिग के अरु फुनि मैन के तो मै सभ है गाति ॥६२६॥
सवैया ॥
भाग को भाल हरियो सुनि ग्वारिन छीन लई मुख जोति ससी है ॥
नैन मनो सर तीछन है भ्रिकुटी मनो जानु कमान कसी है ॥
कोकिल बैन कपोति सो कंठ कही हमरे मन जोऊ बसी है ॥
एते पै चोर लयो हमरो चित भामिनि दामिनि भाति लसी है ॥६२७॥
कानर लै ब्रिखभान सुता संगि गीत भली बिधि सुंदर गावै ॥
सारंग देवगंधार बिभास बिलावल भीतर तान बसावै ॥
जो जड़ स्रउनन मै सुन कै धुनि तिआग कै धाम तहा कहु धावै ॥
जो खग जात उडे नभि मै सुनि ठाढ रहै धुनि जो सुनि पावै ॥६२८॥
ग्वारिन संग भले भगवान सो खेलत है अरु नाचत ऐसे ॥
खेलत है मनि आनंद कै न कछू जररा मनि धार कै भै से ॥
गावत सारंग ताल बजावत स्याम कहै अति ही सु रचै से ॥
सावन की रुति मै मनो नाचत मोरिन मै मुरवा नर जैसे ॥६२९॥
नाचत है सोऊ ग्वारिन मै जिह को ससि सो अति सुंदर आनन ॥
खेलत है रजनी सित मै जह राजत थो जमुना जुत कानन ॥
भानु सुता ब्रिख की जह थी सु हुती जह चंद्रभगा अभिमानन ॥

छाजत ता महि यौ हरि जू जिउ बिराजत बीच पंना नग खानन ॥६३०॥
सु संगीत नचै हरि जू तिह ठउर सो स्याम कहै रस के संगि भीनो ॥
खोर दए फुनि केसर की धुतीया कसि कै पट ओढि नवीनो ॥
राधिका चंद्रभगा मुखि चंद लए जह ग्वारिन थी संग तीनो ॥
कान्रह नचाइ कै नैनन को सभ गोपिन को मनुआ हरि लीनो ॥६३१॥
ब्रिखभानु सुता की बराबर मूरति स्याम कहै सु नही ब्रितची है ॥
जा सम है नही काम की त्रीया नही जिस की सम तुलि सची है ॥
मानहु लै ससि को सभ सार प्रभा करतार इही मै गची है ॥
नंद के लाल बिलासन को इह मूरति चित्र बचित्र रची है ॥६३२॥
राधिका चंद्रभगा मुखि चंद्र सु खेलत है मिल खेल सबै ॥
मिलि सुंदर गावत गीत सबै सु बजावत है कर ताल तबै ॥
पिखवै इह को सोऊ मोह रहै सभ देखत है सुर याहि छबै ॥
कबि स्याम कहै मुरलीधर मैन की मूरति गोपिन मधि फबै ॥६३३॥
जिह की सम तुलि न है कमला दुति जा पिखि कै कटि केहर लाजै ॥
कंचन देखि लजै तन को तिह देखत ही मन को दुखु भाजै ॥
जा सम रूप न कोऊ त्रीया कबि स्याम कहै रति की सम राजै ॥
जिउ घन बीच लसै चपला इह तिउ घन ग्वारिन बीच बिराजै ॥६३४॥
खेलत है संग त्रीयन के सजि साज सभै अरु मोतिन माला ॥
प्रीति कै खेलत है तिह सो हरि जू जोऊ है अति ही हित वाला ॥
चंद्रमुखी जह ठाढी हुती जह ठाढी हुती ब्रिखभानु की बाला ॥
चंद्रभगा को महा मुख सुंदर ग्वारिन बीच करियो उजियाला ॥६३५॥
कान्रह को रूप निहार कै सुंदरि मोहि रही त्रीया चंद्र मुखी ॥
तब गाइ उठी कर ताल बजाइ हुती जि किधो अति ही सु सुखी ॥
कर कै अति ही हित नाचत भी करि आनंद न मन बीच झुखी ॥
सभ लालच तिआग दए ग्रिह के इक स्याम के पिआर की है सु भुखी ॥६३६॥

दोहरा ॥

क्रिसन मनै अति रीझ कै मुरली उठियो बजाइ ॥
रीझ रही सभ गोपीया महा प्रमुद मनि पाइ ॥६३७॥
सवैया ॥
रीझ रही ब्रिज की सभ भामिन जउ मुरली नंद लाल बजाई ॥
रीझ रहे बन के खग अउ म्रिग रीझ रहे धुनि जा सुनि पाई ॥
चित्र की होइ गई प्रितमा सभ स्याम की ओरि रही लिव लाई ॥
नीर बहै नही कान्रह त्रीया सुन के तिह पउन रहियो उरझाई ॥६३८॥
पउन रहियो उरझाइ घरी इक नीर नदी को चलै सु कछू ना ॥
जे ब्रिज भामनि आई हुती धरि खासन अंग बिखै अरु झूना ॥
सो सुन कै धुनि बासुरी की तन बीच रही तिन के सुधि हूं ना ॥
ता सुधि गी सुर के सुनि ही रहि गी इह मानहु चित्र नमूना ॥६३९॥
रीझि बजावत है मुरली हरि पै मन मै करि संक कछू ना ॥
जा की सुने धुनि स्रउनन मै कर कै खग आवत है बन सूना ॥
सो सुनि ग्वारिन रीझ रही मन भीतर संक करी कछहूं ना ॥
नैन पसार रही पिख कै जिम घंटक हेर बजे म्रिगि मूना ॥६४०॥
सुर बासुरी की कबि स्याम कहै मुख कानर के अति ही सु रसी है ॥
सोरठि देव गंधारि बिभास बिलावल हूं की सु तान बसी है ॥
कंचन सो जिह को तन है जिह के मुख की सम सोभ ससी है ॥
ता कै बजाइबे कौ सुन कै मति ग्वारिन की तिह बीच फसी है ॥६४१॥
देव गंधारि बिभास बिलावल सारंग की धुनि ता मै बसाई ॥
सोरठि सुध मलार किधौ सुर मालसिरी की महा सुखदाई ॥
मोहि रहे सभ ही सुर अउ नर ग्वारिन रीझ रही सुनि धाई ॥
यौ उपजी सुर चेटक की भगवान मनो धरि फास चलाई ॥६४२॥

आनन है जिह को अति सुंदर कंधि धरे जोऊ है पट पीलो ॥
जाहि मरियो अघ नाम बडो रिपु तात रखियो अहि ते जिन लीलो ॥
असाधन कौ सिर जो कटीया अरु साधन को हरता जोऊ हीलो ॥
चोर लयो सुर सो मन तास बजाइ भली बिधि साथ रसीलो ॥६४३॥
जाहि भभीछन राज दयो अरु रावन जाहि मरियो करि क्रोहै ॥
चक्र के साथ किधो जिनहूं सिसुपाल को सीस कटियो करि छोहै ॥
मैन सु अउ सीय को भरता जिह मूरति की समतुलि न को है ॥
सो करि लै अपुने मुरली अब सुंदर गोपिन के मन मोहै ॥६४४॥
राधिका चंद्रभगा मुखि चंद सु खेलत है मिलि खेल सबै ॥
मिलि सुंदरि गावत गीत भले सु बजावत है करताल तबै ॥
फुनि तिआगि सभै सुर मंडल को सभ कउतुक देखत देव सबै ॥
अब राकस मारन की सु कथा कछु थोरी अहै सुन लेहु अबै ॥६४५॥
नाचत थी जहि ग्वरनीआ जह फूल खिरे अरु भउर गुंजारै ॥
तीर बहै जमुना जह सुंदरि कान्रह हली मिलि गीत उचारै ॥
खेल करै अति ही हित सो न कछू मन भीतर संकहि धारै ॥
रीझि कबित पड़ै रस के बहसै दोऊ आपस मै नही हारै ॥६४६॥

अथ जखछ गोपिन कौ नभ को ले उडा ॥

सवैया ॥
आवत थो इक जखछ बडो इह रास को कउतुक ताहि बिलोकियो ॥
ग्वारिन देख कै मैन बढियो तिह ते तन मै नही रंचक रोकियो ॥
ग्वारिन लै सु चलियो नभि को किनहूं तिह भीतर ते नही टोकियो ॥
जिउ मधि भीतरि लै मुसली हरि केहर ह्वै म्रिग सो रिपु रोकियो ॥६४७॥
जखछ के संगि किधौ मुसली हरि जुध करियो अति कोपु संभारियो ॥
लै तरु बीर दोऊ कर भीतर भीम भए अति ही बल धारियो ॥
दैत पछारि लयो इह भाति कबै जसु ता छबि ऐसि उचारियो ॥
ढोके छुटे ते महा छुधवान किधो चकवा उठि बाजहिं मारियो ॥६४८॥

◄ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे गोपि छुटाइबो जखछ बधह धिआइ समापतं ॥*

सवैया ॥
मारि कै ताहि किधौ मुसली हरि बंसी बजाई न कै कछु संका ॥
रावन खेत मरियो कुप कै जिनि रीझि बिभीछन दीन सु लंका ॥
जा को लखियो कुबजा बल बाहन जा को लखियो मुर दैत अतंका ॥
रीझि बजाइ उठियो मुरली सोई जीत दीयो जसु को मनो डंका ॥६४९॥
रूखन ते रस चूवन लाग झरै झरना गिरि ते सुखदाई ॥
घास चुगै न म्रिगा बन के खग रीझ रहे धुनि जा सुनि पाई ॥
देव गंधारि बिलावल सारंग की रिझ कै जिह तान बसाई ॥
देव सभै मिलि देखत कउतक जउ मुरली नंद लाल बजाई ॥६५०॥
ठाढ रही जमुना सुनि कै धुनि राग भले सुनबे को चहे है ॥
मोहि रहे बन के गज अउ म्रिग इकठे मिलि आवत सिंघ सहे है ॥
आवत है सुर मंडल के सुर त्यागि सभै सुर ध्यान फहे है ॥
सो सुनि कै बन के खगवा तरु ऊपर पंख पसारि रहे है ॥६५१॥
जोऊ ग्वारिन खेलत है हरि सो अति ही हित कै न कछू धन मै ॥
अति सुंदर पै जिह बीच लसै फुनि कंचन की सु प्रभा तन मै ॥
जोऊ चंद्रमुखी कटि केहरि सी सु बिराजत ग्वारिन के गन मै ॥
सुनि कै मुरली धुनि स्रउनन मै अति रीझि गिरी सु मनो बन मै ॥६५२॥
इह कउतुक कै सु चले ग्रिह को फुनि गावत गीत हली हरि आछे ॥
सुंदर बीच अखारे किधौ कबि स्याम कहै नटूआ जनु काछे ॥

राजत है बलभद्र के नैन यौं मानो ढरे इह मैन के साछे ॥
सुंदर है रति के पति तै अति मानहु डारत मैनहि पाछे ॥६५३॥
बीच मनै सुख पाइ तबै ग्रिह कौ सु चले रिपु कौ हनि दोऊ ॥
चंद्रप्रभा सम जा मुख उपम जा सम उपम है नहि कोऊ ॥
देखत रीझ रहै जिह को रिपु रीझत सो इन देखत सोऊ ॥
मानहु लछमन राम बडे भट मारि चले रिपु को घर ओऊ ॥६५४॥

अथ कुंज गलीन मै खेलबो ॥

सवैया ॥
हरि संगि कहियो इम ग्वारिन के अब कुंज गलीन मै खेल मचईयै ॥
नाचत खेलत भाति भली सु कहियो यौ सुंदर गीत बसईयै ॥
जा के हीए मनु होत खुसी सुनीयै उठि के सोऊ कारज कईयै ॥
तीर नदी हमरी सिख लै सुख आपन दै हम हूं सुख दईयै ॥६५५॥
कान्रह को आइसु मानि त्रीया ब्रिज कुंज गलीन मै खेल मचायो ॥
गाइ उठी सोऊ गीत भली बिधि जो हरि के मन भीतर भायो ॥
देव गंधारि अउ सुध मलार बिखै सोऊ भाखि खिआल बसायो ॥
रीझ रहियो पुरि मंडल अउ सुर मंडल पै जिन हूं सुनि पायो ॥६५६॥
कान्रह कहियो सिर पै धर कै मिलि कुंजन मै सुभ भाति गई है ॥
कंज मुखी तन कंचन से सभ रूप बिखै मनो मैन मई है ॥
खेल बिखै रस की सो त्रीया सभ स्याम के आगे ह्वै ऐसे धई है ॥
यौ कबि स्याम कहै उपमा गज गामनि कामिन रूप भई है ॥६५७॥
कान्रह छुहियो चहै ग्वारिन कौ सोऊ भाग चलै नहीं देत छुहाई ॥
जिउ म्रिगनी अपने पति को रति केल समै नहीं देत मिलाई ॥
कुंजन भीतर तीर नदी ब्रिखभान सुता सु फिरै तह धाई ॥
ठउर तहा कबि स्याम कहै इह भाति सो स्याम जू खेल मचाई ॥६५८॥
राति करी छठ मासन की अति उजल पै सोऊ अरध अंधेरी ॥
ताही समै तिह ठउर बिखै कबि स्याम सभै हरि ग्वारिन घेरी ॥
नैन की कोर कटाछन पेखत झूमि गिरी इक ह्वै गई चेरी ॥
यौ उपजी उपमा जीय मै सर सो म्रिगनी जिम घावत हेरी ॥६५९॥
फेर उठै उठते ही भगै जदुरा कौ न ग्वारिन देत मिलाई ॥
पाछै परै तिन के हरि जू चड़ि कै रस कै हय ऊपर धाई ॥
राधे को नैनन के सर संग बधै मनो भउह कमान चड़ाई ॥
झूमि गिरै धरनी पर सो म्रिगनी म्रिगहा मनो मारि गिराई ॥६६०॥
सुधि लै ब्रिखभानु सुता तब ही हरि अग्रज कुंजन मै उठि भागै ॥
रस सो जदुराइ महा रसीआ तब ही तिह के पिछूआन सो लागै ॥
मोछ लहै नर सो छिन मै हरि के इह कउतुक जो अनुरागै ॥
यौ उपजै उपमा मन मै म्रिगनी जिम घाइल स्वार के आगै ॥६६१॥
अति भागत कुंज गलीन बिखै ब्रिखभानु सुता को गहे हरि ऐसे ॥
कैधौ धवाइ धवाइ महा जमुना तटि हारत मानक जैसे ॥
पै चड़ि कै रस है मन नैनन भउह तनाइ कै मारत लैसे ॥
यौ उपजी उपमा जिम स्वार मनो जित लेत म्रिगी कहु जैसे ॥६६२॥
गहि कै ब्रिखभानु सुता जदुराइ जू बोलत ता संगि अंम्रित बानी ॥
भागत काहे के हेत सुनो हम हूं ते तूं किउ सुनि ग्वारिन रानी ॥
कंजमुखी तन कंचन सो हम ह्वै मन की सभ बात पछानी ॥
स्याम के प्रेम छकी मनि सुंदरि ह्वै बनि खोजत स्याम दिवानी ॥६६३॥
ब्रिखभान सुता पिखि ग्वारिन को निहुराइ कै नीचे रही अखीआ ॥
मनो या म्रिग भा सभ छीन लई कि मनो इह कंजन की पखीआ ॥
सम अंम्रित की हसि कै त्रीया यौ बतीया हरि के संग है अखीआ ॥
हरि छाडि दै मोहि कहियो हम कौ सु निहारत है सभ ही सखीआ ॥६६४॥

सुन कै हरि ग्वारिन की बतीया इह भाति कहियो नही छोरत तो कौ ॥
देखत है तो कहा भयो ग्वारिन पै इन ते कछू संक न मो कौ ॥
अउ हमरी रस खेलन की इह ठउर बिखै की नही सुधि लोको ॥
काहे कउ मो सो बिबाद करै सु डरै इन ते बिन ही सु तू को कौ ॥६६५॥
सुनि कै जदुराइ की बात त्रीया बतीआ हरि के इम संगि उचारी ॥
चादनी राति रही छकि कै दिजीयै हरि होवन रैन अंधयारी ॥
सुन कै हमहूं तुमरी बतीया अपने मन मै इह भाति बिचारी ॥
संक करो नही ग्वारिन की सु मनो तुम लाज बिदा करि डारी ॥६६६॥
भाखत हो बतीया हम सो हसि कै हरि कै अति ही हित भारो ॥
मुसकात है ग्वारिन हेरि उतै पिखि कै हमरो इह कउतुक सारो ॥
छोर दै कान्रह कहियो हम को अपने मन बुधि अकाम की धारो ॥
ताही ते तो संगि मै सो कहो जदुराइ घनी तुम संक बिचारो ॥६६७॥
भूख लगे सुनीऐ सजनी लगरा कहूं छोरत जात बगी को ॥
तात की स्याम सुनी तै कथा बिरही नहि छोरत प्रीति लगी को ॥
छोरत है सु नही कुटवार किधौ गहि कै पुर हूं की ठगी को ॥
ता ते न छोरत हउ तुम कौ कि सुनियो कहूं छोरत सिंघ म्रिगी को ॥६६८॥
कही बतीया इह बाल के संग जु थी अति जोबन के रस भीनी ॥
चंद्रभगा अरु ग्वारिन ते अति रूप के बीच हुती जु नवीनी ॥
जिउ म्रिगराज म्रिगी को गहै कबि नै उपमा बिधि या लखि लीनी ॥
कान्रह तबै करवा गह कै अपने बल संगि सोऊ बसि कीनी ॥६६९॥
करि कै बसि वा संगि ऐसे कही कबि स्याम कहै जदुराइ कहानी ॥
पै रस रीतहि की अति ही जु हुती सम मानहु अंम्रित बानी ॥
तेरो कहा बिगरै ब्रिज नारि कहियो इह भाति स्याम गुमानी ॥
अउर सभै त्रीय चेरिन है ब्रिखभान सुता तिन मै तू रानी ॥६७०॥
जहा चंद की चादनी छाजत है जहा पात चंबेली के सेज डही है ॥
सेत जहा गुल राजत है जिह के जमुना ढिग आइ बही है ॥
ताही समै हरि राधे ग्रसी उपमा तिह की कबि स्याम कही है ॥
सेत त्रीया तन स्याम हरी मनो सोम कला इह राहु गही है ॥६७१॥
तिह को हरि जू फिरि छोरि दयो सोऊ कुंज गली के बिखै बन मै ॥
फिरि ग्वारिन मै सोऊ जाइ मिली अति आनंद कै अपुने तन मै ॥
अति ता छबि की उपमा है कही उपजी जु कोऊ कबि कै मन मै ॥
मनो केहरि ते छुटवाइ मिली म्रिगनी को मनो म्रिगीया बन मै ॥६७२॥
फिरि जाइ कै ग्वारिन मै हरि जू अति ही इक सुंदर खेल मचायो ॥
चंद्रभगा हूं के हाथ पै हाथ धरियो अति सही मन मै सुखु पायो ॥
गावत ग्वारिन है सभ गीत जोऊ उन कै मन भीतर भायो ॥
स्याम कहै मनि आनंद कै मन को फुनि सोक सभै बिसरायो ॥६७३॥
हरि नाचत नाचत ग्वारिन मै हसि चंद्रभगा हूं की ओरि निहारियो ॥
सोऊ हसी इत ते ए हसे जदुरा तिह सो बचना है उचारियो ॥
मेरो महा हित है तुम सो ब्रिखभान सुता इह हेरि बिचारियो ॥
आनि त्रिया संगि हेत करियो हम ऊपर ते हरि चेत बिसारियो ॥६७४॥
हरि राधिका आनन देखत ही अपने मन मै इह भाति उचारियो ॥
स्याम भए बसि अउर त्रिया तिह ते अति पै मनि मान ही धारियो ॥
आनंद थो जितनो मन मै तितनो इह भाखि बिदा करि डारियो ॥
चंद्रभगा मुखि चंद दुतै सभ ग्वारिन ते घट मोहि बिचारियो ॥६७५॥
कहि कै इह भाति सोऊ तब ही अपने मन मै इह बात बिचारी ॥
प्रीत करी हरि आनहि सो तजि खेल सभै उठि धामि सिधारी ॥
ऐस करी गनती मन मै उपमा तिह की कबि स्याम उचारी ॥
त्रीयन बीच चलैगी कथा ब्रिखभानु सुता ब्रिजनाथि बिसारी ॥६७६॥

अथ राधिका को मान कथनं ॥

सवैया ॥
इह भाति चली कहि कै सु त्रिया कबि स्याम कहै सोऊ कुंज गली है ॥
चंदमुखी तन कंचन से सभ ग्वारिन ते जोऊ खूब भली है ॥
मान कीयो निखरी तिन ते म्रिगनी सी मनो सु बिना ही अली है ॥
यौ उपजी उपमा मन मै पति सो रति मानहु रूठि चली है ॥६७७॥
इत ते हरि खेलत रास बिखै ब्रिखभान सुता करि प्रीति निहारी ॥
पेख रहियो न पिखी तिन मै कबि स्याम कहै जु हुती सोऊ पिआरी ॥
चंद्रप्रभा सम जा मुख है तन कंचन सो अति सुंदर नारी ॥
कै ग्रिहि मान कै नीद गई कि कोऊ उनि मान की बात बिचारी ॥६७८॥
कान्रह बाच ॥
सवैया ॥
बिजछटा जिह नाम सखी को है सोऊ सखी जदुराइ बुलाई ॥
अंग प्रभा जिह कंचन सी जिह ते मुख चंद छटा छबि पाई ॥
ता संगि ऐसे कहियो हरि जू सुन तू ब्रिखभान सुता पहि जाई ॥
पाइन पै बिनतीअन कै अति हेत के भाव सो लिआउ मनाई ॥६७९॥
जदुराइ की सुन कै बतीआ ब्रिखभान सुता जोऊ बाल भली है ॥
रूप मनो सम सुंदर मैन के मानहु सुंदरि कंज कली है ॥
ता के मनाइबे काज चली हरि को फुनि आइस पाइ अली है ॥
यो उपजी जीय मै उपमा कर ते चकई मनो छूटि चली है ॥६८०॥
सखी बाच ॥
सवैया ॥
बिज छटा जिह नाम सखी को सोऊ ब्रिखभान सुता पहि आई ॥
आइ कै सुंदर ऐसे कहियो सुन तू री त्रीया ब्रिजनाथि बुलाई ॥
को ब्रिजनाथ कहियो ब्रिज नारि सु को कन्रहईया कहियो कउन कनाई ॥
खेलहु ता ही त्रीया संगि लाल री को जिह के संगि प्रीति लगाई ॥६८१॥
सजनी नंद लाल बुलावत है अपने मन मै हठ रंच न कीजै ॥
आई हो हउ चलि कै तुम पै तिह ते सु कहियो अब मान ही लीजै ॥
बेग चलो जदुराइ के पास कछू तुमरो इह ते नही छीजै ॥
ताही ते बात कहो तुम सो सुख आपन लै सुख अउरन दीजै ॥६८२॥
ता ते करो नही मान सखी उठि बेग चलो सिख मानि हमारी ॥
मुरली जह कान्रह बजावत है बहसै तह ग्वारिन सुंदर गारी ॥
ताही ते तो सो कहो चलीऐ कछु संक करो न मनै ब्रिज नारी ॥
पाइन तोरे परो तजि संक निसंक चलो हरि पासिह हहा री ॥६८३॥
संक कछू न करो मन मै तजि संक निसंक चलो सुनि माननि ॥
तेरे मै प्रीति महा हरि की तिह ते हउ कहो तुहि संग गुमाननि ॥
नैन बने तुमरे सर से सु धरे मनो तीछन मैन की साननि ॥
तो ही सो प्रेम महा हरि को इह बात ही ते कछू हउ हूं अजाननि ॥६८४॥
मुरली जदुबीर बजावत है कबि स्याम कहै अति सुंदर ठउरै ॥
ताही ते तेरे पासि पठी सु कहियो तिह लिआव सु जाइ कै दउरै ॥
नाचत है जह चंद्रभगा अरु गाइ कै ग्वारनि लेत है भउरै ॥
ताही ते बेग चलो सजनी तुमरे बिन ही रस लूटत अउरै ॥६८५॥
ताही ते बाल बलाइ लिउ तेरी मै बेग चलो नंद लाल बुलावै ॥
स्याम बजावत है मुरली जह ग्वारिनीया मिलि मंगल गावै ॥
सोरठि सुध मलार बिलावल स्याम कहै नंद लाल रिझावै ॥
अउर की बात कहा कहीये सुर त्यागि सभै सुर मंडल आवै ॥६८६॥
राधे बाच प्रति उतर ॥
सवैया ॥
मै न चलो सजनी हरि पै जु चलो तब मोहि ब्रिजनाथ दुहाई ॥
मो संग प्रीति तजी जदुनंदन चंद्रभगा संगि प्रीति लगाई ॥
स्याम की प्रीति महा तुम सौ तजि मान हहा री चलो दुचिताई ॥

तेरे बिना नही खेलत है कहियो खेलहु जाहूं सो प्रीति लगाई ॥६८७॥
दूती वाच ॥
सवैया ॥
पाइ परो तुमरे सजनी अति ही मन भीतर मानु न कईयै ॥
स्याम बुलावत है सु जहा उठ कै तिह ठउर बिखै चलि जईयै ॥
नाचत है जिम ग्वारनिआ नचीयै तिम अउ तिह भाति ही गईयै ॥
अउर अनेकिक बात करो पर राधे बलाइ लिउ सउह न खईयै ॥६८८॥
राधे बाच ॥
सवैया ॥
जैहउ न हउ सुन री सजनी तुहि सी हरि ग्वारनि कोटि पठावै ॥
बंसी बजावै तहा तु कहा अरु आप कहा भयो मंगल गावै ॥
मै न चलो तिह ठउर बिखै ब्रहमा हम को कहियो आनि सुनावै ॥
अउर सखी की कहा गनती नहीं जाउ री जउ हरि आपन आवै ॥६८९॥
दूती बाच राधे सो ॥
सवैया ॥
काहे को मान करै सुन ग्वारिन स्याम कहै उठ कै कर सोऊ ॥
जा के कीए हरि होइ खुसी सुनियै बल काज करो अब जोऊ ॥
तउ तुहि बोलि पठावत है जब प्रीति लगी तुम सो तब ओऊ ॥
नातर रास बिखै सुन री तुहि सी नहि ग्वारिन सुंदर कोऊ ॥६९०॥
संग तेरे ही प्रीति घनी हरि की सभ जानत है कछू नाहि नई ॥
जिह की मुख उपम चंद्र प्रभा जिह की तन भा मनो रूपमई ॥
तिह संग को त्यागि सुनो सजनी ग्रिह की उठ कै तुहि बाट लई ॥
ब्रिजनाथ के संग सखी बहु तेरी री तो सी गुवारि भई न भई ॥६९१॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
सुन कै इह ग्वारिन की बतीया ब्रिखभान सुता मनि कोप भई है ॥
कान्रह बिना पठए री त्रीया हमरे उन के उठि बीच पई है ॥
आई मनावन है हम को सु कही बतीया जु नही रुचई है ॥
कोप कै उतर देत भई चल री चल तू किनि बीच दई है ॥६९२॥
दूती बाच कान्रह सो ॥
सवैया ॥
कोप कै उतर देत भई इन आइ कहियो फिरि संग सुजानै ॥
बैठ रही हठ मानि त्रीया हउ मनाइ रही जड़ किउ हूं न मानै ॥
साम दीए न मनै नही दंड मनै नही भेद दीए अरु दानै ॥
ऐसी गुवारि सो हेत कहा तुमरी जोऊ प्रीति को रंग न जानै ॥६९३॥
मैनप्रभा बाच कान्रह जू सो ॥
सवैया ॥
मैनप्रभा हरि पास हुती सुन कै बतीया तब बोलि उठी है ॥
लिआइ हो हउ इह भाति कहियो तुम ते हरि जू जोऊ ग्वार रुठी है ॥
कान्रह के पाइन पै तब ही सु लियावन ताही के काज उठी है ॥
सुंदरता मुख ऊपर ते मनो कंज प्रभा सभ वार सुटी है ॥६९४॥
हरि पाइन पै इह भाति कहियो हरि जू उह के ढिग हउ चलि जैहो ॥
जा ही उपाव ते आइ है सुंदरि ताही उपाइ मनाइ लियै हो ॥
पाइन पै बिनतीअन कै रिझवाइ कै सुंदरि ग्वारि मनैहो ॥
आज ही तो ढिग आनि मिलैहो जू ल्याए बिना तुमरी न कहै हो ॥६९५॥
हरि पाइन पै तिह ठउर चली कबि स्याम कहै फुनि मैनप्रभा ॥
जिह के नही तुलि मंदोदरि है जिह तुल त्रीया नही इंद्र सभा ॥
जिह को मुख सुंदर राजत है इह भाति लसै त्रीया वा की अभा ॥
मनो चंद कुरंगन केहर कीर प्रभा को सभो धन याहि लभा ॥६९६॥
प्रतिउतर बाच ॥

सवैया ॥
चलि चंदमुखी हरि के ढिग ते ब्रिखभान सुता पहि पै चलि आई ॥
आइ कै ऐसे कहियो तिह सो बल बेग चलो नंद लाल बुलाई ॥
मै न चलो हरि पास हहा चलु ऐसे कहियो न करो दुचिताई ॥
काहे को बैठ रही इह ठउर मै मोहन को मनो चितु चुराई ॥६९७॥
जाहि घोर घटा घट आए घने चहूं ओरन मै जह मोर पुकारै ॥
नाचत है जह ग्वारनीया तिह पेखि घने बिरही तन वारै ॥
तउन समै जदुराइ सुनो मुरली के बजाइ कै तोहि चितारै ॥
ताही ते बेग चलो सजनी तिह कउतक को हम जाइ निहारै ॥६९८॥
ता ते न मान करो सजनी हरि पास चलो नाहि संक बिचारो ॥
बात धरो रस हूं की मनै अपनै मन मै न कछू हठ धारो ॥
कउतक कान्रह्ह को देखन को तिह को जस पै कबि स्याम उचारो ॥
काहे कउ बैठ रही हठ कै कहियो देखन कउ उमगियो मन सारो ॥६९९॥
हरि पास न मै चलहो सजनी पिखबे कहु कउतुक जीय न मेरो ॥
स्याम रचे संग अउर त्रीया तज कै हम सो फुनि नेह घनेरो ॥
चंद्रभगा हूं के संगि कहियो नहि नारी कहा मुहि नैनन हेरो ॥
ता ते न पास चलो हरि हउ उठि जाहि जोऊ उमगियो मन तेरो ॥७००॥
दूती बाच ॥
सवैया ॥
मै कहा देखन जाउ त्रीया तुहि ल्यावन को जदुराइ पठाई ॥
ताही ते हउ सभ ग्वारनि ते उठ कै तब ही तुमरे पहि आई ॥
तू अभिमान कै बैठ रही नही मानत है कछू सीख पराई ॥
बेग चलो तुहि संग कहो तुमरे मगु हेरत ठाढि कन्रहाई ॥७०१॥
राधे बाच ॥
सवैया ॥
हरि पास न मै चलहो री सखी तु कहा भयो जु तुहि बात बनाई ॥
स्याम न मोरे तू पास पठी इह बातन ते कपटी लखि पाई ॥
भी कपटी तु कहा भयो ग्वारनि तू न लखै कछु पीर पराई ॥
यौ कहि कै सिर न्याइ रही कहि ऐसो न मान पिखियो कहूं माई ॥७०२॥
दूती बाच ॥
सवैया ॥
फिरि ऐसे कहियो चलीये री हहा बल मै हरि के पहि यो कहि आई ॥
होहु न आतुर स्री ब्रिजनाथ हउ ल्यावत हो उहि जाइ मनाई ॥
इत तू करि मान रही सजनी हरि पै तु चलो तजि कै दुचिताई ॥
तो बिनु मो पै न जात गयो कहियो जानत है कछु बात पराई ॥७०३॥
राधे बाच ॥
सवैया ॥
उठ आई हुती तु कहा भयो ग्वारनि आई न पूछि कहियो कछु सोरी ॥
जाहि कहियो फिरि कै हरि पै इह ते कछु लाज न लागत तोरी ॥
मो बतीया जदुराइ जु पै कबि स्याम कहै कहीयो सु अहो री ॥
चंद्रभगा संगि प्रीति करो तुम सो नही प्रीति कहियो प्रभ मोरी ॥७०४॥
सुनि कै इह राधिका की बतीया तब सो उठि ग्वारनि पाइ लागी ॥
प्रीति कहियो हरि की तुम सो हरि चंद्रभगा हूं सो प्रीति तियागी ॥
उन की कबि स्याम सुबुधि कहै तुहि देखन के रस मै अनुरागी ॥
ताही ते बाल बलाइ लिउ तेरी मै बेग चलो हरि पै बडभागी ॥७०५॥
ब्रिजनाथ बुलावत है चलीयै कछु जानत है रस बात इयानी ॥
तोही को स्याम निहारत है तुमरै बिनु री नही पीवत पानी ॥
तू इह भाति कहै मुख ते नही जाऊगी हउ हरि पै इह बानी ॥
ताही ते जानत हो सजनी अब जोबन पाइ भई है दीवानी ॥७०६॥
मान करियो मन बीच त्रीया तजि बैठि रही हित स्याम जू केरो ॥

बैठि रही बक ध्यान धरे सभ जानत प्रीति को भावन नेरो ॥
तो संग तौ मै कहियो सजनी कहबे कहु जो उमगियो मन मेरो ॥
आवत है इम मो मन मै दिन चार को पाहुनो जोबन तेरो ॥७०७॥
ता कै न पास चलै उठ कै कबि स्याम जोऊ सभ लोगन भोगी ॥
ता ते रही हठि बैठ त्रीया उन को कछु जै गो न आपन खोगी ॥
जोबन को जु गुमान करै तिह जोबन की सु दसा इह होगी ॥
तो तजि कै सोऊ यो रमि है जिम कंध पै डार बघंबर जोगी ॥७०८॥
नैन कुरंगन से तुमरे केहरि की कटि री सुन त्वै है ॥
आनन सुंदर है ससि सो जिह की फुनि कंज बराबर क्वै है ॥
बैठ रही हठ बाधि घनो तिह ते कछु आपन ही सुन ख्वै है ॥
ए तन सु तुहि बैर करियो हरि सिउ हठिए तुमरो कहु ह्वै है ॥७०९॥
सुन कै इह ग्वारनि की बतीया ब्रिखभान सुता अति रोस भरी ॥
नैन नचाइ चड़ाइ कै भउहन पै मन मै संग क्रोध जरी ॥
जोऊ आई मनावन ग्वारनि थी तिह सो बतीया इम पै उचरी ॥
सखी काहे कौ हउ हरि पास चलो हरि की कछु मो परवाह परी ॥७१०॥
यौ इह उतर देत भई तब या बिधि सो उनि बात करी है ॥
राधे बलाइ लिउ रोस करो नहि किउ किह कोप के संग भरी है ॥
तू इत मान रही करि कै उत हेरत पै रिपु चंद हरी है ॥
तू न करै परवाह हरी हरि कौ तुमरी परवाह परी है ॥७११॥
यौं कहि बात कही फिरि यौ उठि बेग चलो चलि होहु संजोगी ॥
ताही के नैन लगे इह ठउर जोऊ सभ लोगन को रस भोगी ॥
ता के न पास चलै सजनी उन को कछ जै है न आपन खोगी ॥
तै मुख री बलि देखन को जदुराइ के नैन भए दोऊ बिओगी ॥७१२॥
पेखत है नहीं अउर त्रीया तुमरो ई सुनो बलि पंथ निहारै ॥
तेरे ही ध्यान बिखै अटके तुमरी ही किधौ बलि बात उचारै ॥
झूमि गिरै कबहूं धरनी करि त्वै मधि आपन आप संभारै ॥
तउन समै सखी तोहि चितारि कै स्यामि जू मैन को मान निवारै ॥७१३॥
ता ते न मान करो सजनी उठि बेग चलो कछु संक न आनो ॥
स्याम की बात सुनो हम ते तुमरे चित मै अपनो चित मानो ॥
तेरे ही ध्यान फसे हरि जू कर कै मनि सोक असोक बहानो ॥
मूड़ रही अबला करि मान कछू हरि को नही हेत पछानो ॥७१४॥
ग्वारनि की सुन कै बतीया तब राधिका उतर देत भई ॥
किह हेत कहियो तजि कै हरि पासि मनावन मोहू के काज धई ॥
नहि हउ चलि हो हरि पास कहियो तुमरी धउ कहा गति ह्वै है दई ॥
सखी अउरन नाम सु मूड़ धरै न लखै इह हउहूं कि मूड़ मई ॥७१५॥
सुन कै ब्रिखभान सुता को कहियो इह भाति सो ग्वारनि उतर दीनो ॥
री सुन ग्वारनि मो बतीया तिन हूं सुनि स्रौन सुनैबे कउ कीनो ॥
मोहि कहै मुख ते कि तू मूड़ मै मूड़ तुही मन मै करि चीनो ॥
जै जदुराइ की भेजी अई सुनि तै जदुराइ हूं सो हठ कीनो ॥७१६॥
यौ कहि कै इह भाति कहियो चलीयै उठि कै बलि संक न आनो ॥
तो ही सो हेतु घनो हरि को तिह ते तुमहूं कहियो साच ही जानो ॥
पाइन तोरे परो ललना हठ दूर करो कबहूं फुनि मानो ॥
ता ते निसंक चलो तजि संक किधौ हरि की वह प्रीति पछानो ॥७१७॥
कुंजन मै सखी रास समै हरि केल करे तुम सो बन मै ॥
जितनो उन को हित है तुहि मो तिह ते नही आधिक है उन मै ॥
मुरझाइ गए बिनु तै हरि जू नहि खेलत है फुनि ग्वारिन मै ॥
तिह ते सुन बेग निसंक चलो कर कै सुधि पै बन की मन मै ॥७१८॥
स्याम बुलावत है चलीयै बलि पै मन मै न कछू हठु कीजै ॥
बैठ रही करि मान घनो कछु अउरन हूं को कहियो सुन लीजै ॥
ता ते हउ बात करो तुम सो इह ते न कछू तुमरो कहियो छीजै ॥

नैकु निहार कहियो हम ओरि सभै तज मान अबै हसि दीजै ॥७१९॥
राधे बाच दूती सो ॥
सवैया ॥
मै न हसो हरि पास चलो नही जउ तुहि सी सखी कोटिक आवै ॥
आइ उपाव अनेक करै अरु पाइन ऊपर सीस निआवै ॥
मै कबहू नही जाउ तहा तुह सी कहि कोटिक बात बनावै ॥
अउर की कउन गनै गनती बलि आपन कान्रह्ह जू सीस झुकावै ॥७२०॥
प्रतिउतर बाच ॥
सवैया ॥
जो इन ऐसी कही बतीया तब ही उह ग्वारनि यौ कहियौ हो री ॥
जउ हम बात कही चलीयै तू कहै हम स्याम सो प्रीत ही छोरी ॥
स्याम सो माई कहा कहीयै इह साथ करे हितवा बर जोरी ॥
भेजत है हम को इह पै इह सी तिह के पहि ग्वारनि थोरी ॥७२१॥
भेजत है इह पै हम को इह ग्वारनि रूप को मान करै ॥
इह जानत वै घट है हम ते तिह ते हठ बाधि रही न टरै ॥
कबि स्याम पिखो इह ग्वारनि की मति स्याम के कोप ते पै न डरै ॥
तिह सो बलि जाउ कहा कहीयै तिह ल्यावहु यो मुख ते उचरै ॥७२२॥
स्याम करै सखी अउर सो प्रीति तबै इह ग्वारनि भूल पछानै ॥
वा के कीए बिनु री सजनी सु रही कहि कै सु कहियो नही मानै ॥
या को बिसार डरै मन ते तब ही इह मानहि को फलु जानै ॥
अंत खिसाइ घनी अकुलाइ कहियो तब ही इह मानै तु मानै ॥७२३॥
यो सुन कै ब्रिखभान सुता तिह ग्वारनि को इम उतर दीनो ॥
प्रीत करी हरि चंद्रभगा संग तउ हम हूं अस मान सु कीनो ॥
तउ सजनी कहियो रूठ रही अति क्रोध बढियो हमरे जब जी नो ॥
तेरे कहे बिनु री हरि आगे हूं मो हू सो नेहु बिदा कर दीनो ॥७२४॥
यो कहि ग्वारनि सो बतीया कबि स्याम कहै फिरि ऐसे कहियो है ॥
जाहि री काहे को बैठी है ग्वारनि तेरो कहियो अति ही मै सहियो है ॥
बात कही अति ही रस की तुहि ता को न सो सखी चित चहियो है ॥
ताही ते हउ न चलो सजनी हम सो हरि सो रस कउन रहियो है ॥७२५॥
यौ सुनि उतर देत भई कबि स्याम कहै हरि के हित केरो ॥
कान्रह के भेजे ते या पहि आइ कै कै कै मनावन को अति झेरो ॥
स्याम चकोर मनो त्रन जो सुन री इह भाति कहै मन मेरो ॥
ताही निहारि निहारि सुनो ससि सो मुख देखत ह्वै है री तेरो ॥७२६॥
राधे बाच ॥
सवैया ॥
देखत है तु कहा भयो ग्वारनि मै न कहियो तिह के पहि जैहो ॥
काहे के काज उराहन री सहि हो अपनो पति देखि अघै हो ॥
स्याम रचे संगि अउर त्रीया तिह के पहि जाइ कहा जस पैहो ॥
ता ते पधारहु री सजनी हरि कौ नहि जीवत रूप दिखै हो ॥७२७॥

अथ मैनप्रभा क्रिसन जी पास फिर आई ॥

दूती बाच कान्रह जू सो ॥
सवैया ॥
यौ जब ताहि सुनी बतीया उठ कै सोऊ नंद लला पहि आई ॥
आइ कै ऐसे कहियो हरि पै हरि जू नहि मानत मूड़ मनाई ॥
कै तजि वाहि रचौ इन सो नही आप हूं जाइ कै लिआउ मनाई ॥
यौ सुनि बात चलियो तह को कबि स्याम कहै हरि आप ही धाई ॥७२८॥
अउर न ग्वारिनि कोऊ पठी चलि कै हरि जू तब आप ही आयो ॥
ताही को रूप निहारत ही ब्रिखभान सुता मन मै सुख पायो ॥

पाइ घनो सुख पै मन मै अति ऊपरि मान सो बोल सुनायो ॥
चंद्रभगा हूं सो केल करो इह ठउर कहा तजि लाजहि आयो ॥७२९॥
राधे बाच कान्रह जू सो ॥
सवैया ॥
रासहि किउ तजि चंद्रभगा चलि कै हमरे पहि किउ कहियो आयो ॥
किउ इह ग्वारनि की सिख मान कै आपन ही उठ कै सखी धायो ॥
जानत थी कि बडो ठगु है इह बातन ते अब ही लखि पायो ॥
किउ हमरे पहि आए कहियो हम तो तुम को नही बोलि पठायो ॥७३०॥
कान्रह जू बाच राधे सो ॥
सवैया ॥
यौ सुनि उतर देत भयो नहि री तुहि ग्वारनि बोल पठायो ॥
नैनन के करि भाव घने सर सो हमरो मनूआ म्रिग घायो ॥
ता बिरहागनि सो सुनीयै बलि अंग जरियो सु गयो न बचायो ॥
तेरे बुलायो न आयो हो री तिह ठउर जरे कहु सेकिनि आयो ॥७३१॥
राधे बाच कान्रह सो ॥
सवैया ॥
संग फिरी तुमरे हरि खेलत स्याम कहे कबि आनंद भीनी ॥
लोगन को उपहास सहियो तुहि मूरति चीन कै अउर न चीनी ॥
हेत करियो अति ही तुम सो तुम हूं तजि हेत दसा इह कीनी ॥
प्रीति करी संग अउर त्रीया कहि सास लयो अखीया भर लीनी ॥७३२॥
कान्रह जू बाच ॥
सवैया ॥
मेरो घनो हित है तुम सो सखी अउर किसी नहि ग्वारनि माही ॥
तेरे खरे तुहि देखत हो बिन त्वै तुहि मूरति की परछाही ॥
यौ कहि कान्रह गही बहीया चलीयै हम सो बन मै सुख पाही ॥
ह हा चलु मेरी सहुं मेरी सहुं मेरी सहुं तेरी सहुं तेरी सहुं नाहीं जू नाही ॥७३३॥
यौ कहि कान्रह गही बिहीया तिहू लोगन को भुगीया रस जो है ॥
केहरि सी जिह की कटि है जिह आनन पै ससि कोटिक को है ॥
ऐसो कहियो चलीयै हमरे संगि जो सभ ग्वारनि को मन मोहै ॥
यौ कहि काहे करो बिनती सुन कै तुहि लाल हीऐ मधि जो है ॥७३४॥
काहे उराहन देत सखी कहियो प्रीत घनी हमरी संग तेरे ॥
नाहक तूं भरमी मन मै कछु बात न चंद्रभगा मनि मेरे ॥
ता ते उठो तजि मान सभै चलि खेलहिं पै जमुना तटि केरे ॥
मानत है नहि बात हठी बिरहातुर है बिरही जन टेरे ॥७३५॥
त्याग कहियो अब मान सखी हम हूं तुम हूं बन बीच पधारै ॥
नाहक ही तू रिसी मन मै नही आन त्रीया मन बात हमारै ॥
ता ते असोक के साथ सुनो बलि तीर नदी सभ सोकहि डारै ॥
या ते न अउर भली कछु है मिलि कै हम मैन को मान निवारै ॥७३६॥
कान्रह रसातर ह्वै अति ही ब्रिखभान सुता ढिग बात उचारी ॥
ताहि मनी हरि बात सोऊ तिन मान की बात बिदा करि डारी ॥
हाथहि सो बहीआ गहि स्याम सु ऐसे कहियो अब खेलहि यारी ॥
कान्रह कहियो तब राधका सो हमरे संग केल करो मोरी पिआरी ॥७३७॥
राधे बाच कान्रह सो ॥
सवैया ॥
यौ सुनि कै ब्रिखभान सुता नंद लाल लला कहु उतर दीनो ॥
ताही सो बात करो हरि जू जिह के संग नेहु घनो तुम कीनो ॥
काहे कउ मोरी गही बहीआ सु दुखावत काहे कउ हो मुहि जी नो ॥
यौ कहि बात भरी अखीआ करि कै दुख सास उसास सु लीनो ॥७३८॥
केल करो उठि ग्वारनि सो जिनि संग रचियो मन है सु तुमारो ॥
स्वासन लै अखीआ भर कै ब्रिखभान सुता इह भाति उचारो ॥

संग चलो नहि हउ तुमरे करि आयुध लै कहिओ किउ नही मारो ॥
साच कहो तुम सो बतीया तजि कै हम को जदुबीर पधारो ॥७३९॥
कान्रह जू बाच राधे सो ॥
सवैया ॥
संग चलो हमरे उठ कै सखी मान कछु मन मै नही आनो ॥
आइ हो हउ तजि संकि निसंक कछू तिह ते रस रीति पछानो ॥
मित्र के बेचे किधौ बिकीयै इह स्रउन सुनो सखी प्रीति कहानो ॥
ता ते हउ तेरी करो बिनती कहिबो मुहि मानि सखी अब मानो ॥७४०॥
राधे बाच ॥
सवैया ॥
यौ सुनि कै हरि की बतीया हरि को तिन या बिधि उतर दीनो ॥
प्रीति रही हम सो तुमरी कहा यौ कहि कै द्रिगि बारि भरीनो ॥
प्रीति करी संग चंद्रभगा अति कोप बढियो तिह ते मुहि जी नो ॥
यौ कहि कै भरि स्वास लयौ कबि स्याम कहै अति ही कपटीनो ॥७४१॥
क्रोध भरी फिरि बोलि उठी ब्रिखभानु सुता मुख सुंदर सिउ ॥
तुम सो हम सो रस कउन रहियो कबि स्याम कहै बिधि को पहि जिउ ॥
हरि यौ कही मो हित है तुहि सो उनि कोपि कहियो हम सो कहु किउ ॥
तुमरे संगि केल करे बन मै सुनीयै बतीया हमरी बलि इउ ॥७४२॥
कान्रह जू बाच राधे सो ॥
सवैया ॥
मोहियो हउ तेरो सखी चलिबो पिखि मोहियो सु हउ द्रिग पेखत तेरे ॥
मोहि रहियो अलकै तुमरी पिखि जात गयो तजि या नही डेरे ॥
मोहि रहियो तुहि अंग निहारत प्रीति बढी तिह ते मन मेरे ॥
मोहि रहियो मुख तेरो निहारत जिउ गन चंद चकोरन हेरे ॥७४३॥
ता ते न मान करो सजनी मुहि संग चलो उठ कै अब ही ॥
हमरी तुम सो सखी प्रीति घनी कुपि बात कहो तजि कै सब ही ॥
तिह ते इह छुद्रन बात की रीति कहियो न अरी तुम को फबही ॥
तिह ते सुन मो बिनती चलीयै इह काज कीए न कछू लभ ही ॥७४४॥
अति ही जब कान्रह करी बिनती तब ही मन रंच त्रीया सोऊ मानी ॥
दूर करी मन की गनती जब ही हरि की तिन प्रीति पछानी ॥
तउ इम उतर देत भई जोऊ सुंदरता महि त्रीयन रानी ॥
त्याग दई दुचितई मन की हरि सो रस बातन सो निज कानी ॥७४५॥
मोहि कहो चलीयै हमरे संग जानत हो रस साथ छरोगे ॥
रास बिखै हम को संग लै सखी जानत ग्वारनि संग अरोगे ॥
हउ नही हारि हउ पै तुम ते तुम ही हम ते हरि हारि परोगे ॥
एक न जानत कुंज गलीन लवाइ कहियो कछु काजु करोगे ॥७४६॥
ब्रिखभान सुता कबि स्याम कहै अति जो हरि के रस भीतर भीनी ॥
री ब्रिजनाथ कहियो हसि कै छबि दातन की अति सुंदर चीनी ॥
ता छबि की अति ही उपमा मन मै जु भई कबि के सोऊ कीनी ॥
जिउ घन बीच लसै चपला तिह को ठग कै ठगनी ठग लीनी ॥७४७॥
ब्रिखभान सुता कबि स्याम कहै अति जो हरि के रस भीतर भीनी ॥
बीच हुलास बढियो मन कै जब कान्रह्रह की बात सभै मनि लीनी ॥
कुंज गलीन मै खेलहिंगे हरि के तिन संग कहियो सोऊ कीनी ॥
यौ हसि बात निसंग कहियो मन की दुचिताई सभ ही तजि दीनी ॥७४८॥
दोऊ जउ हसि बातन संग ढरे तु हुलास बिलास बढे सगरे ॥
हसि कंठ लगाइ लई ललना गहि गाड़े अनंग ते अंक भरे ॥
तरकी है तनी दरकी अंगीआ गर माल ते टूट कै लाल परे ॥
पीय के मिलए त्रीय के हीय ते अंगरा बिरहागनि के निकरे ॥७४९॥
हरि राधिका संगि चले बन लै कबि स्याम कहै मनि आनंद पायो ॥
कुंज गलीन मै केल करे मन को सभ सोक हुतो बिसरायो ॥

ताही कथा कौ किधौ जग मै मन मै सुक आदिक गाइ सुनायो ॥
जोऊ सुनै सोऊ रीझ रहै जिह के सभ ही धरि मै जसु छायो ॥७५०॥
कान्रह जू बाच राधे सो ॥
सवैया ॥
हरि जू इम राधिका संगि कही जमुना मै तरो तुम को गहि है ॥
जल मै हम केल करैगे सुनो रस बात सभै सु तहा कहि है ॥
जिह ओर निहार बधू ब्रिज की ललचाइ मनै पिखिबो चहि है ॥
पहुचैगी नहि तह ग्वारनि ए हम हूं तुम रीझत हारहि है ॥७५१॥
ब्रिखभान सुता हरि के मुख ते जल पैठन की बतीया सुनि पाई ॥
धाइ कै जाइ परी सर मै करि कै अति ही ब्रिजनाथि बडाई ॥
ताही के पाछै ते स्याम परे कबि के मन मै उपमा इह आई ॥
मानहु स्याम जू बाज परियो पिखि कै ब्रिज नारि को जिउ मुरगाई ॥७५२॥
ब्रिजनाथ तबै धसि कै जलि मै ब्रिज नारि सोऊ तब जाइ गही ॥
हरि को तन भेट हुलास बढियो गिनती मन की जल भाति बही ॥
जोऊ आनंद बीच बढियो मन कै कबि तउ मुख ते कथा भाखि कही ॥
पिखियो जिन हूं सोऊ रीझ रहियो पिखि कै जमुना जिह रीझ रही ॥७५३॥
जल ते कढि कै फिरि ग्वारनि सो कबि स्याम कहै फिरि रास मचायो ॥
गावत भी ब्रिखभान सुता अति ही मन भीतर आनंद पायो ॥
ब्रिज नारिन सो मिल कै ब्रिजनाथ जू सारंग मै इक तान बसायो ॥
सो सुन कै म्रिग आवत धावत ग्वारनीआ सुन कै सुखु पायो ॥७५४॥

दोहरा ॥

सत्रह सै पैताल मै कीनी कथा सुधार ॥
चूक होइ जह तह सु कबि लीजहु सकल सुधार ॥७५५॥
बिनति करो दोऊ जोरि करि सुनो जगत के राइ ॥
मो मसतक त्व पग सदा रहै दास के भाइ ॥७५६॥

◀ *इति स्री दसम सिकंधे पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे रास मंडल बरननं धिआइ समापतम सतु सुभम सतु ॥*

सुदरसन नाम ब्रहमणु भुजंग जोन ते उधार करन कथनं ॥
सवैया ॥
दिन पूजा को आइ लगियो तिह को जोऊ ग्वारनीया अति कै हित सेवी ॥
जा रिप सुंभ निसुंभ मरियो कबि स्याम कहै जग मात अभेवी ॥
नास भए जग मै जन सो जिनहू मन मै कुप कै नहि सेवी ॥
ताही के हेत चले तजि कै पुरि ग्वारिन गोप सु पूजन देवी ॥७५७॥
आठ भुजा जिह की जगि मालुम सुंभ संघारनि नाम जिसी को ॥
साधन दोखन की हरता कबि स्याम न मानत त्रास किसी को ॥
सात अकास पतालन सातन फैल रहिओ जस नामु इसी को ॥
ताही को पूजन द्योस लगिओ सभ गोप चले हित मानि तिसी को ॥७५८॥

दोहरा ॥

महारुद्र अरु चंडि के चले पूजबे काज ॥
जसुधा त्रीया बलिभद्र अउ संग लीए ब्रिजराज ॥७५९॥
सवैया ॥
पूजन काज चलै तज कै पुर गोप सभै मन मै हरखे ॥
गहि अछत धूप पचाम्रित दीपक सामुहे चंडि सिवै सरखे ॥
अति आनंद प्रापति भे तिन को दुख थे जु जिते सभ ही घरखे ॥
कबि स्याम अहीरन के जु हुते सुभ भाग घरी इह मै परखे ॥७६०॥
एक भुजंगन कान्रह बबा कहु लील लयो तन नैकु न छोरै ॥

स्रयाह मनो अबनूसहि को तरु कोप डसियो अति ही करि जोरै ॥
जिउ पुर के जन लातन मारत जोर करै अति ही झक झोरै ॥
हारि परे सभनो मिलि कै तब कूक करी भगवान की ओरै ॥७६१॥
गोप पुकारत है मिलि कै सभ स्याम कहै मुसलीधर भयै ॥
दोख को हरता करता सुख आवहु टेरत दैत मरयै ॥
मोहि ग्रसियो अहि स्याम बडे हम रोवहि या बधि कारज कयै ॥
रोग भए जिम बैद बुलईअत भीर परे जिम बीर बुलयै ॥७६२॥
सुनि स्रउनन मै हरि बात पिता उह सापहि को तन छेद करिओ है ॥
साप की देह तजी उन हूं इक सुंदर मानुख देह धरिओ है ॥
ता छबि को जस उच महा कबि नै बिधि या मुख ते उचरिओ है ॥
मानहु पुंनि प्रतापन ते ससि छीन लयो रिपु दूर करिओ है ॥७६३॥
बामन होइ गयो सु वहै फुनि नाम सुदरसन है पुनि जा को ॥
कान्रह कही बतीया हसि कै तिह सो कहु रे तै ठउर कहा को ॥
नैन निवाइ मनै सुख पाइ सु जोरि प्रनाम करिओ कर ता को ॥
लोगन कौ बरता हरता दुख स्याम कहै पति जो चहुं घा को ॥७६४॥
दिज बाच ॥
सवैया ॥
अत्रि रिखीसुर के सुत को अति हासि करिओ तिह स्राप दयो है ॥
जाहि कहियो तूअ साप सु हो बचना उनि या बिधि मोहि कहिओ है ॥
ताही के स्राप लगे हमरे तन बामन ते अहि स्याम भयो है ॥
कान्रह तुमै तन छूवत ही तन को सभ पाप पराइ गयो है ॥७६५॥
पूजत ते जग मात सभै जन पूजि सभै तिह डेरन आए ॥
कान्रह पराक्रम को उरि धारि सभो मिलि कै उपमा जस गाए ॥
सोरठि सारंग सुध मलार बिलावल भीतर तान बसाए ॥
रीझि रहे ब्रिज के सु सभै जन रीझि रहे जिन हूं सुनि पाए ॥७६६॥

दोहरा ॥

पूजि चंड को भट बडे घरि आइ मिलि दोइ ॥
अंन खाइ कै मात ते रहे सदन मै सोइ ॥७६७॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटके ग्रंथे क्रिसनावतारे दिज उधार चंडि पूज धिआइ समापतम ॥*

अथ ब्रिखभासुर दैत बध कथनं ॥

सवैया ॥
भोजन कै जसुधा पहि ते भट राति परे सोऊ सोइ रहे है ॥
प्रात भए बन बीच गए उठ कै जह डोलत सिंघ सहै है ॥
ब्रिखभासुर थो तिह ठउर खरो जिह के दोऊ सींग अकास खहे है ॥
देख कै सो हरि जू कुप कै दुहूं हाथन सो करि जोरु गहे है ॥७६८॥
सींगन ते गहि डार दयो सु अठारह पैग पै जाइ परिओ है ॥
फेरि उठिओ करि कोप मनै हरि के फिरि सामुह जुधु करिओ है ॥
फेर बगाइ दीयो हरि जू कही जाइ गिरिओ सु नही उबरिओ है ॥
मोछ भई तिह की हरि के कर छूवत ही सु लरियो न मरियो है ॥७६९॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे ब्रिखभासुर दैत बधह धयाइ समापतम सत सुभम सत ॥*

अथ केसी दैत बध कथनं ॥

सवैया ॥
जुध बडो कर कै तिह कै संग जउ भगवान बडो अरि मारिओ ॥
नारद तउ मथुरा मै गयो बचना संग कंस के ऐसे उचारिओ ॥
तू भगनीपति नंद सुता हरि त्वै रिपु वा घर भीतर डारिओ ॥
दैत अघासुर अउ बक बीर मरिओ तिन हूं जब पउरख हारिओ ॥७७०॥
कंस बाच प्रति उतर ॥
सवैया ॥
कोप भरियो मन मै मथुरापति चिंत करी इह को अब मरीऐ ॥
इह की सम कारज अउर कछू नहि ता बधि आपन ऊबरीऐ ॥
तब नारद बोलि उठिओ हसि कै सुनीऐ न्रिप कारज या करीऐ ॥
छल सो बल सो कबि स्याम कहै अपने अरि को सिर वा हरीऐ ॥७७१॥
कंस बाच नारद सो ॥
सवैया ॥
तब कंस प्रनाम कही करि कै सुनीऐ रिखि जू तुम सति कही है ॥
वा की ब्रिथा रजनी दिन मै हमरै मन मै बसि कै सु रही है ॥
जाहि मरिओ अघु दैत बली बकु पूतना जा थन जाइ गही है ॥
ता मरीऐ छल कै किधौ संगि कि कै बल कै इह बात सही है ॥७७२॥
कंस बाच केसी सो ॥
सवैया ॥
मुनि तउ मिलि कै न्रिप सो ग्रिह गयो तब कंसि बली इक दैत बुलायो ॥
मारहु जाइ कहिओ जसुधा पुत पै कहि कै इह भाति पठायो ॥
पाछै ते पै भगनी भगनी पति डारि जंजीरन धामि रखायो ॥
संगि चंडूर कहिओ इह भेद तबै कुबिलया गिरि बोलि पठायो ॥७७३॥
कंस बाच अक्रूर सो ॥
सवैया ॥
भाख कही संग भ्रितन सो इक खेलन को रंग भूमि बनईयै ॥
संगि चंडूर कहियो मुसट कै दरवाजे बिखै गज को थिर कईयै ॥
बोलि अक्रूर कही हमरो रथ लै करि नंद पुरी महि जईयै ॥
जग अबै हमरे ग्रिह है इह बातन को कर कै हरि लिअईयै ॥७७४॥
जाहि कहियो अक्रूरहि को ब्रिज के पुरि मै अति कोपहि सिउ ता ॥
जग अबै हमरे ग्रिह है रिझवाइ कै ल्यावहु वा कहि इउ ता ॥
ता छबि को जसु उच महा उपजियो कबि के मन मै बिउता ॥
जिउ बन बीच हरे म्रित के सु पठियो म्रिगवा कहि केहरि निउता ॥७७५॥
कबियो बाच दोहरा ॥
न्रिप भेजियो अक्रूर कहु हरि मारन के घात ॥
अब बध केसी की कथा भई कहो सोई बात ॥७७६॥
सवैया ॥
प्रात चलियो तह को उठि सो रिपु ह्वै हय दीरघ पै तह आयो ॥
देखत जाहि दिनेस डरिओ मघवा जिह पेखत ही डर पायो ॥
ग्वार डरे तिह देखत ही हरि पाइन ऊपर सीस झुकायो ॥
धीर भयो जदुराइ तबै तिह सो कुप कै रन दुंद मचायो ॥७७७॥
कोप भयो रिपु के मन मै तब पाउ की कान्रह को चोट चलाई ॥
दीन न लागन स्याम तनै सु भली बिधि सो जदुराइ बचाई ॥
फेरि गहिओ सोऊ पाइन ते कर मो न रहियो सु दयो है बगाई ॥
जिउ लरका बट फैकत है तिम चार सै पैग परिओ सोऊ जाई ॥७७८॥
फेरि संभारि तबै बल वा रिपु तुंड पसारि हरि ऊपरि धायो ॥
लोचन काढि बडे डरवान किधौ जिन ते नभ लोक डरायो ॥
स्याम दयो तिह के मुख मै कर ता छबि को मन मै जस भायो ॥
कान्रह को है कर काल मनो तन केसी ते प्रान निकासन आयो ॥७७९॥
तिनि बाह कटी हरि दातन सो तिह के सभ दात तबै झर गे ॥

जोऊ आइ मनोरथ कै मन मै सम ओरन की सोऊ है गर गे ॥
तब ही सोऊ जूझि परो छित पै न सोऊ फिर कै अपुने घर गे ॥
अब कानर के कर लागत ही मरि गयो वह पाप सभै हर गे ॥७८०॥
रावन जा बिधि राम मरिओ बिधि जो कर कै नरकासुर मारियो ॥
जिउ प्रहलाद के रछन को हरिनाकस मारि डरिओ न उबारियो ॥
जिउ मधु कैट मरे करि चक्र लै पावक लील लई डरु टारयो ॥
तिउ हरि संतन राखन को करि कै अपनो बल दैत पछारियो ॥७८१॥
मारि बडे रिपु को हरि जू संगि गऊअन लै सु गए बन मै ॥
मन सोक सभै हरि कै सब ही अति कै फुनि आनंद पै तन मै ॥
फुनि ता छबि की अति ही उपमा उपजी कबि स्याम के इउ मन मै ॥
जिम सिंघ बडो म्रिग जानि बधिओ छल सो म्रिगवा के मनो गन मै ॥७८२॥

◀ इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे केसी बधहि धयाइ समापतम सतु सुभम सतु ॥

अथ नारद जू क्रिसन पहि आए ॥

अड़िल ॥
तब नारद चलि गयो निकटि भट क्रिसन के ॥
करी उदर पूरना मनो हित तिसन के ॥
रहिओ मुनी सिर न्याइ स्याम तरि पगन के ॥
हो मनि बिचारि कहियो स्याम महा संगि लगन के ॥७८३॥
मुनि नारद जू बाच कान्रह्ह जू सो ॥
सवैया ॥
अक्रूर के अग्र ही जा हरि सो मुनि पा परि कै इह बात सुनाई ॥
रीझ रहिओ अपुने मन मै सु निहारि कै सुंदर रूप कन्रहाई ॥
बीर बडो रन बीच हनो तुम ऐसे कहियो अति ही छबि पाई ॥
आयो हो हउ सु घने रिप घेरि सिकार की भाति बधो तिन जाई ॥७८४॥
तब हउ उपमा तुमरी करहो कुबलिया गिर को तुम जो मरिहो ॥
मुसटक बल साथ चंडूरहि सो रंगभूमि बिखै बध जउ करिहो ॥
फिरि कंस बडे अपुने रिपु को गहि केस ते प्रानन को हरिहो ॥
रिपु मारि घने बन आसुर को करि काटि सभै धर पै डरिहो ॥७८५॥

दोहरा ॥

इह कहि नारद क्रिसन सो बिदा भयो मन माहि ॥
अब दिन कंसहि के कहियो म्रित के फुनि निजकाहि ॥७८६॥

◀ इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे मुनि नारद जू क्रिसन जू को सभ भेद देइ फिरि बिदिआ भए धयाइ समापतम सतु सुभम सतु ॥

अथ बिस्वासुर दैत जुध ॥

दोहरा ॥

खेलत ग्वारनि सो क्रिसन आदि निरंजन सोइ ॥
ह्वै मेढा तसकर कोऊ कोऊ पहरूआ होइ ॥७८७॥
सवैया ॥
केसव जू संग ग्वारनि के ब्रिज भूमि बिखै सुभ खेल मचायो ॥
ग्वारनि देखि तबै बिस्वासुर ह्वै चुरवा तिन भछनि आयो ॥

ग्वार हरे हरि के बहुते तिह को फिरि कै हरि जू लखि पायो ॥
धाइ कै ताही की ग्रीव गही बल सो धरनी पर मारि गिरायो ॥७८८॥

दोहरा ॥

बिस्वासुर को समार कै करि साधन के काम ॥
हली संग सभ ग्वार लै आए निसि को धामि ॥७८९॥

◄ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे किसनावतारे बिस्वासुर दैत बधह धयाइ समापतम ॥*

अथ हरि को अक्रूर मथरा को लै जैबो ॥

सवैया ॥
रिपु को हरि मारि गए जब ही अक्रूर किधौ चल कै तहि आयो ॥
स्याम को देखि प्रनाम करिओ अपने मन मै अति ही सुखु पायो ॥
कंस कही सोऊ कै बिनती जदुरा अपुने हित साथ रिझायो ॥
अंकुस सो गज जिउ फिरीयै हरि को तिम बातन ते हिरि लिआयो ॥७९०॥
सुनि कै बतीया तिह की हरि जू पित धामि गए इह बात सुनाई ॥
मोहि अबै अक्रूर कै हाथि बुलाइ पठिओ मथुरा हूं के राई ॥
पेखत ही तिह मूरति नंद कही तुमरे तन है कुसराई ॥
काहे की है कुसरात कहियो इह भाति बुलिओ मुसलीधर भाई ॥७९१॥

अथ मथुरा मै हरि को आगम ॥

सवैया ॥
सुनि कै बतीया संगि ग्वारन लै ब्रिजराज चलियो मथुरा को तबै ॥
बकरे अति लै पुनि छीर घनो धर कै मुसलीधर स्याम अगै ॥
तिह देखत ही सुख होत घनो तन को जिह देखत पाप भगै ॥
मनो ग्वारन को बन सुंदर मै सम केहरि की जदुराइ लगै ॥७९२॥

दोहरा ॥

मथुरा हरि के जान की सुनी जसोधा बात ॥
तबै लगी रोदन करन भूलि गई सुध सात ॥७९३॥
सवैया ॥
रोवन लाग जबै जसुधा अपुने मुखि ते इह भाति सो भाखै ॥
को है हितू हमरो ब्रिज मै चलते हरि को ब्रिज मै फिरि राखै ॥
ऐसो को ढीठ करै जीय मो न्रिप सामुहि जा बतीया इह भाखै ॥
सोक भरी मुरझाइ गिरी धरनी पर सो बतीया नहि भाखै ॥७९४॥
बारह मास रखियो उदरै महि तेरहि मास भए जोऊ जईया ॥
पालि बडो जु करियो तब ही हरि को सुनि मै मुसलीधर भया ॥
ताही के काज किधौ न्रिप वा बसुदेव को कै सुत बोलि पठईया ॥
पै हमरे घट भागन के घरि भीतर पै नही स्याम रहईया ॥७९५॥

अथ ब्रिह नाटक लिखयते ॥

दोहरा ॥

रथ ऊपर महाराज गे रथि चड़ि कै तजि ग्रेह ॥
गोपिन कथा ब्रिलाप की भई संत सुनि लेहु ॥७९६॥

सवैया ॥
जब ही चलिबे की सुनी बतीया तब ग्वारनि नैन ते नीर ढरियो ॥
गिनती तिन के मन बीच भई मन को सभ आनंद दूर करियो ॥
जितनो तिन मै रस जोबन थो दुख की सोई ईधन माहि जरियो ॥
तिन ते नही बोलियो जात कछू मन कान्रह की प्रीति के संग जरियो ॥७९७॥
जा संगि गावत थी मिलि गीत करै मिलि कै जिह संगि अखारे ॥
जा हित लोगन हास सहियो तिह संगि फिरै नहि संक बिचारे ॥
जा हमरो अति ही हित कै लरि आप बली तिनि दैत पछारे ॥
सो तजि कै ब्रिज मंडल कउ सजनी मथुरा हूं की ओरि पधारे ॥७९८॥
जाही के संगि सुनो सजनी हमरो जमना तटि नेहु भयो है ॥
ताही के बीच रहियो गड कै तिह ते नही छूटन नैकु गयो है ॥
ता चलबे की सुनी बतीया अति ही मन भीतर सोक छयो है ॥
सो सुनीयै सजनी हम कउ तजि कै ब्रिज कउ मथरा को गयो है ॥७९९॥
अति ही हित सिउ संग खेलत जा कबि स्याम कहै अति सुंदर कामनि ॥
रास की भीतर यौ लसकै रुति सावन की चमकै जिम दामनि ॥
चंद मुखी तन कंचन से द्रिग कंज प्रभा जु चलै गजि गामनि ॥
त्यागि तिनै मथुरा को चलियो जदुराइ सुनो सजनी अब धामनि ॥८००॥
कंज मुखी तन कंचन से बिरलाप करै हरि सो हित लाई ॥
सोक भयो तिन के मन बीच असोक गयो तिन हूं ते नसाई ॥
भाखत है इह भाति सुनो सजनी हम त्यागि गयो है कन्रहाई ॥
आप गए मथुरा पुर मै जदुराइ न जानत पीर पराई ॥८०१॥
अंग बिखै सज कै भगवे पट हाथन मै चिपीआ हम लै हैं ॥
सीस धरै गी जटा अपुने हरि मूरति भिछ्छ कउ माग अचै हैं ॥
स्याम चलै जिह ठउर बिखै हमहूं तिह ठउर बिखै चलि जै है ॥
त्याग करियो हम धामिन को सभ ही मिल कै हम जोगिन ह्वै है ॥८०२॥
बोलत ग्वारनि आपसि मै सुनीयै सजनी हम काम करैंगी ॥
त्याग कहियो हम धामन कउ चिपीआ गहि सीस जटान धरैंगी ॥
कै बिख खाइ मरैगी कहियो नहि बूड मरै नही जाइ जरैंगी ॥
मान बयोग कहै सभ ग्वारनि कान्रह के साथ ते पै न टरेगी ॥८०३॥
जिन हूं हमरे संगि केल करे बन बीच दए हम कउ सुख भारे ॥
जा हमरे हित हास सहयै हमरे हित कै जिनि दैत पछारे ॥
रास बिखै जिनि ग्वारनि के मन के सभ सोक बिदा करि डारे ॥
सो सुनीयै हमरे हित को तजि कै सु अबै मथुरा को पधारे ॥८०४॥
मुंद्रिकका पहरै हम कानन अंग बिखै भगवे पट कै हैं ॥
हाथन मै चिपीआ धरि कै अपने तन बीच बिभूत लगै हैं ॥
पै कसि कै सिंङीआ कटि मै हरि को संगि गोरख नाथ जगै हैं ॥
ग्वारनीआ इह भाति कहैं तजि कै हम धामन जोगिन ह्वै हैं ॥८०५॥
कै बिख खाइ मरैंगी कहियो अपुने तन को नहि घात करै है ॥
मारि छुरी अपुने तन मै हरि के हम ऊपर पाप चड़ै है ॥
नातुर ब्रहम के जा पुर मै बिरथा इह की सु पुकारि करै है ॥
ग्वारनीया इह भाति कहैं ब्रिज ते हरि को हम जानि न दै है ॥८०६॥
सेली डरैंगी गरै अपुने बटूआ अपुने कटि साथ कसै है ॥
लै करि बीच त्रिसूल किधौ फरूआ तिह सामुहे रूप जगै है ॥
घोट कै ताही के ध्यान की भाग कहै कबि स्याम सु वाही चड़ै है ॥
ग्वारनीया इह भाति कहै न रहै हम धामन जोगिन ह्वै है ॥८०७॥
धूम डरै तिह के ग्रिह सामुहे अउर कछू नहि कारज कै है ॥
ध्यान धरैंगी किधौ तिह कौ तिह ध्यान की भागहि सो मति ह्वै है ॥
लै तिह कै फुनि पाइन धूरि किधौ सु बिभूत की ठउर चड़ै है ॥
कै हित ग्वारनि ऐसो कहैं तजि कै ग्रिह कउ हम जोगिन ह्वै है ॥८०८॥
कै अपुने मन की फुनि माल कहै कबि वाही को नामु जपै है ॥

कै इह भाति की पै तपसा हित सो तिह ते जदुराइ रिझै है ॥
माग सभै तिह ते मिलि कै बरु पाइन पै तहि ते हम लयै है ॥
या ते बिचारि कहै गुपीया तजि कै हम धामन जोगिन ह्वै है ॥८०९ ॥
ठाढी है होइ इकत्र त्रीया जिम घंटक हेर बजै म्रिगाइल ॥
स्याम कहै कबि चित हरै हरि को हरि ऊपरि ह्वै अति माइल ॥
ध्रयान लगै द्रिग मूंद रहै उघरै निकटै तिह जानि उताइल ॥
यौ उपजी उपमा मन मै जिम मीचत आंख उघारत घाइल ॥८१० ॥
कंचन के तन जो सम थी जु हुती सम ग्वारनि चंद करा सी ॥
मैन की मानो साण बनी दोऊ भउह मनो अखीया सम गासी ॥
देखत जा अति ही सुख हो नहि देखत ही तिह होत उदासी ॥
स्याम बिना ससि पै जल की मनो कंज मुखी भई सूकि जरा सी ॥८११ ॥
रथ ऊपरि स्याम चड़ाइ कै सो संगि लै सभ गोप तहा को गए है ॥
ग्वारनीया सु रहीं ग्रिह मै जिन के मन बीच सु सोक भए है ॥
ठाढि उडीकत गोपि जहा तिह ठउर बिखै दोऊ ए सो अए है ॥
सुंदर है ससि से जिन के मुख कंचन से तन रूप छए है ॥८१२ ॥
जब ही अक्रूर के संग किधौ जमुना पै गए ब्रिज लोक सबै ॥
अक्रूर ही चिंत करी मन मै अति पाप करियो हमहूं सु अबै ॥
तब ही तज कै रथ बीच धसियो जल के संधिआ करबे को तबै ॥
इह को मरि है न्रिप कंस बली जु भई इह की अति चिंत जबै ॥८१३ ॥

दोहरा ॥

नात जबै अक्रूर मनि हरि को करियो बिचार ॥
तब तिह को जल मै तबै दरसन दयो मुरारि ॥८१४ ॥
सवैया ॥
मुंड हजार भुजा सहसे दस सेस के आसन पै सु बिराजै ॥
पीत लसै पट चक्र करै जिह के कर भीतर नंदग छाजै ॥
बीच तबै जमुना प्रगटियो फुनि साधहि के हरबे डर काजै ॥
जा को करियो सभ ही जग है जिह देखत ही घट सावन लाजै ॥८१५ ॥
जल ते कढ कै मन मै सुख कै मथुरा को चलियो मन आनंद पाई ॥
धाइ गयो न्रिप के पुर मै हरि मारन की न करी दुचिताई ॥
कान्रह को रूप निहारन को मथुरा की जुरी सभ आनि लुकाई ॥
जा के कछू तन मै दुखु हो हरि देखत ही सोऊ पार पराई ॥८१६ ॥
हरि आगम की सुन कै बतीआ उठ कै मथुरा की सभै त्रीअ धाई ॥
आवत थो रथ बीच चड़ियो चलि कै तिह ठउर बिखै सोऊ आई ॥
मूरति देख कै रीझ रही हरि आनन ओर रही लिव लाई ॥
सोक कथा जितनी मन थी इह ओर निहारि दई बिसराई ॥८१७ ॥
इति स्री दसम सिकंधे पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे कान्रह जू नंद अउ गोपिन सहित मथुरा प्रवेस करणं ॥

अथ कंस बध कथनं ॥

दोहरा ॥

मथुरा पुर की प्रभा कबि मन मै कही बिचारि ॥
सोभा जिह देखत सु कबि करि नहि सकति उचार ॥८१८ ॥
सवैया ॥
जिह की जटित नग भीतर है दमकै दुति मानहु बिजु छटा ॥
जमुना जिह सुंदर तीर बहै सु बिराजत है जिह भाति अटा ॥
ब्रहमा जिह देखत रीझ रहै रिझवै पिखि ता धर सीस जटा ॥
इह भाति प्रभा धरि है पुरि धाम सु बात करै संग मेघ घटा ॥८१९ ॥

हरि आवत थो मग बीच चलियो रिपु को धुबीआ मग एक निहारियो ॥
जउ सु गहे तिह ते पट तउ कुपि कै न्रिप को तिह नाम उचारियो ॥
कान्रह तबै रिस कै मन मै संग अंगुलिका तिह के मुख मारिओ ॥
इउ गिर गयो धरनी पर सो पट जिउ धुबीआ पट संग प्रहारिओ ॥८२०॥

दोहरा ॥

सभ ग्वारनि सो हरि कही रिपु धुबीआ कहु कूटि ॥
बसत्र जिते न्रिप के सकल लेहु सभन को लूटि ॥८२१॥
सोरठा ॥
ब्रिज के ग्वार अजान बसत्र पहिर जानत नही ॥
बाकाता त्रीआ आनि चीर पैन्रहाए तिन तनै ॥८२२॥
राजा प्रीछत बाच सुक सो ॥

दोहरा ॥

दै बरु ता त्रीय को क्रिसन मूंड रहे निहुराइ ॥
तब सुक सो पुछ्यौ न्रिपै कहो हमै किह भाइ ॥८२३॥
सुक बाच राजा सो ॥
सवैया ॥
चतुरभुज को बरु वाहि दयो बरु पाइ सुखी रहु ताहि कहे ॥
हरि बाक के होवत पै तिन हूं अमरा पुर के फल है सु लहे ॥
बहु दै करि लजित होत बडे इम लोक ए नीति बिखै है कहे ॥
हरि जानि कि मै इह थोरो दयो तिह ते मुंडीआ निहुराइ रहे ॥८२४॥

अथ बागवान को उधार ॥

दोहरा ॥

बध कै धोबी कौ क्रिसन करि ता त्रीय को काम ॥
रथ धवाइ तब ही चले न्रिप के सामुहि धाम ॥८२५॥
सवैया ॥
आगे ते स्याम मिलियो बागवान सु हार गरे हरि के तिनि डारियो ॥
पाइ परियो हरि के बहु बारन भोजन धाम लिजाइ जिवारियो ॥
ता को प्रसंनि कै मागत भयो बरु साध की संगति को जीय धारियो ॥
जान लई जीय की घन स्याम तबै बरु वा उह भाति उचारियो ॥८२६॥

दोहरा ॥

बरु जब माली कउ दयो रीझि मनै घन स्याम ॥
फिरि पुर हाटन पै गए करन कूबरी काम ॥८२७॥
इति बागवान को उधार कीआ ॥

अथ कुबजा को उधार करनं ॥

सवैया ॥
हरि आवत अग्र मिली कुबिजा हरि को तिनि सुंदर रूप निहारियो ॥
गंध लए न्रिप लावन को सु लगाऊ हउ या मन बीच बिचारियो ॥
प्रीति लखी हरि संग लगी हमरे तब ही इह भाति उचारियो ॥
ल्यावहु लावहु री हम को कबि नै जसु ता छबि को इम सारियो ॥८२८॥
जदुराइ को आइसु मान त्रीया न्रिप को इह चंदन देह लगायो ॥
स्याम को रूपु निहारत ही कबि स्याम मनै अति ही सुखु पायो ॥

जा को न अंत लखियो ब्रहमा करि कै मनि प्रेम कई दिन गायो ॥
भाग बडो इह मालिन के हरि के तन को जिनि हाथ छुहायो ॥८२९॥
हरि एक धरियो पग पाइन पै अरु हाथ सो हाथ गहियो कुबजा को ॥
सीधी करी कुबरी ते सोऊ इतनो बलु है जग मै कहु का को ॥
जाहि मरियो बक बीर अबै करि है बध सो पति पै मथुरा को ॥
भाग बडे इह के जिह को उपचार करियो हरि बैद ह्वै ता को ॥८३०॥
प्रति उतर बाच ॥
सवैया ॥
प्रभ धामि अबै चलीयै हमरे इह भात कहियो कुबजा हरि सो ॥
अति ही मुखु देख कै रीझ रही सु कहियो न्रिप के बिन ही डर सो ॥
हरि जान्यो कि मो मै रही बस ह्वै इह भाति कहियो तिह सो छर सो ॥
करिहौ तुमरो सु मनोरथ पूरन कंस को कै बध हउ बर सो ॥८३१॥
कुबजा को सुवार कै काज तबै पुनि देखन के रस मै अनुरागियो ॥
धाइ गयो तिह ठउर बिखै धनु सुंदर को सो देखन लागियो ॥
भ्रितन के करते सु मनै हरि के मन मै अति ही कुपि जागियो ॥
गाड़ी कसीस दई धन को द्रिड़ कै जिह ते न्रिप को धनु भागियो ॥८३२॥
गाड़ी कसीस दई कुपि कै रुपि ठाढ भयो तिह ठउर बिखै ॥
बर सिंघ मनो द्रिग काढ कै ठाढो है पेखै जोऊ गिरै भूमि बिखै ॥
देखत ही डरपियो मघवा डरपियो ब्रहमा जोऊ लेख लिखै ॥
धनु के टुकरे संग जोधन मारत स्याम कहै अति ही सु तिखै ॥८३३॥
कबियो बाच दोहरा ॥
धनुख तेज मै बरनिओ क्रिसन कथा के काज ॥
अति ही चूक मो ते भई छिमीयै सो महाराज ॥८३४॥
सवैया ॥
धनु को टुकरा करि लै हरि जी बर बीरन को सोऊ मारन लागियो ॥
धाइ परे न्रिप बीर तबै तिन के मन मै अति ही कुपि जागियो ॥
फेरि लगियो तिन को हरि मारन जुधह के रस मो अनुरागियो ॥
सोर भयो अति ठउर तहा सुन कै जिह को सिव जू उठि भागियो ॥८३५॥

कबितु ॥

तीनो लोक पति अति जुधु करि कोपि भरे तऊने ठउर जहा बरबीर अति स्वै रहे ॥
ऐसे बीर गिरे जैसे बाढी के कटे ते रूख गिरे बिसंभारु असि हाथन नही गहे ॥
अति ही तरंगनी उठी है तहा जोधन तै सीस सम बटे असि नक्र भाति ह्वै बहे ॥
गोरे पै बरद चड़ि आइ थे बरद पति गोरी गउरा गोरे रुद्र राते राते ह्वै रहे ॥८३६॥
क्रोध भरे कान्रह बलभद्र जू नै कीनो रन भाग गए भट न सुभट ठाढ कुइ रहियो ॥
ऐसे झूमि परे बीर मारे धन टूकन के मानो कंस राजा जू को सारो दलु स्वै रहियो ॥
केते उठि भागे केते जुध ही को फेरि लागे सोऊ सम बन हर हरि तातो ह्वै कहियो ॥
गजन के सुंडन ते ऐसे छीटै छूटी जा ते अंबर अनूप लाल छीट छबि ह्वै रहियो ॥८३७॥

दोहरा ॥

क्रिसन हली धनु टूक सो धन दल दयो निघाइ ॥
तिन सुन कै बध स्रउनि न्रिप अउ पुनि दयो पठाइ ॥८३८॥
सवैया ॥
बीच चमूं धसि बीरन की धन टूकन सो बहु बीर संघारे ॥
भागि गए सु बचे तिन ते जोऊ फेरि लरे सोऊ फेरि ही मारे ॥
जूझि परी चतुरंग चमूं तह स्रउनत कै सु चले परनारे ॥
यौ उपजी उपमा जीय मै रन भूमि मनो तन भूखन धारे ॥८३९॥
जुध करियो अति कोप दुहूं रिपु बीर के बीर घने हनि दीने ॥
हानि बिखै जोऊ ज्वान हुते सजि आए हुते जोऊ साज नवीने ॥

सो झटि भूमि गिरे रन की तिह ठउर बिखै अति सुंदर चीने ॥
यौ उपमा उपजी जीय मै रन भूमी को मानहु भूखन दीने ॥८४०॥
धनु टूकन सो रिपु मारि घने चल कै सोऊ नंद बबा पहि आए ॥
आवत ही सभ पाइ लगे अति आनंद सो तिह कंठि लगाए ॥
गे थे कहा पुर देखन को बचना उन पै इह भाति सुनाए ॥
रैन परी ग्रिह सोइ रहे अति ही मन भीतर आनंद पाए ॥८४१॥

दोहरा ॥

सुपन पिखा इक कंस ने अतै भयानक रूप ॥
अति बिआकुल जीय होइ कै भ्रित बुलाए भूपि ॥८४२॥
कंस बाच भ्रितन सो ॥
सवैया ॥
भ्रित बुलाइ कै राजे कही इक खेलन को रंग भूमि बनावहु ॥
गोपन को इकठा रखीए हमरे सब ही दल को सु बुलावहु ॥
कारज सीघ्र करो सु इहै हमरे इक पै गन कउ तिसिटावहु ॥
खेल बिखै तुम मलन ठाढि कै आप सबै कसि कै कटि आवहु ॥८४३॥
भ्रित सभै न्रिप की बतीया सुन कै उठ कै सोऊ कारज कीनो ॥
ठाढि कीयो गज पउर बिखै सु रचियो रंग भूमि को ठउर नवीनो ॥
मल जहा रिपु बीर घने पिखिए रिपु आवत जाहि पसीनो ॥
ऐसी बनाइ कै ठउर सोऊ हरि के ग्रिह मानस भेजि सु दीनो ॥८४४॥
न्रिप सेवक लै इन संग चलियो चलि कै न्रिप कंस के पउर पै आयो ॥
ऐ कै कहियो न्रिप को घरु है तिह ते सभ ग्वारन सीस झुकायो ॥
आगे पिखियो गज मत महा कहियो दूर करो गजवान रिसायो ॥
धाइ परियो हरि ऊपरि यौ मनो पुन के ऊपरि पाप सिधायो ॥८४५॥
कोप भरे गज मत महा भर सुंडि लए भट सुंदर दोऊ ॥
सो तब ही घन सो गरजियो जिह की सम उपम अउर न कोऊ ॥
पेट तरे तिह के पसरे कबि स्याम कहै बधीया अरि जोऊ ॥
यौ उपजी उपमा जीय मै अपने रिपु सो मनो खेलत दोऊ ॥८४६॥
तब कोपु करियो मन मै हरि जू तिह को तब दात उखारि लयो है ॥
एक दई गज सूंड बिखै कुपि दूसर सीस के बीच दयो है ॥
चोट लगी सिर बीच घनी धरनी पर सो मुरझाइ पयो है ॥
सो मरि गयो रिपु के बध को मथुरा हूं को आगम आज भयो है ॥८४७॥

◀ इति स्री दसम सिकंधे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे गज बधहि धयाइ समापतम ॥

अथ चंडूर मुसट जुध ॥

सवैया ॥
कंधि धरियो गज दात उखार कै बीच गए रंग भूमि के दोऊ ॥
बीरन बीर बडो ई पिखियो बलवान लखियो इन मलन सोऊ ॥
साधन देखि लखियो करता जग या सम दूसर अउर न कोऊ ॥
तात लखियो कर कै लरका न्रिप कंस लखियो मन मै घरि खोऊ ॥८४८॥
तउ न्रिप बैठि सभा हूं के भीतर मलन सो जदुराइ लरायो ॥
मुसट के साथ लरियो मुसली सु चंडूर सो स्याम जू जुधु मचायो ॥
भूमि परे रन की गिर सो हर जू मन भीतर कोपु बढायो ॥
एक लगी न तहा घटिका धरनी पर ता कहु मारि गिरायो ॥८४९॥

◀ इति स्री दसम सिकंधे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे चंडूर मुसट मल बधहि धयाइ समापतम ॥

अथ कंस बध कथनं ॥

सवैया ॥
मारि लए रिपु बीर दोऊ न्रिप तउ मन भीतरि क्रोध भरियो ॥
इन को भट मारहु खेत अबै इह भाति कहियो अरु सोर करियो ॥
जदुराइ भरथू तब पान लगो अपने मन मै नही नैकु डरियो ॥
जोऊ आइ परियो हर पै कुपि कै हरि था पर सो सोऊ मारि डरियो ॥८५०॥
हरि कूदि तबै रंग भूमहि ते न्रिप थो सु जहा तह ही पगु धारियो ॥
कंस लई करि ढालि संभार कै कोप भरियो असि खैच निकारियो ॥
दउरि दई तिह के तन पै हरि फाधि गए अति दाव संभारियो ॥
केसन ते गहि कै रिपु को धरनी पर कै बल ताहिं पछारियो ॥८५१॥
गहि केसन ते पटकियो धर सो गह गोडन ते तब घीस दयो ॥
न्रिप मारि हुलास बढियो जीय मै अति ही पुर भीतर सोर पयो ॥
कबि स्याम प्रताप पिखो हरि को जिनि साधन राख कै सत्र छयो ॥
कटि बंधन तात दए मन के सभ ही जग मै जस वाहि लयो ॥८५२॥
रिपु को बध कै तब ही हरि जू बिसरात के घाट कै ऊपरि आयो ॥
कंस के बीर बली जु हुते तिन देखत स्याम को कोपु बढायो ॥
सो न गयो तिन पास छमियो हरि के संगि आइ कै जुध मचायो ॥
स्याम संभारि तबै बल को तिन को धरनी पर मारि गिरायो ॥८५३॥
गज सो अति ही कुपि जुध करियो तिह ते डरि कै नही पैग टरे ॥
दोऊ मल मरे रंगि भूमि बिखै कबि स्याम तहा पहरे कु लरे ॥
न्रिप राज को मार गए जमुना तटि बीर भिरे सोऊ आनि मरे ॥
रखि साधन सत्र संघार दए नभि ते तिह ऊपरि फूल परे ॥८५४॥

◄ *इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे न्रिप कंस बधहि धिआइ समापतम ॥*

अथ कंस बधू कान्रह जू पहि आवत भई ॥

सवैया ॥
राज सुता दुखु मानि मनै तजि धामन को हरि जू पहि आई ॥
आइ कै सो घिघिआत भई हरि पै दुख की सभ बात सुनाई ॥
डारि दयो सिर ऊपर को पट पै तिह भीतर छार मिलाई ॥
कंठि लगाइ रही भरता हरि जू तिह देखत ग्रीव निवाई ॥८५५॥
रिपु करम करे तब ही हरि जी फिर कै सोऊ मात पिता पहि आए ॥
तात न मात भए बसि मोह के पुत्र दुहून को सीस निवाए ॥
ब्रहम लखियो तिन को करि कै हरि जी तिन कै मन मोह बढाए ॥
कै बिनती अति भाति के भाव कै बंधन पाइन ते छुटवाए ॥८५६॥
इति स्री दसम सिकंधे पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे कंस के करम करि तात मात को छुरावत भए ॥
कान्रह जू बाच नंद प्रति ॥
सवैया ॥
चलि आइ कै सो फिरि नंद के धामि किधौ तिन सो बिनती अति कीनी ॥
हउ बसुदेवहि को सुत हो इह भाति कहियो तिन मान कै लीनी ॥
जाहु कहियो तुम धामन को बतीया सुनि मोह प्रजा ब्रिज भीनी ॥
नंद कहियो सु कहियो ब्रिज की बिनु कान्रह भई सु पुरी सभ हीनी ॥८५७॥
सीस झुकाइ गयो ब्रिज को अति ही मन भीतर सोक भयो है ॥
जिउ कोऊ तात मरै पछुतात है प्यारो कोऊ मनो भ्रात छयो है ॥
पै जिम राज बडे रिपुराज की पैरन मै पति खोइ गयो है ॥
यौ उपजी उपमा बसुदे ठगि स्याम मनो धन लूटि लयो है ॥८५८॥
नंद बाच पुर जन सो ॥

दोहरा ॥

नंद आइ ब्रिज पुर बिखै कही क्रिसन की बात ॥
सुनत सोक कीनो सबै रोदन कीनो मात ॥८५९॥
जसुधा बाच ॥
सवैया ॥
बचियो जिनि तात बडे अहि ते जिन हूं बक बीर बली हनि दईया ॥
जाहि मरियो अघ नाम महा रिपु पै पिअरवा मुसलीधर भईआ ॥
जो तपस्या करि कै प्रभ ते कबि स्याम कहै परि पाइन लईया ॥
सो पुर बासन छीन लयो हम ते सुनीये सखी पूत कन्नहईआ ॥८६०॥
सभ ग्वारनीआ बिरलापु ॥
सवैया ॥
सुनि कै इह बात सभै मिलि ग्वारनि पै मिलि कै तिन सोक सु कीनो ॥
आनंद दूरि करियो मन ते हरि ध्यान बिखै तिनहूं मन दीनो ॥
धरनी पर सो मुरझाइ गिरी सु परियो तिन के तन ते सु पसीनो ॥
हाहुक लैन लगी सभि ही सु भयो सुख ते तिन को तन हीनो ॥८६१॥
अति आतुर ह्वै हरि प्रीतहि सो कबि स्याम कहै हरि के गुन गावै ॥
सोरठि सुध मलार बिलावल सारंग भीतर तान बसावै ॥
धिआन धरै तिह ते जीय मै तिह ध्यानहि ते अति ही दुखु पावै ॥
यौ मुरझावत है मुख ता ससि जिउ पिखि कंज मनो मुरझावै ॥८६२॥
पुर बासनि संगि रचे हरि जू हमहूं मन ते जदुराइ बिसारी ॥
त्यागि गए हम को इह ठउर हम ऊपर ते अति प्रीति सु टारी ॥
पै कहि कै न कछु पठियो तिह त्रीयन के बसि भै गिरधारी ॥
एक गिरी कहूं ऐसे धरा इक कूकत है सु हहा री हहा री ॥८६३॥
इह भाति सो ग्वारनि बोलत है जीय मै अति मानि उदासी ॥
सोक बढियो तिन के जीय मै हरि डारि गए हित की तिन फासी ॥
अउ रिस मानि कहै मुख ते जदुराइ न मानत लोगन हासी ॥
त्यागि हमै सु गए ब्रिज मै पुर बासिन संगि फसे ब्रिज बासी ॥८६४॥
रोदन कै सभ ग्वारनीया मिलि ऐसे कहियो अति होइ बिचारी ॥
त्यागि ब्रिजै मथुरा मै गए तजि नेह अनेह की बात बिचारी ॥
एक गिरै धरि यौ कहि कै इक ऐसे संभारि कहै ब्रिजनारी ॥
री सजनी सुनीयो बतीया ब्रिज नारि सभै ब्रिजनाथि बिसारी ॥८६५॥
आखनि आगहि ठाढि लगै सखी देत नही कि हेत दिखाई ॥
जा संगि केल करे बन मै तिह ते अति ही जीय मै दुचिताई ॥
हेतु तजियो ब्रिज बासन सो न संदेस पठियो जीय कै सु ढिठाई ॥
ताही की ओरि निहारत है पिखीयै नही स्याम हहा मोरी माई ॥८६६॥
बारहमाह ॥
सवैया ॥
फागुन मै सखी डारि गुलाल सभै हरि सिउ बन बीच रमै ॥
पिचकारन लै करि गावति गीत सभै मिलि ग्वारनि तउन समै ॥
अति सुंदर कुंज गलीन के बीच किधौ मन के करि दूर गमै ॥
अरु त्यागि तमै सभ धामन की इह सुंदरि स्याम की मानि तमै ॥८६७॥
फूलि सी ग्वारनि फूलि रही पट रंगन के फुनि फूल लीए ॥
इक स्याम सीगार सु गावत है पुनि कोकिलका सम होत जीए ॥
रितु नामहि स्याम भयो सजनी तिह ते सभ छाज सु साज दीए ॥
पिखि जा चतुरानन चउकि रहै जिह देखत होत हुलास हीए ॥८६८॥
एक समै रहै किंसुक फूलि सखी तह पउन बहै सुखदाई ॥
भउर गुंजारत है इत ते उत ते मुरली नंद लाल बजाई ॥
रीझि रहियो सुनि कै सुर मंडल ता छबि को बरनियो नही जाई ॥
तउन समै सुखदाइक थी रितु अउसर याहि भई दुखदाई ॥८६९॥

जेठ समै सखी तीर नदी हम खेलत चिति हुलास बढाई ॥
चंदन सो तन लीप सभै सु गुलाबहि सो धरनी छिरकाई ॥
लाइ सुगंध भली कपरियो पर ता की प्रभा बरनी नही जाई ॥
तउन समै सुखदाइक थी इह अउसर स्याम बिना दुखदाई ॥८७०॥
पउन प्रचंड चलै जिह अउसर अउर बघूलन धूरि उडाई ॥
धूप लगै जिह मास बुरी सु लगै सुखदाइक सीतल जाई ॥
स्याम के संग सभै हम खेलत सीतल पाटक काबि छटाई ॥
तउन समै सुखदाइक थी रितु अउसर याहि भई दुखदाई ॥८७१॥
जोरि घटा घट आए जहा सखी बूंदन मेघ भली छबि पाई ॥
बोलत चात्रिक दादर अउ घन मोरन पै घनघोर लगाई ॥
ताहि समै हम कानर के संगि खेलत थी अति प्रेम बढाई ॥
तउन समै सुखदाइक थी रितु अउसर याहि भई दुखदाई ॥८७२॥
मेघ परै कबहूं उघरै सखी छाइ लगै द्रुम की सुखदाई ॥
स्याम के संगि फिरै सजनी रंग फूलन के हम बसत्र बनाई ॥
खेलत क्रीड़ करै रस की इह अउसर कउ बरनियो नही जाई ॥
स्याम सनै सुखदाइक थी रित स्याम बिना अति भी दुखदाई ॥८७३॥
मास असू हम कानर के संगि खेलत चिति हुलास बढाई ॥
कान्रह तहा पुनि गावत थो अति सुंदर रागन तान बसाई ॥
गावत थी हम हूं संग ताही के ता छबि को बरनियो नही जाई ॥
ता संग मै सुखदाइक थी रितु स्याम बिना अब भी दुखदाई ॥८७४॥
कातिक की सखी रासि बिखै रति खेलत थी हरि सो चितु लाई ॥
सेतहि ग्वारनि के पट छाजत सेत नदी तह धार बहाई ॥
भूखन सेतहि गोपनि के अरु मोतिन हार भली छबि पाई ॥
तउन समै सुखदाइक थी रितु अउसर याहि भई दुखदाई ॥८७५॥
मघ्र समै सब स्याम के संगि हुइ खेलत थी मनि आनंद पाई ॥
सीत लगै तब दूर करै हम स्याम के अंग सो अंग मिलाई ॥
फूल चंबेली के फूलि रहे जहि नीर घटियो जमना जीअ आई ॥
तउन समै सुखदाइक थी रितु अउसर याहि भई दुखदाई ॥८७६॥
बीच सरद रितु के सजनी हम खेलत स्याम सो प्रीति लगाई ॥
आनंद कै अति ही मन मै तज कै सभ ही जीय की दुचिताई ॥
नारि सभै ब्रिज कीन बिखै मन की तजि कै सभ संक कन्रहाई ॥
ता संग सो सुखदाइक थी रितु स्याम बिना अब भी दुखदाई ॥८७७॥
माघ बिखै मिल कै हरि सो हम सो रस रास की खेल मचाई ॥
कान्रह बजावत थो मुरली तिह अउसर को बरनियो नहि जाई ॥
फूलि रहे तहि फूल भले पिखियो जिह रीझि रहै सुरराई ॥
तउन समै सुखदाइक थी रितु स्याम बिना अब भी दुखदाई ॥८७८॥
स्याम चितारि सभै तह ग्वारनि स्याम कहै जु हुती बडभागी ॥
त्याग दई सुधि अउर सभै हरि बातन के रस भीतर पागी ॥
एक गिरी धरि ह्वै बिसुधी इक पै करुना ही बिखै अनुरागी ॥
कै सुधि स्याम के खेलन की मिल कै सभ ग्वारनि रोवन लागी ॥८७९॥
इति गोपीअन को ब्रिलाप पूरनं ॥

अथ कान्रह जू मंत्र गाइत्री सीखन समै ॥

सवैया ॥
उत ते इह ग्वारनि की भी दसा इत कान्रह कथा भई ताहि सुनाऊ ॥
लीप कै भूमहि गोबर सो कबि स्याम कहै सभ पुरोहित गाऊ ॥
कान्रह बैठाइ कै स्याम कहै कबि पै गरगै सु पवित्रहि ठाऊ ॥
मंत्र गाइत्री को ताहि दयो जोऊ है भुगीआ धरनीधर नाऊ ॥८८०॥
डारि जनेऊ सु स्यामि गरै फिर कै तिह मंत्र सु स्रउन मै दीनो ॥

सो सुनि कै हरि पाइ परियो गरगै बहु भातन को धन दीनो ॥
अस बडै गजराज औ उसट दए पट सुंदर साज नवीनो ॥
लाल पने अरु सबज मनी तिह पाइ पुरोहित आनंद कीनो ॥८८१॥
मंत्र पुरोहित दै हरि को धनु लै बहुत मन मै सुखु पायो ॥
तिआगि सबै दुख को तब ही अति ही मन आनंद बीच बढायो ॥
सो धन पाइ तहा ते चलियो चलि कै अपुने ग्रिह भीतर आयो ॥
सो सुनि मित्र प्रसंनि भए ग्रिह ते सभ दारिद दूर परायो ॥८८२॥

◀ *इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे स्री क्रिसनि जू को गाइत्री मंत्र सिखाइ जग्रयोपवीत गरे डारा धिआइ समापतम सतु सुभम सतु ॥*

अथ उग्रसैन को राज दीबो ॥

सवैया ॥
मंत्र पुरोहित ते हरि लै अपुने रिपु को फिरि तात छडायो ॥
छूटत सो हरि रूपु निहार कै आइ कै पाइन सीस झुकायो ॥
राजु कहियो हरि को तुम लेहु जू सो न्रिप कै जदुराइ बैठायो ॥
आनंद भयो जग मै जसु भयो हरि संतन को दुखु दूरि परायो ॥८८३॥
कान्रह जबै रिपु को बध कै रिपु तात को राजु किधो फिरि दीनो ॥
देत उदार सु जिउ दमरी तिह को इम कै फुनि रंच न लीनो ॥
मार कै सत्र अभेख करे सु दीयो सभ संतन के सुख जी नो ॥
असत्रनि की बिधि सीखन को कबि स्याम हली मुसली मन कीनो ॥८८४॥

◀ *इति राजा उग्रसैन को राज दीबो धिआइ संपूरनं ॥*

अथ धनुख बिदिआ सीखन संदीपन पै चले ॥

सवैया ॥
आइस पाइ पिता ते दोऊ धनु सीखन की बिधि काज चले ॥
जिन के मुखि की सम चंद्र प्रभा जोऊ बीरन ते बरबीर भले ॥
गुर पासि संदीपन के तब ही दिन थोरनि मै भए जाइ खले ॥
जिनहूं कुपि कै मुर नाम मरयो जिन हूं छल सो बलि राज छले ॥८८५॥
चउसठ दिवस मै स्याम कहै सभ ही तिह ते बिधि सीख सु लीनी ॥
पैसठवे दिन प्रापत भे गुर सो उठ कै बिनती इह कीनी ॥
तउ गुर पूछि किधौ त्रीय ते सुत हूं की सु बात पै मागि कै लीनी ॥
सो सुनि स्रउनन बीच दुहूं जोऊ वाहि कही तिह को सोई दीनी ॥८८६॥
बीर बडे रथि बैठि दोऊ चलि कै तटि सो नदीआ पति आए ॥
ताही को रूपु निहारत ही बचना तिनि सीस झुकाइ सुनाए ॥
एक बली इह बीच रहै नही जानत है तिन हूं कि चुराए ॥
सो सुनि बीच धसे जल के करि कोप दुहूं मिलि संख बजाए ॥८८७॥
बीच धसे जल के जब ही इक रूप भयानक दैत निहारियो ॥
देखत ही तिह कोप भरे गहि आयुध पानि घनो रन पारियो ॥
जुध भयो दिन बीस तहा तिह को जसु पै कबि स्याम उचारियो ॥
जिउ म्रिगराज मरै म्रिग को तिम सो कुपि कै जदुबीरि पछारियो ॥८८८॥
इति दैत बधह ॥
सवैया ॥
मार कै राकस को तब ही तिह के उर ते हरि संख निकारियो ॥
बेदन की जिह ते धुनि होवत काढि लीयो सोऊ जो रिपु मारियो ॥

तउ हरि जू मन आनंद कै सुत सूरज के पुर मो पग धारियो ॥
सो लख कै हरि पाइ परियो मन को सभ सोक बिदा करि डारियो ॥८८९॥
सूरज के सुत मंडल मै जदु नंदन टेरि कहियो मुख सों ॥
मो गुर को सुत हिया न कहूं इह भाति कहियो सु किधौ जम सों ॥
जम ऐसे कहियो न फिरै जम लोक ते देवन के फुनि आइस सों ॥
तब ही हरि देहु कहियो करि फेरि न पंडत बामन को सुत सों ॥८९०॥
जमु आइस पाइ किधौ हरि ते हरि के सोऊ पाइन आनि लगायो ॥
लै तिन को जदुराइ चलियो अति ही अपने मन मै सुखु पायो ॥
ल्याइ कै ताही कौ पै संग कै गुरु पाइन ऊपर सीस झुकायो ॥
होइ बिदा तब ही गुर ते कबि स्याम कहै अपुने पुरि आयो ॥८९१॥

दोहरा ॥

मिले आइ कै कुटंब के अति ही हरख बढाइ ॥
सुख तिह को प्रापति भयो चितवन गई पराइ ॥८९२॥

◀ *इति ससत्र बिदिआ सीख कै संदीपन को पुत्र आनि दे करि बिदा होइ ग्रिह को आवत भए धिआइ समापतं ॥*

अथ ऊधो ब्रिज भेजा ॥

सवैया ॥
सोवत ही इह चिंत करी ब्रिज बासन सिउ इह कारज कईयै ॥
प्रात भए ते बुलाइ कै ऊधव भेज कहियो तिह ठउरहि दईयै ॥
ग्वारनि जाइ संतोख करै सु संतोख करै हमरी धरम मईयै ॥
या ते न बात भली कछु अउर है मोहि बिबेकहि को झगरईयै ॥८९३॥
प्रात भए ते बुलाइ कै ऊधव पै ब्रिज भूमहि भेज दयो है ॥
सो चलि नंद के धाम गयो बतीया कहि सोक असोक भयो है ॥
नंद कहियो संगि ऊधव के कबहूं हरि जी मुहि चित कयो है ॥
यौ कहि कै सुधि स्यामहि कै धरनी पर सो मुरझाइ पयो है ॥८९४॥
जब नंद परियो गिर भूमि बिखै तब याहि कहियो जदुबीर अए ॥
सुनि कै बतीया उठि ठाढ भयो मन के सभ सोक पराइ गए ॥
उठ कै सुधि सो इह भाति कहियो हम जानत ऊधव पेच कए ॥
तज कै ब्रिज को पुर बीच गए फिरि कै ब्रिज मै नही स्याम अए ॥८९५॥
स्याम गए तजि कै ब्रिज को ब्रिज लोगन को अति ही दुखु दीनो ॥
ऊधव बात सुनो हमरी तिह कै बिनु भयो हमरो पुर हीनो ॥
दै बिधि नै हमरे ग्रिह बालक पाप बिना हम ते फिरि छीनो ॥
यौ कहि सीस झुकाइ रहियो बहु सोक बढियो अति रोदन कीनो ॥८९६॥
कहि कै इह बात परियो धरि पै उठि फेरि कहियो संग ऊधव इउ ॥
तजि कै ब्रिज स्याम गए मथुरा हम संग कहो कब कारनि किउ ॥
तुमरे अब पाइ लगो उठ कै सु भई बिरथा सु कहो सभ जिउ ॥
तिह ते नही लेत कछू सुधि है मुहि पापि पछानि कछू रिस सिउ ॥८९७॥
सुनि कै तिन ऊधव यौ बतीया इह भातनि सिउ तिह उतर दीनो ॥
थो सुत सो बसुदेवहि को तुम ते सभ पै प्रभ जू नही छीनो ॥
सुनि कै पुरि को पति यौ बतीया कबि स्याम उसास कहै तिन लीनो ॥
धीर गयो छुटि रोवत भयो इन हूं तिह देखत रोदन कीनो ॥८९८॥
हठि ऊधव कै इह भाति कहियो पुर के पति सो कछु सोक न कीजै ॥
स्याम कही मुहि जो बतीया तिह की बिरथा सभ ही सुनि लीजै ॥
जा की कथा सुनि होत खुसी मन देखत ही जिस को मुख जीजै ॥
वाहि कहियो नहि चिंत करो न कछू इह ते तुमरो फुनि छीजै ॥८९९॥
सुनि कै इम ऊधव ते बतीया फिरि ऊधव को सोऊ पूछन लागियो ॥

कान्रह कथा सुनि चित के बीच हुलास बढिओ सभ ही दुख भागियो ॥
अउर दई सभ छोरि कथा हरि बात सुनैबे बिखै अनुरागियो ॥
ध्यान लगावत जिउ जुगीया इह तिउ हरि ध्यान के भीतर पागियो ॥९०० ॥
यौ कहि ऊधव जात भयो ब्रिज मै जह ग्वारनि की सुधि पाई ॥
मानहु सोक को धाम हुतो द्रुम ठउर रहे सु तहा मुरझाई ॥
मोन रही ग्रिह बैठि त्रीया मनो यौ उपजी इह ते दुचिताई ॥
स्याम सुने ते प्रसंन्य भई नहि आइ सुने फिरि भी दुखदाई ॥९०१ ॥
ऊधव बाच ॥
सवैया ॥
ऊधव ग्वारनि सो इह भाति कहियो हरि की बतीया सुनि लीजै ॥
मारग जाहि कहियो चलीयै जोऊ काज कहियो सोऊ कारज कीजै ॥
जोगिन फारि सभै पट होवहु यौ तुम सो कहियो सोऊ करीजै ॥
ताही की ओरि रहो लिव लाइ री या ते कछू तुमरो नही खीजै ॥९०२ ॥
ग्वारनि बाच ॥
सवैया ॥
सुनि ऊधव ते बिधि या बतीया तिन ऊधव को इम उतरु दीनो ॥
जा सुनि ब्रयोग हुलास घटै जिह को सुनिए दुख होवत जी नो ॥
त्यागि गए तुम हो हम को हमरो तुमरे रस मै मनु भीनो ॥
यौ कहियो ता संग यौ कहीयो हरि जू तुहि प्रेम बिदा करि दीनो ॥९०३ ॥
फिर कै संगि ऊधव के ब्रिज भामनि स्याम कहै इह भाति उचारियो ॥
त्यागि गए न लई सुधि है रस सो हमरो मनूआ तुम जारियो ॥
इउ कहि कै पुनि ऐसे कहियो तिह को सु किधौ कबि यौ जसु सारियो ॥
ऊधव स्याम सो यौ कहीयो हरि जू तुहि प्रेम बिदा करि डारियो ॥९०४ ॥
फेरि कहियो इम ऊधव सो जब ही सभ ही हरि के रस भीनी ॥
जो तिन सो कहियो ऊधव इउ तिन ऊधव सो बिनती इह कीनी ॥
कंचन सो जिन को तन थो जोऊ हान बिखै हुती ग्वारि नवीनी ॥
ऊधव जू हम को तजि कै तुमरे बिनु स्याम कछू सुधि लीनी ॥९०५ ॥
एक कहै अति आतुर ह्वै इक कोपि कहै जिन ते हित भागियो ॥
ऊधव जू जिह देखन को हमरो मनूआ अति ही अनुरागियो ॥
सो हम को तजि गयो पुर मै पुर बासिन के रस भीतर पागियो ॥
जउ हरि जू ब्रिज नारि तजी ब्रिज नारिन भी ब्रिजनाथ तिआगियो ॥९०६ ॥
एकन यौ कहियो स्याम तजियो इक ऐसे कहै हम काम करैगी ॥
भेख जिते कहियो जोगिन के तितने हम आपने अंगि डरैगी ॥
एक कहै हम जै है तहा इक ऐसे कहै गुनि ही उचरैगी ॥
एक कहै हम खै मरि है बिख इक यौ कहै ध्यान ही बीच मरैगी ॥९०७ ॥
ऊधव बाच गोपिन सो ॥
सवैया ॥
पिखि ग्वारनि की इह भाति दसा बिसमै हुइ ऊधव यौ उचरो ॥
हम जानत है तुमरी हरि सो बलि प्रीति घनी इह काम करो ॥
जोऊ स्याम पठियो तुम पै हम को इह रावल भेखन अंगि धरो ॥
तजि कै ग्रिह के पुनि काज सभै सखी मोरे ही ध्यान के बीच अरो ॥९०८ ॥
गोपिन बाच ऊधव सो ॥
सवैया ॥
एक समै ब्रिज कुंजन मै मुहि कानन स्याम तटंक धराए ॥
कंचन के बहु मोल जरे नग ब्रहम सकै उपमा न गनाए ॥
बज्र लगे जिन बीच छटा चमकै चहूं ओरि धरा छबि पाए ॥
तउन समै हरि वै दए ऊधव दै अब रावल भेख पठाए ॥९०९ ॥
एक कहै हम जोगनि ह्वै है कहै इक स्याम कहियो ही करैगी ॥
डारि बिभूति सभै तन पै बटूआ चिपीआ कर बीच धरैगी ॥
एक कहै हम जाहि तहा इक यौ कहै ग्वारनि खाइ मरैगी ॥

एक कहै बिरहागनि को उपजाइ कै ताही के संग जरैंगी ॥९११० ॥

राधे बाच ऊधव सो ॥

सवैया ॥

प्रेम छकी अपने मुख ते इह भाति कहियो ब्रिखभानु की जाई ॥
स्याम गए मथुरा तजि कै ब्रिज को अब धो हमरी गति काई ॥
देखत ही पुर की त्रीय को सु छके तिन के रस मै जीय आई ॥
कान्रह लयो कुबजा बसि कै टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९११ ॥
सेज बनी संगि फूलन सुंदर चादनी राति भली छबि पाई ॥
सेत बहे जमुना पट है सित मोतिन हार गरै छबि छाई ॥
मैन चड़ियो सर लै बर कै बधबो हम को बिनु जानि कन्नहाई ॥
सोऊ लयो कुबिजा बस कै टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९१२ ॥
राति बनी घन की अति सुंदर स्याम सीगार भली छबि पाई ॥
स्याम बहै जमुना तरए इह जा बिनु को नही स्याम सहाई ॥
स्यामहि मैन लगियो दुख देवन ऐसे कहियो ब्रिखभानहि जाई ॥
स्याम लयो कुबिजा बसि कै टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९१३ ॥
फूलि रहे सिगरे ब्रिज के तरु फूल लता तिन सो लपटाई ॥
फूलि रहे सरि सारस सुंदर सोभ समूह बढी अधिकाई ॥
चेत चड़ियो सुक सुंदर कोकिलका जुत कंत बिना न सुहाई ॥
दासी के संगि रहियो गहि हो टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९१४ ॥
बास सुबास अकास मिली अरु बासत भूमि महा छबि पाई ॥
सीतल मंद सुगंधि समीर बहै मकरंद निसंक मिलाई ॥
पैर पराग रही है बैसाख सभै ब्रिज लोगन की दुखदाई ॥
मालिन लैब करो रस को टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९१५ ॥
नीर समीर हुतासन के सम अउर अकास धरा तपताई ॥
पंथ न पंथी चलै कोऊओ तरु ताकि तरै तन ताप सिराई ॥
जेठ महा बलवंत भयो अति बिआकुल जीय महा रति पाई ॥
ऐसे सक्यो धसक्यो ससक्यो टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९१६ ॥
पउन प्रचंड बहै अति तापत चंचल चिति दसो दिस धाई ॥
बैस अवास रहै नर नारि बिहंगम वारि सु छाह तकाई ॥
देखि असाड़ नई रित दादुर मोरन हूं घनघोर लगाई ॥
गाढ परी बिरही जन को टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९१७ ॥
ताल भरे जल पूरन सो अरु सिंधु मिली सरिता सभ जाई ॥
तैसे घटानि छटानि मिली अति ही पपीहा पीय टेर लगाई ॥
सावन माहि लगिओ बरसावन भावन नाहि हहा घरि माई ॥
लाग रहियो पुर भामिन सो टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९१८ ॥
भादव माहि चड़ियो बिनु नाह दसो दिस माहि घटा घरहाई ॥
द्योस निसा नहि जान परै तम बिजु छटा रवि की छबि पाई ॥
मूसलधार छुटै नभि ते अवनी सगरी जल पूरनि छाई ॥
ऐसे समे तजि गयो हम को टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९१९ ॥
मास कुआर चढियो बलु धारि पुकार रही न मिले सुखदाई ॥
सेत घटा अरु राति तटा सर तुंग अटा सिमकै दरसाई ॥
नीर बिहीन फिरै नभि छीन सु देखि अधीन भयो हीयराई ॥
प्रेम तकी तिन सो बिथक्रयो टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९२० ॥
कातिक मै गुनि दीप प्रकासित तैसे अकास मै उजलताई ॥
जूप जहा तह फैल रहियो सिगरे नर नारिन खेल मचाई ॥
चित्र भए घर आंङन देखि गचे तह के अरु चित भ्रमाई ॥
आयो नही मन भायो तही टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९२१ ॥
बारिज फूलि रहे सरि पुंज सुगंध सने सरितान घटाई ॥
कुंजत कंत बिना कुलहंस कलेस बढै सुनि कै तिह माई ॥
बासुर रैनि न चैन कहूं छिन मंघर मासि अयो न कन्नहाई ॥

जात नही तिन सो मसक्रयो टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९२२॥
भूमि अकास अवास सु बासु उदासि बढी अति सीतलताई ॥
कूल दुकूल ते सूल उठै सभ तेल तमोल लगै दुखदाई ॥
पोख संतोख न होत कछू तन सोखत जिउ कुमदी मुरझाई ॥
लोभि रहियो उन प्रेम गहियो टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९२३॥
माहि मै नाह नही घरि माहि सु दाह करै रवि जोति दिखाई ॥
जानी न जात बिलातत द्रयोसन रैनि की ब्रिध भई अधिकाई ॥
कोकिल देखि कपोति सिलीमुख कूंजत ए सुनि कै डर पाई ॥
प्रीति की रीति करी उन सो टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९२४॥
फागुन फागु बढियो अनुराग सुहागनि भाग सुहाग सुहाई ॥
केसर चीर बनाइ सरीर गुलाब अंबीर गुलाल उडाई ॥
सो छबि मै न लखी जनु द्वादस मास की सोभत आगि जगाई ॥
आस को त्यागि निरास भई टसक्यो न हीयो कसक्यो न कसाई ॥९२५॥

◀ इति स्री बचित्र नाटके ग्रंथे क्रिसनावतारे ब्रिह नाटक बारहमाह संपूरनम सतु ॥

गोपिन बाच आपस मै ॥
सवैया ॥
या ही के संगि सुनो मिल कै हम कुंज गलीन मै खेल मचायो ॥
गावत भयो सोऊ ठउर तहा हम हूं मिल कै तह मंगल गायो ॥
सो ब्रिज त्यागि गयो मथुरा इन ग्वारन ते मनूआ उचटायो ॥
यौ कहि ऊधव सो तिन टेरि हहा हमरे ग्रिहि स्याम न आयो ॥९२६॥
गोपिन बाच ऊधव सो ॥
सवैया ॥
एक समै हम को सुनि ऊधव कुंजन मै फिरै संगि लीये ॥
हरि जू अति ही हित साथ घने हम पै अति ही कहियो प्रेम कीये ॥
तिन के बसि गयो हमरो मन ह्वै अति ही सुखु भयो ब्रिज नारि हीये ॥
अब सो तजि कै मथरा को गयो तिह के बिछुरे फलु कवन जीये ॥९२७॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
ग्वारनि पै जितनी फुनि ऊधव स्याम कहै हरि बात बखानी ॥
ग्यान को उतर देत भई नहि प्रेम चितार सभे उचरानी ॥
जाही के देखत भोजन खात सखी जिह के बिनु पीत न पानी ॥
ग्यान की जो इन बात कही तिन हूं हित सो करि एक न जानी ॥९२८॥
गोपिन बाच ऊधव सो ॥
सवैया ॥
मिल कै तिन ऊधव संगि कहियो हरि सो सुन ऊधव यौ कहीयो ॥
कहि कै करि ऊधव ग्यान जितो पठियो तितनो सभ ही गहीयो ॥
सभ ही इन ग्वारनि पै कबि स्याम कहियो हित आखन सो चहीयो ॥
इन को तुम तिआग गए मथुरा हमरी सुधि लेत सदा रहीयो ॥९२९॥
जब ऊधव सो इह भाति कहियो तब ऊधव को मन प्रेम भरियो है ॥
अउर गई सुधि भूल सभै मन ते सभ ग्यान हुतो सु टरियो है ॥
सो मिलि कै संगि ग्वारनि के अति प्रीति की बात के संगि ढरियो है ॥
ग्यान के डार मनो कपरे हित की सरिता हित महि कूद परियो है ॥९३०॥
यौ कहि संगि गुआरनि के जब ही सभ ग्वारनि को हित चीनो ॥
ऊधव ग्यान दयो तजि कै मन मै जब प्रेम को संग्रह कीनो ॥
होइ गयो तनमै हित सो इह भाति कहियो सु करियो ब्रिज हीनो ॥
त्यागि गए तुम को मथरा तिह ते हरि काम सखी घट कीनो ॥९३१॥
ऊधव बाच गोपिन सो ॥
सवैया ॥

जाइ कै हउ मथरा मै सखी हरि ते तुम लयैबे को दूत पठै हों ॥
बीतत जो तुम पै बिरथा सभ ही जदुराइ के पास कहै हों ॥
कै तुमरी बिनती उह पै बिधि जा रिझ है बिधि ता रिझवै हों ॥
पाइन पै कबि स्याम कहै हरि कौ ब्रिज भीतर फेरि लियै हों ॥९३२॥
यौ जब ऊधव बात कही उठि पाइन लागत भी तब सोऊ ॥
दूख घटिओ तिन के मन ते अति ही मन भीतर आनंद होऊ ॥
कै बिनती संगि ऊधव के कबि स्याम कहै बिधि या उचरोऊ ॥
स्याम सो जाइ कै यौ कहीयो करि कै कहियो प्रीति न त्यागत कोऊ ॥९३३॥
कुंज गलीन मै खेलत ही सभ ही मन ग्वारनि को हरिओ ॥
जिन के हित लोगन हास सहियो जिन के हित सत्रन सो लरिओ ॥
संगि ऊधव के कबि स्याम कहै बिनती करि कै इम उचरिओ ॥
हम त्यागि गए ब्रिज मै मथरा तिह ते तुम काम बुरो करिओ ॥९३४॥
ब्रिज बासन त्यागि गए मथुरा पुर बासिन के रस भीतर पागिओ ॥
प्रेम जितो पर ग्वारनि थो उन संगि रचे इन ते सभ भागिओ ॥
दै तुहि हाथि सुनो बतीया हम जोग के भेख पठावन लागिओ ॥
ता संगि ऊधव यौ कहीयो हरि जू तुम प्रेम सभै अब त्यागिओ ॥९३५॥
ऊधव जो तजि कै ब्रिज को चलि कै जब ही मथुरा पुरि जईयै ॥
पै अपुने चित मै हित कै हम ओर ते स्याम के पाइन पईयै ॥
कै अति ही बिनती तिह पै फिर कै इह भाति सो उतर दईयै ॥
प्रीति निबाहीयै तउ करीयै पर यौ नही काहूं सो प्रीति करईयै ॥९३६॥
ऊधव मो सुन लै बतीया जदुबीर को ध्यान जबै करि हों ॥
बिरहा तब आइ कै मोहि ग्रसै तिह के ग्रसए न जीयो मरि हों ॥
न कछू सुधि मो तन मै रहि है धरनी पर ह्वै बिसुधी झरि हों ॥
तिह ते हम को ब्रिथा कहीऐ किह भाति सो धीरज हउ धरि हों ॥९३७॥
दीन ह्वै ग्वारनि सोऊ कहै कबि स्याम जु थी अति ही अभिमानी ॥
कंचन से तन कंज मुखी जोऊ रूप बिखै रति की फुनि सानी ॥
यौ कहै ब्याकुल ह्वै बतीया कबि ने तिह की उपमा पहिचानी ॥
ऊधव ग्वारनीया सफरी सभ नाम लै स्याम को जीवत पानी ॥९३८॥
आतुर ह्वै ब्रिखभान सुता संगि ऊधव के सु कहियो इम बैना ॥
भूखन भोजन धाम जितो हम के जदुबीर बिना सु रुचै ना ॥
यौं कहि स्याम बियोग बिखै बसि गे कबि ने जस यौ उचरैना ॥
रोवत भी अति ही दुख सो जु हुते मनो बाल के कंजन नैना ॥९३९॥
ब्रिखभान सुता अति प्रेम छकी मन मै जदुबीर को धिआन लगै कै ॥
रोवत भी अति ही दुख सो संग काजर नीर गिरियो ढर कै कै ॥
ता छबि को जसु उच महा कबि स्याम कहियो मुख ते उमगै कै ॥
चंदहि को जु कलंक हुतो मनो नैननि पैड चल्यो निचुरै कै ॥९४०॥
गहि धीरज ऊधव सो बचना ब्रिखभान सुता इह भाति उचारे ॥
नेहु तजियो ब्रिज बासन सो तिह ते कछू जानत दोख बिचारे ॥
बैठि गए रथ भीतर आप नही इन की सोऊ ओरि निहारे ॥
त्यागि गए ब्रिज को मथुरा हम जानत है घट भाग हमारे ॥९४१॥
जब जैहो कहियो मथुरा कै बिखै हरि पै हमरी बिनती इह कीजो ॥
पाइन को गहि कै रहीयो घटका दस जो मुहि नामहि लीजो ॥
ताही के पाछे ते मो बतीया सुनि लै इह भातहि सो उचरीजो ॥
जानत हो हित त्याग गए कबहूं हमरे हित के संग भीजो ॥९४२॥
ऊधव को ब्रिखभान सुता बचना इह भाति सो उचरियो है ॥
तिआग दई जब अउर कथा मन जउ संगि स्याम के प्रेम भरियो है ॥
ता संग सोऊ कहो बतीया बन मै हमरो जोऊ संगि अरियो है ॥
मै तुमरे संगि मान करियो तुम हूं हमरे संग मान करियो है ॥९४३॥
बन मै हमरो संगि केल करे मन मै अब सो जदुबीर चितारो ॥
मोरे जु संगि कही बतीया हित की सोई अपने चित निहारो ॥

ताही को ध्यान करो किह हेत तजियो ब्रिज औ मथुरा को पधारो ॥
जानत है तुमरो कछु दोस नही कछु है घट भाग हमारो ॥९४४॥
यौ सुनि उतर देत भयो ऊधव प्रीति घनी हरि की संग तेरै ॥
जानत हो अब आवत है उपजै इह चिंत कहियो मन मेरै ॥
किउ मथरा तजि आवत है जु फिरै नहि ग्वारनि के फुनि फेरै ॥
जानत है हमरे घटि भागन आवत है हरि जू फिरि डेरै ॥९४५॥
यौ कहि रोवत भी ललना अपने मन मै अति सोक बढायो ॥
झूमि गिरी प्रिथमी पर सो ह्रिदै आनंद थो तितनो बिसरायो ॥
भूल गई सुधि अउर सबै हरि के मन ध्यान बिखै तिन लायो ॥
यौ कहि ऊधव सो तिनि टेरि हहा हमरे ग्रिहि स्याम न आयो ॥९४६॥
जाही के संगि सुनो मिल कै हम कुंज गलीन मै खेल मचायो ॥
गावत भयो सोऊ ठउर तहा हमहूं मिल कै तह मंगल गायो ॥
सो ब्रिज त्यागि गए मथुरा इन ग्वारनि ते मनूआ उचटायो ॥
यौ कहि ऊधव सो तिन टेरि हहा हमरे ग्रिहि स्याम न आयो ॥९४७॥
ब्रिज त्यागि गयो मथरा को सोऊ मन ते सभ ही ब्रिजनाथि बिसारी ॥
संगि रचे पुर बासिन के कबि स्याम कहै सोऊ जानि पिआरी ॥
ऊधव जू सुनीयै बिरथा तिह ते अति ब्याकुल भी ब्रिज नारी ॥
कंचुरी जिउ अहिराज तजै तिह भाति तजी ब्रिज नार मुरारी ॥९४८॥
ऊधव के फिरि संग कहियो कबि स्याम कहै ब्रिखभान जई है ॥
जा मुख के सम चंद्र प्रभा जु तिहूं पुर मानहु रूपमई है ॥
स्याम गयो तजि कै ब्रिज को तिह ते अति ब्याकुल चित भई है ॥
जा दिन के मथुरा मै गए बिनु त्वै हमरी सुधि हूं न लई है ॥९४९॥
जा दिन के ब्रिज त्यागि गए बिन त्वै कोऊ मानस हूं न पठायो ॥
हेत जितो इन ऊपर थो कबि स्याम कहै तितनो बिसरायो ॥
आप रचे पुर बासिन सो इन को दुखु दै उन को रिझवायो ॥
ता संग जाइ को यौ कहीयो हरि जी तुमरे कहु का जीय आयो ॥९५०॥
त्यागि गए मथुरा ब्रिज कउ चलि कै फिरि आप नही ब्रिज आए ॥
संगि रचे पुरबासिन के कबि स्याम कहै मन आनंद पाए ॥
दै गयो है इन को दुख ऊधव पै मन मै न हुलास बढाए ॥
आप न थे ब्रिज मै उपजे इन सो सु भए छिन बीच पराए ॥९५१॥
त्यागि गए न लई इन की सुधि होत कछू मनि मोह तुहारे ॥
आप रचे पुर बासिन सो इन के सभ प्रेम बिदा करि डारे ॥
ता ते न मान करो फिरि आवहु जीतत भे तुम हूं हम हारे ॥
ता ते तजो मथुरा फिरि आवहु हे सभ गऊअन के रखवारे ॥९५२॥
स्याम चितार कै स्याम कहै मन मै सभ ग्वारनीया दुख पावै ॥
एक परै मुरझाइ धरा इक बियोग भरी गुन बियोग ही गावै ॥
कोऊ कहै जदुरा मुख ते सुनि स्रउनन बात तहा एऊ धावै ॥
जउ पिखवै न तहा तिन को सु कहै हम को हरि हाथि न आवै ॥९५३॥
ग्वारनि ब्याकुल चित भई हरि के नही आवन की सुधि पाई ॥
ब्याकुल होइ गई चित मै ब्रिखभान सुता मन मै मुरझाई ॥
जो बिरथा मन बीच हुती सोऊ ऊधव के तिह पास सुनाई ॥
स्याम न आवत है तिह ते अति ही दुख भयो बरनियो नही जाई ॥९५४॥
ऊधव उतर देत भयो अति बियोग मने अपने सोऊ कै है ॥
ग्वारनि के मन मधि बिखै कबि स्याम कहै जोऊ बात रुचै है ॥
थोरे ही द्रयोसन मै मिलि है जिह के उर मै न कछू भ्रम भै है ॥
जोगिन होइ जपो हरि को मुख मागहुगी तुम सो बरु दै है ॥९५५॥
उन दै इम ऊधव ग्यान चलियो चलि कै जसुधा पति पै सोऊ आयो ॥
आवत ही जसुधा जसुधा पति पाइन ऊपर सीस झुकायो ॥
स्याम ही स्याम सदा कहीयो कहि कै इह मो पहि कान्रह पठायो ॥
यौ कहि कै रथ पै चड़ कै रथ को मथुरा ही की ओरि चलायो ॥९५६॥

ऊधव बाच कान्रह जू सो ॥
सवैया ॥
आइ तबै मथुरा पुर मै बलिराम अउ स्याम के पाइ परियो ॥
कहियो जो तुम मो कहि कै पठियो तिन सो इह भाति ही सो उचरियो ॥
संग नंद के अउ उन ग्वारनि के चरचा करि ग्यान की फेरि फिरियो ॥
तुमरो मुख भानु निहारत ही तम सो दुख थो सभ दूर करियो ॥९५७॥
तुमरे पग भेटि गयो जब ही तब ही फुनि नंद के धामि गयो ॥
तिह को करि कै हरि ग्यान प्रबोध उठियो चलि ग्वारनि पास अयो ॥
तुमरो उन दुख कहियो हम पै सुनि उतर मै इह भाति दयो ॥
बलि स्यामहि स्याम सदा जपीयो सुनि नामहि प्रेम घनो बढयो ॥९५८॥
ऊधव संदेस बाच ॥
सवैया ॥
ग्वारनि मो संग ऐसे कहियो हम ओर ते स्याम के पाइन पईयै ॥
यौ कहीयो पुर बासिन को तजि कै ब्रिज बासिन को सुखु दईयै ॥
जसुधा इह भाति करी बिनती बिनती कहीयो संगि पूत कन्रह्हईयै ॥
ऊधव ता संग यौ कहीयौ बहुरो फिरि आइ कै माखन खईयै ॥९५९॥
अउर कही बिनती तुम पै सु सुनो अरु अउर न बातन डारो ॥
से कहा जसुधा तुम को हम को अति ही ब्रिजनाथ पिआरो ॥
ता ते करो न कछू गनती हमरो सु कहियो तुम प्रेम बिचारो ॥
ताही ते बेग तजो मथुरा उठ कै अब ही ब्रिज पूत पधारो ॥९६०॥
मात करी बिनती तुम पै कबि स्याम कहै जोऊ है ब्रिजरानी ॥
ताही को प्रेम घनो तुम सों हम आपने जी महि प्रीत पछानी ॥
ता ते कहिओ तजि कै मथुरा ब्रिज आवहु या बिधि बात बखानी ॥
इआने हुते तब मानत थे अब सिआने भए तब एक न मानी ॥९६१॥
ताही ते संग कहो तुमरे तजि कै मथुरा ब्रिज को अब अईयै ॥
मान कै सीख कहो हमरी तिह ठउर नही पलवा ठहरईयै ॥
यों कहि ग्वारनीया हम सो सभ ही ब्रिज बासिन को सुख दईयै ॥
सो सुध भूल गई तुम को हमरे जिह अउसर पाइन पईयै ॥९६२॥
ताही ते त्यागि रह्यो मथुरा कबि स्याम कहै ब्रिज मै फिर आवहु ॥
ग्वारनि प्रीत पछान कह्यो तिह ते तिह ठउर न ढील लगावहु ॥
यों कहि पाइन पै हमरे हम संग कह्यो सु तहा तुम जावहु ॥
जाइ कै आवहु यों कहीयो हम को सुख हो तुम हूं सुख पावहु ॥९६३॥
ता ते कहयो तजि कै मथुरा फिर कै ब्रिज बासिन को सुख दीजै ॥
आवहु फेरि कह्यो ब्रिज मै इह काम कीए तुमरो नही छीजै ॥
आइ क्रिपाल दिखावहु रूप कह्यो जिह देखत ही मन जीजै ॥
कुंज गलीन मै फेर कह्यो हमरे अधरानन को रस लीजै ॥९६४॥
स्याम कह्यो संग है तुमरे जु हुती तुम को ब्रिज बीच प्यारी ॥
कान्रह रचे पुर बासिन सों कबहूं न हीए ब्रिज नारि चितारी ॥
पंथ निहारत नैनन की कबि स्याम कहै पुतरी दोऊ हारी ॥
ऊधव स्याम सो यों कहीयो तुमरे बिन भी सभ ग्वारि बिचारी ॥९६५॥
अउर कही तुम सौ हरि जू ब्रिखभान सुता तुम को जोऊ प्यारी ॥
जा दिन ते ब्रिज त्याग गए दिन ता की नहीं हमहू है संभारी ॥
आवहु त्यागि अबै मथुरा तुमरे बिन गी अब होइ बिचारी ॥
मै तुम सिउ हरि मान कर्यो तज आवहु मान अबै हम हारी ॥९६६॥
त्याग गए हम को किह हेत ते बात कछू तुमरी न बिगारी ॥
पाइन मो पर कै सुनीयै प्रभ ए बतीया इह भाति उचारी ॥
आप रचे पुर बासिन सो मन ते सब ही ब्रिजनार बिसारी ॥
मान करियो तुम सो घट काम करियो अब स्याम हहा हम हारी ॥९६७॥
अउर करी तुम सो बिनती सोऊ स्याम कहै चित दै सुनि लीजै ॥
खेलत थी तुम सो बन मै तिह अउसर की कबहूं सुधि कीजै ॥

गावत थी तुम पै मिल कै जिह की सुर ते कछु तान न छीजै ॥
ता को कहियो तिह की सुधि कै बहुरो ब्रिज बासिन को सुख दीजै ॥९६८॥
अउर कही ब्रिखभान सुता हरि जू सोऊ बात अबै सुनि लईयै ॥
यौ कहियो त्याग तुमै मथुरा बहुरो ब्रिज कुंजन भीतर अईयै ॥
जिउ हमरे संगि खेलत थे इह भाति कहियो फिरि खेल मचईयै ॥
चाह घनी तुहि देखन की ग्रिह आइ कहियो हम को सुख दईयै ॥९६९॥
तेरे पिखे बिनु हे हरि जी किही भाति कहियो नही मो मन भीजै ॥
सूकि भई पुतरी सी कहियो कही यौ हरि सो बिनती सुन लीजै ॥
बातन मोहि न होत प्रतीति कहियो घन स्याम पिखेई प्रसीजै ॥
आनन मै सम चंद निहारि चकोर सी ग्वारनि को सुख दीजै ॥९७०॥
ऊधव चंद्रभगा को संदेस बाच ॥
सवैया ॥
यौ तुम सो कहियो चंद्रभगा हरि जू अपनो मुख चंद दिखईयै ॥
ब्याकुल होइ गई बिनु त्वै सु हहा कहियो टेरि हलीधर भईयै ॥
ताही ते आवहु न चिर लावहु मो जीय की जब ही सुन लईयै ॥
हे ब्रिजनाथ कहियो नंद लाल चकोरन ग्वारनि को सुख दईयै ॥९७१॥
हे ब्रिजनाथ कहियो ब्रिज नारि हहा नंद लाल नही चिर कीजै ॥
हे जदुरा अग्रज जसुधा सुत रछुक धेनु कहियो सुन लीजै ॥
साप के नाथ असुर बधीया अरु आवन गोकुल नाथ न छीजै ॥
कंस बिदार अबै करतार चकोरन गारनि को सुख दीजै ॥९७२॥
हे नंद नंद कहियो सुख कंद मुकंद सुनो बतीया गिरधारी ॥
गोकुल नाथ कहो बक के रिपु रूप दिखावहु मोहि मुरारी ॥
स्री ब्रिजनाथ सुनो जसुधा सुत भी बिनु त्वै ब्रिज नारि बिचारी ॥
जानत है हरि जू अपने मन ते सभ ही इह त्रीय बिसारी ॥९७३॥
कंस के मार सुनो करतार बका मुख फार कहियो सुनि लै ॥
सभ दोख निवार सुनो ब्रिजनाथ अबै इन ग्वारनि रूप दिखै ॥
घन स्याम की मूरति पेखे बिना न कछू इन के मन बीच रुचै ॥
तिह ते हरि जू तज कै मथुरा इन कै सभ सोकन को हरि दै ॥९७४॥
बिजुछटा अरु मैनप्रभा संदेस बाच ॥
स्वैया ॥
बिजुछटा अरु मैनप्रभा संग तोहि स्याम कहियो सुनि ऐसे ॥
प्रीति बढाइ इती इन सो अब त्याग गए कहु कारन कैसे ॥
आवहु स्याम न ढील लगावहु खेल करो हम सो फुनि वैसे ॥
मान करै ब्रिखभान सुता पठवो हम को तुम वा बिधि जैसे ॥९७५॥
ऊधव स्याम सो यौ कहियो तुमरो रहिबो जब स्रउन धरैंगी ॥
त्याग तबै अपुने सुख को अति ही मन भीतर सोक करैंगी ॥
जोगिन बसत्रन को धरहै कहियो बिख खाइ कै प्रान परैंगी ॥
ताही ते हे हरि जू तुम सो ब्रिखभान सुता फिरि मान करैंगी ॥९७६॥
यौ तु कही उन हूं तुम को ब्रिखभान सुता जु कहियो सुन लीजै ॥
त्याग गए हम को ब्रिज मै मनूआ तुमरो सु लखो न प्रसीजै ॥
बैठ रहे अब हो मथुरा इह भाति कहियो मनूआ जब खीजै ॥
जिउ हम को तुम पीठ दई तुम को तुमरी मन भावत दीजै ॥९७७॥
अउर कही तुम सो ब्रिजनाथ कही अब ऊधव सो सुन लईयै ॥
आप चलो तु नही कहियो नाथ बुलावन ग्वारनि दूत पठईयै ॥
जो कोऊ दूत पठो न कयो तब तो उठि आपन ही तहि जईयै ॥
नातुर ग्वारनि को द्रिड़ता हूं को स्याम कहै अब दान दिवईयै ॥९७८॥
तेरो ही ध्यान धरै हरि जू अरु तेरो ही लै करि नामु पुकारै ॥
मात पिता की न लाज करै हरि साइत स्याम ही स्याम चितारै ॥
नाम अधार ते जीवत है बिनु नाम कहियो छिन मै कसटारै ॥
या बिधि देख दसा उन की अति बीचि बढियो जीय सोक हमारै ॥९७९॥

मात पितान की संक करै नहि स्याम ही स्याम करै मुख सिउ ॥
भूमि गिरै बिधि जा मतवार परै गिर कै धरि पै सोऊ तिउ ॥
ब्रिज कुंजन ढूंढत है तुम को कबि स्याम कहै धन लोभक जिउ ॥
अब ता ते करो बिनती तुम सो पिख कै तिन को फुनि हउ दुख इउ ॥९८० ॥
आप चलो इह ते न भली जु पै आप चलो नही दूत पठीजै ॥
ता ते करो बिनती तुम सो दुह बातन ते इक बात करीजै ॥
जिउ जल के बिन मीन दसा सु दसा भई ग्वारनि की सुनि लीजै ॥
कै जल होइ उनै मिलीऐ कि उनै द्रिड़ता को कहियो बरु दीजै ॥९८१ ॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
ब्रिज बासिन हाल किधो हरि जू फुनि ऊधव ते सभ ही सुन लीनो ॥
जा की कथा सुन कै चित ते सु हुलास घटै दुख होवत जी नो ॥
स्याम कहियो मुख ते इह भाति किधौ कबि नै सु सोऊ लखि लीनो ॥
ऊधव मै उन ग्वारनि को सु कहियो द्रिड़ता को अबै बरु दीनो ॥९८२ ॥

दोहरा ॥

सत्रह सै चवताल मै सावन सुदि बुधवारि ॥
नगर पावटा मो तुमो रचियो ग्रंथ सुधारि ॥९८३ ॥
खड़ग पानि की क्रिपा ते पोथी रची बिचारि ॥
भूलि होइ जह तह सु कबि पड़िअहु सभै सुधारि ॥९८४ ॥

◀ *इति स्री दसम सिकंधे पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे गोपी ऊधव संबादे बिरह नाटक बरननं नाम धयाइ समापतम सतु सुभम सत ॥*

अथ कुबिजा ग्रिह गवन कथनं ॥

दोहरा ॥

गोपिन को पोखन करियो हरि जू क्रिपा कराइ ॥
अवर खेल खेलन लगे अति ही हरख बढाइ ॥९८५ ॥
सवैया ॥
माधव ऊधव लै अपने संगि एक समै कुबिजा ग्रिह आए ॥
ए सुनि आगे ही आए लए मन भावत देखि सभै सुख पाए ॥
लै हरि के जुग पंकज पाइन सीस ढुलाइ रही लपटाए ॥
ऐसो हुलास बढियो जीय मो जिम चात्रिक मोर घटा घहराए ॥९८६ ॥
ऊच अवास बनियो अति सुभ्रम ईगर रंग के चित्र बनाए ॥
चंदन धूप कदंब कलंबक दीपक दीप तहा दरसाए ॥
लै परजंक तहा अति सुंदर सवछ सु मउर सुगंध बिछाए ॥
दो कर जोरि प्रनाम करियो तब केसव ता पर आनि बैठाए ॥९८७ ॥

दोहरा ॥

रतन खचत पीड़ा बहुर ल्याई भगति जनाइ ॥
ऊधव जी सो यौ कहियो बैठहु या पर आइ ॥९८८ ॥
सवैया ॥
ऊधव जी कुबजा सो कहै निजु प्रीति लखी अति ही तुमरी मै ॥
हउ अति दीन अधीन अनाथ न बैठ सकउ समुहाइ हरी मै ॥
कान्रह प्रताप तबै उठि पीड़े कउ दीन उठाइ के वाही घरी मै ॥
पै इतनो करि कै भूअ बैठि रहियो गहि पाइन नेह छरी मै ॥९८९ ॥
जे पद पंकज सेस महेस सुरेस दिनेस निसेस न पाए ॥

जे पद पंकज बेद पुरान बखानि प्रमान कै ग्यान न गाए ॥
जे पद पंकज सिध समाधि मै साधत है मनि मोन लगाए ॥
जे पद पंकज केसव के अब ऊधव लै कर मै सहराए ॥९९०॥
संत सहारत स्याम के पाइ महा बिगसियो मन भीतर सोऊ ॥
जोगन के जोऊ ध्यान के बीच न आवत है अति ब्याकुल होऊ ॥
जा ब्रहमादिक सेस सुरादिक खोजत अंति न पावत कोऊ ॥
सो पद कंजन की सम तुलि पलोटत ऊधव लै करि दोऊ ॥९९१॥
इत स्याम पलोटत ऊधव पाइ उतै उन मालनि साज कीए ॥
सुभ बज्रन के अरु लाल जवाहर देखि जिसै सुख होत जीए ॥
इतने पहि कान्रह पै आइ गई बिंदुरी कहियो ईगर भालि दीए ॥
तिह रूप निहारि हुलास बढियो कबि स्याम कहै जदुबीर हीए ॥९९२॥
सजि साजन मालनि अंगन मै अति सुंदर सो हरि पास गई ॥
मनो दूसरि चंद्रकला प्रगटी मनो हेरत कै इह रूप मई ॥
हरि जू लखि कै जीय की बिरथा कबि स्याम कहै सोऊ ऐच लई ॥
तिह ऊपरि बैसि असंक भई मन की सभ संक पराइ गई ॥९९३॥
बहीया जब ही गहि स्यामि लई कुबिजा अति ही मन मै सुख पायो ॥
स्याम मिले बहुते दिन मै हम कउ कहि कै इह भाति सुनायो ॥
चंदन जिउ तुहि अंग मलियो तिह ते हम हूं जदुबीर रिझायो ॥
जोऊ मनोरथ थो जीय मै तुमरे मिलए सोऊ मो करि आयो ॥९९४॥

◄ इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे कुबजा के ग्रिह जा मनोरथ पूरन समापतं ॥

अथ अक्रूर के धाम कान्रह जू आए ॥

सवैया ॥
दै सुख मालनि कउ अति ही अक्रूरहि के फिर धामि पधारियो ॥
आवत सो सुनि पाइ लगियो तिह मधि चलो हरि प्रेम चितारियो ॥
सो गहि स्याम के पाइ रहियो कबि ने मुख ते इह भाति उचारियो ॥
ऊधव सो जदुबीर कहियो इन संतन को अति प्रेम निहारियो ॥९९५॥
ऊधव स्याम कहियो सुन कै अक्रूरहि को अति प्रेम निहारियो ॥
सुधि करी उन की मन मै कुबिजा को कहियो अरु प्रेम चितारियो ॥
सो गनती करि कै मन मै कन्रहीया संगि पै इह भाति उचारियो ॥
हे हरि जू इह के पिखए उन के सभ प्रेम बिदा करि डारियो ॥९९६॥
हरि रूप निहारि मने सुख पाइ कै स्री जदुबीर की सेव सु कीनी ॥
पाइ परो ताहि के बहुरे उठि देवकी लालि परिक्रमा दीनी ॥
भोजन अंन जितो ग्रिह थो सोऊ आनि धरो हित बात लखीनी ॥
थो मन मो सोऊ बाछत इछ वहै जसुधा सुत पूरन कीती ॥९९७॥
पूरन कै मनसा तिह की संगि ऊधव लै फिरि धामि अयो ॥
ग्रिह आइ कै मंगन लोग बुलाइ गवावत भयो तिह राग गयो ॥
तिन ऊपर रीझि कहै कबि स्याम घनो ग्रिह ते कढि दान दयो ॥
मनो ता जस ते म्रित मंडल मै अब के दिन लउ दिन सेत भयो ॥९९८॥
अक्रूर सिआम के धामहि आइ कै स्री जदुबीर के पाइन लागिओ ॥
कंस बिदारि बकी उरि फारि कहियो करतार सराहन लागिओ ॥
अउर गई सुधि भूल सभै हरि की उपमा रस भीतर पागिओ ॥
आनंद बीच बढियो मन के मन को दुख थो जितनो सभ भागिओ ॥९९९॥
देवकी लाल गुपाल अहो नंद लाल दिआल इहै जीय धारिओ ॥
कंस बिदारि बकी उर फारि कहियो करता जदुबीर उचारिओ ॥
हे अघ के रिपु हे रिपु केसी के हे कुपि जाहि त्रिनाव्रति मारिओ ॥
ता अब रूप दिखाइ हमै हमरो सभ पाप बिदा करि डारिओ ॥१०००॥

चोर है साधन के दुख को सुख को बरु दाइक स्याम उचारिओ ॥
है ठग ग्वारनि चीरन को भट है जिनि कंस सो बीर पछारिओ ॥
काइर है बहु पापन ते अरु बैद है जा सभ लोग जीयारिओ ॥
पंडित है कबि स्याम कहै जिनि चारो ई बेदु को भेद सवारिओ ॥१००१॥
यौ कहि कै जदुबीर के सो कबि स्याम कहै उठि पाइ परियो ॥
हरि की बहु बार सराह करी दुख थो जितनो छिन बीच हरियो ॥
अरु ता छबि के जसु उच महा कबि ने बिधि या मुख ते उचरियो ॥
हरि नामु संजोअ कउ पैन्नहि तनै सभ पापन संगि लरियो न टरियो ॥१००२॥
फिरि यौ करि कानर की उपमा हरि जी तुम ही मुर सत्र पछारियो ॥
तै ही मरे त्रिपुरारि कमध सु रावन मारि घनो रन पारियो ॥
लंक दई अरि भ्रातर कउ सीअ को संगि लै फिरि अउधि सिधारियो ॥
तै ही चरित्र कीए सभ ही हम जानत है इह भाति उचारियो ॥१००३॥
हे कमलापति हे गरुड़ध्वज हे जगनाइक कान्नहि कहियो है ॥
हे जदुबीर कहो बतीया सभ ही तुमरी भ्रित लोक भयो है ॥
मेरी हरो ममता हरि जू इह भाति कहियो हरि चीन लयो है ॥
डारि दई ममता तिह पै सोऊ मोनहि धार कै बैठि रहियो है ॥१००४॥
कान्नह जू बाच अक्रूर सो ॥
सवैया ॥
ऐ हो चचा जदुबीर कहियो हम कउ समझे बिनु तै हरि चीनो ॥
ता ते लडावहु मोहि कहियो जिह ते सुख हो अति ही मुहि जी नो ॥
आइस मो बसुदेवह जी अक्रूर बडे लख ऊ कर कीनो ॥
ता ते न मो घनि स्याम लखै इह भाति कहियो हरि जू हसि दीनो ॥१००५॥
सो सुनि बीर प्रसंन भयो मुसलीधर स्याम जू कंठि लगाए ॥
सोक जिते मन भीतर थे हरि को तन भेटि सभै बिसराए ॥
छोट भतीज लखे करि कै करि कै जग के करता नही पाए ॥
या बिधि भी तिह ठउर कथा तिह के कबि स्यामहि मंगल गाए ॥१००६॥

◀ इति स्री दसम सिकंधे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे अक्रूर ग्रिह जैबो संपूरनं ॥

अथ अक्रूर को फुफी पास भेजन कथनं ॥

सवैया ॥
स्री जदुबीर कहियो हसि कै बरबीर गजापुर मै चल जइयै ॥
मो पित की भगनी सुत है तिन को अब जाइ कै सोधहि लइयै ॥
अंध तहा न्रिप है मन अंध द्रजोधन भयो बसि ता को लखईयै ॥
पंडु के पुत्रन को तिह ठउर दईयत है सुख कै दुख दईयै ॥१००७॥
यौ सुन कै तिह की बतीया करि कै अक्रूर प्रनाम सिधारियो ॥
पंथ की बात गनउ कहि लउ पग बीच गजापुर के तिनि धारियो ॥
प्रात भए न्रिप बीच सभा कबि स्याम कहै इह भाति उचारियो ॥
भूप कही कहु मो बिरथा जदुबीरहि जा बिधि कंस पछारियो ॥१००८॥
बतीया सुनि उतर देत भयो रिपु सो सभ जा बिधि स्याम लरियो ॥
गज मारि प्रहार कै मलन को दल फार कै कंस सो जाइ अरियो ॥
तब कंस निकार क्रिपान करै अरु ढाल सम्रहार के जुधु करियो ॥
तब ही हरि जू गहि केसन ते पटकिओ धरनी पर मारि डरियो ॥१००९॥
भीखम द्रोण क्रिपारु क्रिपीसुत और दुसासन बीर निहारियो ॥
सूरज को सुत भूरिस्रवा जिन पारथ भ्रात सो बैर उतारियो ॥
राज दुरजोधन मातल सो इह पेखत ही इह भाति उचारियो ॥
स्याम कहा बसुदेव कहा कहि अंगि मिले मन को दुख टारियो ॥१०१०॥
रंचक बैठि सभा न्रिप की उठ कै जदुबीर फुफी पहि आयो ॥

कुंती कउ देखत ही कबि स्याम कहै तिन पाइन सीस झुकायो ॥
पूछत भी कुसलै जदुबीर है जा जसु बीच सभै धरि छायो ॥
नीके है स्याम सनै बसुदेव सु देवकी नीकी सुनी सुखु पायो ॥१०११॥
इतने महि बिदुर आइ गयो सोऊ पारथ माइ कै पाइन लागियो ॥
पूछत भयो जदुबीर सुखी अक्रूर कउ ता रस मो अनुरागियो ॥
अउर गई सुधि भूल सभै कबि स्याम इही रस भीतर पागियो ॥
वाह कहियो सभ ही है सुखी सुन कै बतीया सुख भयो दुख भागियो ॥१०१२॥
कुंती बाच ॥
सवैया ॥
केल करै मथुरा मै सोऊ मन ते कहियो हउ ब्रिजनाथि बिसारी ॥
दुखित भई इन लोगन ते अति ही कहि कै घनि स्याम पुकारी ॥
नाथ मरियो सुत बाल रहे तिह ते अक्रूर भयो दुखु भारी ॥
ता ते हउ पूछत हौं तुम को कबहूं हरि जी सुधि लेत हमारी ॥१०१३॥
दुखित ह्वै अक्रूर के संगि कही बतीया न्रिप अंध रिसै से ॥
देत है दुखु घनो हम कउ कहिओ सुनि मीत स्याम सो ऐसे ॥
पारथ भ्रात रुचे उन को नहि वाहि कहियो कहु सो बिधि कैसे ॥
यौ सुनि उतर देत भई सोऊ आंख के बीच परे त्रिण जैसे ॥१०१४॥
कहि यौ बिनती हमरी हरि सो अति सोक समुंद्र मै बूडि गई हउ ॥
जीवत हो कबि स्याम कहै तुहि आइस पाइ कै नामु कई हउ ॥
मारन मो सुत कौ न्रिप के सुत कोटि उपावन सो कढई हउ ॥
स्याम सो इउ कहीयो बतीया तुमरे बिनु नाथ अनाथ भई हउ ॥१०१५॥
यौ कहि कै तिह सो बतीया अति ही दुख स्वास उसास सु लीनो ॥
जो दुख मोरे रिदे महि थो सोऊ मै तुम पै सभ ही कहि दीनो ॥
सो सुनीऐ हमरी बिरथा कहीयो दुख की जदुबीर हठी नो ॥
हे ब्रिजनाथ अनाथन नाथ सहाइ करो कहि रोदन कीनो ॥१०१६॥
अक्रूर बाच ॥
सवैया ॥
देखि दुखातुर पारथ मात को यौं कहियो त्वै सुत ही न्रिप ह्वै है ॥
स्याम की प्रीति घनी तुम सों तिह ते तुम को अति ही सुख दै है ॥
तेरी ही ओरि ह्वै है सुभ लछन तुइ सुत सत्रन को दुख दै है ॥
राज सभै उह ही लहि है हरि सत्रन को जमलोकि पठै है ॥१०१७॥
यौ सुन कै बतीया तिह की मन मै अक्रूरहि मंत्र बिचारियो ॥
कै कै प्रनाम चलियो तब ही न्रिपु त्वै सुत हो इह भाति उचारियो ॥
का संगि लोगन को हित है इह चिंत करी पुर मै पग धारियो ॥
देखिओ कि प्रीति इनी संग है तिह ते सभ सोक बिदा करि डारियो ॥१०१८॥
अक्रूर बाच ध्रितरासटर सो ॥
सवैया ॥
पुर देखि सभा न्रिप बीच गयो संग जा न्रिप कै इह भाति उचारियो ॥
राजन मोह ते नीति सुनो कहु वाह कहियो इन या बिधि सारियो ॥
प्रीति तुमै सुत आपन सो तुहि पंडु के पुत्रन सो हित टारियो ॥
जानत है ध्रितरासटर तै सभ आपन राज को पैड बिगारियो ॥१०१९॥
जैसे द्रुजोधन पूत ह्वै त्वै इन की सम पुत्रन पंडु लखईऐ ॥
ता ते करो बिनती तुम सों इन ते कछु अंतर राज न कईयै ॥
राखु खुसी इन को उन को जिह ते तुमरो जग मै जसु गईयै ॥
या बिधि सो अक्रूर कहियो न्रिप सो जिह ते अति ही सुख पईयै ॥१०२०॥
यौ सुनि उतर देत भयो न्रिप पै हरि कै संगि दूतह केरे ॥
जेतक बात कही हम सों नही आवत एक कहियो मन मेरे ॥
यौं कहि पंडु के पुत्रन को पिखु मारत है अब साझ सवेरे ॥
आइ है जो जीय सो कर है कछू बचना नहि मानत तेरे ॥१०२१॥
दूत कहियो न्रिप के संग यौ हमरो जु कहियो तुम रंच न मानो ॥

तउ कुपि है जदुबीर मनै तुम को मरि है तिह ते हित ठानो ॥
स्याम के भउह मरोरनि सो हम जानत है तुहि राज बहानो ॥
जो जीय मै जु हुती सु कही तुमरे जीय की सु कहियो तुम जानो ॥१०२२॥
यौ कहि कै बतीया न्रिप सो तजि कै इह ठउर तहा को गयो है ॥
कान्रह जहा बलभद्र बली सभ जादव बंस तहा सु अयो है ॥
स्याम को चंद निहारत ही मुख ता पग पै सिर को झुकियो है ॥
जो बिरथा उह ठउर भई निकटै हरि के कहि भेद दयो है ॥१०२३॥
तुम सो इम पारथ मात कहियो हरि दीनन की बिनती सुनि लै ॥
अति ही दुख पयो हम को इह ठउर बिना तुमरे न सहाइक कुऐ ॥
गज को जिम संकट सीघ्र कटियो तिम मो दुख को कटीऐ हरि ऐ ॥
तिह ते सुनि लै सु कहियो हमरो कबि स्याम कहै हित सो चित दै ॥१०२४॥

◀ *इति स्री दसम सिकंधे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे अक्रूर फुफी कुंती पास भेजा समापतम सतु सुभम सत ॥*

अथ उग्रसैन को राज दीबो कथनं ॥

दोहरा ॥

स्री मन मोहन जगत गुर नंद नंदन ब्रिज मूरि ॥
गोपी जन बलभ सदा प्रेम खान भरपूरि ॥१०२५॥

छपै छंद ॥

प्रिथम पूतना हनी बहुरि सकटासुर खंडियो ॥
त्रिणावरत लै उडियो ताहि नभि माहि बिहंडियो ॥
काली दीओ निकारि चोच गहि चीरि बकासुर ॥
नाग रूप मग रोकि रहियो तब हतिओ अघासुर ॥
केसी सु बछ धेनुक हन्यो रंग भूमि गज डारियो ॥
चंडूर मुसट के प्रान हरि कंस केस गहि मारियो ॥१०२६॥
सोरठा ॥
अमर लोक ते फूल बरखे नंद किसोर पै ॥
मिटियो सकल ब्रिज सूल कमल नैन के हेत ते ॥१०२७॥

दोहरा ॥

दुसट अरिसट निवार कै लीनो सकल समाज ॥
मथुरा मंडल को दयो उग्रसैन को राज ॥१०२८॥
इति स्री दसम सिकंधे बचित्र नाटके क्रिसनावतारे राजा उग्रसैन कउ मथरा को राज दीबो ॥

अथ जुध प्रबंध ॥

जरासंधि जुध कथनं ॥
सवैया ॥
इत राज दयो न्रिप कउ जब ही उत कंस बधू पित पास गई ॥
अति दीन सु छीन मलीन महा मन के दुख सो सोई रोत भई ॥
पति भईयन के बधबे की ब्रिथा जु हुती मन मै सोई भाख दई ॥
सुनि कै मुख ते तिह संधि जरा अति कोप कै आख सरोज तई ॥१०२९॥
जरासंधिओ बाच ॥

दोहरा ॥

हरि हलधरहि संघार हो दुहिता प्रति कहि बैन ॥
राजधानी ते निसरियो मंत्रि बुलाए सैन ॥१०३०॥

चौपई ॥

देस देस परधान पठाए ॥
नरपति सब देसन ते ल्याए ॥
आइ न्रिपति को कीन जुहारू ॥
दयो बहुतु धनु तिन उपहारू ॥१०३१॥
जरासंधि बहु सुभट बुलाए ॥
भाति भाति के ससत्र बंधाए ॥
गज बाजन पर पाखर डारी ॥
सिर पर कंचन सिरी सवारी ॥१०३२॥
पाइक रथ बहुते जुरि आए ॥
भूपति आगे सीस निवाए ॥
अपनी अपनी मिसल सभ गए ॥
पाति जोर करि ठाढे भए ॥१०३३॥
सोरठा ॥
यहि सैना चतुरंग जरासंधि न्रिप की बनी ॥
साजियो कवच निखंग धनुख बानु लै रथि चढियो ॥१०३४॥
सवैया ॥
जोरि चमूं सब मंत्र लै तब यौ रन साज समाज बनायो ॥
तेईस छूहन लै दल संगि बजाइ कै बंब तहा कहु धायो ॥
बीर बडे सम रावन के तिन कउ संग लै मरिबे कहु आयो ॥
मानहु काल प्रलै दिन बारिध फैल परियो जलु यौ दलु छायो ॥१०३५॥
नग मानहु नाग बडे तिह मै मछुरी पुनि पैदल की बल जेती ॥
चक्र मनो रथ चक्र बने उपजी कवि कै मन मै कही तेती ॥
है भए बोचन तुलि मनो लहरै बहरै बरछी दुति सेती ॥
सिंधु किधौ दल संधि जरा रहिगी मथुरा जा तिह मध बरेती ॥१०३६॥
जो बल बंड बडे दल मै तिह अग्र कथा महि नाम कहै हउ ॥
जो संगि स्याम लरै रिस कै तिन के जस को मुख ते उचरै हउ ॥
जे बलिभद्र के संगि भिरे तिन कउ कथ कै प्रभ लोक रिझै हउ ॥
त्याग सभै ग्रिह लालच को हरि के हरि के हरि के गुन गै हउ ॥१०३७॥

दोहरा ॥

जदुबीरन सब हूं सुनी दूत कही जब आइ ॥
मिलि सब हूं न्रिप के सदन मंत्र बिचारियो जाइ ॥१०३८॥
सवैया ॥
तेईस छूहन लै दल संगि चढियो हम पै अति ही भरि रोहै ॥
जाइ लरै अरि के समुहे इह लाइक या पुर मै अब को है ॥
जो भजि है डरु मानि घनो रिस कै सब को तब मारत सो है ॥
ता ते निसंक भिरो इन सो जित है तु भलो म्रित ए जसु हो है ॥१०३९॥
तउ जदुबीर कहियो उठि कै रिसि बीच सभा अपुने बल सो ॥
अब को बलवंड बडो हम मै चलि आगे ही जाइ लरै दल सो ॥
अपनो बल धारि संघार कै दानव दूर करै सभ भू तल सो ॥
बहु भूत पिसाचन काकनि डाकनि तोख करै पल मै पल सो ॥१०४०॥
जब या बिधि सो जदुबीर कहियो किनहूं मन मै नही धीर धरियो ॥
हरि देखि तबै मुखि बाइ रहे सभ हूं भजबे कहु चित करियो ॥
जोऊ मान हुतो मनि छत्रिन के सोऊ ओरनि की सम तुल गरियो ॥
कोऊ जाइ न सामुहै सत्रन के न्रिप ने मुख ते बिधि या उचरियो ॥१०४१॥

किनहूं नहि धीरजु बाधि सकियो लरबे ते डरे सभ को मनु भाजियो ॥
भाजन की सब हूं बिध की किनहूं नही कोपि सरासनु साजियो ॥
यौ हरि जू पुनि बोलि उठिओ गज को बधि कै जिम केहरि गाजियो ॥
अउर भली उपमा उपजी धुनि को सुन कै घन सावन लाजियो ॥१०४२॥
कान्रह जू बाच ॥
सवैया ॥
राज न चिंत करो मन मै हमहूं दोऊ भ्रात सु जाइ लरैगे ॥
बान कमान क्रिपान गदा गहि कै रन भीतर जुध करैगे ॥
जो हम ऊपरि कोप कै आइ है ताहि के असत्र सिउ प्रान हरैगे ॥
पै उन को मरि है डर है नही आहव ते पग दुइ न टरैगे ॥१०४३॥
इउ कहि कै यौ दोऊ ठाढ भए चल कै निजु मात पिता पहि आए ॥
आवत ही दुहूं हाथन जोरि कै पाइन ऊपर माथ लुडाए ॥
मोहु बढियो बसुदेव अउ देवकी लै अपुने सुत कंठि लगाए ॥
जीतहुगे तुम दैतन सिउ भजि है अरि ज्यो घन बात उडाए ॥१०४४॥
मात पिता कउ प्रनाम दोऊ करि कै तजि धाम सु बाहरि आए ॥
आवत ही सभ आयुध लै पुर बीर जिते सभ ही सु बुलाए ॥
दान घने दिज कउ दए स्याम दुहूं मिलि आनंद चित बढाए ॥
आसिख देत भए दिज इउ ग्रिह आइ हो जीति घने अरि घाए ॥१०४५॥

दोहरा ॥

देखि चमूं सभ जादवी हरि जू अपुने साथ ॥
घन सुर सिउ संग सारथी बोलियो स्री ब्रिजनाथ ॥१०४६॥
कान्रह जू बाच दारुक सो ॥
सवैया ॥
हमरो रथ दारुक तै करि साज भली बिधि सिउ अब ता रन कउ ॥
असि ता महि चक्र गदा धरीयो रिपु की धुजनी सु बिदारन कउ ॥
सब जादव लै अपने संग हउ सु पधारत दैत संघारन कउ ॥
किह हेत चलियो सुन लै हम पै अपुने न्रिप के दुख टारन कउ ॥१०४७॥

दोहरा ॥

यौ कहि कै गोबिंद तबि कट सिउ कसियो निखंग ॥
हल मूसल हलधरि गहियो कछु जादव लै संगि ॥१०४८॥
सवैया ॥
दैतन मारन हेत चले अपुने संग लै सभ ही भट दानी ॥
स्री बलिभद्रहि संग लए जिह के बल की गति स्रीपति जानी ॥
को सम भीखम है इन के अरु को भ्रिगु नंदनु रावनु बानी ॥
सत्रन के बध कारन स्याम चले मुसली धरि जू अभिमानी ॥१०४९॥
बाधि क्रिपान सरासन लै चड़ि सयंदन पै जदुबीर सिधारे ॥
भाखत बैन सुधा मुख ते सु कहा है सभै सुत बंध हमारे ॥
स्री प्रभ पाइन के सब साथ सु यौ कहि कै इक बीर पुकारे ॥
धाइ परे अरि के दल मै बलि सिउ बलिदेव हलायुध धारे ॥१०५०॥
देखत ही अरि की पतना हरि जू मन मो अति कोप भरे ॥
सु धवाइ तहा रथु जाइ परे धुजनी पत ते नही नैकु डरे ॥
सित बानन सो गज बाज हने जोऊ साज जराइन साथ जरे ॥
मनो इंद्र के बज्र लगे टुट कै धरनी गिर स्रिंग सुमेर परे ॥१०५१॥
स्री जदुबीर सरासन ते बहु तीर छुटे छुट कै भट घाए ॥
पैदल मारि रथी बिरथी करि सत्र घने जमलोकि पठाए ॥
भाजि अनेक गए रन ते जोऊ लाज भरे हरि पै पुनि आए ॥
ते ब्रिजनाथ के हाथ लगे ग्रिह कउ फिरि जीवत जान न पाए ॥१०५२॥

कोप भरे रन मै भट यौ चहूं ओरन ते ललकार परे ॥
करि चउप भिरे अपने मन मै नंद नंदन ते न रती कु डरे ॥
तब ही ब्रिजनाथ सरासन लै छिन मै उन के अभिमान हरे ॥
जोऊ आवत भे धन बान धरे हरि जू सिगरे बिनु प्राण करे ॥१०५३॥

कबितु ॥

स्रउनत तरंगनी उठत कोपि बल बीर मारि मारि तीर रिपु खंड कीए रन मै ॥
बाज गज मारे रथी ब्रिथी करि डारे केते पैदल बिदारे सिंघ जैसे म्रिग बन मै ॥
जैसे सिव कोप कै जगत जीव मारि प्रलै तैसे हरि अरि यौ संघारे आई मन मै ॥
एक मारि डारे एक घाइ छिति पारे एक त्रसे एक हारे जा के ताकत न तन मै ॥१०५४॥
सवैया ॥
बहुरो घनि स्याम घन सुर कै बरखियो सर बूंदन जिउ मगवा ॥
चतुरंग चमूं हनि स्रउन बहियो सु भइओ रन ईगर के रंगवा ॥
कहूं मुंड झरे रथ पुंज ढरे गज सुंड परे कहूं है तंगवा ॥
जदुबीर जु कोप कै तीर हने कहूं बीर गिरे सु कहूं अंगवा ॥१०५५॥
बहु जूझि परे छित पै भट यौ अरि कै बर कै हरि सिउ लरि कै ॥
धनु बान क्रिपान गदा गहि पानि गिरे रन बीच इती करि कै ॥
तिह मास गिरास मवास उदास हुइ गीध सु मोन रही धरि कै ॥
सु मनो बुटीआ बर बीरन की न पची उर मै बरि कै फरिकै ॥१०५६॥
असि कोपि हलायुध पानि लीयो सु धसियो दल मै अति रोस भरियो ॥
बहु बीर हने रन भूमि बिखै प्रतनापति ते न रती कु डरियो ॥
गज बाज रथी अरु पति चमूं हनि कै उन बीरन तेज हरियो ॥
जिम तात धरा सुरपति लरियो हरि भ्रात बली इम जुध करियो ॥१०५७॥
जुध जुरे जदुराइ सखा किधो क्रोध भरे दुरजोधन सोहै ॥
भीर परे रनि रावन सो सुत रावन को तिह की सम को है ॥
भीखम सो मरबे कहु है लरिबे कहु राम बली बरि जो है ॥
अंगद है कि हनू जमु है कि भरियो बलिभद्र भयानक रोहै ॥१०५८॥
द्रिड़ कै बलि कोपि हलायुध लै अरि के दल भीतर धाइ गयो ॥
गज बाज रथी बिरथी करि कै बहु पैदल को दलु कोपि छयो ॥
कलि नारद भूत पिसाच घने सिव रीझ रहियो रन देखि नयो ॥
अरि यौ सटके म्रिग के गन ज्यो मुसलीधरि मानहु सिंघ भयो ॥१०५९॥
इक ओरि हलायुध जुध करै इक ओरि गोबिंदह खग संभारियो ॥
बाज रथी गजपति हने अति रोस भरे दल को ललकारियो ॥
बान कमान गदा गहि स्री हरि सैथन सिउ अरि पुंज बिडारियो ॥
मारुत ह्वै घन स्याम किधो उमडियो दल पावस मेघ निवारियो ॥१०६०॥
स्री नंद लाल सदा रिपु घाल कराल बिसाल सबै धनु लीनो ॥
इउ सर जाल चले तिह काल तबै अरि साल रिसै इह कीनो ॥
घाइन संगि गिरी चतुरंग चमूं सभ को तन स्रउनत भीनो ॥
मानहु पंद्रसवो बिध ने सु रचियो रंग आरुन लोक नवीनो ॥१०६१॥
ब्रिजभूखन दूखन दैतन के रिपु साथ रिसै अति मान भरियो ॥
सु धवाइ तहा रथ जाइ परियो लखि दानव सैन न नैकु डरियो ॥
धनु बान संभारि अयोधन मै हरि केहरि की बिधि जिउ बिचरियो ॥
भुज दंड अदंडन खंडन कै रिस कै दल खंडनि खंड करियो ॥१०६२॥
मधुसूदन बीच अयोधन के बहुरो कर मै धनु बान लयो ॥
सु निसंक तबै रन बीच परियो अरि को बर कै हनि सैन दयो ॥
धनु सो जिम तूलि धुनै धुनीया दल त्रयो सित बानन सो धुनियो ॥
बहु स्रउन प्रवाह बहियो रन मै तिह ठा मनो आठवो सिंधु भयो ॥१०६३॥
इत ते हरि की उमडी प्रतना उत ते उमडियो न्रिप लै बल संगा ॥
बान कमान क्रिपान लै पानि भिरे कटि गे भटि अंग प्रतंगा ॥
पति गिरे गजि बाज कहूं कहूं बीर गिरे तिन के कहूं अंगा ॥

ऐसे गए मिलि आपसि मै दल जैसे मिले जमुना अरु गंगा ॥१०६४॥
स्वामि के काज कउ लाज भरे दुहूं ओरन ते भट यौ उमगे है ॥
जुधु करियो रन कोपि दुहूं रस रुद्र ही के पुनि संग पगे है ॥
जूझि परे समुहे लरि कै रन की छित ते नहीं पैग भगे है ॥
उजल गात मै साग लगी मनो चंदन रूख मै नाग लगे है ॥१०६५॥
जुधु करियो रिस आपसि मै दुहूं ओरन ते नहीं कोऊ टरे ॥
बरछी गहि बान कमान गदा असि लै कर मै इह भाति टरे ॥
कोऊ जूझि गिरे कोऊ रीझि भिरे छिति देखि डरे कोऊ धाइ परे ॥
मनि यौ उपजी उपमा रन दीप के ऊपर आइ पतंग जरे ॥१०६६॥
प्रिथमे संगि बान कमान भिरियो बरछी बर लै पुनि भ्रात मुरारी ॥
फेरि लरियो असि लै कर मै धस कै रिपु की बहु सैन संघारी ॥
फेरि गदा गहि कै सु हते बहुरो जु हुते गहि पानि कटारी ॥
ऐचत यौ हल सो दल को जिम खैचत दुइ करि झींवर जारी ॥१०६७॥
जो भट सामुहे आइ अरियो बर कै हरि जू सोऊ मारि गिरायो ॥
लाज भरे जोऊ जोरि भिरे तिन ते कोऊ जीवत जान न पायो ॥
पैठि तबै प्रतना अरि की मधि स्याम घनो पुनि जुधु मचायो ॥
स्री बलबीर सु धीर गहियो रिपु को सब ही दलु मारि भगायो ॥१०६८॥

दोहरा ॥

भगी चमूं चतुरंगनी न्रिपति निहारी नैन ॥
निकटि बिकटि भट जो हुते तिन प्रति बोलियो बैन ॥१०६९॥
न्रिप जरासंधि बाच सैना प्रति ॥
सवैया ॥
जुध करै घनि स्याम जहा तुम हूं दलु लै उन ओरि सिधारो ॥
बान कमान क्रिपान गदा करि लै जदुबीर को देह प्रहारो ॥
जाइ न जीवत जादव को तिन को रन भूमि मै जाइ संघारो ॥
यौ जब बैन कहै न्रिप सैन चली चतुरंग जहा रन भारो ॥१०७०॥
आइस पावत ही न्रिप को घन जिउ उमडे भट ओघ घटा घट ॥
बानन बूंदन जिउ बरखे चपला असि की धुनि होत सटा सट ॥
भूमि परे इक सास भरे इक जूझि मरे रनि अंग कटा कट ॥
घाइल एक परे रन मै मुख मार ही मार पुकारि रटा रट ॥१०७१॥
जदुबीर सरासन लै करि मै रिपु बीर जिते रन माझि संघारे ॥
मति करी बर बाज हने रथ काटि रथी बिरथी करि डारे ॥
घाइल देख कै काइर जे डरु मानि रने छिति त्यागि सिधारे ॥
स्री हरि पुंन के अग्रज मानहु पापन के बहु पुंज पधारे ॥१०७२॥
सीस कटे कितने रन मै मुख ते तेऊ मार ही मार पुकारै ॥
दउरत बीच कबंध फिरै जह स्याम लरै तिह ओरि पधारै ॥
जो भट आइ भिरै इन सो तिन कउ हरि जान कै घाइ प्रहारै ॥
जो गिरि भूमि परै मर कै कर ते करवार न भू पर डारै ॥१०७३॥

कबितु ॥

कोप अति भरे रन भूमि ते न टरे दोऊ रीझि रीझि लरे दल दुंदभी बजाइ कै ॥
देव देखै खरे गन जछ जसु ररे नभ ते पुहप ढरे मेघ बूंदन जिउ आइ कै ॥
केते जूझि मरे केते अपछरन बरे केते गीधनन चरे केते गिरे घाइ खाइ कै ॥
केहरि जिउ अरे केते खेत देखि डरे केते लाज भारि भरे दउरि परे अरिराइ कै ॥१०७४॥
सवैया ॥
भूमि गिरे भट घाइल हुइ उठ कै फिरि जुध के काज पधारे ॥
स्याम कहा दुर कै जु रहे अति कोप भरे इह भाति पुकारे ॥
यौ उन कै मुख ते सुनि बैन भयो हरि सामुहि खग संभारे ॥

दउर कै सीस कटे न हटे रिस कै बलिबीर की ओरि सिधारे ॥१०७५ ॥
मार ही मार पुकार तबै रन मै असि लै ललकार परे ॥
हरि राम को घेरि लयो चहुं ओर तै मलहि की पिर सोभ धरे ॥
धनु बान जबै करि स्याम लयो लखि कातुर खेत हूं ते बिडरे ॥
रंग भूमि को मानो उझार भयो चले कउतुक देखनहार घरे ॥१०७६ ॥
जे भट लै असि हाथन मै अति कोप भरे हरि ऊपर धावै ॥
कउतक सो दिख कै सिव के गन आनंद सो मिलि मंगल गावै ॥
कोऊ कहै हरि जू जित है कोऊ इउ कहि ए जित है बहसावै ॥
रारि करै तब लउ जब लउ उन कउ हरि मारि न भूमि गिरावै ॥१०७७ ॥

कबितु ॥

बडे ई बनैत बीर सबै पखरैत गज दल सो अरैत धाए तुरंगन नचाइ कै ॥
जुध मै अडोल स्वाम कारजी अमोल अति गोल ते निकसि लरे दुंदभि बजाइ कै ॥
सैथन संभार कै निकार कै क्रिपान मार मार ही उचारि ऐसे परे रनि आइ कै ॥
हरि जू सो लरे ते वै ठउर ते न टरे गिर भूमि हूं मै परे उठि अरे घाइ खाइ कै ॥१०७८ ॥
सवैया ॥
कोप भरे अरराइ परे न डरे हरि सिउ हथियार करे है ॥
घाइ भरे बहु स्रउन झरे असि पानि धरे बल कै जु अरे है ॥
मूसल लै बलदेव तबै सबै चावर जिउ रन माहि छरे है ॥
फेरि प्रहार कीयो हल सो मरि भूमि गिरे नहीं सास भरे है ॥१०७९ ॥
स्री जदुबीर के बीर जिते असि हाथन लै अरि ऊपरि धाए ॥
जुध करियो कति कोपु दुहूं दिसि जंबुक जोगिन ग्रिझ अघाए ॥
बीर गिरे दुहूं ओरन के गहि फेट कटारिन सिउ लरि घाए ॥
कउतक देख कै देव कहै धंन वे जननी जिन ए सुत जाए ॥१०८० ॥
अउर जिते बरबीर हुते अति रोस भरे रन भूमहि आए ॥
जादव सैन चली इत ते तिन हूं मिल कै अति जुधु मचाए ॥
बान कमान क्रिपान गदा बरछे बहु आपस बीच चलाए ॥
भेद चमूं जदु बीरन की सभ ही जदुराइ के ऊपर धाए ॥१०८१ ॥
चक्र त्रिसूल गदा गहि बीर करं धर कै असि अउर कटारी ॥
मार ही मार पुकारि परे लरे घाइ करे न टरे बल भारी ॥
स्याम बिदार दई धुजनी तिह की उपमा इह भाति बिचारी ॥
मानहु खेत सरोवर मै धसि कै गजि बारज ब्रयूह बिडारी ॥१०८२ ॥
स्री जदुनाथ के बानन अग्र डरै अरि इउ किहूं धीर धरियो ना ॥
बीर सबै हट के ठटके भटके रन भीतर जुध करियो ना ॥
मूसल अउ हल पानि लयो बलि पेखि भजे दल कोऊ अरियो ना ॥
जिउ म्रिग के गन छाडि चलै बन डीठ परियो म्रिगराज को छउना ॥१०८३ ॥
भागि तबै सभ ही रन ते गिरते परते न्रिप तीर पुकारे ॥
तेरे ही जीवत हे प्रभ जू सिगरे रिस कै बल स्याम संघारे ॥
मारे अनेक न एक बचियो बहु बीर गिरे रन भूमि मझारे ॥
ता ते सुनो बिनती हमरी उन जीत भई तुमरे दल हारे ॥१०८४ ॥
कोप करियो तब संधि जरा अरि मारन कउ बहु बीर बुलाए ॥
आइस पावत ही न्रिप कै मिलि कै हरि के बधबे कहु धाए ॥
बान कमान गदा गहि कै उमडे घन जिउ घन स्याम पै आए ॥
आइ परे हरि ऊपर सो मिलि कै बग मेलि तुरंग उठाए ॥१०८५ ॥
रोस भरे मिलि आनि परे हरि कउ ललकार के जुध मचायो ॥
बान कमान क्रिपान गदा गहि यौ तिन सार सो सार बजायो ॥
घाइल आप भए भट सो अरु ससत्रन सो हरि को तनु घायो ॥
दउर परे हल मूसल लै बलि बैरन को दलु मारि गिरायो ॥१०८६ ॥

दोहरा ॥

जूझ परै जे न्रिप बली हरि सिउ जुधु मचाइ ॥
तिन बीरन के नाम सब सो कबि कहत सुनाइ ॥१०८७॥
सवैया ॥
स्री नर सिंघ बली गज सिंघ चलियो धन सिंघ सरासन लै ॥
हरी सिंघ बडो रन सिंघ नरेस तहा को चलियो दिज को धन दै ॥
जदुबीर सो जाइ कै जुध करियो बहुबीर चमूं सु घनी हनि कै ॥
हरि ऊपरि बान अनेक हने इह भाति कहियो हमरी रनि जै ॥१०८८॥
होइ इकत्र इते न्रिप यौ हरि ऊपर बान चलावन लागे ॥
कोप कै जुध करियो तिन हूं ब्रिजनाइक ते पग दुइ करि आगे ॥
जीव की आस कउ त्यागि तबै सब ही रस रुद्र बिखै अनुरागे ॥
चीर धरे सित आए हुते छिन बीच भए सभ आरुन बागे ॥१०८९॥
जुध करियो तिन बीरन स्याम सो पारथ ज्यो रिस कै करनै से ॥
कोप भरियो बहु सैन हनी बलिभद्र अरियो रन भू मधि ऐसे ॥
बीर फिरै करि सागनि लै तिह घेरि लयो बलदेवहि कैसे ॥
जोरि सो साकरि तोरि घिरियो मद मत करी गढदारन जैसे ॥१०९०॥
दोहरा ॥

दोऊ करत बिचार इत पंकज पूत त्रिनैन ॥
उत रवि असताचलि गयो ससि प्रगटियो भई रैन ॥१६५८॥

चौपई ॥

दोऊ दल अति ही अकुलाने ॥
भूख पिआस सो तन मुरझाने ॥
अर ते लरते ह्वै गई साझ ॥
रहि गए ता ही रन के माझ ॥१६५९॥
भोर भयो सभ सुभट सु जागे ॥
दुहू दिस मारू बाजन लागे ॥
साजे कवच ससत्र करि धारे ॥
बहुर जुध के हेत सिधारे ॥१६६०॥
सवैया ॥
सिव कौ जम कौ रवि कौ संगि लै बसुदेव को नंद चलियो रन धानी ॥
मारत हो अरि कै अरि को हर को हरि भाखत यौ मुख बानी ॥
स्याम के संगि घने उमडे भट पानन बान कमाननि तानी ॥
आइ भिरे खड़गेस के संगि असंक भए कछु संक न मानी ॥१६६१॥
गिआरह घाइल कै सिव के गन द्वादस सूरनि के रथ काटे ॥
घाइ कीयो जम को बिरथी बसु आठन कउ ललकार के डाटै ॥
सत्र बिमुंडत कीने घने जु रहे रन ते तिन के पग हाटे ॥
पउण समान छुटे न्रिप बान सबै दल बादल जिउ चलि फाटे ॥१६६२॥
भाज गए रन ते डर कै भट तउ सिव एक उपाइ बिचारिओ ॥
माटी को मानस एक कीयो तिह प्रान परे जब स्याम निहारिओ ॥
सिंघ अजीत धरिओ तिह नामु दीओ बर रुद्र मरै नही मारिओ ॥
ससत्र संभारि सोऊ कर मै खड़गेस के मारन हेत सिधारओ ॥१६६३॥
अड़िल ॥
अति प्रचंड बलवंड बहुर मिल कै भट धाए ॥
अपने ससत्र संभारि लीए करि संख बजाए ॥
द्वादस भानन तानि कमाननि बान चलाए ॥
यौ बरखै सर जाल मनो परले घन आए ॥१६६४॥

दोहरा ॥

बानन सो बानन कटे कोप तचे जुग नैन ॥

स्री हरि सो खड़गेस तब रिस करि बोलियो बैन ॥१६६५॥

सवैया ॥

किउ रे गुमान करै घन स्याम अबै रन ते पुनि तोहि भजैहो ॥
काहे कौ आनि अरियो सुन रे सिर केसनि ते बहुरो गहि लैहो ॥
ऐ रे अहीर अधीर डरे नहि तो कहि जीवत जान न दैहो ॥
इंद्र बिरंच कुबेर जलाधिप को ससि को सिव को हत कै हो ॥१६६६॥
तउ ही लउ बीर महोत कट सिंघ हुतो रन मै मनि कोप भरिओ ॥
कर मै करवारि लै धाइ चलिओ कबि स्याम कहै नही नैकु डरिओ ॥
असि जुध दुहूं न्रिप कीन बडो न कोऊ रन ते पग एक टरिओ ॥
खड़गेस क्रिपान की तानि दई बिनु प्रान करिओ गिर भूमि परिओ ॥१६६७॥
देखि दसा तिह सिंघ बचित्र सु ठाढो हुतो रिस कै वह धायो ॥
स्याम भनै धनु बानन लै तिह भूपति सिउ अति जुध मचायो ॥
स्री खड़गेस बली धन तानि महा बर बान प्रकोप चलायो ॥
लागि गयो तिह के उर मै सर घूमि गिरिओ धरि इउ अरि घायो ॥१६६८॥

चौपई ॥

तब अजीत सिंघ आप ही धायो ॥
धनुख बान लै रन मधि आयो ॥
भूपति को तिन बचन सुनायो ॥
तो बध हित सिव मुहि उपजायो ॥१६६९॥
अजीत सिंघ यौ बचन उचारिओ ॥
खड़ग सिंघ रन माहि हकारिओ ॥
न्रिप ए बैन सुनत नही डरिओ ॥
महाबीर पगु आगै धरिओ ॥१६७०॥
अजीत सिंघ रछा हित धाए ॥
ग्यारह रुद्र भान सभ आए ॥
इंद्र क्रिसन जम बसु रिस भरे ॥
बरुन कुबेर घेरि सभ खरे ॥१६७१॥

सवैया ॥

सिंघ अजीत जबै खड़गेस सो स्याम कहै अति जुधु मचायो ॥
संगि सिवादिक सूरजि ते अरि मारन को तिह हाथ उचायो ॥
बान चले अति ही रन मै न्रिप काटि सबै मनि रोसि तचायो ॥
लै धनु बान महा बलवान हन्यो भट को किनहूं न बचायो ॥१६७२॥

चौपई ॥

जब अजीत सिंघ मारि गिरायो ॥
सु भटन मन भटकिओ डर पायो ॥
बहुरो भूपति खड़ग संभारिओ ॥
चक्रत ते सबहूं बलु हारिओ ॥१६७३॥
तब हरि हरि बिधि मंत्र बिचारिओ ॥
मरै न जरै अगन ते जारिओ ॥
ता ते जतन कछू अब कीजै ॥
या ते मारि भूप इह लीजै ॥१६७४॥
ब्रहमे कहिओ सु इह बिधि कीजै ॥
मोहित ह्वै मन तब बलु छीजै ॥
जब इह भूप गिरिओ लखि लईयै ॥
तब इह जम को धाम पठईयै ॥१६७५॥
पुनि अपछ्रन आइस दीजै ॥
जा सो न्रिप रीझै सोई कीजै ॥

कउतकि हेरि भूप जब लै है ॥
घटि जै है बल मन द्रवि जै है ॥१६७६॥

दोहरा ॥

कमलज यौ हरि सिउ कहियो सुनी बात सुरराज ॥
नभि निहार बासव कहियो करहु न्रित सुरराज ॥१६७७॥
सवैया ॥
उत देवबधू मिलि न्रित करै इत सूर सबै मिल जुधु मचायो ॥
किंनर गंध्रब गावत है उत मारू बजै रन मंगल गायो ॥
कउतुक देखि बडो तिन को इह भूपति को मन तउ बिरमायो ॥
कान्रह अचान लयो धनु तानि सु बान महा न्रिप के तनि लायो ॥१६७८॥
लागत ही सर मोहित भयो तेऊ तीरन सो बर बीर संघारे ॥
गिआरह रुद्रनि के अगनं गन मारि लए हरि लोकि सिधारे ॥
द्वादस भान जलाधिप अउ ससि इंद्र कुबेर के अंग प्रहारे ॥
अउर जिते भट ठाढे रहे कबि स्याम कहै बिपते करि डारे ॥१६७९॥
सक्र को साठ लगावत भयो सर द्वै सति कान्रह के गात लगाए ॥
चउसठि बान हने जम को रवि द्वादस द्वादस के संग घाए ॥
सोम को सउ सत रुद्र को चार लगावत भयो कबि स्याम सुनाए ॥
स्रौन भरे सब के पट मानहु चाचर खेलि अबै भट आए ॥१६८०॥

चौपई ॥

अउर सुभट बहुते तिह मारे ॥
जूझ परे जम धामि सिधारे ॥
तब न्रिप पै ब्रहमा चल आयो ॥
स्याम भनै यह बैन सुनायो ॥१६८१॥
कहिओ सु किउ इन कउ रनि मारै ॥
ब्रिथा कोप कै किउ सर डारै ॥
ता ते इहै काज अब कीजै ॥
देह सहित नभि मारग लीजै ॥१६८२॥
जुध कथा नही रिदै चितारो ॥
अपनो अगलो काज सवारो ॥
ता ते अबि बिलंब नही कीजै ॥
मेरो कहियो मान कै लीजै ॥१६८३॥
सवैया ॥
इंद्र के धाम चलो बलवान सुजान सुनो अब ढील न कीजै ॥
देवबधू जोऊ चाहत है तिन को मिलीऐ मिल कै सुख लीजै ॥
तेरो मनोरथ पूरन होत है मान कहिओ न्रिप अंम्रित पीजै ॥
राजन राज समाज तजो इन बीरन को न ब्रिथा दुखु दीजै ॥१६८४॥

दोहरा ॥

यौ सुनि बतीआ ब्रहम की भूप सत्र दुख दैन ॥
अति चिति हरख बढाइ कै बोलिओ बिधि सो बैन ॥१६८५॥

चौपई ॥

यौ ब्रहमा सो बैन सुनायो ॥
तो सिउ कहो जु मन मै आयो ॥
मो सो बीर ससत्र जब धरै ॥
कहो बिसन बिन का सो लरै ॥१६८६॥

दोहरा ॥

तुम सब जानत बिस्व कर खड़ग सिंघ मोहि नाउ ॥
लाज आपने नाउ की कहो कहा भजि जाउ ॥१६८७॥
सवैया ॥
चतुरानन मो बतीआ सुनि लै चित दै दुह स्रउनन मै धरीऐ ॥
उपमा को जबै उमगै मन तउ उपमा भगवान ही की करीऐ ॥
परीऐ नही आन के पाइन पै हरि के गुर के दिज के परीऐ ॥
जिह को जुग चार मै नाउ जपै तिह सो लरि कै मरीऐ तरीऐ ॥१६८८॥
जा सनकादिक सेस ते आदिक खोजत है कछु अंत न पायो ॥
चउदह लोकन बीच सदा सुक ब्यास महा कबि स्याम सु गायो ॥
जाही के नाम प्रताप हूं ते ध्रूअ सो प्रहलाद अछै पद पायो ॥
सो अब मो संग जुधु करै जिह स्रीधर स्री हरि नाम कहायो ॥१६८९॥
अड़िल ॥
चतुरानन ए बचन सुनत चक्रित भयो ॥
बिसन भगत को तबै भूप चित मै लयो ॥
साध साध करि बोलिओ बदन निहार कै ॥
हो मोन रहियो गहि कमलज प्रेम बिचार कै ॥१६९०॥
बहुरि बिधाता भूपति को इह बिधि कहियो ॥
भगति ग्यान को ततु भली बिधि तै लहियो ॥
ता ते अब तन साथहि सुरगि सिधारीऐ ॥
हो मुकत ओर करि द्रिसटि न जुध निहारीऐ ॥१६९१॥

दोहरा ॥

कहियो न मानै भूप जब तब ब्रहमे कह कीन ॥
नारद को सिमरनि कीओ मुनि आयो परबीन ॥१६९२॥
सवैया ॥
तब ही मुनि नारद आइ गयो तिह भूपति को इक बैन सुनायो ॥
चउदह लोकन बीच कहियो प्रभि तो सम राज न कोऊ बनायो ॥
ताही ते बीरन की मनि तै सु भलो कीयो स्याम सो जुध मचायो ॥
स्याम कहै मुनि की बतीआ सुनि भूप घनो मन मै सुखु पायो ॥१६९३॥

दोहरा ॥

अभिबंदन भूपति कीयो नारद को पहिचानि ॥
मुनिपति इह उपदेस दीआ जुध करो बलवान ॥१६९४॥
इत भूपति नारद मिले प्रेमु भगति की खान ॥
उत महेस चलि तह गए जह ठाढे भगवान ॥१६९५॥

चौपई ॥

इते रुद्र मनि मंत्र बिचारिओ ॥
स्री जदुपति के निकटि उचारिओ ॥
अब ही म्रितहि आइस दीजै ॥
तब इह भूप मारि कै लीजै ॥१६९६॥

दोहरा ॥

सर अपने मै म्रितु धरि इह तुम करहु उपाइ ॥
अब कसि कै धनु छाडीए भूले बडि अनिआइ ॥१६९७॥

चौपई ॥

सोई काम स्याम जू कीनो ॥
जिह बिधि सो सिव जू कहि दीनो ॥
तब चितवन हरि म्रित को कीयो ॥
मीच आइ कै दरसनु दीयो ॥१६९८॥

दोहरा ॥

कहिओ म्रित को क्रिसन जू मो सर मै कर बासु ॥
अब छाडत हो सत्र पै जाइ करहु तिह नासु ॥१६९९॥
सवैया ॥
देव बधून के नैन कटाछ बिलोकत ही न्रिप चित लुभायो ॥
नारद ब्रहम दुहूं मिल कै रन मै संगि बातन के उरझायो ॥
स्याम तबै लखि घात भली अरि मारन को म्रित बान चलायो ॥
मंत्रनि के बल सो छल सो तब भूपति को सिरु काटि गिरायो ॥१७००॥
जदिपि सीस कटिओ न हटिओ गहि केसनि ते हरि ओरि चलायो ॥
मानहु प्रान चलियो दिवि आनन काज बिदा ब्रिजराज पै आयो ॥
सो सिरु लाग गयो हरि के उरि मूरछ ह्वै पगु न ठहरायो ॥
देखहु पउरख भूप के मुंड को स्यंदन ते प्रभु भूमि गिरायो ॥१७०१॥
भूपत जैसो सु पौरख कीनो है तैसी करी न किसी करनी ॥
लखि जछनि किंनरी रीझ रही नभ मै सभ देवन की घरनी ॥
म्रिद बाजत बीन म्रिदंग उपंग मुचंग लीए उतरी धरनी ॥
नभ नाचत गावत रीझि रिझावत यौ उपमा कबि ने बरनी ॥१७०२॥

दोहरा ॥

नभ ते उतरी सुंदरी सकल लीए सुर साज ॥
कवन हेत कबि स्याम कहि भूपति बरबे काज ॥१७०३॥
सवैया ॥
मुंड बिना तब रुंड सु भूपति को चित मै अति कोप बढायो ॥
द्वादस भानु जु ठाढे हुते कबि स्याम कहै तिह ऊपरि धायो ॥
भाजि गए करि त्रास सोऊ सिव ठाढो रहियो तिह ऊपर आयो ॥
सो न्रिप बीर महा रनधीर चटाकि चपेट दै भूमि गिरायो ॥१७०४॥
एकन मारि चपेटन सिउ अरु एकन को धमकार गिरावै ॥
चीर कै एकनि डारि दए गहि एकन को नभि ओरि चलावै ॥
बाज सिउ बाजन लै रथ सिउ रथ अउ गज सिउ गजराज बजावै ॥
स्याम भनै रन या बिधि भूपति सत्रनि को जम धामि पठावै ॥१७०५॥
ह्वै कै सुचेत चढियो रथि स्याम महा मन भीतर कोप बढियो है ॥
आपन पउरख सोऊ संभार कै म्यानहु ते करवारि कढियो है ॥
धाइ परे रिस खाइ घनी अरिराइ मनो निधि नीर हढियो है ॥
तानि कमाननि मारत बानन सूरन के चित चउप चढियो है ॥१७०६॥
बीरन घाइ करे जब ही तब पउरख भूप कबंध समारिओ ॥
ससत्र संभार तबै अपुने इन नासु करो चित बीच बिचारिओ ॥
धाइ परिओ रिसि सिउ रन मै अरि भाजि गए जसु राम उचारिओ ॥
तारन को मनो मंडल भीतर सूर चढिओ अंधिआरि सिधारिओ ॥१७०७॥
स्री जदुबीर ते आदिक बीर गए भजि कै न कोऊ ठहिरानिओ ॥
आहव भूमि मै भूपति को सब सूरन मानहु काल पछानिओ ॥
भूप कमान ते बान चले मनो अंति प्रलै घन सिउ बरखानिओ ॥
इउ लखि भाजि गए सिगरे किनहूं न्रिप के संग जुधु न ठानिओ ॥१७०८॥
सब ही भट भाजि गए जब ही प्रभ को तब भूप भयो अनुरागी ॥
जूझ तबै तिन छाडि दयो हरि धिआन की ताहि समाधि सी लागी ॥
राज न राज समाज बिखै कबि स्याम कहै हरि मै मति पागी ॥

धीर गहिओ धरि ठाढो रहिओ कहो भूपति ते अब को बडभागी ॥१७०९ ॥
स्री जदुबीर को बीर सभो धरि डारनि को जब घात बनायो ॥
स्याम भने मिलि कै फिरि कै इह पै पुनि बाननि ओघ चलायो ॥
देवबधू मिल कै सबहूं इह भूप कबंध बिवानि चढायो ॥
कूद परिओ न बिवानि चढियो पुनि ससत्र लीए रन भू मधि आयो ॥१७१० ॥

दोहरा ॥

धनुख बान लै पान मै आनि परिओ रन बीच ॥
सूरबीर बहु बिधि हने ललकारियो तब मीच ॥१७११ ॥

चौपई ॥

अंतक जम जब लैने आवै ॥
लखि तिह को तब बान चलावै ॥
म्रितु पेख कै इत उत टरै ॥
मारिओ काल हूं को नही मरै ॥१७१२ ॥
पुनि सत्रनि दिसि रिसि करि धायो ॥
मानहु जम मूरति धरि आयो ॥
इउ सु जुधु बैरिन संगि करिओ ॥
हरि हर बिधि सुभटनि मनु डरिओ ॥१७१३ ॥
सवैया ॥
हारि परै मनुहारि करै कहै इउ न्रिप जुध ब्रिथा न करईयै ॥
डारि दै हाथन ते हथीआरन कोप तजो सुख साति समईयै ॥
सूर न कोऊ भयो तुमरे सम तेरो प्रताप तिहूं पुरि गईयै ॥
छाडति है हम ससत्र सबै सु बिवान चढो सुर धामि सिधईयै ॥१७१४ ॥
अड़िल ॥
सब देवन अरु क्रिसन दीन ह्वै जब कहिओ ॥
हटो जुध ते भूप हमो मुखि त्रिन गहिओ ॥
न्रिप सुनि आतुर बैन सु कोपु निवारिओ ॥
हो धनुख बान दिओ डारि राम मनु धारिओ ॥१७१५ ॥

दोहरा ॥

किंनर जछ अपछरनि लयो बिवान चढाइ ॥
जै जै कार अपार सुनि हरखे मुनि सुर राइ ॥१७१६ ॥
सवैया ॥
भूप गयो सुर लोकि जबै तब सूर प्रसंनि भए सब ही ॥
इह भात कहै रनु मै सिगरे मुखि काल के जाइ बचे अब ही ॥
ससि भानु धनाधिप रुद्र बिरंच सबै हरि तीर गए जब ही ॥
हरखे बरखे नभ ते सुर फूल सु जीत की बंब बजी तब ही ॥१७१७ ॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे जुध प्रबंधे खड़ग सिंघ बधहि धिआइ समापतं ॥*

सवैया ॥
तउ ही लउ कोप कीओ मुसली अरि बीर तबै संग तीर प्रहारे ॥
ऐचि लीए इक बार ही बैरन प्रान बिना करि भू पर डारे ॥
एक बली गहि हाथन सो छित पै करि कोप फिराइ पछारे ॥
जीवत जोऊ बचे बल ते रन त्याग सोऊ न्रिप तीर सिधारे ॥१७१८ ॥

चौपई ॥

जरासंधि पै जाइ पुकारे ॥
खड़ग सिंघ रन भीतर मारे ॥
इउ सुनि कै तिन के मुख बैना ॥
रिसि के संग अरुन भए नैना ॥१७१९॥
अपुने मंत्री सबै बुलाए ॥
तिन प्रति भूपति बचन सुनाए ॥
खड़ग सिंघ जूझे रन माही ॥
अउर सुभट को तिह सम नाही ॥१७२०॥
खड़ग सिंघ सो सूरो नाही ॥
तिह सम जाइ लरै रन माही ॥
अब तुम कहो कउन बिधि कीजै ॥
कउन सुभट को आइस दीजै ॥१७२१॥
जरासंधि न्रिप सो मंत्री बाच ॥

दोहरा ॥

तब बोलिओ मंत्री सुमति जरासंधि के तीर ॥
साझ परी है अब न्रिपति कउन लरै रनि बीर ॥१७२२॥
उत राजा चुप होइ रहिओ मंत्रि कही जब गाथ ॥
इत मुसलीधर तह गयो जहा हुते ब्रिजनाथ ॥१७२३॥
मुसली बाच कान्रह सो ॥

दोहरा ॥

क्रिपासिंध इह कउन सुत खड़ग सिंघ जिह नाम ॥
ऐसो अपुनी बैस मै नहि देखिओ बल धाम ॥१७२४॥

चौपई ॥

ता ते या की कथा प्रकासो ॥
मेरे मन को भरमु बिनासो ॥
ऐसी बिधि सो बलि जब कहिओ ॥
सुनि स्री क्रिसनि मोन ह्वै रहिओ ॥१७२५॥
कान्रह बाच ॥
सोरठा ॥
पुनि बोलिओ ब्रिजनाथ क्रिपावंत ह्वै बंधु सिउ ॥
सुनि बलि या की गाथ जनम कथा भूपति कहो ॥१७२६॥

दोहरा ॥

खटमुख रमा गनेस पुनि सिंगी रिखि घन स्याम ॥
आदि बरन बिधि पंच लै धरिओ खड़ग सिंघ नाम ॥१७२७॥
खड़ग रमय तन गरमिता सिंघ नाद घमसान ॥
पंच बरन को गुन लीओ इह भूपति बलवान ॥१७२८॥

छपै छंद ॥

खरग सकति सविताात दई तिह हेत जीत अति ॥
बहु सुंदरता रमा दई तिन बिमल अमल मति ॥
गरमा सिधि गनेस स्रिंग रिखि सिंघनाद दीय ॥
करत अधिक घमसान इहै घन स्याम हेत कीय ॥
इह बिधि प्रकास भूपति कीयो सुनि हलधर इम भाखियो ॥
ब्रिजनाथ अनाथ सनाथ तुम बडो सत्रु रन मधि हयो ॥१७२९॥

सोरठा ॥
पुनि बोलिओ ब्रिजचंद संकरखन सो क्रिपा करि ॥
जादव इक मति मंद गरब करै बहु भुजा को ॥१७३०॥

चौपई ॥

जादव बंस मान भयो भारी ॥
राम स्याम हमरे रखवारी ॥
डीठ आन को आनत नाही ॥
ता को फलु पायो जग माही ॥१७३१॥
गरब प्रहारी स्री धरि जानो ॥
मेरो कहियो साचु करि मानो ॥
तिह के हेत भूप अउतरियो ॥
इह बिधि जान बिधाता करियो ॥१७३२॥

दोहरा ॥

कहा रंक भूपाल ए करिओ इतो संग्राम ॥
जादव गरब बिनास हित उपजायो स्री राम ॥१७३३॥

चौपई ॥

जादव कुल ते गरब न गयो ॥
इन के नाम हेत रिखि भयो ॥
दुख कै स्राप मुनीसुर दै है ॥
एक समै सभ ही को छै है ॥१७३४॥

दोहरा ॥

पुनि बोलिओ स्री क्रिसन जी पंकज नैन बिसाल ॥
हे मुसलीधर बुधि बर सुन अब कथा रसाल ॥१७३५॥

चौपई ॥

सुनि दै स्रउन बात कहो तो सो ॥
कवन जुधु करि जीतै मो सो ॥
खड़ग सिंघ मो अंतर नाही ॥
मुहि सरूप वरतत जग माही ॥१७३६॥
साच कहियो है हे बलिदेवा ॥
पायो नहिन किसू इह भेवा ॥
सूरन मै कोऊ इह सम नाही ॥
मेरो नाम बसै रिद माही ॥१७३७॥

दोहरा ॥

उदर माझ बसि मास दस तजि भोजन जल पान ॥
पवन अहारी हुइ रहिओ बरु दीनो भगवान ॥१७३८॥
रिपु जीतन को बरु लीयो खड़ग सिंघ बलवान ॥
बहुरि तपस्या बनि करी द्वादस बरख प्रमान ॥१७३९॥

चौपई ॥

बीती कथा भयो तब भोर ॥
जागे सु भट दुहूं दिसि ओरि ॥

जरासंधि दलु सजि रनि आयो ॥
जादव दलु बलि लै समुहायो ॥१७४०॥
सवैया ॥
स्री बलदेव सबै दलु लै इत ते उमडिओ उत ते उइ आए ॥
जुधु कीओ हल लै निज पानि हकारि हकारि प्रहार लगाए ॥
एक परे भट जूझि धरा पर एक लरै मिल कै इक धाए ॥
मूसल लै बहुरे कर मै अरि मारि घने जम धामि पठाए ॥१७४१॥
रोस भयो घन स्याम लयो धनु बानु संभारि तही उठि धायो ॥
आनि परिओ तब ही तिन पै रिपु कउ हति कै नदि स्रोन बहायो ॥
बाज करी रथपति बिपति परी रन मै नहि को ठहिरायो ॥
भाजत जात सबै रिसि खात कछू न बसात कहै दुखु पायो ॥१७४२॥
आगे की सैन भजी जब ही तब पउरख स्री ब्रिजराज संभारिओ ॥
ठाढो जहा दल को पति है तहा जाइ पर्यो चित बीच बिचारिओ ॥
ससत्र संभारि मुरारि सबै न्रिप ठाढो जहा तिह ओरि सिधारिओ ॥
बान कमान गही घनि स्याम जरासंधि को अभिमान उतारिओ ॥१७४३॥
स्री बलबीर सरासनु ते जब तीर छुटे तब को ठहरावै ॥
जाइ लगे जिह के उर मै सर सो छिन मै जम धामि सिधावै ॥
ऐसे न को प्रगटिओ जग मै भट जो समुहाइ कै जुधु मचावै ॥
भूपति कउ निज बीर कहैं हरि मारत सैन चलिओ रनि आवै ॥१७४४॥
स्याम की ओर ते बान छुटे न्रिप के दल के बहु बीरन घाए ॥
जेतिक आइ भिरे हरि सो छिन बीच तेऊ जम धामि पठाए ॥
कउतुक देख कै यौ रन मै अति आतुर हुइ तिन बैन सुनाए ॥
आवन देहु अबै हम लउ न्रिप ऐसे कहिओ सिगरे समझाए ॥१७४५॥
भूप लखिओ हरि आवत ही संग लै प्रितना तब आपु ही धायो ॥
आगे कीए निज लोग सबै तब लै कर मो बर संख बजायो ॥
स्याम भनै तिह आहव मै अति ही मन भीतर को डर पायो ॥
ता धुनि को सुनि कै बर बीरन के चिति मानहु चाउ बढायो ॥१७४६॥

दोहरा ॥

जरासंधि की अति चमूं उमडी क्रोध बढाइ ॥
धनुख बान हरि पानि लै छिन मै दीनी घाइ ॥१७४७॥
सवैया ॥
जदुबीर कमान ते बान छुटे अवसान गए लखि सत्रन के ॥
गजराज मरे गिर भूमि परे मनो रूख कटे करवत्रन के ॥
रिपु कउन गने जु हने तिह ठा मुरझाइ गिरे सिर छत्रन के ॥
रन मानो सरोवरि आंधी बहै टुटि फूल परे सत पत्रन के ॥१७४८॥
घाइ लगे इक घूमत घाइल स्रउन सो एक फिरै चुचवाते ॥
एक निहार कै डारि हथीआर भजै बिसंभार गई सुधि साते ॥
दै रन पीठ मरै लर कै तिह मास को जंबुक गीध न खाते ॥
बोलत बीर सु एक फिरै मनो डोलत कानन मै गज माते ॥१७४९॥
पानि क्रिपान गही घनि स्याम बडे रिपु ते बिनु प्रान कीए ॥
गज बाजन के असवार हजार मुरारि संघारि बिदारि दीए ॥
अरि एकन के सिर काटि दए इक बीरन के दए फारि हीए ॥
मनो काल सरूप कराल लखिओ हरि सत्र भजे इक मार लीए ॥१७५०॥

कबितु ॥

रोस भरे बहुरो धनुख बान पानि लीनो रिपन संघारत इउ कमला को कंतु है ॥
केते गज मारे रथी बिरथी करि डारे केते ऐसे भयो जुधु मानो कीनो रुद्र अंतु है ॥
सैथी चमकावत चलावत सुदरसन को कहै कबि राम स्याम ऐसो तेजवंतु है ॥

स्रउनत रंगीन पट सुभट प्रबीन रन फागु खेल पौढ रहे मानो बडे संत है ॥१७५१॥
कान्रह ते न डरे अरि अरराइ परे सब कहै कबि स्याम लरबे कउ उमगति है ॥
रन मै अडोल स्वाम कार जी अमोल बीर गोल ते निकस लरै कोप मै पगत है ॥
डोलत है आस पास जीतबे की करै आस त्रास मनि नैकु नही न्रिप के भगत है ॥
कंचन अचल जिउ अटल रहिओ जदुबीर तीर तीर सूरमा नछत्र से डिगत है ॥१७५२॥
सवैया ॥
इह भाति इतै जदुबीर घिरिओ उत कोप हलायुध बीर संघारे ॥
बान कमान क्रिपानन पानि धरे बिनु प्रान परे छिति मारे ॥
टूक अनेक कीए हलि सो बलि कातुर देखि भजे बिसंभारे ॥
जीतत भयो मुसली रन मै अरि भाजि चले तब भूप निहारे ॥१७५३॥
चक्रत हुइ चित बीच चमू पति आपुनी सैन कउ बैन सुनायो ॥
भाजत जात कहा रन ते भट जुधु निदान समो अब आयो ॥
इउ ललकार कहिओ दल को तब स्रउनन मै सबहूं सुनि पायो ॥
ससत्र संभारि फिरे तब ही अति कोप भरे हठि जुधु मचायो ॥१७५४॥
बीर बडे रनधीर सोऊ जब आवत स्री जदुबीर निहारे ॥
स्याम भनै करि कोप तिही छिन सामुहे होइ हरि ससत्र प्रहारे ॥
एकन के कर काटि दए इक मुंड बिना करि भू परि डारे ॥
जीत की आस तजी अरि एक निहार कै डारि हथियार पधारे ॥१७५५॥

दोहरा ॥

जब ही अति दल भजि गयो तब न्रिप कीओ उपाइ ॥
आपन मंत्री सुमति कउ लीनो निकटि बुलाइ ॥१७५६॥
द्वादस छूहनि सैन अब लै धावहु तुम संग ॥
ससत्र असत्र भूपति दयो अपुनो कवच निखंग ॥१७५७॥
सुमति चलत रन इउ कहियो सुनीए बचन न्रिपाल ॥
हरि हलधर केतक बली करो काल को काल ॥१७५८॥

चौपई ॥

इउ कहि जरासंधि सिउ मंत्री ॥
संग लीए तिह अधिक बजंत्री ॥
मारू राग बजावत धायो ॥
द्वादस छूहणि लै दलु आयो ॥१७५९॥

दोहरा ॥

संकरखण हरि सो कहियो करीऐ कवन उपाइ ॥
सुमति मंत्रि दल प्रबल लै रन मधि पहुंचियो आइ ॥१७६०॥
सोरठा ॥
तब बोलिओ जदुबीर ढील तजो बलि हलि गहो ॥
रहीयो तुम मम तीर आगै पाछै जाहु जिनि ॥१७६१॥
सवैया ॥
राम लीयो धनु पानि संभारि धस्रयो तिन मै मनि कोपु बढायो ॥
बीर अनेक हने तिह ठउर घनो अरि सिउ तब जुधु मचायो ॥
जो कोऊ आइ भिरियो बलि सिउ अति ही सोऊ घाइन के संग घायो ॥
मूरछ भूमि गिरे भट झूमि रहे रन मै तिह सामुहे धायो ॥१७६२॥
कान्रह कमान लीए कर मै रन मै जब केहरि जिउ भभकारे ॥
को प्रगटिओ भट ऐसे बली जगि धीर धरे हरि सो रन पारे ॥
अउर सु कउन तिहूं पुर मै बलि स्याम सिउ बैर को भाउ बिचारे ॥
जो हठ कै कोऊ जुधु करै सु मरै पल मै जमलोकि सिधारे ॥१७६३॥
जब जुधु को स्याम जू राम चढे तब कउन बली रन धीर धरै ॥

जोऊ चउदह लोकन को प्रतिपाल न्रिपाल सु बालक जानि लरै ॥
जिह नाम प्रताप ते पाप टरै तिह को रन भीतर कउन हरै ॥
मिलि आपसि मै सब लोक कहै रिपु संधि जरा बिनु आई मरै ॥१७६४॥
सोरठा ॥
इत ए करत बिचारि सुभट लोक न्रिप कटक मै ॥
उत बलि ससत्र संभारि धाइ परिओ नाहिन डरियो ॥१७६५॥
सवैया ॥
मूसल लै मुसली कर मै अरि को पल मै दल पुंज हरिओ है ॥
बीर परे धरनी पर घाइल स्रउनत सिउ तन ताहि भरिओ है ॥
ता छबि को जसु उच महा मन बीच बिचार कै स्याम करिओ है ॥
मानहु देखन कउ रन कउतुक क्रोध भिआनक रूप धरिओ है ॥१७६६॥
इत ओर हलायुध जुधु करै उत स्री गरड़धुज कोप भरिओ है ॥
ससत्र संभारि मुरारि तबै अरि सैन के भीतर जाइ अरिओ है ॥
मारि बिदार दए दल कउ रन या बिधि चित्र बचित्र करिओ है ॥
बाज पै बाज रथी रथ पै गज पै गज स्वार पै स्वार परिओ है ॥१७६७॥
एक कटे अध बीचहुं ते भट एकन के सिर काटि गिराए ॥
एक कीए बिरथी तब ही गिर भूमि परे संगि बानन घाए ॥
एक कीए कर हीन बली पग हीन किते गनती नहि आए ॥
स्याम भनै किनहूं नही धीर धरिओ तब ही रन छाडि पराए ॥१७६८॥
जा दल जीत लयो सिगरे जगु अउर कहूं रन ते नही हारिओ ॥
इंद्र से भूप अनेक मिले तिन ते कबहूं नही जा पगु टारिओ ॥
सो घनि स्याम भजाइ दीयो पल मै न किनूं धनु बान संभारिओ ॥
देव अदेव करै उपमा इम स्री जदुबीर बडो रन पारिओ ॥१७६९॥

दोहरा ॥

द्वै अछूहनी सैन रनि दई स्याम जब घाइ ॥
मंत्री सुमति समेत दलु कोप परिओ अरराइ ॥१७७०॥
सवैया ॥
धाइ परे करि कोप तबै भट दै मुख ढाल लए करवारै ॥
सामुहे आइ हठी हठि सिउ घनि स्याम कहा इह भाति हकारै ॥
मूसल चक्र गदा गहि कै सु हतै हरि कौच उठै चिनगारै ॥
मानो लुहार लीए घन हाथन लोह करेरे को काम सवारै ॥१७७१॥
तउ लग ही बरमाक्रित ऊधव आए है स्याम सहाइ के कारन ॥
अउर अक्रूर लए संग जादव धाइ परिओ अर बीर बिदारन ॥
ससत्र संभारि सभै अपुने कबि स्याम कहै मुख मारि उचारन ॥
ओर दुहूं अति जुधु भयो सु गदा बरछी करवारि कटारन ॥१७७२॥
आवत ही बरमाक्रित जू अरि सैनहु ते सु घने भट कूटे ॥
एक परे बिब खंड तही अरि एक गिरे धर पै सिर फूटे ॥
एक महा बलवान कमानन तानि चलावत इउ सर छूटे ॥
काज बसेरे के रैन समे मधिआन मनो तरु पै खग टूटे ॥१७७३॥
एक कबंध लीए करवारि फिरै रन भूमि के भीतर डोलत ॥
धाइ परै तिह ओर बली भट जो तिह को ललकार कै बोलत ॥
एक परे गिर पाइ कटे उठबे कहु बाहन को बलु तोलत ॥
एक कटी भुज यौ तरफै जल हीन जिउ मीन परिओ झकझोलत ॥१७७४॥
एक कबंध बिना हथिआरन राम कहै रन मधि दउरै ॥
सुंडन ते गज राजन को गहि कै करि कै बल सो झकझोरै ॥
भूमि गिरे म्रित अस्वन की दुहूं हाथन सो गहि ग्रीव मरोरै ॥
स्यंदन के असवारन के सिर एक चपेट ही के संगि तोरै ॥१७७५॥
कूदत है रन मै भट एक कुलाचन दै करि जुधु करै ॥
इक बान कमान क्रिपानन ते कबि राम कहै न रती कु डरै ॥

इक काइर त्रास बढाइ चितै रन भूमि हूं ते तज ससत्र टरै ॥
इक लाज भरे पुनि आइ अरै लरि कै मर कै गिरि भूमि परै ॥१७७६॥
ब्रिजभूखन चक्र संभारत ही तब ही दलु बैरन के धसि कै ॥
बिनु प्रान कीए बलवान घने कबि स्याम भनै सु कछू हसि कै ॥
इक चूरन कीन गदा गहि कै इक पास के संग लीए कसि कै ॥
जदुबीर अयोधन मै बल कै अरि बीर लीए सब ही बसि कै ॥१७७७॥
बलभद्र इते बहु बीर हने ब्रिजनाथ उतै बहु सूर संघारे ॥
जो सभ जीत फिरे जग कउ अरु गाढ परी न्रिप काम सवारे ॥
ते घनि स्याम अयोधन मै बिनु प्रान कीए अरि भू पर डारे ॥
इउ उपमा उपजी जीय मै कदली मनो पउन प्रचंड उखारे ॥१७७८॥
जो रन मंडन स्याम के संगि भले न्रिप धामन कउ तजि धाए ॥
एक रथै गज राज चढे इक बाजन के असवार सुहाए ॥
ते घनि जिउ ब्रिज राज के पउरख पउन बहै छिन माझ उडाए ॥
काइर भाजत ऐसे कहै अब प्रान रहै मनो लाखन पाइ ॥१७७९॥
स्याम के छूटत बानन चक्र सु चक्रित हुइ रथ चक्र भ्रमावत ॥
एक बली कुल लाज लीए द्रिड़ हुइ हरि के संगि जूझ मचावत ॥
अउर बडे न्रिप लै न्रिप आइस आवत है चले गाल बजावत ॥
बीर बडे जदुबीर कउ देखन चउप चड़े लरबे कहु धावत ॥१७८०॥
स्री ब्रिजनाथ तबै तिन ही धनु तान कै बान समूह चलावत ॥
आइ लगै भट एकन कउ नट साल भए मन मै दुखु पावत ॥
एक तुरंगन की भुज बान लगै अति राम महा छबि पावत ॥
साल मुनीस्वर काटे हुते ब्रिजराज मनो तिह पंख बनावत ॥१७८१॥

चौपई ॥

तब सभ सत्र कोप मनि भरे ॥
घेर लयो हरि नैकु न डरे ॥
बिबिधायुध लै आहव करै ॥
मार मार मुख ते उचरै ॥१७८२॥
सवैया ॥
क्रुधत सिंघ क्रिपान संभार कै स्याम कै सामुहे टेरि उचारिओ ॥
केस गहे खड़गेस बली जब छाडि दयो तब चक्र संभारिओ ॥
गोरस खात ग्वारिन वै दिन भूल गए अब जुध बिचारिओ ॥
स्याम भनै जदुबीर कउ मानहु बैनन बानन कै संगि मारिओ ॥१७८३॥
इउ सुन कै बतीया ब्रिज नाइक कोप कीओ करि चक्र संभारियो ॥
नैकु भ्रमाइ कै पान बिखै बलि कै अरि ग्रीव के ऊपर डारियो ॥
लागत सीसु कटियो तिह को गिर भूमि परियो जसु सिआम उचारियो ॥
तार कुंभार लै हाथ बिखै मनो चाक के कुंभ तुरंत उतारियो ॥१७८४॥
जुध कीओ ब्रिजनाथ कै साथ सु सत्रु बिदार कहै जग जा कउ ॥
जा दस हूं दिस जीत लई छिन मै बिनु प्रान कीओ हरि ता कउ ॥
जोति मिली तिह की प्रभु सिउ जिम दीपक क्राति मिलै रवि भा कउ ॥
सूरज मंडल छेद कै भेद कै प्रान गए हरि धाम दसा कउ ॥१७८५॥
सत्रु बिदार हनिओ जब ही तब स्री ब्रिजभूखन कोप भरियो है ॥
स्याम भने तजि कै सब संक निसंक हुइ बैरन माझ परियो है ॥
भैरव भूप सिउ जुध कीओ सु वहै छिन मै बिनु प्रान करियो है ॥
भूमि गिरियो रथ ते इह भाति मनो नभ ते ग्रह टूटि परियो है ॥१७८६॥
एक भरे भट स्रौनत सो भभकारत घाइ फिरै रनि डोलत ॥
एक परे गिर कै धरनी तिन के तन जंबुक गीध कढोलत ॥
एकन के मुखि ओठन आंखन काग सु चोचन सिउ टक टोलत ॥
एकन की उरि आंतन को कढि जोगनि हाथन सिउ झकझोलत ॥१७८७॥
मान भरे असि पानि धरे चहूं ओरन ते बहुरो अरि आए ॥

स्री जदुबीर के बीर जिते कबि स्याम कहै इत ते तेऊ धाए ॥
बानन सैथिन अउ करवारि हकारि हकारि प्रहार लगाए ॥
आइ खए इक जीत लए इक भाजि गए इक मारि गिराए ॥१७८८॥
जे भट आहव मै कबहूं अरि कै लरि कै पगु एक न टारे ॥
जीति फिरै सभ देसन कउ सोऊ भाजि गए जिह ओरि निहारे ॥
जो जम के संगि जूझ करै तब अंतक ते नहि जात निवारे ॥
ते भट जूझि परे रन मै जदुबीर के कोप क्रिपान के मारे ॥१७८९॥
एक हुतो बलबीर बडो जदुबीर लिलाट मै बान लगायो ॥
फोक रही गडि भउहनि मै सरु छेद सभै सिर पार परायो ॥
स्याम कहै उपमा तिह की बर घाइ लगे बहु स्रोन बहायो ॥
मानहु इंद्र पै कोपु कीयो सिव तीसरे नैन को तेज दिखायो ॥१७९०॥
जदुबीर महा रनधीर जबै सु धवाइ परे रथ इउ कहि कै ॥
बलि दछन ओरि निहार कितो दल धायो है ससत्र सबै गहि कै ॥
बतीया सुनि सो ब्रिज नाइक की हल सो बलि धाइ लीए चहि कै ॥
तिह को अति स्रोन परिओ भूअ मै मनो सारसुती सु चली बहि कै ॥१७९१॥
एक निहार भयो अति आहव स्याम भनै तजि कै रन भागे ॥
घाइल घूमत एक फिरै मनो नीद घनी निसि के कहूं जागे ॥
पउरखवंत बडे भट एक सु स्याम सो जुध ही कउ अनुरागे ॥
एक त्याग कै ससत्र सबै जदुराइ के आइ कै पाइन लागै ॥१७९२॥

दोहरा ॥

भजे सत्र जब जुध ते मन मै त्रास बढाइ ॥
अउर सूर आवत भए करवारिन चमकाइ ॥१७९३॥
सवैया ॥
ससत्र संभारि सभै भट आइ कै धाइ कै स्याम सो जुधु मचायो ॥
त्रक गहिओ कर मै ब्रिज नाइक कोप भयो तिह ऊपर धायो ॥
बीर कीए बिनु प्रान घने अरि सैन सबै इह भाति भजायो ॥
पउन प्रचंड समान सु कान्रह मनो उमडिओ दलु मेघ उडायो ॥१७९४॥
काटत एकन के सिर चक्र गदा गहि दूजन के तन झारै ॥
तीजन नैन दिखाइ गिरावत चउथन चौप चपेटन मारै ॥
चीर दए अरि के उरि स्री हरि सूरन के अंगि अंगि प्रचारै ॥
धीर तहा भट कउन धरै जदुबीर जबै तिह ओरि सिधारै ॥१७९५॥
रोस भरियो जब ही ब्रिज नाइक दुजन सैन निहारि परै ॥
तुम हूं धौ बिचार कहो चित मै जगि कउन बीओ भट धीर धरै ॥
जोऊ साहस कै सब आयुध लै संगि स्याम के आइ कै नैकु अरै ॥
तिह कउ जदुबीर तिही छिन मै कबि स्याम कहै बिन प्रान करै ॥१७९६॥
जो भट ससत्र संभारि सबै ब्रिजनाइक पै अति ऐडो सु आवै ॥
जो कोऊ दूर ते स्याम भनै धनु तानि के स्याम पै बान चलावै ॥
जो अरि आइ सकै नही सामुहे दूर ते ठाढे ई गाल बजावै ॥
ताहि कउ स्री ब्रिजनाथ चितै सर एक ही सो परलोकि पठावै ॥१७९७॥

कबितु ॥

देख दसा तिन की बडेई बीर सत्रन के राम भनै ऐसी भाति चित मै रिसात है ॥
लीने करवारि मार मार ही उचार समुहाइ आइ स्याम जू सो जुधु ही मचात है ॥
एक निजकात नही मन मै डरात मुसकाइ घाइ खात मनो सबै एक जाति है ॥
गालहि बजात एक हरख बढात छत्र धरम करात ते वे सुरगि सिधात है ॥१७९८॥
सवैया ॥
ब्रिजनाइक के बल लाइक जे कबि स्याम कहै सोऊ सामुहे आवै ॥
बान कमान क्रिपान गदा गहि क्रुध भरे अति जुध मचावै ॥

एक परै बिनु प्रान धरा इक सीस कटे रन भूमहि धावै ॥
एकन की बर लोथ परी कर सो गहि कै अरि ओरि चलावै ॥१७९९॥
सूर सु एक हनै तह बाज तहा इक बीर बडे गज मारै ॥
एक रथी बलवान हनै इक पाइक मार कै बीर पछारै ॥
एक भजे लखि आहव कउ इक घाइल घाइल को ललकारै ॥
एक लरै न डरै घन स्याम को धाइ क्रिपान के घाइ प्रहारै ॥१८००॥

दोहरा ॥

घेरि लीओ चहूं ओर हरि बीरनि ससत्र संभारि ॥
बारि खेत जिउ छाप नग रवि ससि जिउ परिवारि ॥१८०१॥
सवैया ॥
घेरि लीओ हरि कउ जब ही तब स्री जदुनाथ सरासन लीनो ॥
दुजन सैन बिखै धसि कै छिन मै बिनु प्रान घनो दलु कीनो ॥
लोथ पै लोथ गई परि कै इह भाति करियो अति जुधु प्रबीनो ॥
जो कोऊ सामुहे आइ अरिओ अरि सो ग्रिह जीवत जान न दीनो ॥१८०२॥
बहु बीर हने लखि कै रन मै बर बीर बडे अति कोप भरे ॥
जदुबीर के ऊपरि आइ परे हठि कै मन मै नहीं नैकु डरे ॥
सब ससत्र संभारि प्रहार करै कबि स्याम कहै नही पैगु टरे ॥
ब्रिजनाथ सरासन लै तिन के सर एक ही एक सो प्रान हरे ॥१८०३॥
बहु भूमि गिरे बर बीर जबै जेऊ सूर रहे मन कोपु पगे ॥
ब्रिजनाथ निहारि उचारत यौ सब गूजर पूत के कउन भगे ॥
अब या कहु मारत है रन मै मन मै रस बीर मिले उमगे ॥
जदुबीर के तीर छुटे ते डरे भट जिउ कोऊ सोवत चउक जगे ॥१८०४॥

झूलना छंद ॥

लीयो पानि संभार कै चक्र भगवान जू क्रोध कै सत्रु की सैन कुटी ॥
मही चाल कीनो दसो नाग भागे रमा नाथ जागे हरहि डीठ छुटी ॥
घनी मार संघारि बिदार कीनी घनी स्याम को देख कै सैन फुटी ॥
ऐसे स्याम भाखै महा सूरमो की तहा आपनी जीत की आस तुटी ॥१८०५॥
घनी मारि माची तहा कालि नाची घने जुध कउ छाडि कै बीर भागे ॥
किसन बान कमान के लागते ही ऐसे स्याम भाखै घनियो प्रान त्यागे ॥
घनियो हाथ काटे गिरे पेट फाटे फिरै बीर संग्राम मै बान लागे ॥
घनियो घाइ लागे बसत्र स्रउन पागे मनो पहनि आए सबै लाल बागे ॥१८०६॥
जबै स्याम बलि राम संग्राम म्याने लीयो पानि संभार कै चक्र भारी ॥
केऊ बान कमान को तान धाए केऊ ढाल त्रिसूल मुगद्र कटारी ॥
जरासंधि की फउज मै चाल पारी बली दउर कै ठउरि सैना संघारी ॥
दुहूं ओर ते सार पै सार बाजियो छुटी मैन के सत्रु की नैन तारी ॥१८०७॥
मची मारि घमकारि तलवारि बरछी गदा छुरी जमधरन अरि दल संघारे ॥
बढी स्रउन सलता बहे जात गज बाज रथ मुंड करि सुंड भट तुंड निआरे ॥
त्रसे भूत बैताल भैरवि भगी जुगनी पैर खपरि उलटि उरि सु धारे ॥
भनै राम संग्राम अति तुमल दारुन भयो मोन तजि सिव ब्रहम जीअ डरारे ॥१८०८॥
सवैया ॥
जब साम सु पउरख एतो कीयो अरि सैनहु ते भट एक पुकारियो ॥
कान्रह बडो बलवंड प्रचंड घमंड कीयो अति नैकु न हारियो ॥
ता ते अबै भजीऐ तजीऐ रन या ते न कोऊ बचियो बिनु मारियो ॥
बालक जान कै भूलहु रे जिनि केस ते गहि कंस पछारियो ॥१८०९॥
ऐसो उचार सबै सुनि कै चित मै अति संकति मान भए है ॥
काइर भाजन को मन कीनो है सूरन के मन कोपि तए है ॥
बान कमान क्रिपानन लै करि मान भरे भट आइ खए है ॥

स्याम लयो असि पानि संभार हकार बिदार संघारि दए है ॥१८१०॥
एक भजे लखि भीर परी जदुबीर कही बलिबीर संभारो ॥
ससत्र जिते तुमरे पहि है जु अरे अरि ताहि हकारि संघारो ॥
धाइ निसंक परो तिह ऊपरि संक कछू चित मै न बिचारो ॥
भाजत जात जिते रिपु है तिह पासि के संग ग्रसो जिनि मारो ॥१८११॥
स्री ब्रिजराज के आनन ते मुसलीधर बैन इहै सुनि पाए ॥
मूसल अउ हल पानि लयो बलि पासि सुधार कै पाछै ही धाए ॥
भाजत सत्रन को मिल कै गरि डारि दई रिपु हाथ बंधाए ॥
एक लरे रन माझ मरे इक जीवत जेलि कै बंध पठाए ॥१८१२॥
स्री जदुबीर के बीर तबै अरि सैन के पाछै परे असि धारे ॥
आइ खए सोऊ मारि लए तेऊ जानि दए जिनि इउ कहियो हारे ॥
जो न टरे कबहूं रन ते अरि ते बलिदेव के बिक्रम टारे ॥
भाजि गए बिसंभार भए गिर गे कर ते करवारि कटारे ॥१८१३॥
जो भट ठाढे रहे रन मै तेऊ दउरि परे तिह ठउर रिसै कै ॥
चक्र गदा असि लोहहथी बरछी परसे अरि नैन चितै कै ॥
नैकु डरै नही धाइ परै भट गाजि सबै प्रभ काज जितै कै ॥
अउर दुहूं दिस जुध करै कबि स्याम कहै सुर धाम हितै कै ॥१८१४॥
पुनि जादव धाइ परे इत ते उत ते मिलि कै अरि सामुहे धाए ॥
आवत ही तिन आपसि बीच हकारि हकारि प्रहार लगाए ॥
एक मरे इक सास भरे तरफै इक घाइल भू पर आए ॥
मानो मलंग अखारन भीतर लोटत है बहु भाग चड़ाए ॥१८१५॥

कबितु ॥

बडे स्वामिकारजी अटल सूर आहव मै सत्रन के सामुहे ते पैगु न टरत है ॥
बरछी क्रिपान लै कमान बान सावधान ताही समे चित मै हुलास कै लरत है ॥
जूझ कै परत भवसागर तरत भानु मंडल कउ भेद प्यान बैकुंठ करत है ॥
कहै कबि स्याम प्रान अगे कउ धसत ऐसे जैसे नर पैर पैर कारी पै धरत है ॥१८१६॥
सवैया ॥
इह भाति को जुधु भयो लखि कै भट क्रुधत ह्वै रिपु ओरि चहै ॥
बरछी करि बान कमान क्रिपान गदा परसे तिरसूल गहै ॥
रिपु सामुहे धाइ कै घाइ करै न टरै बर तीर सरीर सहै ॥
पुरजे पुरजे तन ह्वै रन मै दुखु तो मन मै मुख ते न कहै ॥१८१७॥
जे भट आइ अयोधन मै करि कोप भिरे नहि संकि पधारे ॥
ससत्र संभारि सबै कर मै तन सउहे करै नहि प्रान पिआरे ॥
रोस भरे जोऊ जूझ मरे कबि स्याम ररे सुर लोगि सिधारे ॥
ते इह भाति कहै मुख ते सुर धामि बसे बडे भाग हमारे ॥१८१८॥
एक अयोधन मै भट यौ अरि कै बरि कै लरि भूमि परै ॥
इक देख दसा भट आपन की कबि स्याम कहै जीअ कोप लरै ॥
तब ससत्र संभारि हकारि परै घन स्याम सो आइ अरै न टरै ॥
तजि संक लरै रन माझ मरै ततकाल बरंगन जाइ बरै ॥१८१९॥
इक जूझि परै इक देखि डरै इक तउ चित मै अति कोप भरै ॥
कहि आपने आपने सारथी सो सु धवाइ कै स्यंदन आइ अरै ॥
तलवार कटारन संग लरै अति संगर मो नहि संक धरै ॥
कबि स्याम कहै जदुबीर के सामुहे मारि ही मारि करै न टरै ॥१८२०॥
जब यौ भट आवत स्री हरि सामुहे तउ सब ही प्रभ ससत्र संभारे ॥
कोप बढाइ चितै तिन कउ इक बार ही बैरन के तन झारे ॥
एक हने अरि पाइन सो इक दाइन सो गहि भूमि पछारे ॥
ताही समै तिह आहव मै बहु सूर बिना करि प्रानन डारे ॥१८२१॥
एक लगे भट घाइन के तजि देह को प्रान गए जम के घरि ॥
सुंदर अंग सु एकनि के कबि स्याम कहै रहे स्रोनत सो भरि ॥

एक कबंध फिरै रन मै जिन के ब्रिज नाइक सीस कटे बर ॥
एक सु संकति ह्वै चित मै तजि आहव को न्रिप तीर गए डरि ॥१८२२॥
भाजि तबै भट आहव ते मिलि भूप पै जाइ कै ऐसे पुकारे ॥
जेते सु बीर पठे तुम राज गए हरि पै हथिआर संभारे ॥
जीत न कोऊ सके तिह को हम तो सब ही बल कै रन हारे ॥
बान कमान सु तान कै पानि सबै तिन प्रान बिना करि डारे ॥१८२३॥
इउ न्रिप कउ भट बोल कहै हमरी बिनती प्रभ जू सुनि लीजै ॥
आहव मंत्रन सउप चलो ग्रहि को सिगरे पुर को सुख दीजै ॥
आज लउ लाज रही रन मै सम जुधु भयो अजो बीर न छीजै ॥
स्याम ते जुध की स्याम भनै सुपने हू मै जीत की आस न कीजै ॥१८२४॥

दोहरा ॥

जरासंधि ए बचन सुनि रिसि करि बोलियो बैन ॥
सकल सुभट हरि कटिक कै पठवों जम के ऐनि ॥१८२५॥
सवैया ॥
का भयो जो मघवा बलवंड है आज हउ ताही सो जुधु मचैहों ॥
भानु प्रचंड कहावत है हनि ताही को हउ जम धामि पठैहों ॥
अउ जु कहा सिव मो बलु है मरि है पल मै जब कोप बढैहों ॥
पउरख राखत हउ इतनो कहा भूप ह्वै गूजर ते भजि जैहों ॥१८२६॥
इउ कहि कै मनि कोप भरिओ चतुरंग चमूं जु हुती सु बुलाई ॥
आइ है ससत्र संभारि सबै संग स्याम मचावन काज लराई ॥
छत्र तनाइ कै पीछे चलियो न्रिप सैन सबै तिह आगे सिधाई ॥
मानहु पावस की रितु मै घनघोर घटा घुर कै उमडाई ॥१८२७॥
भूप बाच हरि सो ॥

दोहरा ॥

भूप तबै हरि हेरि कै ऐसो कहिओ सुनाइ ॥
तूं गुआर छत्रीन सो जूझ करैगो आइ ॥१८२८॥
क्रिसन बाच न्रिप सो ॥
सवैया ॥
छत्री कहावत आपन को भजि हो तब ही जब जुध मचैहों ॥
धीर तबै लखि हो तुम को जब भीर परै इक तीर चलैहों ॥
मूरछ ह्वै अब ही छित मै गिरहों नहि स्यंदन मै ठहरैहों ॥
एकह बान लगे हमरो नभ मंडल पै अब ही उड जैहों ॥१८२९॥
इउ जब बैन कहे ब्रिजभूखन तउ मन मै न्रिप कोप बढायो ॥
सारथी आपन को कहि कै रथ तउ जदुराइ की ओर धवायो ॥
चाप चढाइ महा रिस खाइ कै लोहति बान सु खैच चलायो ॥
स्री गरुड़ासनि जान कै स्याम मनो दुरबे कहु तछक धायो ॥१८३०॥
आवत ता सर को लखि कै ब्रिज नाइक आपने ससत्र संभारे ॥
कान प्रमान लउ खैच कमान चलाइ दए जिन के पर कारे ॥
भूप संभार कै ढाल लई तिह मध लगे नहि जात निकारे ॥
मानहु सूरज के ग्रसबे कहु राहु के बाहन पंख पसारे ॥१८३१॥
भूपति पानि कमान लई ब्रिज नाइक कउ लखि बान चलाए ॥
इउ छुटके कर के बर ते उपमा तिह की कबि स्याम सुनाए ॥
मेघ की बूंदन जिउ बरखे सर स्री बिज नाथ के ऊपरि आए ॥
मानहु सूर नही सर सो तिह भच्छन को सलभा मिलि धाए ॥१८३२॥
जो सर भूप चलावत है तिन को ब्रिजनाइक काटि उतारे ॥
फोकन ते फल ते मधि ते पल मै करि खंडन खंड कै डारे ॥
ऐसीय भाति परे छित मै मनो बीज को ईख किसान निकारे ॥

स्याम के बान सिचान समान मनो अरि बान बिहंग संघारे ॥१८३३॥

दोहरा ॥

एक ओर स्री हरि लरे जरासंधि के संगि ॥
दुती ओरि बलि हल गहे हनी सैन चतुरंग ॥१८३४॥
सवैया ॥
बलि पानि लए सु क्रिपान संघारत बाज करी रथ पैदल आयो ॥
मारि हरउल भजाइ दए न्रिप गोल के मधि परियो तब धायो ॥
एक कीए सु रथी बिरथी अरि एकन को बहु घाइन घायो ॥
स्याम भनै सब सूरन को इह भाति हली पुरुखत दिखायो ॥१८३५॥
क्रोध भरियो रन मै अति क्रूर सु पान के बीच क्रिपान लीए ॥
अभिमान सो डोलत है रन भीतर आन को आनत है न हीए ॥
अति ही रस रुद्र के बीच छकिओ कबि स्याम कहै मद पानि पीए ॥
बलभद्र संघारत सत्र फिरै जम को सु भयानक रूप कीए ॥१८३६॥
सीस कटे अरि बीरन के अति ही मन भीतर कोप भरे है ॥
केतन के पद पान कटे अरि केतन के तन घाइ करे है ॥
जे बलवंड कहावत है निज ठउर को छाडि कै दउरि परे है ॥
तीर सरीरन बीच लगे भट मानहु सेह सरूप धरे है ॥१८३७॥
इत ऐसे हलायुध जुध कीयो उति स्री ब्रिजभूखन कोपु बढायो ॥
जो भट सामुहि आइ गयो सोऊ एक ही बान सो मारि गिरायो ॥
अउर जिते न्रिप सैन हुते सु निमेख बिखै जम धामि पठायो ॥
काहूं न धीर धरियो चित मै भजि गै जब स्याम इतो रन पायो ॥१८३८॥
जे भट लाज भरे अति ही प्रभ कारज जान के कोप बढाए ॥
संकहि त्याग असंकत हुइ सु बजाइ निसानन को समुहाए ॥
सारंग स्री ब्रिजनाथ लै हाथि सु खैच चढाइ कै बान चलाए ॥
स्याम भनै बलबंड बडे सर एक ही एक सो मारि गिराए ॥१८३९॥

चौपई ॥

जरासंधि को दलु हरि मारियो ॥
भूपति को सब गरब उतारियो ॥
अबि कहै कउन उपावहि करो ॥
रन मै आज जूझ ही मरो ॥१८४०॥
इउ चिति चिंत धनुख करि गहियो ॥
प्रभ कै संगि जूझ पुनि चहियो ॥
पहरियो कवच सामुहे धायो ॥
स्याम भनै मनि कोप बढायो ॥१८४१॥

दोहरा ॥

जरासंधि रन भूमि मै बान कमान चढाइ ॥
स्याम भनै तब क्रिसन सो बोलियो भउह तनाइ ॥१८४२॥
न्रिप जरासंधि बाच कान्रह सो ॥
सवैया ॥
जो बल है तुम मै नंद नंदन सो अब पउरख मोहि दिखईयै ॥
ठाढो कहा मुहि ओर निहारत मारत हो सर भाजि न जईयै ॥
कै अब डारि हथिआर गवार संभार कै मो संगि जूझ मचईयै ॥
काहे कउ प्रान तजै रन मै बन मै सुख सो बछ गाइ चरईयै ॥१८४३॥
ब्रिजराज मनै कबि स्याम भनै उह भूप के बैन सुने जब ऐसे ॥
स्री हरि के उर मै रिस यौ प्रगटी परसे घ्रित पावक तैसे ॥
जिउ म्रिगराज स्रिगावल की कूक सुने बनि हूक उठे मन वैसे ॥

यौ अटकी अरि की बतीया खटकै पग मै अटि कंटक जैसे ॥१८४४॥
कुधत ह्वै ब्रिजराज इतै सु घने लखि कै तिह बान चलाए ॥
कोपि उते धनु लेत भयो न्रिप स्याम भनै दोऊ नैन तचाए ॥
जो सर आवत भयो हरि ऊपरि सो छिन मै सब काटि गिराए ॥
स्री हरि के सर भूपति के तन कउ तनको नहि भेटन पाए ॥१८४५॥
इत सो न्रिप जूझि करै हरि सिउ उत ते मुसली इक बैन सुनायो ॥
मारि बिदारि दए तुमरे भट तै मन मै नही नैकु लजायो ॥
रे न्रिप काहे कउ जूझ मरै फिरि जाहो घरै लरि का फलु पायो ॥
ता ते बड़ो जढ है म्रिग भूपति केहरि सो रन जीतनि आयो ॥१८४६॥

दोहरा ॥

जिह सुभटन बलि लरत है ते सभ गए पराइ ॥
कै लर मरि कै भाग सठि कै पग हरि के पाइ ॥१८४७॥
जरासंधि न्रिप बाच हली सो ॥

दोहरा ॥

कहा भयो मम ओर के सूर हने संग्रामि ॥
लरबो मरबो जीतबो इह सुभटन के कामि ॥१८४८॥
सवैया ॥
यौ कहि कै मनि कोप भरियो तब भूप हली कहु बान चलायो ॥
लागति ही नट साल भयो तन मै बलिभद्र महा दुखु पायो ॥
मूरछ ह्वै करि स्यंदन बीच गिरियो तिह को कबि नै जसु गायो ॥
मानहु बान भुजंग डसियो धन धाम सबै मन ते बिसरायो ॥१८४९॥
बहुरो चित चेत भयो बलदेव चिते अरि के अति कोप बढायो ॥
भारी गदा गहि कै करि मै न्रिप के बध कारन तारन आयो ॥
पाउ पिआदे हुइ स्यंदन ते कबि स्याम कहै इत भाति सिधायो ॥
अउर किसी भट जानियो नही कबि दउर परियो न्रिप ने लखि पायो ॥१८५०॥
आवत देखि हलायुध को सु भयो तब ही न्रिप कोपमई है ॥
जुध ही कउ समुहाइ भयो निज पानि कमान सु तानि लई है ॥
ल्याइओ हुते चपला सी गदा सर एक ही सिउ सोऊ काट दई है ॥
सत्रु को मारन की बलिभद्रहि मानहु आस दुटूक भई है ॥१८५१॥
काट गदा जब ऐसे दई तब ही बलि ढाल क्रिपान संभारी ॥
धाइ चलियो अरि मारनि कारनि संक कछू चित मै न बिचारी ॥
भूप निहार कै आवत को गरजियो बरखा करि बाननि भारी ॥
ढाल दई सत धा करि कै कर की करवारि त्रिधा कर डारी ॥१८५२॥
ढाल कटी तरवारि गई कटि ऐसे हलायुध स्याम निहारियो ॥
मारत है बलि को अब ही न्रिप यौ अपुने मन माझि बिचारियो ॥
चक्र संभारि मुरारि तबै करि जुध के हेत चलियो बल धारियो ॥
रे न्रिप तू भिर मो संग आइ कै राम भनै इम स्याम पुकारियो ॥१८५३॥
यौ बतीया रन मै सुनि भूपति जूझ मचावन स्याम सिउ आयो ॥
रोसि बढाइ घनो चित मै कर के बर सो धनु तानि चढायो ॥
दीरघ कउच सजे तन मो कबि के मन मै जसु इउ उपजायो ॥
मानहु जुध समे रिस कै रघुनाथ के ऊपरि रावन आयो ॥१८५४॥
आवत भयो न्रिप स्याम के सामुहे तउ धनु स्री ब्रिजनाथ संभारियो ॥
धावत भयो हित ते हरि सामुहे त्रास कछू चित मै न बिचारियो ॥
कान प्रमान लउ तानि कमान सु बान लै सत्र के छत्र पै मारियो ॥
खंड हुइ खंड गिरियो छित मै मनो चंद को राहु ने मारि बिदारियो ॥१८५५॥
छत्र कटिओ न्रिप को जब ही तब ही मन भूपति कोप भयो है ॥
स्याम की ओर कुद्रिसटि चितै करि उग्र सरासन हाथि लयो है ॥

जोर सो खैचन लागियो तहा नहि ऐच सके कर कंप भयो है ॥
लै धनु बान मुरारि तबै तिह चाप चटाक दै काटि दयो है ॥१८५६॥
ब्रिजराज सरासन काटि दयो तब भूपति कोपु कीयो मन मै ॥
करवारि संभारि महा बल धारि हकारि परियो रिपु के गन मै ॥
तहा ढाल सो ढाल क्रिपान क्रिपान सो यौ अटके खटके रन मै ॥
मनो ज्वाल दवानल की लपटै चटकै पटकै त्रिन जिउ बन मै ॥१८५७॥
घूमत घाइल हुइ इक बीर फिरै इक स्रउन भरे भभकाते ॥
एक कबंध फिरै बिनु सीस लखै तिन काइर है बिललाते ॥
त्यागि चले इक आहव कौ इक डोलत जुधहि के रंगि राते ॥
एक परे भट प्रान बिना मनो सोवत है मदरा मद माते ॥१८५८॥
जादव जे अति क्रोध भरे गहि आयुधि संध जरा पहि धावत ॥
अउर जिते सिरदार बली करवारि संभारि हकारि बुलावत ॥
भूपति पानि लै बान कमान गुमान भरियो रिपु ओरि चलावत ॥
एक ही बान के साथ कीए बिनु माथ सु नाथ अनाथ हुइ आवत ॥१८५९॥
एकन की भुज काटि दई अरु एकन के सिर काटि गिराए ॥
जादव एक कीए बिरथी पुनि स्री जदुबीर के तीर लगाए ॥
अउर हने गजराज घनौ बर बाज बने हनि भूमि गिराए ॥
जोगिन भूत पिसाच सिंगालन स्रउनत सागर माझ अनाए ॥१८६०॥
बीर संघार कै स्री जदुबीर के भूप भयो अति कोपमई है ॥
जुध बिखै मन देत भयो तन की सिगरी सुधि भूलि गई है ॥
ऐन ही सैन हनी प्रभ की सु परी छित मै बिन प्रान भई है ॥
भूपति मानहु सीसन की सभ सूरन हूं की जगाति लई है ॥१८६१॥
छाडि दए जित साच कै मानहु मारि दए मन झूठ न भायो ॥
जो भट घाइल भूमि परे मनो दोस कीयो कछु दंडु दिवायो ॥
एक हने कर पाइन ते जिन जैसो कीयो फल तैसो ई पायो ॥
राज सिंघासन स्यंदन बैठ कै सूरन के न्रिप निआउ चुकायो ॥१८६२॥
जब भूप इतो रन पावत भयो तब स्री ब्रिज नाइक कोप भरियो ॥
न्रिप सामुहे जाइ के जूझ मचात भयो चित मै न रती कु डरियो ॥
ब्रिज नाइक साइक एक हन्यो न्रिप को उरि लाग कै भूमि परियो ॥
इम मेद सो बान चखियो न्रिप को मनो पंनग दूध को पान करियो ॥१८६३॥
सहि कै सर स्री हरि को उर मै न्रिप स्याम ही कउ इक बान लगायो ॥
सूत के एक लगावत भयो सर दारुक लागत ही दुखु पायो ॥
हुइ बिसंभार गिरियो ई चहै तिह को रथु आसन न ठहरायो ॥
ताही समै चपलंग तुरंगनि आपनी चाल को रूप दिखायो ॥१८६४॥

दोहरा ॥

भुजा पकर के सारथी रथि तब डारियो धीर ॥
स्यंदन हाकत आपु ही चलियो लरत बलबीर ॥१८६५॥
सवैया ॥
सारथी स्यंदन पै न लखियो बलिदेव कहिओ रिसि ताहि सुनै कै ॥
जिउ दल तोर जितियो सब ही तैसो तो जित है जस डंक बजै कै ॥
मूढ भिरे पति चउदह लोक के संग सु आप कउ भूप कहै कै ॥
कीट पतंग सु बाजन संगि उडियो कछु चाहत पंख लगै कै ॥१८६६॥
छाडत है अजहुं तुहि कउ पति चउदह लोकन के संग न लरु ॥
ग्यान की बात धरो मन मै सु अग्यान की चित ते बात बिदा करु ॥
रछक है सभ को ब्रिजनाथ कहै कबि स्याम इहै जीअ मै धरु ॥
त्याग कै आहव ससत्र सबै सु अबै घनि स्याम के पाइन पै परु ॥१८६७॥

चौपई ॥

जबै हलायुध ऐसे कहियो ॥
क्रोध डीठ राजा तन चहियो ॥
कहियो न्रिपति सब को संघर हों ॥
छत्री होइ ग्वार ते टर हों ॥१८६८॥
सवैया ॥
भाखबो इउ न्रिप को सुन कै जदुबीर सबै अति कोप भरे है ॥
धाइ परे तजि संक निसंक चितै अरि कउ चितु मै न डरे है ॥
भूप अयोधन मै धनु लै तिह सीस कटे गिर भूमि परे है ॥
मानहु पउन प्रचंड बहै छुटि बेलन ते गिरि फूल झरे है ॥१८६९॥
सैन संघारत भूप फिरै भट आनि कउ आख तरै नही आने ॥
बाज घने गज राजन के सिर पाइन लउ संगि स्रउन के साने ॥
अउर रथीन करे बिरथी बहु भाति हने जेऊ बाधत बाने ॥
सूरन के प्रतिअंग गिरे मानो बीज बुयो छित माहि क्रिसाने ॥१८७०॥
इह भाति बिरुध निहार भयो मुसलीधर स्याम सो तेज तए है ॥
भाखि दोऊ निज सूतन को रिपु सामुहे जुध के काज गए है ॥
आयुध लै सु हठी कवची रिस कै संगि पावक बेख भए है ॥
स्याम भनै इम धावत भे मानहु केहरि दुइ म्रिग हेरि धए है ॥१८७१॥
धनु साइक लै रिसि भूपति के तन घाइ करे ब्रिजराज तबै ॥
पुनि चारो ई बानन सो हय चारो ई राम भनै हनि दीने सबै ॥
तिल कोटिक स्यंदन काटि कीयो धनु काटि दीयो करि कोप जबै ॥
न्रिप पिआदो गदा गहि सउहे गयो अति जुधु भयो कहिहौ सु अबै ॥१८७२॥
पाइन धाइ कै भूप बली सु गदा कहु घाइ हली प्रत झारियो ॥
कोप हुतो सु जितो तिह मै सब सूरन को सु प्रतछ दिखारियो ॥
कूदि हली भुइं ठाढो भयो जसु ता छबि को कबि स्याम उचारियो ॥
चारो ई अस्वन सूत समेत सु कै सब ही रथ चूरन डारियो ॥१८७३॥
इत भूप गदा गहि आवत भयो उत लै के गदा मुसलीधर धायो ॥
आइ अयोधन बीच दुहूं कबि स्याम कहै रन दुंद मचायो ॥
जुध कीयो बहुते चिर लउ नहि आपि गिरिओ उत कउ न गिरायो ॥
ऐसे रिझावत भयो सुर लोगन धीरन बीरन को रिझवायो ॥१८७४॥
हार कै बैठ रहै दोऊ बीर संभारि उठै पुनि जुधु मचावै ॥
रंच न संक करै चित मै रिस कै दोऊ मार ही मार उघावै ॥
जैसे गदाहव की बिधि है दोऊ तैसे लरै अरु घाव चलावै ॥
नैकु टरै न अरै हठ बाधि गदा को गदा संगि वार बचावै ॥१८७५॥
स्याम भनै अति आहव मै मुसली अरु भूपति कोप भरे है ॥
आपस बीच हकार दोऊ भट चित बिखै नही नैकु डरे है ॥
भारी गदा गहि हाथन मै रन भूमहि ते नहि पैगु टरे है ॥
मानहु मधि महा बन के पल के हित द्वै बर सिंघ अरे है ॥१८७६॥
काटि गदा बलदेव दई तिह भूपति की अरु बानन मारियो ॥
पउरख या ही भिरियो हम सो रिस कै अरि कउ इह भाति पचारियो ॥
इउ करि कै पुनि बानन मारि सरासन लै तिह ग्रीवहि डारियो ॥
देव करै उपमा सु कहै जदुबीर जितियो सु बडो अरि हारियो ॥१८७७॥
कंपत हो जिस ते खगेस महेस मुनी जिह ते भै भीतियो ॥
सेस जलेस दिनेस निसेस सुरेस हुते चित मै न निचीतियो ॥
ता न्रिप के सिर पै कबि स्याम कहै इह काल इसो अब बीतियो ॥
धंनहि धंनि करै सब सूर भले भगवान बडो अरि जीतियो ॥१८७८॥
बलभद्र गदा गहि कै इत ते रिस साथ कहियो अरि कउ हरि हौं ॥
इह प्रान बचावत को हम सो जम जउ भिरि है न तऊ डरि हौं ॥
घन स्याम सबै संगि जादव लै तजि याह कहै न भया टरि हौं ॥
कबि स्याम कहै मुसली इह भाति अबै इह को बध ही करि हौं ॥१८७९॥
सुनि भूप हलायुध की बतीया अपुने मन मै अति ही डरु मानियो ॥

मानुख रूप लखियो न बली निसचै बल कउ जम रूप पछानियो ॥
स्री जदुबीर की ओरि चितै तजि आयुध पाइन सो लपटानियो ॥
मेरी सहाइ करो प्रभ जू कबि स्याम कहै कहि यौ घिघियानियो ॥१८८०॥
करुनानिध देखि दसा तिह की करुनारस कउ चित बीच बढायो ॥
कोपहि छाडि दयो हरि जू दुहूं नैनन भीतर नीर बहायो ॥
बीर हलायुध ठाढो हुतो तिह को कहि कै इह बैन सुनायो ॥
छाडि दै जो हम जीतन आयो हो सो हम जीत लयो बिलखायो ॥१८८१॥
इह छोडि हली नही छोडत हो किह काज कहिओ तुहि बानन मारियो ॥
जीत लयो तो कहा भयो स्याम बडो अरि है इह पउरख हारियो ॥
आछो रथी है भयो बिरथी अरु पाइ गहै प्रभ तेरे उचारियो ॥
तेईस छोहनी को पति है तो कहा इह को सब सैन संघारियो ॥१८८२॥

दोहरा ॥

सैन बडो संगि सत्रु को जीति ताहि तिह जीति ॥
छाडत है नहि बधत तिह इहै बडन की रीति ॥१८८३॥
सवैया ॥
पाग दई अरु बागो दयो इक स्यंदन दै तिह छाड दयो है ॥
भूप चितै हरि को चित मै अति ही करि लजतवान भयो है ॥
ग्रीव निवाइ महा दुखु पाइ घनो पछताइ कै धामि गयो है ॥
स्री जदुबीर कउ चउदह लोकन स्याम भनै जसु पूरि रहियो है ॥१८८४॥
तेईस छोहन तेईस बार अयोधन ते प्रभ ऐसे ही मारे ॥
बाज घने गज पति हने कबि स्याम भने बिपते करि डारे ॥
एक ही बान लगे हरि को जम धामि सोऊ तजि देह पधारे ॥
स्री ब्रिजराज की जीत भई अरि तेईस बारन ऐसे ई हारे ॥१८८५॥

दोहरा ॥

देवन जो उसतति करी पाछे कही सुनाइ ॥
कथा सु आगै होइ है कहि हों वही बनाइ ॥१८८६॥
सवैया ॥
उत भूपति हारि गयो ग्रिह कौ रन जीति इतै हरि जू ग्रिह आयो ॥
मात पिता को जुहारु कीयो पुनि भूपति के सिर छत्र तनायो ॥
बाहरि आइ गुनीन सु दान दीयो तिन इउ जसु भाखि सुनायो ॥
स्री जदुबीर महा रनधीर बडो अरि जीति भलो जसु पायो ॥१८८७॥
अउर जिती पुरि नारि हुती मिलि कै सभ स्याम की ओरि निहारै ॥
भूखन अउर जितो धनु है पट स्री जदुबीर के ऊपर वारै ॥
बीर बडो अरि जीत लयो रनि यौ हसि कै सब बैन उचारै ॥
सुंदर तैसो ई पउरख मै कहि इउ सब सोक बिदा कर डारै ॥१८८८॥
हसि कै पुरि नारि मुरारि निहारि सु बात कहै कछु नैन नचै कै ॥
जीति फिरे रन धामहि को संगि बैरन के बहु जूझ मचै कै ॥
ए ई सु बैन कहै हरि सो तब स्याम भनै कछु संक न कै कै ॥
राधिका साथ हसो प्रभ जैसे सु तैसे हसै हम ओरि चितै कै ॥१८८९॥
इउ जब बैन कहै पुर बासनि तउ हसि कै ब्रिजनाथ निहारे ॥
चारु चितौन कउ हेरि तिनो मन के सब सोक संताप बिडारे ॥
प्रेम छकी त्रीय भूमि के ऊपर झूमि गिरी कबि स्याम उचारे ॥
भउह कमान समान मनो द्रिग साइक यौ ब्रिज नाइक मारे ॥१८९०॥
उत संकित हुइ त्रीया धामि गई इत बीर सभा महि स्याम जू आयो ॥
हेरि कै स्री ब्रिजनाथहि भूपति दउर कै पाइन सीस लुडायो ॥
आदर सो कबि स्याम भनै न्रिप लै सु सिंघासन तीर बैठायो ॥
बारनी लै रसु आगे धरियो तिह पेखि कै स्याम महा सुख पायो ॥१८९१॥

बारुनी के रस सौ जब सूर छके सब ही बलिभद्र चितारियो ॥
स्री ब्रिजराज समाज मै बाज हने गज राज न कोऊ बिचारियो ॥
सो बिनु प्रान कीयो छिन मै रिस कै जिह बान सु एक प्रहारियो ॥
बीरन बीच सराहत भयो सु हली युध स्याम इतो रन पारियो ॥१८९२॥

दोहरा ॥

सभा बीच स्री क्रिसन सो हली कहै पुनि बैन ॥
अति ही मदरा सो छके अरुन भए जुग नैन ॥१८९३॥
सवैया ॥
दीबो कछु मय पीयो घनो कहि सूरन सो इह बैन सुनायो ॥
जूझबो जूझ कै प्रान तजैबो जुझाइबो छत्रिन को बनि आयो ॥
बारुनु कउ कबि स्याम भनै कचु के हित तो भ्रिगु निंद करायो ॥
राम कहै चतुराननि सो इही रस कउ रस देवन पायो ॥१८९४॥

दोहरा ॥

जैसे सुख हरि जू कीए तैसे करे न अउर ॥
ऐसो अरि जित इंदर से रहत सूर नित पउरि ॥१८९५॥
सवैया ॥
रीझ कै दान दीओ जिन कउ तिन मागनि को न कहूं मनु कीनो ॥
कोपि न काहू सिउ बैन कहियो जु पै भूल परी चित कै हसि दीनो ॥
दंड न काहूं लयो जन ते खल मारि न ता को कछू धनु छीनो ॥
जीति न जान दयो ग्रिह को अरि स्री ब्रिजराज इहै ब्रत लीनो ॥१८९६॥
जो भूअ को नल राज भए कबि स्याम कहै सुख हाथि न आयो ॥
सो सुखु भूमि न पायो तबै मुर मारि जबै जम धामि पठायो ॥
जो हरिनाकस भ्रात समेत भयो सुपने प्रिथु न दरसायो ॥
सो सुखु कान्रह की जीत भए अपने चित मै पुहमी अति पायो ॥१८९७॥
जोरि घटा घनघोर घनै जुरि गाजत है कोऊ अउर न गाजै ॥
आयुध सूर सजै अपने करि आन न आयुध अंगहि साजै ॥
दुंदभि दुआर बजै प्रभ के बिनु ब्याह न काहूं के दुआरहि बाजै ॥
पाप न हो कहूं पुर मै जित ही कित धरम ही धरम बिराजै ॥१८९८॥

दोहरा ॥

क्रिसन जुध जो हउ कहियो अति ही संगि सनेह ॥
जिह लालच इह मै रचियो मोहि वहै बरु देहि ॥१८९९॥
सवैया ॥
हे रवि हे ससि हे करुनानिधि मेरी अबै बिनती सुनि लीजै ॥
अउर न मागत हउ तुम ते कछु चाहत हउ चित मै सोई कीजै ॥
ससत्रन सो अति ही रन भीतर जूझि मरो कहि साच पतीजै ॥
संत सहाइ सदा जग माइ क्रिपा कर स्याम इहै वरु दीजै ॥१९००॥
जउ किछु इछ करो धन की तउ चलियो धनु देसन देस ते आवै ॥
अउ सब रिधन सिधन पै हमरो नही नैकु हीयो ललचावै ॥
अउर सुनो कछु जोग बिखै कहि कउन इतो तपु कै तनु तावै ॥
जूझि मरो रन मै तजि भै तुम ते प्रभ स्याम इहै वरु पावै ॥१९०१॥
पूरि रहियो सिगरे जग मै अब लउ हरि को जसु लोक सु गावै ॥
सिध मुनीस्वर ईस्वर ब्रहम अजौ बलि को गुन ब्यास सुनावै ॥
अत्रि परासुर नारद सारद स्री सुक सेस न अंतहि पावै ॥
ता को कबितन मै कबि स्याम कहियो कहि कै कबि कउन रिझावै ॥१९०२॥

अथ काल जमन को ले जरासंधि फिर आए ॥

सवैया ॥
भूप सु दुखित होइ अति ही अपने लिखि मित्र कउ पात पठाई ॥
सैन हनियो हमरो जदु नंदन छोर दयो मुहि कै करुनाई ॥
बाचत पाती चड़ो तुम हूं इत आवत हउ सब सैन बुलाई ॥
ऐसी दसा सुनि मित्रहि की तब कीनी है काल जमन चड़ाई ॥१९०३॥
सैन कीओ इकठो अपने जिह सैनहि को कछु पार न पईयै ॥
बोल उठै कई कोटि बली जब एक को लै करि नामु बुलईयै ॥
दुंदभि कोटि बजै तिन की धुनि सो तिन की धुनि न सुनि पईयै ॥
ऐसे कहा सभ ह्यां न टिको पलि स्याम ही सो चलि जुधु मचईयै ॥१९०४॥

दोहरा ॥

काल नेमि आयो प्रबल एतो सैन बढाइ ॥
बन पत्रन कोऊ गनि सकै उनै न गनिबो जाइ ॥१९०५॥
सवैया ॥
डेरो परै तिन को जु जहा लघु घोरन की नदीआ उठि धावै ॥
तेज चलै हहराट कीए अति ही चित सत्रन के डर पावै ॥
पारसी बोल मलेछ कहै रन ते टरि कै पगु एक न आवै ॥
स्याम जू को टुक हेरि कहै सर एक ही सो जमलोकि पठावै ॥१९०६॥
अगने इत कोपि मलेछ चड़े उत संध जरा बहु लै दलु आयो ॥
पत्र सकै बन कै गन कै कोऊ जाति न को कछु पार न पायो ॥
ब्रिज नाइक बारुनी पीतो हुतो तह ही तिनि दूत नै जाइ सुनायो ॥
अउर जो ह्वै डरि प्रान तजै इत स्री जदुबीर महा सुखु पायो ॥१९०७॥
इत कोपि मलेछ चड़े अगने उत आइयो लै संध जरा दलु भारो ॥
आवत है गज राज बने मनो आवत है उमडियो घन कारो ॥
स्याम हली मथुरा ही के भीतर घेर लए जसु स्याम उचारो ॥
सेर बडे दोऊ घेरि लए कहु बीरन को मनो कै करि बारो ॥१९०८॥
कान्रह हली सभ ससत्र संभार कै क्रोध घनो चित बीच बिचारियो ॥
सैन मलेछन को जह थो तिह ओर ही स्याम भनै पग धारियो ॥
प्रान कीए बिनु बीर घने घन घाइल कै घन सूरन डारियो ॥
नैकु संभार रही न तिनै इहु भाति सो स्याम जू यौ दलु मारियो ॥१९०९॥
एक परो भट घाइल हुइ धरि एक परे बिनु प्रान ही मारे ॥
पाइ परे तिन के सु कटे कहूं हाथ परे तिन के कहूं डारे ॥
एक सु संकत हुइ भटवा तजि तउन समे रन भूमि सिधारे ॥
ऐसो सु जीत भई प्रभ की जु मलेछ हुते सभ या बिधि हारे ॥१९१०॥
वाहिद खा फरजुलहि खा बरबीर निजाबत खा हरि मारियो ॥
जाहिद खा लुतफुलह खा इनहूं करि खंडन खंडहि डारियो ॥
हिंमत खा पुनि जाफर खा इन हूं मुसली जू गदा सो प्रहारियो ॥
ऐसे सु जीत भई प्रभ की सभ सैन मलेछन को इम हारियो ॥१९११॥
ए उमराव हने जदुनंदन अउर घनो रिसि सो दलु घायो ॥
जो इन ऊपर आवत भयो ग्रिह को सोई जीवत जान न पायो ॥
जैसे मधिआन को सूर दिपै इह भाति को क्रुध कै तेज बढायो ॥
भाजि मलेछन के गन गे जदुबीर के सामुहे एक न आयो ॥१९१२॥
ऐसो सु जुध कीयो नंद नंदन या संगि जूझ कउ एक न आयो ॥
हेरि दसा तिह काल जमन करोर कई दल अउर पठायो ॥
सोऊ महूरत दु इक भिरियो न टिकियो फिरि अंत के धामि सिधायो ॥

रीझ रहे सभ देव कहै इव स्री जदुबीर भलो रन पायो ॥१९१३॥
क्रोध भरे रन भूमि बिखै इक जादव ससत्रन को गहि कै ॥
बल आप बराबर सूर निहार कै जूझ को जाति तहा चहि कै ॥
करि कोप भिरै न टरै तह ते दोऊ मारु ही मार बली कहि कै ॥
सिर लागे क्रिपान परै कटि कै तन भी गिरै नैकु खरै रहि कै ॥१९१४॥
ब्रिजराज को बीच अयोधन के संगि ससत्रन कै जब जुध मचियो ॥
भटवान के लाल भए पटवा ब्रहमा मनो आरुण लोक रचियो ॥
अउर निहारि भयो अति आहव खोलि जटा सब ईस नचियो ॥
पुनि वै सभ सैन मलेछन ते कबि स्याम कहै नहि एकु बचियो ॥१९१५॥

दोहरा ॥

ल्यायो थो जो सैन संगि तिन ते बचियो न बीर ॥
जुध करन को काल जमन आपु धरियो तब धीर ॥१९१६॥
सवैया ॥
जंग दराइद काल जमंन बुगोइद कि मन फौज को साहम ॥
बा मन जंग बुगो कुन बिया हरगिज दिल मो न जरा कुन वाहम ॥
रोज मया दुनीआ अफताबम स्याम सबे अदली सब साहम ॥
कान्रह गुरेजी मकुन तु बिआ खुस मातु कुनेम जि जंग गुआहम ॥१९१७॥
यौ सुनि कै तिह की बतीया ब्रिज नाइक ता ही की ओरि सिधारे ॥
क्रोध बढाइ चितै तिह को अगनायुध लै तिह ऊपरि झारे ॥
सूत हनियो प्रिथमै तिह को फिर कै तिह के हय चार ही मारे ॥
अउर जिते बिबिधासत्र हुते कबि स्याम कहै सभ ही कटि डारे ॥१९१८॥

चौपई ॥

जो मलेछ रिस ससत्र संभारे ॥
सो कटि स्री ब्रिजनाथहि डारे ॥
आयो भिरन इही बलु कहियो ॥
जब अरि पाइ पिआदा रहियो ॥१९१९॥
सवैया ॥
कान्रह बिचार कीयो चित मै भई सो न मलेछ जो मुसट लरै है ॥
तउ कबि स्याम कहै हमरे सभ ही तन को अपवित्र करै है ॥
आयुध कउच सजे तन मै सभ सैन जुरै मुहि नाइ बधै है ॥
जो इह को सिर काटत हों तु निरसत्र भयो हमरो बल जै है ॥१९२०॥
एक बिचार कीयो चित मै भज हौ इह ते इह पाछे परै हो ॥
जैहो हउ थोरेई बीच चलियो तन भेटन याहि मलेछ न दै हो ॥
सोवत है मुचकुंद जहा धसि वाही गुफा महि जाइ जगै हो ॥
जैहो बचाइ मै आपन कै तिह डीठह सो इह को जरवै हो ॥१९२१॥
सोरठा ॥
तउ इह स्वरगहि जाइ जउ इह रन भीतर हनिओ ॥
अगन भए जरवाइ ख्वै हो धरम मलेछ को ॥१९२२॥
सवैया ॥
छोर कै स्यंदन ससत्रन त्याग कै कान्रह भजियो जनु त्रास बढायो ॥
वाहि लखियो कि भजियो मुहि ते मथुरा हू के नाइक ह्वै कहि धायो ॥
सोवत थो मुचकुंद जहा सु तहा ही गयो तिह जाइ जगायो ॥
आपु बचाइ गयो तन को इह आवत थो इह को जरवायो ॥१९२३॥
सोरठा ॥
आपन को बचवाइ गयो कान्रह मुचकुंद ते ॥
तजी नीद तिह राइ हेरत भसम मलेछ भयो ॥१९२४॥
सवैया ॥

जरि छार मलेछ भयो जब ही मुचकुंद पै तउ ब्रिजभूखन आयो ॥
आवत ही तिह कान्रह को हेर कै पाइन ऊपरि सीस झुकायो ॥
अउर जितौ दुखु थो तिह को हरि बातन सो तिह ताप बुझायो ॥
ऐसे समोधि कै ता तिह जारि कै स्री ब्रिज नाइक डेरन आयो ॥१९२५॥

◀ इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे काल जमन बधहि धिआइ समापतं ॥

सवैया ॥
जउ लगि डेरन आवत थो तब लउ इकि आइ संदेस सुनायो ॥
धाम चलो ब्रिजनाथ कहा तुम पै सजि सैन जरासंधि आयो ॥
अउ सुनि कै बतीया तिह की मन मै भट अउरन त्रास बढायो ॥
स्याम भनै जदुबीर हली अति ही मन आपन मै सुख पायो ॥१९२६॥

दोहरा ॥

एई बातै करत भट निज पुर पहुंचे आइ ॥
भूप बैठि बुधिवंत सभ अपुने लीए बुलाइ ॥१९२७॥
सवैया ॥
जोरि घनो दलु संधि जरा न्रिप आयो है कोपि अबै कहि कईयै ॥
सैन घनो इह कै संगि है जो पै जुधु करै नहीं जाति बचईयै ॥
कै इह को सभ जाइ मिलै पुरि छाडि नहीं अनतै कउ सिधईयै ॥
बात कुपेच बनी सभ ही इन बातन ते धौ कहा अब कईयै ॥१९२८॥
सोरठा ॥
कीनो इहै बिचार पुरि तजि कै अनतै बसहि ॥
नातर डारै मारि जरासंधि भूपति प्रबल ॥१९२९॥
कीजो सोऊ बिचार जो भावै सभ जनन मनि ॥
अपुने चितह बिचारि बात न कीजै ठानि हठ ॥१९३०॥
सवैया ॥
तजि कै मथुरा सुनि कै इह सत्र सु लै के कुटंबन जादो पराए ॥
एक बडो गिरि थो तिह भीतर नैकु टिके चित मै सुखु पाए ॥
घेरत भयो नग संधि जरा तिह की उपमा कबि स्याम सुनाए ॥
पातन के जन भछन कउ भटवा नहि बादर ही मिलि आए ॥१९३१॥

दोहरा ॥

जरासंधि तब मंत्रीअन संगि यौ कहियो सुनाइ ॥
नग भारी इह सैन ते नैकु न सोधियो जाइ ॥१९३२॥
सोरठा ॥
दीजै आगि लगाइ दसो दिसा ते घेरि गिरि ॥
आपन ही जरि जाइ स्री जदुबीर कुटंब सनि ॥१९३३॥
सवैया ॥
घेरि दसो दिस ते गिरि कउ कबि स्याम कहै दई आगि लगाई ॥
तैसे ही पउन प्रचंड बहियो तिह पउन सो आगि घनी हहराई ॥
जीव बडो त्रिन रूख घने छिन बीच दए फुनि ताहि जराई ॥
तउन घरी तिन लोगन पै फुनि होत भई अति ही दुखदाई ॥१९३४॥

चौपई ॥

जीव मनुछ जरो त्रिन जबै ॥
संका करत भए भट तबै ॥
मिलि सभ ही जदुपति पहि आए ॥

दीन भाति हुइ अति घिघिआए ॥१९३५॥

सभ जादो बाच ॥

चौपई ॥

प्रभ जू हमरी रछ्या कीजै ॥
जीव राख इन सभ को लीजै ॥
आपहि कोऊ उपाव बतईयै ॥
कै भजीऐ कै जूझ मरईयै ॥१९३६॥

सवैया ॥

तिन की बतीया सुनि कै प्रभ जू गिरि कउ संगि पाइन के मसकियो ॥
न सकियो सह भार सु ता पग को कबि स्याम भनै जल लउ धसकियो ॥
उसकियो गिरि ऊरध को धसि कै कोऊ पावक जीव जरा न सकियो ॥
जदुबीर हली तिह सैन मै कूदि परे न हिया तिन कौ कसिकियो ॥१९३७॥
एकहि हाथि गदा गहि स्याम जू भूपति के बहुते भट मारे ॥
अउर घने असवार हने बिनु प्रान घने गजि कै भुइ पारे ॥
पाइन पंत हने अगने रथ तोरि रथी बिरथी करि डारे ॥
जीत भई जदुबीर की यो कबि स्याम कहै सभ यो अरि हारे ॥१९३८॥
जो भट स्याम सो जूझ को आवत जूझत है सु लगे भट भीर न ॥
स्री ब्रिजनाथ के तेज के अग्र कहै कबि स्याम धरै कोऊ धीर न ॥
भूपति देख दसा तिन की सु कहिओ इह भाति भयो अति ही रन ॥
मानो तंबोली ही की सम ह्वै न्रिप फेरत पानन की जिम बीरनि ॥१९३९॥
इत कोप गदा गहि कै मुसलीधर सत्रन सैन भले झकझोरियो ॥
जो भट आइ भिरे समुहे तिह एक चपेटहि सो सिरु तोरियो ॥
अउर जिती चतुरंग चमूं तिन को मुख ऐसी ही भाति सो मोरियो ॥
जीत लए सभ ही अरिवा तिन ते अजितिओ भट एक न छोरियो ॥१९४०॥
कान्रह हली मिलि भ्रात दुहूं जब सैन सबै तिह भूप को मारियो ॥
सो कोऊ जीत बचियो तिह ते जिनि दातन घास गहिओ बलु हारियो ॥
ऐसी दसा जब भी दल की तब भूपति आपने नैनि निहारियो ॥
जीत अउ जीव की आस तजी रन ठानत भयो पुरखत संभारियो ॥१९४१॥

सोरठा ॥

दीनी गदा चलाइ स्री जदुपति न्रिप हेरि कै ॥
सूतहि दयो गिराइ अस्व चारि संग ही हने ॥१९४२॥

दोहरा ॥

पाव पिआदा भूप भयो अउर गदा तब झारि ॥
स्याम भनै संग एक ही घाइ कीयो बिसंभार ॥१९४३॥

तोटक ॥

सब संधि जरा बिसंभार भयो ॥
गहि कै तब स्री घनि स्याम लयो ॥
गहि कै तिह को इह भाति कहियो ॥
पुरखत इही जड़ जुधु चहियो ॥१९४४॥

हली बाच कान्रह सो ॥

दोहरा ॥

काटत हो अब सीस इह मुसलीधर कहियो आइ ॥
जो जीवत इह छाडि हों तउ इह रारि मचाइ ॥१९४५॥

जरासंधि बाच ॥

सवैया ॥

सुधि लै तब भूप डरातुर ह्वै तजि ससत्रन स्याम के पाइ परियो ॥

बध मोर करो न अबै प्रभु जू न लहिओ तुमरो बलु भूलि परियो ॥
इह भाति भयो घिघयात घनो न्रिप त्वै सरनागति ऐसे ररियो ॥
कबि स्याम कहै इह भूप की देखि दसा करुणानिधि लाजि भरियो ॥१९४६॥
कान्रह जू बाच हली सो ॥

तोटक छंद ॥

इह दै रे हली कहियो छोर अबै ॥
मन ते तजि क्रोध की बात सबै ॥
कहिओ किउ हम सो इह जूझ चहियो ॥
तब यौ हसि कै जदुराइ कहियो ॥१९४७॥
सोरठा ॥
बडो सत्र जो होइ तजि ससत्रन पाइन परै ॥
नैकु न करि चित रोहि बडे न बध ता को करत ॥१९४८॥

दोहरा ॥

जरासंधि को छोरि प्रभ कहियो कहा सुन लेहु ॥
जो बतीया तुहि सो कहो तुम तिन मै चितु देहु ॥१९४९॥
सवैया ॥
रे न्रिप निआइ सदा करीओ दुखु दै के अन्याइ न अनाथह दीजो ॥
अउर जिते जन है तिन दै कछु कै कै क्रिपा सभ ते जसु लीजो ॥
बिपन सेव सदा करीयो दग बाजन जीवत जान न दीजो ॥
औ हम सो संग छत्रनि के कबहू रिस माड कै जुध न कीजो ॥१९५०॥

दोहरा ॥

जरासंधि सिर नाइ कै धामि गयो पछुताइ ॥
इत ग्रिहि आए स्याम जू हरखि हीए हुलसाइ ॥१९५१॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे जरासंधि पकर कै छोरबो धिआइ समापतं ॥*

चौपई ॥

सुनत जीत फूले सभ आवहि ॥
न्रिप छोरियो सुनि सीसु ढुरावहि ॥
या ते हियाउ सभन का डरियो ॥
कहत स्याम घटि कारज करियो ॥१९५२॥
सवैया ॥
काज कीयो लरका हूं को स्याम जी ऐसो बली तुमरे कर आयो ॥
छोरि दयो कर कै करुना तिन काढि दयो पुर ते फलु पायो ॥
ऐसे अजान न काम करै जो कीयो हरि तै कहियो सीसु ढुरायो ॥
छाडि दयो नही जीत अबै अरि अउर चमूं बहु लैन पठायो ॥१९५३॥
एक कहै मथुरा को चलो इक फेरि कहै न्रिप लै दल ऐहै ॥
स्याम कहै तिह के तब संगि कहो भट कउन सो जूझ मचैहो ॥
अउर कदाच कोऊ हठ ठान कै जउ लरि है तऊ जीत न ऐ है ॥
ता ते न धाइ धसो पुर मै बिधना जोऊ लेख लिखिओ सोऊ ह्वै है ॥१९५४॥
छाडिबो भूपति को सुन कै सभ ही मनि जादव त्रास भरे ॥
निधि नीर के भीतर जाइ बसे मुख ते सभ ऐसे चले सु ररे ॥
किनहूं नहि स्याम कहै अपुने पुर की पुनि ओरि कउ पाइ धरे ॥
अति ही है डरे बलवंत खरे बिनु आयुध ही सभ मारि मरे ॥१९५५॥

सिंधु पै जाइ खरे भए स्याम जू सिंधु हूं ते सु कछू कर चाहियो ॥
छोरु कहियो भूअ छोरि दई तन कै धनु को जिह लउ सर बाहियो ॥
कंचन के ग्रिह कै दीए त्यार भले किनहूं तिन कउन अचाहियो ॥
ऐसे कहै सभ ही अपने मनि तै प्रभ जू सभ को दुख दाहियो ॥१९५६॥
जो सनकादिक कै रहे सेव घनी तिन के हरि हाथि न आए ॥
पूजत है बहुते हित कै तिह कउ पुनि पाहन मै सच पाए ॥
अउर घनियो मिलि बेदन के मत मै कबि स्याम कहे ठहराए ॥
ते कहैं ईहा ही है प्रभु जू जब कंचन के ग्रिह स्यामि बनाए ॥१९५७॥
स्याम भनै सभ सूरन सो मुसकाइ हली इह भाति उचारियो ॥
या को लहियो न कछू तुम भेद अरे इह चउदह लोक सवारियो ॥
या ही हनियो दसकंध मुरारि सुबाह इही बक को मुख फारियो ॥
अउर सुनो अरि दानव संग बली इह एक गदा ही सो मारियो ॥१९५८॥
हजार ही बरख इही लरि कै मधु कैटभ के घटि ते जीउ काढियो ॥
अउर जबै निधि नीर मथिओ तब देवन रछ करी सुख बाढियो ॥
रावन एही हनिओ रन मै हनि कै तिह के उर मै सर गाढियो ॥
अउर घनी हम ऊपरि भीर परी तु रहिओ रन खंभ सो ठाढियो ॥१९५९॥
अउर सुनो मन लाइ सबै तुमरे हित कंस सो भूप पछारिओ ॥
अउर हने तिह बाज घने गज मानहु मूल दै रूप उखारिओ ॥
अउर जिते हम पै मिलि कै अरि आइ हुते सु सभै इह मारिओ ॥
माटी के धाम तुमै छडवाइ कै कंचन के अब धाम सवारिओ ॥१९६०॥
यौ जब बैन कहे मुसलीधरि तउ सब के मन मै सचु आयो ॥
याही हनिओ बक अउर अघासुर याही चंडूर भली बिधि घायो ॥
कंस ते इंद्र न जीत सकिओ इन सो गहि केसन ते पटकायो ॥
कंचन के अब धाम दीए करि स्री ब्रिजनाथ सही प्रभु पायो ॥१९६१॥
ऐसे ही दिवस बतीत कीए सुखु सो दुखु पै किनहूं नही पायो ॥
कंचन धाम बने सभ के सु निहारि जिनै सिव सो ललचायो ॥
इंद्र त्याग कै इंद्रपुरी सभ देवन लै तिन देखन आयो ॥
दुआरवती हू को स्याम भनै जदुराइ भली बिधि बिओत बनायो ॥१९६२॥

◄ इति स्री दसम सकंधे पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे दुआरक पुरी बनाईबो धयाइ समापतं ॥

अथ बलिभद्र ब्याह ॥

दोहरा ॥

ऐसे क्रिसन बतीत बहु दिवस कीए सुखु मानि ॥
तब लग रेवत भूप इक हली पाइ गहे आनि ॥१९६३॥
नाम रेवती जाहि को मम कंनिआ को नाम ॥
कहियो भूप तिह प्रसंनि ह्वै ताहि बरो बलिराम ॥१९६४॥
सवैया ॥
भूप की यौ सुन के बतीया बलिराम घनो चित मै सुखु पायो ॥
ब्याह को जोरि समाज सबै तिह ब्याह के काज तबै उठि धायो ॥
ब्याह कीयो सुख पाइ घनो बहु बिपन लोकन दान दिवायो ॥
ऐसे ब्याह हुलास बढाइ कै स्याम भनै अपने ग्रिहि आयो ॥१९६५॥

चौपई ॥

जब पीअ त्रीअ की ओरि निहारिओ ॥
छोटे हम इह बडी बिचारिओ ॥

तिह के हलु लै कंधहि धरिओ ॥
मन भावत ता को तनु करिओ ॥१९६६॥

दोहरा ॥

ब्याह भयो बलिदेव को नामु रेवती संगि ॥
सु कबि स्याम पूरन भयो तब ही कथा प्रसंग ॥१९६७॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे बलिभद्र बिआह बरननं समापतं ॥*

अथ रुकमिनि ब्याह कथनं ॥

सवैया ॥
बलिराम को ब्याह भयो जब ही मिलि कै नर नारि तबै सुखु पायो ॥
स्री ब्रिजनाथ के ब्याह को कबि स्याम कहै जीअरा ललचायो ॥
भीखम ब्याह उते दुहता को रचिओ अपनो सभ सैन बुलायो ॥
मानहु आपने ब्याहहि को जदुबीर भली बिधि ब्योत बनायो ॥१९६८॥
भीखम भूप बिचार कीयो दुहता इह स्री जदुबीर को दीजै ॥
या ते भलो न कछू कहूं है हम स्याम लहै जग मै जसु लीजै ॥
तउ लगि आइ गयो रुकमी रिसि बोल उठियो सु पिता कस कीजै ॥
जा कुल की न बिवाहत है हम ता दुहिता दै कहा जगु जीजै ॥१९६९॥
रुकमी बाच न्रिप सो ॥
सवैया ॥
है सिसुपाल चंदेरी मै बीर सु ताहि बियाह के काज बुलईयै ॥
गूजर को कहियो दै दुहिता जग मै संग लाजन के मरि जईयै ॥
स्रेसट एक बुलाइ भलो दिज ताही के लिआवन काज पठईयै ॥
ब्याह की जो बिधि बेद लिखी दुहिता सोऊ कै बिधि ताहि कउ दईयै ॥१९७०॥
यौ सुनि कै सुत की बतीया न्रिप बामन ताही को लैन पठायो ॥
दै दिज सीस चलिओ उत को दुहिता इत भूपति की सुनि पायो ॥
सीस धुनै कब स्याम भनै तिनि नैनन ते अति नीर बहायो ॥
मानहु आसहि की कटिगी जर सुंदर रूख सु है मुरझायो ॥१९७१॥
रुकमिनी बाच सखीअन सो ॥
सवैया ॥
संग सहेलिन बोलत भी सजनी प्रन एक अबै करि हउ ॥
कितो जोगनि भेस करो तज देस नही बिरहागिन सो जरि हउ ॥
मोर पिता हठ जिउ कर है तु बिसेख कहिओ बिख खा मरि हउ ॥
दुहिता न्रिप की कहिओ न तिह कउ बरि हौ तु स्याम ही को बरि हउ ॥१९७२॥

दोहरा ॥

अउर बिचारी मन बिखै करि हों एक उपाइ ॥
पतीआ दै कोऊ भेज हों प्रभ दै है सुधि जाइ ॥१९७३॥
इह चिंता करि चित बिखै इक दिज लयो बुलाइ ॥
बहु धनु दै ता को कहिओ प्रभ दे पतीआ जाइ ॥१९७४॥
रुकमिनी पाती पठी कान्रह प्रति ॥
सवैया ॥
लोचन चारु बिचार करो जिनि बाचत ही पतीआ उठि धावहु ॥
आवत है सिसपाल इतै मुहि ब्याहन कउ प्रभ ढील न लावहु ॥
मारि इनै मुहि जीति प्रभू चलो द्वारवती जग मै जसु पावहु ॥
मोरी दसा सुनि कै सभ यौ कबि स्याम कहै करि पंखन आवहु ॥१९७५॥

हे पति चउदहि लोकन के सुनीऐ चित दै जु संदेस कहे है ॥
तेरे बिना सु अहं अरु क्रोधु बढिओ सभ आतमे तीन बहे है ॥
यौ सुनीऐ तिपुरारि ते आदिक चित बिखै कबहूं न चहे है ॥
बाचत ही पतीया उठि आवहु जू ब्याह बिखै दिन तीन रहे है ॥१९७६॥

दोहरा ॥

तीन ब्याह मै दिन रहे इउ कहीऐ दिज गाथ ॥
तजि बिलंब आवहु प्रभू पतीआ पड़ि दिज साथ ॥१९७७॥
सवैया ॥
अउ जदुबीर सो यौ कहीयो तुमरे बिनु देखि निसा डरु आवै ॥
बार ही बार अति आतुर ह्वै तन तिआगि कहियो जीअ मोर परावै ॥
प्राची प्रतछ भयो ससि पूरन सो हम को अतिसै करि तावै ॥
मैन मनो मुख आरुन कै तुमरे बिनु आइ हमो डर पावै ॥१९७८॥
लागि रहिओ तुहि ओरहि स्याम जू मै इह बेर घनी हट के ॥
घनि स्याम की बंक बिलोकन फास के संगि फसे सु नही छुटके ॥
नही नैकु मुराए मुरै हमरे तुहि मूरति हेरन ही अटके ॥
कबि स्याम भने संगि लाज के आज भए दोऊ नैन बटा नट के ॥१९७९॥
साज दयो रथ बामन को बहुतै धनु दै तिह चित बढायो ॥
स्री ब्रिजनाथ लिआवन काज पठियो चित मै तिन हूं सुखु पायो ॥
यौ सोऊ लै पतीया को चलियो सु प्रबंध कथा कहि स्याम सुनायो ॥
मानहु पउन के गउन हूं ते सु सिताब दै स्री जदुबीर पै आयो ॥१९८०॥
स्री ब्रिजनाथ को बास जहा सु कहै कबि स्याम पुरी अति नीकी ॥
बज्र खचे अरु लाल जवाहिर जोति जगै अति ही सु मनी की ॥
कउन सराह करै तिह की तुम ही न कहो ऐसी बुधि किसी की ॥
सेस निसेस जलेस की अउर सुरेस पुरी जिह अग्रज फीकी ॥१९८१॥

दोहरा ॥

ऐसी पुरी निहार कै अति चिति हरख बढाइ ॥
स्री ब्रिजपति को ग्रिह जहा तहि दिज पहुचिओ जाइ ॥१९८२॥
सवैया ॥
देखत ही ब्रिजनाथ दिजोतम ठाढ भयो उठि आगे बुलायो ॥
लै दिजै आगै धरी पतीआ तिह बाचत ही प्रभ जी सुख पायो ॥
स्यंदन साजि चड़िओ अपुने सोऊ संगि लयो मनो पउन ह्वै धायो ॥
मानो छुधातरु होइ अति ही म्रिग झुंड तकै उठि केहरि आयो ॥१९८३॥
इत स्याम जू स्यंदन साजि चड़ियो उत लै सिसुपाल घनो दलु आयो ॥
आवत सो इन हूं सुनि कै पुर द्वार बजार जु थे सु बनायो ॥
सैन बनाइ भली इत ते रुकमादिक आगे ते लैन कउ धायो ॥
स्याम भनै सभ ही भटवा अपने मन मै अति ही सुखु पायो ॥१९८४॥
अउर बडे न्रिप आवत भे चतुरंग चमूं सु घनी संगि लै के ॥
हेरन ब्याह रुकमनि को अति ही चित मै सु हुलास बढै कै ॥
भेरि घनी सहनाइ सिंगे रन दुंदभि अउ तुरहीन बजै कै ॥
स्याम इते छपि आवत भयो कबि स्याम भनै तिन कारन छै कै ॥१९८५॥
स्याम भनै जोऊ बेद के बीच लिखी बिधि ब्याह की सो दुहूं कीनी ॥
मंत्रन सो अभिमंत्रन कै भूअ फेरन की सु पवित्र कै लीनी ॥
अउर जिते दिज स्रेसट हुते तिन को अति ही दछना तिन दीनी ॥
बेदी रची भली भातह सो जदुबीर बिना सभ लागत हीनी ॥१९८६॥
तउ ही लउ लै किह संगि पुरोहित देवी की पूजा के काज सिधारे ॥
स्यंदन पै चड़वाइ तबै तिह पाछे चले तिह के भट भारे ॥
या बिधि देखि प्रताप घनो मुख ते रुकमै इह बैन उचारे ॥

राखी प्रभू पति मोर भली बिधि धंन्य कहियो अब भाग हमारे ॥१९८७॥

चौपई ॥

जब रुकमिनी तिह मंदिर गई ॥
दुख संगि बिहबल अति ही भई ॥
तिनि इव रोइ सिवा संगि ररिओ ॥
तुहि ते मोहि इही बरु सरिओ ॥१९८८॥
सवैया ॥
दूरि दई सखीआ करि कै करि लीन छुरी कहिओ घात करै हउ ॥
मै बहु सेव सिवा की करी तिह ते सभ हौ सु इहै फलु पै हउ ॥
प्रानन धामि पठो जम के इह देहुरे ऊपर पाप चड़ै हउ ॥
कै इह को रिझवाइ अबै बरिबो हरि को इह ते बरु पै हउ ॥१९८९॥
देवी जू बाच रुकमिनी सो ॥
सवैया ॥
देखि दसा तिह की जग मात प्रतछ ह्वै ताहि कहिओ हसि ऐसे ॥
स्याम की बाम तै आपने चित करो दुचिता फुनि रंच न कैसे ॥
जो सिसुपाल के है चित मै नहि ह्वै है सोऊ तिह की सु रुचै से ॥
हुइ है अवसि सोऊ सुनि री कबि स्याम कहै तुमरे जी जैसे ॥१९९०॥

दोहरा ॥

यौ बरु लै के सिवा ते प्रसंन चली हुइ चित ॥
स्यंदन पै चड़ि मन बिखै चहि स्री जदुपति मित ॥१९९१॥
सवैया ॥
चड़ी जात हुती सोऊ स्यंदन पै ब्रिज नाइक द्रिसटि बिखै करि कै ॥
अरु सत्रन सैन निहारि घनी तिह ते नही स्याम भनै डरि कै ॥
प्रभ आइ परिओ तिह मधि बिखै इह लेत हो रे इम उचरि कै ॥
बलु धारि लई रथ भीतर डारि मुरारि तबै बहीया धरि कै ॥१९९२॥
डारि रुकमिनी स्यंदन पै सभ सूरन सो इह भाति सुनाई ॥
जात हो रे इह को अब लै इह कै रुकमै अब देखत भाई ॥
पउरख है जिह सूर बिखै सोऊ याहि छडाइन माडि लराई ॥
आज सभो मरि हों टरि नही स्याम भनै मुहि राम दुहाई ॥१९९३॥
यौ बतीया सुनि कै तिह की सभ आइ परे अति क्रोध बढै कै ॥
रोस भरे भट ठोकि भुजा कबि स्याम कहै अति क्रोधत ह्वै कै ॥
भेरि घनी सहनाइ सिंगे रन दुंदभि अउ अति ताल बजै कै ॥
सो जदुबीर सरासन लै छिन बीच दए जमलोकि पठै कै ॥१९९४॥
जो भट काहूं ते नैकु डरे नहि सो रिस कै तिह सामुहे आए ॥
गाल बजाइ बजाइ कै दुंदभि जिउ घन सावन के घहराए ॥
स्री जदुबीर के बान छुटे न टिके पल एक तहा ठहराए ॥
एक परे ही कराहत बीर बली इक अंत के धामि सिधाए ॥१९९५॥
ऐसी निहारि दसा दल की सिसुपाल तबै रिस आपहि आयो ॥
आइ कै स्याम सो ऐसो कहिओ न जरासंधि हउ जोऊ तोहि भगायो ॥
यौ बतीया कहि कै कस कै धनु कान प्रमान लउ बान चलायो ॥
मानहु क्रोध सभै तिह को सु प्रतछ है स्याम के ऊपर धायो ॥१९९६॥

दोहरा ॥

सो सर आवत देख कै क्रुधत हुइ ब्रिजनाथ ॥
कटि मारग भीतर दयो एक बान के साथ ॥१९९७॥
सवैया ॥
सर काटि कै स्यंदन काटि दयो अरु सूत को सीस दयो कटि कै ॥

अरु चारो ही अस्वन सीस कटे बहु ढालन के तब ही झटि कै ॥
फिरि दउरि चपेट चटाक हनिओ गिर गयो जब चोट लगी भटि कै ॥
तुम ही न कहो भट कउन बीयो जग मै जोऊ स्याम जू सो अटकै ॥१९९८॥
चित मै जिन धिआन धरियो हित कै सोऊ स्रीपति लोकहि को सटिकियो ॥
पग रोप जोऊ अटकियो प्रभू सो कबि स्याम कहै पल सो न टिकियो ॥
अटकियो जोऊ प्रेम सो बेध कै लोक चलियो तिह कउ न किन ही हटकियो ॥
जिह नैकु बिरोध हीयो सटकियो नर सो सभ ही भूअ मो पटकियो ॥१९९९॥
फउज बिदार घनी ब्रिजनाथ बिमुंछत कै सिसुपाल गिरायो ॥
अउर जितो दलु ठाढो हुतो सोऊ देखि दसा करि त्रास परायो ॥
फेरि रहे तिन को बहु बारि कोऊ फिरि जुध के काज न आयो ॥
तउ रुकमी दल लै बहुतो संगि आपने आप ही जुध को धायो ॥२०००॥
बीर बडे इह की दिस के रिस सो जदुबीर कउ मारन धाए ॥
जात कहा फिरि स्याम लरो हम सो सभ ही इह भाति बुलाए ॥
ते ब्रिजनाथ हने सभ ही कहि कै उपमा कबि स्याम सुनाए ॥
मानहु हेरि पतंग दीआ कहु टूटि परे फिरि जीत न आए ॥२००१॥
जब सैन हनियो घन स्याम सभै रुकमी कुप कै तब ऐसे कहिओ ॥
जब गूजर ह्वै धन बान गहियो छत्रापन छत्रिन ते तो रहिओ ॥
जिम बोलत थो बध कै सर स्याम बिमुंछत कै सु सिखा ते गहिओ ॥
गहि कै तिह मूंड को मूंड दयो उपहास कै जिउ चित बीच चहिओ ॥२००२॥

दोहरा ॥

भ्रात दसा पिखि रुकमिनी प्रभ जू के गहि पाइ ॥
अनिक भाति सो स्याम कबि भ्रात लयो छुटकाइ ॥२००३॥
सवैया ॥
जोऊ ताहि सहाइ कउ आवत भे सु हने सभ ही चित मै चहि कै ॥
जोऊ सूर हनियो न हनियो छल सो अरे मारत हउ तुहि यौ कहि कै ॥
बहु भूप हने गजबाज रथी सरता बहु स्रोन चली बहि कै ॥
फिरि त्रीय को कहे पीय छोड दयो रुकमी रनि जीति भले गहि कै ॥२००४॥
तउ लउ गदा गहि कै बलिभद्र परिओ तिन मै चिति रोस बढायो ॥
सत्रन सैन भजियो जोऊ जात हो स्याम भनै सभ कउ मिलि घायो ॥
घाइ कै सैन भली बिधि सो फिरि के ब्रिज नाइक की ढिग आयो ॥
सीस मुंडिओ रुकमी को सुनियो जब तो हरि सिउ इह बैन सुनायो ॥२००५॥
बलभद्र बाच कान्रह जू सो ॥

दोहरा ॥

भ्रात त्रीआ को रन बिखै कान्रह जीत जो लीन ॥
सीस मूंड ता को दयो कहियो काज घट कीन ॥२००६॥
सवैया ॥
अनि ते पुर बाधि रहो रुकमी उत द्वारवती प्रभ जू इत आए ॥
आइ है कान्रह जू जीति त्रीआ सभ यौ सुनि कै जन देखन धाए ॥
ब्याह के काज कउ जे थे दिजोतम ते सभ ही मिलि कै सु बुलाए ॥
अउर जितो बलवंत बडे कबि स्याम कहै सभ बोलि पठाए ॥२००७॥
कान्रह को ब्याह सुनियो पुर नारिन आवत भी सभ ही मिल गावत ॥
नाचत डोलत भाति भली कबि स्याम भनै मिलि ताल बजावत ॥
आपसि मै मिलि कै तरुनी सभ खेलन कउ अति ही ठट पावत ॥
अउर की बात कहा कहीऐ पिखिबे कहु देव बधू मिलि आवत ॥२००८॥
सुंदरि नारि निहारन कउ तजि कै ग्रिह जो इह कउतक आवै ॥
नाचत कूदत भाति भली ग्रिह की सुधि अउर सभै बिसरावै ॥
देख कै ब्याहहि की रचना सभ ही अपनो मन मै सुखु पावै ॥

ऐसे कहै बलि जाहि सभै जब कान्रह कउ देखि सभै ललचावै ॥२००९ ॥
जब कान्रह के ब्याह कउ बेदी रची पुर नारि सभै मिल मंगल गायो ॥
नाचत भे नटूआ तिह ठउर म्रिदंगन ताल भली बिधि द्रयायो ॥
कोटि कतूहल होत भए अरु बेसियन को कछु अंत न आयो ॥
जो इह कउतुक देखन कउ चलि आयो हुतो सभ ही सुखु पायो ॥२०१० ॥
एक बजावत बेनु सखी इक हाथि लीए सखी ताल बजावै ॥
नाचत एक भली बिधि सुंदरि सुंदरि एक भली बिधि गावै ॥
झाजर एक म्रिदंग के बाजत आए भले इक हाव दिखावै ॥
भाइ करै इक आइ तबै चित के रनिवारन मोद बढावै ॥२०११ ॥
बारुनी के रस संग छके जह बैठे है क्रिसन हुलास बढै कै ॥
कुंकम रंग रंगे पटवा भटवा अपने अति आनंद कै कै ॥
मंगन लोगन देत घनो धन स्याम भनै अति ही नचवै कै ॥
रीझि रहे मन मै सभ ही फुनि स्री जदुबीर की ओरि चितै कै ॥२०१२ ॥
बेद के बीच लिखी बिधि जिउ जदुबीर ब्याह तिही बिधि कीनो ॥
जो रुकमी ते भली बिधि कै रुकमनिहि को पुनि जीत कै लीनो ॥
जीतहि की बतीआ सुनि कै अति भीतर मोद बढिओ पुर तीनो ॥
स्याम भनै इह कउतक कै सभ ही जदुबीरन कउ सुख दीनो ॥२०१३ ॥
सुख मान कै माइ पीयो जल वार कै अउ द्विज लोकन दान दीओ है ॥
ऐसे कहियो सभ ही भूअ को सुख आज सभै हम लूटि लीओ है ॥
आज हुलास भयो सजनी उमगिओ न रहै कहिओ मोर हीओ है ॥
आज के दिवस हूं पै बलि जाउ अरी जब मो सुत ब्याह कीओ है ॥२०१४ ॥

◄ इति स्री दसम सकंधे बचित्र नाटके क्रिसनावतारे रुकमिनी हरन इत ब्याह करन बरननं धिआइ समापतं ॥

अथ प्रदुमन का जनम कथनं ॥

दोहरा ॥

पुरख त्रीआ आनंद सो बहु दिन भए बितीत ॥
गरभ भयो तब रुकमनी प्रभ ते परम पुनीत ॥२०१५ ॥
सोरठा ॥
उपजियो बालक बीर नाम धरियो तिह परदुमन ॥
महारथी रन धीर सभ जानत है जगति जिह ॥२०१६ ॥
सवैया ॥
दस दिउस को बालक भयो जब ही तब संबर दैत लै ताहि गयो है ॥
सिंध के भीतर डारि दयो इक मछ हुतो तिह लील लयो है ॥
मछ सोऊ गहि झीवरि एकु सु संबर पै फिरि जाइ दयो है ॥
भछन को फुनि ताहि रसोइ मै भेजि दयो सु उलास कयो है ॥२०१७ ॥
जब मछ को पारन पेट लगे तब सुंदर बारिक एक निहारियो ॥
होइ दइआल वती सु त्रीआ करुना रसु पै चित मै तिनि धारियो ॥
तेरो कहियो पति है इम नारद स्याम भनै इह भाति उचारियो ॥
सो बतीआ सुनि कै मुनि नारि भली बिधि सो भरता करि पारियो ॥२०१८ ॥

चौपई ॥

पोखन बहुतु दिवस जब करी ॥
तब इह द्रिसटि त्रीआ की धरी ॥
काम भाव चित भीतर चहियो ॥
रुकमिनि सुत सिउ बच इह कहियो ॥२०१९ ॥

मैनवती तब बैन सुनाए ॥
तुम मो पति रुकमिनि के जाए ॥
तुम को संबर दानव हरियो ॥
आनि सिंधु के भीतर डरियो ॥२०२०॥
तब इक मछ लील तुहि लयो ॥
सो भी मछ फासि बसि भयो ॥
झीवर फिरि संबर पै लिआयो ॥
तिह हम पै भछन हित दिआयो ॥२०२१॥
जब हम पेट मछ को फारियो ॥
तब तोहि कउ मै नैनि निहारियो ॥
मोरे ह्रिदै दइआ अति आई ॥
अउ नारद इह भात सुनाई ॥२०२२॥
इह अवतार मदन को आही ॥
ढूंढत फिरत रैन दिन जाही ॥
मै पति लखि तुहि सेवा करी ॥
अब मै मदन कथा चित धरी ॥२०२३॥
रुद्र कोप काइआ तुहि जरी ॥
तब मै पूजा सिव की करी ॥
बरु सिव दयो हुलास बढै है ॥
भरता वही मूरति तू पै है ॥२०२४॥

दोहरा ॥

तब हउ संबर दैत की भई रसोइन आइ ॥
अब भरता मुहि रुद्र तू सुंदर दयो बनाइ ॥२०२५॥
सवैया ॥
सुत कान्रह के यौ बतीया सुनि कै आपने चित मै अति क्रोध बढायो ॥
बान कमान क्रिपान गदा गहि कै अरि के बध कारन धायो ॥
धाम जहा तिह बैरी को थे तिह द्वार पै जाइ कै बैन सुनायो ॥
जाहि कउ सिंधु मै डार दयो अब सो तुहि सो लरबे कहु आयो ॥२०२६॥
यौ जब बैन कहु सुत स्याम तो संबर ससत्र गदा गहि आयो ॥
जैसे कही बिधि जुधहि की तिह भाति सो ताही ने जुध मचायो ॥
आप भजियो नहि ता भूअ ते नहि वाहि कउ त्रास दै पैगु भजायो ॥
आहव या बिधि होत भयो कहि कै इह भात सो स्याम सुनायो ॥२०२७॥
अति ही तिह ठा जब मार मची अरि जात भयो नभि मै छलु कै कै ॥
लै करि पाहन ब्रिसट करी सुत स्याम के पै अति क्रुधत ह्वै कै ॥
सो इन पाहन बिअरथ करे तिन को सर एकहि एक लगै है ॥
ससत्रन सो तिह को तन बेध कै भूमि डरिओ अति रोस बढै कै ॥२०२८॥
असि ऐचि झटाक लयो कटि ते सिरि संबर कै सु झटाक दे झारियो ॥
देवन के गन हेरत जे तिन पउरख देख कै धंनि उचारियो ॥
भूमि गिराइ दयो कै बिमुछित स्रोन संबूह धरा पै बिथारियो ॥
कान्रह को पूत सपूत भयो जिनि एक क्रिपान ते संबर मारियो ॥२०२९॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे परदुमन संबर दैत हरि लै गयो इत संबर को परदुमन बध कीओ धिआइ समापतम ॥*

अथ परदुमन संबर को बधि रुकमिन को मिले ॥

दोहरा ॥

तिह को बध कै परदुमनि आयो आपने ग्रेह ॥
रति आपने पति संगि तबै कहिओ बढै कै नेह ॥२०३०॥
चीलि आप हुइ आपने ऊपरि पतहि चड़ाइ ॥
रुकमिनि को ग्रिह थो जहा तहि ही पहुंची आइ ॥२०३१॥
सवैया ॥
छोर कै चील को रूप दयो त्रीआ को अति सुंदर रूप बनायो ॥
वाहि उतार कै कंधहि ते तिह कंधि पटंबर पीत धरायो ॥
सोरह हजार त्रीआ सभ थी जहि ठाढि तिनै इह रूप दिखायो ॥
सु सुकची चित बीच सभै इह भाति लखियो ब्रिज नाइक आयो ॥२०३२॥
सवैया ॥
ताहि निहारि कै स्याम सी मूरति त्रीअ सभै मन मै सुकचाही ॥
लिआयो है आनि बधू कोऊ ब्याहि कहै सखी की सु सखी गहि बाही ॥
एक निहारि कहै तिह कै उरि ओरि बिचार भले मन माही ॥
लछन अउर सभै हरि के इह एक लता भ्रिगु की उरि नाही ॥२०३३॥
पेखत ताहि रुकमनि के सु पयोधर वा पय सो भरि आए ॥
मोहु बढियो अति ही चित मै करुना रसु सो ढुरि बैन सुनाए ॥
ऐसे सखी कहिओ मो सुत थो प्रभ दै हम को हम ते जु छिनाए ॥
यौ कहि सास उसास लयो कबि स्याम कहै दोऊ नैन बहाए ॥२०३४॥
इति ते ब्रिज नाइक आइ गयो इह मूरति ओरि रहे टक लाई ॥
तउ ही लउ नारद आइ गयो बिरथा सभ ही तिनि भाखि सुनाई ॥
कान्रह जू पूत तिहारो ई है इह यौ सुनि कै पुर बाजी बधाई ॥
भागन की निधि स्याम भनै जदुबीर मनो इह दिवसहि पाई ॥२०३५॥
इति स्री दसम सकंधे बचित्र नाटक क्रिसनावतारे परदुमन संबर दैत बध कै रुकमिनि कान्रह जू को आई मिलत भए ॥

अथ सत्राजित सूरज ते मनि लिआए जामवंत बध कथनं ॥

दोहरा ॥

इत सूरज सेवा करी सत्राजित बलवान ॥
रवि तिह को तब मनि दई उजल आप समान ॥२०३६॥
सवैया ॥
लै मनि सूरज ते अरि जीत जु ता दिन आपने धामहि आयो ॥
जो कबि स्याम भनै करि सेव घनो रवि को चित ता रिझवायो ॥
अउ करि कै तपस्या अति ही तिह की हित सो तिह कउ जब गायो ॥
सो सुनि कै सु ब्रिथा पुर लोगन यौ जदुबीर पै जाइ सुनायो ॥२०३७॥
कान्रह जू बाच ॥
सवैया ॥
कान्रह बुलाइ अरंजित कउ हसि कै मुख ते इह आइस दीनो ॥
भूप कउ दै तु कहिओ अब ही रवि ते जु रिझाइ कै तै धनु लीनो ॥
जो चहि कै चित मै चपला दुति याहि कहियो इन नैकु न कीनो ॥
मोन ही ठान के बैठि रहियो ब्रिजनाथ को उतरु नैकु न दीनो ॥२०३८॥
प्रभ यौ बतीआ कहि बैठि रहियो तिह भ्रात अखेट के काज पधारियो ॥
बाध भले मनि कउ सिर पै सभ हूं जन दूसर भानु बिचारियो ॥
कानन के जब बीच गयो म्रिगराज बडो इक याहि निहारियो ॥
तान कै बान चलावत भयो सर वा सहि कै इह को फिरि मारियो ॥२०३९॥

चौपई ॥

जब तिनि के हरि के सरि मारियो ॥
तब के हरि पुरखत संभारियो ॥

एक चपेट चउकि तिह मारी ॥
मनि समेत लई पाग उतारी ॥२०४०॥

दोहरा ॥

तिह बध कै मनि पाग लै सिंघ धसियो बनि जाइ ॥
भालक एक बडो हुतो तिहि हेरिओ मिरगराइ ॥२०४१॥
सवैया ॥
भालक देखि मनी दुति कउ सु लखियो कोऊ केहरि लै फलु आयो ॥
या फल कउ अब भछ करो सु छुधातरु ह्वै तह भछन धायो ॥
ज्यो म्रिगराज थो जात चलियो तिउ अचानक आइ कै जुधु मचायो ॥
एक चपेट चटाक दै मारि झटाक दै सिंघ को मारि गिरायो ॥२०४२॥

दोहरा ॥

जामवान बधि सिंघ को मनि लै मनि सुखु पाइ ॥
जहा ग्रिहि आपन हुतो तह ही पहुचियो आइ ॥२०४३॥
सत्राजित लखि भेद नहि सभनन कहियो सुनाइ ॥
क्रिसन मारि मुहि भ्रात कउ लीनी मनि छुटकाइ ॥२०४४॥
सवैया ॥
यौ सुनि कै चरचा प्रभ जू आपने ढिग जा तिह को सु बुलायो ॥
सत्राजीत कहै मुहि भ्रात हनियो हरि जू मनि हेतु सुनायो ॥
ऐसे कुबोल सुने मनूआ हमरो अति क्रोधहि के संगि तायो ॥
ता ते चलो तुम हूं तिह सोध कउ हउ हूं चलो कहि खोजन धायो ॥२०४५॥
जादव लै ब्रिजनाथ जबै अपने संगि खोजन ताहि सिधारे ॥
अस्वपती बिनु प्रान परे सु तही ए गए दोऊ जाइ निहारे ॥
केहरि को तह खोज पिखियो इह वा ही हने भट ऐसे पुकारे ॥
आगे जौ जाहि तो सिंघ पिखियो म्रित चउकि परे सभ पउरख वारे ॥२०४६॥

दोहरा ॥

तह भालक के खोज कउ चितै रहे सिर नाइ ॥
जहा खोज तिह जात पग तहा जात भट धाइ ॥२०४७॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
जा प्रभ के बरु दानि दए असुरारि जिते सभ दानव भागे ॥
जा प्रभ सत्रन नास कयो ससि सूर थपे फिरि कारज लागे ॥
सुंदर जाहि करी कुबिजा छिन बीच सुगंधि लगावत बागे ॥
सो प्रभु अपने कारज हेतु सु जात है रीछ के खोजहि लागे ॥२०४८॥
खोज लीए सभ एकु गुफा हू पै जात भए हरि ऐसे उचारियो ॥
है कोऊ सूर धसै इह बीच न काहूं बली पुरखत संभारियो ॥
या ही के बीच धसियो सोई रीछ सभो मन मै इह भाति बिचारियो ॥
कोऊ कहै नहि या मै कहियो हरि रे हम खोज इही महि डारियो ॥२०४९॥
कोऊ न बीर गुफा मै धसियो तब आप ही ताहि मै स्याम गयो है ॥
भालक लै सुधि बीच गुफाहूं कै जुधु को सामुहे कोप अयो है ॥
स्याम जू स्याम भनै उह सो दिन द्वादस बाहन जुधु कयो है ॥
जुधु इत जुग चारनि मै नहि ह्वै है कबै कबहूं न भयो है ॥२०५०॥
द्वादस दिउस भिरे दिन रैन नही तिह ते हरि नैकु डरानो ॥
लातन मूकन को अति ही फुनि तउन गुफा महि जुधु मचानो ॥
पउरख भालक को घटि गयो इह मै बहु पउरख ता पहिचानो ॥
जुधु को छाड कै पाइ परियो जदुबीर को राम सही करि जानो ॥२०५१॥
पाइ परियो घिघिआनो घनो बतीया अति दीन ह्वै या बिधि भाखी ॥

हो तुम रावन के मरीआ तुम ही पुनि लाज दरोपती राखी ॥
भूल भई हम ते प्रभ जू सु छिमा करीयै सिव सूरज साखी ॥
यौ कहि कै दुहिता जु हुती सोऊ लै ब्रिजनाथ के अग्रज राखी ॥२०५२॥
उत जुध कै स्याम जू ब्याह कयो इत ह्वै कै निरास ए धामन आए ॥
कान्रह गुफा हूं के बीच धसे सोऊ काहूं हने सु इही ठहराए ॥
नीर ढरै भटवान की आंखिन लोटत है चित मै दुखु पाए ॥
सीस धुनै इक ऐसे कहै हम हूं जदुबीर के काम न आए ॥२०५३॥
सैन जितो जदुबीर के संग गयो सोऊ भूप पै रोवत आयो ॥
भूपति देख दसा तिन की अति ही अपुने मन मै दुखु पायो ॥
धाइ गयो बलिभद्र पै पूछन रोइ इही तिन बैन सुनायो ॥
कान्रह गुफा के बिखै धसि कै तिह ते बहुरे नही बाहरि आयो ॥२०५४॥
हली बाच ॥
सवैया ॥
कै लरि कै अरि काहू के संगि तन आपन को जमलोकि पठायो ॥
खोजत कै मनि या जड़ की बलि लोकि गयो कोऊ मारग पायो ॥
कै मनि लै इह भ्रात के प्रान गयो जम लै तिन लैन कउ धायो ॥
कै इह मूरख को सु कुबोल लगियो हुइ लजातुर धामि न आयो ॥२०५५॥
रोइ जबै संग भूपति को मुख ते मुसली इह भाति उचारियो ॥
तउ सत्राजित कउ मिलि कै सभ जादव लातन मूकन मारियो ॥
पाग उतार दई मुसकै गहि गोडन ते मधि कूप के डारियो ॥
छोडबो ता के कहियो न किहू सभ हू तिह को बधबो चिति धारियो ॥२०५६॥
कानर की जब ए बतीया प्रभ की सभ नारिन जउ सुनि पाई ॥
रोवत भी कोऊ भूमि परी गिर पीटत भी करि कै दुचिताई ॥
एक कहै पति प्रान तजे अब हुइ है कहा हमरी गति माई ॥
अउर रुकमनि देत दिजोतम दान सती फुनि होबे कउ आई ॥२०५७॥

दोहरा ॥

बसुदेव अरु देवकी दुबिधा चितहि बढाइ ॥
प्रभ गति द्वै बिधि हेरि कै बरजिओ रुकमनि आइ ॥२०५८॥
सवैया ॥
पुत्र बधू हू को देवकी आइ सु स्याम भनै बिधि या समझायो ॥
जो हरि जूझ मरे रन मो जरिबो तुहि को निसचै बनि आयो ॥
जउ मनि ढूंढत या जड़ की ब्रिजनाथ घने पुनि कोस सिधायो ॥
ता ते रहो चुपि कै सुधि लै अरु यौ कहि पाइन सीस झुकायो ॥२०५९॥
ऐसो समोध कै पुत्र बधू को भवानी को पै तिन जाइ मनायो ॥
ठाईस दिवस लउ सेव करी तिह की तिह को अति ही रिझवायो ॥
रीझि सिवा तिन पै तब ही कबि स्याम इही बरुदान दिवायो ॥
आइ है स्याम न सोक करो तब लउ हरि लीने त्रीआ मनि आयो ॥२०६०॥
कान्रह को हेरि त्रीआ मनि के जुत सोक की बात सभै बिसराई ॥
डारि कमंडल मै जलु सीतल माइ पीयो पुनि वार कै आई ॥
जादव अउर सभै हरखै अरु बाजत भी पुर बीच बधाई ॥
अउर कहै कवि स्याम सिवा सु सभो जगमाइ सही ठहराई ॥२०६१॥
इति जामवंत को जीत कै दुहिता तिस की मनि सहित लिआवत भए ॥
सवैया ॥
हेर कै स्याम सत्राजित कउ मनि लै कर मै फुनि ता सिर मारी ॥
जा हित दोस दयो सोई लै जड़ कोप भरे इह भाति उचारी ॥
चउकि कहै सभ जादव यौ सु पिखो रिसि कैसी करी गिरधारी ॥
सो इह भाति कबितन बीच कथा जग मै कब स्याम बिथारी ॥२०६२॥
हाथि रहिओ मनि को धरि कै तिनि नैकु न काहूं की ओरि निहारिओ ॥
लजित ह्वै खिसियानो घनो दुबिधा करि धाम की ओरि सिधारिओ ॥

बैर परियो हमरो हरि सो रु कलंक चड़ियो गयो भ्रात्र मारिओ ॥
भीर परी ते अधीर भयो दुहिता देउ स्याम इही चिति धारिओ ॥२०६३॥

◄ *इति स्री दसम सकंधे बचित्र नाटक क्रिसनावतारे सत्राजित को मणि दैबो बरननण धिआइ समापतं ॥*

अथ सत्राजित की दुहिता को ब्याह कथनं ॥

स्वैया ॥
बोलि दिजोतम बेदन की बिधि जैस कही तिस ब्याह रचायो ॥
सति भामनि को कबि स्याम भनै जिह को सभ लोगन मै जसु छायो ॥
पावत है उपमा लछमी की न ता सम यौ कहिबो बनि आयो ॥
ताही के ब्याहन काज सु दै मनि मानि भलै घनि स्याम बुलायो ॥२०६४॥
स्री ब्रिजनाथ सुने बतीया सुभ साजि जनेत जहा को सिधाए ॥
आवत सो सुनि कै प्रभु को सभ आगे ही ते मिलिबे कउ धाए ॥
आदर संग लवाइ कै जाइ ब्याह कीयो दिज दान दिवाए ॥
ऐसे बिवाह प्रभू सुखु पाइ त्रीया संग लै करि धामहि आए ॥२०६५॥

◄ *इति बिवाह संपूरन होत भयो ॥*

लछीआ ग्रिह प्रसंग ॥
सवैया ॥
तउ ही लउ ऐसो सुनी बतीया लछीआ ग्रिहि मै सुत पंडु के आए ॥
गाइ समेत सभो मिलि कौरन चित बिखै करुना न बसाए ॥
ऐसे बिचार कीओ चित मै सु तहा को चलै सभ बिसनु बुलाए ॥
ऐसे बिचार सु साज कै स्यंदन स्री ब्रिजनाथ तहा को सिधाए ॥२०६६॥
कान्रह चले उत कउ जब ही बरमाक्रित तो इत मंत्र बिचारियो ॥
लै अक्रूर कउ आपने संग कहियो अरे कान्रह कहां कउ पधारियो ॥
छीन लै या ते अरे मिलि कै मनि ऐसे बिचार कीयो तिह मारियो ॥
लै बरमाक्रित वा बध कै मनि आपने धाम की ओरि सिधारियो ॥२०६७॥

चौपई ॥

सति धंना भी संगि रलायो ॥
जब सत्राजित को तिन घायो ॥
ए तिह बध के डेरन आए ॥
उतै संदेस स्याम सुनि पाए ॥२०६८॥
दूत बाच कान्रह सो ॥

चौपई ॥

प्रभु सो दूतन बैन उचारे ॥
सत्राजित क्रितबरमा मारे ॥
मनि धन छीनि ताहि ते लयो ॥
तोहि त्रीआ को अति दुखु दयो ॥२०६९॥
जब जदुपति इह बिधि सुनि पायो ॥
छोरि अउर सभ कारज आयो ॥
हरि आवन क्रितबरमै जानी ॥
सतिधंना सो बात बखानी ॥२०७०॥
अड़िल ॥
कहु सतिधंना बात अबै हम किआ करै ॥

कहो परै कै जाइ कहो लरि कै मरै ॥
दुइ मै इक मुहि बात कहो समझाइ कै ॥
हो के उपाइ कै स्यामहि मारै जाइ कै ॥२०७१॥
क्रितबरमा की बात सुनत तिनि यौ कहियो ॥
जदुपति बली प्रचंड हनियो अरि जो चहियो ॥
ता सो हम पै बल न लरै पुनि जाइ कै ॥
हो कंस से छिन मै मारि दए सुख पाइ कै ॥२०७२॥
बतीआ सुनि तिह की अक्रूर पै आयो ॥
प्रभु दुबिधा को भेद सु ताहि सुनायो ॥
तिन कहियो अब सुनि तेरो इहीं उपाइ है ॥
हो प्रभ ते बच है सोऊ जु प्रान बचाइ है ॥२०७३॥
सवैया ॥
दै मनि ताहि उदास भयो किह ओरि भजो चित मै इह धारियो ॥
मै अपराध कीओ हरि को मनि हेतु बली सत्राजित मारियो ॥
ताहि के हेतु गुसा करि स्याम सभै अपनो पुरखत संभारियो ॥
जउ रहि हउ तऊ मारत है एह कै डरु उतर ओरि सिधारियो ॥२०७४॥

दोहरा ॥

सतिधंना मनि लै जहा भज गयो त्रास बढाइ ॥
स्यंदन पै चड़ि स्याम जू तह हीं पहुंचियो जाइ ॥२०७५॥
पाव पिआदो सत्र होइ भजियो सु त्रास बढाइ ॥
तब जदुबीर क्रिपान सो मारियो ता को जाइ ॥२०७६॥
खोजत भयो तिह मार कै मनि नही आई हाथि ॥
मनि नही आई हाथि यौ कहियो हली के साथ ॥२०७७॥
सवैया ॥
ऐसे लखियो मुसली मन मै सु प्रभू हम ते मनि आज छपाई ॥
लै अक्रूर बनारस गयो मनि कउ तिह की न कछू सुधि पाई ॥
स्याम जू मो इक सिख्य है भूपति जात तहा हउ सो ऐसे सुनाई ॥
यौ बतीया कहि जात रहियो जदुबीर की कै मन मै दुचिताई ॥२०७८॥

दोहरा ॥

जउ मुसली तिह पै गयो तउ भूपति सुखु पाइ ॥
लै अपुने तिह धाम गयो आगे ही ते आइ ॥२०७९॥
गदा जुध मै अति चतुरु यौ सभ ते सुनि पाइ ॥
तबै दुरजोधन हली ते सभ सीखी बिधि आइ ॥२०८०॥
सवैया ॥
सतिधंना कउ मार जबै जदुनंदन द्वारवती हू के भीतर आयो ॥
कंचन को अक्रूर बनारस दान करै बहु यौ सुनि पायो ॥
सूरज दित उही पहि है मनि यौ अपने मन मै सु जनायो ॥
मानस भेज भलो तिह पै तिह को अपुने पहि बोलि पठायो ॥२०८१॥
जउ हरि पै सोऊ आवत भयो तिह ते मनि तो इन मागि लई है ॥
सूरज जे तिह रीझि दई धनसति की जा हितु देह गई है ॥
जा हितु स्याम त्रिया हरि भ्रातहि मानहि की मनि बात ठई है ॥
सो दिखराइ सभो हरखाइ कै लै अक्रूरह फेरि दई है ॥२०८२॥
जो सत्राजित कै करि सेव सु सूरज की फुनि ताहि ते पाई ॥
जा हरि कै इह को बध कारन कै धनसति सु आपनी देह गवाई ॥
ताहि गयो अक्रूर थो लै तिह ते फिरि सो ब्रिजनाथ पै आई ॥
सो हरि देत भयो तिह को मुंदरी मनो स्याम जू राघव हाई ॥२०८३॥

दोहरा ॥

बडे जसहि पावत भयो मनि दै स्री जदुबीर ॥
जो कटीआ सिर दुरजनन हरता साधन पीर ॥२०८४॥
इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे सतिधंने को बध कै अक्रूर को मनि देत भए ॥
कान्रह जू को दिली महि आवन कथनं ॥

चौपई ॥

जब अक्रूरहि को मनि दई ॥
जदुपति दिली को सुधि लई ॥
तब दिली के भीतर आए ॥
पाडव पाच चरन लपटाए ॥२०८५॥

दोहरा ॥

तब कुंती के ग्रिह गए कुसल पूछिओ जाइ ॥
जो दुख इन कैरवि दए सो सभ दए बताइ ॥२०८६॥
इंद्रप्रसत मै क्रिसन जू रहे मास जब चार ॥
तब अरजुन को संग लै इक दिन चड़े सिकार ॥२०८७॥
सवैया ॥
सोध सिकार को लै हरि जू सु घनो जह थो तिह ओरि सिधारे ॥
गोइन सूकर रीछ बडे बहु चीतरु अउर ससे बहु मारे ॥
गैंडे हने महिखास के मत करी अरु सिंघन झुंडहि झारे ॥
नैकु संभार रही न परै बिसंभार जिनो सर स्याम प्रहारे ॥२०८८॥
पारथ को संग लै प्रभ जू बन मो धसि कै बहुते म्रिग घाए ॥
एक हने करवारिन सो तकि एकन के तनि बान लगाए ॥
अस्वन को दवराइ भजाइ कै कूकर तेऊ हने जु पराए ॥
स्री ब्रिजनाथ के अग्रज जे उठि भाजत भे तेऊ जान न पाए ॥२०८९॥
पारथ एक हने म्रिगवा इक आपहि स्री ब्रिज नाइक घाए ॥
जे उठि भाजत भे बन मै सोऊ कूकर डारि सबै गहिवाए ॥
तीतर जे उडि कै नभि ओरि गए तिन को प्रभ बाज चलाए ॥
चीतन एक म्रिगा गहि कै कबि स्याम कहै जमलोकि पठाए ॥२०९०॥
बेसरे अउर कुही बहिरी अरु बाज जुरे बहुते संग लीने ॥
बासे घने लगरा चरगे सिकरेन को फेट भली बिधि कीने ॥
धूती उकाब बसीनन को सजि कंठिज गोलिन द्वाल नवीने ॥
जा संग हेरि चलावत भे तिन पछिन ते इक जान न दीने ॥२०९१॥
पारथ अउ प्रभ जू मिलि कै जब ऐसो सिकार कीओ सुख पायो ॥
आपस मै कबि स्याम भनै तिह ठउर दुहू अति हेतु बढायो ॥
अउ दुहूं को जल पीवन को मनु अउसर तउन सु है ललचायो ॥
छोरि अखेटक दीन दुहूं चलि कै प्रभ जू जमना तटि आयो ॥२०९२॥
जात हुते जल पीवन के हित तउ ही लउ सुंदरि नारि निहारी ॥
पूछहु को है कहा इह देसु कहियो संगि पारथ यौ गिरिधारी ॥
आइस मानि पुरंदर को सु भयो तिह के संग बात उचारी ॥
कउन की बेटी है देस कहा तुहि को तोहि भ्रात तू कउन की नारी ॥२०९३॥
जमुना बाच अरजनु सो ॥

दोहरा ॥

अरजुन सो जमना तबै ऐसे कहिओ सुनाइ ॥
जदुपति बर ही चाहि चिति तपु कीनो मै आइ ॥२०९४॥
पारथ बाच कान्रह जू सो ॥

सवैया ॥
तब पारथ आइ कै सीस निवाइ सु स्याम जू सिउ इह बैन उचारे ॥
सूरज की दुहिता जमना इह नाम प्रभू जग जाहिर सारे ॥
भेस तपोधन काहे कीयो इन अउ ग्रिह के सभ काज बिसारे ॥
अरजुन उतर ऐसे दीयो घनि स्याम सुनो बर हेतु तुमारे ॥२०९५॥
पारथ की बतीया सुनि यौ बहीया गहि डारि लई रथ ऊपर ॥
चंद सो आनन जाहि लसै अति जोति जगै सु कपोलन दू पर ॥
कै कै क्रिपा अति ही तिह पै न क्रिपा करि स्याम जू ऐसी किसी पर ॥
आपने धामि लिआवत भयो सभ ऐस कथा इह मालुम भू पर ॥२०९६॥
डारि तबै रथ पै जमना कहु स्री ब्रिज नाइक डेरन आयो ॥
ब्याह के बीच सभा हू जुधिसटर गयो न्रिप पाइन सो लपटायो ॥
दुआरका जैसि रची प्रभ जू तुम मो पुर तैसि रचो सु सुनायो ॥
आइस देत भयो प्रभ जू करमाबिस्व सो तिन तैसो बनायो ॥२०९७॥
इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे सिकार खेलबो जमुना को बिवाहत भए ॥
उजैन राजा की दुहिता को ब्याह कथनं ॥
सवैया ॥
पंडु के पुत्रन ते अरु कुंती ते लै के बिदा घनि स्याम सिधायो ॥
भूप उजैन पुरी को जहा कबि स्याम कहै तिह पै चलि आयो ॥
ता दुहिता हू को ब्याहन काज दुरजोधन हू को भी चितु लुभायो ॥
सैन बनाइ भली अपनी तिह ब्याहन कउ इत ते इह धायो ॥२०९८॥
सजि सैन दुरजोधन आयो उते पुर ताही इतै ब्रिज नाइक आए ॥
भूपति अउर बडे बलवंड सु वाह बियाह कउ देखन धाए ॥
स्याम भनै तिह की भगनी तिह आनंद दुंदभि कोटि बजाए ॥
तउ ही लउ स्याम जी ब्याह कै ताह को पारथ लै संगि अउधि सिधाए ॥२०९९॥

चौपई ॥

जब जदुबीर अजुधिआ आयो ॥
सुनि भूपति लैबे कहु धायो ॥
सिंघासन अपने बैठारियो ॥
चित को सोक दूर करि डारियो ॥२१००॥
चरन प्रभू के गहि कर रहियो ॥
तुम दरसन पावत दुख बहियो ॥
अरु न्रिप चित मै प्रेम बढायो ॥
मन अपनो संगि स्याम मिलायो ॥२१०१॥
कान्रह जू बाच न्रिप सो ॥
सवैया ॥
देख कै प्रीति न्रिपोतम की हसि कै तिह सो इम स्याम उचारो ॥
हो तुम राघव के कुल ते जिनि रावन सो रिसि सत्र पछारो ॥
मागवो छत्रन को न कहियो तऊ मागति हो नहि संक बिचारो ॥
अपनी दै दुहिता हम कउ तिह कउ चित चाहत है सु हमारो ॥२१०२॥
न्रिपो बाच कान्रह सो ॥

चौपई ॥

तब यौ भूप स्याम सो भाखी ॥
एक प्रतिग्रया मै कर राखी ॥
जो इन सत ब्रिखभन को नाथै ॥
सो इह को लै जा करि साथै ॥२१०३॥
सवैया ॥
कटि सो कसि स्याम पितंबर को अपुनो पुनि सातऊ बेख बनाए ॥

देखबे भीतर एक ही स्याम लगै किन हू लखि भेद न पाए ॥
पागहि दाबि नचाइ कै भउहन सूर सभो महि सूर कहाए ॥
धंनि ही धंनि कहियो सभ ही जब सात ही बैलन को नथि आए ॥२१०४॥
जब नाथत भयो प्रभ सात ब्रिखभ तब भाखत भे भटवा इह साथे ॥
आवत जो बलवंत इही हित सो पुरए इन सिंगन साथे ॥
कउन बली प्रगटियो जग मै इन सातन के जोऊ नाकहि नाथे ॥
बीर कहै हस कै रनधीर बिना रिपु चीर सु स्री ब्रिजनाथे ॥२१०५॥
साध कहै इक यौ हसि कै सम स्याम की जो जग बीर बियो है ॥
जा मघवाजित जीत लयो सिर रावण काटि कबंध कियो है ॥
गाड़ परी गज पै जब ही तिह नाकहि ते प्रभु राखि लियो है ॥
भीर परे रनधीर भयो जन पीर निहारि अधीर भयो है ॥२१०६॥
जो बिधि बेद के बीच लिखी बिधि ताही सो ब्याह सिआम को कीनो ॥
आनंद कै अति ही चित मै सभ दीन सु बिप्रन साज नवीनो ॥
अउ गजराज बडे अरु बाज घने धन लै ब्रिजनाथ को दीनो ॥
स्याम भने इह भाति सो भूपति लोक बिखै अति ही जसु लीनो ॥२१०७॥
न्रिप बाच सभा सो ॥
सवैया ॥
भूप सिंघासन ऊपरि बैठ कै मधि सभा इह भाति बखानियो ॥
तैसो ई कामु कीयो जदुनंदन जिउ धनु स्री रघुनंदन तानियो ॥
जीति उजैन के भूप की भैन पुरी इह अउध जबै पगु ठानियो ॥
देखत ही सभ ही मन मै ब्रिज नाइक सूर सही करि जानियो ॥२१०८॥
भूप जबै अपने मन मै जदुबीर को बीर सही करि जानियो ॥
स्री ब्रिज नाइक जुध समै अरि अउर न आंखन अग्रज आनियो ॥
मंत्रन हेरि सभै हरि को बरु लाइक है इह भाति बखानियो ॥
अउध के राइ तबै अपुने मन मै कबि स्याम महा सुखु मानियो ॥२१०९॥
करमन मै दिज स्रेसट जु थे जब सो इह भूप सभा हूं मै आए ॥
दै कै असीस न्रिपोतम को कबि स्याम भनै इह बैन सुनाए ॥
जा दुहिता के सुनो तुम हेतु घने दिज देसन देस पठाए ॥
सो तुम राइ अचानक ही बरु लाइक स्री ब्रिज नाइक पाए ॥२११०॥
यौ सुनि कै बतीया तिन की चित के न्रिप बीच हुलास बढै कै ॥
दाज दयो जिह अंत न आवत बाजन द्वार अनेक बजै कै ॥
बिप्रन दीन घनी दछना सुखु पाइ किते जदुबीर चितै कै ॥
सुंदर जो आपनी दुहिता सु दई घनि स्याम के संगि पठै कै ॥२१११॥
जीति सुअंबर मै हरि आउध के भूपति की दुहिता जब आयो ॥
बाग के भीतर सैल करै संग पारथ थे चित मै ठहरायो ॥
पोसत भाग अफीम घने मद पीवन के तिनि काज मंगायो ॥
मंगन लोगन बोलि पठियो बहु आवत भे जन पार न पायो ॥२११२॥
बहु रामजनी तह नाचत है इक झाझर बीन म्रिदंग बजावै ॥
दै इक झूमक आवत है इक भामिन दै हरि झूमक जावै ॥
कान्रह पटंबर देत तिनै मनि लाल घने चित को जु रिझावै ॥
स्याम भनै बहु मोल खरे सुर राजहि को कोऊ हाथि न आवै ॥२११३॥
पावत रामजनी नर कै धन पावत है बहु दान गवइया ॥
एक रिझावत है हरि को कबि स्याम भनै पड़ि छंत सवइया ॥
अउर दिसा के बिखै सु घने मिलि नाचत है करि गान भवइआ ॥
कउन कमी कहो है तिन को जोऊ स्री जदुबीर के धाम अवइया ॥२११४॥
तिन कौ बहु दै संगि पारथ लै हरि भोजन की भूअ मै पग धारियो ॥
पोसत भाग अफीम मंगाइ पीओ मद सोक बिदा करि डारियो ॥
मति हो चारोई कैफन सो सुत इंद्र कै सो इमि स्याम उचारियो ॥
काम कीयो ब्रहमा घटि किउ मदरा को न आठवो सिंधु सवारियो ॥२११५॥

दोहरा ॥

तब पारथ कर जोरि कै हरि सिउ कहियो सुनाइ ॥
जड़ बामन इन रसन को जाने कहा उपाइ ॥२११६॥
इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक क्रिसनावतारे ब्रिखभ नाथि अवध राजे की दुहिता बिवाहत भए ॥

अथ इंद्र भूमासुर के दुख ते आवत भए कथनं ॥

चौपई ॥

द्वारवती जब जदुपति आयो ॥
इंद्र आइ पाइन लपटायो ॥
भूमासुर को दूख सुनायो ॥
प्रभ तिह ते मै अति दुखु पायो ॥२११७॥

दोहरा ॥

सो मो पर अति प्रबल है मो पै सधियो न जाइ ॥
ता को आपन ही प्रभू कीजै नास उपाइ ॥२११८॥
सवैया ॥
तब इंद्र बिदा कै दयो प्रभ जू तिह को सु समोध भलै करि कै ॥
मन मै कहियो चिंत न तू करि रे चलि हों नही हउ तिह ते टरि कै ॥
कुप कै जब ही रथ पै चड़ि हों सभ ससत्रन हाथन मै धरि कै ॥
डरि तू न अरे डरि हउ तुमरे अरि कउ पलि मै सति धा करि कै ॥२११९॥
मघवा सिर निआइ गयो ग्रिह को तिह को चित मै बधि स्याम बसायो ॥
संग लई जदुबी प्रितना नहि पारथ को करि संगि चलायो ॥
एक त्रीया हित लै संगि कउतकि यौ कहि कै कबि स्याम सुनायो ॥
स्याम चले तिह ओर नही तिह ऊपरि अंत दसानिह धायो ॥२१२०॥
गरुड़ पर स्याम जबै चड़ कै तिह सत्रहि की जब ओरि सिधारियो ॥
पाहन कोटि पिखियो प्रिथमै दुतीए बरु लोह को नैन निहारियो ॥
नीर को हेरत भयो त्रितीए अरु आगि को चउथी सु ठाउर बिचारियो ॥
पाचवो पउन पिखिओ खट फासन क्रोध कीयो इह भाति हकारियो ॥२१२१॥
कान्रह जू बाच ॥

दोहरा ॥

अरे दुरग पति दुरग के रहियो कहा छप बीच ॥
रिसि हम सो रन माड तुहि ठाढि पुकारत मीच ॥२१२२॥
सवैया ॥
जउ इह भात कहियो जदुनंदन तउ उह सत्र लखियो कोऊ आयो ॥
अउर सुनियो जिह एक ही चोट सो कोटन कोप चटाक गिरायो ॥
बारि के कोट बिखै मुर दैत हुतो सुनि सोर सोऊ उठि धायो ॥
स्याम के बाहन को तिन कोपि त्रिसूल कै आइ कै घाव चलायो ॥२१२३॥
सो खगराज न चोट गनी तिन दउरि गदा गहि कान्रह को मारी ॥
आवत है सिर सामुहे चोट चितै इम स्री बिजनाथ बिचारी ॥
कोप बढाइ तबै अपुने सु कमोदकी हाथ के बीच संभारी ॥
चोट जु आवत ही अरि की इह एकहि चोटि चटाक निवारी ॥२१२४॥
घाव बिअरथ गयो जब ही तब गाज कै राछस कोप बढायो ॥
देह बढाइ बढाइ कै आनन स्याम जू के बध कारन धायो ॥
नंदग काढि तबै कटि ते ब्रिजनाथ तबै तकि ताहि चलायो ॥
जैसे कुम्रहार कटै घटि को अरि को सिर तैसे ही काट गिरायो ॥२१२५॥

इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे मुर दैत बधह ॥

अथ भूमासुर जुध कथनं ॥

सवैया ॥
मुरि मारि मुरारि जबै असि सिउ तिह प्रान तबै जमलोकि पठाए ॥
बाल कमान क्रिपानन सो कबि स्याम कहै अति जुध मचाए ॥
थो सु कुटंब जितो तिह को सु सुनियो तिह यौ मुर स्यामहि घाए ॥
लै के अनी चतुरंग घनी हरि पै तिह के सुत सात ही धाए ॥२१२६॥
घेरि दसो दिस ते हरि कौ तिह स्याम भनै तकि बान प्रहारे ॥
एक गदा गहि हाथन बीच भिरे मन को फुनि त्रास निवारे ॥
सो सभ आयुध स्याम सहार कै जो अपुने रिसि ससत्र संभारे ॥
सूर न काहूं को छोरत भयो सभ ही पुरजे पुरजे करि डारे ॥२१२७॥
सवैया ॥
सैन निहारि हनी अगनी सुनि सातो ऊ भ्रातर क्रोधि भरे ॥
घनि स्याम जू पै कबि स्याम भनै सभ ससत्रन लै किलकारि परे ॥
चहूं ओर ते घेरत भे हरि को अपने मन मै न रती कु डरे ॥
तब लउ जब लउ जदुबीर सरासन लै नही खंडन खंड करे ॥२१२८॥

दोहरा ॥

तब करि सारिंग स्याम लै अति चिति क्रोध बढाइ ॥
पीटि सत्र भयन सहित जमपुरि दयो पठाइ ॥२१२९॥
सवैया ॥
भूअ बालक तो इह भाति सुनियो मुर बीर सुपुत्र मुरारि खपायो ॥
अउर जितो दल गयो तिन सो सु सोऊ छिन मै जम लोक पठायो ॥
या संगि जूझ की लाइक हउ ही हौं यौ कहि कै चिति क्रोध बढायो ॥
सैन बुलाइ सभै अपुनी जदुबीर सो कारन जुध को धायो ॥२१३०॥
जब भूमि को बारक जुध के काज चड़ियो तब कउच सु सूरन साजे ॥
आयुध अउर संभार सभै अरि घेरि लयो ब्रिज नाइक गाजे ॥
मानहु काल प्रलै दिन को प्रगटियो घन ही इह भाति बिराजे ॥
मानहु अंतक के पुर मै भटवा नहि बाजत है जनु बाजे ॥२१३१॥
अरि सैन जबै घन जिउ उमडिओ पुनि स्री ब्रिजनाथ चितै चिति जानियो ॥
अउर भूमासुर भूम को बारक भूपति है इन कउ पहिचानियो ॥
मानहु अंत समै निधि नीर ही है उमडियो कबि स्याम बखानियो ॥
स्याम जू हेरि तिने अपने चित भीतर नैकु नही डरु मानियो ॥२१३२॥
अरि पुंज गइंदन मै धनु ताहि लसै सभ ही जिह लोक फटा ॥
बक को जिनि कोप बिनास कीआ मुर को छिन मै जिह मुंड कटा ॥
मद मति करी दल आवत यौ जिम जोर कै आवत मेघ घटा ॥
तिन मै धनु स्याम की यौ चमकै जिम अभ्रन भीतर बिजु छटा ॥२१३३॥
बहु चक्र के संग हने भटवा बहुते प्रभ धाइ चपेटन मारे ॥
एक गदा ही सो धाइ हने गिर भूमि परे बहुरे न संभारे ॥
एक कटे करवारिन सो अध बीच ते होए परे भट निआरे ॥
मानो तखानन कानन मै कटि कै करवत्रन सो द्रुम डारे ॥२१३४॥
एक परे भट जूझ धरा इक देखि दसा तिह सामुहे धाए ॥
नैकु न त्रास धरे चित मै कबि स्याम भनै नही त्रास बढाए ॥
दै मुख ढाल लीए करवार निसंक दै स्याम कै ऊपर आए ॥
ते सर एक ही सो प्रभ जू हनि अंतक के पुर बीच पठाए ॥२१३५॥
स्री जदुबीर जबै रिस सो सभ ही भटवा जमलोकि पठाए ॥
अउर जिते भट जीत बचे इन देखि दसा डरि कै सु पराए ॥
जे हरि ऊपरि धाइ गए बधबे कहु ते फिर जीति न आए ॥

ऐसो उघाइ कै सीस ढुराइ कै आपहि भूपति जुध कौ धाए ॥२१३६॥
जुध को आवत भूप जबै ब्रिज नाइक आपने नैन निहारियो ॥
ठाढि रहियो नहि तउन धरा पर आगे ही जुध को आपि सिधारियो ॥
मारत हउ तुम कौ अब ही रहु ठाढ अरे इह भात उचारियो ॥
यौ कहि कै पुनि सारंग को तनि कै सर सत्र ह्रिदै महि मारियो ॥२१३७॥
सारंग तानि जबै अरि को ब्रिज नाइक तीछन बान चलायो ॥
लागत ही गिर भूमि भूमासुर झूमि परियो जमलोकि सिधायो ॥
स्रउन लगियो नहि ता सर को इह भाति चलाकी सौ पार परायो ॥
जोग के साधक जिउ तन तियागि चलियो नभि पाप न भेटन पायो ॥२१३८॥
इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे भूमासुर बधह ॥

अथ उस के पुत्र कै राज देत भे सोला सहंस्र राज सुता बिवाह कथनं ॥

सवैया ॥
ऐसी दसा जब भी इह की तब माइ भूमासुर की सुनि धाई ॥
भूमि कै ऊपर झूमि गिरी सुधि बसत्रन की चित ते बिसराई ॥
पाइ न डारत भी पनीआ सु उतावल सो चलि स्याम पै आई ॥
देखत स्याम को रीझि रही दुख भूलि गयो सु तो कीन बडाई ॥२१३९॥

दोहरा ॥

बहु उसतति जदुपति करी लीनो स्याम रिझाइ ॥
पउत्र आनि पाइन डरियो सो लीनो बखसाइ ॥२१४०॥
सवैया ॥
भूपति ताही को बालक थापि क्रिपानिधि छोरन बंदि सिधायो ॥
सोलह सहंस्र भूपन की दुहिता थी जहा तिह ठउरहि आयो ॥
सुंदर हेरि कै स्याम जू कउ तिन त्रीअन को अति चित लुभायो ॥
या लखि पाइ बिवाह सभो करि स्याम भनै जसु डंक बजायो ॥२१४१॥

चौपई ॥

जे सभ जोरि भूमासुर राखी ॥
कहि लगि गनउ तिनन की साखी ॥
तिनि यौ कहियो इही हउ करि हो ॥
बीस हजार एकठी बरि हो ॥२१४२॥

दोहरा ॥

जुध समै अति क्रोध हुइ जदुपति बधि कै ताहि ॥
सोरह सहस्र सुंदरी आपहि लई बिवाहि ॥२१४३॥
सवैया ॥
जुध समै अति क्रोध हुइ स्याम जू सत्र सभै छिन माहि पछारे ॥
राजु दयो फिरि ता सुत को सुखु देत भयो तिन सोक निवारे ॥
फेरि बरियो त्रीअ सोरह सहंस्र सु ता पुर मै अति कै कै अखारे ॥
बिपन दान दै लै तिन को संगि दुआरवती जदुराइ सिधारे ॥२१४४॥
सोरह सहंस्र कउ सोरह सहंस्र ही धाम दीए सु हुलास बढै कै ॥
देत भयो सभ त्रीअन को सुख रूप अनेकन भाति बनै कै ॥
ऐसे लखियो सभहूं हमरे ग्रिहि स्याम बसै न बसै अनतै कै ॥
सो कब स्याम पुरानन ते सुनि भेदु कहियो सभ संत सुनै कै ॥२१४५॥
इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे भूमासुर बध कै सुत को राजु देइ सोरह सहंस्र राज सुता बिवाहत भए ॥

अथ इंद्र को जीत कै कलप ब्रिछ लिआइबो कथनं ॥

सवैया ॥
यौ सुख दै तिन त्रीअन को फिरि स्याम पुरंदर लोक सिधायो ॥
कंकन कुंडल देत भयो तिह पाइ कै सोक सभै बिसरायो ॥
सुंदर एक पिखियो तह रूख तिही पर स्याम को चित लुभायो ॥
मागति भयो न दयो सुरराज तही हरि सिउ हरि जुधु मचायो ॥२१४६॥
रिसि साजि पुरंदर सैन चड़ियो चलि कै सभ स्याम के सामुहे आए ॥
घोरत मेघ लसै चपला बरखा बरसे रथ साज बनाए ॥
द्वादस सूर सबै उमडै बसु रावन से जिन हू बिचलाए ॥
भेद लहियो नहीं नैकु चले मद मति सु स्याम पै घूमत धाए ॥२१४७॥
आवत ही मिलि कै सभ हू जदुबीर कै ऊपर सिंधर पेले ॥
पंख सुमेर चले करि कै तिन के रिस सो टुक दात के ठेले ॥
सुंड कटे तिन के ब्रिजनाथ क्रिपानिधि सो झटि दै जिम केले ॥
स्रउन भरे रमनीय रमापति फागुन अंति बसंत से खेले ॥२१४८॥
स्री ब्रिज नाइक बैरन सो जब ही रिस माडि कीयो खरका ॥
बहु बीर भए बिनु प्रान तबै जब नाद प्रचंड सुनियो हरि का ॥
जदुबीर फिरावत भयो गहि कै गज सुंडन सो बर कै कर का ॥
उपमा उपजी कबि के मन यौ घिसूआ मनो फेरत है लरका ॥२१४९॥
जीवत सो न दयो ग्रिह जान जोऊ ब्रिजनाथ के सामुहे आयो ॥
जीति सुरेस दिवाकरि द्वादस आनंद कै चिति संख बजायो ॥
रूख चलो तुम ही हमरे ग्रिह लै उन को इह भाति सुनायो ॥
सो तरु लै हरि संग चले सु कबितन भीतर स्याम बनायो ॥२१५०॥
स्री ब्रिजनाथ रुकमन के ग्रिह आवत भे तरु सुंदर लै कै ॥
लाल लगे जिन धामन को ब्रहमा रहै देखत जाहि लुभै कै ॥
तउन समै सोऊ स्याम कथा जदुबीर कही तिन कउ सु सुनै कै ॥
सो कबि स्याम कबितन बीच कही सुनिओ सभ हेतु बढै कै ॥२१५१॥
इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे इंद्र को जीत कर कलप ब्रिछ लिआवत पए ॥
रुकमिनि साथ कान्रह जी हासी करन कथनं ॥
सवैया ॥
स्री ब्रिजनाथ कहिओ त्रीअ सो मुहि भोजन गोपिन धामि करियो ॥
सुनि सुंदरि ता दिन ते हमरो बिचीआ दधि को फुनि नाम परियो ॥
जब संध जरा दलु साज चड़ायो भज गे तब नैकु न धीर धरियो ॥
तिह ते तुमरी मति को अब का कहीऐ हम सउ कहि आनि बरियो ॥२१५२॥
राज समाज नही सुनि सुंदरि न धन काहू ते मागि लयो ए ॥
सूर नही जिन तिआग कै आपनो देस समुंद्र मो बास कयो है ॥
चोर परियो मनि को फुनि नाम सु याही ते क्रुधित भ्रात भयो है ॥
ताही ते मो तजि कै बरु आनहि तेरो कछू अब लउ न गयो है ॥२१५३॥
रुकमिनी बाच सखी सो ॥
सवैया ॥
चिंत करी मन मै हम सो न थी जानत स्याम इती करि है ॥
बरु मो तजि कै तुम आनहि कउ बचना इह भाति के उचरि है ॥
हमरो मरिबो ई बनियो इह ठा जीअ है न आवसि अबै मरि है ॥
मरिबो जु न जात भले सजनी अपुने पति सो हठि कै जरि है ॥२१५४॥
त्रीअ कान्रह सो चिंतत हुइ मन मै मरिबो ई बनियो चित बीच बिचारियो ॥
मो संगि कउ ब्रिजनाथ अबै कबि स्याम कहै कटु बैन उचारियो ॥
क्रोध सो खाइ तवार धरा पर झूमि गिरी नही नैकु संभारियो ॥
यौ उपमा उपजी जीअ मै जनु टूट गयो रुख ब्रयार को मारियो ॥२१५५॥

दोहरा ॥

अंक लीओ भर कान्रह तिह दूर करन को क्रोध ॥
सवाधान करि रुकमिनी जदुपति कीओ प्रबोध ॥२१५६॥

सवैया ॥
तेरे ही धरम ते मै सुनि सुंदरि केसन ते गहि कंस पछारियो ॥
तेरे ही धरम ते संधि जरा हू को सैन सभै छिन माहि संघारियो ॥
तेरे ही धरम जितियो मघवा अरु तेरे ही धरम भूमासुर मारियो ॥
तो सो कीओ उपहास अबै मुहि तै अपने जीअ साच बिचारियो ॥२१५७॥
रुकमिनी बाच ॥
सवैया ॥
यौ पीअ की त्रीअ बात सुनी दुखु की तब बात सभै बिसराई ॥
भूलि परी प्रभु कीजै छिमा मुहि नार निवाइ कै नारि सुनाई ॥
अउर करी उपमा प्रभ की जु कबितन मै बरनी नही जाई ॥
ऊतर देत भई हसि कै हरि मै उपहास की बात न पाई ॥२१५८॥

दोहरा ॥

मान कथा रुकमिनी की स्याम कही चित लाइ ॥
आगे कथा सु होइगी सुनीअहु प्रेम बढाइ ॥२१५९॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
स्री जदुबीर की जेती त्रीआ सभ को दस हू दस पुत्र दीए ॥
अरु एकहि एक दई दुहिता तिन के सु हुलास बढाइ हीए ॥
सभ कान्रह की मूरति स्याम भनै सभ कंधि पटंबर पीत लीए ॥
करुनानिधि कउतुक देखन कउ इह भू पर आइ चरित्र कीए ॥२१६०॥

◄ *इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे रुकमिनी उपहास बरनन समापतं ॥*

अनरुध जी को ब्याह कथनं ॥
सवैया ॥
तउ ही लउ पौत्र की ब्याह क्रिपानिधि स्याम भनै रुचि मानि बिचारियो ॥
सुंदर थी रुकमी की सुता तिह ब्याहहि को सभ साजि सवारियो ॥
टीका दीयो तिह भाल मै कुंकम अउ मिलि बिप्रन बेद उचारियो ॥
स्री जदुबीर त्रीआ संग लै बलभद्र सु कउतक काज सिधारियो ॥२१६१॥

चौपई ॥

किसन जबै तिह पुर मै गए ॥
अति उपहास ठउर तिह भए ॥
रुकमिनि जब रुकमी दरसायो ॥
भैन भ्रात अति ही सुखु पायो ॥२१६२॥
ब्याह भलो अनरुध को कयो ॥
जदुपति आप सेहरा दयो ॥
जूप मंत्र उत रुकमि बिचारियो ॥
खेल हली हम संग उचारियो ॥२१६३॥
सवैया ॥
संग हली के तबै रुकमी कबि स्याम जूआ हू को खेलु मचायो ॥
भूप घने जिह थे तिन देखत दरब घनो तिह माझि लगायो ॥
दाव परियो मुसली को सभो रुकमी हू को दाव परियो यौ सुनायो ॥
हास कीयो मिलि कै अति ही गरुड़ धुज भ्रात घनो रिसवायो ॥२१६४॥

चौपई ॥

ऐसे घनी बेर डहकायो ॥

जदुपति भ्रात क्रोध अति आयो ॥
एक गदा उठि कर मै धरी ॥
सभ भूपन की पूजा करी ॥२१६५॥
घने चाइ सो भूप संघारे ॥
परे झूम कै भू बिसंभारे ॥
गिरे स्रउन के रस सो राते ॥
खेडि बसंत मनो मदमाते ॥२१६६॥
फिरत भूत सो तिन मै हली ॥
जैसे अंत काल सिव बली ॥
जिउ रिसि डंड लीए जमु आवै ॥
तैसे ही मुसली छबि पावै ॥२१६७॥
रुकमी भयो गदा गहि ठाढो ॥
घनो क्रोध ता कै चिति बाढो ॥
भाजत भयो न सामुहे आयो ॥
आइ हली सो जुधु मचायो ॥२१६८॥
हली गदा तब ता पर मारी ॥
उन हू कोप सो ता पर झारी ॥
स्रउनत छुटियो अरुन दोऊ भए ॥
मानहु क्रोध रूप हुइ गए ॥२१६९॥

दोहरा ॥

दात काढि इक हसत थो सो इह नैन निहारि ॥
रुकमिनि जुधु को छोर कै ता पर चलियो हकारि ॥२१७०॥
सवैया ॥
सभ तोर कै दात दए तिह के बलभद्र गदा संग पै गहि कै ॥
दोऊ मूछ उखार लई तिह की अति स्रउन चलियो तिह ते बहि कै ॥
फिरि अउर हने बलवंत घने कबि स्याम कहै चित मै चहि कै ॥
फिरि आइ भिरियो रुकमी संग यौ तुहि मारत हउ मुख ते कहि कै ॥२१७१॥
धावत भयो रुकमी पै हली कबि स्याम कहै चिति रोस बढै कै ॥
रोम खरे करि कै अपुने पुनि अउर प्रचंड गदा करि लै कै ॥
आवत भयो उत ते सोऊ बीर सु आपस मै रन दुंद मचै कै ॥
हुइ बिसंभार परे दोऊ बीर धरा पर घाइन के संग घै कै ॥२१७२॥

चौपई ॥

पहर दोइ तह जुधु मचायो ॥
एक न दो मै मारन पायो ॥
बिहबल होइ दोऊ धरि परे ॥
जीवत बचे सु मानहो मरे ॥२१७३॥
बिमुछित ह्वै फिर जुध मचायो ॥
कउतुक सभ लोकन दरसायो ॥
क्रोधित हुइ सु या बिधि अरै ॥
केहरि दुइ जनु बन मै लरै ॥२१७४॥
सवैया ॥
जुध बिखे थक गयो रुकमी तब धाइ हली इक घाइ चलायो ॥
तउ उन हू अरि को पुनि घाइ सु आवत मारग मै लखि पायो ॥
तउ ही संभारि गदा अपुनी अरु चित बिखै अति रोस बढायो ॥
स्याम भनै तिह बीर तबै सु गदा को गदा संगि घाइ बचायो ॥२१७५॥
स्याम भनै अरि को जब ही इह आवत घाइ को बीच निवारियो ॥
तउ बलभद्र महा रिसि ठानि सु अउर गदा हू को घाउ प्रहारियो ॥

सो इह के सिर भीतर लाग गयो इन हू नही नैकु संभारियो ॥
झूम कै देह परियो धरनी रुकमी पुनि अंत के धामि सिधारियो ॥२१७६ ॥
भ्रात जिते रुकमी के हुते बध भ्रात निहारि कै क्रोध भरे ॥
बरछी अरु बान कमान क्रिपान गदा गहि या पर आइ परे ॥
किलकार दसो दिस घेरत भे मुसलीधर ते न रती कु डरे ॥
निस को मनो हेरि पतंग दीआ पर नैकु डरे नही टूट परे ॥२१७७ ॥
संग हलायुध के उन हू सु उतै अति क्रोध हुइ जुधु मचायो ॥
भ्रात को जुध भयो त्रीअ भ्रात के संग इहै प्रभ जू सुनि पायो ॥
बैठ बिचार कीयो सभ हूं जु सबै जदुबीर कुटंब बुलायो ॥
अउर कथा दई छोर हली की सहाइ कउ कोपि क्रिपानिधि धायो ॥२१७८ ॥

दोहरा ॥

जम रूपी बलभद्र पिखि हरि आगम सुनि पाइ ॥
बुधवंतन तिह भाईअन कही सु कहउ सुनाइ ॥२१७९ ॥
सवैया ॥
देखि अनी जदुबीर घनी लीए आवत है डरु तोहि न आवै ॥
कउन बली प्रगटियो भूअ मै तुम ही न कहो इन सो समुहावै ॥
जउ जड़ कै हठ ही भिर है तु कहा फिर जीवत धामहि आवै ॥
आज सोऊ बचि है इह अउसर जो भजि कै भट प्रान बचावै ॥२१८० ॥
तउ लग ही जुत कोप क्रिपानिधि आहव की छित भीतर आए ॥
स्रउण भरियो बलिभद्र पिखियो बिनु प्रान परे रुकमी दरसाए ॥
भूपत अउर घने ही पिखे कबि स्याम भनै हरि घाइन आए ॥
भ्रात कउ देख प्रसंन भए बलि नारि को देखत नैन निवाए ॥२१८१ ॥
रथ ते तब आपहि धाइ कै स्याम जू जाइ हली कहु अंकि लीओ ॥
फुनि अउरन जाहि गहियो रुकमी तिह को सु भली बिधि दाह कीओ ॥
उति दउरि रुकमन भइयन बीच गई तिन जाए समोध कीओ ॥
किह काज कहियो इन सो तुम जूझ कीयो जिन सो भट को न बीओ ॥२१८२ ॥

चौपई ॥

तिन यौ स्याम समोध करायो ॥
पौत्र बधू लै डेरन आयो ॥
स्याम कथा ह्वै है मै कैहउ ॥
स्रोतन भली भाति रिझवै हउ ॥२१८३ ॥

◀ *इति स्री बचित नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे पौत्र बिआह रुकमी बध करत भए धिआइ समापतम ॥*

अथ ऊखा को बिआह कथनं ॥

दस सै भुजा को गरबु हरन कथनं ॥

चौपई ॥

जदुपति पौत्र ब्याह घर आयो ॥
अति चिति अपने हरख बढायो ॥
गरब उतै दस सै भुज कीनो ॥
मै बरु महारुद्र ते लीनो ॥२१८४ ॥
सवैया ॥
गाल बजाइ भली बिधि सो अरु ताल सभो संगि हाथन दीनो ॥
जैसे लिखी बिधि बेद बिखै तिह भूप तिही बिधि सो तपु कीनो ॥

जगि करे सभ ही बिधि पूरब कउन बिधान बिना नही हीनो ॥
रुद्र रिझाइ कहियो इह भाति सु हो कुटवार इही बरु लीनो ॥२१८५॥
रुद्र जबै कुटवार कयो तब देसनि देसन धरम चलायो ॥
पाप की बात गई छप कै सभ ही जग मै जसु भूपति छायो ॥
सत्र त्रिसूल कै बसि भए अरि अउर किहूं नहि सीस उठायो ॥
लोगन तउन समै जग मै कबि स्याम भनै अति ही सुख पायो ॥२१८६॥
रुद्र प्रताप भए अरि बसि किहूं अरि आन न सीस उठायो ॥
करि लै कबि स्याम भनै अति ही इह पाइन ऊपर सीस झुकायो ॥
भूप न रंचक बात लई इह पउरख मेरो ई है लखि पायो ॥
पउरख भयो भुजदंडन रुद्र ते जुध ही को बरु मागन धायो ॥२१८७॥
सोरठा ॥
मूरख लहियो न भेदु जुधु चहनि सिव पै चलियो ॥
करि बिरथा सभ खेदि जिव रवि तप बारू तपै ॥२१८८॥
सवैया ॥
सीस निवाइ कै प्रेम बढाइ कै यौ न्रिप रुद्र सो बैन सुनावै ॥
जात हो हउ जिह सत्र पै रुद्र जू कोऊ न आगे ते हाथ उठावै ॥
ता ते अयोधन कउ हमरो कबि स्याम कहै मनूआ ललचावै ॥
चाहत हो तुम ते बरु आज कोऊ हमरे संग जूझ मचावै ॥२१८९॥
रुद्र बाच न्रिप सो ॥

चौपई ॥

यौ सुनि के सिव क्रोध बढायो ॥
यौ कहि कै तिह बचन सुनायो ॥
जबै धुजा तुमरी गिर परि है ॥
तबै सूर कोऊ तुम संग लरि है ॥२१९०॥
सवैया ॥
ह्वै करि क्रोध जबै सिव जू तिह भूपति को तिन बैन सुनायो ॥
भूप लखियो नहि भेद कछू सु लखियो चित चाहत हो सोऊ पायो ॥
बागे के भीतर फूलि गयो भुज दंडन को अति ओज जनायो ॥
यौ दस सै भुज स्याम कहै अति आनंद सो फिरि मंदिर आयो ॥२१९१॥
एक हुती दुहता तिह की तिह सोति निसा सुपनो इकु पायो ॥
मैन सो रूप अनूप सी मूरति सो इह के चलि मंदिर आयो ॥
भोग कीयो तिह सो मिलि कै इनि चित बिखै अति ही सुख पायो ॥
चउक परी नही पीय पिखियो कबि स्याम कहै तिन सोक जनायो ॥२१९२॥
जागति ही बिरलाप कीओ अति ही चिति सोक की बात जनाई ॥
अंगन मै डगरी सी फिरै पति की करि कै मन मै दुचिताई ॥
प्रेत लगियो किधौ प्रीत लगी कि कछू अब या ठगमूरी सी खाई ॥
भाखत भी सखी मो कउ अबै मेरो दै गयो प्रीतम आज दिखाई ॥२१९३॥
एती ही कै बतीया मुख ते गिर भू पै परी सभ सुधि भुलाई ॥
यौ बिसंभार परी धरनी कबि स्याम भनै मनो नागिन खाई ॥
मानहु अंत समो पहुचियो इह दै गयो प्रीतम सोति दिखाई ॥
तउ लगि चित्र रेखा जु हुती सु सखी इह की इह के ढिगि आई ॥२१९४॥

चौपई ॥

सखिन दसा जब याहि सुनाई ॥
चित्र रेख तब सोच जनाई ॥
इह जीए जीय हो नही मरि हो ॥
जानत जतनु एक सोऊ करि हो ॥२१९५॥
जो मै नारद सो सुनि पायो ॥

वहै जतनु मेरे मनि आयो ॥
जतनु आज सोऊ मै करि हो ॥
बानासुर ते नैकु न डरि हो ॥२१९६॥
सखी बाच चित्र रेखा सो ॥

दोहरा ॥

आतुर ह्वै तिह की सखी तिह को कहियो सुनाइ ॥
जो जानत है जतन तू सो अब तुरतु बनाइ ॥२१९७॥
सवैया ॥
यौ सुनि कै तिह की बतीया तब ही इह चउदह लोक बनाए ॥
जीव जनावर देव निसाचर भीत के बीच लिखे चित लाए ॥
अउर सभै रचना जग हू की लिखी कहि लउ कबि स्याम सुनाए ॥
तउ इह आइ समुछत कै बहीआ गहि या सभ ही दरसाए ॥२१९८॥
जउ बहीआ गहि कै इह की उन चित्र सभै इह कउ दरसाए ॥
देखति देखति गी तिह ठा जह द्वारवती ब्रिजनाथ बनाए ॥
संबर को अरि थो जिह ठउर लिखियो इह ता पिखि नैन निवाए ॥
ता सुइ देखि कहियो इह भाति सही मेरे प्रीतम ए सखी पाए ॥२१९९॥

चौपई ॥

कहियो सखी अब ढील न कीजै ॥
प्रीतम मुहि मिलाइ कै दीजै ॥
जब सजनी इह कारज कै हो ॥
जीव दान तब मोकह दै हो ॥२२००॥
सवैया ॥
यौ बतीया सुनि कै भई चील चली उडि द्वारवती महि आई ॥
पौत्र हुतो जिह स्याम जू को छपि स्याम भनै तिह बात सुनाई ॥
एक त्रीया अटकी तुम पै तुहि ल्याइबे के हित हउ हू पठाई ॥
ता ते चलो तह बेग बलाइ लिउ मेटि सभै चित की दुचिताई ॥२२०१॥
बैठ सुनाइ कै स्याम भनै तिह आपनो रूप प्रतछ दिखायो ॥
जो त्रीय मो पर है अटकी तिह जाइ पिखो मनु याहि लुभायो ॥
खैच निखंग कसियो कटि सो धनु लै चलिबे कहु साज बनायो ॥
दूती को संग लए अपने इह ता त्रीअ लिआवन काज सिधायो ॥२२०२॥

दोहरा ॥

संग लयो अनरुध को दूती हरख बढाइ ॥
ऊखा को पुर थो जहा तहा पहूची आइ ॥२२०३॥
सोरठा ॥
त्रीअ पीअ दयो मिलाइ चतुर त्रीअ करि चतुरता ॥
कीयो भोग सुख पाइ ऊखा अरु अनरुध मिल ॥२२०४॥
सवैया ॥
चारि प्रकार को भोग कीओ नर नारि हुलास हीयै मै बढै कै ॥
आसन कोक के बीच जिते कबि भाखत है सु सबै इन कै कै ॥
बात कही अनरुध कछू मुसकाइ त्रीआ संग नैन नचै कै ॥
जिउ हमरी तुम हुइ रही सुंदरि तिउ हम हू तुमरे रहै ह्वै कै ॥२२०५॥
सुंदर थी जु धुजा न्रिप की सु गिरी भूअ पै लखि भूपति पायो ॥
जो बरु दान दयो मुहि रुद्र वहै प्रगटियो चित मै सु जनायो ॥
तउ ही लउ आइ कही इक यौ तुमरी दुहिता ग्रिह मो कोऊ आयो ॥
यौ न्रिप बात चलियो सुनि कै अपने चित मै अति रोस बढायो ॥२२०६॥
आवत ही करि ससत्र संभारत कोप भयो चिति रोस बढायो ॥

कान्रह के पौत्र सो स्याम भनै दुहिता हू के मंदरि जुधु मचायो ॥
हुइ बिसंभार परियो जब सो तब ही इह के करि भीतर आयो ॥
नाद बजाइ दिखाइ सभो बलु लै इह को न्रिप धामि सिधायो ॥२२०७॥
कान्रह के पौत्र को बाध कै भूप फिरियो उत नारद जाइ सुनाई ॥
कान्रह चलो उठि बैठे कहा अपुनी जदुवी सभ सैन बनाई ॥
यौ सुनि स्याम चले बतीया अपुने चित मै अति करोध बढाई ॥
ससत्र संभारि सभै रिस सो जिन को अस तेजु लखियो नहि जाई ॥२२०८॥

दोहरा ॥

बतीआ सुनि मुनि की सकल जदुपति सैन बनाइ ॥
जहि भूपति को पुर हुतो तहि ही पहुचियो आइ ॥२२०९॥
सवैया ॥
आवत स्याम जी को सुनि कै न्रिप मंत्र पुछियो तिन मंत्रन दीनो ॥
एक कही हम जो दुहिता इह दै सु कहियो तुहि मानि न लीनो ॥
माग लयो सिव ते रन को बरु जानत है तू भयो मति हीनो ॥
छोरिहो द्वै करि के कर आजु सु स्री ब्रिजनाथ इहै प्रन कीनो ॥२११०॥
मानो तो बात कहो न्रिप एक जो स्रउनन मै हित कै धरीऐ ॥
दुहिता अनरुध को लै अपुने संगि स्याम के पाइन पै परीऐ ॥
तुमरे न्रिप पाइ परै सुनीऐ नही स्याम के संगि कबै लरीऐ ॥
अरिहो न जो स्याम भनै हरि सो भूअ पै तब राजु सदा करीऐ ॥२२११॥
स्री ब्रिज नाइक जो रिस कै रन मै करि जो धनु सारंग लै है ॥
कउन बली प्रगटियो भूअ पै तुम हू न कहो बलि जो ठहरै है ॥
जो हठ कै भिरिहै तिह सो तिह कउ छिन मै जमलोकि पठै है ॥
अउर भुजा कटि कै तुमरी सब द्वै भुज राखि त्वै प्रान बचै है ॥२२१२॥
मंत्री की बात न मानत भयो न्रिप आपनो ओज अखंड जनायो ॥
ससत्र संभार कै हाथन मै फुनि बीरन मै अति ही गरबायो ॥
सैन प्रचंड हुतो जितनो तिस कउ न्रिप आपने धामि बुलायो ॥
रुद्र मनाइ जनाइ घनो बलु स्याम जू सो लरबै कहु धायो ॥२२१३॥
उत स्याम जू बान चलावत भयो इत ते दस सै भुज बान चलाए ॥
जादव आवत भे उत ते इत ते इन के सभ ही भट धाए ॥
घाइ करै मिल आपस मै तिन यौ उपमा कबि स्याम सुनाए ॥
मानहु फागुन की रुति भीतर खेलन बीर बसंतहि आए ॥२२१४॥
एक भिरे करवारिन सौ भट एक भिरे बरछी करि लै कै ॥
एक कटारिन संग भिरे कबि स्याम भनै अति रोसि बढै कै ॥
बान कमानन कउ इक बीर संभारत भे अति क्रुधत ह्वै कै ॥
कउतुक देखत भयो उत भूप इतै ब्रिज नाइक आनंद कै कै ॥२२१५॥
जा भट आहव मै कबि स्याम कहै भगवान सो जुधु मचायो ॥
ताही को एक ही बान सो स्याम धरा परि कै बिनु प्रान गिरायो ॥
जो धनु बानि संभारि बली कोऊ अउ इह के रिसि ऊपर आयो ॥
सो कबि स्याम भने अपनै ग्रिहि को फिरि जीवत जान न पायो ॥२२१६॥
गोकुल नाथ जू बैरिन सो कबि स्याम भनै जब ही रन माडियो ॥
जेतिक सत्रन सामुहे भे रिसि सो सभि गिध स्रिंगालन बाडियो ॥
पति रथी गजि बाज घने बिनु प्रान कीए कोऊ जीत न छाडियो ॥
देव सराहत भे सभ ही सु भले भगवान अखंडन खाडियो ॥२२१७॥
जीते सभै भय भीत भए तजि आहव को सभ ही भट भागे ॥
ठाढो बनासुर थो जिह ठउर सभै चलि कै तिह पाइन लागे ॥
छूट गयो सभहून ते धीरज त्रासहि के रस मै अनुरागे ॥
भाखत भे न्रिप सो भजीऐ बच है न कोऊ ब्रिजनाथ के आगे ॥२२१८॥
भीर परी जब भूपति पै तब आपने जान कै ईस निहारियो ॥
संत सहाइ को जाइ भिरियो ब्रिज नाइक सो चित बीच बिचारियो ॥

आयुध लै अपने सभ ही हरि ओर सु जुध के काज सिधारियो ॥
आवत ही सु कहो अब हउ जिह भाति दुहू तिह ठा रन पारियो ॥२२१९॥
रुद्र ह्वै रुद्र जबै रन मै कबि स्याम भनै रिसि नाद बजायो ॥
सूर न काहूं ते नैकु टिकियो गयो भाज गए न रती कु द्रिड़ायो ॥
सत्रन के दुहू सत्रन संग लै रोख हली सु सोऊ डर पायो ॥
स्री ब्रिजनाथ सो स्याम भनै तब ही सिव आइ कै जुधु मचायो ॥२२२०॥
जे सभ घाइ चलावत भयो सिव ते सभ ही ब्रिजनाथ बचाए ॥
तउन समै सिव को आपुने सभ स्याम भने तकि घाइ लगाए ॥
जुधु कीयो बहु भाति दुहू जिह को सभ ही सुर देखन आए ॥
अंति खिसाइ रिसाइ क्रिपानिधि एक गदा हूं सो रुद्र गिराए ॥२२२१॥

चौपई ॥

जब रुद्रहि हरि घाइ लगायो ॥
बिसुधो करि करि भूमि गिरायो ॥
संकित भयो न फिरि धनु तानियो ॥
स्री जदुबीर सही प्रभु जानियो ॥२२२२॥
सोरठा ॥
रुद्र कोप दयो त्याग जदुपति को बलु हेर कै ॥
पाइन लागियो आइ रहियो चरन गहि हर दोऊ ॥२२२३॥
सवैया ॥
रुद्र की देखि दसा इह भाति सु आपहि जुधु को भूपति आयो ॥
स्याम भनै दस सै भुज स्याम के ऊपर बानन ओघ चलायो ॥
ओघ जो आवत बानन को सभ ही हरि मारग मै निवरायो ॥
सारंग आपुन हाथ बिखै धरि कै अरि को बहु घाइन घायो ॥२२२४॥
स्री ब्रिज नाइक क्रुधित हुइ अपने कर मै धन सारंग लै कै ॥
जुधु मचावत भयो दस सै भुज सो अति ओज अखंड जनै कै ॥
अउर हने बलवंड घने कबि स्याम भनै अति पउरख कै कै ॥
छोरि दयो तिह भूपति को रन मै तिह की सु भुजा फुन द्वै कै ॥२२२५॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
बाह सहंस्र कहो तुम ही अब लउ जग मै नर काहू की होई ॥
अउर कहो किह भूप इती अपने ग्रिह बीच संपति समोई ॥
एते पै संत सुनो हित कै सिव सो छरीया पुनि राखत होई ॥
ता न्रिप को बरु या बिधि ईस दयो जगदीस कीओ भयो सोई ॥२२२६॥

चौपई ॥

जब तिह माति बात सुनि पाई ॥
न्रिप हारियो जीतियो जदुराई ॥
सभ तजि बसत्र नगन हुइ आई ॥
आइ स्याम को दई दिखाई ॥२२२७॥
तब प्रभु द्रिग नीचे हुइ रहियो ॥
नैक न जूझब चित मो चहियो ॥
भूपति समै भजन को पायो ॥
भाजि गयो नहि जुध मचायो ॥२२२८॥
न्रिप बाच बीरन सो ॥
सवैया ॥
बिपत हुइ बहु घाइन सो न्रिप बीरन मै इह भाति उचारियो ॥
कोऊ न सूर टिकियो मुह अग्रज हउ जिह की रिसि ओरि पधारियो ॥
गाजबो मो सुनि कै अब लउ किनहू कर मै नही ससत्र संभारियो ॥

एते पै मो संगि आइ भिरियो सु सही ब्रिज नाइक बीर निहारियो ॥२२२९॥
स्री जदुबीर ते जो सहस्र भुज भाजि गयो नहि जुधु मचायो ॥
द्वै भुज देखि भई अपुनी अपुने चित मै अति त्रास बढायो ॥
सो जग मै जसु लेति भयो जिनि स्री ब्रिजनाथहि को गुन गायो ॥
तउ ही जथामति संत प्रसाद ते यौ कहि कै कछु स्याम सुनायो ॥२२३०॥
आवत भयो रिस कै सिव जू फिरि आपुने संग सभै गन लै कै ॥
स्री जदुबीर के सामुहे बीर कहै कबि स्याम सु क्रुधित ह्वै कै ॥
बान क्रिपान गदा बरछी गहि आवत भे रिसि नाद बजै कै ॥
सो छिन मै प्रभ जू सभ बीर दए फुनि अंत के धामि पठै कै ॥२२३१॥
एक हने जदुराइ गदा गहि एक बली रिपु संबर घाए ॥
एक भिरे मुसलीधर सो सु ते जीवत धाम हू जान न पाए ॥
जो फिरि आइ भिरे हरि सो चित मै फुनि कोप की ओप बढाए ॥
यौ फिरि छेदत भयो तिन कउ जोऊ जंबुक गीधन हाथि न आए ॥२२३२॥
ऐसे निहारि भयो तहि आहव चित बिखै अति क्रोध बढायो ॥
ठोकि भुजा अपनी दोऊ आप ही हाथ लै आपनै नाद बजायो ॥
जिउ कुप अंधक दैत पै धावत भयो तिम कोप कै स्याम पै धायो ॥
यौ उपजी उपमा लरबे कहु केहरि सो जनु केहरि आयो ॥२२३३॥
जुध मंडियो अति ही तब ही सिव ताप हुतो इक सोऊ संभारियो ॥
स्याम जु भेद सभै लहि कै जुर सीत सु ताही की ओरि पचारियो ॥
देखत ही जुर सीत कउ सो जुर भाजि गयो न रती कु संभारियो ॥
यौ उपमा उपजी जीअ मै बदरा बहियो जात बियार को मारियो ॥२२३४॥
गरब जितो सिव बीच हुतो सभ ही हरि क्रुध कै जुधु मिटायो ॥
जो तिन तीरन ब्रिसट करी तिह ते सर एक ने भेटन पायो ॥
अउर जिते गन संग हुते सभ को हरि घाइ घने संगि घायो ॥
ऐसो निहार कै पउरख स्याम गनपति पाइन सो लपटायो ॥२२३५॥
सिव बाच ॥
सवैया ॥
भूल परियो प्रभ मै घट काम कीयो तुम सो जु पै जुध चहियो ॥
तो कहा भयो जो रिसि आइ भिरियो तु कहा इह ठा मेरो मान रहियो ॥
तुमरे गुन गावत ही सहस फनि अउर चतुरानन हारि रहियो ॥
तुमरे गुण कउन गनै कह लउ जिह बेद सकै नहि भेद कहियो ॥२२३६॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
का भयो जो धरि मूंड जटा सो तपोधन को जग भेख दिखायो ॥
का भयो जु कोऊ लोचन मूंदि भली बिधि सो हरि को गुन गायो ॥
अउर कहा जो पै आरती लै करि धूप जगाइ कै संख बजायो ॥
स्याम कहै तुम ही न कहो बिन प्रेम किहू ब्रिज नाइक पायो ॥२२३७॥
तिउ चतुरानन तिउहू खड़ानन तिउ सहसानन ही गुन गायो ॥
नारद सक्र सदा सिव ब्यास इते गुन स्याम को गाइ सुनायो ॥
चारो ई बेद न भेद लहियो जग खोजत है सभ पार न पायो ॥
स्याम भनै तुम ही न कहो बिन प्रेम कहू ब्रिजनाथ रिझायो ॥२२३८॥
सिव जू बाच कान्रह जू सो ॥
सवैया ॥
पाइ परियो सिव जू हरि के कहियो मो बिनती हरि जू सुनि लीजै ॥
सेवक मागत है बरु एक वहै अब रीझि दइआ निधि दीजै ॥
हेरि हमै कबि स्याम भनै कबहूं करुना रस के संगि भीजै ॥
बाहै कटी सहस्राभुज की तु भलो तिह को अब नासु न कीजै ॥२२३९॥
कान्रह जू बाच सिव जू प्रति ॥
सवैया ॥
सो करिहो अब हउ सुनि रुद्र जू तो संगि बैन उचारत हउ ॥

बाहै कटी तिह भूलि निहारि अब हउ हू सु क्रोध निवारत हउ ॥
प्रहलाद को पौत्र कहावत है सु इहै जीअ माहि बिचारत हउ ॥
ता ते डंड ही दै करि छोरि दयो इह ते नाहि ताहि संघारत हउ ॥२२४०॥
यौ बखसाइ कै स्याम जू सो तिह भूप को स्याम के पाइन डारो ॥
भूल कै भूपति काम करियो अब हे प्रभ जू तुम क्रोध निवारो ॥
पौत्र को ब्याह करो इह की दुहिता संगि अउर कछू मन मै न बिचारो ॥
यौ करि ब्याह संग ऊखह लै अनरुध को स्याम जू धामि सिधारो ॥२२४१॥
जो सुनि है गुन स्याम जू के फुनि अउरन ते अरु आपन गै है ॥
आपन जो पड़ है पड़वाइ है अउर कबितन बीच बनै है ॥
सोवत जागत धावत धाम सु स्री ब्रिज नाइक की सुधि लै है ॥
सोऊ सदा कबि स्याम भनै फुनि या भव भीतर फेरि न ऐ है ॥२२४२॥
इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे बाणासुर को जीति अनरुध ऊखा को ब्याह लिआवत भए ॥

अथ डिग राजा को उधार कथनं ॥

चौपई ॥

एक भूप छत्री डिग नामा ॥
धरियो ताहि किरला को जामा ॥
सभ जादव मिलि खेलन आए ॥
प्यासे भए कूप पिखि धाए ॥२२४३॥
इक किरला तिह माहि निहारियो ॥
काढै या को इहै बिचारियो ॥
काढन लगे न काढियो गयो ॥
अति असचरज सभहिन मनि भयो ॥२२४४॥
जादव बाच कान्रह जू सो ॥

दोहरा ॥

सभ सुचिंत जादव भए गए क्रिसन पै धाइ ॥
कहि किरला इक कूप मै ता को करहु उपाइ ॥२२४५॥

कबितु ॥

सुनत ही बातै सभ जादव की जदुराइ जानिओ सभ भेद कही बात मुसकाइ कै ॥
कहा वह कूप कहा परिओ है किरला ता मै बोलत भयो यौ मुह दीजीऐ दिखाइ कै ॥
आगे आगे सोऊ घन स्याम तिन पाछे पाछै चलत चलत जो निहारियो सोऊ जाइ कै ॥
मिटि गए पाप ता के एको न रहन पाए भयो नर जबै हरि लीनो है उठाइ कै ॥२२४६॥
सवैया ॥
ताही की मोछ भई छिन मै जिन एक घरी घन स्याम जू ध्यायो ॥
अउर तरी गनिका तब ही जिह हाथ लयो सुक स्याम पड़ायो ॥
को न तरियो जग मै नर जाहि नराइन को चिति नामु बसायो ॥
एते पै किउ न तरै किरला जिह को हरि आपन हाथ लगायो ॥२२४७॥
तोटक ॥
जब ही सोऊ स्याम उठाइ लयो ॥
तब मानुख को सोऊ बेख भयो ॥
तब यौ ब्रिजनाथ सु बैन उचारे ॥
तेरो देसु कहा तेरो नाम कहा रे ॥२२४८॥
किरला बाच कान्रह जू सो ॥
सोरठा ॥
डिग मेरो थो नाउ एक देस को भूप हो ॥

सो तुम कथा सुनाउ जा ते हउ किरला भयो ॥२२४९॥

कबितु ॥

नाथ हउ तो निताप्रति सोने को बनाइ साज गऊ सत देतो दिज सुत कउ बुलाइ कै ॥
एक गऊ मिली मेरी पुंन करी गऊअन सो जो हउ पुंन करबे कउ राखत मंगाइ कै ॥
सोऊ पुंन करी डीठ ताही दिज परी कहियो मेरी गऊ ता को धनु दै रहिओ सुनाइ कै ॥
वा न धन लयो मोहि इहै स्राप दयो होहु किरला कूआ को हउ सु भयो ता ते आइ कै ॥२२५०॥

दोहरा ॥

तुमरे कर ते छूअत अब मिटि गए सगरे पाप ॥
सो फल लहियो जु बहुतु दिन मुनि करि पावत जाप ॥२२५१॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे किरला को कूप ते काढ कै उधार करत भए धिआइ संपूरनं ॥*

अथ गोकुल बिखै बलिभद्र जू आए ॥

चौपई ॥

तिह उधारि प्रभ जू ग्रिहि आयो ॥
गोकुल कउ बलिभद्र सिधायो ॥
आइ नंद के पाइन लागियो ॥
सुखु अति भयो सोक सभ भागियो ॥२२५२॥
सवैया ॥
नंद के पाइन लागि हली चलि कै जसुधा हूं के मंदिर आयो ॥
देखत ही तिह को कबि स्याम सु पाइन ऊपरि सीस झुकायो ॥
कंठि लगाइ लयो कहियो सोऊ यौ मन मै कबि स्याम बनायो ॥
स्याम जू लेत कबै हमरी सुधि माइ यौ रोइ कै तात सुनायो ॥२२५३॥

कबितु ॥

गोपी सुनि पायो इह ठउर बलिभद्र आयो स्याम आयो ह्वै है माग सेंधुर भरत है ॥
बेसर बिंदूआ तनि भूखन बनाइ कबि स्याम चारु लोचनन अंजनु धरत है ॥
दामिनी सी दमक दिखाइ निज काइ आइ बूझै मात भ्रात की न संका को करत है ॥
दीजै घन स्याम की बताइ सुधि हाइ हमै स्याम बलिराम हा हा पाइन परत है ॥२२५४॥
कबियो बाच ॥
सोरठा ॥
हली कीयो सनमान सभ गुआरिन को तिह समै ॥
हउ कहि हउ सु बखानि जिउ कथ आगे होइ है ॥२२५५॥
सवैया ॥
एक समै मुसलीधर ताही मै आनंद सो इक खेलु मचायो ॥
याही के पीवन को मदरा हित स्याम जलाधिप दै कै पठायो ॥
पीवत भयो तब सो मुसली मदि मति भयो मन मै सुख पायो ॥
नीर चहियो जमुना कीयो मानु सु ऐच लई हल सिउ कबि गायो ॥२२५६॥
जमुना बाच हली सो ॥
सोरठा ॥
लेहु हली तुम नीरु बिनु दीजै नह दोस दुख ॥
सुनहु बात रनधीर हउ चेरी जदुराइ की ॥२२५७॥
सवैया ॥

दुइ ही सु मास रहे तिह ठा फिरि लैन बिदा चलि नंद पै आए ॥
फेरि गए जसोधा हू के मंदिर ता पग पै इह माथ छुहाए ॥
मागत भयो जब ही सु बिदा तब सोक कीयो दुह नैन बहाए ॥
कीनो बिदा फिरि यौ कहि कै तुम यौ कहीयो हरि किउ नही आए ॥२२५८॥
नंद ते लै जसुधा ते बिदा चड़ि स्यंदन पै बलभद्र सिधायो ॥
लाघत लाघत देस कई नग अउर नदी पुर के निजकायो ॥
आ पहुचियो न्रिप के पुर के जन काहू ते यौ हरि जू सुनि पायो ॥
आप हूं स्यंदन पै चड़ कै अति भ्रात सो हेत कै आगे ही आयो ॥२२५९॥

दोहरा ॥

अंक भ्रात दोऊ मिले अति पायो सुख चैन ॥
मदरा पीवत अति हसति आए अपुने ऐन ॥२२६०॥
इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे बलिभद्र गोकुल बिखै जाइ बहुर आवत भए ॥

अथ सिरगाल को दूत भेजबो जु हउ क्रिसन हौ कथनं ॥

दोहरा ॥

दोऊ भ्रात अति सुखु करत निज ग्रिहि पहुचे आइ ॥
पउडरीक की इक कथा सो मै कहत सुनाइ ॥२२६१॥
सवैया ॥
दूत स्रिगाल पठियो हरि को कहि हउ हरि हउ तुहि किउ कहवायो ॥
भेख सोऊ करि दूर सबै कबि स्याम अबै जो तै भेख बनायो ॥
तै रे गुआर है गोकुल नाथ कहावत है डरु तोहि न आयो ॥
कै इह दूत को मान कहियो नही पेखि हउ लीनो सभै दल आयो ॥२२६२॥
सोरठा ॥
क्रिसन न मानी बात जो तिह दूत उचारियो ॥
कही जाइ तिन बात पति आपन चड़ि आइयो ॥२२६३॥
सवैया ॥
कासी के भूपति आदिक भूपन को सु स्रिगालहि सैन बनायो ॥
स्री ब्रिजनाथ इतै अति ही मुसलीधर आदिक सैन बुलायो ॥
जादव अउर सभै संग लै हरि सो हरि जुध मचावन आयो ॥
आइ दुहू दिस ते प्रगटे भट यौ कहि कै कबि स्याम सुनायो ॥२२६४॥
सैन जबै दुहू ओरन की जु दई जब आपुसि बीच दिखाई ॥
मानहु मेघ प्रलै दिन के उमडे दोऊ इउ उपमा जीअ आई ॥
बाहरि ह्वै ब्रिज नाइक सैन ते सैन दुहू इह बात सुनाई ॥
ठाढे रहै दोऊ सैन दोऊ हम माडि है या भूअ बीच लराई ॥२२६५॥
या घनि स्याम कहायो सुनो सभ मैहो ते तै घनि स्याम कहायो ॥
या ते सैन स्रिगाल लै आयो है हउ हू तबै दलु लै संगि धायो ॥
काहे कउ सैन लरै दोऊ आप मै कउतुक देखहु ठाढि सुनायो ॥
स्याम भनै लरबो रन मै हमरो अरु याही ही को बनि आयो ॥२२६६॥

दोहरा ॥

मानि बात ठाढे रहे सैन दोऊ तजि क्रुध ॥
दोऊ हरि आवत भए हरि समान हित जुध ॥२२६७॥
सवैया ॥
आए है मति करी जनु दुइ लरबे कहु सिंघ दोऊ जनु आए ॥
अंतकि अंत समै जनु ईस सपछ मनो गिरि जूझन धाए ॥
कै दोऊ मेघ प्रलै दिन के निधि नीर दोऊ किधो क्रोध बढाए ॥

मानहु रुद्र ही क्रोध भरे दोऊ है मन मै लखि यौ कबि पाए ॥२२६८॥

कबितु ॥

जैसे झूठ साच सो पखान जैसे काच सो अउ पारा जैसे आंच सो पतऊआ जिउ लहिर सो ॥
जैसे गिआन मोह सो बिबेक जैसे द्रोह सो तपसी दिज ध्रोहि सो अनर जैसे नर सो ॥
लाज जैसे काम सो सु सीत जैसे घामु सो अउ पाप राम नाम सो अछ्रर जैसे छ्रर सो ॥
सूमता जिउ दान सो जिउ क्रोध सनमान सो सु स्याम कबि ऐसे आइ भिरयो हरि हरि सो ॥२२६९॥
सवैया ॥
जुधु भयो अति ही सु तहा तब स्री ब्रिज नाइक चक्र संभारियो ॥
मारत हउ तुहि ए रे स्रिगाल मै स्याम भनै इम स्याम पचारियो ॥
छोरि सुदरसन देत भयो सिरु सत्रु को मारि जुदा कर डारियो ॥
मानहु कुम्रहार लै तागहि को चक ते फुनि बासन काटि उतारियो ॥२२७०॥
देखि स्रिगाल हनियो रन मै इक कासी को भूप हुतो सोऊ धायो ॥
स्री ब्रिजनाथ सो स्याम भनै अति ही तिह आइ कै जुध मचायो ॥
मारि मची अति जो तिह ठा सु तबै तिह स्याम जू चक्र चलायो ॥
जिउ अरि आगलि को कटियो सीसु तिही बिधि याही को काटि गिरायो ॥२२७१॥
स्री ब्रिज नाइक जू जब ए दोऊ सैन के देखत कोपि संघारे ॥
फूल भई मन सबनन के तब बाज उठी सहनाइ नगारे ॥
अउर जिते अरि बीर हुते सभ आपने आपने धामि सिधारे ॥
फूल परे नभ मंडल ते घन जिउ घनि स्याम पै स्याम उचारे ॥२२७२॥

◄ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे स्रिगाल कासी के भूप सहत बधह धिआइ संपूरनं ॥*

अथ सुदछन जुधु कथनं ॥

सवैया ॥
सैन भजियो जब सत्रन को तब आपने सैन मै स्याम जू आए ॥
आवत देव हुते जितने तितने हरि पाइन सो लपटाए ॥
दै कै प्रदछ्रन स्याम सभो तिन संख बजाइ कै धूप जगाए ॥
स्याम भनै सभ हू मन मै ब्रिज नाइक बीर सही करि पाए ॥२२७३॥
उत कै उपमा ग्रिहि दछ्र गए इति द्वारवती ब्रिज नाइक आयो ॥
जाइ उतै सिरु भूप को कासी के बीच परियो पुरि सोक जनायो ॥
भाखत भे सभ यौ बतीया सोई यौ कहि कै कबि स्याम सुनायो ॥
स्याम जू सो हमरे जैसे भूपति काज कीयो फलु तैसो ई पायो ॥२२७४॥
जा चतुरानन नारद को सिव को उठ कै जग लोक धिआवै ॥
नार निवाइ भले तिन को फुनि संख बजाइ कै धूप जगावै ॥
डार कै फूल भली बिधि सो कबि स्याम भनै तिह सो सिर नावै ॥
ते ब्रिजनाथ के साधन को गुन गावत गावत पार न पावै ॥२२७५॥
कासी के भूप को पूत सुदछ्रन ता मन मै अति क्रोध बढायो ॥
मेरे पिता को कीयो बधु जाइ हउ ताहि हनो चित बीच बसायो ॥
सेव करी सिव की हित सो तिह गाल्रह बजाइ प्रसंन करायो ॥
स्याम हनो झट दै छिन मै तिनि स्याम भनै तट दै बरु पायो ॥२२७६॥
रुद्र बाच दछ्र सो ॥

चौपई ॥

तब सिव जू फिर यौ उचरो ॥
हरि के बध हित होमहि करो ॥
ता ते मूरति एक निकरि है ॥

सो हरि जी के प्रानन हरि है ॥२२७७॥

दोहरा ॥

एक कही तिह जुध समै जो कोऊ बिमुख कराइ ॥
ता पै बलु नहि चलि सकै तुहि मारै फिरि आइ ॥२२७८॥
सवैया ॥
ऐसे सुदछन को जब ही कबि स्याम भनै अस रुद्र बखानियो ॥
सो उनि काज कीयो उठ कै अपुने मन मै अति ही हरिखानियो ॥
होम कीओ तिनि पावक मै घ्रित अछत जउ जैसे बेदन बखानियो ॥
रुद्र के भाखबे को सु कछू कबि स्याम भनै जड़ भेद न जानियो ॥२२७९॥
तउ निकसी तिह ते प्रितमा इह देखत ही सभ कउ डरु आवै ॥
कउन बली प्रगटियो जग मै इह धावत अग्रज को ठहरावै ॥
ठाढी भई करि लै कै गदा अति रोस कै दात सो दात बजावै ॥
ऐसे लखियो सभ हू इह ते ब्रिज नाइक जीवत जान न पावै ॥२२८०॥

चौपई ॥

तब दिस द्वारवती की धाई ॥
अति चिति अपने क्रोध बढाई ॥
स्री ब्रिजनाथ इतै सुनि पायो ॥
एक तेज कोऊ हम पै आयो ॥२२८१॥
जो इह के फुनि अग्रज आवै ॥
सो सभ भसम होत ही जावै ॥
जो इह संगि माडि रन लरै ॥
सो जमलोकि पयानो करै ॥२२८२॥
सवैया ॥
जो उहि के मुख आइ गयो प्रभ सो उन हू छिन माहि जरायो ॥
यौ सुनि बात चड़ियो रथ पै हरि ताही के सामुहे चक्र चलायो ॥
चक्र सुदरसन के तिन अग्र न ताही को पउरख नैकु बसायो ॥
अंत खिसाइ चली फिर कै कबि स्याम कहै सोऊ भूपति आयो ॥२२८३॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
स्री ब्रिज नाइक को जिन हू कबि स्याम भनै नहि ध्यान लगायो ॥
अउर कहा भयो जउ गुन काहू के गावत है गुन स्याम न गायो ॥
अउर कहा भयो जउ जगदीस बिना सु गनेस महेस मनायो ॥
लोक प्रलोक कहै कबि स्याम सदा तिह आपनो जनम गवायो ॥२२८४॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटके मूरत सुदछन भूप सुत को बधहि समापतं ॥*

सवैया ॥
सोऊ जीत कै छोरि दयो रन मै न्रिप जो रन ते कबहूं न टरै ॥
दई काटि सहस्र भुजा तिह की जिह ते फुनि चउदह लोक डरै ॥
करि कंचन धाम दए तिह को दिज माग सदा जोऊ पेट भरै ॥
फुनि राख कै लाज लई द्रुपदी ब्रिजनाथ बिना ऐसी कउन करै ॥२२८५॥

अथ कपि बध कथनं ॥

चौपई ॥

रेवत नगर हलधर जू गयो ॥

त्रीय संगि लै हुलास चिति भयो ॥
सभन तहा मिलि मदरा पीयो ॥
गावत भयो उमग कै हीयो ॥२२८६॥
इक कपि हुते तहा सो आयो ॥
मदरा सकल फोरि घट ग्वायो ॥
फाधत भयो रती कु न डरियो ॥
मुसलीधरि अति क्रोधहि भरियो ॥२२८७॥

दोहरा ॥

उठि ठाढो मुसली भयो दोऊ असत्र संभारि ॥
जिउ कपि नाचत फिरत थो छिन मै दयो संघारि ॥२२८८॥

◀ *इति कपि को बलभद्र बध कीबो समापतं ॥*

गजपुर के राजा की दुहिता साब बरी ॥
सवैया ॥
बीर गजपुर के रुचि सो दुहिता को द्रुजोधन ब्याह रचायो ॥
भूप जिते भूअ मंडल के तिन कउतुक हेरबे काज बुलायो ॥
अंध के पूतहि ब्याह रचियो सो सु ताही को दुआरवती सुनि पायो ॥
साब हुतो इक कान्रह को बालक जाबवती हू ते सो चलि आयो ॥२२८९॥
गहि कै बहीया पुनि भूप सुता हू की स्यंदन भीतर डारि सिधारियो ॥
जो भट ताहि सहाइ के काज लरियो सोऊ एक ही बान सो मारियो ॥
धाइ परे छि रथी मिलि कै सु घनो दलु लै जब भूप पचारियो ॥
जुधु भयो तिह ठउर घनो सोऊ यौ मुख ते कबि स्याम उचारियो ॥२२९०॥
पारथ भीखम द्रोण क्रिपारु क्रिपी सुत कोप भरियो मन मै ॥
अरु अउर सु करन चलियो रिस सोअ करोध रु कउच तबै तन मै ॥
छबि पावत भयो कबि स्याम भनै सोऊ यौ इन सूरन के गन मै ॥
जिम सूरज सोभत दिवतन मै इह सो छबि पावत भयो रन मै ॥२२९१॥
जंग भयो जिह ठउर निसंग सु छूटत भे दुहू ओर ते भाले ॥
घाइल लाग भजे भट यौ मनो खाइ चले ग्रिह के सु निवाले ॥
बीर फिरै अति घूमति ही सु मनो अति पी मदरा मतवाले ॥
बासन ते धनु अउर निखंग फिरै रन बीच खतंग पिआले ॥२२९२॥
साब सरासन लै कर मै बहु बीर हने तिह ठउर करारे ॥
एकन के बिब पाग कटे अरु एकन के सिर ही कटि डारे ॥
अउर निहारि भजे भट यौ उपमा तिन की कबि स्याम उचारे ॥
साध की संगति पाइ मनो जन पुंनि के अग्रज पाप पधारे ॥२२९३॥
एकन की दई काट भुजा अरु एकन के कर ही कटि डारे ॥
एक कटै अध बीचहु ते रथ काटि रथी बिरथी करि मारे ॥
सीस कटे भट ठाढे रहे इक स्रोण उठिओ छबि स्याम उचारे ॥
बीरन को मनो बाग बिखै जनु फूटे है सु अनेक फुहारे ॥२२९४॥
स्री जदुबीर के पुत्र जबै बहु बीर हने रन मै चहि कै ॥
इक भाज गए न मुरे बहुरो इक घाइल आइ परे सहिकै ॥
बहु हुइ कै निरायुध ह्वै इह कै हम राखहु पाइ परे कहि कै ॥
इक ठाढे भए घिघियात बली त्रिन को दुहू दातन मै गहि कै ॥२२९५॥
जुधु कीयो सुत कान्रह इतो नहि हुइ है कबै किन हू नहीं कीनो ॥
द्वै घटि आठ रथी बलवंत तिनो हू ते एक बली नही हीनो ॥
सो मिलि कै करि कोप परे सुत कान्रह के ऊपर जान न दीनो ॥
रोस बढाइ मचाइ कै मारि हंकार कै केसन ते गहि लीनो ॥२२९६॥
तोटक ॥

इन बीरन की जब जीत भई दुहिता तब भूप की छीन लई ॥
सोऊ छीन कै मंदिर आनि धरी दुबिधा मन की सभ दूरि करी ॥२२९७॥

चौपई ॥

इतै द्रजोधन हरख जनायो ॥
उत हलधर हरि जू सुनि पायो ॥
सुनि बसुदेव क्रोध अति भरि कै ॥
स्याम भनै मूछहि रहिओ धरि कै ॥२२९८॥
बसुदेव बाच ॥

चौपई ॥

तिह सुधि कउ कोऊ दूत पठइयै ॥
पौत्र सोध कौ बेगि मंगइयै ॥
मुसलीधर तिह ठउर पठायो ॥
चलि हलधर तिह पुर मै आयो ॥२२९९॥
सवैया ॥
आइस पाइ पिता को जबै चलि कै बलिभद्र गजापुर आयो ॥
आइस ऐसे दयो हमरे न्रिप छोरि इनै सुत अंध सुनायो ॥
सो सुनि बात रिसाइ गयो ग्रिह ते अपने इह ओज जनायो ॥
ऐंच लयो पुर त्रास भरियो सोऊ लै दुहिता इह पूजन आयो ॥२३००॥
साब सो ब्याह सुता को कीयो दुरजोधन चिति घनो सुख पायो ॥
दान दयो जिह अंत कछू नहि बिप्रन को कहि स्याम सुनायो ॥
भ्रात के पुत्र को संगि हलायुध लै करि दुआरवती को सिधायो ॥
स्याम चरित्र उतै पिखबे कहु स्याम भनै चलि नारद आयो ॥२३०१॥

◄ *इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे दुजोधन की बेटी साब को ब्याह लिआवत भए धिआइ समापतम ॥*

नारद को आइबो कथनं ॥

दोहरा ॥

नारद रुकमिनि के प्रिथम ग्रिह मै पहुचिओ आइ ॥
जहा कान्रह बैठो हुतो उठि लागो रिखि पाइ ॥२३०२॥
सवैया ॥
दूसरे मंदिर भीतर नारद जात भयो तिहि स्याम निहारियो ॥
अउर गयो ग्रिह स्याम तबै रिखि आनंद ह्वै इह भाति उचारियो ॥
पेखि भयो सभ हू ग्रिह स्याम सु यौ कबि स्यामहि ग्रंथ सुधारियो ॥
कान्रह जू को मन मै मुनि ईस सही करि कै जगदीस बिचारियो ॥२३०३॥
भाति कहू कहू गावत है कहू हाथि लीए प्रभु बीन बजावै ॥
पीवत है सु कहू मदरा अउ कहू लरकान को लाड लडावै ॥
जुधु करै कहू मलन सो कहू नंदग हाथि लीए चमकावै ॥
इउ हरि केल करै तिह ठा जिह कउतुक को कोऊ पार न पावै ॥२३०४॥

दोहरा ॥

यौ रिखि देखि चरित्र हरि चरन रहियो लपटाइ ॥
चलत भयो सभ जगत को कउतक देखो जाइ ॥२३०५॥

अथ जरासंधि बध कथनं ॥

सवैया ॥
ब्रहम महूरत स्याम उठै उठि न्रहाइ ह्रिदै हरि धिआन धरै ॥
फिरि संधयहि कै रवि होत उदै सु जलाजुलि दै अरु मंत्र ररै ॥
फिरि पाठ करै सतसैइ सलोक को स्याम निताप्रति पै न टरै ॥
तब करम न कउन करै जग मै जब आपन स्याम जू करम करै ॥२३०६ ॥
न्रहाइ कै स्याम जू लाइ सुगंध भले पट धार कै बाहर आवै ॥
आइ सिंघासन ऊपर बैठ कै स्याम भली बिधि निआउ करावै ॥
अउ सुखदेव को तात भला सु कथा करि स्री नंद लाल रिझावै ॥
तउ लगि आइ कही बतीआ इक सो मुख ते कबि भाख सुनावै ॥२३०७ ॥
दूत बाच ॥
सवैया ॥
कान्रह जू जो तुम जीत कै भूपति छोरि दयो तिह ओज जनायो ॥
मै दल तेईस छूहन लै संगि तेईस बार सु जुध मचायो ॥
कान्रह को अंति भजाइ रहियो मथरा के बिखै रहने हू न पायो ॥
बेच कै खाई है लाज मनो तिनि यौ जड़ आपन को गरबायो ॥२३०८ ॥

अथ कान्रह जू दिली आवन राजसूइ जग करन कथनं ॥

दोहरा ॥

तब लउ नारद क्रिसन की सभा पहुचिओ आइ ॥
दिली कौ ब्रिजनाथ को लै चलिओ संगि लवाइ ॥२३०९ ॥
सवैया ॥
स्री ब्रिजनाथ कही सभ सौ हम दिली चलै किधौ ताही को मारै ॥
जो मतिवारन के मन भीतर आवत है सोऊ बात बिचारै ॥
ऊधव ऐसे कहियो प्रभ जू प्रिथमै फुनि दिली ही ओर सिधारै ॥
पारथ भीम को लै संग आपने तउ तिह सत्रु कौ जाइ संघारै ॥२३१० ॥
ऊधव जो सुभ सत्रु कउ मारि कहिओ सु सभै हरि मान लीओ ॥
रथपति भले गज बाजन के ब्रिज नाइक सैन भले रचीओ ॥
मिलि टाक अफीमन भाग चड़ाइ सु अउ मदरा सुख मान पीओ ॥
सुधि कैबे कउ नारद भेजि दयो कहियो ऊधव सो मिलि काज कीओ ॥२३११ ॥

चौपई ॥

दिली सजि सभ ही दल आए ॥
कुंती सुत पाइन लपटाए ॥
जदुपति की अति सेवा करी ॥
सभ मन की चिंता परहरी ॥२३१२ ॥
सोरठा ॥
कही जुधिसटर बात इक प्रभु हउ बिनती करत ॥
जउ प्रभु स्रवन सुहात राजसूअ तब मै करो ॥२३१३ ॥

चौपई ॥

तब जदुपति इह भाति सुनायो ॥
मै इह कारज ही कउ आयो ॥
पहले जरासंधि कउ मारै ॥
नाम जग्य को बहुर उचारै ॥२३१४ ॥
सवैया ॥
भीम पठिओ तब पूरब को अरु दछन को सहदेव पठायो ॥
पछमि भेजत भे नुकल कहि बिउत इहै न्रिप जग्य बनायो ॥

पारथ गयो तब उतर कउ न बचियो जिह या संग जुध मचायो ॥
जोरि घनो धनु स्याम भनै सु दिलीपति पै चलि अरजुन आयो ॥२३१५॥
पूरब जीत कै भीम फिरियो अरु उतर जीत कै पारथ आयो ॥
दछन जीति फिरिओ सहदेव घनो चित मै तिनि ओज जनायो ॥
पछम जीति लीयो नुकले न्रिप के तिनि पाइन पै सिरु निआयो ॥
ऐस कहियो सभ जीत लए हम संधि जरा नही जीतन पायो ॥२३१६॥
सोरठा ॥
कही क्रिसन दिज भेख धरि ता सो हम रन चहै ॥
भिरि हम सिउ हुइ एक सुभट सैन सभ छोर कै ॥२३१७॥
सवैया ॥
भेख धरो तुम बिपन को संग पारथ भीम के स्याम कहिओ ॥
हमहू तुमरे संग बिप के भेखहि धारत है नहि जात रहिओ ॥
चित चाहत है चहि है तिह ते फुनि एकले कै करि खग गहिओ ॥
कहिओ फिरि आपन बिप को रूप धरिओ नही काहू ते जात लहिओ ॥२३१८॥
बामन भेख जबै धरि कै न्रिप संधि जरा के गए न्रिप जानी ॥
नैन निहार वडे भुज दंड सु छत्रिन की सभ रीति पछानी ॥
तेईस बार भिरियो हम सो सोऊ है जिह दुआरवती रजधानी ॥
भेद लहियो सभ ही छलि कै इह आयो है गोकुल नाथ गुमानी ॥२३१९॥
स्याम जू आपन ही उठ कै इह भूपति को इह भाति सुनायो ॥
तेईस बेर भजियो हरि सिउ हरि कौ त्वै एक ही बार भजायो ॥
एते पै बीर कहावत है सु इहै हमरे चित पै अब आयो ॥
बामन हुइ तुहि से संग छत्री के चाहत है कर जुधु मचायो ॥२३२०॥
बलि मापि कै देह दई हरि कउ सभ होर रहे न बिचार कीयो ॥
कहियो का तनु है भगवान सो भिछुक मागत देह बीयो न बीयो ॥
सुनि राम जू रावन मार कै राजु भिभीछन देहि तिह ते न लीयो ॥
हम रे अब मागत है न्रिप किउ चुप ठानि रहिओ सुकचात हीयो ॥२३२१॥
देखि दयो ब्रहमा सुत सूरज चित बिखै नही त्रास कीयो है ॥
दास भयो हरि चंद सुनियो सुत काज न लाज की ओरि धयो है ॥
मूंड दयो मधु काटि मुरारि रती कु न संकतमान भयो है ॥
जुधहि चाहत हो तिन ते तुमरो बकहा बल घाट गयो है ॥२३२२॥
पछम सूर चड़ियो सुनीयै उलटी फिरि गंग बही अब आवै ॥
सतु टरिओ हरी चंद हू को धरनी धर तिआग धरा ते परावै ॥
सिंघ चलै म्रिग ते टरि कै गज राज उडियो नभ मारगि जावै ॥
पारथ स्याम कहियो तब भूपति त्रास भरै नहि जुधु मचावै ॥२३२३॥
जरासंधि बाच ॥
सवैया ॥
पारथ सो ब्रिजनाथ जबै कबि स्याम कहै इह भाति बखानो ॥
स्री ब्रिजनाथ इही इह पारथ भीम इहै तिह भूपति जानो ॥
कान्रह भजियो हम ते इह बालक या संग हउ लरिहो सु बखानो ॥
जुधु के कारन ठाढो भयो उठि स्याम कहै कछु त्रास न मानो ॥२३२४॥
भारी गदा हुती धामि घनी इक भीम कौ आप को अउर मंगाई ॥
एक दई करि भीमहि के इक आपने हाथ के बीच सुहाई ॥
राति को सोइ रहै सुख पाइ सु दिवस करै उठि नित लराई ॥
ऐसे कथा दुह बीरन की मन बीच बिचार कै स्याम सुनाई ॥२३२५॥
भीम गदा गहि भूप पै मारत भूप गदा गहि भीम पै मारी ॥
रोस भरे बलवंत दोऊ लरै कानन मै जन केहरि भारी ॥
जुध करै न मुरै तिह ठउर ते बाटत है तिह ठा जनु यारी ॥
यौ उपजी उपमा चतुरे जनु खेलत है फुलथा सो खिलारी ॥२३२६॥
दिवस सताईस जुधु भयो जब भूप जितियो बलु भीमहि हारियो ॥
स्री ब्रिजनाथ दयो तब ही बलु जुध को क्रोध की ओरि पचारियो ॥

लै तिनका इक हाथहि भीतर चीर दयो इह भेद निहारियो ॥
तैसे ही भीम ने चीर दयो न्रिप यौ मुख ते कबि स्याम उचारियो ॥२३२७॥

◀ इति स्री बचित्र नाटके ग्रंथे क्रिसनावतारे जरासंधि बधह प्रसंग समापतं ॥

सवैया ॥
मार के भूप गए तिह ठा जह बाधे कई पुनि भूप परे ॥
हरि देखत सोक मिटे तिन के इत स्याम जू के द्रिग लाज भरे ॥
बंधन जेतिक थे तिन के सब ही छिन भीतर काटि डरे ॥
दए छोर सबै कबि स्याम भनै करुना रसु सो जब कान्रह ढरे ॥२३२८॥
बंधन काटि सभै तिन के तिन कउ ब्रिज नाइक ऐसे उचारो ॥
आनद चित करो अपुने अपुने चित को सभ सोक निवारो ॥
राज समाज जितो तुम जाइ कै स्याम भनै धनु धाम संभारो ॥
स्री ब्रिजनाथ कही तिह को तुम आपने आपने देस सिधारो ॥२३२९॥
बंधन छोरि कहियो हरि यौ सभ भूपन तउ इह भाति उचारी ॥
राज समाज कछू नही तेरो ही धिआन लहै सु इहै जीअ धारी ॥
राज करो रु इहै लहि हो कबि स्याम कहियो इह भाति मुरारी ॥
सो उन मान कही हरि इउ सु सदा रहीयो सुधि लेत हमारी ॥२३३०॥

◀ इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे जरासंधि को बध करि सभ भूपनि को छुराइ दिली मो आवत भए धिआइ समापतं ॥

अथ राजसू जग सिसुपाल बध कथनं ॥

सवैया ॥
उत सीस निवाइ गए न्रिप धामि इतै जदुराइ दिली महि आयो ॥
भीम कहिओ सभु भेद सु मै बलु याही ते पाइ कै सत्रहि घायो ॥
बिप्र बुलाइ भली बिधि सो फिरि राजसूओ इक जगि मचायो ॥
आरंभ जग को भयो तब ही जसु दुंदभि जो ब्रिजनाथ बजायो ॥२३३१॥
जुधिसटर बाच सभा प्रति ॥
सवैया ॥
जोरि सभा द्विज छत्रिन की प्रिथमै न्रिप यौ कहियो कउन मनइयै ॥
को इह लाइक बीर ईहा जिह भाल मै कुंकम अछत लइयै ॥
बोलि उठियो सहदेव तबै ब्रिज नाइक लाइक याहि चड़इयै ॥
स्री ब्रिजनाथ सही प्रभु है कबि स्याम भनै जिह के बलि जइयै ॥२३३२॥
सहदेव बाच ॥
सवैया ॥
जाही की सेव सदा करीऐ मन अउर न काजन मै उरझइयै ॥
छोरि जंजार सभै ग्रिह के तिह धिआन के भीतर चित लगइयै ॥
जाहि को भेदु पुरानन ते मति साधन बेदन ते कछु पइयै ॥
ताही को स्याम भनै प्रथमै उठ कै किउ न कुंकम भालि लगइयै ॥२३३३॥
यौ जब बैन कहे सहदेव तु भूपति के मन मै सचु आयो ॥
स्री ब्रिज नाइक को मन मै कबि स्याम सही प्रभु कै ठहरायो ॥
कुंकम अछत भाति भली करि बेदन की धुनि भालि चड़ायो ॥
बैठो हुते सिसुपाल तहा अति सो अपने मन बीच रिसायो ॥२३३४॥
सिसुपाल बाच ॥
सवैया ॥
बीर बडो हम सो तजि कै इह का जिह कुंकम भालि चड़ायो ॥
गोकुल गाउ के बीच सदा इनि गुआरन सो मिलि गोरसु खायो ॥
अउर सुनो डरु सत्रन के गयो दुआरवती भजि प्रान बचायो ॥

ऐसे सुनाइ कही बतीया अरु कोपहि सो अति ही भरि आयो ॥२३३५॥
बोलत भयो सिसपालु तबै सु सुनाइ सभा सभ क्रोध बढै कै ॥
कोप भरियो उठि ठाढो भयो सु गरिसटि गदा करि भीतर लै कै ॥
गूजर हुइ जदुराइ कहावत गारी दई दोऊ नैन नचै कै ॥
सो सुनि फूफी के बैन चितारि रहियो ब्रिज नाइक जू चुप ह्वै कै ॥२३३६॥

चौपई ॥

फूफी बचन चिति हरि धरियो ॥
सत गारनि लौ क्रोध न भरियो ॥
सोब ठाढ बर त्रास न कीनो ॥
तब जदुबीर चक्र करि लीनो ॥२३३७॥
कान्रह जू बाच ॥
सवैया ॥
लै करि चक्र भयो उठि ठाढ सु यौ तिह सो रिस बात कही ॥
फुनि फूफी के बैन चितै अब लउ तुहि नास कीयो नही मोन गही ॥
सति गारनि ते बढ एक ही तुहि जानत आपनी म्रित चही ॥
पिख है सभ भूप जिते इह ठा अब हउ ही न ह्वै हउ कि तूही नही ॥२३३८॥
सिसपाल बाच कान्रह सो ॥
सवैया ॥
कोप कै उतर देत भयो इह भाति सुनियो जब ही अभिमानी ॥
तेरे कहे मरि हउ अरे गूजर इउ मुख ते तिन बात बखानी ॥
अउर कहा जु पै ऐसी सभा हू मै जूझब म्रित ही है निजकानी ॥
तउ अरे बेद पुरानन मै चलिहै जग मै जुग चारि कहानी ॥२३३९॥
का भयो जो चमकाइ कै चक्रहि ऐसे कहियो तुहि मारि डरोगो ॥
गूजर तो ते हउ छत्री कहाइ कै ऐसी सभा हू के बीच टरोगो ॥
मात सु भ्रात अरु तात की सउह रे तुहि मरि हो नहि आप मरोगो ॥
क्रोध रुकमनि को धर कै हरि तो संग आज निदान करोगो ॥२३४०॥
कोप प्रचंड कीयो तब स्याम जब ए बतीया सिसुपालहि भाखी ॥
कान्रह कहियो जड़ चाहत म्रित कीयो सभ लोगनि सूरज साखी ॥
चक्र सुदरसन लै कर भीतर कूदि सभा सभ ही सोऊ नाखी ॥
धावत भयो कबि स्याम कहै सु भयो तिह के बध को अभिलाखी ॥२३४१॥
धावत भयो ब्रिज नाइक जू इत ते उत ते सोऊ सामुहे आयो ॥
रोस बढाइ घनो चित मै तकि कै तिह सत्र को चक्र चलायो ॥
जाइ लगियो तिह कंठ बिखै कटि देत भयो छुटि भू पर आयो ॥
इउ उपमा उपजी जीअ मै दिव ते रवि को मनो मारि गिरायो ॥२३४२॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे राजसू जग्य करि सिसपाल बधह धिआइ समापतं ॥*

अथ कान्रह जू कोप राजा जुधिसटर छिमापन करत भए ॥

सवैया ॥
काट कै सीस दयो सिसुपाल को कोप भरियो दोऊ नैन नचावै ॥
कउन बली इह बीच सभा हू के है हम सो सोऊ जुधु मचावै ॥
पारथ भीम ते आदिक बीर रहे चुप होइ अति ही डर आवै ॥
सुंदर ऐसे सरूप के ऊपरि स्याम कबीसर पै बलि जावै ॥२३४३॥
जोति जिती अरि भीतर थी सु सबै मुख स्याम के बीच समानी ॥
बोल सकै न रहे चुप हुइ कबि स्याम कहै जु बडे अभिमानी ॥
बाको बली सिसुपाल हनियो तिह की हुती चंद्रवती रजधानी ॥
या सम अउर न कोऊ बीयो जगि स्री जदुबीर सही प्रभु जानी ॥२३४४॥

एक कहै जदुराइ बडो भट जाहि बली सिसुपाल सो घायो ॥
इंद्र ते सूरज ते जम ते हुतो जात न सो जमलोकि पठायो ॥
सो इह एक ही आंख के फोर के भीतर मारि दयो जीअ आयो ॥
चउदह लोकन को करता करि स्री ब्रिजनाथ सही ठहरायो ॥२३४५॥
चउदह लोकन को करता इह साधन संत इहै जीअ जानियो ॥
देव अदेव कीए सभ याही के बेदन ते गुन जानि बखानियो ॥
बीरन बीर बडोई लखियो हरि भूपन भूपन ते खुनसानियो ॥
अउर जिते अरि ठाढे हुते तिन स्याम सही करि काल पछानियो ॥२३४६॥
स्री ब्रिज नाइक ठाढि तहा कर बीच सुदरसन चक्र लीए ॥
बहु रोस ठने अति क्रोध भरियो अरि आन को आनत है न हीए ॥
तिह ठउर सभा हू मै गाजत भयो सभ कालहि को मनो भेख कीए ॥
जिह देखति प्रान तजै अरि वा बहु संत निहार के रूप जीए ॥२३४७॥
न्रिप जुधिसटर बाच कान्रह जू सो ॥
सवैया ॥
आप ही भूप कही उठ कै कर जोरि दोऊ प्रभ क्रोध निवारो ॥
थो सिसुपाल बडो खल सो तुम चक्रहि लै छिन माहि संघारो ॥
यौ कहि पाइ रहियो गहि कै दुहू आपने नैनन ते जलु ढारो ॥
कान्रह जू जो तुम रोस करो तो कहा तुम सो बसु हैब हमारो ॥२३४८॥
दास कहै बिनती कर जोर कै स्याम भनै हरि जू सुनि लीजै ॥
कोप चिते तुमरे मरीऐ सु क्रिपा करि हेरत ही पल जीजै ॥
आनंद कै चिति बैठो सभा महि देखहु जग्य के हेतु पतीजै ॥
हउ प्रभु जान करो बिनती प्रभु जू पुनि कोप छिमापन कीजै ॥२३४९॥

दोहरा ॥

बैठायो जदुराइ को बहु बिनती करि भूप ॥
कंजन से द्रिग जिह बने बनियो सु मैन सरूप ॥२३५०॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे कान्रह जू को कोप राजा जुधिसटर छमापन करत भए धिआइ समापतं ॥*

अथ राजा जुधिसटर राजसूअ जग करत भए ॥

सवैया ॥
सउपी है सेव ही पारथ कउ दिज लोकन की जो पै नीकी करै ॥
अरु पूज करै दोऊ माद्री के पुत्र रिखीन की आनंद चिति धरै ॥
भयो भीम रसोईआ द्रजोधन धाम पै ब्यास ते आदिक बेद ररै ॥
कीयो सूर को बालक कैबे को दान सु जाही ते चउदह लोक डरै ॥२३५१॥
सूरज चंद गनेस महेस सदा उठ कै जिह धिआन धरै ॥
अरु नारद सो सुक सो दिज ब्यास सो स्याम भनै जिह जाप ररै ॥
जिहा मार दयो सिसुपाल बली जिह के बल ते सभ लोकु डरै ॥
अब बिपन के पग धोवत है ब्रिजनाथ बिना ऐसी कउन करै ॥२३५२॥
आहव कै संग सत्रन के तिन ते कबि स्याम भनै धनु लीनो ॥
बिप्रन को जिम बेद के बीच लिखी बिधि ही तिही भातहि दीनो ॥
एकन को सनमान कीयो अर एकन दै सभ साज नवीनो ॥

◀ *भूप जुधिसटर तउन समै सु सभै बिधि जगि संपूरन कीनो ॥2353॥*

न्रहान गयो सरता दयो दान सु दै जल पै पुरखा रिझवाए ॥
जाचक थे तिह ठउर जिते धन दीन घनो तिन कउ सु अघाए ॥
पुत्र लउ पौत्र लउ पै तिन के ग्रिह के अनतै नहि मागन धाए ॥

पूरन जगि कराइ कै यौ सुखु पाइ सभै मिलि डेरन आए ॥२३५४ ॥

दोहरा ॥

जबै आपने ग्रहि बिखै आए भूप प्रबीन ॥
जग्य काज बोले जिते सभै बिदा करि दीन ॥२३५५ ॥
सवैया ॥
कान्रह रहे बहु दिवस तहा सु बधू अपनी सभ ही संग लै कै ॥
कंचन देह दिपै जिन की तिन मैन रहे पिखि लजत ह्वै कै ॥
भूखन अंग सजे अपने सभ आवत भी द्रुपती सिरि निऐ कै ॥
कैसे बिवाहिओ है स्याम तुमै सभ मोह कहो तुमै आनंद कै कै ॥२३५६ ॥

दोहरा ॥

जब तिन कउ यौ द्रोपती पूछियो प्रेम बढाइ ॥
अपनी अपनी तिह ब्रिथा सभ हू कही सुनाइ ॥२३५७ ॥
सवैया ॥
जगि निहारि जुधिसटर को मन भीतर कउरन कोप बसायो ॥
पंडु कै पुत्रन जग कीयो तिह ते इन को जग मै जसु छायो ॥
ऐसो न लोक बिखै हमरो जसु होत भयो कहि स्याम सुनायो ॥
भीखम ते सुत सूरज ते सु नही हम ते ऐसो जग ह्वै आयो ॥२३५८ ॥

◄ इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे राजा जुधिसटर राजसूइ जग संपूरनं ॥

जुधिसटर को सभा बनाइ कथनं ॥
सवैया ॥
मै इक दैत हुतो तिन आइ कै सुंदर एक सभा सु बनाई ॥
लजत होइ रहे अमरावति ऐसी प्रभा इह भूमहि आई ॥
बैठि बिराजत भूप तहा जदुबीर लीए संग चारो ई भाई ॥
स्याम भनै तिह आभहि की उपमा मुख ते बरनी नही जाई ॥२३५९ ॥
नीर ढरे कहू चादर छतन छूटत है कहू ठउर फुहारे ॥
मल भिरै कहू मत करी कहू नाचत बेसयन के सु अखारे ॥
बाज लरै कहू साज सजै भट छाजत है अति डील डिलारे ॥
राजत स्री ब्रिजनाथ तहा जिम तारन मै ससि स्याम उचारे ॥२३६० ॥
जोति लसै कहू बज्रन की कहू लाल लगे छबि मंदिर पावै ॥
नागन को पुर लोक पुरी सुर देखि प्रभा जिह सीस निवावै ॥
रीझि रहे जिह देखि चतुरमुख हेरि प्रभा सिव सो ललचावै ॥
भूमि जहा तहा नीर सो लागत नीर जहा नही चीनबो आवै ॥२३६१ ॥
जुधिसटर बाच द्रजोधन सो ॥
सवैया ॥
ऐसी सभा रचि कै सु जुधिसटर अंध को बालकु बोलि पठायो ॥
सूरज को सुत संग लीए अरु भीखम मान भरियो सोऊ आयो ॥
भूमि जहा हुती ताहि लखियो जल बारि हुतो जह भूमि जनायो ॥
जाइ निसंक परियो जल मै कबि स्याम कहै कछु भेद न पायो ॥२३६२ ॥
जाइ परियो तब ही सर मै तन बसत्र धरे पुनि बूड गयो है ॥
बूडत जो निकसियो सोऊ भूपति चित बिखै अति कोप कयो है ॥
कान्रह जू भार उतारन के हित आंख सो भीमहि भेद दयो है ॥
सो इह भाति सो बोलि उठिओ अरे अंध के अंध ही पुत्र भयो है ॥२३६३ ॥
यौ जब भीम हसियो तिह कउ तु घनो चित भीतर भूप रिसायो ॥
मो कहु पंडु के पुत्र हसै अब ही बध या को करो जीअ आयो ॥
भीखम द्रोण रिसे मन मै जड़ भीम भयो कह स्याम सुनायो ॥

धामि गयो अपुने फिर कै सु सभा इह भीतर फेरि न आयो ॥२३६४॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे दुरजोधन सभा देखि धामि गए धयाइ समापतं ॥*

अथ दैत बकत्र जुध कथनं ॥

सवैया ॥

उत कोपि दुरजोधन धामि गयो इत दैत हुतो इह कोपु बसायो ॥

कान्रह हतियो सिसुपाल हुतो मेरो मित्र मरिओ न रती सुकचायो ॥

लै सिव ते बर हउ इह को बधु जाइ करो जीअ भीतर आयो ॥

धाइ किदार की ओरि चलिओ कबि स्याम इहै चित मै ठहरायो ॥२३६५॥

बद्री किदार के भीतर जाइ कै सेव करी महारुद्र रिझायो ॥

लै कै बिवान चलिओ उत ते जब ही हरि के बधु को बरु पायो ॥

द्वारवती हू के भीतर आइ कै कान्रह के पुत्र सो जुधु मचायो ॥

सो सुनि स्याम बिदा लै कै भूप ते स्याम भनै तिह ठउर सिधायो ॥२३६६॥

द्वारवती हू के बीच जबै हरि जू गयो तउ सोऊ सत्रु निहारियो ॥

स्याम भनै तब ही तिह कउ लरु रे हम सो ब्रिजनाथ उचारियो ॥

यौ सुनि वा बतीया हरि को कसि कान प्रमान लउ बान प्रहारियो ॥

मानो तची अति पावक ऊपर काहू बुझाइबे को घ्रित डारियो ॥२३६७॥

मारत भयो अरि बान जबै हरि स्यंदन वाही की ओरि धवायो ॥

आवत भयो उत ते अरि सो इत ते एऊ गे मिलि कै रन पायो ॥

स्यंदन हू बलि कै संगि स्यंदन ढाहि दयो कबि यौ जसु गायो ॥

जिउ सहबाज मनो चकवा संग एक धका हू के मारि गिरायो ॥२३६८॥

रथ तोर कै सत्र की नंदग सो कबि स्याम कहै कटि ग्रीव गिराई ॥

अउर जिती तिह के संग सैन हुती सु भले जमलोकि पठाई ॥

रोस भरियो हरि ठाढो रहियो रनि सो उपमा कबि स्याम सुनाई ॥

स्री ब्रिजनाइक चउदहू लोक मै पावत भयो बडी यौ सु बडाई ॥२३६९॥

दोहरा ॥

दंतबक्र तब चित मै अति ही कोप बढाइ ॥

स्री जदुपति जह ठाढो हो तह ही पहुचिओ जाइ ॥२३७०॥

सवैया ॥

स्री ब्रिज नाइक कउ जब ही तिन आइ आयोधन बीच हकारियो ॥

हउ मरिहउ नही यौ कहियो ताहि सु जिउ सिसुपाल बली तुहि मारियो ॥

ऐसे सुनियो जब स्याम जू बैन तबै हरि जू पुनि बान संभारियो ॥

सत्रु को स्याम भनै रथ ते फुनि मूरछ कै करि भू पर डारियो ॥२३७१॥

लै सुधि ह्वै सोऊ लोप गयो फिरि कोप भरियो रन भीतर आयो ॥

कान्रह के बाप को कान्रह ही कउ कटि माया को कै इक मूंड दिखायो ॥

कोप कीयो घनि स्याम तबै अरु नैन दुहून ते नीर बहायो ॥

हाथ पै चक्र सुदरसन लै अरि को सिर काटि कै भूमि गिरायो ॥२३७२॥

◀ *इति स्री दसम सकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे दंत बकत्र दैत बधह धिआइ संपूरनं ॥*

अथ बैदूरथ दैत बध कथनं ॥

कबियो बाच ॥

सवैया ॥

जाहि सिवादिक ब्रहम निमिओ सु सदा अपने चित बीच बिचारियो ॥

स्याम भनै तिह कउ तब ही कब ही किरपा निधि रूप दिखारियो ॥
रंग न रूप अउ राग न रेख इहै चहूं बेदन भेद उचारियो ॥
ता धरि मूरति जुध बिखै इह स्याम भनै रन बीच संघारियो ॥२३७३॥

दोहरा ॥

क्रिसन कोप जब सत्र द्वै रन मै दए खपाइ ॥
तीसर जो जीवत बचियो सो तह पहुचियो आइ ॥२३७४॥
दातन सो दोऊ होठ कटि दोऊ नचावत नैन ॥
तब हलधर तिह सो कहे कहित स्याम ए बैन ॥२३७५॥
सवैया ॥
किउ जड़ जुध करै हरि सिउ मधु कीटभ से जिह सत्रु खपाए ॥
रावन से हरिनाखस से हरिनाछ हू से जगि जानि न पाए ॥
कंसहि से अरु संधि जरा संग देसन देसन के न्रिप आए ॥
तै रे कहा अरे सो छिन मै इह स्याम भनै जमलोक पठाए ॥२३७६॥
स्री बिजनाथ तबै तिह सो कबि स्याम कहै इह भाति उचारियो ॥
मै बक बीर अघासुर मारि सु केसनि ते गहि कंस पछारियो ॥
तेई छूहन संधि जरा हू की मै सुनि सैन सुधारि बिदारियो ॥
तै हमरे बल अग्रज स्याम कहियो घन स्याम ते कउन बिचारियो ॥२३७७॥
मोहि डरावत है कहि यौ मुहि कंस को बीर बकी बक मारियो ॥
संधि जरा हू की सैन सभै मोहि भाखत हो छिन माहि संघारियो ॥
मो कउ कहै बलु तेरो अरे मेरे पउरख अग्रज कउन बिचारियो ॥
सूरन की इह रीति नही हरि छत्री है तू कि भयो भठिआरियो ॥२३७८॥
आपने कोप की पावक मै बल तेरो सबै सम फूस जरै हो ॥
स्रउन जितो तुह अंगन मै सु सभै सम नीरह की आवटै हो ॥
देगचा आपने पउरख को रन मै जब ही कबि स्याम चड़ै हो ॥
तउ तेरो अंग को मासु सबै तिह भीतर डार कै आछै पकै हो ॥२३७९॥
ऐसे बिबाद कै आहव मै दोऊ क्रोध भरे अति जुधु मचायो ॥
बानन सिउ दिव अउर दिवाकरि धूरि उठी रथ पहीयन छायो ॥
कउतुक देखन कउ ससि सूरज आए हुते तिन मंगल गायो ॥
अंत न स्याम ते जीत सकियो सोऊ अंतहि के फुनि धामि सिधायो ॥२३८०॥
स्री ब्रिजनाथ हनियो अरि को कबि स्याम कहै करि गाढ अयोधन ॥
ह्वै कै कुरूप परियो धरि जुध की तउन समै बयदूरथ को तन ॥
स्रउनत संग भरियो परियो देखि दया उपजी करुनानिधि के मनि ॥
छोरि सरासन टेर कहियो दिन आजु के तै करिहो न कबै रन ॥२३८१॥
इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे बयदूरथ दैत बधह धिआइ समातमं ॥
बलिभद्र जू तीरथ गवन कथनं ॥

चौपई ॥

तीरथ करन बलिभद्र सिधायो ॥
नैमख्वरन भीतर आयो ॥
आइ तहा नावन इन कयो ॥
चित को सोक दूर करि दयो ॥२३८२॥
तोमर ॥
रोम हरख न थो तहा सोऊ आयो तह दउरि ॥
हली मदरा पीत थो कबि स्याम ताही ठाउरि ॥
सोऊ आइ ठाढ भयो तहा जड़ याहि सिर न निवाइ कै ॥
बलिभद्र कुपियो कमान करि लै मारियो तिह धाइ कै ॥२३८३॥

चौपई ॥

सभ रिखि उठि ठाढे तब भए ॥
आनंद बिसर चित के गए ॥
इक रिखि थो तिनि ऐस उचारियो ॥
बुरा कीओ हलधरि दिज मारियो ॥२३८४॥
तब हलधर पुनि ऐस उचरियो ॥
बैठ रहिओ किउ न हम ते डरियो ॥
तब मै क्रोध चित मै कीयो ॥
मारि कमान संग इह दीयो ॥२३८५॥
सवैया ॥
छत्री को पूत थो कोप भरे तिह नास कयो बिनती सुनि लीजै ॥
ठाढ भए उठ कै रिखि सो जड़ बैठि रहिओ कहिओ साच पतीजै ॥
बात वहै करीऐ संग छत्रन जा के कीए जग भीतर जीजै ॥
ताही ते मै बधु ता को कीयो सु अबै मोरी भूल छिमापन कीजै ॥२३८६॥
रिख बाच हली सो ॥

चौपई ॥

मिलि सभ रिखिन हली सो भाखी ॥
कहै स्याम तिह दिज की साखी ॥
इह बालक थापि रोह हरो ॥
बहुरो जाइ तीरथ सभ करो ॥२३८७॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
चारो ई बेद मुखाग्रज होइ है ता सुत को बरु ऐसो दीयो ॥
सोऊ ऐसे पुरान लगियो रटने मनो तात सोऊ तिह फेरि जीयो ॥
चित आनंद कै सभ हू रिखि के मन कउ जिह की सम कउन बीयो ॥
सिर न्याइ तिनै सुख पाइ के तीरथन स्याम सु रामहि पैड लीयो ॥२३८८॥
गंगहि सिंधु जहा मिलियो प्रिथमै बलिभद्र तहा चलि न्रहायो ॥
फेरि त्रिबैनी मै कै इसनान दै दानु बली हरिदुआर सिधायो ॥
न्रहाइ तहा पुनि बद्री किदार गयो अति ही मन मै सुख पायो ॥
अउर गनो कह लउ जग के सभ तीरथ कै तिह ठउरहि आयो ॥२३८९॥

चौपई ॥

फेरि नैमख्वारन महि आयो ॥
आइ रिखिन कउ माथ निवायो ॥
तीरथ कहियो मै सभ ही करे ॥
बिधि पूरब जिउ तुम उचरे ॥२३९०॥
हली बाच रिखिन सो ॥

चौपई ॥

अब आइस जो होइ सु करो ॥
हे रिखि तुमरे पाइन परो ॥
अब आइस जो होइ सु कीजै ॥
हे रिखि बातहि सति पतीजै ॥२३९१॥
रिखि बाच ॥

चौपई ॥

तब मिलि रिखिन इहै जीअ धारो ॥
एक सत्रु है बडो हमारो ॥

बलल नाम हलधर तिह मारो ॥
मानो तिह पै काल पचारो ॥२३९२॥
हली बाच ॥

दोहरा ॥

कहा ठउर तिह सत्रु की कहो रिखिन के राज ॥
मोहि बतावै जाहि कउ ताहि हनो अउ आजु ॥२३९३॥

चौपई ॥

तब इक रिख नै जाइ बतायो ॥
तहा ठउर हो सत्रु बनायो ॥
जब हलधरि सो सत्र निहारियो ॥
हम संगि लरु इह भाति पचारियो ॥२३९४॥
सुनत बचन तब सत्रु रिसायो ॥
हाथ गागनो या परि आयो ॥
हलधरि संगि जुध तिह कीओ ॥
जिह सम ठउर बीर नही बीओ ॥२३९५॥
बहुत जुध तिह ठा दुहूं धारो ॥
दुहूं सूर ते एक न हारो ॥
जउ थकि जाहि बैठ तह रहै ॥
मुछित होहि जुधु फिर चहै ॥२३९६॥
फिरि दोऊ गाजि गाजि रन पारै ॥
आपस बीच गदा बहु मारै ॥
ठाढ रहै थिरु पैग न टरै ॥
मानहु रिसि परबत दोऊ लरै ॥२३९७॥
दोऊ भट अभ्रन जिउ गाजै ॥
बचन सुनत जिन के जम लाजै ॥
अति ही बीर रिसहि मै भरै ॥
दोऊ बीर क्रोध सो लरै ॥२३९८॥
जिन कउतुक देखन सुर आए ॥
भातिन भाति बिवान बनाए ॥
उत रंभादिक निरतहि करै ॥
इत ते बीर भूमि मै लरै ॥२३९९॥
बहुत गदा तन लगे न जानै ॥
मुख ते मारहि मार बखानै ॥
रन की छित ते पैगु न टरै ॥
रीझि रीझि दोऊ भट लरै ॥२४००॥
सवैया ॥
जुधु भयो बहुतो तिह ठा तब मूसल कउ मुसली जू संभारियो ॥
कै बल हाथन दोऊन के कबि स्याम कहै तकि घाहि प्रहारयो ॥
लागत घा इह कै मरि गयो अरि अंतक के फुनि धामि सिधारियो ॥
यौ बलिभद्र हनियो तिह को सभ बिपन को फुनि काज सवारियो ॥२४०१॥
पउरख जो मूसलीधरि को कहिओ न्रिप कउ सुकदेव सुनायो ॥
जाहि कथा दिज के मुख ते सभ स्रउन सुनी तिन हू सुख पायो ॥
जा के कीए ससि सूर निसा दिव ताही की बात सुनो जीअ आयो ॥
ताही की बात सुनाउ दिजोतम बेदन कै जोऊ भेद न पायो ॥२४०२॥
जाहि खडानन से सहसानन खोजि रहे कछु पार न पायो ॥
स्याम भनै जिह कउ चतुरानन बेदन के गुन भीतर गायो ॥
खोज रहे सिव से जिह अंत अनंत कहिओ थकि अंत न पायो ॥

ताही की बात सुनो तुमरे मुख ते सुकदेव इहै ठहरायो ॥२४०३॥
भूपति जउ इह भाति कहियो सुक कउ सुक हू इह भाति सुनाई ॥
दीन दिआल की बात सुनाव हों तुहि कउ तुहि भेदु छपाई ॥
बिप्र सुदामा हुतो बिपता तिह की हउ कहो हरि जैसे मिटाई ॥
सो हउ सुनावत हउ तुहि कउ सुन लै सोऊ स्रउनन दे न्रिप राई ॥२४०४॥

◄ इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे बलिभद्र तीरथ इसनान करि दैत बलल को मारत भए ग्रिह को आवत भए धिआइ समापतं ॥

सुदामा बारता कथनं ॥
सवैया ॥
एकु बधू जुत ब्राहमन थो तिह या जगु बीच बडो दुखु पायो ॥
दुखित ह्वै इक दिवस कहियो तिह मित्र है मो प्रभु जो जग गायो ॥
ता की त्रीया कहियो जाहु तहा सुनि मानत भयो तिह मूंड मुडायो ॥
तंदुल लै दिज दारदी हाथि सु दुआरवती हू की ओरि सिधायो ॥२४०५॥
दिजु बाच ॥
सवैया ॥
हउ अरु स्याम संदीपन के ग्रहि बीच पड़े हित है अति ही करि ॥
हउ चित मै धरि स्याम रहिओ रहै ह्वै है सु स्यामहि मो चित मै धरि ॥
दै धन पाइ घनो घरि मै कछु दीनन देत न नैकु क्रिपा करि ॥
ईस लहै किधो मोहि निहार कै कैसी क्रिपा करि है हम पै हरि ॥२४०६॥
मारग नाख कै बिप्र जबै ग्रिहि स्री जदुबीर के भीतर आयो ॥
स्री ब्रिजनाथ निहारत ताहि सु बिप्र सुदामा इहै ठहरायो ॥
आसन ते उठि आतुर हुइ अति प्रीति बढाइ कै लैबे कउ धायो ॥
पाइ परिओ तिह को हरि जी फिरि स्याम भनै उठि कंठि लगायो ॥२४०७॥
लै तिह मंदिर माहि गयो तिह को अति ही करि आदरु कीनो ॥
बारि मंगाइ तही दिज को दोऊ पाइन ध्वै चरनाम्रित लीनो ॥
झौपरी ते तिह ठा हरि जू सुभ कंचन को पुनि मंदरि कीनो ॥
तउ न सकिओ सु बिदा करि बिपहि स्याम भनै तिह रंच न दीनो ॥२४०८॥

दोहरा ॥

जब दिज के ग्रिहि पड़त तब मो सो हुतो गरोह ॥
अब लालच बसि हरि भए कछू न दीनो मोह ॥२४०९॥
कबियो बाच ॥
सवैया ॥
जो ब्रिजनाथ की सेवा करै पुनि पावत है बहुतो धन सोऊ ॥
लोग कहा तिह भेदहि पावत आपनी जानत है पुनि ओऊ ॥
साधन के बरता हरता दुख बैरन के सु बड़े घर खोऊ ॥
दीनन के जग पालबे काज गरीब निवाज न दूसर कोऊ ॥२४१०॥
सो सिसुपाल हनियो छिन मै जिह सो कोऊ अउर न मान धरै ॥
अरु दंत बकत्र हनियो जम लोक ते जो कबहूं न रती कु डरै ॥
रिस सो भूमासुर जीति लयो जोऊ इंद्र से बीर न संग अरै ॥
अब कंचन धाम कीयो दिज को ब्रिजनाथ बिना ऐसी कउन करै ॥२४११॥
जा मधु कीटभ को बध कै भू इंद्र दई करि कै करुनाई ॥
अउर जिती इह सामुहे सत्रन सैन गई सभ याहि खपाई ॥
जाहि बिभीछन राज दयो अरु रावन मार कै लंक लुटाई ॥
कंचन को तिह धाम दयो कबि स्याम कहै कहै कउन बडाई ॥२४१२॥
बिसनपद धनासरी ॥
जिह म्रिग राखै नैन बनाइ ॥
अंजन रेख स्याम पर अटकत सुंदर फाध चड़ाइ ॥

म्रिग मन हेरि जिने नर नारिन रहत सदा उरझाइ ॥
तिन के ऊपरि अपनी रुचि सिउ रीझि स्याम बलि जाइ ॥२४१३॥
हरि के नैना जलज ठए ॥
दिपत जोति दिन मनि दुति मुख ते कबहूं न मुंदित भए ॥
तिन कउ देखि जनन द्रिग पुतरी लगी सु भाव भए ॥
जनु पराग कमलन की ऊपर भ्रमर कोटि भ्रमए ॥२४१४॥
इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे दिज सुदामा को दारिद दूर करत कंचन धाम कर देत भए ॥

अथ कान्रह जू सूरज ग्रहिण के दिन कुरखेत्र गवनि कथनं ॥

सवैया ॥
जउ रवि के ग्रसबे हू को दिवस लगिओ कहि जोतिकी यौ तु सुनायो ॥
कान्रह की मात बिमात अरु भ्रात चलै कुरुखेत्रि इहै ठहरायो ॥
तात चलियो ब्रिजनाथ को लै संगि भातिन भाति को सैन बनायो ॥
जो कोऊ अंतु चहै तिह को तिन को कछू आवत अंतु न पायो ॥२४१५॥
इत ते ब्रिज नाइक आवत भे उत नंद ते आदि सभै तह आए ॥
चंद्रभगा ब्रिखभान सुता सभ गुआरिनि स्याम जबै दरसाए ॥
रूप निहारि रही चकि कै जकि गी कछु बैन कहिओ नही जाए ॥
नंद जसोमत मोह बढाइ कै कान्रह जू के उर मै लपटाए ॥२४१६॥
नंद जसोमति प्रेम बढाइ कै नैनन ते दुहू नीर बहायो ॥
ऐसे कहिओ ब्रिज कउ तुम तिआगि गए मथुरा जीअ ऐसो ही भायो ॥
का भयो जो तुम मारि चंडूर प्रहारि कै संगहि कंसहि घायो ॥
हउ निरमोह निहार दसा हमरी तुमरे मन मोह न आयो ॥२४१७॥
जसोधा बाच कान्रह जू सो ॥
सवैया ॥
प्रीति बढाइ जसोमति यौ ब्रिजभूखन सो इक बैन उचारो ॥
पाल कीए जब पूत बडे तुम देखियो तबै हम हेत तुहारो ॥
तो कह दोस लगाउ हउ किउ हरि है सभ फुनि दोस हमारो ॥
ऊखल सो तुहि बाध कै मारियो है जानत हो सोऊ बैर चितारो ॥२४१८॥
माइ ह्वै बात कहो तुम सौ सु तो मो बतीआ सुनि साच पतीजै ॥
अउरन की सिख लै तब जिउ तैसो काज करो जिनि यौ सुनि लीजै ॥
नैक बिछोह भए तुमरे मरीऐ तुमरे पल हेरत जीजै ॥
बाल बलाइ लिउ हउ बहुरो ब्रिज को ब्रिजभूखन भूखित कीजै ॥२४१९॥

दोहरा ॥

नंद जसोदहि क्रिसन मिलि अति चित मै सुख पाइ ॥
सभै गोपिका जहि हुती तह ही पहुचे जाइ ॥२४२०॥
सवैया ॥
स्री ब्रिजनाथह को जब ही लखि कै तिह ग्वारनि आगम पायो ॥
आगे ही एक चली उठ कै नहि एकन के उरि आनंद मायो ॥
भेख मलीन जे गुआरि हुती तिन भेख नवीन सजे कबि गायो ॥
मानहु म्रितक जाग उठियो तिन के तन मै बहुरो जीअ आयो ॥२४२१॥
ग्वारिनि बाच ॥
सवैया ॥
यौ इक भाखत है मुख ते मिलि ग्वारिनि स्री ब्रिजनाथ चितै कै ॥
जिउ अक्रूर के संग गए चड़ि स्यंदन नाथ हुलास बढै कै ॥
दूर हुलास कीयो ब्रिज ते कछु गुआरिनि की करुना नहि कै कै ॥
एक कहै इह भाति सखी मुख जोवत एक रही चुप ह्वै कै ॥२४२२॥
स्री ब्रिजनाथ गयो मथुरा कछु चित बिखै सखी हेत न धारियो ॥
नैक न मोह कीयो चित मै निरमोह ही आपन चित बिचारियो ॥

यौ ब्रिज नाइक ग्वारि तजी जसु ता छबि को कबि स्याम उचारियो ॥
आपुनी चउपहि ते अपुनी मानो कुंजहि तिआग भुजंग सिधारियो ॥२४२३॥
चंद्रभगा ब्रिखभानु सुता ब्रिज नाइक कउ इह भाति सुनाई ॥
स्री ब्रिजनाथ गए मथुरा तजि कै ब्रिज प्रीति सभै बिसराई ॥
राधिका जा बिधि मान कीयो हरि तैसे ही मान कीयो जीअ आई ॥
ता दिन के बिछुरे बिछुरे सु दई हम कउ अब आनि दिखाई ॥२४२४॥
एक मिली कहि यौ बतीया जु हुती ब्रिजभूखन कउ अति पिआरी ॥
चंद्रभगा ब्रिखभानु सुता जु धरे तन बीच कुसुंभन सारी ॥
केल कथा दई छोरि रही चकि चित्रह की पुतरी सी सवारी ॥
स्याम भनै ब्रिजनाथ तबै सब ग्वारिन गिआन ही मै करि डारी ॥२४२५॥
बिसनपद धनासरी ॥
सुनि पाई ब्रिजबाला मोहन आए है कुरुखेति ॥
दरसन देखि सभै दुख बिसरे बेद कहत जिह नेति ॥
तन मन अटकिओ चरन कवल सो धन निवछावरि देत ॥
क्रिसन इकाति कीयो तिह ही छिन कहियो गिआन सिखि लेहु ॥
मिल बिछुरन दोऊ इह जग मै मिथिआ तनु असनेहु ॥२४२६॥
सवैया ॥
ब्रिज नाइक ठाढि भए उठ कै सभ गुआरनि कउ ऐसे गिआन द्रिड़ाए ॥
नंद जसोमति पंडु के पुत्रन संगि मिले अति हेतु बढाए ॥
कैरव आए हुते जितने सभ आपने आपने धामि सिधाए ॥
स्याम भनै बहुरो ब्रिजनाइक दुआरवती हू के भीतर आए ॥२४२७॥

दोहरा ॥

जगि तहा कर कै चलियो स्याम भनै बसुदेव ॥
जिह को सुत चउदह भवन सभ देवन को भेव ॥२४२८॥

चौपई ॥

चलियो स्याम जू प्रेम बढाई ॥
पूजियो चरन पिता के जाई ॥
तात जबै लखि आवत पाए ॥
त्रिभवन के करता ठहराए ॥२४२९॥
बहु बिधि हरि की उसतति करी ॥
मूरति हरि की चित मै धरी ॥
आपनो प्रभु लखि पूजा कीनी ॥
स्री जदुबीर जान सभ लीनी ॥२४३०॥

◀ *इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे कुरखेत्र बिखै जगि करकै ग्वारिन कउ गिआन द्रिड़ाइ द्वारवती जात भए धिआइ समापतं ॥*

अथ देवकी के छठही पुत्र बलि लोक ते लिआइ देनि कथनं ॥

सवैया ॥
स्री ब्रिजनाइक पै तब ही कबि स्याम कहै चलि देवकी आई ॥
चउदह लोकन के करता तुम सति इहै मन मै ठहराई ॥
हो मधु कीटभ के करता बध ऐसे करी हरि जानि बडाई ॥
पुत्र जिते हमरै हने कंस सोऊ हम कउ तुम देहु मंगाई ॥२४३१॥
आनि दीए बलि लोक ते बालक माइ के बैन जबै सुनि पाए ॥
देवकी बालक जानि तिनै कबि स्याम कहै उठि कंठि लगाए ॥

जनमन की सुधि भी तिन के हम बामन है इह बैन सुनाए ॥
मात पिता हू के देखत ही तेऊ ब्रहम के लोक की ओरि सिधाए ॥२४३२॥

अथ सुभद्रा को ब्याह कथनं ॥

चौपई ॥

तीरथ करन पारथ तब धायो ॥
दुआरवती जदुपति दरसायो ॥
अउर सुभद्रा रूप निहारियो ॥
चित को सोक दूरि करि डारियो ॥२४३३॥
या को बरो इहै चित आयो ॥
उह को उतै चित ललचायो ॥
जदुपति बात सभै इह जानी ॥
बरिओ चहत अरजुन अभिमानी ॥२४३४॥

दोहरा ॥

पारथ निकटि बुलाइ कै कही क्रिसन समझाइ ॥
तुम सु सुभद्रा को हरो हउ नहि लरि हो आइ ॥२४३५॥

चौपई ॥

तब अरजुन सोई फुनि करिओ ॥
पूजन जात सुभद्रा हरिओ ॥
जादव सभै कोप तब भरे ॥
स्री जदुपति पै आइ पुकरे ॥२४३६॥
सवैया ॥
स्री ब्रिजराज तबै तिन सो कबि स्याम कहै इह भाति सुनाई ॥
बीर बडे तुम हू हो कहावत जाइ मंडो तिह संगि लराई ॥
पारथ सो रन माडन काज चले तुमरी म्रित ही निजकाई ॥
किउ न चलो तुम मै तब तै तजिओ आहव स्याम इहै ठहिराई ॥२४३७॥

चौपई ॥

तब जोधा जदुपति के धाए ॥
पारथ कउ ए बैन सुनाए ॥
सुन रे अरजुन तो ते डरि है ॥
महा पतित तेरो बधि करि है ॥२४३८॥

दोहरा ॥

पंडु पुत्र जानी इहै मारत जादव मोर ॥
जीअ आतुर होइ स्याम कहि चलियो दुआरका ओरि ॥२४३९॥
सवैया ॥
सूक गयो मुख पारथ को मुसलीधरि जीत जबै ग्रिहि आयो ॥
स्री ब्रिजनाथ समोध कीओ अरे पारथ किउ चित मै डर पायो ॥
ब्याह सुभद्रा को कीन तबै जब ही मुसलीधरि कउ समझायो ॥
दाज दयो जिह पार न पइयत लै तिह अरजुन धामि सिधायो ॥२४४०॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे क्रिसनावतारे पारथ सुभद्रा कउ हर के ब्याह करि लयावत भए धिआइ समापतं ॥*

अथ मिथलापुर राजे अरु ब्राहमन का प्रसंगु अरु भसमागद दैत को छल के मार रुद्र कौ छडावत भए ॥

दोहरा ॥

मिथल देस को भूप इक अतिहुलास तिह नाम ॥
जदुपति की पूजा करै निसि दिन आठो जाम ॥२४४१॥
मत के दिज इक थो तहा बिनु हरि नाम न लेइ ॥
जो हरि की बातै करै ताही मै चित देइ ॥२४४२॥
सवैया ॥
भूपति जाइ दिजोतम के ग्रिहि हेरहि स्री ब्रिजनाथ बिचारै ॥
अउर कछू नहि बात करै कबि स्याम कहै दोऊ साझ सवारै ॥
बिप्र कहै घनि स्याम ही आइ है स्याम ही आइ है भूप उचारै ॥
स्री ब्रिज नाइक की चरचा संग सास घरी पुनि जामन टारै ॥२४४३॥
भूप दिजोतम की अति ही हरि जू मन मै जब प्रीति बिचारी ॥
मेरे है धिआन के बीच परे इह अउर कथा ग्रिह की जु बिसारी ॥
दारुक कउ कहि स्यंदन पै जु करी प्रभ जी तिह ओरि सवारी ॥
साधन जाइ सनाथ करो अब स्री ब्रिजनाथ इहै जीअ धारी ॥२४४४॥

चौपई ॥

तब जदुपति दुइ रूप बनायो ॥
इक दिज कै इक न्रिप के आयो ॥
दिज न्रिप अति सेवा तिह करी ॥
चित की सभ चिंता परहरी ॥२४४५॥

दोहरा ॥

चार मास हरि जू तहा रहे बहुतु सुख पाइ ॥
बहुरु आपुने ग्रिह गए जस की बंब बजाइ ॥२४४६॥
इक कहि गे दिज भूप कउ ब्रिजपति करि इस नेहु ॥
बेद चारि जिउ मुहि जपै तिउ मुहि जपु सुनि लेहु ॥२४४७॥

◄ *इति स्री दसम सिकंध पुराणे बचित्र नाटके ग्रंथे क्रिसनावतारे कान्रह जू राजा तथा दिज को दरसन दे करि ग्रिह को जात भए धिआइ समापतं ॥*

अथ राजा परीछित जी तथा सुकदेव परसपर बाच ॥

सवैया ॥
का बिधि गावत है गुन बेद सुनो तुम ते सुक इउ जीय आई ॥
तिआगि सभै फुनि धाम के लालच स्याम भनै प्रभ की जसताई ॥
इउ गुन गावत बेद सुनो तुम रंग न रूप लखियो कछू जाई ॥
इउ सुक बैन कहै न्रिप सो न्रिप साच रिदे अपुने ठहराई ॥२४४८॥
रंग न रेख अभेख सदा प्रभ अंत न आवत है जु बतइयै ॥
चउदहू लोकन मै जिह को दिनि रैनि सदा जसु केवल गइयै ॥
गिआन बिखै अरु धिआन बिखै इसनान बिखै रस मै चित कइयै ॥
बेद जपै जिह को तिह जाप सदा करीयै न्रिप यौ सुनि लइयै ॥२४४९॥
जाहि की देह सदा गुन गावत स्याम जू के रस के संग भीनी ॥
ताहि पिता हमरे संग बात कही तिह ते हम हू सुनि लीनी ॥
जाप जपै सभ ही हरि को सु जपै नहि है जिह की मति हीनी ॥
ताहि सदा रुचि सो जपीऐ न्रिप को सुकदेव इहै मति दीनी ॥२४५०॥

कसट कीए जो न आवत है करि सीस जटा धरे हाथि न आवै ॥
बिदिआ पड़े न कड़े तप सो अरु जो द्रिग मूंद कोऊ गुन गावै ॥
बीन बजाइ सु न्रित दिखाइ बताइ भले हरि लोक रिझावै ॥
प्रेम बिना कर मो नही आवत ब्रहम हू सो जिह भेद न पावै ॥२४५१॥
खोज रहे रवि से ससि से तिह को तिह को कछु अंत न आयो ॥
रुद्र के पार न पइयत जाहि के बेद सकै नहि भेद बतायो ॥
नारद तूंबर लै करि बीन भले बिधि सो हरि को गुन गायो ॥
स्याम भनै बिनु प्रेम कीए ब्रिज नाइक सो ब्रिज नाइक पायो ॥२४५२॥

दोहरा ॥

जब न्रिप सो सुक यौ कहियो तब न्रिप सुक के साथ ॥
हरि जन दुखी सुखी सु सिव रहै सु कहु मुहि गाथ ॥२४५३॥

चौपई ॥

जब सुक सो या बिध कहियो ॥
दीबो तब सुक उतर चहियो ॥
इहै जुधिसटर कै जीअ आयो ॥
कढत क्रिपाण बाहंत धोप ॥
लुझंत सूर जुझंत अपार ॥
जण सेतबंध दिखीअत पहार ॥४२१॥
कटंत अंग भभकंत घाव ॥
सिझंत सूर जुझंत चाव ॥
निरखंत सिध चारण अनंत ॥
उचरंत क्रित जोधन बिअंत ॥४२२॥
नाचंत आप ईसर कराल ॥
बाजंत डउरु भैकरि बिसाल ॥
पोअंत माल काली कपाल ॥
चल चित चख छाडंत ज्वाल ॥४२३॥

रसावल छंद ॥

बजे घोर बाजे ॥
धुणं मेघ लाजे ॥
खहे खेत खत्री ॥
तजे ताणि पत्री ॥४२४॥
गिरै अंग भंगं ॥
नचे जंग रंगं ॥
खुले खग खूनी ॥
चड़े चउप दूनी ॥४२५॥
भयो घोर जुधं ॥
इती काहि सुधं ॥
जिणिओ काल रूपं ॥

भजे सरब भूपं ॥४२६॥
सबै सैण भाजा ॥
फिर्यो आप राजा ॥
ठट्र्यो आणि जुधं ॥
भइओ नाद उधं ॥४२७॥
तजे बाण ऐसे ॥
बणं पत्र जैसे ॥
जलं मेघ धारा ॥
नभं जाणु तारा ॥४२८॥
कर अंसुमाली ॥
सरं सत्रु साली ॥
चहूं ओरि छूटे ॥
महा जोध जूटे ॥४२९॥
चले कीटका से ॥
बढे टिडका से ॥
कनं सिंधु रेतं ॥
तनं रोम तेतं ॥४३०॥
छुटे स्वरण पुखी ॥
सुधं सार मुखी ॥
कलं कंक पत्री ॥
तजे जाणु छत्री ॥४३१॥
गिरै रेत खेतं ॥
नचै भूत प्रेतं ॥
करै चित्र चारं ॥
तजै बाण धारं ॥४३२॥
लहै जोध जोधं ॥
करै घाइ क्रोधं ॥
खहै खग खगै ॥
उठै झाल अगै ॥४३३॥
नचे पखराले ॥
चले बाल आले ॥
हसे प्रेत नाचै ॥
रणं रंगि राचै ॥४३४॥
नचे पारबतीसं ॥
मंडिओ जुध ईसं ॥
दसं दिउस कुधं ॥
भयो घोर जुधं ॥४३५॥
पुनर बीर त्याग्रयो ॥
पगं द्वैकु भाग्यो ॥
फिर्यो फेरि ऐसे ॥
क्रोधी साप जैसे ॥४३६॥
पुनर जुध मंडिओ ॥
सरं ओघ छंडिओ ॥
तजै बीर बाणं ॥
म्रितं आइ त्राणं ॥४३७॥
सभै सिध देखै ॥
कलंक्रित लेखै ॥
धनं धंनि जंपै ॥
लखै भीर कंपै ॥४३८॥

नराज छंद ॥

आनि आनि सूरमा संधानि बान धावहीं ॥
रूझि जूझ कै मरै सु देव नारि पावहीं ॥
सु रीझि रीझि अछरा अलछ सूरणो बरैं ॥
प्रबीन बीनि बीन कै सुधीन पानि कै धरैं ॥४३९॥
सनध बध अध ह्वै बिरुधि सूर धावहीं ॥
सु क्रोध साग तीछणं कि ताकि सत्रु लावहीं ॥
सु जूझि जूझ कै गिरै अलूझ लूझ कै हठीं ॥
अबूझ ओरि धावही बनाइ सैन एकठीं ॥४४०॥

संगीत भुजंग प्रयात छंद ॥

कागड़दं कोपा रागड़दं राजा ॥
घागड़दं घोरे बागड़दं बाजा ॥
फागड़दं फीलं छागड़दं छूटे ॥
सागड़दं सूरं जागड़दं जूटे ॥४४१॥
बागड़दं बाजे नागड़दं नगारे ॥
जागड़दं जोधा मागड़दं मारे ॥
डागड़दं डिगे खागड़दं खूनी ॥
चागड़दं चउपै दागड़दं दूनी ॥४४२॥
हागड़दं हसे सागड़दं सिधं ॥
भागड़दं भाजे बागड़दं ब्रिधं ॥
छागड़दं छुटे तागड़दं तीरं ॥
जागड़दं जुटे बागड़दं बीरं ॥४४३॥
कागड़दं कुहके बागड़दं बाणं ॥
फागड़दं फरके नागड़दं निसाणं ॥
बागड़दं बाजी भागड़दं भेरी ॥
सागड़दं सैणं फागड़दं फेरी ॥४४४॥
भागड़दं भीरं कागड़दं कंपै ॥
मागड़दं मारे जागड़दं जंपै ॥
छागड़दं छप्रं भागड़दं भाजे ॥
चागड़दं चितं लागड़दं लाजे ॥४४५॥
छागड़दं छोरिओ रागड़दं राजं ॥
सागड़दं सैणं भागड़दं भाजा ॥
छागड़दं छूटे बागड़दं बाणं ॥
रागड़दं रोकी दागड़दं दिसाणं ॥४४६॥
मागड़दं मारे बागड़दं बाणं ॥
टागड़दं टूटे तागड़दं ताणं ॥
लागड़दं लागे दागड़दं दाहे ॥
डागड़दं डारे बागड़दं बाहे ॥४४७॥
बागड़दं बरखे फागड़दं फूलं ॥
मागड़दं मिटिओ सागड़दं सूलं ॥
मागड़दं मारिओ भागड़दं भूपं ॥
कागड़दं कोपे रागड़दं रूपं ॥४४८॥
जागड़दं जंपै पागड़दं पानं ॥
दागड़दं देवं आगड़दं आनं ॥
सागड़दं सिधं कागड़दं क्रित ॥
बागड़दं बनाए कागड़दं कबितं ॥४४९॥
रागड़दं गावै कागड़दं कबितं ॥
धागड़दं धावै बागड़दं बित्रं ॥

हागड़दं होही जागड़दं जात्रा ॥
नागड़दं नाचै पागड़दं पात्रा ॥४५०॥

पाधरी छंद ॥

संभर नरेस मारिओ निदान ॥
ढोलं मिदंग बजे प्रमान ॥
भाजे सुबीर तजि जुध त्रासि ॥
तजि ससत्र सरब ह्वै चिति निरास ॥४५१॥
बरखंत देव पुहपण ब्रिसट ॥
होवंत जग जह तह सु इसट ॥
पूजंत लाग देवी कराल ॥
होवंत सिध कारज सु ढाल ॥४५२॥
पावंत दान जाचक दुरंत ॥
भाखंत क्रित जह तह बिअंत ॥
जग धूप दीप जगि आदि दान ॥
होवंत होम बेदन बिधान ॥४५३॥
पूजंत लाग देबी दुरंत ॥
तजि सरब काम जह तह महंत ॥
बाधी धुजान परमं प्रचंड ॥
प्रचुरिओ सु धरम खंडे अखंड ॥४५४॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे कलकी अवतार संभर नरेस बधह बिजय भएत नाम प्रथम धिआइ बरननं समापतं सतु सुभम सतु ॥1॥*

अथ देसंतर जुध कथनं ॥

रसावल छंद ॥

हण्यो संभरेसं ॥
चतुर चारु देसं ॥
चली धरम चरचा ॥
करै काल अरचा ॥४५५॥
जितिओ देस ऐसे ॥
चड़िओ कोप कैसे ॥
बुलिओ सरब सैणं ॥
करे रकत नैणं ॥४५६॥
दई जीत बंबं ॥
गडिओ जुध खंभं ॥
चमूं चउपि चाली ॥
थिरा सरब हाली ॥४५७॥
उठी कंपि ऐसे ॥
नदं नाव जैसे ॥
चड़े चउप सूरं ॥
रहिओ धूर पूरं ॥४५८॥
छुभे छत्रधारी ॥
अणी जोड़ि भारी ॥
चले कोपि ऐसे ॥
ब्रितं इंद्र जैसे ॥४५९॥
सुभै सरब सैणं ॥

कथै कौण बैणं ॥
चली साजि साजा ॥
बजै जीत बाजा ॥४६०॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

जिणे गखरी पखरी खगधारी ॥
हणे पखरी भखरी औ कंधारी ॥
गुरजिसतान गाजी रजी रोहि रूमी ॥
हणे सूर बंके गिरे झूमि भूमी ॥४६१॥
हणे काबुली बाबली बीर बाके ॥
कंधारी हरेवी इराकी निसाके ॥
बली बालखी रोहि रूमी रजीले ॥
भजे त्रास कै कै भए बंद ढीले ॥४६२॥
तजे असत्र ससत्रं सजे नारि भेसं ॥
लजै बीर धीरं चले छाडि देसं ॥
गजी बाजि गाजी रथी राज हीणं ॥
तजै बीर धीरं भए अंग छीणं ॥४६३॥
भजे हाबसी हालबी कउक बंद्री ॥
चले बरबरी अरमनी छाडि तंद्री ॥
खुलिओ खग खूनी तहा एक गाजी ॥
दुहूं सैण मधं नचिओ जाइ ताजी ॥४६४॥
लखिओ जुध जंगी महा जंग करता ॥
छुभिओ छत्रधारी रणं छत्रि हरता ॥
दुरं दुरदगामी दलं जुध जेता ॥
छुभे छत्रि हंता जयं जुध हेता ॥४६५॥
महा क्रोध कै बाण छडे अपारं ॥
कटे टटरं फउज फुटी न्रिपारं ॥
गिरी लुथ जुथं मिले हथ बथं ॥
गिरे अंग भंगं रणं मुख जुथं ॥४६६॥
करै केल कंकी किलकैत काली ॥
तजै ज्वाल माला महा जोति ज्वाली ॥
हसै भूत प्रेतं तुटै तथि तालं ॥
फिरै गउर दौरी पुऐ रुंड मालं ॥४६७॥

रसावल छंद ॥

करै जुध क्रुधं ॥
तजै बाण सुधं ॥
बकै मारु मारं ॥
तजै बाण धारं ॥४६८॥
गिरे अंग भंगं ॥
नचे जंग रंगं ॥
दिवं देव देखै ॥
धनं धनि लेखै ॥४६९॥

असता छंद ॥

असि लै कलकी करि कोपि भरिओ ॥
रण रंग सुरंग बिखै बिचरिओ ॥
गहि पान क्रिपाण बिखे न डरिओ ॥
रिस सो रण चित्र बचित्र करिओ ॥४७०॥

करि हाकि हथियार अनेक धरै ॥
रण रंगि हठी करि कोप परै ॥
गहि पानि क्रिपान निदान भिरे ॥
रणि जूझि मरे फिरि ते न फिरे ॥४७१॥
उमडी जनु घोर घमंड घटा ॥
चमकंत क्रिपाण सु बिजु छटा ॥
दल बैरन को पग द्वै न फटा ॥
रुप कै रण मो फिरि आनि जुटा ॥४७२॥
करि कोप फिरे रण रंगि हठी ॥
तप कै जिमि पावक ज्वाल भठी ॥
प्रतिना पति कै प्रतिना इकठी ॥
रिस कै रण मो रुपि सैण जुटी ॥४७३॥
तरवार अपार हजार लसै ॥
हरि जिउ अरि कै प्रतिअंग डसै ॥
रत डूबि समै रणि ऐस हसै ॥
जनु बिजुल जुआल कराल कसै ॥४७४॥

विधूप नराज छंद ॥

खिमंत तेग ऐस कै ॥
जुलंत ज्वाल जैस कै ॥
हसंत जेमि कामिणं ॥
खिमंत जाणु दामिणं ॥४७५॥
बहंत दाइ घाइणं ॥
चलंत चित्र चाइणं ॥
गिरंत अंग भंग इउ ॥
बने सु ज्वाल जाल जिउ ॥४७६॥
हसंत खेति खपरी ॥
भकंत भूत भै धरी ॥
खिमंत जेमि दामिणी ॥
नचंत हेरि कामिणी ॥४७७॥
हहंक भैरवी सुरी ॥
कहंक साध सिधरी ॥
छलंक छिछ इछणी ॥
बहंत तेग तिछणी ॥४७८॥
गणंत गूड़ गंभरी ॥
सुभंत सिप सौ भरी ॥
चलंति चित्र चापणी ॥
जपंत जापु जापणी ॥४७९॥
पुअंत सीस ईसणी ॥
हसंत हार सीसणी ॥
करंत प्रेत निसनं ॥
अगंमगंम भिउ रणं ॥४८०॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

जबै जंग जंगी रचिओ जंग जोरं ॥
हने बीर बंके तमं जाणु भोरं ॥
तबै कोपि गरजिओ कलकी अवतारं ॥
सजे सरब ससत्रं धसिओ लोह धारं ॥४८१॥
जया सबद उठे रहे लोग पूरं ॥

खुरं खेह उठी छुही जाइ सूरं ॥
छुटे स्वरनपंखी भयो अंधकारं ॥
अंधाधुंद मची उठी ससत्र झारं ॥४८२॥
हणिओ जोर जंगं तजिओ सरब सैणं ॥
त्रिणं दंत थाभै बकै दीन बैणं ॥
मिले दै अकोरं निहोरंत राजं ॥
भजे गरब सरबं तजे राज साजं ॥४८३॥
कटे कासमीरी हठे कसटवारी ॥
कुपे कासकारी बडे छत्रधारी ॥
बली बंगसी गोरबंदी ग्रदेजी ॥
महा मूड़ माजिंद्रानी मजेजी ॥४८४॥
हणे रूसि तूसी क्रिती चित्र जोधी ॥
हठे पारसी यद खूबा सक्रोधी ॥
बुरे बागदादी सिपाहा कंधारी ॥
कुली कालमाछा छुभे छत्रधारी ॥४८५॥
छुटे बाण गोलं उठे अग नालं ॥
घुरे जाण स्यामं घटा जिमि ज्वालं ॥
नचे ईस सीसं पुऐ रुंड मालं ॥
जुझे बीर धीरं बरै बीनि बालं ॥४८६॥
गिरै अंग भंगं भ्रमं रुंड मुंडं ॥
गजी बाज गाजी गिरै बीर झुंडं ॥
इकं हाक हंकैति धरकैत सूरं ॥
उठे तछ मुछं भई लोह पूरं ॥४८७॥

रसावल छंद ॥

अरे जे सु मारे ॥
मिले ते जु हारे ॥
लए सरब संगं ॥
रसे रीझ रंगं ॥४८८॥
दइओ दान एतो ॥
कथै कबि केतो ॥
रिझे सरब राजा ॥
बजे बंब बाजा ॥४८९॥
खुरासान जीता ॥
सबहूं संग लीता ॥
दइओ आप मंत्रं ॥
भले अउर जंत्रं ॥४९०॥
चलिओ दे नगारा ॥
मिलिओ सैन भारा ॥
क्रिपाणी निखंगं ॥
सक्रोधी भड़ंगं ॥४९१॥

तोटक छंद ॥

भूअ कंपत जंपत सेस फणं ॥
घहरंत सु घुंघर घोर रणं ॥
सर तजत गजत क्रोध जुधं ॥
मुख मार उचारि जुझार क्रुधं ॥४९२॥
ब्रिन झलत घलत घाइ घणं ॥
कड़कुट सु पखर बखतरणं ॥

गण गिध सु ब्रिध रडंत नभं ॥
किलकारत डाकिण उच सुभं ॥४९३॥
गणि हूर सु पूर फिरी गगनं ॥
अविलोकि सबाहि लगी सरणं ॥
मुख भावत गावत गीत सुरी ॥
गण पूर सु पखर हूर फिरी ॥४९४॥
भट पेखत पोअत हार हरी ॥
हहरावत हास फिरी पखरी ॥
दल गाहत बाहत बीर ब्रिणं ॥
प्रण पूर सु पछिम जीत रणं ॥४९५॥

दोहरा ॥

जीति सरब पछिम दिसा दछन कीन पिआन ॥
जिमि जिमि जुध तहा परा तिमि तिमि करो बखान ॥४९६॥

तोटक छंद ॥

रणि जंपत जुगिण जूह जयं ॥
कलि कंपत भीरु अभीर भयं ॥
हड़ हसत हसत हास म्रिड़ा ॥
डल डोलस संकत सेस थिरा ॥४९७॥
दिव देखत लेखत धंनि धनं ॥
किलकंत कपालयि क्रूर प्रभं ॥
ब्रिण बरखत परखत बीर रणं ॥
हय घलत झलत जोध जुधं ॥४९८॥
किलकंत कपालिन सिंघ चड़ी ॥
चमकंत क्रिपाण प्रभानि मड़ी ॥
गणि हूर सु पूरत धूरि रणं ॥
अविलोकत देव अदेव गणं ॥४९९॥
रणि भरमत क्रूर कबंध प्रभा ॥
अविलोकत रीझत देव सभा ॥
गणि हूरन ब्रयाहत पूर रणं ॥
रथ थंभत भानु बिलोक भटं ॥५००॥
ढढि ढोलक झाझ म्रिदंग मुखं ॥
डफ ताल पखावज नाइ सुरं ॥
सुर संख नफीरीय भेरि भकं ॥
उठि निरतत भूत परेत गणं ॥५०१॥
दिस पछम जीति अभीत न्रिपं ॥
कुपि कीन पयान सु दछणिणं ॥
अरि भजीय तजीय देस दिसं ॥
रण गजीअ केतक एसुरिणं ॥५०२॥
न्रित न्रितत भूत बिताल बली ॥
गज गजत बजत दीह दली ॥
हय हिंसत चिंसत गूड़ गजी ॥
असि लसत रसत तेग जगी ॥५०३॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

हने पछमी दीह दानो दिवाने ॥
दिसा दछनी आनि बाजे निसाने ॥
हने बीर बीजापुरी गोलकुंडी ॥

गिरे तछ मुछं नची रुंड मुंडी ॥५०४॥
सबै सेतुबंधी सुधी बंद्र बासी ॥
मंडे मछबंद्री हठी जुध रासी ॥
द्रही द्रावड़े तेज ताते तिलंगी ॥
हते सूरती जंग भंगी फिरंगी ॥५०५॥
चपे चाद राजा चले चाद बासी ॥
बडे बीर बईदरभि संरोस रासी ॥
जिते दछनी संग लिने सुधारं ॥
दिसा प्राचियं कोपि कीनो सवारं ॥५०६॥

◄ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे कलकी अवतार दछन जै बिजय नाम दूजा धिआय समापतं ॥2॥*

पाधरी छंद ॥

पछमहि जीति दछन उजारि ॥
कोपिओ कछूकु कलकी वतार ॥
कीनो पयाण पूरब दिसाण ॥
बजीअ जैत पत्रं निसाण ॥५०७॥
मागधि महीप मंडे महान ॥
दस चार चारु बिदिया निधान ॥
बंगी कलिंग अंगी अजीत ॥
मोरंग अगोर नयपाल अभीत ॥५०८॥
छजादि करण इकाद पाव ॥
मारे महीप कर कै उपाव ॥
खंडे अखंड जोधा दुरंत ॥
लिनो छिनाइ पूरबु परंत ॥५०९॥
दिनो निकार राछस द्रुबुध ॥
किनो पयान उतर सुक्रुध ॥
मंडे महीप मावास थान ॥
खंडे अखंड खूनी खुरान ॥५१०॥

◄ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे कलकी वतार पूरब जीत बिजय नाम तीजा धिआय समापतं ॥3॥*

पाधरी छंद ॥

इह भाति पूरब पटन उपटि ॥
खंडे अखंड कटे अकट ॥
फटे अफट खंडे अखंड ॥
बजे निसान मचिओ घमंड ॥५११॥
जोरे सु जंग जोधा जुझार ॥
जो तजे बाण गजत लुझार ॥
भाजंत भीर भहरंत भाइ ॥
भभकंत घाइ डिगे अघाइ ॥५१२॥
साजंत साज बाजत तुफंग ॥
नाचंत भूत भैधर सुरंग ॥
बबकंत बिताल कहकंत काल ॥
डमकंत डउर मुकतंत ज्वाल ॥५१३॥
भाजंत भीर तजि बीर खेत ॥
नाचंत भूत बेताल प्रेत ॥

क्रीड़ंत ईस पोअंत कपाल ॥
निरखत बीर छकि बरत बाल ॥५१४॥
धावंत बीर बाहंत घाव ॥
नाचंत भूत गावंत चाव ॥
डमकंत डउरु नाचंत ईस ॥
रीझंत हिमद्रि अंत सीस ॥५१५॥
गंध्रभ सिध चारण प्रसिध ॥
कथंत काबि सोभंत सिध ॥
गावंत बीन बीना बजंत ॥
रीझंत देव मुनि मनि डुलंत ॥५१६॥
गुंजत गजिंद्र हैवर असंख ॥
बुलत सुबाह मारू बजंत ॥
उठंत नाद पूरत दिसाणं ॥
डुलत महोंद्र महि धर महाणं ॥५१७॥
खुलंत खेति खूनी खतंग ॥
छुटंत बाण जुटे निसंग ॥
भिदंत मरम जुझत सुबाह ॥
घुमंत गैणि अछ्री उछाह ॥५१८॥
सरखंत सेल बरखंत बाण ॥
हरखंत हूर परखंत जुआण ॥
बाजंत ढोल डउरू कराल ॥
नाचंत भूत भैरो कपालि ॥५१९॥
हरड़ंत हथ खरड़ंत खोल ॥
टिरड़ंत टीक झिरड़ंत झोल ॥
दरड़ंत दीह दानो दुरंत ॥
हरड़ंत हास हसत महंत ॥५२०॥

उतभुज छंद ॥

हहासं कपालं ॥
सु बासं छतालं ॥
प्रभासं ज्वालं ॥
अनासं करालं ॥५२१॥
महा रूप धारे ॥
दुरं दुख तारे ॥
सरंनी उधारे ॥
अघी पाप वारे ॥५२२॥
दिपै जोति ज्वाला ॥
किधौ ज्वाल माला ॥
मनो ज्वाल बाला ॥
सरूपं कराला ॥५२३॥
धरे खग पाणं ॥
तिहूं लोग माणं ॥
दयं दीह दानं ॥
भरे सउज मानं ॥५२४॥

अजंन छंद ॥

अजीते जीत जीत कै ॥
अभीरी भाजे भीर ह्वै ॥
सिधारे चीन राज पै ॥

सथोई सरब साथ कै ॥५२५॥
तमंके राजधारी कै ॥
रजीले रोहवारी कै ॥
काटीले काम रूपा कै ॥
कंबोजे कासकारी कै ॥५२६॥
ढमंके ढोल ढालो कै ॥
डमंके डंक वारो कै ॥
घमंके नेज बाजा दे ॥
तमंके तीर ताजा दे ॥५२७॥

पाधरी छंद ॥

जीते अजीत मंडे अमंड ॥
तोरे अतोर खंडे अखंड ॥
भंने अभंन भजे अभजि ॥
खाने खवास मावास तजि ॥५२८॥
संकड़े सूर भंभरे भीर ॥
निरखंत जोध रीझंत हूर ॥
डारंत सीस केसर कटोरि ॥
म्रिग मद गुलाब करपूर घोरि ॥५२९॥
इह भाति जीत तीनं दिसाण ॥
बजिओ सुकोप उतर निसाण ॥
चले सु चीन माचीन देसि ॥
सामंत सुध रावली भेख ॥५३०॥
बजे बजंत्र गजे सुबाह ॥
सावंत देखि अछ्री उछाह ॥
रीझंत देव अदेव सरब ॥
गावंत गीत तज दीन गरब ॥५३१॥
सजिओ सु सैण सुणि चीन राज ॥
बजे बजंत्र सरबं समाज ॥
चले अचल सावंत जुध ॥
बरखंत बाण भर लोह क्रुध ॥५३२॥
खुले खतंग खूनी खत्रिहाण ॥
उझरे जुध जोधा महाण ॥
धुकंत ढोल घुंमंत घाइ ॥
चिकंत चावडी मासु चाइ ॥५३३॥
हसंत हास काली कराल ॥
भभकंत भूत भैरो बिसाल ॥
लागंत बाण भाखंत मास ॥
भाजंत भीर हुइ हुइ उदास ॥५३४॥

रसावल छंद ॥

चड़िओ चीन राजं ॥
सजे सरब साजं ॥
खुले खेति खूनी ॥
चड़े चौप दूनी ॥५३५॥
जुटे जोध जोधं ॥
तजै बाण क्रोधं ॥
तुटै अंग भंगं ॥
भ्रमे रंग जंगं ॥५३६॥

नचे ईस भीसं ॥
पुऐ माल सीसं ॥
करै चित्र चारं ॥
तजै बाण धारं ॥५३७॥
मंडे जोध जोधं ॥
तजे बाण क्रोधं ॥
नदी स्रोण पूरं ॥
फिरी गैण हूरं ॥५३८॥
हसै मुंड माला ॥
तजै जोग ज्वाला ॥
तजै बाण ज्वाणं ॥
ग्रसै दुसट प्राणं ॥५३९॥
गिरे घुंमि भूमी ॥
उठी धूर धूंमी ॥
सुभे रेत खेतं ॥
नचे भूत प्रेतं ॥५४०॥
मिलिओ चीन राजा ॥
भए सरब काजा ॥
लइओ संग कै कै ॥
चलिओ अग्र ह्वै कै ॥५४१॥

छपै छंद ॥

लए संग न्रिप सरब बजे बिजई दुंदभि रण ॥
सुभे सूर संग्राम निरखि रीझई अपछ्र गण ॥
छके देव आदेव जके गंधरब जछ्र बर ॥
चके भूत अरु प्रेत सरब बिदिआधर नर बर ॥
खंकड़ीय काल क्रूरा प्रभा बहु प्रकार उसतति करीय ॥
खंडन अखंड चंडी महा जय ज्रय ज्रय सबदोचरीय ॥५४२॥
भिड़िय भेड़ लड़खड़िय मेरु झड़पड़िय पत्र बण ॥
डुलिय इंदु तड़फड़ फनिंद संकुड़िय द्रवण गण ॥
चकियो गइंद धधकय चंद भंभजिग दिवाकर ॥
डुलग सुमेरु डगग कुमेर सभ सुकग साइर ॥
ततजग ध्यान तब धूरजटी सहि न भार सकग थिरा ॥
उछलग नीर पछुलग पवन सु डग डग डग कंपगु धरा ॥५४३॥
चलगु बाणु रुकिग दिसाण पब्रय पिसान हूअ ॥
डिगगु बिंध उछलगु सिंधु कंपगु सुनि मुनि धूअ ॥
ब्रहम बेद तज भजगु इंद्र इंद्रासणि तजगु ॥
जदिन क्रूर कलकीवतार क्रुधत रणि गजगु ॥
उछरंत धूरि बाजन खुरीय सब अकास मगु छाइ लीअ ॥
जणु रचीय लोक करि कोप हरि असटकास खटु धरणि कीअ ॥५४४॥
चक्रित चारु चक्रवे चक्रित सिर सहंस सेस फण ॥
धकत मछ मावास छोडि रण भजग द्रवण गण ॥
भ्रमत काक कुंडलीअ गिध उधहूं ले उडीय ॥
बमत ज्वाल खंकालि लुथ हथों नही छुटीय ॥
टुटंत टोप फुटंत जिरह दसतराग पखर तुरीय ॥
भजंत भीर रिझंत मन निरखि सूर हूरैं फिरीय ॥५४५॥

माधो छंद ॥

जब कोपा कलकी अवतारा ॥

बाजत तूर होत झनकारा ॥
हा हा माधो बान कमान क्रिपान संभारे ॥
पैठे सुभट हथ्यार उघारे ॥५४६॥
लीन मचीन देस का राजा ॥
ता दिन बजे जुझाऊ बाजा ॥
हा हा माधो देस देस के छत्र छिनाए ॥
देस बिदेस तुरंग फिराए ॥५४७॥
चीन मचीन छीन जब लीना ॥
उतर देस पयाना कीना ॥
हा हा माधो कह लौ गनो उतरी राजा ॥
सभ सिरि डंक जीत का बाजा ॥५४८॥
इह बिधि जीति जीत कै राजा ॥
सभ सिरि नाद बिजै का बाजा ॥
हा हा माधो जह तह छाडि देस भजि चले ॥
जित तित दीह दनुज दल मले ॥५४९॥
कीने जग अनेक प्रकारा ॥
देसि देस के जीति न्रिपारा ॥
हा हा माधो देस बिदेस भेट लै आए ॥
संत उबारि असंत खपाए ॥५५०॥
जह तह चली धरम की बाता ॥
पापहि जात भई सुधि साता ॥
हा हा माधो कलि अवतार जीत घर आए ॥
जह तह होवन लाग बधाए ॥५५१॥
तब लो कलिजुगात नीयरायो ॥
जह तह भेद सबन सुनि पायो ॥
हा हा माधो कलकी बात तबै पहचानी ॥
सतिजुग की आगमता जानी ॥५५२॥

अनहद छंद ॥

सतिजुग आयो ॥
सभ सुनि पायो ॥
मुनि मन भायो ॥
गुन गन गायो ॥५५३॥
सब जग जानी ॥
अकथ कहानी ॥
मुनि गनि मानी ॥
किनहु न जानी ॥५५४॥
सभ जग देखा ॥
अन अन भेखा ॥
सुछबि बिसेखा ॥
सहित भिखेखा ॥५५५॥
मुनि मन मोहे ॥
फुल गुल सोहे ॥
सम छबि को है ॥
ऐसे बनिओ है ॥५५६॥

तिलोकी छंद ॥

सतिजुग आदि कलिजुग अंतह ॥
जह तह आनंद संत महंतह ॥

जह तह गावत बजावत ताली ॥
नाचत सिव जी हसत ज्वाली ॥५५७॥
बाजत डउरू राजत तंत्री ॥
रीझत राजं सीझस अत्री ॥
बाजत तूरं गावत गीता ॥
जह तह कलकी जुधन जीता ॥५५८॥

मोहन छंद ॥

अरि मारि कै रिपु टार कै न्रिप मंडली संग कै लीओ ॥
जत्र तत्र जिते तिते अति दान मान सबै दीओ ॥
सुर राज ज्यो न्रिप राज हुऐ गिर राज से भट मार कै ॥
सुख पाइ हरख बढाइकै ग्रहि आइयो जसु संग लै ॥५५९॥
अरि जीत जीत अभीत ह्वै जगि होम जग घने करे ॥
देसि देसि असेस भिछक रोग सोग सबै हरे ॥
कुर राज जिउ दिज राज के बहु भाति दारिद मार कै ॥
जगु जीति संभर को चलयो जगि जित कित बिथार कै ॥५६०॥
जग जीति बेद बिथार के जग सु अरथ अरथ चितारीअं ॥
देसि देसि बिदेस मै नव भेजि भेजि हकारीअं ॥
धर दाड़ जिउ रण गाड़ हुइ तिरलोक जीत सबै लीए ॥
बहु दान दै सनमान सेवक भेज भेज तहा दीए ॥५६१॥
खल खंडि खंडि बिहंड कै अरि दंड दंड बडो दीयो ॥
अरब खरब अदरब दरब सु जीत कै आपनो कीयो ॥
रणजीत जीत अजीत जोधन छत्र अत्र छिनाईअं ॥
सरदार बिंसति चार कलि अवतार छत्र फिराईअं ॥५६२॥

मथान छंद ॥

छाजै महा जोति ॥
भानं मनोदोति ॥
जगि संक तज दीन ॥
मिलि बंदना कीन ॥५६३॥
राजै महा रूप ॥
लाजै सबै भूप ॥
जग आन मानीसु ॥
मिलि भेट लै दीसु ॥५६४॥
सोभे महाराज ॥
अछी रहै लाज ॥
अति रीझि मधु बैन ॥
रस रंग भरे नैन ॥५६५॥
सोहत अनूपाछ ॥
काछे मनो काछ ॥
रीझै सुरी देखि ॥
रावलड़े भेखि ॥५६६॥
देखे जिनै नैकु ॥
लागै तिसै ऐख ॥
रीझै सुरी नारि ॥
देखै धरे पाਿਰ ॥५६७॥
रंगे महा रंग ॥
लाजै लखि अनंग ॥
चितगं चिरै सत्र ॥

लगै जनो अत्र ॥५६८॥
सोभे महा सोभ ॥
अछ्री रहै लोभि ॥
आंजे इसे नैन ॥
जागे मनो रैन ॥५६९॥
रूपं भरे राग ॥
सोभे सु सुहाग ॥
काछे नटं राज ॥
नाचै मनो बाज ॥५७०॥
आखैं मनो बान ॥
कैधो धरे सान ॥
जाने लगे जाहि ॥
या को कहै काहि ॥५७१॥

सुखदा ब्रिद छंद ॥

कि काछे काछ धारी हैं ॥
कि राजा अधिकारी हैं ॥
कि भाग को सुहाग हैं ॥
कि रंगो अनुराग हैं ॥५७२॥
कि छोभै छत्र धारी छै ॥
कि छत्री अत्र वारी छै ॥
कि आंजे बान बानी से ॥
कि काछी काछ कारी हैं ॥५७३॥
कि कामी काम बान से ॥
कि फूले फूल माल से ॥
कि रंगे रंग राग से ॥
कि सुंदर सुहाग से ॥५७४॥
कि नागनी के एस हैं ॥
कि म्रिगी के नरेस छै ॥
कि राजा छत्र धारी हैं ॥
कि काली के भिखारी छै ॥५७५॥
सोरठा ॥
इम कलकी अवतारि जीते जुध सबै न्रिपति ॥
कीनो राज सुधारि बीस सहस दस लछ बरख ॥५७६॥

रावणबाद छंद ॥

गही समसेर ॥
कीयो जंगि जेर ॥
दए मति फेर ॥
न लागी बेर ॥५७७॥
दयो निज मंत्र ॥
तजै सभ तंत्र ॥
लिखै निज जंत्र ॥
सु बैठि इकंत्र ॥५७८॥

बान तुरंगम छंद ॥

बिबिध रूप सोभै ॥
अनिक लोग लोभै ॥
अमित तेज ताहि ॥

निगम गनत जाहि ॥५७९ ॥
अनिक भेख ता के ॥
बिबिध रूप वा के ॥
अनूप रूप राजै ॥
बिलोकि पाप भाजै ॥५८० ॥
बिसेख प्रबल जे हुते ॥
अनूप रूप संजुते ॥
अमित अरि घावहीं ॥
जगत जसु पावहीं ॥५८१ ॥
अखंड बाहु है बली ॥
सुभंत जोति निरमली ॥
सु होम जग को करैं ॥
परम पाप को हरैं ॥५८२ ॥

तोमर छंद ॥

जग जीतिओ जब सरब ॥
तब बाढिओ अति गरब ॥
दीअ काल पुरख बिसार ॥
इह भाति कीन बिचार ॥५८३ ॥
बिनु मोहि दूसर न और ॥
असि मान्यो सब ठउर ॥
जगु जीति कीन गुलाम ॥
आपन जपायो नाम ॥५८४ ॥
जगि ऐस रीति चलाइ ॥
सिर अत्र पत्र फिराइ ॥
सब लोग आपन मान ॥
तरि आंखि अउर न आनि ॥५८५ ॥
नही काल पुरख जपंत ॥
नहि देवि जापु भणंत ॥
तब काल देव रिसाइ ॥
इक अउर पुरख बनाइ ॥५८६ ॥
रचिअसु महिदी मीर ॥
रिसवंत हाठ हमीर ॥
तिह तउन को बधु कीन ॥
पुनि आप मो कीअ लीन ॥५८७ ॥
जग जीति आपन कीन ॥
सब अंति काल अधीन ॥
इह भाति पूरन सु धारि ॥
भए चौबिसे अवतार ॥५८८ ॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे चतुर बिसति कलकी अवतार बरननं समापतं ॥*

अथ महिदी अवतार कथनं ॥

तोमर छंद ॥

इह भाति कै तिंह नासि ॥
कीअ सतिजुग प्रकास ॥

कलिजुग सरब बिहान ॥
निजु जोति जोति समान ॥१॥
महिदी भयों तब गरब ॥
जग जीतयो जब सरब ॥
सिरि अत्र पत्र फिराइ ॥
जग जेर कीन बनाइ ॥२॥
बिनु आपु जानि न और ॥
सब रूप अउ सब ठउर ॥
जिनि एक दिसटि न आन ॥
तिसु लीन काल निदान ॥३॥
बिनु एक दूसर नाहि ॥
सब रंग रूपन माहि ॥
जिनि एक को न पछान ॥
तिह ब्रिथा जनम बितान ॥४॥
बिनु एक दूज न और ॥
जल बा थले सब ठउर ॥
जिनि एक सति न जान ॥
सो जूनि जूनि भ्रमान ॥५॥
तजि एक जाना दूज ॥
मम जानि तासु न सूझ ॥
तिह दूख भूख पिआस ॥
दिन रैनि सरब उदास ॥६॥
नहिं चैन ऐन सु वाहि ॥
नित रोग होवत ताहि ॥
अति दूख भूख मरंत ॥
नही चैन दिवस बितंत ॥७॥
तन पाद कुसट चलंत ॥
बपु गलत नित गलंत ॥
नहिं नित देह अरोग ॥
निति पुत्र पौत्रन सोग ॥८॥
नित नास तिह परिवार ॥
नहि अंत देह उधार ॥
नित रोग सोग ग्रसंत ॥
म्रित स्वान अंत मरंत ॥९॥
तब जानि काल प्रबीन ॥
तिह मारिओ करि दीन ॥
इकु कीट दीन उपाइ ॥
तिस कानि पैठो जाइ ॥१०॥
धसि कीट कानन बीच ॥
तिसु जीतयो जिमि नीच ॥
बहु भाति देइ दुख ताहि ॥
इह भाति मारिओ वाहि ॥११॥
इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे महिदी मीर बध ॥
ब्रहमा अवतार ॥

SECTION 13: SWAYYEY — TV PRASAD SAVAIYE

Swayyey verses — Divine praise in Swayya metre

ੴसतिगुरप्रसादि ॥

अथ ब्रहमा अवतार कथनं ॥

पातिसाही १० ॥

तोमर छंद ॥

सतिजुगि फिरि उपराजि ॥
सब नउतनै करि साज ॥
सब देस अउर बिदेस ॥
उठि धरम लागि नरेस ॥१॥
कलि काल कोपि कराल ॥
जगु जारिआ तिह ज्वाल ॥
बिनु तासु और न कोई ॥
सब जाप जापो सोइ ॥२॥
जे जाप है कलि नामु ॥
तिसु पूरन हुइ है काम ॥
तिसु दूख भूख न पिआस ॥
निति हरखु कहूं न उदास ॥३॥
बिनु एक दूसर नाहि ॥
सभ रंग रूपन माहि ॥
जिन जापिआ तिहि जापु ॥
तिन के सहाई आप ॥४॥
जे तासु नाम जपंत ॥
कबहूं न भाजि चलंत ॥
नहि त्रासु ता को सत्र ॥
दिसि जीति है गहि अत्र ॥५॥
तिह भरे धन सो धाम ॥
सभ होहि पूरन काम ॥
जे एक नामु जपंत ॥
नाहि काल फासि फसंत ॥६॥
जे जीव जंत अनेक ॥
तिन मो रह्यो रमि एक ॥
बिनु एक दूसर नाहि ॥
जगि जानि लै जीअ माहि ॥७॥
भव गड़न भंजन हार ॥
है एक ही करतार ॥
बिनु एक अउरु न कोइ ॥
सब रूप रंगी सोइ ॥८॥
कई इंद्र पानपहार ॥
कई ब्रहम बेद उचार ॥
कई बैठि दुआरि महेस ॥
कई सेसनाग असेस ॥९॥
कई सूर चंद सरूप ॥
कई इंद्र की सम भूप ॥

कई इंद्र उपिंद्र मुनिंद्र ॥
कई मछ कछ फनिंद्र ॥१०॥
कई कोटि क्रिसन अवतार ॥
कई राम बार बुहार ॥
कई मछ कछ अनेक ॥
अविलोक दुआरि बिसेख ॥११॥
कई सुक्र ब्रसपति देखि ॥
कई दत गोरख भेख ॥
कई राम क्रिसन रसूल ॥
बिनु नाम को न कबूल ॥१२॥
बिनु एकु आस्रै नाम ॥
नहीं और कौनै काम ॥
जे मानि है गुरदेव ॥
ते जानि है अनभेव ॥१३॥
बिनु तासु और न जानु ॥
चित आन भाव न आनु ॥
इक मानि जै करतार ॥
जितु होइ अंति उधारु ॥१४॥
बिनु तास यौ न उधारु ॥
जीअ देखि यार बिचारि ॥
जो जापि है कोई और ॥
तब छूटि है वह ठौर ॥१५॥
जिह राग रंग न रूप ॥
सो मानीऐ सम रूप ॥
बिनु एक ता कर नाम ॥
नहि जान दूसर धाम ॥१६॥
जो लोक अलोक बनाइ ॥
फिर लेत आपि मिलाइ ॥
जो चहै देह उधारु ॥
सो भजन एकंकार ॥१७॥
जिनि राचियो ब्रहमंड ॥
सब लोक औ नव खंड ॥
तिह किउ न जाप जपंत ॥
किम जान कूपि परंत ॥१८॥
जड़ जाप ता कर जाप ॥
जिनि लोक चउदहं थाप ॥
तिसु जापीऐ नित नाम ॥
सभ होहि पूरन काम ॥१९॥
गनि चउबिसै अवतार ॥
बहु कै कहे बिसथार ॥
अब गनो उप अवतार ॥
जिमि धरे रूप मुरार ॥२०॥
जे धरे ब्रहमा रूप ॥
ते कहों काबि अनूप ॥
जे धरे रुद्र अवतार ॥
अब कहों ताहि बिचार ॥२१॥
कलि तासु आगिआ दीन ॥
तब बेद ब्रहमा कीन ॥
तब तासु बाढ्यो गरब ॥
सरि आपु जान न सरब ॥२२॥

सरि मोह कबि नहि कोइ ॥
इक आप होइ त होइ ॥
कछु काल की भूअ बक्र ॥
छिति डारीआ जिम सक्र ॥२३॥
जब गिर्यो भू तरि आनि ॥
मुख चार बेद निधान ॥
उठि लागिआ फिर सेव ॥
जीअ जानि देवि अभेव ॥२४॥
दस लख बरख प्रमान ॥
कीअ देवि सेव महान ॥
किमि होइ मोहि उधार ॥
अस देहु देव बिचार ॥२५॥
देवो वाच ब्रहमा प्रति ॥
मन चित कै करि सेव ॥
तब रीझि है गुरदेव ॥
तब होइ नाथ सनाथ ॥
जगनाथ दीना नाथ ॥२६॥
सुनि बैन यौ मुखचार ॥
कीअ चउक चिंति बिचार ॥
उठि लागिआ हरि सेव ॥
जिह भाति भाख्यो देव ॥२७॥
परि पाइ चंडि प्रचंड ॥
जिह मंड दुसट अखंड ॥
ज्वालाछ लोचन धूम ॥
हनि जासु डारे भूमि ॥२८॥
तिसु जापि हो जब जाप ॥
तब होइ पूरन स्राप ॥
उठि लाग काल जपंन ॥
हठि तिआग आव सरंन ॥२९॥
जे जात तासु सरंनि ॥
ते है धरा मै धंनि ॥
तिन कउ न कउनै त्रास ॥
सब होत कारज रास ॥३०॥
दस लछ बरख प्रमान ॥
रह्यो ठाढ एक पगान ॥
चित लाइ कीनी सेव ॥
तब रीझि गे गुरदेव ॥३१॥
जब भेत देवी दीन ॥
तब सेव ब्रहमा कीन ॥
जब सेव की चित लाइ ॥
तब रीझि गे हरि राइ ॥३२॥
तब भयो सु ऐस उचार ॥
हउ आहि ग्रब प्रहार ॥
मम गरब कहूं न छोरि ॥
सभ कीन जेर मरोरि ॥३३॥
तै गरब कीन सु काहि ॥
नहि मोह भावत ताहि ॥
अब कहो एक बिचार ॥
जिमि होइ तोहि उधार ॥३४॥
धरि सपत भूमि वतार ॥

तब होइ तोहि उधारि ॥
सोई मान ब्रहमा लीन ॥
धरि जनम जगति नवीन ॥३५॥
मुरि निंद उसतति तूलि ॥
इमि जानि जीय जिनि भूलि ॥
इक कहो और बिचार ॥
सुनि लेहु ब्रहम कुमार ॥३६॥
इक बिसनु मोहि धिआन ॥
बहु सेवि मोहि रिझान ॥
तिनि मागिआ बर ऐस ॥
मम दीन ता कहु तैस ॥३७॥
मम तास भेद न कोइ ॥
सब लोक जानत सोइ ॥
तिह जान है करतार ॥
सब लोक अलोक पहार ॥३८॥
जब जब धरे बपु सोइ ॥
जो जो पराक्रम होइ ॥
सो सो कथौ अबिचार ॥
सुनि लेहु ब्रहम कुमार ॥३९॥

नराज छंद ॥

सु धारि मानुखी बपुं संभारि राम जागि है ॥
बिसारि ससत्र असत्रणं जुझार सत्रु भागि है ॥
बिचार जौन जौन भयो सुधारि सरब भाखीयो ॥
हजार कोऊ न कियो करो बिचारि सबद राखीयो ॥४०॥
चितारि बैण वाकिसं बिचारि बालमीक भयो ॥
जुझार रामचंद्र को बिचार चारु उचर्यो ॥
सु सपत काडणो कथ्यो असकत लोकु हुइ रह्यो ॥
उतार चत्रआननो सुधारि ऐस कै कह्यो ॥४१॥

◀ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे ब्रहमा प्रति आगिआ समापतं ॥*

नराज छंद ॥

सु धारि अवतार को बिचार दूज भाखि है ॥
बिसेख चत्रान के असेख स्वाद चाखि है ॥
अकरख देवि कालिका अनिरख सबद उचरो ॥
सु बीन बीन कै बडे प्राबीन अछ्र को धरो ॥१॥
बिचारि आदि ईस्वरी अपार सबदु राखीऐ ॥
चितारि क्रिपा काल की जु चाहीऐ सु भाखीऐ ॥
न संक चिति आनीऐ बनाइ आप लेहगे ॥
सु क्रित काबि क्रित की कबीस और देहगे ॥२॥
समान गुंग के कवि सु कैसे काबि भाख है ॥
अकाल काल की क्रिपा बनाइ ग्रंथ राखि है ॥
सु भाख्य कउमदी पड़े गुनी असेख रीझ है ॥
बिचारि आपनी क्रितं बिसेख चिति खीझि है ॥३॥
बचित्र काब्रय की कथा पवित्र आज भाखीऐ ॥
सु सिध ब्रिध दाइनी सम्रिध बैन राखीऐ ॥
पवित्र निरमली महा बचित्र काब्रय कथीऐ ॥

पवित्र सबद ऊपजै चरित्र कौ न किजीऐ ॥४॥
सु सेव काल देव की अभेव जानि कीजीऐ ॥
प्रभात उठि तासु को महात नाम लीजीऐ ॥
असंख दान देहिगो दुरंत सत्रु घाइ है ॥
सु पान राखि आपनो अजान को बचाइ है ॥५॥
न संत बार बाकि है असंत जूझि है बली ॥
बिसेख सैन भाज है सितंस रेण निरदली ॥
कि आनि आपु हाथ दै बचाइ मोहि लेहिंगे ॥
दुरंत घाट अउघटे कि देखनै न देहिंगे ॥६॥

◀ इति अवतार बालमीक प्रिथम समापतं ॥1॥

दुतीया अवतार ब्रहमा कसप कथनं ॥

पाधड़ी छंद ॥

पुनि धरा ब्रहम कसप वतार ॥
स्रुति करे पाठ त्रीअ बरी चार ॥
मथनी स्रिसटि कीनी प्रगास ॥
उपजाइ देव दानव सु बास ॥७॥
जो भए रिखि ह्वै गे वतार ॥
तिन को बिचार किनो बिचार ॥
स्रुति करे बेद अरु धरे अरथ ॥
कर दए दूर भूअ के अनरथ ॥८॥
इह भाति कीन दूस्र वतार ॥
अब कहो तोहि तीस्र बिचार ॥
जिह भाति धर्यो बपु ब्रहम राइ ॥
सभ कह्यो ताहि नीके सुभाइ ॥९॥

◀ इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे दुतीय अवतारे ब्रहमा कसप समापतं ॥2॥

अथ त्रितीआ अवतार सुक्र कथनं ॥

पाधड़ी छंद ॥

पुनि धरा तीसर इह भाति रूप ॥
जगि भयो आन करि दैत भूप ॥
तब देब बंस प्रचुर्यो अपार ॥
कीने सु राज प्रिथमी सुधारि ॥१॥

बड पुत्र जानि किनी सहाइ ॥

तीसर अवतार भइओ सुक्र राइ ॥
निंदा ब्रयाज उसतती कीन ॥
लखि तासु देवता भए छीन ॥२॥

◀ इति स्री बचित्र नाटक गंथे त्रितीआ अवतार ब्रहमा सुक्र समापतं ॥3॥

अथ चतुरथ ब्रहमा बचेस कथनं ॥

पाधड़ी छंद ॥

मिलि दीन देवता लगे सेव ॥
बीते सौ बरख रीझे गुरदेव ॥
तब धरा रूप बाचेस आनि ॥
जीता सुरेस भई असुर हानि ॥३॥
इह भाति धरा चतुरथ वतार ॥
जीता सुरेस हारे दिवार ॥
उठि देव सेव लागे सु सरब ॥
धरि नीच नैन करि दूर गरब ॥४॥

◄ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे चतुरथ अवतार ब्रहमा बचेस समापतं ॥4॥*

अथ पंचमो अवतार ब्रहमा बिआस मनु राजा को राज कथनं ॥

पाधड़ी छंद ॥

त्रेता बितीत जुग दुआपुरान ॥
बहु भाति देख खेले खिलान ॥
जब भयो आनि क्रिसनावतार ॥
तब भए ब्यास मुख आनि चार ॥५॥
जे जे चरित्र कीअ क्रिसन देव ॥
ते ते भने सु सारदा तेव ॥
अब कहो तउन संछेप ठानि ॥
जिह भाति कीन स्री अभिराम ॥६॥
जिह भाति कथि कीनो पसार ॥
तिह भाति काबि कथि है बिचार ॥
कहो जैस काब्रय कहियो ब्यास ॥
तउने कथान कथो प्रभास ॥७॥
जे भए भूप भूअ मो महान ॥
तिन को सुजान कथत कहान ॥
कह लगे तासि किजै बिचारु ॥
सुणि लेहु बैण संछेप यार ॥८॥
जे भए भूप ते कहे ब्यास ॥
होवत पुराण ते नाम भास ॥
मनु भयो राज महि को भूआर ॥
खड़गन सु पानि महिमा अपार ॥९॥
मानवी स्रिसटि किनी प्रकास ॥
दस चार लोक आभा अभास ॥
महिमा अपार बरने सु कउन ॥
सुणि स्रवण क्रित हुइ रहै मउन ॥१०॥
दस चार चारि बिदिआ निधान ॥
अरि जीति जीति दिनो निसान ॥
मंडे महीप मावास खेति ॥
गजे मसाण नचे परेत ॥११॥
जिते सु देस एसुर मवास ॥
किने खराब खाने ख्वास ॥
भंडे अभंड मंडे महीप ॥
दिने निकार छिने सु दीप ॥१२॥

खंडे सु खेति खूनी खत्रीयाण ॥
मोरे अमोर जोधा दुराण ॥
चले अचल मंडे अमंड ॥
किने घमंड खंडे प्रचंड ॥१३॥
किने सु जेर खूनी खत्रेस ॥
मंडे महीप मावास देस ॥
इह भाति दीह दोही फिराइ ॥
मानी सु मानि मनु राज राइ ॥१४॥
इह भाति दीह करि देस राज ॥
बहु करे जगि अरु होम साज ॥
बहु भाति स्वरण करि कै सु दान ॥
गोदान आदि बिधवत सनान ॥१५॥
जो हुती जग अरु बेद रीति ॥
सो करी सरब न्रिप लाइ प्रीति ॥
भूआ दान दान रतनादि आदि ॥
तिन भाति भाति लिने सुवाद ॥१६॥
करि देस देस इमि नीति राज ॥
बहु भाति दान दे सरब साज ॥
हसतादि दत बाजादि मेध ॥
ते भाति भाति किने न्रिपेध ॥१७॥
बहु साज बाज दिने दिजान ॥
दस चारु चारु बिदिआ सुजान ॥
खट चार सासत्र सिंम्रित रटंत ॥
कोकादि भेद बीना बजंत ॥१८॥
घनसार घोरि घसीअत गुलाब ॥
म्रिग मदित डारि चूवत सराब ॥
कसमीर घास घोरत सुबास ॥
उघटत सुगंध महकंत अवास ॥१९॥

संगीत पाधरी छंद ॥

तागड़दं ताल बाजत मुचंग ॥
बीना सु बैण बंसी म्रिदंग ॥
डफ ताल तुरी सहिनाइ राग ॥
बाजंत जान उपनत सुहाग ॥२०॥
कहूं ताल तूर बीना म्रिदंग ॥
डफ झाझ ढोल जलतर उपंग ॥
जह जह बिलोक तह तह सुबास ॥
उठत सुगंध महकंत अवास ॥२१॥

हरि बोल मना छंद ॥

मनु राज कर्यो ॥
दुख देस हर्यो ॥
बहु साज सजे ॥
सुनि देव लजे ॥२२॥

◀ इति स्री बचित्र नाटके मनु राजा को राज समापतं ॥1॥5॥

अथ प्रिथु राजा को राज कथनं ॥

तोटक छंद ॥

कहं लाग गनो न्रिप जौन भए ॥
प्रभु जोतहि जोति मिलाइ लए ॥
पुनि स्री प्रिथराज प्रिथीस भयो ॥
जिनि बिपन दान दुरंत दयो ॥२३॥
दलु लै दिन एक सिकार चड़े ॥
बनि निरजन मो लखि बाघ बड़े ॥
तह नारि सुकुंतल तेज धरे ॥
ससि सूरज की लखि क्राति हरे ॥२४॥

हरि बोल मना छंद ॥

तह जात भए ॥
म्रिग घात कए ॥
इक देखि कुटी ॥
जनु जोग जुटी ॥२५॥
तह जात भयो ॥
संग को न लयो ॥
लखि नारि खरी ॥
रस रीति भरी ॥२६॥
अति सोभत है ॥
लखि लोभत है ॥
न्रिप पेखि जबै ॥
चिति चउक तबै ॥२७॥
इह कउन जई ॥
जनु रूप मई ॥
छबि देखि छक्यो ॥
चित चाइ चक्रयो ॥२८॥
न्रिप बाह गही ॥
त्रीअ मोन रही ॥
रस रीति रच्यो ॥
दुहूं मैन मच्यो ॥२९॥
बहु भाति भजी ॥
निस लौ न तजी ॥
दोऊ रीझि रहे ॥
नही जात कहे ॥३०॥
रस रीति रच्यो ॥
कल केल मच्यो ॥
अमितासन दे ॥
सुख रासन से ॥३१॥
ललतासन लै ॥
बिबधासन कै ॥
ललना रु लला ॥
करि काम कला ॥३२॥
करि केल उठी ॥
मधि परन कुटी ॥
न्रिप जात भयो ॥
तिह गरभ रहियो ॥३३॥
दिन कै कु गए ॥

तिनि भूर जए ॥
तनि कउच धरे ॥
ससि सोभ हरे ॥३४॥
जनु ज्वाल दवा ॥
अस तेज भवा ॥
रिखि जौन पिखै ॥
चित चउक चकै ॥३५॥
सिसु स्रयान भयो ॥
करि संग लयो ॥
चलि आव तहा ॥
तिह तात जहा ॥३६॥
न्रिप देखि जबै ॥
करि लाज तबै ॥
यह मो न सूअं ॥
त्रीअ कौन तूअं ॥३७॥
त्रीयो बाच राजा प्रति ॥

हरि बोल मना छंद ॥

न्रिप नारि सुई ॥
तुम जौन भजी ॥
मधि परन कुटी ॥
तह केल ठटी ॥३८॥
तब बाच दीयो ॥
अब भूलि गयो ॥
तिस चित करो ॥
मुहि राज बरो ॥३९॥
तब काहि भजो ॥
अब मोहि तजो ॥
इह पूत तुअं ॥
सुनु साच न्रिपं ॥४०॥
नहि स्राप तुझै ॥
भज कैब मुझै ॥
अब तो न तजो ॥
नहि लाज लजो ॥४१॥
न्रिप बाच त्रीया सो ॥
कोई चिन बताउ ॥
कितो बात दिखाउ ॥
हउ यौ न भजो ॥
नहि नारि लजो ॥४२॥
इक मुद्रक लै ॥
न्रिप कै करि दै ॥
इह देखि भलै ॥
कस हेर तलै ॥४३॥
न्रिप जानि गए ॥
पहिचानत भए ॥
तब तउन बरी ॥
बहु भाति भरी ॥४४॥
सिसु सात भए ॥
रस रूप रए ॥
अमितोज बली ॥

दल दीह दली ॥४५॥
हनि भूप बली ॥
जिणि भूमि थली ॥
रिखि बोलि रजी ॥
बिधि जग सजी ॥४६॥
सुभ करम करे ॥
अरि पुंज हरे ॥
अति सूर महा ॥
नहि और लहा ॥४७॥
अति जोति लसै ॥
ससि क्राति कसै ॥
दिस चार चकी ॥
सुर नारि छकी ॥४८॥

रूआल छंद ॥

गारि गारि अखरब गरबिन मारि मारि नरेस ॥
जीति जीति अजीत राजन छीनि देस बिदेस ॥
टारि टारि करोरि पबय दीन उतर दिसान ॥
सपत सिंधु भए धरा पर लीक चक्र रथान ॥४९॥
गाहि गाहि अगाह देसन बाहि बाहि हथियार ॥
तोरि तोरि अतोर भूभ्रिक दीन उत्रहि टार ॥
देस और बिदेस जीति बिसेख राज कमाइ ॥
अंत जोति सु जोति मो मिलि जाति भी प्रिथ राइ ॥५०॥

◄ *इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे ब्रहमा अवतारे बिआस राजा प्रिथु को राज समापतं ॥2॥5॥*

अथ राजा भरथ राज कथनं ॥

रूआल छंद ॥

जानि अंत समो भयो प्रिथु राज राज वतार ॥
बोलि सरब सम्रिधि संपति मंत्रि मित्र कुमार ॥
सपत द्वीप सु सपत पुत्रनि बाट दीन तुरंत ॥
सपत राज करै लगै सुत सरब सोभावंत ॥५१॥
सपत छत्र फिरै लगै सिर सपत राज कुमार ॥
सपत इंद्र परे धरा परि सपत जान अवतार ॥
सरब सासत्र धरी सबै मिलि बेद रीति बिचारि ॥
दान अंस निकार लीनी अरथ स्वरथ सुधारि ॥५२॥
खंड खंड अखंड उरबी बाटि लीनि कुमार ॥
सपत दीप भए पुनिर नवखंड नाम बिचार ॥
जेसट पुत्र धरी धरा तिह भरथ नाम बखान ॥
भरथ खंड बखान ही दस चार चारु निधान ॥५३॥
कउन कउन कहै कथे कवि नाम ठाम अनंत ॥
बाटि बाटि सबो लए नवखंड द्वीप दुरंत ॥
ठाम ठाम भए नराधिप ठाम नाम अनेक ॥
कउन कउन उचारीऐ करि सूर सरब बिबेक ॥५४॥
सपत दीपन सपत भूप भुगै लगे नवखंड ॥
भाति भातिन सो फिरे असि बाधि जोध प्रचंड ॥

दीह दीह अजीह देसनि नाम आपि भनाइ ॥
आनि जानु दुती भए छिति दूसरे हरि राइ ॥५५॥
आप आप समै सबै सिरि अत्र पत्र फिराइ ॥
जीति जीति अजीत जोधन रोह क्रोह कमाइ ॥
झूठ साच अनंत बोलि कलोल केल अनेक ॥
अंति काल सबै भछे जगि छाडीआ नहि एक ॥५६॥
आप अरथ अनरथ अपरथ समरथ करत अनंत ॥
अंति होत ठटी कछू प्रभू कोटि क्योन न करंत ॥
जान बूझ परंत कूप लहंत मूड़ न भेव ॥
अंति काल तबै बचै जब जान है गुरदेव ॥५७॥
अंति होत ठटी भली प्रभ मूड़ लोग न जानि ॥
आप अरथ पछान ही तजि दीह देव निधान ॥
धरम जानि करत पापन यौ न जानत मूड़ ॥
सरब काल दइआल को कहु प्रयोग गूड़ अगूड़ ॥५८॥
पाप पुंन पछान ही करि पुंन की सम पाप ॥
परम जान पवित्र जापन जपै लाग कुजाप ॥
सिध ठउर न मानही बिनु सिध ठउर पूजंत ॥
हाथि दीपकु लै महा पसु मधि कूप परंत ॥५९॥
सिध ठउर न मान ही अनसिध पूजत ठउर ॥
कै कु दिवस चलाहिगे जड़ भीत की सी दउर ॥
पंख हीन कहा उडाइब नैन हीन निहार ॥
ससत्र हीन जुधा न पैठब अरथ हीन बिचार ॥६०॥
दरब हीण बपार जैसक अरथ बिनु इस लोक ॥
आंख हीण बिलोकबो जगि कामकेल अकोक ॥
गिआन हीण सु पाठ गीता बुधि हीण बिचार ॥
हिंमत हीन जुधान जूझब केल हीण कुमार ॥६१॥
कउन कउन गनाईऐ जे भए भूमि महीप ॥
कउन कउन सु कथीऐ जगि के सु द्वीप अद्वीप ॥
जासु कीन गनै वहै इमि और की नहि सकति ॥
यौ न ऐस पहचानीऐ बिनु तासु की कीए भगति ॥६२॥

◀ *इति राजा भरथ राज समापतं ॥3॥5॥*

अथ राजा सगर राज कथनं ॥

रूआल छंद ॥

स्रेसट स्रेसट भए जिते इह भूमि आनि नरेस ॥
तउन तउन उचारहो तुमरे प्रसादि असेस ॥
भरथ राज बितीत भे भए राजा सगर राज ॥
रुद्र की तपसा करी लीअ लछ सुत उपराजि ॥६३॥
चक्र बक्र धुजा गदा भ्रित सरब राज कुमार ॥
लछ रूप धरे मनो जगि आनि मैन सु धार ॥
बेख बेख बने नरेस्वर जीति देस असेस ॥
दास भाव सबै धरे मनि जत्र तत्र नरेस ॥६४॥
बाज मेध करै लगै हयसालि ते हय चीनि ॥
बोलि बोलि अमोल रितुज मंत्र मित्र प्रबीन ॥
संग दीन समूह सैन ब्रयूह ब्रयूह बनाइ ॥
जत्र तत्र फिरै लगे सिरि अत्र पत्र फिराइ ॥६५॥

जैतपत्र लह्यो जहा तह सत्रु भे सभ चूर ॥
छोरि छोरि भजे नरेस्वर छाडि ससत्र करूर ॥
डारि डारि सनाहि सूर त्रीआन भेस सु धारि ॥
भाजि भाजि चले जहा तह पुत्र मित्र बिसारि ॥६६॥
गाजि गाजि गजे गदाधरि भाजि भाजि सु भीर ॥
साज बाज तजै भजै बिसंभार बीर सुधीर ॥
सूरबीर गजे जहा तह असत्र ससत्र नचाइ ॥
जीति जीति लए सु देसन जैतपत्र फिराइ ॥६७॥
जीति पूरब पछिमै अरु लीन दछनि जाइ ॥
ताकि बाज चल्यो तहा जह बैठि थे मुनि राइ ॥
ध्रयान मधि हुते महा मुनि साज बाज न देखि ॥
प्रिसटि पछ खरो भयो रिखि जानि गोरख भेख ॥६८॥
चउक चित रहे सबै जब देखि नैन न बाज ॥
खोजि खोजि थके सबै दिस चारि चारि सलाज ॥
जानि पयार गयो तुरंगम कीन चिति बिचार ॥
सगर खात खुदै लगे रणधीर बीर अपार ॥६९॥
खोदि खोदि अखोदि प्रिथवी क्रोध जोध अनंत ॥
भछि भछि गए सबै मुख म्रितका दुति वंत ॥
सगर खात खुदै लगे दिस खोद दछन सरब ॥
जीति पूरब को चले अति ठान कै जीअ गरब ॥७०॥
खोद दछन की दिसा पुनि खोद पूरब दिसान ॥
ताकि पछम को चले दस चारि चारि निधान ॥
पैठि उतर दिसा जबै खोदै लगे सभ ठउर ॥
अउर अउर ठटै पसू कलि कालि ठाटी अउर ॥७१॥
खोदि कै बहु भाति प्रिथवी पूजि अरध दिसान ॥
अंति भेद बिलोकीआ मुनि बैठि संजुत ध्यान ॥
प्रिसट पाछ बिलोक बाज समाज रूप अनूप ॥
लात भे मुनि मारिओ अति गरब कै सुत भूप ॥७२॥
ध्रयान छूट तबै मुनी द्रिग ज्वाल माल कराल ॥
भाति भातिन सो उठी जनु सिंध अगनि बिसाल ॥
भसमि भूत भए सबे न्रिप लछ पुत्र सु नैन ॥
बाज राज सु संपदा जुत असत्र ससत्र सु सैन ॥७३॥

मधुभार छंद ॥

भए भसमि भूत ॥
न्रिप सरब पूत ॥
जुत सुभट सैन ॥
सुंदर सुबैन ॥७४॥
सोभा अपार ॥
सुंदर कुमार ॥
जब जरे सरब ॥
तब तजा गरब ॥७५॥
बाहू अजान ॥
सोभा महान ॥
दस चारि वंत ॥
सूरा दुरंत ॥७६॥
जारि भाजे बीर ॥
हुऐ चिति अधीर ॥
दिनो संदेस ॥
जह सागर देस ॥७७॥

लहि सागर बीर ॥
ह्वै चिति अधीर ॥
पुछे संदेस ॥
पूतन सुबेस ॥७८॥
करि जोरि सरब ॥
भट छोरि गरब ॥
उचरे बैन ॥
जल चुअत नैन ॥७९॥
भूअ फेरि बाज ॥
जिणि सरब राज ॥
सब संग लीन ॥
न्रिप बर प्रबीन ॥८०॥
हय गयो पयार ॥
तुअ सुत उदार ॥
भूअ खोद सरब ॥
अति बढा गरब ॥८१॥
तहं मुनि अपार ॥
गुनि गन उदार ॥
लखि मध ध्यान ॥
मुनि मनि महान ॥८२॥
तव पुत्र क्रोध ॥
लै संगि जोध ॥
लता प्रहार ॥
कीअ रिखि अपार ॥८३॥
तब छुटा ध्यान ॥
मुनि मनि महान ॥
निकसी सु ज्वाल ॥
दावा बिसाल ॥८४॥
तरं जरे पूत ॥
कहि ऐसे दूत ॥
सैना समेत ॥
बाचा न एक ॥८५॥
सुनि पुत्र नास ॥
भयो पुरि उदास ॥
जह तह सु लोग ॥
बैठे सु सोग ॥८६॥
सिव सिमर बैण ॥
जल थापि नैण ॥
करि धीरज चिति ॥
मुनि मनि पवित ॥८७॥
तिन म्रितक करम ॥
न्रिप करम धरम ॥
बहु बेद रीति ॥
किनी सु प्रीति ॥८८॥
न्रिप पुत्र सोग ॥
गये सुरग लोगि ॥
न्रिप भे सु जौन ॥
कथि सकै कौन ॥८९॥

◀ *इति राजा सागर को राज समापतं ॥4॥5॥*

अथ जुजाति राजा को राज कथनं

मधुभार छंद ॥

पुनि भयो जुजाति ॥
सोभा अभाति ॥
दस चारवंत ॥
सोभा सुभंत ॥९०॥
सुंदर सु नैन ॥
जन रूप मैन ॥
सोभा अपार ॥
सोभत सुधार ॥९१॥
सुंदर सरूप ॥
सोभंत भूप ॥
दस चारवंत ॥
आभा अभंत ॥९२॥
गुन गन अपार ॥
सुंदर उदार ॥
दस चारिवंत ॥
सोभा सुभंत ॥९३॥
धन गुन प्रबीन ॥
प्रभ को अधीन ॥
सोभा अपार ॥
सुंदर कुमार ॥९४॥
सासत्रग सुध ॥
क्रोधी सु जुध ॥
न्रिप भयो बेन ॥
जन काम धेन ॥९५॥
खूनी सु खग ॥
जोधा अभग ॥
खत्री अखंड ॥
क्रोधी प्रचंड ॥९६॥
सत्रूनि काल ॥
काढी क्रवाल ॥
सम तेज भानु ॥
ज्वाला समान ॥९७॥
जब जुरत जंग ॥
नहि मुरत अंग ॥
अरि भजत नेक ॥
नहि टिकत एक ॥९८॥
थरहरत भानु ॥
कंपत दिसान ॥
मंडत मवास ॥
भजत उदास ॥९९॥
थरहरत बीर ॥
भंभरत भीर ॥
ततजत देस ॥
न्रिपमनि नरेस ॥१००॥
चचकत चंद ॥

धधकत इंद ॥
फनिमन फटंत ॥
भूअधर भजंत ॥१०१॥

संजुता छंद ॥

जस ठौर ठौर सबो सुन्यो ॥
अरि ब्रिंद सीस सबो धुन्नयो ॥
जग जग साज भले करे ॥
दुख पुंज दीनन के हरे ॥१०२॥
इति जुजाति राजा म्रित बसि होत भए ॥५॥५॥

अथ बेन राजे को राज कथनं ॥

संजुता छंद ॥

पुनि बेणु राज महेस भयो ॥
निजि डंड काहूं ते न लयो ॥
जीअ भाति भाति सुखी नरा ॥
अति गरब स्रब छुटिओ धरा ॥१०३॥
जीअ जंत सब दिखियत सुखी ॥
तरि द्रिसटि आवत न दुखी ॥
सब ठौर ठौर प्रिथी बसी ॥
जनु भूमि राज सिरी लसी ॥१०४॥
इह भाति राज कमाइ कै ॥
सुख देस सरब बसाइ कै ॥
बहु दोख दीनन के दहे ॥
सुनि थकत देव समसत भए ॥१०५॥
बहु राज साज कमाइ कै ॥
सिरि अत्रपत्र फिराइ कै ॥
पुनि जोति जोति बिखै मिली ॥
अरि छैनु बेनु महाबली ॥१०६॥
अबिकार भूप जिते भए ॥
करि राज अंत समै गए ॥
कबि कौन नाम तिनै गनै ॥
संकेत करि इते भनै ॥१०७॥
इति बेनु राजा म्रित बस होत भए ॥६॥५॥

अथ मानधाता को राजु कथनं

दोधक छंद ॥

जेतक भूप भए अवनी पर ॥
नाम सकै तिन के कवि को धरि ॥
नाम जथामति भाखि सुनाऊ ॥
चित तऊ अपने डर पाऊ ॥१०८॥
बेनु गए जग ते न्रिपता करि ॥
मानधात भए बसुधा धरि ॥
बासव लोग गए जब ही वह ॥
उठि दयो अरधासन बासव तिह ॥१०९॥

रोस भर्यो तब मान महीधर ॥
हाकि गह्यो करि खग भयंकर ॥
मारन लाग जबै रिस इंद्रहि ॥
बाह गही ततकाल दिजिंद्रहि ॥११०॥
नास करो जिनि बासव को न्रिप ॥
आसन अरध दयो तुह या ब्रत ॥
है लवनास्र महासुर भूधरि ॥
ताहि न मार सके तुम किउ कर ॥१११॥
जौ तुम ताहि संघार कै आवहु ॥
तौ तुम इंद्र सिंघासन पावहु ॥
ऐसे कै अरध सिंघासन बैठहु ॥
साचु कहो पर नाकु न ऐठहु ॥११२॥

असतर छंद ॥

धायो असत्र लै के तहा ॥
मथुरा मंडल दानो था जहा ॥
महा गरबु कै कै महा मंद बुधी ॥
महा जोर कै कै दलं परम क्रुधी ॥११३॥
महा घोर कै कै घनं की घटा जियो ॥
सु धाइआ रणं बिजुली की छटा जियो ॥
सुने सरब दानो सु सामुहि सिधाइ ॥
महा क्रोध कै कै सु बाजी नचाए ॥११४॥

मेदक छंद ॥

अब एक कीए बिनु यौ न टरै ॥
दोऊ दातन पीस हंकारि परै ॥
जब लौ न सुनो लव खेत मरा ॥
तब लउ न लखो रनि बाज टरा ॥११५॥
अब ही रणि एक की एक करै ॥
बिनु एक कीए रणि ते न टरै ॥
बहु साल सिला तल ब्रिछ छुटे ॥
दुहूं ओरि जबै रण बीर जुटे ॥११६॥
कुप कै लव पानि त्रिसूल लयो ॥
सिरि धातयमान दुखंड कियो ॥
बहु जूथप जूथन सैन भजी ॥
न उचाइ सकै सिरु ऐस लजी ॥११७॥
घन जैसे भजे घन घाइल हुऐ ॥
बरखा जिमि स्रोणत धार चुऐ ॥
सभ मान महीपति छेत्रहि दै ॥
सब ही दल भाजि चला जीअ लै ॥११८॥
इक घूमत घाइल सीस फुटे ॥
इक स्रोण चुचावत केस छुटे ॥
रणि मार कै मानि त्रिसूल लीए ॥
भट भातहि भाति भजाइ दीए ॥११९॥

◀ *इति मानधाता राज समापतं ॥7॥5॥*

अथ दलीप को राज कथनं ॥

तोटक छंद ॥

रण मो मान महीप हए ॥
तब आनि दिलीप दिलीस भए ॥
बहु भातिन दानव दीह दले ॥
सब ठौर सबै उठि धरम पले ॥१२०॥

चौपई ॥

जब न्रिप हना मानधाता बर ॥
सिव त्रिसूल करि धरि लवनासुर ॥
भयो दलीप जगत को राजा ॥
भाति भाति जिह राज बिराजा ॥१२१॥
महारथी अरु महा न्रिपारा ॥
कनक अवटि साचे जनु ढारा ॥
अति सुंदर जनु मदन सरूपा ॥
जानुक बने रूप को भूपा ॥१२२॥
बहु बिधि करे जग बिसथारा ॥
बिधवत होम दान मखसारा ॥
धरम धुजा जह तह बिराजी ॥
इंद्रावती निरखि दुति लाजी ॥१२३॥
पग पग जगि खंभ कहु गाडा ॥
घरि घरि अंन साल करि छाडा ॥
भूखा नाग जु आवत कोई ॥
ततछिन इछ पुरावत सोई ॥१२४॥
जो जिहं मुख मागा तिह पावा ॥
बिमुख आस फिरि भिछक न आवा ॥
धामि धामि धुजा धरम बधाई ॥
धरमावती निरखि मुरछाई ॥१२५॥
मूरख कोऊ रहै नहि पावा ॥
बार बूढ सभ सोधि पढावा ॥
घरि घरि होत भई हरि सेवा ॥
जह तह मानि सबै गुर देवा ॥१२६॥
इह बिधि राज दिलीप बडो करि ॥
महारथी अरु महा धनुर धर ॥
कोक सासत्र सिम्रिति सुर गिआना ॥
जोतिवंत दस चारि निधाना ॥१२७॥
महा क्रमठी महा सुजानू ॥
महा जोति दस चारि निधानू ॥
अति सरूप अरु अमित प्रभासा ॥
महा मान अरु महा उदासा ॥१२८॥
बेद अंग खट सासत्र प्रबीना ॥
धनुरबेद प्रभ के रस लीना ॥
खड़गन ईस्वर पुनि अतुल बल ॥
अरि अनेक जीते जिनि दलि मलि ॥१२९॥
खंड अखंड जीति बड राजा ॥
आनि समान न आपु बिराजा ॥
अति बलिसट असि तेज प्रचंडा ॥
अरि अनेक जिनि साधि उदंडा ॥१३०॥
देस बिदेस अधिक जिह जीता ॥

जह तह चली राज की नीता ॥
भाति भाति सिरि छत्र बिराजा ॥
तजि हठ चरनि लगे बड राजा ॥१३१॥
जह तह होत धरम की रीता ॥
कहूं न पावति होनि अनीता ॥
दान निसान चहूं चक बाजा ॥
करन कुबेर बेणु बलि राजा ॥१३२॥
भाति भाति तन राज कमाई ॥
आ समुद्र लौ फिरी दुहाई ॥
जह तह करम पाप भयो दूरा ॥
धरम करम सभ करत हजूरा ॥१३३॥
जह तह पाप छपा सब देसा ॥
धरम करम उठि लागि नरेसा ॥
आ समुद्र लौ फिरी दुहाई ॥
इह बिधि करी दिलीप रजाई ॥१३४॥

◀ *इति दलीप राज समापतं ॥8॥5॥*

अथ रघु राजा को राज कथनं ॥

चौपई ॥

बहुर जोति सो जोति मिलानी ॥
सब जग ऐस क्रिआ पहिचानी ॥
स्री रघुराज राजु जगि कीना ॥
अत्रपत्र सिरि ढारि नवीना ॥१३५॥
बहुतु भाति करि जगि प्रकारा ॥
देस देस महि धरम बिथारा ॥
पापी कोई निकटि न राखा ॥
झूठ बैन किहूं भूलि न भाखा ॥१३६॥
निसा तासु निस नाथ पछाना ॥
दिनकर ताहि दिवस अनुमाना ॥
बेदन ताहि ब्रहम करि लेखा ॥
देवन इंद्र रूप अविरेखा ॥१३७॥
बिपन सबन ब्रहसपति देख्यो ॥
दैतन गुरू सुक्र करि पेख्यो ॥
रोगन ताहि अउखधी माना ॥
जोगिन परम तत पहिचाना ॥१३८॥
बालन बाल रूप अविरेख्यो ॥
जोगन महा जोग करि देख्यो ॥
दातन महादानि करि मान्यो ॥
भोगन भोग रूप पहचान्यो ॥१३९॥
संनिआसन दत रूप करि जान्यो ॥
जोगन गुर गोरख करि मान्यो ॥
रामानंद बैरागिन जाना ॥
महादीन तुरकन पहचाना ॥१४०॥
देवन इंद्र रूप करि लेखा ॥
दैतन सुंभ राजा करि पेखा ॥
जछन जछ राज करि माना ॥

किन्नन किन्नदेव पहचाना ॥१४१॥
कामिन काम रूप करि देख्यो ॥
रोगन रूप धनंतर पेख्यो ॥
राजन लख्यो राज अधिकारी ॥
जोगन लख्यो जोगीसर भारी ॥१४२॥
छत्रन बडो छत्रपति जाना ॥
अत्रिन महा ससत्रधर माना ॥
रजनी तासु चंद्र करि लेखा ॥
दिनीअर करि तिह दिन अविरेखा ॥१४३॥
संतन साति रूप करि जान्यो ॥
पावक तेज रूप अनुमान्नयो ॥
धरती तासु धराधर जाना ॥
हरणि एणराज पहिचाना ॥१४४॥
छत्रिन ता सबु छत्रिपति सूझा ॥
जोगिन महा जोग कर बूझा ॥
हिमधर ताहि हिमालय जाना ॥
दिनकर अंधकारि अनुमाना ॥१४५॥
जल सरूप जल तासु पछाना ॥
मेघन इंद्रदेव कर माना ॥
बेदन ब्रहम रूप कर देखा ॥
बिपन ब्यास जानि अविरेखा ॥१४६॥
लखमी ताहि बिसनु करि मान्यो ॥
बासव देव बासवी जान्यो ॥
संतन साति रूप करि देखा ॥
सत्रन कलह सरूप बिसेखा ॥१४७॥
रोगन ताहि अउखधी सूझा ॥
भामिन भोग रूप करि बूझा ॥
मित्रन महा मित्र करि जाना ॥
जोगिन परम ततु पहचाना ॥१४८॥
मोरन महा मेघ करि मानिआ ॥
दिनकर चित चकवी जानिआ ॥
चंद सरूप चकोरन सूझा ॥
स्वाति बूंद सीपन करि बूझा ॥१४९॥
मास बसंत कोकिला जाना ॥
स्वाति बूंद चात्रक अनुमाना ॥
साधन सिधि रूप करि देखा ॥
राजन महाराज अविरेखा ॥१५०॥
दान सरूप भिछकन जाना ॥
काल सरूप सत्रु अनुमाना ॥
सासत्र सरूप सिम्रितन देखा ॥
सति सरूप साध अविरेखा ॥१५१॥
सील रूप साधविन चीना ॥
दिआल सरूप दइआ चिति कीना ॥
मोरन मेघ रूप पहिचाना ॥
चोरन ताहि भोर करि जाना ॥१५२॥
कामिन केल रूप करि सूझा ॥
साधन सिधि रूप तिह बूझा ॥
फणपतेस फणीअर करि जान्यो ॥
अंम्रित रूप देवतन मान्यो ॥१५३॥
मणि समान फणीअर करि सूझा ॥

प्राणिन प्रान रूप करि बूझा ॥
रघु बंसीअन रघुराज प्रमान्नयो ॥
केवल क्रिसन जादवन जान्यो ॥१५४॥
बिपति हरन बिपतहि करि जाना ॥
बलि महीप बावन पहचाना ॥
सिव सरूप सिव संतन पेखा ॥
ब्यास परासुर तुल बसेखा ॥१५५॥
बिप्रन बेद सरूप बखाना ॥
छत्रि जुध रूप करि जाना ॥
जउन जउन जिह भाति बिचारा ॥
तउनै काछि काछि अनुहारा ॥१५६॥
भाति भाति तिनि कीनो राजा ॥
देस देस के जीति समाजा ॥
भाति भाति के देस छिनाए ॥
पैग पैग पर जगि कराए ॥१५७॥
पग पग जगि खंभ कहु गाडा ॥
डग डग होम मंत्र करि छाडा ॥
ऐसी धरा न दिखीअत कोई ॥
जगि खंभ जिह ठउर न होई ॥१५८॥
गवालंभ बहु जग करे बर ॥
ब्रहमण बोलि बिसेख धरमधर ॥
बाजमेध बहु बारन कीने ॥
भाति भाति भूय के रस लीने ॥१५९॥
गजा मेध बहु करे जगि तिह ॥
अजा मेध ते सकै न गन किह ॥
गवालंभ करि बिधि प्रकारं ॥
पसु अनेक मारे तिह बारं ॥१६०॥
राजसूअ करि बिबिध प्रकारं ॥
दुतीआ इंद्र रघु राज अपारं ॥
भाति भाति के बिधवत दाना ॥
भाति भाति कर तीरथ नाना ॥१६१॥
सरब तीरथ परि पावर बाधा ॥
अंन छेत्र घरि घरि मै साधा ॥
आसावंत कहूं कोई आवै ॥
ततछिन मुख मंगै सो पावै ॥१६२॥
भूख नाग कोई रहन न पावै ॥
भूपति हुऐ करि रंक सिधावै ॥
बहुर दान कह कर न पसारा ॥
एक बारि रघु राज निहारा ॥१६३॥
स्वरण दान दे बिबिध प्रकारा ॥
रुकम दान नही पायत पारा ॥
साजि साजि बहु दीने बाजा ॥
जन सभ करे रंक रघु राजा ॥१६४॥
हसत दान अर उसटन दाना ॥
गऊ दान बिधिवत इसनाना ॥
हीर चीर दे दान अपारा ॥
मोह सबै महि मंडल डारा ॥१६५॥
बाजी देत गजन के दाना ॥
भाति भाति दीनन सनमाना ॥
दूख भूख काहूं न संतावै ॥

जो मुख मागै वह बरु पावै ॥१६६ ॥
दान सील को जान पहारा ॥
दइआ सिंध रघु राज भुआरा ॥
सुंदर महा धनुख धर आछा ॥
जनु अलिपनच काछ तन काछा ॥१६७ ॥
निति उठि करत देव की पूजा ॥
फूल गुलाब केवड़ा कूजा ॥
चरन कमल निति सीस लगावै ॥
पूजन नित चंडिका आवै ॥१६८ ॥
धरम रीति सब ठौर चलाई ॥
जत्र तत्र सुख बसी लुगाई ॥
भूख नाग कोई कहूं न देखा ॥
ऊच नीच सब धनी बिसेखा ॥१६९ ॥
जह तह धरम धुजा फहराई ॥
चोर जार नह देत दिखाई ॥
जह तह यार चोर चुनि मारा ॥
एक देसि कहूं रहै न पारा ॥१७० ॥
साध ओरि कोई दिसटि न पेखा ॥
ऐस राज रघु राज बिसेखवा ॥
चारो दिसा चक्र फहरावै ॥
पापिन काटि मूंड फिरि आवै ॥१७१ ॥
गाइ सिंघ कहु दूध पिलावै ॥
सिंघ गऊ कह घासु चुगावै ॥
चोर करत धन की रखवारा ॥
त्रास मारि कोई हाथु न डारा ॥१७२ ॥
नारि पुरख सोवत इक सेजा ॥
हाथ पसार न साकत रेजा ॥
पावक घ्रित इक ठउर रखाए ॥
राज त्रास ते ढरै न पाए ॥१७३ ॥
चोर साध मग एक सिधारै ॥
त्रास त्रसत करु कोई न डारै ॥
गाइ सिंघ इक खेत फिराहीं ॥
हाथ चलाइ सकत कोई नाही ॥१७४ ॥
इह बिधि राजु कर्यो रघु राजा ॥
दान निसान चहूं दिस बाजा ॥
चारो दिसा बैठ रखवारे ॥
महाबीर अरु रूप उजिआरे ॥१७५ ॥
बीस सहंस्र बरख परमाना ॥
राजु करा दस चार निधाना ॥
भाति अनेक करे निति धरमा ॥
और न सकै ऐस कर करमा ॥१७६ ॥

पाधड़ी छंद ॥

इहु भाति राजु रघुराज कीन ॥
गज बाज साज दीनान दीन ॥
न्रिप जीति जीति लिने अपार ॥
करि खंड खंड खंडे गड़वार ॥१७७ ॥

◄ *इति रघु राज समापतहि ॥9॥5॥*

अथ अज राजा को राज कथनं ॥

पाधड़ी छंद ॥

फुनि भए राज अजराज बीर ॥
जिनि भाति भाति जिते प्रबीर ॥
किने खराब खाने खवास ॥
जिते महीप तोरे मवास ॥१॥
जिते अजीत मुंडे अमुंड ॥
खंडे अखंड किने घमंड ॥
दस चारि चारि बिदिआ निधान ॥
अजराज राज राजा महान ॥२॥
सूरा सुबाह जोधा प्रचंड ॥
स्रुति सरब सासत्र बिदिआ उदंड ॥
मानी महान सुंदर सरूप ॥
अविलोकि जासु लाजंत भूप ॥३॥
राजान राज राजाधिराज ॥
ग्रिह भरे सरब संपति समाज ॥
अविलोक रूप रीझंत नारि ॥
स्रुति दान सील बिदिआ उदार ॥४॥
जौ कहो कथा बाढंत ग्रंथ ॥
सुणि लेहु मित्र संछेप कंथ ॥
बैदरभ देसि राजा सुबाह ॥
चंपावती सु ग्रिह नारि ताहि ॥५॥
तिह जई एक कंनिआ अपार ॥
तिह मतीइंद्र नामा उदार ॥
जब भई जोग बर के कुमारि ॥
तब कीन बैठि राजा बिचारि ॥६॥
लिने बुलाइ न्रिप सरब देस ॥
धाए सुबाहु लै दल असेस ॥
मुख भई आनि सरस्वती आपु ॥
जिहि जपत लोग मिलि सरब जापु ॥७॥
तब देस देस के भूप आनि ॥
किनो प्रणाम राजा महानि ॥
तह बैठि राज सोभंत ऐसु ॥
जन देव मंडली सम न तैसु ॥८॥
बाजंत ढोल दुंदभि अपार ॥
बाजंत तूर झनकंत तार ॥
सोभा अपार बरनी न जाइ ॥
जनु बैठि इंद्र आभा बनाइ ॥९॥
इह भाति राज मंडली बैठि ॥
अविलोकि इंद्र जह नाक ऐठि ॥
आभा अपार बरने सु कउन ॥
ह्वै रहे जछ गंध्रब मउन ॥१०॥

अरध पाधड़ी छंद ॥

सोभंत सूर ॥
लोभंत हूर ॥

अछ्री अपार ॥
रिझी सु धार ॥११॥
गावंत गीत ॥
मोहंत चीत ॥
मिलि दे असीस ॥
जुग चारि जीस ॥१२॥
बाजंत तार ॥
डारै धमार ॥
देवान नारि ॥
पेखत अपार ॥१३॥
कै बेद रीति ॥
गावंत गीत ॥
सोभा अनूप ॥
सोभंत भूप ॥१४॥
बाजंत तार ॥
रीझंत नारि ॥
गावंत गीत ॥
आनंद चीति ॥१५॥

उछाल छंद ॥

गावत नारी ॥
बाजत तारी ॥
देखत राजा ॥
देवत साजा ॥१६॥
गावत गीतं ॥
आनंद चीतं ॥
सोभत सोभा ॥
लोभत लोभा ॥१७॥
देखत नैणं ॥
भाखत बैणं ॥
सोहत छत्री ॥
लोभत अत्री ॥१८॥
गजत हाथी ॥
सजत साथी ॥
कूदत बाजी ॥
नाचत ताजी ॥१९॥
बाजत तालं ॥
नाचत बालं ॥
गावत गाथं ॥
आनंद साथं ॥२०॥
कोकिल बैणी ॥
सुंदर नैणी ॥
गावत गीतं ॥
चोरत चीतं ॥२१॥
अछ्रण भेसी ॥
सुंदर केसी ॥
सुंदर नैणी ॥
कोकिल बैणी ॥२२॥
अदभुत रूपा ॥
कामिण कूपा ॥

चारु प्रहासं ॥
उनति नासं ॥२३॥
लखि दुति राणी ॥
लजित इंद्राणी ॥
सोहत बाला ॥
रागण माला ॥२४॥

मोहणी छंद ॥

गउर सरूप महा छबि सोहत ॥
देखत सुर नर को मन मोहत ॥
रीझत ताकि बडे न्रिप ऐसे ॥
सोभहिं कउन सकै कहि तैसे ॥२५॥
सुंदर रूप महा दुति बालीय ॥
पेखत रीझत बीर रसालीय ॥
नाचत भाव अनेक त्रीआ करि ॥
देखत सोभा रीझत सुर नर ॥२६॥
हिंसत हैवर चिंसत हाथी ॥
नाचत नागरि गावत गाथी ॥
रीझत सुर नर मोहत राजा ॥
देवत दान तुरंत समाजा ॥२७॥
गावत गीतन नाचत अपछरा ॥
रीझत राजा खीझत अछरा ॥
बाजत नारद बीन रसाली ॥
देखत देव प्रभासत ज्वाली ॥२८॥
आंजत अंजन साजत अंगा ॥
सोभत बसत्र सु अंग सुरंगा ॥
नाचत अछ्री रीझत राऊ ॥
चाहत बरबो करत उपाऊ ॥२९॥
ततथई नाचै सुर पुर बाला ॥
रुण झुण बाजै रंग अंग माला ॥
बनि बनि बैठे जह तह राजा ॥
दै दै डारै तन मन साजा ॥३०॥
जिह जिह देखा सो सो रीझा ॥
जिन नही देखा तिह मन खीझा ॥
करि करि भायं त्रीअ बर नाचै ॥
अतिभुति भायं अंग अंग राचै ॥३१॥
तिन अतिभुति गति तह जह ठानी ॥
जह तह सोहै मुनि मनि मानी ॥
तजि तजि जोगं भजि भजि आवै ॥
लखि अति आभा जीअ सुख पावै ॥३२॥
बनि बनि बैठे जह तह राजा ॥
जह तह सोभै सभ सुभ साजा ॥
जह तह देखै गुनि गन फूले ॥
मुनि मनि छबि लखि तन मन भूले ॥३३॥
तत बित घन मुखरस सब बाजै ॥
सुनि मन रागं गुनि गन लाजै ॥
जह तह गिर गे रिझि रिझि ऐसे ॥
जनु भट जूझे रण ब्रिण कैसे ॥३४॥
बनि बनि फूले जनु बर फूलं ॥
तनु बरु सोभे जनु धर मूलं ॥

जहं तहं झूले मद मत राजा ॥
जनु मुरि बोलै सुन घन गाजा ॥३५॥

पाधरी छंद ॥

जह तह बिलोकि सोभा अपार ॥
बनि बैठि सरब राजाधिकार ॥
इह भाति कहै नही परत बैन ॥
लखि नैन रूपि रीझंत नैन ॥३६॥
अविलोकि नाचि ऐसो सुरंग ॥
सर तानि न्रिपन मारत अनंग ॥
सोभा अपार बरणी न जाइ ॥
रीझे अविलोकि राना रु राइ ॥३७॥
आगम बसंत जनु भइओ आज ॥
इह भाति सरब देखै समाज ॥
राजाधिराज बनि बैठ ऐस ॥
तिन के समान नही इंद्र हैस ॥३८॥
इक मास लाग तह भइओ नाच ॥
बिन पीऐ कैफ कोऊ न बाच ॥
जह जह बिलोकि आभा अपार ॥
तह तह सु राज राजन कुमार ॥३९॥
लै संग तास सारस्वति आप ॥
जिह को जपंत सभ जगत जाप ॥
निरखो कुमार इह सिंध राज ॥
जा की समान नही इंद्र साज ॥४०॥
अविलोक सिंध राजा कुमार ॥
नही तास चित किनो सुमार ॥
तिह छाडि पाछ आगै चलीसु ॥
जनु सरब सोभ कहु लील लीसु ॥४१॥
पुनि कहै तास सारस्वती बैन ॥
इह पसचमेस अब देख नैनि ॥
अविलोकि रूप ता को अपार ॥
नही मधि चिति आनिओ कुमार ॥४२॥

मधुभार छंद ॥

देखो कुमार ॥
राजा जुझार ॥
सुभ वार देस ॥
सुंदर सुबेस ॥४३॥
देखिओ बिचार ॥
राजा अपार ॥
आना न चित ॥
परमं पवित ॥४४॥
तब आगि चाल ॥
सुंदर सु बाल ॥
मुसकिआत ऐस ॥
घनि बीज जैस ॥४५॥
न्रिप पेखि रीझ ॥
सुर नार खीझ ॥
बढि तास जान ॥

घट आप मान ॥४६॥
सुंदर सरूप ॥
सौंदरजु भूप ॥
सोभा अपार ॥
सोभै सु धार ॥४७॥
देखो नरोंद्र ॥
डाढे महोंद्र ॥
मुलतान राज ॥
राजान राज ॥४८॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

चली छोडि ता कौ त्रीआ राज ऐसे ॥
मनो पाडु पुत्रं सिरी राज जैसे ॥
खरी मधि राजिसथली ऐस सोहै ॥
मनो ज्वाल माला महा मोनि मोहै ॥४९॥
सुभे राजिसथली ठाढि ऐसे ॥
मनो चित्रकारी लिखी चित्र जैसे ॥
बधे स्वरण की किंकणी लाल मालं ॥
सिखा जान सोभे न्रिपं जगि ज्वालं ॥५०॥
कहे बैन सारस्वती पेखि बाला ॥
लखो नैनि ठाढे सभै भूप आला ॥
रुचै चित जउनै सुई नाथ कीजै ॥
सुनो प्रान पिआरी इहै मानि लीजै ॥५१॥
बडी बाहनी संगि जा के बिराजै ॥
घुरै संग भेरी महा नाद बाजै ॥
लखो रूप बेसं नरेसं महानं ॥
दिनं रैण जापै सहंस्र भुजानं ॥५२॥
धुजा मधि जा के बडो सिंघ राजै ॥
सुने नाद ता को महा पाप भाजै ॥
लखो पूरबीसं छितीसं महानं ॥
सुनो बैन बाला सुरूपं सु भानं ॥५३॥
घुरै दुंदभी संख भेरी अपारं ॥
बजै दछनी सरब बाजंत्र सारं ॥
तुरी कानरे तूर तानं तरंगं ॥
मुचं झाझरं नाइ नादं म्रिदंगं ॥५४॥
बधे हीर चीरं सु बीरं सुबाहं ॥
बडो छत्रधारी सो सोभिओ सिपाहं ॥
नहे पिंग बाजी रथं जेणि जानो ॥
तिसै दछनेसं हीऐ बाल मानो ॥५५॥
महा बाहनीसं नगीसं नरेसं ॥
कई कोटि पातं सुभै पत्र भेसं ॥
धुजा बध उधं गजं गूड़ बाको ॥
लखो उतरी राज कै नाम ता को ॥५६॥
फरी धोप पाइक सु आगे उमंगै ॥
जिणै कोटि बंकै मुरे नाहि अंगै ॥
हरे बाज राजं कपोतं प्रमानं ॥
नहे स्रयंदनी इंद्र बाजी समाणं ॥५७॥
बडे स्रिंग जा के धरे सूर सोभै ॥
लखे दैत कंन्या जिनै चित लोभै ॥
कढे दंत पतं सिरं केस उचं ॥

लखे गरभणी आणि के गरभ मुचं ॥५८॥
लखो लंक एसं नरेसं सु बालं ॥
सबै संग जा कै सबै लोक पालं ॥
लुटिओ एक बेरं कुबेरं भंडारी ॥
जिणिओ इंद्र राजा बडो छत्रधारी ॥५९॥
कहे जउन बाली न ते चित आने ॥
जिते भूप भारी सु पाछे बखाने ॥
चहूं ओर राजा कहो नाम सो भी ॥
तजे भाति जैसी सबै राज ओ भी ॥६०॥
लखो दईत सैना बडी संगि ता के ॥
सुभै छत्र धारी बडे संग जा के ॥
धुजा गिध उधं लसै काक पूरं ॥
तिसै पिआल राजा बली ब्रिध नूरं ॥६१॥
रथं बेसटं हीर चीरं अपारं ॥
सुभै संग जा के सभे लोक पारं ॥
इहै इंद्र राजा दुरं दानवारं ॥
त्रीआ तास चीनो अदितिआ कुमारं ॥६२॥
नहे सपत बाजी रथं एक चक्रं ॥
महा नाग बधं तपै तेज बक्रं ॥
महा उग्र धंन्वा सु आजान बाहं ॥
सही चित चीनो तिसै दिउस नाहं ॥६३॥
चड़िओ एण राजं धरे बाण पाणं ॥
निसा राज ता को लखो तेज माणं ॥
करै रसमि माला उजाला परानं ॥
जपै रात्र दिउसं सहंस्री भुजानं ॥६४॥
चड़े महिखीसं सुमेरं जु दीसं ॥
महा क्रूर करमं जिणिओ बाह बीसं ॥
धुजा दंड जा की प्रचंडं बिराजै ॥
लखे जास गरबीन को गरब भाजै ॥६५॥
कहा लौ बखानो बडे गरबधारी ॥
सबै घेरि ठाढे जुरी भीर भारी ॥
नचै पातरा चातुरा निरतकारी ॥
उठै झाझ सबदं सुनै लोग धारी ॥६६॥
बडो दिरब धारी बडी सैन लीने ॥
बडो दिरब को चित मै गरब कीने ॥
चितं तास चीनो सही दिरब पालं ॥
उठै जउन के रूप की ज्वाल मालं ॥६७॥
सभै भूप ठाढे जहा राज कंनिआ ॥
बिखै भू तलं रूप जा के न अंनिआ ॥
बडे छत्रधारी बडे गरब कीने ॥
तहा आनि ठाढे बडी सैन लीने ॥६८॥
नदी संग जा के सबै रूप धारे ॥
सबै सिंध संगं चड़े तेज वारे ॥
बडी काइ जा की महा रूप सोहै ॥
लखे देव कंनिआन के मान मोहै ॥६९॥
कहो नार तो कौ इहै बरुन राजा ॥
जिसै पेखि राजान को मान भाजा ॥
कहा लौ बखानो जिते भूप आए ॥
सबै बाल कौ लै भवानी बताए ॥७०॥
सवैया ॥

आनि जुरे न्रिप मंडल जेति तेत सबै तिन तास दिखाए ॥
देख फिरी चहूं चक्रन को न्रिप राज कुमारि ह्रिदै नही लिआए ॥
हारि परिओ सभ ही भट मंडल भूपति हेरि दसा मुरझाए ॥
फूक भए मुख सूक गए सब राज कुमारि फिरे घरि आए ॥७१॥
तउ लगि आन गए अजिराज सु राजन राज बडो दल लीने ॥
अंबर अनूप धरे पसमंबर संबर के अरि की छबि छीने ॥
बेखन बेख चड़े संग ह्वै न्रिप हान सबै सुख धाम नवीने ॥
आनि गए जरिकंबर से अंबर से न्रिप कंबर कीने ॥७२॥
पाति ही पाति बनाइ बडो दल ढोल म्रिदंग सुरंग बजाइ ॥
भूखन चारु दिपै सब अंग बिलोकि अनंग प्रभा मुरछाए ॥
बाजत चंग म्रिदंग उपंग सुरंग सु नाद सबै सुनि पाए ॥
रीझ रहे रिझवार सबै लखि रूप अनूप सराहत आए ॥७३॥
जैस सरूप लखिओ अजि को हम तैस सरूप न अउर बिचारे ॥
चंदि चपिओ लखि कै मुख की छबि छेद परे उर मै रिस मारे ॥
तेज सरूप बिलोकि कै पावक चिति चिरी ग्रिह अउरन जारे ॥
जैस प्रभा लखिओ अजि को हम तैस सरूप न भूप निहारे ॥७४॥
सुंदर जुआन सरूप महान प्रधान चहुं चक मै हम जानिओ ॥
भानु समान प्रभा न प्रमान कि राव कि रान महान बखानिओ ॥
देव अदेव चके अपने चिति चंद सरूप निसा पहिचानिओ ॥
दिउस कै भानु मुनिओ भगवान पछान मनै घन मोरन मानिओ ॥७५॥
लसंत दंतणं दुतं खिमंत जाणु दामिणी ॥४५६॥
दलंत पाप दुभरं चलंत मोनि सिंमरं ॥
सुभंत भारगवं पटं बिअंत तेज उफणं ॥
परंत पानि भूचरं भ्रमंत सरबतो दिसं ॥
तजंत पाप नर बरं चलंत धरमणो मगं ॥४५७॥
बिलोकि बीरणो दयं अरुझ छत्र करमणं ॥
तजंति साइकं सितं कटंत टूक बरमणं ॥
थथंभ भानणो रथं बिलोकि कउतकं रणं ॥
गिरंत जुधणो छितं बमंत स्रोणतं मुखं ॥४५८॥
फिरंत चक्रणो चकं गिरंत जोधणो रणं ॥
उठंत क्रोध कै हठी ठठुकि क्रुधितं भुजं ॥
भ्रमंत अध बधतं कमध बधतं कटं ॥
परंत भूतलं भटं बकंत मारूड़ै रटं ॥४५९॥
पिपंत असव भटंत भिरंत दारुणो रणं ॥
बहंत तीछ्छणो सरं झलंत झाल खड़िगिणं ॥
उठंत मारूड़ो रणं बकंत मारणो मुखं ॥
चलंत भाजि न हठी जुझंत दुधरं रणं ॥४६०॥
कटंत कारमं सुभं बचित्र चित्रतं क्रितं ॥
सिलेणि उजली क्रितं बहंत साइकं सुभं ॥
बिलोकि मोनिसं जुधं चचउध चक्रतं भवं ॥
ममोह आस्रमं गतं पपात भूतली सिरं ॥४६१॥
सभार भारग बसनिनं जजपि जापणो रिखं ॥
निहारि पान पै परा बिचार बाइसवो गुरं ॥
बिअंत जोगणो सधं असंख पापणो दलं ॥
अनेक चेलका लए रिखेस आसनं चलं ॥४६२॥

◄ *इति हर बाहता बाईसवो गुरू इसत्री भात लै आई समापतं ॥22॥*

अथ त्रिआ जछ्छणी तेईसमो गुरू कथनं ॥

अनूप नराज छंद ॥

बजंत नाद दुधरं उठंत निसनं सुरं ॥
भजंत अरि दितं अघं बिलोकि भारगवं भिसं ॥
बिलोकि कंचनं गिरंत तज मानुखी भुअं ॥
स सुहक तापसी तनं अलोक लोकणो बपं ॥४६३॥
अनेक जछ्छ गंध्रबं बसेख बिधिका धरी ॥
निरकत नागणी महा बसेख बासवी सुरी ॥
पवित्र परम पारबती अनूप आलकापती ॥
असकत आपितं महा बिसेख आसुरी सुरी ॥४६४॥
अनूप एक जछ्छणी ममोह रागणो मनं ॥
घुमंत घूमणं छितं लगंत सारंगो सरं ॥
बिसारि नेह गेहणं सनेह रागणो मनं ॥
म्रिगीस जाणु घुमतं क्रितेण क्रिस क्रिती सरं ॥४६५॥
रझीझ रागणो चितं बदंत राग सुप्रभं ॥
बजंत किंगुरी करं ममोह आस्रमं गतं ॥
ससजि साइकं सितं कपंत कामणो कलं ॥
भ्रमंत भूतलं भलं भुगंत भामिणी दलं ॥४६६॥

तोमर छंद ॥

गुनवंत सील अपार ॥
दस चार चार उदार ॥
रस राग सरब सपंनि ॥
धरणी तला महि धंनि ॥४६७॥
इक राग गावत नारि ॥
गुणवंत सील अपार ॥
सुख धाम लोचन चारु ॥
संगीत करत बिचार ॥४६८॥
दुति मान रूप अपार ॥
गुणवंत सील उदार ॥
सुख सिंधु राग निधान ॥
हरि लेत हेरति प्रान ॥४६९॥
अकलंक जुबन मान ॥
सुख सिंधु सुंदरि थान ॥
इक चित गावत राग ॥
उफटंत जानु सुहाग ॥४७०॥
तिह पेख कै जटि राज ॥
संग लीन जोग समाज ॥
रहि रीझ आपन चित ॥
जुग राज जोग पवित ॥४७१॥
इह भाति जो हरि संग ॥
हित कीजीऐ अनभंग ॥
तब पाईऐ हरि लोक ॥
इह बात मै नही सोक ॥४७२॥
चित चउप सो भर चाइ ॥
गुर जानि कै परि पाइ ॥
चित तऊन के रस भीन ॥
गुरु तेईसवो तिह कीन ॥४७३॥

◀ *इति जछणी नारि राग गावती गुरू तेईसवो समापतं ॥23॥*

तोमर छंद ॥

तब बहुत बरख प्रमान ॥
चड़ि मेर स्रिंग महान ॥
कीअ घोर तपसा उग्र ॥
तब रीझए कछु सुग्र ॥४७४॥
जग देख के बिवहार ॥
मुनि राज कीन बिचार ॥
इन कउन सो उपजाइ ॥
फिरि लेति आपि मिलाइ ॥४७५॥
तिह चीनीऐ करि गिआन ॥
तब होइ पूरण ध्यान ॥
तिह जाणीऐ जत जोग ॥
तब होइ देह अरोग ॥४७६॥
तब एक पुरख पछान ॥
जग नास जाहिन जान ॥
सब जगत को पति देखि ॥
अनभउ अनंत अभेख ॥४७७॥
बिन एक नाहिन साति ॥
सभ तीरथ कियुं न अनात ॥
जब सेविहो इकि नाम ॥
तब होइ पूरण काम ॥४७८॥
बिनु एक चौबिस फोक ॥
सब ही धरा सब लोक ॥
जिनि एक कउ पहिचान ॥
तिन चउबिसो रस मान ॥४७९॥
जे एक के रस भीन ॥
तिनि चउबिसो रसि लीन ॥
जिन एक को नही बूझ ॥
तिह चउबिसै नही सूझ ॥४८०॥
जिनि एक कौ नही चीन ॥
तिनि चउबिसै फल हीन ॥
जिन एक को पहिचान ॥
तिनि चउबिसै रस मान ॥४८१॥

बचित्र पद छंद ॥

एकहि जउ मनि आना ॥
दूसर भाव न जाना ॥
दुंदभि दउर बजाए ॥
फूल सुरन बरखाए ॥४८२॥
हरखे सब जट धारी ॥
गावत दे दे तारी ॥
जित तित डोलत फूले ॥
ग्रिह के सब दुख भूले ॥४८३॥

तारक छंद ॥

बहु बरख जबै तपसा तिह कीनी ॥
गुरदेव क्रिआ जु कही धर लीनी ॥
तब नाथ सनाथ हुऐ ब्योत बताई ॥

तब ही दसओ दिसि सूझ बनाई ॥४८४॥
दिज देव तबै गुर चउबिस कै कै ॥
गिरि मेर गए सभ ही मुनि लै कै ॥
तपसा जब घोर तहा तिन कीनी ॥
गुरदेव तबै तिह या सिख दीनी ॥४८५॥

तोटक छंद ॥

गिरि मेरु गए रिखि बालक लै ॥
धर सीस जटा भगवे पट कै ॥
तप घोर करा बहु बरख दिना ॥
हरि जाप न छोरस एक छिना ॥४८६॥
दस लछ सु बीस सहंस्र ब्रखं ॥
तप कीन तहा बहु भाति रिखं ॥
सब देसन देस चलाइ मतं ॥
मुनि देव महा मति गूड़ गतं ॥४८७॥
रिखि राज दसा जब अंत भई ॥
बल जोग हुते मुनि जान लई ॥
धूअरो जग धउलुर जानि जटी ॥
कछु अउर क्रिआ इह भाति ठटी ॥४८८॥
सधि कै पवनै रिख जोग बलं ॥
तजि चाल कलेवर भूमि तलं ॥
कल फोरि उताल कपाल कली ॥
तिह जोति सु जोतिह मध मिली ॥४८९॥
कल काल क्रवाल कराल लसै ॥
जग जंगम थावर सरब कसै ॥
जग कालहि जाल बिसाल रचा ॥
जिह बीच फसे बिन को न बचा ॥४९०॥
सवैया ॥
देस बिदेस नरेसन जीति अनेस बडे अवनेस संघारे ॥
आठो ई सिध सबै नव निधि सम्रिधन सरब भरे ग्रिह सारे ॥
चंद्रमुखी बनिता बहुतै घरि माल भरे नहीं जात संभारे ॥
नाम बिहीन अधीन भए जम अंति को नागे ही पाइ सिधारे ॥४९१॥
रावन के महिरावन के मनु के नल के चलते न चली गउ ॥
भोज दिलीपति कौरवि कै नहीं साथ दयो रघुनाथ बली कउ ॥
संगि चली अब लौ नही काहूं के साच कहौ अघ ओघ दली सउ ॥
चेत रे चेत अचेत महा पसु काहू के संगि चली न हली हउ ॥४९२॥
साच और झूठ कहे बहुतै बिधि काम करोध अनेक कमाए ॥
भाज निलाज बचा धन के डर लोक गयो परलोक गवाए ॥
दुआदस बरख पड़ा न गुड़िओ जड़ राजीवि लोचन नाहिन पाए ॥
लाज बिहीन अधीन गहे जम अंत के नागे ही पाइ सिधाए ॥४९३॥
काहे कउ बसत्र धरो भगवे मुनि ते सब पावक बीच जलैगी ॥
कियों इम रीत चलावत हो दिन द्वैक चलै सबदा न चलैगी ॥
काल कराल की रीति महा इह काहूं जुगेसि छली न छलैगी ॥
सुंदरि देह तुमारी महा मुनि अंत मसान ह्वै धूरि रलैगी ॥४९४॥
काहे को पउन भछो सुनि हो मुनि पउन भछे कछू हाथि न ऐहै ॥
काहे को बसत्र करो भगवा इन बातन सो भगवान न ह्वैहै ॥
बेद पुरान प्रमान के देखहु ते सब ही बस काल सबै है ॥
जारि अनंग न नंग कहावत सीस की संगि जटाऊ न जैहै ॥४९५॥
कंचन कूट गिर्यो कहो काहे न सातओ सागर कियों न सुकानो ॥
पसचम भानु उद्रयो कहु काहे न गंग बही उलटी अनुमानो ॥

अंति बसंत तप्यो रवि काहे न चंद समान दिनीस प्रमानो ॥
कियों डमडोल डुबी न धरा मुनि राज निपातनि तियों जग जानो ॥४९६॥
अत्रि परासर नारद सारद ब्यास ते आदि जिते मुन भाए ॥
गालव आदि अनंत मुनीस्वर ब्रहम हूं ते नहीं जात गनाए ॥
अगसत पुलसत बसिसट ते आदि न जान परे किह देस सिधाए ॥
मंत्र चलाइ बनाइ महा मति फेरि मिले पर फेर न आए ॥४९७॥
ब्रहम निरंध्र को फोरि मुनीस की जोति सु जोति के मधि मिलानी ॥
प्रीति रली परमेसर सो इम बेदन संगि मिलै जिम बानी ॥
पुंन कथा मुनि नंदन की कहि कै मुख सो कबि स्याम बखानी ॥
पूरण धिआइ भयो तब ही जय स्री जगनाथ भवेस भवानी ॥४९८॥

◀ इति स्री बचित्र नाटक ग्रंथे दत महातमे रुद्रवतार प्रबंध समापतं ॥ सुभं भवेत गुरु चउबीस ॥24॥

SECTION 15: SHABAD PATSHAHI 10

Compositions attributed to Patshahi 10

ੴसतिगुरप्रसादि ॥

अथ पारस नाथ रुद्र अवतार कथनं ॥

पातसाही १० ॥

चौपई ॥

इह बिधि दत रुद्र अवतारा ॥
पूरण मत को कीन पसारा ॥
अंति जोति सो जोति मिलानी ॥
जिह बिधि सो पारब्रहम भवानी ॥१॥
एक लछ दस बरख प्रमाना ॥
पाछे चला जोग को बाना ॥
ग्रयारव बरख बितीतत भयो ॥
पारसनाथ पुरख भूअ वयो ॥२॥
रोह देस सुभ दिन भल थानु ॥
परस नाथ भयो सुर ग्रयानु ॥
अमित तेज असि अवर न होऊ ॥
चक्रत रहे मात पित दोऊ ॥३॥
दसऊ दिसनि तेज अति बढा ॥
द्वादस भान एक ह्वै चढा ॥
दह दिस लोक उठे अकुलाई ॥
भूपति तीर पुकारे जाई ॥४॥
सुनो भूप इक कहों कहानी ॥
एक पुरख उपज्यो अभिमानी ॥
जिह सम रूप जगत नहीं कोई ॥
एकै घड़ा बिधाता सोई ॥५॥
कै गंध्रब जछ कोई अहा ॥
जानुक दूसर भानु चड़ रहा ॥
अति जोबन झमकत तिह अंगा ॥
निरखत जा के लजत अनंगा ॥६॥
भूपति देखन काज बुलावा ॥
पहिले द्योस साथ चल आवा ॥
हरख ह्रिदै धर के जटधारी ॥
जानुक दुती दत अवतारी ॥७॥
निरख रूप कापे जटधारी ॥
यह कोऊ भयो पुरखु अवतारी ॥
यह मत दूर हमारा कै है ॥
जटाधार कोई रहै न पै है ॥८॥
तेज प्रभाव निरखि तब राजा ॥
अति प्रसंनि पुलकत चित गाजा ॥
जिह जिहा लखा रहे बिसमाई ॥
जानुक रंक नवो निध पाई ॥९॥
मोहन जाल सभन सिर डारा ॥
चेटक बान चक्रित ह्वै मारा ॥
जह तह मोहि सकल नर गिरे ॥
जान सुभट सामुहि रण भिरे ॥१०॥
नर नारी जिह जिह तिह पेखा ॥

तिह तिह मदन रूप अविरेखा ॥
साधन सरब सिधि कर जाना ॥
जोगन जोग रूप अनुमाना ॥११॥
निरखि रूप रनवास लुभाना ॥
दे तिह सुता न्रिपति मनि माना ॥
न्रिप को भयो जबै जामाता ॥
महा धनुखधर बीर बिख्याता ॥१२॥
महा रूप अरु अमित प्रतापू ॥
जानु जपै है आपन जापू ॥
ससत्र सासत्र बेता सुरि ग्याना ॥
जा सम पंडित जगति न आना ॥१३॥
थोरि बहिक्रम बुधि बिसेखा ॥
जानुक धरा बितन यहि भेखा ॥
जिह जिह रूप तवन का लहा ॥
सो सो चमक चक्रि हुऐ रहा ॥१४॥
सवैया ॥
मान भरे सर सान धरे मठ सान चड़े असि स्रोणति साए ॥
लेत हरे जिह डीठ परे नही फेरि फिरे ग्रिह जान न पाए ॥
झीम झरे जन सेल हरे इह भाति गिरे जनु देखन आए ॥
जासु हिरे सोऊ मैन घिरे गिर भूमि परे न उठंत उठाए ॥१५॥
सोभत जानु सुधासर सुंदर काम के मानहु कूप सु धारे ॥
लाजि के जान जहाज बिराजत हेरत ही हर लेत हकारे ॥
हउ चहु कुंट भ्रम्यो खग ज्यों इन के सम रूप न नैकु निहारे ॥
पारथ बान कि जुबन खान कि काल क्रिपान कि काम कटारे ॥१६॥
तंत्र भरे किधौ जंत्र जरे अर मंत्र हरे चख चीनत या ते ॥
जोबन जोति जगे अति सुंदर रंग रंगे मद से मदूआ ते ॥
रंग सहाब फूल गुलाब से सीखे है जोरि करोरक घाते ॥
माधुरी मूरति सुंदर सूरति हेरति ही हर लेत हीया ते ॥१७॥
पान चबाइ सीगार बनाइ सुगंध लगाइ सभा जब आवै ॥
किंनर जछ भुजंग चराचर देव अदेव दोऊ बिसमावै ॥
मोहित जे महि लोगन माननि मोहत तउन महा सुख पावै ॥
वारहि हीर अमोलक चीर त्रीया बिन धीर सबै बल जावै ॥१८॥
रूप अपार पड़े दस चार मनो असुरारि चतुर चक जान्यो ॥
आहव जुकति जितीक हुती जग सरबन मै सब ही अनुमान्नयो ॥
देसि बिदेसन जीत जुधाबर क्रित चंदोव दसो दिस तान्नयो ॥
देवन इंद्र गोपीन गोबिंद निसा करि चंद समान पछान्यो ॥१९॥
चउधित चार दिसा भई चक्रत भूमि अकास दुहूं पहिचाना ॥
जुध समान लख्यो जग जोधन बोधन बोध महा अनुमाना ॥
सूर समान लखा दिन कै तिह चंद सरूप निसा पहिचाना ॥
राननि रावि सवानिन साव भवानिन भाव भलो मनि माना ॥२०॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

बितै बरख द्वै असट मासं प्रमानं ॥
भयो सुप्रभं सरब बिद्या निधानं ॥
जपै हिंगुला ठिंगुला पाण देवी ॥
अनासा छुधा अत्रधारी अभेवी ॥२१॥
जपै तोतला सीतला खग ताणी ॥
भ्रमा भैहरी भीम रूपा भवाणी ॥
चलाचल सिंघ झमाझंम अत्रं ॥
हहा हूहि हासं झला झल छत्रं ॥२२॥

अटा अट हासं छटा छुट केसं ॥
असं ओध पाणं नमो क्रूर भेसं ॥
सिरंमाल स्वछं लसै दंत पंतं ॥
भजै सत्रु गूड़ं प्रफुलंत संतं ॥२३॥
अलिंपाति अरधी महा रूप राजै ॥
महा जोत ज्वालं करालं बिराजै ॥
त्रसै दुसट पुसटं हसै सुध साधं ॥
भजै पान दुरगा अरूपी अगाधं ॥२४॥
सुने उसतती भी भवानी क्रिपालं ॥
अधं उरधवी आप रूपी रसालं ॥
दए इख्वधी द्वै अभंगं खतंगं ॥
परस्रयं धरं जान लोहं सुरंगं ॥२५॥
जबै ससत्र साधी सबै ससत्र पाए ॥
उघारे चूमे कंठ सीसं छुहाए ॥
लख्यो सरब रावं प्रभावं अपारं ॥
अजोनी अजै बेद बिदिआ बिचारं ॥२६॥
ग्रिहीतुआ जबै ससत्र असत्रं अपारं ॥
पड़े अनुभवं बेद बिदिआ बिचारं ॥
पड़े सरब बिदिआ हुती सरब देसं ॥
जिते सरब देसी सु असत्रं नरेसं ॥२७॥
पठे कागदं देस देसं अपारी ॥
करो आनि कै बेद बिद्या बिचारी ॥
जटे दंड मुंडी तपी ब्रहमचारी ॥
सधी स्रावगी बेद बिदिआ बिचारी ॥२८॥
हकारे सबै देस देसा नरेसं ॥
बुलाए सबै मोन मानी सु बेसं ॥
जटा धार जेते कहूं देख पईयै ॥
बुलावै तिसै नाथ भाखै बुलईयै ॥२९॥
फिरे सरब देसं नरेसं बुलावै ॥
मिले न तिसै छत्र छैणी छिनावै ॥
पठे पत्र एकै दिसा एक धावै ॥
जटी दंड मुंडी कहूं हाथ आवै ॥३०॥
रच्यो जग राजा चले सरब जोगी ॥
जहा लउ कोई बूढ बारो सभोगी ॥
कहा रंक राजा कहा नार होई ॥
रच्यो जग राजा चलिओ सरब कोई ॥३१॥
फिरे पत्र सरबत्र देसं अपारं ॥
जुरे सरब राजा न्रिपं आनि दुआरं ॥
जहा लौ हुते जगत मै जटाधारी ॥
मिलै रोह देसं भए भेख भारी ॥३२॥
जहा लउ हुते जोग जोगिसट साधे ॥
मले मुख बिभूतं सु लंगोट बाधे ॥
जटा सीस धारे निहारे अपारं ॥
महा जोग धारं सुबिदिआ बिचारं ॥३३॥
जिते सरब भूपं बुले सरब राजा ॥
चहूं चक मो दान नीसान बाजा ॥
मिले देस देसान अनेक मंत्री ॥
करै साधना जोग बाजंत्र तंत्री ॥३४॥
जिते सरब भूमि सथली संत आहे ॥
तिते सरब पारस नाथं बुलाए ॥

दए भाति अनेक भोज अरघ दानं ॥
लजी पेख देवि सथली मोन मानं ॥३५॥
करै बैठ के बेद बिदिआ बिचारं ॥
प्रकासो सबै आपु आपं प्रकारं ॥
टकं टक लागी मुखं मुखि पेखिओ ॥
सुन्यो कान हो तो सु तो आखि देखिओ ॥३६॥
प्रकासो सबै आप आपं पुराणं ॥
रड़ो देसि देसाण बिदिआ मुहाणं ॥
करो भाति भातं सु बिदिआ बिचारं ॥
न्रिभै चित दै कै महा त्रास टारं ॥३७॥
जुरे बंगसी राफिजी रोहि रूमी ॥
चले बालखी छाड कै राज भूमी ॥
न्रिभै भिंभरी कासमीरी कंधारी ॥
कि कै कालमाखी कसे कासकारी ॥३८॥
जुरे दछणी ससत्र बेता अरयारे ॥
द्रुजै द्रावड़ी तपत तईलंग वारे ॥
परं पूरबी उत्र देसी अपारं ॥
मिले देस देसेण जोधा जुझारं ॥३९॥

पाधरी छंद ॥

इह भाति बीर बहु बीर जोरि ॥
मत देस देस राजा करोर ॥
दे हीर चीर बहु दिरब साज ॥
सनमान दान बहु भाति राज ॥४०॥
अनभै अभंग अवधूत छत्र ॥
अनजीत जुध बेता अति अत्र ॥
अनगंज सूर अबिचल जुझार ॥
रण रंग अभंग जिते हजार ॥४१॥
सब देस देस के जीत राव ॥
कर क्रुध जुध नाना उपाव ॥
कै साम दाम अरु दंड भेद ॥
अवनीप सरब जोरे अछेद ॥४२॥
जब सरब भूप जोरे महान ॥
जै जीत पत्र दिनो निसान ॥
दै हीर चीर अनभंग दिरब ॥
महिपाल मोहि डारे सु सरब ॥४३॥
इक दयोस बीत पारस्व राइ ॥
उतिसट देवि पूजंत जाइ ॥
उसतति किन बहु बिधि प्रकार ॥
सो कहो छंद मोहणि मझार ॥४४॥

मोहणी छंद ॥

जै देवी भेवी भावाणी ॥
भउ खंडी दुरगा सरबाणी ॥
केसरीआ बाही कऊमारी ॥
भैखंडी भैरवि उधारी ॥४५॥
अकलंका अत्री छत्राणी ॥
मोहणीअं सरबं लोकाणी ॥
रकतागी सागी सावित्री ॥

परमेस्री परमा पावित्री ॥४६॥
तोतलीआ जिहबा कऊमारी ॥
भव भरणी हरणी उधारी ॥
म्रिदु रूपा भूपा बुधाणी ॥
जै जंपै सुधं सिधाणी ॥४७॥
जग धारी भारी भगतायं ॥
करि धारी भारी मुकतायं ॥
सुंदर गोफणीआ गुरजाणी ॥
ते बरणी हरणी भामाणी ॥४८॥
भिंभरीआ जछं सरबाणी ॥
गंधरबी सिधं चाराणी ॥
अकलंक सरूपं निरमलीअं ॥
घण मधे मानो चंचलीअं ॥४९॥
असिपाणं माणं लोकायं ॥
सुख करणी हरणी सोकायं ॥
दुसट हंती संतं उधारी ॥
अनछेदाभेदा कउमारी ॥५०॥
आनंदी गिरजा कउमारी ॥
अनछेदाभेदा उधारी ॥
अनगंज अभंजा खंकाली ॥
म्रिगनैणी रूपं उजाली ॥५१॥
रकतागी रुद्रा पिंगाछी ॥
कटि कछी स्वछी हुलासी ॥
रकताली रामा धउलाली ॥
मोहणीआ माई खंकाली ॥५२॥
जगदानी मानी भावाणी ॥
भवखंडी दुरगा देवाणी ॥
रुद्रागी रुद्रा रकतागी ॥
परमेसरी माई धरमागी ॥५३॥
महिखासुर दरणी महिपाली ॥
चिछुरासर हंती खंकाली ॥
असि पाणी माणी देवाणी ॥
जै दाती दुरगा भावाणी ॥५४॥
पिंगाछी परमा पावित्री ॥
सावित्री संधिआ गाइत्री ॥
भै हरणी भीमा भामाणी ॥
जै देवी दुरगा देवाणी ॥५५॥
दुरगा दल गाही देवाणी ॥
भै खंडी सरबं भूताणी ॥
जै चंडी मुंडी सत्रु हंती ॥
जै दाती माता जैअंती ॥५६॥
संसरणी तराणी लोकाणी ॥
भिंभराणी दरणी दईताणी ॥
केकरणी कारण लोकाणी ॥
दुख हरणी देवं इंद्राणी ॥५७॥
सुंभ हंती जयंती खंकाली ॥
कंकड़ीआ रूपा रकताली ॥
तोतलीआ जिहवा सिंधुलीआ ॥
हिंगलीआ माता पिंगलीआ ॥५८॥
चंचाली चित्रा चित्रागी ॥

भिंभरीआ भीमा सरबागी ॥
बुधि भूपा कूपा जुज्वाली ॥
अकलंका माई न्रिमाली ॥५९ ॥
उछलै लंकुड़ीआ छत्राला ॥
भिंभरीआ भैरो भउहाला ॥
जै दाता माता जैदाणी ॥
लोकेसी दुरगा भावाणी ॥६० ॥
संमोही सरबं जगतायं ॥
निंद्रा छुध्रया पिपासायं ॥
जै कालं राती सक्राणी ॥
उधारी भारी भगताणी ॥६१ ॥
जै माई गाई बेदाणी ॥
अनछिज अभिदा अखिदाणी ॥
भै हरणी सरबं संताणी ॥
जै दाता माता क्रिपाणी ॥६२ ॥

अचकड़ा छंद ॥ त्वप्रसादि ॥

अंबिका तोतला सीतला साकणी ॥
सिंधुरी सुप्रभा सुभ्रमा डाकणी ॥
सावजा संभिरी सिंधुला दुखहरी ॥
सुंमिला संभिला सुप्रभा दुधरी ॥६३ ॥
भावना भै हरी भूतिली भैहरा ॥
टाकणी झाकणी साकणी सिंधुला ॥
दुधरा द्रुमुखा द्रुकटा दुधरी ॥
कंपिला जंपिला हिंगुला भैहरी ॥६४ ॥
चित्रणी चापणी चारणी चछणी ॥
हिंगुला पिंगुला गंध्रबा जछणी ॥
बरमणी चरमणी परघणी पासणी ॥
खड़गणी गड़गणी सैथणी सापणी ॥६५ ॥
भीमड़ा समदड़ा हिंगुला कारतकी ॥
सुप्रभा अछिदा अधिरा मारतकी ॥
गिंगली हिंगुली ठिंगुली पिंगुला ॥
चिकणी चरकटा चरपटा चावडा ॥६६ ॥
अछिदा अभिदा असिता अधरी ॥
अकटा अखंडा अछटा दुधरी ॥
अंजनी अंबिका असत्रणी धारणी ॥
अभरं अधरा जगति उधारणी ॥६७ ॥
अंजनी गंजनी साकड़ी सीतला ॥
सिधरी सुप्रभा सामला तोतला ॥
संभरी गंभरी अंभरी अकटा ॥
दुसला द्रुभिखा द्रुकटा अमिटा ॥६८ ॥
भैरवी भैहरी भूचरा भानवी ॥
त्रिकुटा चरपटा चावडा मानवी ॥
जोबना जैकरी जंभहरी जालपा ॥
तोतला तुंदला दंतली कालिका ॥६९ ॥
भरमणा निभ्रमा भावना भैहरी ॥
बर बुधा दात्रणी सत्रणी छैकरी ॥
द्रुकटा द्रुभिदा दुधरा द्रुमदी ॥
अत्रुटा अछुटा अजटा अभिदी ॥७० ॥
तंतला अंतला संतला सावजा ॥

भीमड़ा भैहरी भूतला बावजा ॥
डाकणी साकणी झाकणी काकिड़ा ॥
किंकड़ी कालिका जालपा जै म्रिड़ा ॥७१॥
ठिंगुला हिंगुला पिंगुला प्रासणी ॥
ससत्रणी असत्रणी सूलणी सासणी ॥
कंनिका अंनिका धंनिका धउलरी ॥
रकतिका सकतिका भकतका जैकरी ॥७२॥
झिंगड़ा पिंगड़ा जिंगड़ा जालपा ॥
जोगणी भोगणी रोग हरीं कालिका ॥
चंचला चावडा चाचरा चित्रता ॥
तंतरी भिंभरी छत्रणी छिंछला ॥७३॥
दंतुला दामणी द्रुकटा द्रुभ्रमा ॥
छुधिता निंद्रका न्रिभिखा न्रिगमा ॥
कद्रका चूड़िका चाचका चापणी ॥
चिन्नड़ी चावड़ा चिंपिला जापणी ॥७४॥
बिसनपद ॥ परज ॥ त्वप्रसादि कथता ॥
कैसे कै पाइन प्रभा उचारों ॥
जानुक निपट अघट अंम्रित सम संपट सुभट बिचारो ॥
मन मधुकरहि चरन कमलन पर ह्वै मनमत गुंजारो ॥
मात्रिक सपत सपित पितरन कुल चौदहूं कुली उधारो ॥७५॥
बिसनपद ॥ काफी ॥
ता दिन देह सफल कर जानो ॥
जा दिन जगत मात प्रफुलित ह्वै देहि बिजै बरदानो ॥
ता दिन ससत्र असत्र कटि बाधो चंदन चित्र लगाऊं ॥
जा कहु नेत निगम कहि बोलत तासु सु बरु जब पाऊं ॥७६॥
बिसनपद ॥ सोरठि ॥ त्वप्रसादि कथता ॥
अंतरजामी अभय भवानी ॥
अति ही निरखि प्रेम पारस को चित की ब्रिथा पछानी ॥
आपन भगत जान भवखंडन अभय रूप दिखायो ॥
चक्रत रहे पेखि मुनि जन सुर अजर अमर पद पायो ॥७७॥
सोभित बामहि पानि क्रिपाणी ॥
जा तर जछ किंनर असुरन की सब की क्रिया हिरानी ॥
जा तन मधु कीटभ कहु खंड्यो सुंभ निसुंभ संघारे ॥
सोई क्रिपान निदान लगे जग दाइन रहो हमारे ॥७८॥
जा तन बिड़ालाछ चिछ्रादिक खंडन खंड उडाए ॥
धूलीकरन धूम्रलोचन के मासन गिध रजाए ॥
राम रसूल किसन बिसनादिक काल क्रवालहि कूटे ॥
कोटि उपाइ धाइ सभ थाके बिन तिह भजन न छूटे ॥७९॥
बिसनपद ॥ सूही ॥ त्वप्रसादि कथता ॥
सोभित पानि क्रिपान उजारी ॥
जा तन इंद्र कोटि कई खंडे बिसन क्रोरि त्रिपुरारी ॥
जा कहु राम उचर मुनि जन सब सेवत धिआन लगाए ॥
तस तुम राम क्रिसन कई कोटिक बार उपाइ मिटाए ॥८०॥
अनभव रूप सरूप अगंजन कहो कवन बिधि गईयै ॥
जिहबा सहंस्र रटत गुन थाकी कबि जिहवेक बतईयै ॥
भूमि अकास पतार जवन कर चउदहि खंड बिहंडे ॥
जगमग जोति होति भूतलि मै खंडन अउ ब्रहमंडे ॥८१॥
बिसनपद ॥ सोरठि ॥
जै जै रूप अरेख अपार ॥
जासि पाइ भ्रमाइ जह तह भीख को सिव दुआर ॥

जासि पाइ लग्यो निसेसिह कारमा तन एक ॥
देवतेस सहंस्र भे भग जासि पाइ अनेक ॥८२॥
क्रिसन राम भए किते पुनि काल पाइ बिहान ॥
काल को अनकाल कै अकलंक मूरति मान ॥
जासि पाइ भयो सभै जग जास पाइ बिलान ॥
ताहि तै अबिचार जड़ करतार काहि न जान ॥८३॥
नरहरि जान काहि न लेत ॥
तै भरोस पर्यो पसू जिह मोहि बधि अचेत ॥
राम क्रिसन रसूल को उठि लेत नितप्रति नाउ ॥
कहा वै अब जीअत जग मै कहा तिन को गाउ ॥८४॥
सोरठि ॥
तास किउ न पछानही जे होहि है अब है ॥
निहफल काहे भजत पाहन तोहि कछु फलि दै ॥
तासु सेवहु जास सेवति होहि पूरण काम ॥
होहि मनसा सकल पूरण लैत जा के नाम ॥८५॥
बिसनपद ॥ रामकली ॥ त्वप्रसादि ॥
इह बिधि कीनी जबै बडाई ॥
रीझे देव दिआल तिह उपर पूरण पुरख सुखदाई ॥
आपनि मिले देवि दरसनि भयो सिंघ करी असवारी ॥
लीने छत्र लंकुरा कूदत नाचत गण दै तारी ॥८६॥
रामकली ॥
झमकत असत्र छटा ससत्रनि की बाजत डउर अपार ॥
निरतत भूत प्रेत नाना बिधि डहकत फिरत बैतार ॥
कुहकति फिरति काकणी कुहरत डहकत कठन मसान ॥
घहरति गगनि सघन रिख दहलत बिचरत ब्योम बिवान ॥८७॥
देवी बाच ॥
बिसनपद ॥ सारंग ॥ त्वप्रसादि ॥
कछू बर मागहु पूत सयाने ॥
भूत भविख नही तुमरी सर साध चरित हम जाने ॥
जो बरदान चहो सो मागो सब हम तुमै दिवार ॥
कंचन रतन बज्र मुकताफल लीजहि सकल सु धार ॥८८॥
पारस नाथ बाच ॥
बिसनपद ॥ सारंग ॥
सब ही पड़ो बेद बिदिआ बिधि सब ही ससत्र चलाऊ ॥
सब ही देस जेर करि आपन आपे मता मताऊ ॥
कहि तथासतु भई लोप चंडिका तास महा बर दै कै ॥
अंत्र ध्यान हुऐ गई आपन पर सिंघ अरूड़त हुऐ कै ॥८९॥
बिसनपद ॥ गउरी ॥ त्वप्रसादि ॥
पारस करि डंडौत फिरि आए ॥
आवत बीर देस देसन ते मानुख भेज बुलाए ॥
न्रिप को रूप बिलोकि सुभट सभ चक्रित चित बिसमाए ॥
ऐसे कबही लखे नही राजा जैसे आज लखाए ॥
चक्रित भई गगनि की बाला गन उडगन बिरमाए ॥
झिमझिम मेघ बूंद ज्यों देवन अमर पुहप बरखाए ॥
जानुक जुबन खान हुऐ निकसे रूप सिंधु अनुवाए ॥
जानुक धारि निडर बसुधा पर काम कलेवर आए ॥९०॥
बिसनपदि ॥ सारंग ॥ त्वप्रसादि ॥
भूपति परम ग्यान जब पायो ॥
मन बच करम कठन कर ता को जौ करि ध्यान लगायो ॥
करि बहु न्यास कठन जपु साध्रयो दरसनि दीयो भवानी ॥

ततछिन परम ग्यान उपदेस्यो लोक चतुरदस रानी ॥
तिह छिन सरब सासत्र मुख उचरे तत अतत पछाना ॥
अवर अतत सबै कर जाने एक तत ठहराना ॥
अनभव जोति अनूप प्रकासी अनहद नाद बजायो ॥
देस बिदेस जीति राजन कहु सुभट अभै पद पायो ॥९१॥
बिसनपद ॥ परज ॥
ऐसे अमरपद कहु पाइ ॥
देस अउर बिदेस भूपति जीति लीन बुलाइ ॥
भाति भाति भरे गुमान निसान सरब बजाइ ॥
चउप चउप चले चमूंपति चित चउप बढाइ ॥
आनि आनि सबै लगे पग भूप के जुहराइ ॥
आव आव सुभाव सो कहि लीन कंठ लगाइ ॥
हीर चीर सु बाज दै गज राज दै पहिराइ ॥
साध दै सनमान कै कर लीन चित चुराइ ॥९२॥
बिसनपद ॥ काफी ॥ त्वप्रसादि ॥
इम कर दान दै सनमान ॥
भाति भाति बिमोहि भूपति भूप बुध निधान ॥
भाति भातिन साज दै बर बाज अउ गजराज ॥
आपने कीनो न्रिपं सब पारसै महाराज ॥
लाल जाल प्रवाल बिद्रम हीर चीर अनंत ॥
लछ लछ स्वरण सिंडी दिज एक एक मिलंत ॥
मोहि भूपित भूमि कै इक कीन जग बनाइ ॥
भाति भाति सभा बनाइ सु बैठि भूपति आइ ॥९३॥
बिसनपद ॥ काफी ॥
इक दिन बैठे सभा बनाई ॥
बडे बडे छत्री बसुधा के लीने निकटि बुलाई ॥
अरु जे हुते देस देसन मति ते भी सरब बुलाए ॥
सुनि इह भाति सरब जटधारी देस देस ते आए ॥
नाना भाति जटन कह धारे अरु मुख बिभूत लगाए ॥
बलकुल अंगि दीरघ नख सोभत म्रिगपति देख लजाए ॥
मुंद्रत नेत्र ऊरध कर ओपत परम काछनी काछे ॥
निस दिन जप्यो करत दतात्रै महा मुनीसर आछे ॥९४॥
पारसनाथ बाच ॥ धनासरी ॥ त्वप्रसादि ॥
कै तुम हम को परचौ दिखाओ ॥
नातर जिते तुम हो जटधारी सबही जटा मुंडाओ ॥
जोगी जोगु जटन के भीतर जे कर कछूअक होई ॥
तउ हरि ध्यान छोरि दर दर ते भीख न मागै कोई ॥
जे कर महा तत कहु चीनै परम तत कहु पावै ॥
तब यह मोन साधि मनि बैठे अनत न खोजन धावै ॥
जा की रूप रेख नहीं जानीऐ सदा अद्वैख कहायो ॥
जउन अभेख रेख नही सो कहु भेख बिखै किउ आयो ॥९५॥
बिसनपद ॥ सारंग ॥ त्वप्रसादि ॥
जे जे तिन मै हुते सयाने ॥
पारस परम तत के बेता महा परम कर माने ॥
सबहनि सीस न्याइ करि जोरे इह बिधि संगि बखाने ॥
जो जो गुरू कहा सो कीना अउर हम कछू न जाने ॥
सुनहो महाराज राजन के जो तुम बचन बखाने ॥
सो हम दत बकत्र ते सुन करि साच हीऐ अनुमाने ॥
जानुक परम अंम्रित ते निकसे महा रसन रस साने ॥
जो जो बचन भए इह मुखि ते सो सो सब हम माने ॥९६॥

बिसनपद ॥ सोरठि ॥
जोगी जोगु जटन मो नाही ॥
भ्रम भ्रम मरत कहा पचि पचि करि देखि समझ मन माही ॥
जो जन महा तत कहु जानै परम ग्यान कहु पावै ॥
तब यह एक ठउर मनु राखै दरि दरि भ्रमत न धावै ॥
कहा भयो ग्रिह तजि उठि भागे बन मै कीन निवासा ॥
मन तो रहा सदा घर ही मो सो नही भयो उदासा ॥
अधिक प्रपंच दिखाइआ ठगा जग जानि जोग को जोरा ॥
तुम जीअ लखा तजी हम माया माया तुमै न छोरा ॥९७ ॥
बिसनपद ॥ सोरठि ॥
भेखी जोग न भेख दिखाए ॥
नाहन जटा बिभूत नखन मै नाहिन बसत्र रंगाए ॥
जो बनि बसै जोग कहु पईऐ पंछी सदा बसत बनि ॥
कुंचर सदा धूरि सिरि मेलत देखहु समझ तुम ही मनि ॥
दादुर मीन सदा तीरथ मो कर्यो करत इसनाना ॥
ध्रयान बिड़ाल बकी बक लावत तिन किआ जोगु पछाना ॥
जैसे कसट ठगन कर ठाटत ऐसे हरि हित कीजै ॥
तब ही महा ग्यान को जानै परम पयूखहि पीजै ॥९८ ॥
बिसनपद ॥ सारंग ॥
सुनि सुनि ऐसे बचन सियाने ॥
उठि उठि महा बीर पारस के पाइन सो लपटाने ॥
जे जे हुते मूड़ अगिआनी तिन तिन बैन न माने ॥
उठि उठि लगे करन बकबादह मूरख मुगध इआने ॥
उठि उठि भजे किते कानन को केतकि जलहि समाने ॥
केतक भए जुध कहि प्रापति सुनत सबदु घहराने ॥
केतक आनि आनि सनमुखि भए केतक छोरि पराने ॥
केतक जूझि सोभे रण मंडल बासव लोकि सिधाने ॥९९ ॥
बिसनपद ॥ तिलंग ॥ त्वप्रसादि कथता ॥
जब ही संख सबद घहराए ॥
जे जे हुते सूर जटधारी तिन तिन तुरंग नचाए ॥
चक्रत भई गगन की तरुनी देव अदेव त्रसाए ॥
निरखत भयो सूर रथ थंभत नैन निमेख न लाए ॥
ससत्र असत्र नाना बिधि छाडे बाण प्रयोघ चलाए ॥
मानहु माह मेघ बूंदन ज्यों बाण ब्रयूह बरसाए ॥
चटपट चरम बरम पर चटके दाझत त्रिणा लजाए ॥
स्रोणत भरे बसत्र सोभित जनु चाचर खेलि सिधाए ॥१०० ॥
बिसनपद ॥ किदारा ॥
इह बिधि भयो आहव घोर ॥
भाति भाति गिरे धरा पर सूर सुंदर किसोर ॥
कोप कोप हठी घटी रणि ससत्र असत्र चलाइ ॥
जूझि जूझि गए दिवालय ढोल बोल बजाइ ॥
हाइ हाइ भई जहा तह भाजि भाजि सु बीर ॥
पैठि पैठि गए त्रीआलै हारि हारि अधीर ॥
अप्रमान छुटे सरान दिसान भयो अंधिआर ॥
टूक टूक परे जहा तह मारि मारि जुझार ॥१०१ ॥
बिसनपद ॥ देवगंधारी ॥
मारू सबदु सुहावन बाजै ॥
जे जे हुते सुभट रणि सुंदर गहि गहि आयुध गाजे ॥
कवच पहरि पाखर सो डारी अउरै आयुध साजे ॥
भरे गुमान सुभट सिंघन ज्यों आहव भूमि बिराजे ॥

गहि गहि चले गदा गाजी सब सुभट अयोधन काजे ॥
आहव भूमि सूर अस सोभे निरखि इंद्र दुति लाजे ॥
टूक टूक हूऐ गिरे धरणि पर आहव छोरि न भाजे ॥
प्रापति भए देव मंदर कहु ससत्रन सुभट निवाजे ॥१०२॥
बिसनपद ॥ कलिआन ॥
दहदिस धाव भए जुझारे ॥
मुदगर गुफन गुरज गोलाले पटसि परघ प्रहारे ॥
गिरि गिरि परे सुभट रन मंडलि जानु बसंत खिलारे ॥
उठि उठि भए जुध कउ प्रापति रोह भरे रजवारे ॥
भखि भखि बीर पीस दातन कह रण मंडली हकारे ॥
बरछी बान क्रिपान गजाइधु असत्र ससत्र संभारे ॥
भसमी भूत भए गंध्रब गण दाझत देव पुकारे ॥
हम मत मंद चरण सरणागति काहि न लेत उबारे ॥१०३॥
मारू ॥
दोऊ दिस सुभट जबै जुरि आए ॥
दुंदभि ढोल म्रिदंग बजत सुनि सावन मेघ लजाए ॥
देखन देव अदेव महा हव चड़े बिमान सुहाए ॥
कंचन जटत खचे रतनन लखि गंध्रब नगर रिसाए ॥
काछि कछि काछ कछे कछनी चड़ि कोप भरे निजकाए ॥
कोऊ कोऊ रहे सुभट रण मंडलि केई केई छाडि पराए ॥
झिमझिम महा मेघ परलै ज्यों ब्रिंद बिसिख बरसाए ॥
ऐसो निरखि बडे कवतक कह पारस आप सिधाए ॥१०४॥
बिसनपद ॥ भैरो ॥ त्वप्रसादि ॥
दै रे दै रे दीह दमामा ॥
करहौ रुंड मुंड बसुधा पर लखत स्वरग की बामा ॥
धुकि धुकि परहि धरणि भारी भट बीर बैताल रजाऊ ॥
भूत पिसाच डाकणी जोगण काकण रुहर पिवाऊ ॥
भकि भकि उठे भीम भैरो रणि अरध उरध संघारो ॥
इंद्र चंद सूरज बरणादिक आज सभै चुनि मारो ॥
मोहि बर दान देवता दीना जिह सरि अउर न कोई ॥
मै ही भयो जगत को करता जो मै करौ सु होई ॥१०५॥
बिसनपद ॥ गउरी ॥ त्वप्रसादि कथता ॥
मो ते अउर बली को है ॥
जउन मो ते जंग जीते जुध मै कर जै ॥
इंद्र चंद उपिंद्र कौ पल मधि जीतौ जाइ ॥
अउर ऐसो को भयो रण मोहि जीते आइ ॥
सात सिंध सुकाइ डारो नैकु रोसु करो ॥
जछ गंध्रब किंन्र कोर करोर मोरि धरो ॥
देव और अदेव जीते करे सबै गुलाम ॥
दिब दान दयो मुझै छुऐ सकै को मुहि छाम ॥१०६॥
बिसनपद ॥ मारू ॥
यौ कहि पारस रोस बढायो ॥
दुंदभि ढोल बजाइ महा धुनि सामुहि संन्यासनि धायो ॥
असत्र ससत्र नाना बिधि छडै बाण प्रयोघ चलाए ॥
सुभट सनाहि पत्र चलदल ज्यों बानन बेधि उडाए ॥
दुहदिस बान पान ते छूटे दिनपति देह दुराना ॥
भूमि अकास एक जनु हुऐ गए चाल चहूं चक माना ॥
इंदर चंद्र मुनिवर सब कापे बसु दिगिपाल डरानीय ॥
बरन कुबेर छाडि पुर भाजे दुतीय प्रलै करि मानीय ॥१०७॥
बिसनपद ॥ मारू ॥

सुरपुर नारि बधावा माना ॥
बरि है आज महा सुभटन कौ समर सुयंबर जाना ॥
लखि है एक पाइ ठाढी हम जिम जिम सुभट जुझै है ॥
तिम तिम घालि पालकी आपन अमरपुरी लै जै है ॥
चंदन चारु चित्र चंदन के चंचल अंग चड़ाऊ ॥
जा दिन समर सुअंबर करि कै परम पिअर वहि पाऊ ॥
ता दिन देह सफल करि मानो अंग सींगार धरो ॥
जा दिन समर सुयंबर सखी री पारस नाथ बरो ॥१०८॥
बिसनपद ॥ काफी ॥
चहु दिस मारू सबद बजे ॥
गहि गहि गदा गुरज गाजी सब हठि रणि आनि गजे ॥
बान कमान क्रिपान सैहथी बाण प्रयोघ चलाए ॥
जानुक महा मेघ बूंदन ज्यों बिसिख ब्रयूहि बरसाए ॥
चटपट चरम बरम सब बेधे सटपट पार पराने ॥
खटपट सरब भूमि के बेधे नागन लोक सिधाने ॥
झमकत खड़ग काढि नाना बिधि सैहथी सुभट चलावत ॥
जानुक प्रगट बाट सुर पुर की नीके हिरदे दिखावत ॥१०९॥
बिसनपद ॥ सोरठि ॥
बानन बेधे अमित संनिआसी ॥
ते तज देह नेह संपति को भए सुरग के बासी ॥
चरम बरम रथ धुजा पताका बहु बिधि काटि गिराए ॥
सोभत भए इंद्र पुर जम पुर सुर पुर निरख लजाए ॥
भूखन बसत्र रंग रंगन के छुटि छुटि भूमि गिरे ॥
जनुक असोक बाग दिवपति के पुहप बसंति झरे ॥
कटि कटि गिरे गजन कुंभ सथल मुकता बिथुरि परे ॥
जानुक अंम्रित कुंड मुख छुटै जल कन सुभग झरे ॥११०॥
देव गंधारी ॥
दूजी तरह ॥
दुह दिस परे बीर हकारि ॥
काढि काढि क्रिपाण धावत मारु मारु उचारि ॥
पान रोकि सरोख रावत क्रुध जुध फिरे ॥
गाहि गाहि गजीं रथी रणि अंति भूमि गिरे ॥
तानि तानि संधान बान प्रमान कान सुबाहि ॥
बाहि बाहि फिरे सुबाहन छत्र धरम निबाहि ॥
बेधि बेधि सु बान अंग जुआन जुझे ऐस ॥
भूरि भारथ के समे सर सेज भीखम जैस ॥१११॥
बिसनपद ॥ सारंग ॥
इह बिधि बहुतु संनिआसी मारे ॥
केतिक बाधि बारि मो बोरे किते अगनि मो सारे ॥
केतन एक हाथ कटि डारे केतिन के द्वै हाथ ॥
तिल तिल पाइ रथी कटि डारे कटे कितन के माथ ॥
छत्र चम्र रथ बाज कितने के काटि काटि रणि डारे ॥
केतन मुकट लकुट लै तोरे केतन जूट उपारे ॥
भकि भकि गिरे भिंभर बसुधा पर घाइ अंग भिभरारे ॥
जानुक अंत बसंत समै मिलि चाचर खेल सिधारे ॥११२॥
बिसनपद ॥ अडान ॥
चुपरे चारु चिकने केस ॥
आनि आनि फिरी चहूं दिसि नारि नागरि भेस ॥
चिबक चारु सु धार बेसर डारि काजर नैन ॥
जीव जंतन का चली चित लेत चोर सु मैन ॥

देख री सुकुमार सुंदर आजु बर है बीर ॥
बीन बीन धरो सबंगन सुध केसरि चीर ॥
चीन चीन बरि है सुबाह सु मध जुध उछाह ॥
तेग तीरन बान बरछन जीत करि है बयाह ॥११३॥
बिसनपद ॥ सोरठि ॥
कहा लौ उपमा इती करौ ॥
ग्रंथ बढन के काज सुनहु जू चित मै अधिक डरौ ॥
तउ सुधारि बिचार कथा कहि कहि संछेप बखानो ॥
जैसे तव प्रताप के बल ते जथा सकति अनुमानो ॥
जब पारस इह बिधि रन मंड्यो नाना ससत्र चलाए ॥
हते सु हते जीअ लै भाजे चहुं दिस गए पराए ॥
जे हठ तिआगि आनि पग लागे ते सब लए बचाई ॥
भूखन बसन बहुतु बिधि दीने दै दै बहुत बडाई ॥११४॥
बिसनपद ॥ काफी ॥
पारस नाथ बडो रण पार्यो ॥
आपन प्रचुर जगत मतु कीना देवदत को टार्यो ॥
लै लै ससत्र असत्र नाना बिधि भाति अनिक अरि मारे ॥
जीते परम पुरख पारस के सगल जटा धर हारे ॥
बेख बेख भट परे धरन गिरि बाण प्रयोघन घाए ॥
जानुक परम लोक पावन कहु प्रानन पंख लगाए ॥
टूक टूक ह्वै गिरे कवच कटि परम प्रभा कहु पाई ॥
जणु दै चले निसाण सुरग कह कुलहि कलंक मिटाई ॥११५॥
बिसनपद ॥ सूही ॥
पारस नाथ बडो रण जीतो ॥
जानुक भई दूसर करणारजुन भारथ सो हुइ बीतो ॥
बहु बिधि चलै प्रवाहि स्रोण के रथ गज असव बहाए ॥
भै कर जान भयो बड आहव सात समुंदर लजाए ॥
जह तह चले भाज संनिआसी बाणन अंग प्रहारे ॥
जानुक बज्र इंद्र के भै ते पब सपछ सिधारे ॥
जिह तिह गिरत स्रोण की धारा अरि घूमत भिभरात ॥
निंदा करत छत्रीय धरम की भजत दसो दिस जात ॥११६॥
बिसनपद ॥ सोरठि ॥
जेतक जीअत बचे संन्यासी ॥
त्रास मरत फिरि बहुरि न आए होत भए बनबासी ॥
देस बिदेस ढूंढ बन बेहड तह तह पकरि संघारे ॥
खोजि पताल अकास सुरग कहु जहा तहा चुनि मारे ॥
इह बिधि नास करे संनिआसी आपन मतह मतायो ॥
आपन न्यास सिखाइ सबन कहु आपन मंत्र चलायो ॥
जे जे गहे तिन ते घाइल तिन की जटा मुंडाई ॥
दोही दूर दत की कीनी आपन फेरि दुहाई ॥११७॥
बिसनपद ॥ बसंत ॥
इह बिधि फाग क्रिपानन खेले ॥
सोभत ढाल माल डफ मालै मूठ गुलालन सेले ॥
जानु तुफंग भरत पिचकारी सूरन अंग लगावत ॥
निकसत स्रोण अधिक छबि उपजत केसर जानु सुहावत ॥
स्रोणत भरी जटा अति सोभत छबहि न जात कह्यो ॥
मानहु परम प्रेम सौ डार्यो ईंगर लागि रह्यो ॥
जह तह गिरत भए नाना बिधि सागन सत्रु पराए ॥
जानुक खेल धमार पसारि कै अधिक स्रमित ह्वै सोए ॥११८॥
बिसनपद ॥ परज ॥

दस सै बरख राज तिन कीना ॥
कै कै दूर दत के मत कहु राज जोग दोऊ लीना ॥
जे जे छपे लुके कहूं बाचे रहि रहि वहै गए ॥
ऐसे एक नाम लैबे को जग मो रहत भए ॥
भाति भाति सौ राज करत यौ भाति भाति धन जोर्यो ॥
जहा जहा मानस स्रउनन सुन तहा तहा ते तोर्यो ॥
इह बिधि जीत देस पुर देसन जीत निसान बजायो ॥
आपन करण कारण करि मान्यो काल पुरख बिसरायो ॥११९ ॥

रूआमल छंद ॥

दस सहंस्र प्रमाण बरखन कीन राज सुधारि ॥
भाति भाति धरान लै अरु सत्रु सरब संघारि ॥
जीति जीति अनूप भूप अनूप रूप अपार ॥
भूप मेध ठट्यो न्रिपोतम एक जग सुधारि ॥१२० ॥
देस देसन के नरेसन बाधि कै इक बारि ॥
रोह देस बिखै गयो लै पुत्र मित्र कुमार ॥
नारि संजुत बैठि बिधवत कीन जग अरंभ ॥
बोलि बोलि करोर रितज और बिप असंभ ॥१२१ ॥
राजमेध कर्यो लगै आरंभ भूप अपार ॥
भाति भाति सम्रिध जोरि सुमित्र पुत्र कुमार ॥
भाति अनेकन के जुरे जन आनि कै तिह देस ॥
छीनि छीनि लए न्रिपाबर देस दिरब अविनेस ॥१२२ ॥
देख के इह भाति सरब सु भूप संपति नैण ॥
गरब सो भुज दंड कै इह भाति बोला बैण ॥
भूप मेध करो सबै तुम आज जग अरंभ ॥
सतजुग माहि भयो जिही बिधि कीन राजै जंभ ॥१२३ ॥
मंत्रीय बाच ॥
लछ जउ न्रिप मारीयै तब होत है न्रिप मेध ॥
एक एक अनेक संपति दीजीयै भविखेध ॥
लछ लछ तुरंग एकहि दीजीऐ अबिचार ॥
जग पूरण होतु है सुन राज राज वतार ॥१२४ ॥
भाति भाति सुम्रिध संपति दीजीयै इक बार ॥
लछ हसत तुरंग द्वै लछ सुवरन भार अपार ॥
कोटि कोटि दिजेक एकहि दीजीयै अबिलंब ॥
जग पूरण होइ तउ सुन राज राज असंभ ॥१२५ ॥
पारसनाथ बाच ॥

रूआल छंद ॥

सुवरन की न इती कमी जउ टुट है बहु बरख ॥
हसत की न कमी मुझै हय सार लीजै परख ॥
अउर जउ धन चाहीयै सो लीजीयै अबिचार ॥
चित मै न कछू करो सुन मंत्र मित्र अवतार ॥१२६ ॥
यउ जबै न्रिप उचर्यो तब मंत्रि बर सुनि बैन ॥
हाथ जोरि सलाम कै न्रिप नीच कै जुग नैन ॥
अउर एक सुनो न्रिपोतम उचरौं इक गाथ ॥
जौन मधि सुनी पुरानन अउर सिंम्रित साथ ॥१२७ ॥
मंत्री बाच ॥

रूआल छंद ॥

अउर जो सभ देस के न्रिप जीतीयै सुनि भूप ॥
परम रूप पवित्र गात अपवित्र हरण सरूप ॥
ऐस जउ सुनि भूप भूपति सभ पूछीआ तिह गाथ ॥
पूछ आउ सबै न्रिपालन हउ कहो तुह साथ ॥१२८॥
यौ कहे जब बैन भूपति मंत्रि बर सुनि धाइ ॥
पंच लछ बुलाइ भूपति पूछ सरब बुलाइ ॥
अउर सात हूं लोक भीतर देहु अउर बताइ ॥
जउन जउन न जीतिआ न्रिप रोस कै न्रिप राइ ॥१२९॥
देखि देखि रहे सबै तर को न देत बिचार ॥
ऐस कउन रहा धरा पर देहु ताहि उचार ॥
एक एक बुलाइ भूपति पूछ सरब बुलाइ ॥
को अजीत रहा नही जिह ठउर देहु बताइ ॥१३०॥
एक न्रिप बाच ॥

रूआल छंद ॥

एक भूपति उचरो सुनि लेहु राजा बैन ॥
जान माफ करो कहो तब राज राज सु नैन ॥
एक है मुनि सिंधु मै अरु मछ के उर माहि ॥
मोहि राव बिबेक भाखौ ताहि भूपति नाहि ॥१३१॥
एक द्योस जटधरी न्रिप कीनु छीर प्रवेस ॥
चित्र रूप हुती तहा इक नारि नागर भेस ॥
तासु देखि सिवेस को गिर बिंद सिंध मझार ॥
मछ पेट मछंद्र जोगी बैठि है न्रिप बार ॥१३२॥
तासु ते चल पुछीऐ न्रिप सरब बात बिबेक ॥
एन तोहि बताइ है न्रिप भाखि हो जु अनेक ॥
ऐस बात सुनी जबै तब राज राज अवतार ॥
सिंधु खोजन को चला लै जगत के सब जार ॥१३३॥
भाति भाति मंगाइ जालन संग लै दल सरब ॥
जीत दुंदभ दै चला न्रिप जानि कै जीअ गरब ॥
मंत्री मित्र कुमारि संपत सरब मधि बुलाइ ॥
सिंध जार डरे जहा तहा मछ सत्रु डराइ ॥१३४॥
भाति भातन मछ कछप अउर जीव अपार ॥
बधि जारन ह्वै कढे तब तिआगि प्रान सु धार ॥
सिंधु तीर गए जबै जल जीव एकै बार ॥
ऐस भाति भए बखानत सिंधु पै मत सार ॥१३५॥
बिप को धरि सिंधु मूरति आइयो तिह पासि ॥
रतन हीर प्रवाल मानक दीन है अनिआस ॥
जीव काहि संघारीऐ सुनि लीजीऐ न्रिप बैन ॥
जउन कारज को चले तुम सो नही इह ठैन ॥१३६॥
सिंधु बाच ॥

रूआल छंद ॥

छीर सागर है जहा सुन राज राज वतार ॥
मछ उदर मछंद्र जोगी बैठ है ब्रत धारि ॥
डारि जार निकार ताकहि पूछ लेहु बनाइ ॥
जो कहा सो कीजीऐ न्रिप इही सति उपाइ ॥१३७॥
जोरि बीरन नाख सिंधह आग चाल सुबाह ॥
हूर पूर रही जहा तहा जत्र तत्र उछाह ॥
भाति भाति बजंत्र बाजत अउर घुरत निसान ॥

छीर सिंधु हुतो जहा तिह ठाम पहुचे आनि ॥१३८॥
सूत्र जार बनाइ कै तिह मधि डारि अपार ॥
अउर जीव घने गहे न विलोकयो सिव बार ॥
हारि हारि फिरे सबै भट आनि भूपति तीर ॥
अउर जीव घने गहे पर सो न पाव फकीर ॥१३९॥
मछ पेटि मछंद्र जोगी बैठ है बिनु आस ॥
जार भेट सकै न वा को मोनि अंग सु बास ॥
एक जार सुना नयो तिह डारीऐ अबिचार ॥
सति बात कहो तुमै सुनि राज राज वतार ॥१४०॥
गिआन नामु सुना हमो तिह जार को न्रिप राइ ॥
तउन ता मै डारि कै मुनि राज लेहु गहाइ ॥
यौ न हाथि परे मुनीसुर बीत है बहु बरख ॥
सति बात कहौ तुमै सुन लीजीऐ भरतरख ॥१४१॥
यौ न पानि परे मुनाबर होहिां कोटि उपाइ ॥
डार के तुम ग्यान जार सु तासु लेहु गहाइ ॥
ग्यान जार जबै न्रिपंबर डार्यो तिह बीच ॥
तउन जार गहो मुनाबर जानु दूज दधीच ॥१४२॥
मछ सहित मछिंद्र जोगी बधि जार मझार ॥
मछ लोक बिलोकि कै सब ह्वै गए बिसंभार ॥
द्वै महूरत बिती जबै सुधि पाइ कै कछु अंगि ॥
भूप द्वार गए सभै भट बाधि असत्र उतंग ॥१४३॥
मछ उदर लगे सु चीरन किउहूं न चीरा जाइ ॥
हारि हारि परै जबै तब पूछ मित्र बुलाइ ॥
अउर कउन बिचारीऐ उपचार ताकर आज ॥
द्रिसटि जा ते परै मुनीस्वर सरे हमरो काजु ॥१४४॥

दोहरा ॥

मछ पेट किहूं न फटे सब कर हटे उपाइ ॥
ग्यान गुरू तिन को हुतो पूछा तहि बनाइ ॥१४५॥

तोटक छंद ॥

भट त्याग कै सब गरब ॥
न्रिप तीर बोलो सरब ॥
न्रिप पूछीऐ गुर ग्यान ॥
कहि देइ तोहि बिधान ॥१४६॥
बिधि पूरि कै सुभ चार ॥
अरु ग्यान रीति बिचारि ॥
गुर भाखीऐ मुहि भेव ॥
किम देखीऐ मुनि देव ॥१४७॥
गुर ग्यान बोल्यो बैन ॥
सुभ बाच सो सुख दैन ॥
छुरका बिबेक लै हाथ ॥
इह फारीऐ तिह साथ ॥१४८॥
तब काम तैसो ई कीन ॥
गुर ग्यान ज्यों सिख दीन ॥
गहि कै बिबेकहि हाथ ॥
तिह चीरिआ तिह साथ ॥१४९॥
जब चीरि पेट बनाइ ॥
तब देखए जग राइ ॥

जुत ध्यान मुंद्रत नैन ॥
बिनु आस चित न डुलैन ॥१५०॥
सत धात पुत्रा कीन ॥
मुनि द्रिसटि तर धर दीन ॥
जब छूटि रिखि के ध्यान ॥
तब भए भसम प्रमान ॥१५१॥
जो अउर द्रिग तरि आउ ॥
सोऊ जीअत जान न पाउ ॥
सो भसम होवत जानु ॥
बिनु प्रीति भगत न मानु ॥१५२॥
जब भए पुत्रा भसम ॥
जन अंधता रवि रसम ॥
पुनि पूछीआ तिहा जाइ ॥
मुनि राज भेद बताइ ॥१५३॥

नराज छंद ॥

कउन भूप भूमि मै बताइ मोहि दीजीयै ॥
जो मोहि त्रासि न त्रस्यो क्रिपा रिखीस कीजीयै ॥
सु अउर कउन है हठी सु जउन मो न जीतियो ॥
अत्रास कउन ठउर है जहा न मोह बीतियो ॥१५४॥
न संक चित आनीयै निसंक भाख दीजीयै ॥
सु को अजीत है रहा उचार तासु कीजीयै ॥
नरेस देस देस के असेस जीत मै लीए ॥
छितेस भेस भेस के गुलाम आनि हूऐ रहे ॥१५५॥
असेख राज काज मो लगाइ कै दीए ॥
अनंत तीरथ नाति कै अछिन पुंन मै कीए ॥
अनंत छत्रीआन छै दुरंत राज मै करो ॥
सो को तिहुं जहान मै समाज जउन ते टरो ॥१५६॥
अनंग रंग रंग के सुरंग बाज मै हरे ॥
बसेख राजसूइ जग बाजमेध मै करे ॥
न भूमि ऐस को रही न जग खंभ जानीयै ॥
जगत्र करण कारण करि दुतीय मोहि मानीयै ॥१५७॥
सु अत्र छत्र जे धरे सु छत्र सूर सेवही ॥
अदंड खंड खंड के सुदंड मोहि देवही ॥
सु ऐस अउर कौन है प्रतापवान जानीऐ ॥
त्रिलोक आज के बिखै जोगिंदर मोहि मानीऐ ॥१५८॥
मछिंद्र बाच पारसनाथ सो ॥
सवैया ॥
कहा भयो जो सभ ही जग जीति सु लोगन को बहु त्रास दिखायो ॥
अउर कहा जु पै देस बिदेसन माहि भले गज गाहि बधायो ॥
जो मनु जीतत है सभ देस वहै तुमरै न्रिप हाथि न आयो ॥
लाज गई कछु काज सर्यो नही लोक गयो परलोक न पायो ॥१५९॥
भूमि को कउन गुमान है भूपति सो नही काहूं के संग चलै है ॥
है छलवंत बडी बसुधा यहि काहूं की है नह काहूं हुऐ है ॥
भउन भंडार सबै बर नारि सु अंति तुझै कोऊ साथ न दै है ॥
आन की बात चलात हो काहे कउ संगि की देह न संगि सिधै है ॥१६०॥
राज के साज को कउन गुमान निदान जु आपन संग न जै है ॥
भउन भंडार भरे घर बार सु एक ही बार बिगान कहै है ॥
पुत्र कलत्र सु मित्र सखा कोई अंति समै तुहि साथ न दै है ॥
चेत रे चेत अचेत महा पसु संग बीयो सो भी संग न जै है ॥१६१॥

कउन भरोस भटान को भूपति भार परे जिनि भार सहैंगे ॥
भाज है भीर भयानक हुऐ कर भारथ सो नही भेर चहैंगे ॥
एक उपचार न चाल है राजन मित्र सबै म्रित नीर बहैंगे ॥
पुत्र कलत्र सभै तुमरे न्रिप छूटत प्रान मसान कहैंगे ॥१६२॥
पारसनाथ बाच मछिंद्र सो ॥

तोमर छंद ॥

मुनि कउन है वह राउ ॥
तिह आज मोहि बताउ ॥
तिह जीत हो जब जाइ ॥
तब भाखीअउ मुहि राइ ॥१६३॥
मछिंद्र बाच पारसनाथ सो ॥

तोमर छंद ॥

सुन राज राजन हंस ॥
भव भूमि के अवतंस ॥
तुहि जीतए सब राइ ॥
पर सो न जीतयो जाइ ॥१६४॥
अबिबेक है तिह नाउ ॥
तव हीय मै तिह ठाउ ॥
तिह जीत कही न भूप ॥
वह है सरूप अनूप ॥१६५॥

छपै छंद ॥

बलि महीप जिन छल्यो ब्रहम बावन बस किनो ॥
किसन बिसन जिन हरे दंड रघुपति ते लिनो ॥
दस ग्रीवहि जिनि हरा सुभट सुंभासुर खंड्यो ॥
महखासुर मरदीआ मान मधु कीट बिहंड्यो ॥
सोऊ मदन राज राजा न्रिपति न्रिप अबिबेक मंत्री कीयो ॥
जिह देव दईत गंध्रब मुनि जीति अडंड डंडहि लीयो ॥१६६॥
जवन क्रुध जुध करण कैरव रण घाए ॥
जासु कोप के कीन सीस दस सीस गवाए ॥
जउन क्रुध के कीए देव दानव रणि लुझे ॥
जासु क्रोध के कीन खसट कुल जादव जुझे ॥
सोऊ ता समानु सैनाधिपति जिदिन रोस वहु आइ है ॥
बिनु इक बिबेक सुनहो न्रिपति अवर समुहि को जाइ है ॥१६७॥
पारसनाथ बाच मछिंद्र सो ॥

छपै छंद ॥

सुनहु मछिंद्र बैन कहो तुहि बात बिचछन ॥
इक बिबेक अबिबेक जगत द्वै न्रिपति सुलछन ॥
बड जोधा दुहूं संग बडे दोऊ आप धनुरधर ॥
एक जाति इक पाति एक ही मात जोधाबर ॥
इक तात एक ही बंस पुनि बैर भाव दुह किम गहो ॥
तिह नाम ठाम आभरण रथ ससत्र असत्र सब मुनि कहो ॥१६८॥
मछिंद्र बाच पारसनाथ सो ॥

छपै छंद ॥

असित बरण अबिबेक असित बाजी रथ सोभत ॥
असित बसत्र तिह अंगि निरखि नारी नर लोभत ॥
असित सारथी अग्र असित आभरण रथोतम ॥
असित धनुख करि असित धुजा जानुक पुरखोतम ॥
इह छबि नरेस अबिबेक न्रिप जगत जयंकर मानीयै ॥
अनजित जासु कह न तजो क्रिसन रूप तिह जानीयै ॥१६९॥
पुहप धनुख अलि पनच मतस जिह धुजा बिराजै ॥
बाजत झाझर तूर मधुर बीना धुनि बाजै ॥
सब बजंत्र जिह संग बजत सुंदर छब सोहत ॥
संग सैन अबला संबूह सुर नर मुनि मोहत ॥
अस मदन राज राजा न्रिपति जिदिन क्रुध करि धाइ है ॥
बिनु इक बिबेक ता के समुहि अउर दूसर को जाइ है ॥१७०॥
करत न्रित सुंदरी बजत बीना धुनि मंगल ॥
उपजत राग संबूह बजत बैरारी बंगलि ॥
भैरव राग बसंत दीप हिंडोल महा सुर ॥
उघटत तान तरंग सुनत रीझत धुनि सुर नर ॥
इह छबि प्रभाव रितु राज न्रिप जिदिन रोस करि धाइ है ॥
बिनु इक बिबेक ता के न्रिपति अउर समुहि को जाइ है ॥१७१॥
सोरठि सारंग सुध मलार बिभास सरबि गनि ॥
रामकली हिंडोल गौड गूजरी महा धुनि ॥
ललत परज गवरी मलार कानड़ा महा छबि ॥
जाहि बिलोकत बीर सरब तुमरे जै है दबि ॥
इह बिधि नरेस रितु राज न्रिप मदन सूअन जब गरज है ॥
बिनु इक ग्यान सुन हो न्रिपति सु अउर दूसर को बरजि है ॥१७२॥
कऊधत दामनि सघन सघन घोरत चहुदिस घन ॥
मोहित भामिन सघन डरत बिरहनि त्रिय लखि मनि ॥
बोलत दादुर मोर सघन झिली झिंकारत ॥
देखत द्रिगन प्रभाव अमित मुनि मन ब्रित हारत ॥
इह बिधि हुलास मदनज दूसर जिदिन चटक दै सटक है ॥
बिनु इक बिबेक सुनहो न्रिपति अउर दूसर को हटक है ॥१७३॥
त्रितीआ पुत्र अनंद जिदिन ससत्रन कहु धरि है ॥
करि है चित्र बचित्र सु रण सुर नर मुनि डरि है ॥
को भट धरि है धीर जिदिन सामुहि वह ऐ है ॥
सभ को तेज प्रताप छिनक भीतर हर लै है ॥
इह बिधि अनंद दुर धरख भट जिदिन ससत्र गह मिक है ॥
बिनु इक धीरज सुनि रे न्रिपति सु अउर न दूसरि टिक है ॥१७४॥
रतन जटत रथ सुभत खचित बज्रन मुकताफल ॥
हीर चीर आभरण धरे सारथी महाबल ॥
कनक देख कुररात कठन कामिन ब्रित हारत ॥
तनि पटंबर जरकसी परम भूखन तन धारत ॥
इह छबि अनंद मदनज न्रिपति जिदिन गरज दल गाहि है ॥
बिनु इक धीरज सुनि रे न्रिपति सु अउर समुह को जाहि है ॥१७५॥
धूम्र बरण सारथी धूम्र बाजीरथ छाजत ॥
धूम्र बरण आभरण निरखि सुर नर मुनि लाजत ॥
धूम्र नैन धूमरो गात धूमर तिह भूखन ॥
धूम्र बदन ते बमत सरब सत्रू कुल दूखन ॥
अस भरम मदन चतुरथ सुवन जिदिन रोस करि धाइ है ॥
दल लूट कूट तुमरो न्रिपति सु सरब छिनक महि जाइ है ॥१७६॥
अउर अउर जे सुभटि गनो तिह नाम बिचछन ॥
बड जोधा बड सूर बडे जितवार सुलच्छन ॥

कलहि नाम इक नारि महा कल रूप कलह कर ॥
लोग चतुरदस माझि जासु छोरा नही सुर नर ॥
सब ससत्र असत्र भीतर निपुण अति प्रभाव तिह जानीऐ ॥
सब देस भेस अरु राज सब त्रास जवन को मानीऐ ॥१७७॥
बैर नाम इक बीर महा दुर धरख अजै रणि ॥
कबहु दीन नही पीठि अनिक जीते जिह न्रिप गण ॥
लोचन स्रौणत बरण अरुण सब ससत्र अंगि तिह ॥
रवि प्रकास सर धुजा अरुण लाजत लखि छबि जिह ॥
इह भाति बैर बीरा बडे जिदिन क्रुध करि गरजि है ॥
बिनु एक साति सुन रे न्रिपति सु अउर न दूसर बरजि है ॥१७८॥
धूम्र धुजा रथ धूम्र धूम्र सारथी बिराजत ॥
धूम्र बसत्र तन धरे निरखि धूअरो मनि लाजत ॥
धूम्र धनुख कर छक्यो बान धूमरे सुहाए ॥
सुर नर नाग भुजंग जछ अरु असुर लजाए ॥
इह छबि प्रभाव आलस न्रिपति जिदिन जुध कह जुट है ॥
उदम बिहीन सुन रे न्रिपति अउर सकल दल फुट है ॥१७९॥
हरित धुजा अरु धनुख हरित बाजी रथ सोभंत ॥
हरत बसत्र तन धरे निरखि सुर नर मन मोहंत ॥
पवन बेग रथ चलत भ्रमन बघूला लखि लजित ॥
सुनत स्रवन चक सबद मेघ मन महि सुखु सजित ॥
इह छबि प्रताप मद नाम न्रिप जिदिन तुरंग नचाइ है ॥
बिनु इक बिबेक सुन लै न्रिपति ससु समरि न दूसर जाइ है ॥१८०॥
असित धुजा सारथी असित बसत्रै अरु बाजी ॥
असित कवच तन कसे तजत बाणन की राजी ॥
असित सकल तिह बरण असित लोचन दुख मरदन ॥
असित मणिण के सकल अंगि भूखण रुचि बरधन ॥
अस कुव्रिति बीर दुर धरख अति जिदिन समर कह सजि है ॥
बिनु इक धीरज बीरत तजि अउर सकल दल भजि है ॥१८१॥
चरम बरम कह धरे धरम छत्री को धारत ॥
अजै जानि आपनहि सरब रण सुभट पचारत ॥
धरन न आगै धीर बीर जिह सामुह धावत ॥
सुर असुर अरु नर नारि जछ गंध्रब गुन गावत ॥
इह बिधि गुमान जा दिन गरज परम क्रोध कर ढूक है ॥
बिनु इक सील सुन न्रिपति न्रिपाणि सु अउर सकल दल हूक है ॥१८२॥
कड़कि क्रोध करि चड़गु भड़कि भादवि ज्यों गजत ॥
सड़क तेग दामिन तड़क तड़भड़ रण सजत ॥
लुड़क लुथ बिथुरग सेल सामुहि ह्वै घलत ॥
जिदिन रोस रावत रणहि दूसर को झलत ॥
इह बिधि अपमान तिह भ्रात भन जिदिन रुद्र रस मचि है ॥
बिन इक सील दुसील भट सु अउर कवण रणि रचि है ॥१८३॥
धनुख मंडलाकार लगत जा को सदीव रण ॥
निरखत तेज प्रभाव भटक भाजत है भट गण ॥
कउन बाधि ते धीर बीर निरखत दुति लाजत ॥
नहन जुध ठहराति त्रसत दसहूं दिस भाजत ॥
इह बिधि अनरथ समरथ रणि जिदिन तुरंग मटक है ॥
बिनु इक धीर सुन बीर बरु सु दूसर कउन हटकि है ॥१८४॥
प्रीत बसत्र तनि धरे धुजा पीअरी रथ धारे ॥
पीत धनुख करि सोभ मान रति पति को टारे ॥
पीत बरण सारथी पीत बरणै रथ बाजी ॥
पीत बरन को बाण खेति चड़ि गरजत गाजी ॥

इह भाति बैर सूरा न्रिपति जिदिन गरजि दल गाहि है ॥
बिनु इक गिआन सवधान ह्वै अउर समर को चाहि है ॥१८५॥
मलित बसत्र तनि धरे मलित भूखन रथ बाधे ॥
मलित मुकट सिर धरे परम बाणण कह साधे ॥
मलित बरण सारथी मलित ताहूं आभूखन ॥
मलयागर की गंध सकल सत्रू कुल दूखन ॥
इह भाति निंद अनधर सुभट जिदिन अयोधन मचि है ॥
बिनु इक धीरज सुन बीर बर सु अउर कवण रणि रचि है ॥१८६॥
घोर बसत्र तनि धरे घोर पगीआ सिर बाधे ॥
घोर बरण सिरि मुकट घोर सत्रन कह साधे ॥
घोर मंत्र मुख जपत परम आघोर रूप तिह ॥
लखत स्वरग भहरात घोर आभा लखि कै जिह ॥
इह भाति नरक दुर धरख भट जिदिन रोसि रणि आइ है ॥
बिनु इक हरिनाम सुन हो न्रिपति सु अउर न कोइ बचाइ है ॥१८७॥
समट साग संग्रहै सेल सामुहि ह्वै सुटै ॥
कलित क्रोध संजुगति गलित गैवर जियों जुटै ॥
इक इक बिनु कीन इक ते इक न चलै ॥
इक इक संग भिड़ै ससत्र सनमुख ह्वै झलै ॥
इह बिधि नसील दुसील भट सहत कुचील जबि गरजि है ॥
बिनु एक सुचहि सुनि न्रिप न्रिपणि सु अउर न कोऊ बरजि है ॥१८८॥
ससत्र असत्र दोऊ निपुण निपुण सब बेद सासत्र कर ॥
अरुण नेत्र अरु रकत बसत्र भ्रितवान धनुरधर ॥
बिकट बाक्रय बड ड्रयाछ बडो अभिमान धरे मन ॥
अमित रूप अमितोज अभै आलोक अजै रन ॥
अस सुभट छुधा त्रिसना सबल जिदिन रंग रण रचि है ॥
बिनु इक न्रिपति निग्रह बिना अउर जीअ न लै बचि है ॥१८९॥
पवन बेग रथ चलत सु छबि सावज तड़ता क्रित ॥
गिरत धरन सुंदरी नैक जिह दिसि फिरि झाकत ॥
मदन मोह मन रहत मनुछ देखि छबि लाजत ॥
उपजत हीय हुलास निरखि दुति कह दुख भाजत ॥
इमि कपट देव अनजेव न्रिपु जिदिन झटक दै धाइ है ॥
बिनु एक साति सुनहो न्रिपति सु अउर कवन समुहाइ है ॥१९०॥
चखन चारु चंचल प्रभाव खंजन लखि लाजत ॥
गावत राग बसंत बेण बीना धुनि बाजत ॥
धधकत भ्रिकट म्रिदंग झाझ झालर सुभ सोहत ॥
खग म्रिग जछ भुजंग असुर सुर नर मन मोहत ॥
अस लोभ नाम जोधा बडो जिदिन जुध कह जुटि है ॥
जस पवन बेग ते मेघ गण सु अस तव सब दल फुटि है ॥१९१॥
धुज प्रमाण बीजुरी भुजा भारी जिह राजत ॥
अति चंचल रथ चलत निरख सुर नर मुनि भाजत ॥
अधिक रूप अमितोज अमिट जोधा रण दुह कर ॥
अति प्रताप बलवंत लगत सत्रन कह रिपु हर ॥
अस मोह नाम जोधा जस जिदिन जुध कह जुटि है ॥
बिन इक बिचार अबिचार न्रिप अउर सकल दल फुटि है ॥१९२॥
पवन बेग रथ चलत गवन लखि मोहित नागर ॥
अति प्रताप अमितोज अजै प्रतमान प्रभाधर ॥
अति बलिसट अधिसट सकल सैना कहु जानहु ॥
क्रोध नाम बढियाछ बडो जोधा जीअ मानहु ॥
धरि अंगि कवच धर पनच करि जिदिन तुरंग मटक है ॥
बिनु एक साति सुन सति न्रिप सु अउर न कोऊ हटकि है ॥१९३॥

गलित दुरद मदि चड्यो कढि करवार भयंकर ॥
स्याम बरण आभरण खचित सब नील मणिण बर ॥
स्वरन किंकणी जाल बधे बानैत गजोतम ॥
अति प्रभाव जुति बीर सिध सावंत नरोतम ॥
इह छबि हंकार नामा सुभट अति बलिसट तिह मानीऐ ॥
जिह जगत जीव जीते सबै आप अजीत तिह जानीऐ ॥१९४॥
सेत हसत आरूड़ ढुरत चहूं ओरि चवर बर ॥
स्वरण किंकणी बधे निरखि मोहत नारी नर ॥
सुभ्र सैहथी पाणि प्रभा कर मै अस धावत ॥
निरखि दिपति दामनी प्रभा हीयरे पछुतावत ॥
अस द्रोह नाम जोधा बडो अति प्रभाव तिह जानीऐ ॥
जल थल बिदेस देसन न्रिपति आन जवन की मानीऐ ॥१९५॥
तबल बाज घुंघरार सीस कलगी जिह सोहत ॥
द्वै क्रिपाण गजगाह निरखि नारी नर मोहत ॥
अमित रूप अमितोज बिकट बानैत अमिट भट ॥
अति सुबाह अति सूर अजै अनभिद सु अनकट ॥
इह भाति भरम अनभिद भट जिदिन क्रुध जीय धार है ॥
बिन इक बिचार अबिचार न्रिप ससु अउर न आनि उबारि है ॥१९६॥
लाल माल सुभ बधै नगन सरपेचि खचित सिर ॥
अति बलिसट अनिभेद अजै सावंत भटाबर ॥
कटि क्रिपाण सैहथी तजत धारा बाणन कर ॥
देखत हसत प्रभाव लजत तड़िता धाराधर ॥
अस ब्रहम दोख अनमोख भट अकट अजै तिह जानीऐ ॥
अरि दवन अजै आनंद कर न्रिप अबिबेक को मानीऐ ॥१९७॥
असित बसत्र अरु असित गात अमितोज रणाचल ॥
अति प्रचंड अति बीर बीर जीते जिन जल थल ॥
अकट अजै अनभेद अमिट अनरथि नाम तिह ॥
अति प्रमाथ अरि मथन सत्रु सोखन है ब्रिद जिह ॥
दुर धरख सूर अनभेद भट अति प्रताप तिह जानीऐ ॥
अनजै अनंद दाता अपन अति सुबाह तिह मानीऐ ॥१९८॥
मोर बरण रथ बाज मोर ही बरण परम जिह ॥
अमित तेज दुर धरख सत्रु लख कर कंपत तिह ॥
अमिट बीर आजान बाहु आलोक रूप गन ॥
मतस केतु लखि जाहि ह्रिदै लाजत है दुति मनि ॥
अस झूठ रूठि जिदिन न्रिपति रणहि तुरंग उथकि है ॥
बिनु इक सति सुण सति न्रिप सु अउर न आनि हटकि है ॥१९९॥
रथ तुरंग सित असित असित सित धुजा बिराजत ॥
असित सेतहि बसत्र निरखि सुर नर मुनि लाजत ॥
असित सेत सारथी असित सेत छकिओ रथाबर ॥
सुवरण किंकनी केस जनुक दूसरे देवेसुर ॥
इह छबि प्रभाव मिथिआ सुभट अति बलिसट तिह कह कह्यो ॥
जिह जगत जीव जीते सबै नहि अजीत नर को रह्यो ॥२००॥
चक्र बक्र कर धरे चारु बागा तनि धारे ॥
आनन खात तंबोल गंधि उतम बिसथारे ॥
चवरु चारु चहूं ओरि ढुरत सुंदर छबि पावत ॥
निरखत नैन बसंत प्रभा ताकह सिर न्यावत ॥
इह बिधि सुबाहु चिंता सुभट अति दुर धरख बखानीऐ ॥
अनभंग गात अनभै सुभट अति प्रचंड तिह मानीऐ ॥२०१॥

रूआल छंद ॥

लाल हीरन के धरे जिह सीस पै बहु हार ॥
स्वरणी किंकणि सौ छक गज राज पबाकार ॥
दुरद रूड़ दरिद्र नाम सु बीर है सुनि भूप ॥
कउन ता ते जीत है रण आनि राज सरूप ॥२०२॥
जरकसी के बसत्र है अरु परम बाजारूड़ ॥
परम रूप पवितर गात अछिज रूप अगूड़ ॥
छत्र धरम धरे महा भट बंस की जिह लाज ॥
संक नामा सूर सो सब सूर है सिरताज ॥२०३॥
पिंग बाज नहे रथै सहि अडिग बीर अखंड ॥
अंत रूप धरे मनो अछिज गात प्रचंड ॥
नाम सूर असोभ ता कह जानही सभ लोक ॥
कउन राव बिबेक है जु न मानि है इह सोक ॥२०४॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

सजे स्याम बाजी रथं जासु जानो ॥
महा जंग जोधा अजै तासु मानो ॥
असंतुसट नाम महाबीर सोहै ॥
तिहूं लोक जा को बडो त्रास मोहै ॥२०५॥
चड़्यो तत ताजी सिराजीत सोभै ॥
सिरं जैत पत्रं लखे चंद्र छोभै ॥
अनास ऊच नामा महा सूर सोहै ॥
बडो छत्रधारी धरै छत्र जो है ॥२०६॥
रथं सेत बाजी सिराजीत सोहै ॥
लखे इंद्र बाजी तरै द्रिसट को है ॥
हठी बाबरी को हिंसा नाम जानो ॥
महा जंग जोधा अजै लोक मानो ॥२०७॥
सुभं संदली बाज राजी सिराजी ॥
लखे रूप ता को लजै इंद्र बाजी ॥
कुमंतं महा जंग जोधा जुझारं ॥
जलं वा थलं जेण जिते बरिआरं ॥२०८॥
चड़्यो बाज ताजी कोपतं सरूपं ॥
धरे चरम बरमं बिसालं अनूपं ॥
धुजा बध सिधं अलजा जुझारं ॥
बडो जंग जोधा सु क्रुधी बरारं ॥२०९॥
धरे छीन बसत्रं मलीनं दरिद्री ॥
धुजा फाट बसत्रं सु धारे उपद्री ॥
महा सूर चोरी करोरी समानं ॥
लसै तेज ऐसो लजै देखि स्वानं ॥२१०॥
फटे बसत्र सरबं सबै अंग धारे ॥
बधे सीस जारी बुरी अरध जारे ॥
चड़्यो भीम भैसं महा भीम रूपं ॥
बिभैचार जोधा कहो तास भूपं ॥२११॥
सभै सिआम बरणं सिरं सेत एकं ॥
नहे गरधपं स्रयंदनेकं अनेकं ॥
धुजा स्याम बरणं भुजं भीम रूपं ॥
सरं स्रोणितं एक अछेक कूपं ॥२१२॥
महा जोध दारिद्र नामा जुझारं ॥
धरे चरम बरमं सु पाणं कुठारं ॥
बडो चित्र जोधी करोधी करालं ॥
तजै नासका नैन धूम्रं बरालं ॥२१३॥

रूआल छंद ॥

स्वामिघात क्रितघनता दोऊ बीर है दुर धरख ॥
सत्रु सूरन के संघारक सैन के भरतरख ॥
कउन दो थन सो जना जु न मानि है तिहं त्रास ॥
रूप अनूप बिलोकि कै भट भजै होइ उदास ॥२१४॥
मित्र दोख अरु राज दोख सु एक ही है भ्रात ॥
एक बंस दुहूंन को अर एक ही तिह मात ॥
छत्रि धरम धरे हठी रण धाइ है जिह ओर ॥
कउन धीर धर भटाबर लेत है झकझोर ॥२१५॥
ईरखा अरु उचाट ए दोऊ जंग जोधा सूर ॥
भाजि है अविलोक कै अरु रीझि है लखि हूर ॥
कउन धीर धरै भटाबर जीति है सब सत्रु ॥
दंत लै त्रिण भाजि है भट को न गहि है अत्र ॥२१६॥
घात अउर बसीकरण बड बीर धीर अपार ॥
क्रूर करम कुठार पाणि कराल दाड़ बरिआर ॥
बिज तेज अछिज गाति अभिज रूप दुरंत ॥
कउन कउन न जीतिए जिनि जीव जंत महंत ॥२१७॥
आपदा अरु झूठता अरु बीर बंस कुठार ॥
परम रूप दुर धरख गात अमरख तेज अपार ॥
अंग अंगनि नंग बसत्र न अंग बलकुल पात ॥
दुसट रूप दरिद्र धाम सु बाण साधे सात ॥२१८॥
बियोग अउर अपराध नाम सु धार है जब कोप ॥
कउन ठाढ सकै महा बलि भाजि है बिनु ओप ॥
सूल सैथन पानि बान संभारि है तव सूर ॥
भाजि है तजि लाज को बिसंभार ह्वै सब कूर ॥२१९॥
भानु की सर भेद जा दिन तपि है रण सूर ॥
कउन धीर धरै महा भट भाजि है सभ कूर ॥
ससत्र असत्रन छाडि कै अरु बाज राज बिसारि ॥
काटि काटि सनाह तव भट भाजि है बिसंभार ॥२२०॥
धूम्र बरण अउ धूम्र नैन सु सात धूम्र जुआल ॥
छीन बसत्र धरे सबै तन क्रूर बरण कराल ॥
नाम आलस तवन को सुनि राज राज वतार ॥
कउन सूर संघारि है तिह ससत्र असत्र प्रहार ॥२२१॥

तोटक छंद ॥

चड़ि है गहि कोप क्रिपाण रणं ॥
घमकंत कि घुंघर घोर घणं ॥
तिह नाम सु खेद अभेद भटं ॥
तिह बीर सुधीर लखो निपटं ॥२२२॥
कल रूप कराल ज्वाल जलं ॥
असि उजल पानि प्रभा न्रिमलं ॥
अति उजल दंद अनंद मनं ॥
कुक्रिआ तिह नाम सु जोध गनं ॥२२३॥
अति सिआम सरूप करूप तनं ॥
उपजं अग्यान बिलोकि मनं ॥
तिह नाम गिलानि प्रधान भटं ॥
रण मो न महा हठि हारि हटं ॥२२४॥
अति अंग सुरंग सनाह सुभं ॥

बहु कसट सरूप सु कसट छुभं ॥
अति बीर अधीर न भयो कब ही ॥
दिव देव पछानत है सब ही ॥२२५॥
भट करम बिकरम जबै धरि है ॥
रण रंग तुरंगहि बिचरि है ॥
तब बीर सु धीरहि को धरि है ॥
बल बिक्रम तेज तबै हरि है ॥२२६॥

दोहरा ॥

इह बिधि तन सूरा सु धरि धै है न्रिप अबिबेक ॥
न्रिप बिबेक की दिसि सुभट ठाढ न रहि है एक ॥२२७॥

◄ *इति स्री बचित नाटक ग्रंथे पारस मछिंद्र संबादे न्रिप अबिबेक आगमन नाम सुभट बरननं नाम धिआइ समापतम सत सुभम सत ॥*

अथ न्रिप बिबेक दे दल कथनं ॥

छपय छंद ॥

जिह प्रकार अबिबेक न्रिपति दल सहित बखाने ॥
नाम ठाम आभरन सु रथ सभ के हम जाने ॥
ससत्र असत्र अरु धनुख धुजा जिह बरण उचारी ॥
त्वप्रसादि मुनि देव सकल सु बिबेक बिचारी ॥
करि क्रिपा सकल जिह बिधि कहे तिह बिधि वहै बखानीऐ ॥
किह छबि प्रभाव किह दुति न्रिपति न्रिप बिबेक अनुमानीऐ ॥२२८॥
अधिक न्यास मुनि कीन मंत्र बहु भाति उचारे ॥
तंत्र भली बिधि सधे जंत्र बहु बिधि लिखि डारे ॥
अति पवित्र हुऐ आप बहुरि उचार करो तिह ॥
न्रिप बिबेक अबिबेक सहित सैन कथ्यो जिह ॥
सुर असुर चक्रित चहु दिस भए अनल पवन ससि सूर सब ॥
किह बिधि प्रकास करि है संघार जके जछ गंधरब सब ॥२२९॥
सेत छत्र सिर धरै सेत बाजी रथ राजत ॥
सेत ससत्र तन सजे निरखि सुर नर भ्रमि भाजत ॥
चंद चक्रित ह्वै रहत भानु भवता लखि भुलत ॥
भ्रमर प्रभा लखि भ्रमत असुर सुर नर डग डुलत ॥
इह छबि बिबेक राजा न्रिपति अति बलिसट तिह मानीऐ ॥
मुनि गन महीप बंदत सकल तीनि लोकि महि जानीऐ ॥२३०॥
चमर चारु चहूं ओर ढुरत सुंदर छबि पावत ॥
निरखि हंस तिह ढुरनि मान सरवरहि लजावत ॥
अति पवित्र सब गात प्रभा अति ही जिह सोहत ॥
सुर नर नाग सुरेस जछ किंनर मन मोहत ॥
इह छबि बिबेक राजा न्रिपति जिदिन कमान चड़ाइ है ॥
बिनु अबिबेक सुनि हो न्रिपति सु अउर न बान चलाइ है ॥२३१॥
अति प्रचंड अबिकार तेज आखंड अतुल बल ॥
अति प्रताप अति सूर तूर बाजत जिह जल थल ॥
पवन बेग रथ चलत पेखि चपला चित लाजत ॥
सुनत सबद चक चार मेघ मोहत भ्रम भाजत ॥
जल थल अजेअ अनभै भट अति उतम परवानीऐ ॥
धीरजु सु नाम जोधा बिकट अति सुबाहु जग मानीऐ ॥२३२॥

धरम धीर बीर जसमीर अनभीर बिकट मति ॥
कलप ब्रिछ कुब्रितन क्रिपान जस तिलक सुभट अति ॥
अति प्रतापु अति ओज अनल सर तेज जरे रण ॥
ब्रहम असत्र सिव असत्र नहिन मानत एकै ब्रण ॥
इह दुति प्रकास ब्रित छत्र न्रिप ससत्र असत्र जब छंडि है ॥
बिनु एक अब्रित सुब्रित न्रिपति अवर न आहव मंडि है ॥२३३॥
अछिज गात अनभंग तेज आखंड अनिल बल ॥
पवन बेग रथ को प्रतापु जानत जीअ जल थल ॥
धनुख बान परबीन छीन सब अंग ब्रितन करि ॥
अति सुबाहु संजम सुबीर जानत नारी नर ॥
गहि धनुख बान पानहि धरम परम रूप धरि गरजि है ॥
बिनु इक अब्रित सुब्रित न्रिपति अउर न आनि बरजि है ॥२३४॥
चक्रित चारु चंचल प्रकास बाजी रथ सोहत ॥
अति प्रबीन धुनि छीन बीन बाजत मन मोहत ॥
प्रेम रूप सुभ धरे नेम नामा भट भै कर ॥
परम रूप परमं प्रताप जुध जै अरि छै कर ॥
अस अमिट बीर धीरा बडो अति बलिसट दुर धरख रणि ॥
अनभै अभंज अनमिट सुधीस अनबिकार अनजै सु भण ॥२३५॥
अति प्रताप अमितोज अमिट अनभै अभंग भट ॥
रथ प्रमाण चपला सु चारु चमकत है अनकट ॥
निरखि सत्रु तिह तेज चक्रित भयभीत भजत रणि ॥
धरत धीर नहि बीर तीर सर है नही हठि रणि ॥
बिग्रयान नामु अनभै सुभट अति बलिसट तिह जानीऐ ॥
अगिआन देसि जा को सदा त्रास घरन घरि मानीऐ ॥२३६॥
बमत ज्वाल डमरू कराल डिम डिम रणि बजत ॥
घन प्रमान चक सबद घहरि जा को गल गजत ॥
सिमटि साग संग्रहत सरकि सामुह अरि झारत ॥
निरखि तासु सुर असुर ब्रहम जै सबद उचारत ॥
इसनान नाम अभिमान जुत जिदिन धनुख गहि गरजि है ॥
बिनु इक कुचील सामुहि समर अउर न तासु बरजि है ॥२३७॥
इकि निब्रित अति बीर दुतीअ भावना महा भट ॥
अति बलिसट अनमिट अपार अनछिज अनाकट ॥
ससत्र धारि गज है जब भीर भाजि है निरखि रणि ॥
पत्र भेस भहरात धीर धर है न अनगण ॥
इह बिधि सु धीर जोधा न्रिपति जिदिन अयोधन रचि है ॥
तज ससत्र असत्र भजि है सकल एक न बीर बिरच है ॥२३८॥

संगीत छपय छंद ॥

तागड़दी तुर बाज है जागड़दी जोधा जब जुटहि ॥
लागड़दी लुथ बिथुरहि सागड़दी संनाह सु तुटहि ॥
भागड़दी भूत भैरो प्रसिध अरु सिध निहारहि ॥
जागड़दी जछ जुगणी जूथ जै सबद उचारहि ॥
पहिरि कवच दुंदभी बजायो ॥८॥

दोहरा ॥

सैन सकल लै कै चड़ी सूरन सकल जताइ ॥
बैरम खा मुहि भ्रित कौ बीरा दयो बुलाइ ॥९॥

चौपई ॥

सैना सकल संग लै धाई ॥
बाधे गोल सामुहे आई ॥
बैरम खा इक भ्रित पठायो ॥
मो कह जीति तब आगे जायो ॥१०॥
यौ सुनि सूर सकल रिस भरे ॥
भाति भाति कै आयुधु धरे ॥
ता को घेरि दसौ दिसि आए ॥
तानि कमानन बान चलाए ॥११॥

दोहरा ॥

असि फासी धरि सिपर लै गुरज गुफन लै हाथ ॥
गिरि गिरि गे जोधा धरनि बिधै बरछियन साथ ॥१२॥

भुजंग छंद ॥

लए हाथ सैथी अरब खरब धाए ॥
बंधे गोल हाठे हठी खेत आए ॥
महा कोप कै बाल के तीर ढूके ॥
दुहूं ओर ते मार ही मारि कूके ॥१३॥
सवैया ॥
छोरि निसासन के फररे भट ढोल ढमाकन दै करि ढूके ॥
ढालन कौ गहि कै कर भीतर मार ही मारि दसौ दिसि कूके ॥
वार अपार बहे कई बार गए छुटि कंचन कोटि कनूके ॥
लोह लुहार गड़ै जनु जारि उठै इक बारि त्रिनारि भभूके ॥१४॥

भुजंग छंद ॥

गुरिए खेल महमंदिले जाक धाए ॥
दओजई अफरीदीए कोपि आए ॥
हठे सूर लोदी महा कोप कै कै ॥
परे आनि कै बाढवारीन लै कै ॥१५॥

चौपई ॥

परी बाढवारीन की मारि भारी ॥
गए जूझि जोधा बडेई हंकारी ॥
महा मारि बानन की गाड़ ऐसी ॥
मनौ कुआर के मेघ की ब्रिसटि जैसी ॥१६॥
परे आनि जोधा चहूं ओर भारे ॥
महा मार ही मारि ऐसे पुकारे ॥
हटे नाहि छत्री छके छोभ ऐसे ॥
मनो साच स्री काल की ज्वाल जैसे ॥१७॥
धए अरब आछे महा सूर भारी ॥

करै तीनहूं लोक जिन कौ जुहारी ॥
लए हाथ तिरसूल ऐसो भ्रमावै ॥
मनो मेघ मै दामनी दमकि जावै ॥१८॥

चौपई ॥

धाए बीर जोरि दल भारी ॥
बाना बधे बडे हंकारी ॥
तान धनुहियन बान चलावै ॥
बाधे गोल सामुहे आवै ॥१९॥
जब अबला वह नैन निहारे ॥
भाति भाति के ससत्र प्रहारे ॥
मूंड जंघ बाहन बिनु कीने ॥
पठै धाम जम के सो दीने ॥२०॥
जूझि अनेक सुभट रन गए ॥
है गै रथी बिना असि भए ॥
जूझै बीर खेत भट भारी ॥
नाचे सूर बीर हंकारी ॥२१॥

दोहरा ॥

लगे ब्रिणन के सूरमा परे धरनि पै आइ ॥
गिर परे उठि पुनि लरे अधिक ह्रिदै करि चाइ ॥२२॥

भुजंग छंद ॥

किते गोफनै गुरज गोले उभारै ॥
किते चंद्र त्रिसूल सैथी संभारै ॥
किते परघ फासी लए हाथ डोलै ॥
किते मार ही मारि कै बीर बोलै ॥२३॥

दोहरा ॥

अति चित कोप बढाइ कै सूरन सकलन घाइ ॥
जहा बालि ठाढी हुती तहा परत भे आइ ॥२४॥

चौपई ॥

किचपचाइ जोधा समुहावै ॥
चटपट सुभट बिकट कटि जावै ॥
जूझि प्रान सनमुख जे देही ॥
डारि बिवान बरंगनि लेही ॥२५॥

दोहरा ॥

जे भट आनि अपछ्रनि लए बिवान चड़ाइ ॥
तिनि प्रति और निहारि कै लरतु सूर समुहाइ ॥२६॥

भुजंग छंद ॥

चहूं ओर ते चावडै चीतकारी ॥
रहे गिध आकास मंडराइ भारी ॥
लगे घाइ जोधा गिरे भूमि भारे ॥
ऐसी भाति झूमे मनौ मतवारे ॥२७॥

परी बान गोलान की भीर भारी ॥
बहै तीर तरवारि काती कटारी ॥
हठै ऐठियारे महाबीर धाए ॥
बधे गोल गाड़े चले खेत आए ॥२८॥
गुरिया खेल महमंदि लेजाक मारे ॥
दओजई अफरीति लोदी संघारे ॥
बली सूर न्रयाजी ऐसी भाति कूटे ॥
चले भाज जोधा सभै सीस फूटे ॥२९॥
सवैया ॥
सूर गए कटि कै झट दै तब बाल कुपी हथिआर संभारे ॥
पटिस लोह हथी परसे इक बार ही बैरनि के तन झारे ॥
एक लरे इक हारि टरे इक देखि डरे मरि गे बिनु मारे ॥
बीर करोरि सरासन छोरि त्रिणान कौ तोरि सु आनन डारे ॥३०॥

चौपई ॥

कोपे अरि बिलोकि तब भारे ॥
दुंदभ चले बजाइ नगारे ॥
टूटे चहूं ओर रिसि कै कै ॥
भाति भाति के आयुधु लै कै ॥३१॥

दोहरा ॥

बज्रबान बिछूआ बिसिख बरसियो सार अपार ॥
ऊच नीच कायर सुभट सभ कीने इक सार ॥३२॥

चौपई ॥

ऐसी भाति खेत जब परियो ॥
अरब राइ कुपि बचन उचरियो ॥
या को जियत जान नही दीजै ॥
घेरि दसो दिसि ते बधु कीजै ॥३३॥
अरब राइ कुपि बचन उचारे ॥
कोपे सूरबीर ऐठ्रयारे ॥
तानि कमानन बान चलाए ॥
बेधि बाल को पार पराए ॥३४॥

दोहरा ॥

बेधि बान जब तन गए तब त्रिय कोप बढाइ ॥
अमित जुध तिह ठा कियो सो मै कहत बनाइ ॥३५॥

चौपई ॥

लगे देह ते बान निकारे ॥
तन पुनि वहै बैरियन मारे ॥
जिन की देह घाव दिड़ लागे ॥
तुरत बरंगनिन सो अनुरागे ॥३६॥
ऐसी भाति बीर बहु मारे ॥
बाजी करी रथी हनि डारे ॥
तुमल जुध तिह ठा अति मचियो ॥
एक सूर जीयत नह बचियो ॥३७॥
अरब राइ आपन तब धायो ॥

आनि बाल सो जूझ मचायो ॥
चतुर बान तब त्रिया प्रहारे ॥
चारो अस्व मार ही डारे ॥३८॥
पुनि रथ काटि सारथी मारियो ॥
अरब राइ को बान प्रहारियो ॥
मोहित कै ता को गहि लीनो ॥
दुंदभि तबै जीति कौ दीनो ॥३९॥
ता को बाधि धाम लै आई ॥
भाति भाति सो दरबु लुटाई ॥
जै दुंदभी द्वार पै बाजी ॥
ग्रिह के लोक सकल भे राजी ॥४०॥

दोहरा ॥

काढि भोहरा ते पतिहि दीनो सत्रु दिखाइ ॥
बिदा कियो इक अस्व दै औ पगिया बधवाइ ॥४१॥

CHARITAR ९६ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे छयानवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥96॥1724॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

सयालकोट के देस मै सालबाहना राव ॥
खट दरसन कौ मानई राखत सभ को भाव ॥१॥
स्री त्रिपरारि मती हुती ता की त्रिय कौ नाम ॥
भजै भवानी कौ सदा निसु दिन आठौ जाम ॥२॥

चौपई ॥

यह जब भेद बिक्रमै पायो ॥
अमित सैन लै कै चड़ि धायो ॥
नैकु सालबाहन नहि डरियो ॥
जोरि सूर सनमुख ह्वै लरियो ॥३॥

दोहरा ॥

तब ता सौ स्री चंडिका ऐसे कहियो बनाइ ॥
सैन म्रितका की रचो तुम मै देउ जियाइ ॥४॥

चौपई ॥

जो जग मात कहियो सो कीनो ॥
सैन म्रितका की रचि लीनो ॥
क्रिपा द्रिसटि स्री चंडि निहारे ॥
जगे सूर हथिआर संभारे ॥५॥

दोहरा ॥

माटी ते मरद ऊपजे करि कै क्रुध बिसेख ॥
है गै रथ पैदल घने न्रिप उठि चले अनेक ॥६॥

चौपई ॥

गहिरे नाद नगर मै बाजे ॥
गहि गहि गुरज गरबिया गाजे ॥
टूक टूक भाखै जो ह्वै है ॥
बहुरो फेरि धाम नहि जै है ॥७॥

दोहरा ॥

यहै मंत्र करि सूरमा परे सैन मै आइ ॥
जो बिक्रम को दलु हुतो सो लै चले उठाइ ॥८॥

भुजंग छंद ॥

रथी कोटि कूटे करी क्रोरि मारे ॥
किते साज औ राज बाजी बिदारे ॥
घने घूमि जोधा तिसी भूमि जूझे ॥
कहा लौ गनौ मै नही जात बूझे ॥९॥

रूआल छंद ॥

अमित सैना लै चलियो तह आपु राजा संग ॥
जोरि कोरि सु बीर मंत्री ससत्र धारि सुरंगि ॥
सूल सैथिन के लगे अरु बेधि बानन साथ ॥
जूझि जूझि गए तहा रन भूमि मधि प्रमाथ ॥१०॥

भुजंग छंद ॥

जगे जंग जोधा गए जूझि भारे ॥
किते भूमि घूमै सु मनो मतवारे ॥
किते मार ही मारि ऐसे पुकारै ॥
किते ससत्र छोरै त्रिया भेख धारै ॥११॥
जबै आनि जोधा चहूं घात गजे ॥
महा संख औ दुंदभी नाद वजे ॥
परी जौ अभीतान की भीर भारी ॥
तबै आपु स्री कालिका किलकारी ॥१२॥
तहा आपु लै रुद्र डौरू बजायो ॥
चतर साठि मिलि जोगनी गीत गायो ॥
कहूं कोपि कै डाकनी हाक मारै ॥
कहूं भूत औ प्रेत नागे बिहारै ॥१३॥

तोमर छंद ॥

तब बिक्रमै रिसि खाइ ॥
भट भाति भाति बुलाइ ॥
चित मै अधिक हठ ठानि ॥
तिह ठा परत भे आनि ॥१४॥
अति तह सु जोधा आनि ॥
लरि मरत भे तजि कानि ॥
बाजंत्र कोटि बजाइ ॥
रन राग मारू गाइ ॥१५॥

चौपई ॥

आनि परे ते सकल निबेरे ॥

उमडे और काल के प्रेरे ॥
जे चलि दल रन मंडल आए ॥
लरि मरि कै सभ स्वरग सिधाए ॥१६॥
ऐसी भाति सैन जब लरियो ॥
एक बीर जीयत न उबरियो ॥
तब हठि राव आपि दोऊ धाए ॥
भाति भाति बादित्र बजाए ॥१७॥
तुरही नाद नफीरी बाजी ॥
संख ढोल करनाए गाजी ॥
भाति भाति मो घुरे नगारे ॥
देखत सुर बिवान चड़ि सारे ॥१८॥
जो बिक्रमा तिह घाइ चलावै ॥
आपि आनि स्री चंडि बचावै ॥
तिह ब्रिण एक लगन नहि देवै ॥
सेवक जानि राखि कै लेवै ॥१९॥

दोहरा ॥

देवी भगत पछानि तिह लगन न दीने घाइ ॥
बज्र बान बरछीन को बिक्रम रहियो चलाइ ॥२०॥

चौपई ॥

सालबाहन की इक पटरानी ॥
सो रन हेरि अधिक डरपानी ॥
पूजि गौरजा ताहि मनाई ॥
भूत भविख्य वहै ठहिराई ॥२१॥
तब तिह दरसु गौरजा दयो ॥
उठि राणी तिह सीस झुकयो ॥
भाति भाति जग मात मनायो ॥
जीत होइ हमरी बरु पायो ॥२२॥

दोहरा ॥

सालबाहन बिक्रम भए बाजियो लोह अपार ॥
आठ जाम आहव बिखै जुध भयो बिकरार ॥२३॥

चौपई ॥

स्यालकोटि नायक रिसि भरियो ॥
चित्र बचित्र चौपि रन करियो ॥
तनि धन बान बज्र से मारे ॥
राव बिक्रमा स्वरग सिधारे ॥२४॥

दोहरा ॥

जीति बिक्रमाजीत को चित मै हरख बढाइ ॥
अंतह पुर आवत भयो अधिक ह्रिदै सुखु पाइ ॥२५॥

चौपई ॥

जब राजा अंतह पुर आयो ॥
सुन्यो जु बरु रानी जू पायो ॥

मो कौ कहियो जीति इह दई ॥
ता सौ प्रीति अधिक ह्वै गई ॥२६॥

दोहरा ॥

हमरे हित इह रानियै लीनी गौरि मनाइ ॥
रीझि भगौती बरु दयो तब हम जिते बनाइ ॥२७॥

चौपई ॥

निस दिन रहै तवन के डेरै ॥
और रानियन ओर न हेरै ॥
बहुत मास रहते जब भयो ॥
देबी पूत एक तिह दयो ॥२८॥
ता को नाम रिसालू राखियो ॥
ऐसो बचन चंडिका भाखियो ॥
महा जती जोधा इह होई ॥
जा सम और न जग मै कोई ॥२९॥
ज्यो ज्यो बढत रिसालू जावै ॥
निति अखेट करै म्रिग घावै ॥
सैर देस देसन को करै ॥
किसहू राजा ते नहि डरै ॥३०॥
खेल अखेटक जब ग्रिह आवै ॥
तब चौपर की खेलि मचावै ॥
जीति चीति राजन कौ लेई ॥
छोरि छोरि चित्र करि देई ॥३१॥
एक डोम ता को ग्रिह आयो ॥
खेल रिसालू साथ रचायो ॥
पगिया बसत्र अस्व जब हारे ॥
चित्र चित यौ बचन उचारे ॥३२॥
चौपर बाज तोहि तब जानो ॥
मेरो कहियो एक तुम मानो ॥
सिरकप के संग खेल रचावो ॥
तब इह खेल जीति ग्रिह आवो ॥३३॥
यौ सुण बचन रिसालू धायो ॥
चड़ि घोरा पै तही सिधायो ॥
सिरकप के देसंतर आयो ॥
आनि राव सौ खेल रचायो ॥३४॥
तब सिरकप छल अधिक सु धारे ॥
ससत्र असत्र बसत्रन जुत हारे ॥
धन हराइ सिर बाजी लागी ॥
सोऊ जीति लई बडभागी ॥३५॥
जीति ताहि मारन लै धायो ॥
यौ सुनि कै रनिवासहि पायो ॥
या की सुता कोकिला लीजै ॥
जिय ते बध या कौ नहि कीजै ॥३६॥
तब तिह जान माफ कै दई ॥
ता की सुता कोकिला लई ॥
दंडकार मै सदन सवारियो ॥
ता के बीच राख तिह धारियो ॥३७॥
ता कौ लरिकापन जब गयो ॥

जोबन आनि दमामो दयो ॥
राजा निकट न ता के आवै ॥
या ते अति रानी दुखु पावे ॥३८॥
एक दिवस राजा जब आयो ॥
तब रानी यौ बचन सुनायो ॥
हम को लै तुम संग सिधारौ ॥
बन मै जहा म्रिगन कौ मारौ ॥३९॥
लै राजा तिह संग सिधायो ॥
जह म्रिग हनत हेत तह आयो ॥
दै फेरा सर सौ म्रिग मारियो ॥
यह कौतक कोकिला निहारियो ॥४०॥
तब रानी यौ बचन उचारे ॥
सुनो बात न्रिप नाथ हमारे ॥
द्रिग सर सो म्रिग को हौ मारौ ॥
तुम ठाढे यह चरित निहारो ॥४१॥
घूंघट छोरि कोकिला धाई ॥
म्रिग लखि ताहि गयो उरझाई ॥
अमित रूप जब ताहि निहारियो ॥
ठाढि रहियो नहि संक पधारियो ॥४२॥
कर सौ म्रिग रानी जब गहियो ॥
यह कौतक रीसालू लहियो ॥
तब चित भीतर अधिक रिसायो ॥
कान काट कै ताहि पठायो ॥४३॥
कान कटियो म्रिग लखि जब पायो ॥
सो होडी महलन तर आयो ॥
सिंध देस एस्वर गहि लयो ॥
चड़ि घोड़ा पै पाछे धयो ॥४४॥
तब आगे ता के म्रिग धायो ॥
महल कोकिला के तर आयो ॥
होडी ता को रूप निहारियो ॥
हरि अरि सर ता कौ तनु मारियो ॥४५॥
होडी जब कोकिला निहारी ॥
बिहसि बात इह भाति उचारी ॥
हम तुम आउ बिराजहिं दोऊ ॥
जा को भेद न पावत कोऊ ॥४६॥
है ते उतर भवन पग धारियो ॥
आनि कोकिला साथ बिहारियो ॥
भोग कमाइ बहुरि उठ गयो ॥
दुतय दिवस पुनि आवत भयो ॥४७॥
तब मैना यह भाति बखानी ॥
का कोकिला तू भई अयानी ॥
यौ सुनि बैन ताहि हनि डारियो ॥
तब सुक तिह इह भाति उचारियो ॥४८॥
भलो करियो मैना तै मारी ॥
सिंध एस के साथ बिहारी ॥
मोकह काढि हाथ पै लीजै ॥
बीच पिंजरा रहन न दीजै ॥४९॥
सोरठा ॥
जिनि रीसालू धाइ इह ठा पहुंचै आइ कै ॥
मुहि तुहि सिंधु बहाइ जमपुर देइ पठाइ लखि ॥५०॥

चौपई ॥

तब तिह काढि हाथ पै लयो ॥
द्रिसटि चुकाइ सूआ उडि गयो ॥
जाइ रिसालू साथ जतायो ॥
खेलत कहा चोर ग्रिह आयो ॥५१॥
यौ सुनि बैनि रिसालू धायो ॥
तुरतु धौलहर के तट आयो ॥
भेद कोकिला जब लखि पायो ॥
सफ के बिखै लपेटि दुरायो ॥५२॥
कहियो बकत्र फीकौ कियो भयो ॥
जनु करि राहु लूटि ससि लयो ॥
अंबुयन की अंबिआ किन हरी ॥
ढीली सेज कहो किह करी ॥५३॥

दोहरा ॥

जब ते गए अखेट तुम तब ते मै दुख पाइ ॥
घायल ज्यो घूंमत रही बिना तिहारे राइ ॥५४॥

चौपई ॥

बात बही अंबियन लै गई ॥
मो तन मैनुपजावति भई ॥
तब मै लए अधिक पसवारे ॥
जैसे म्रिग सायक के मारे ॥५५॥
ता ते लरी मोतियन छूटी ॥
उडग सहित निसि जनु रवि टूटी ॥
हौ अति दखित मैन सौ भई ॥
या ते सेज ढील ह्वै गई ॥५६॥

दोहरा ॥

तव दरसन लखि चित को मिटि गयो सोक अपार ॥
ज्यो चकवी पति आपने दिवकर नैन निहार ॥५७॥

चौपई ॥

यौ राजा रानी बरमायो ॥
घरीक बातन सो उरझायो ॥
पुनि ता सौ इह भाति उचारो ॥
सुनो राव जू बचन हमारो ॥५८॥
हम तुम कर मेवा दोऊ लेही ॥
डारि डारि या सफ मै देही ॥
हम दोऊ दाव इहै बद डारै ॥
सो हारै जिह परै किनारै ॥५९॥

दोहरा ॥

तब दुहूंअन मेवा लयो ऐसे बैन बखानि ॥
चतुरि न्रिपति अति चित हुतो इही बीच गयो जानि ॥६०॥

चौपई ॥

तब राजै इह बचन उचारी ॥
सुनु रानी कोकिला पिआरी ॥
एक हराइ म्रिगहि मै आयो ॥
कंपत बूट मै दुरियो डरायो ॥६१॥
हौडी बात मूंड इह आनी ॥
म्रिग पै करि कोकिला पछानी ॥
कहे तौ तुरत ताहि हनि ल्याऊ ॥
ता को तुम को मासु खवाऊ ॥६२॥
तब कोकिला खुसी ह्वै गई ॥
चाहत थी चित मै सो भई ॥
यह इन मूड़ भेद नहि पायो ॥
तजि या कौ म्रिग को तब धायो ॥६३॥
सीड़िन बीच न्रिपति लग रहियो ॥
तीर कमान हाथ मै गहियो ॥
जब होडी तिह ठा चलि आयो ॥
बिहसि रिसालु बचन सुनायो ॥६४॥
अब तुम कहियो पौरखहि धरो ॥
मो पर प्रथम घाइ कह करो ॥
कंपत त्रसत नहि ससत्र संभारियो ॥
तनि धनु बान रिसालू मारियो ॥६५॥
लागत बान धरनि गिर परियो ॥
एकै ब्रिण लागत ही मरियो ॥
ता को तुरत मासु कटि लीनो ॥
भूंजि कोकिला कौ लै दीनो ॥६६॥
जब तिह मासु कोकिला खायो ॥
लगियो सलौनो अति चित भायो ॥
जा के तुलि मासु कोऊ नाही ॥
राजा मै रीझी मन माही ॥६७॥
तब रीसालू बचन उचारे ॥
वहै मिरग कर परियो हमारे ॥
जियत तू जा सौ भोग कमायो ॥
मरे प्रात मासु तिह खायो ॥६८॥
जब यह तनिक भनिक सुनि पई ॥
लाल हुती पियरी ह्वै गई ॥
ध्रिग जियबो इह जगत हमारो ॥
जिन घायो निजु मीत प्यारो ॥६९॥

दोहरा ॥

सुनत कटारी न्रिपति की लै अपने उरि मारि ॥
उरि हनि धोलहर ते गिरी होडिहि नैन निहार ॥७०॥
उदर कटारी मारि कै परी महल तै टूटि ॥
एक घरी ससतक रही बहुरि प्रान गे छूटि ॥७१॥

चौपई ॥

ग्रिह ते टूटि धरनि पर परी ॥
लाज मरत जमपुर मगु धरी ॥
तब चल तहा रिसालू आयो ॥
मास कूकरन दुहूं खवायो ॥७२॥

दोहरा ॥

जो बनिता पति आपनो त्याग और पै जाइ ॥
सो ऐसो पुनि तुरत ही क्यो नहि लहत सजाइ ॥७३॥

CHARITAR ९७ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे सतानवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥97॥1797॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

चंद्रभगा सरिता निकटि राझन नामा जाट ॥
जो अबला निरखै तिसै जात सदन परि खाट ॥१॥

चौपई ॥

मोहत तिह त्रिय नैन निहारे ॥
जनु सावक सायक के मारे ॥
चित मै अधिक रीझ के रहै ॥
राझन राझन मुख ते कहै ॥२॥
करम काल तह ऐसो भयो ॥
तौने देस काल पर गयो ॥
जियत न कौ नर बचियो नगर मै ॥
सो उबरियो जा के धनु घर मै ॥३॥
चित्र देवि इक रानि नगर मै ॥
राझा एक पूत तिह घर मै ॥
ता के और न बचियो कोई ॥
माइ पूत वै बाचे दोई ॥४॥
रनियहि भूख अधिक जब जागी ॥
ता कौ बेचि मेखला साजी ॥
निति पीसन पर द्वारे जावै ॥
जूठ चून चौका चुनि खावै ॥५॥
ऐसे ही भूखन मरि गई ॥
पुनि बिधि तहा ब्रिसटि अति दई ॥
सूके भए हरे जनु सारे ॥
बहुरि जीत के बजे नगारे ॥६॥
तहा एक राझा ही उबरियो ॥
और लोग सभ तह को मरियो ॥
राझो जाट हेत तिन पारियो ॥
पूत भाव ते ताहि जियारियो ॥७॥
पूत जाट को सभ को जानै ॥
तिस ते कोऊ न रहियो पछानै ॥
ऐसे काल बीत कै गयो ॥
ता मै मदन दमामो दयो ॥८॥
महिखी चारि निति ग्रिह आवै ॥
राझा अपनो नाम सदावै ॥
पूत जाट को तिह सभ जानै ॥
राजपूतु कै को पहिचानै ॥९॥
इती बात राझा की कही ॥
अब चलि बात हीर पै रही ॥
तुम कौ ता की कथा सुनाऊ ॥

ता ते तुमरो ह्रिदै सिराऊ ॥१०॥
अड़िल ॥
इंद्र राइ के नगर अपसरा इक रहै ॥
मैन कला तिह नाम सकल जग यौ कहै ॥
ता कौ रूप नरेस जो कोऊ निहारही ॥
हो गिरै धरनि पर झूमि मैन सर मारही ॥११॥

चौपई ॥

तौने सभा कपिल मुनि आयो ॥
औसर जहा मैनका पायो ॥
तिह लखि मुनि बीरज गिरि गयो ॥
चपि चित मै स्रापत तिह भयो ॥१२॥
तुम गिरि मिरत लोक मै परो ॥
जूनि सयाल जाट की धरो ॥
हीर आपनो नाम सदावो ॥
जूठ कूठ तुरकन की खावो ॥१३॥

दोहरा ॥

तब अबला कंपति भई ता के परि कै पाइ ॥
क्रयोहू होइ उधार मम सो दिज कहो उपाइ ॥१४॥

चौपई ॥

इंद्र सु म्रित मंडल जब जैहै ॥
राझा अपनो नामु कहै है ॥
तो सौ अधिक प्रीति उपजावै ॥
अमरवती बहुरि तुहि ल्यावै ॥१५॥

दोहरा ॥

जूनि जाट की तिन धरी म्रित मंडल मै आइ ॥
चूचक के उपजी भवन हीर नाम धरवाइ ॥१६॥

चौपई ॥

इसी भाति सो काल बिहान्रयो ॥
बीतयो बरख एक दिन जान्यो ॥
बालापनो छूटि जब गयो ॥
जोबन आनि दमामो दयो ॥१७॥
राझा चारि महिखियन आवै ॥
ता को हेरि हीर बलि जावै ॥
ता सौ अधिक नेहु उपजायो ॥
भाति भाति सौ मोह बढायो ॥१८॥

दोहरा ॥

खात पीत बैठत उठत सोवत जागत निति ॥
कबहूं न बिसरै चित ते सुंदर दरस नमित ॥१९॥
हीर बाच ॥
सवैया ॥
बाहर जाउ तौ बाहर ही ग्रिह आवत आवत संग लगेही ॥

जौ हठि बैठि रहो घर मै पिय पैठि रहै हिय मै पहि लेही ॥
नींद हमै नकवानी करी छिन ही छिन राम सखी सुपनेही ॥
जागत सोवत रातहूं द्योस कहूं मुहि राझन चैन न देही ॥२०॥

चौपई ॥

राझन राझन सदा उचारै ॥
सोवत जागत तहा संभारै ॥
बैठत उठत चलत हूं संगा ॥
ताही कौ जानै कै अंगा ॥२१॥
काहूं को जो हीर निहारै ॥
राझन ही रिद बीच बिचारै ॥
ऐसी प्रीति प्रिआ की लागी ॥
नींद भूख ता की सभ भागी ॥२२॥
राझन ही के रूप वह भई ॥
ज्यो मिलि बूंदि बारि मो गई ॥
जैसे म्रिग म्रिगया को लहे ॥
होत बधाइ बिना ही गहे ॥२३॥

दोहरा ॥

जैसे लकरी आग मै परत कहूं ते आइ ॥
पलक द्वैक ता मै रहै बहुरि आग ह्वै जाइ ॥२४॥
हरि जा असि ऐसे सुन्यो करत एक ते दोइ ॥
बिरह बढारनि जो बधे एक दोइ ते होइ ॥२५॥
राझन हीर प्रेम मै रहै एक ही होइ ॥
कहिबे कौ तन एक ही लहिबे को तन दोइ ॥२६॥

चौपई ॥

ऐसी प्रीति प्रिया की भई ॥
सिगरी बिसरि ताहि सुधि गई ॥
राझा जू के रूप उरझानी ॥
लोक लाज तजि भई दिवानी ॥२७॥
तब चूचक इह भाति बिचारी ॥
यह कंन्या नहि जियत हमारी ॥
अब ही यह खेरा को दीजै ॥
या मै तनिक ढील नहि कीजै ॥२८॥
खेरहि बोल तुरतु तिह दयो ॥
राझा अतिथ होइ संग गयो ॥
मागत भीख घात जब पायो ॥
लै ता को सुर लोक सिधायो ॥२९॥
राझा हीर मिलत जब भए ॥
चित के सकल सोक मिटि गए ॥
हिया की अवधि बीति जब गई ॥
बाटि दुहूं सुर पुर की लई ॥३०॥

दोहरा ॥

राझा भयो सुरेस तह भई मैनका हीर ॥
या जग मै गावत सदा सभ कबि कुल जस धीर ॥३१॥

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे अठानवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥98॥1828॥अफजूं॥*

चौपई ॥

पोठोहारि नारि इक रहै ॥
रुद्र कला ता को जग कहै ॥
तिह ग्रिह रोज खुदाई आवै ॥
धन डर पाइ ताहि लै जावै ॥१॥
इक दिन इन कछु धनु नहि दयो ॥
कोप खदाइन के मन भयो ॥
सभ ही हाथ कुरान उठाए ॥
मिलि गिलि भवन तवन के आए ॥२॥
हानत कहियो नबी की करी ॥
यह सुनि बचन नारि अति डरी ॥
तिन को सदन बीच बैठायो ॥
खान मुहबत साथ जतायो ॥३॥
ता के तुरत पयादे आए ॥
इक ग्रिह मै बैठाइ छिपाए ॥
खाना भलो तिनागे राख्यो ॥
आपु खदाइन सो यो भाख्यो ॥४॥
हानत मै न नबी की करी ॥
मो तौ कहो चूक का परी ॥
ता की जो निंदा मै करो ॥
अपने मारि कटारी मरो ॥५॥
जो कछु लैनो होइ सु लीजै ॥
हानत को मुहि दोसु न दीजै ॥
बिहसि खुदाइन बचन उचारियो ॥
धन लालच हम चरित सु धारियो ॥६॥

दोहरा ॥

जो हौ कछू मुहंमदहि मुख तै काढो गारि ॥
तो मै आपन आप ही मरो कटारी मारि ॥७॥

चौपई ॥

तै नहि कछू नबी को कहियो ॥
धन के हेत तोहि हम गहियो ॥
अधिक दरबु अब ही मुहि दीजै ॥
नातर मीच मूंडि पै लीजै ॥८॥

दोहरा ॥

हम बहु लोग पिसौर के इनी तुहमतन साथ ॥
धनी करै निधनी घने ह्वै ह्वै गए अनाथ ॥९॥

चौपई ॥

यौ सुनि बचन पयादनु पायो ॥
वेई सभ झूठे ठहिरायो ॥

ग्रिह ते निकसि तिनै गहि लीनो ॥
सभहिन की मुसकै कसि दीनो ॥१०॥

दोहरा ॥

लात मुसट कुररे घने बरसी पन्नही अपार ॥
दै मुसकन कौ लै चले हेरतु लोक हजार ॥११॥

चौपई ॥

तिन को बाधि लै गए तहा ॥
खान मुहबति बैठो जहा ॥
पनहिन मारि नवाब दिलाई ॥
तोबह तोबह करै खुदाई ॥१२॥
पनहिन के मारत मरि गए ॥
तब वै डारि नदी मै दए ॥
चुप ह्वै रहे तुरक सभ सोऊ ॥
तब ते तुहमति देत न कोऊ ॥१३॥

दोहरा ॥

तब तिन बिप बुलाइ कै दीनो दान अपार ॥
छल कै कै जूतिन भए बीस खुदाई मार ॥१४॥

चौपई ॥

चुप तब ते ह्वै रहे खुदाई ॥
काहू साथ न रारि बढाई ॥
सोई करै जु हिंदू कहै ॥
तुहमति दै काहूं न गहै ॥१५॥

CHARITAR ९९ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे निंनानवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥99॥1843॥अफजूं॥*

चौपई ॥

रोपर राव रुपेस्वर भारो ॥
रघुकुल बीच अधिक उजियारो ॥
चित्र कुअरि रानी इक ता के ॥
रूपवती कोऊ तुलि न वा के ॥१॥
दानव एक लंक ते आयो ॥
ता को रूपि हेरि उरझायो ॥
मन मै अधिक रीझि करि गयो ॥
ता को लगा न तजि तहि दयो ॥२॥
तब तिन मंत्री अधिक बुलाए ॥
अनिक भाति उपचार कराए ॥
तहा एक मुला चलि आयो ॥
आनि आपना ओजु जनायो ॥३॥
तब तिन घात दानवहि पायो ॥
एक हाथ सौ महल उचायो ॥
दुतिय हाथ ता कौ गहि लीनो ॥

तवन छात भीतर धरि दीनो ॥४॥

दोहरा ॥

धरियो थंभ ऊपर तिसै इक कर छात उठाइ ॥
मारि मुलाना को दयो जम के धाम पठाइ ॥५॥

चौपई ॥

तह इक और मुलानो आयो ॥
सोऊ पकरि टाग पटकायो ॥
तीजौ और आइ तह गयो ॥
सोऊ डारि नदी मै दयो ॥६॥
तबि इक त्रिया तहा चलि आई ॥
भाति भाति तिह करी बडाई ॥
लेहज पेहज बहु ताहि खवायो ॥
मदरो प्रयाइ ताहि रिझवायो ॥७॥
ता के निति बुहारी देवै ॥
ता को चित चुराइ कै लेवै ॥
इक दिन होइ बिमन सी रही ॥
तब ऐसे दानो तिह कही ॥८॥
खात पीत हमरो तूं नाही ॥
सेवा करत रहत ग्रिह माही ॥
अधिक रीझि निसचरहि उचारो ॥
देउ वहै जो ह्रिदै बिचारो ॥९॥
जब दो तीनि बार तिन कहियो ॥
ता पै अधिक रीझि कै रहियो ॥
कहियो असुर लागयो इक त्रिया को ॥
सकै दूरि कर तू नहि ता को ॥१०॥
तब तिन जंत्र तुरतु लिखि लीनो ॥
लै ता को कर भीतर दीनो ॥
जा को तू इक बार दिखै है ॥
जरि बरि ढेर भसमि सो ह्वै है ॥११॥
ता कै कर ते जंत्र लिखायो ॥
लै कर मै तहि को दिखरायो ॥
जब सु जंत्र दानो लखि लयो ॥
सो जरि ढेर भसम ह्वै गयो ॥१२॥

दोहरा ॥

देवराज जिह दैत कौ जीत सकत नहि जाइ ॥
सो अबला इह छल भए जम पुर दयो पठाइ ॥१३॥

CHARITAR १०० — *SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौवौ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥100॥1856॥अफजूं॥

चौपई ॥

रावी तीर जाट इक रहै ॥
महीवाल नाम जग कहै ॥

निरखि सोहनी बसि ह्वै गई ॥
ता पै रीझि सु आसिक भई ॥१॥
जब ही भान असत ह्वै जावै ॥
तब ही पैरि नदी तह आवै ॥
द्रिड़ गहि घट उर के तर धरै ॥
छिन महि पैर पार तिह परै ॥२॥
एक दिवस उठि कै जब धाई ॥
सोवत हुतो बंधु लखि पाई ॥
पाछै लागि भेद तिह चहियो ॥
कछू सोहनी ताहि न लहियो ॥३॥

भुजंग छंद ॥

छकी प्रेम बाला तिसी ठौर धाई ॥
जहा दाबि कै बूट मै माट आई ॥
लीयौ हाथ ता कौ धसी नीर म्याने ॥
मिली जाइ ता कौ यही भेद जाने ॥४॥
मिली जाइ ता कौ फिरी फेरि बाला ॥
दिपै चारि सोभा मनो आगि ज्वाला ॥
लए हाथ माटा नदी पैरि आई ॥
कोऊ नाहि जानै तिनी बात पाई ॥५॥
भयो प्रात लै काच माटा सिधायो ॥
तिसै डारि दीनो उसे राखि आयो ॥
भए सोहनी रैनि जब ही सिधाई ॥
वहै माट लै के छकी प्रेम आई ॥६॥

दोहरा ॥

अधिक जब सरिता तरी माटि गयो तब फूटि ॥
डुबकी लेते तन गयो प्रान बहुरि गे छूटि ॥७॥

चौपई ॥

मेहीवाल अधिक दुखु धारियो ॥
कहा सोहनी रही बिचारियो ॥
नदी बीच खोजत बहु भयो ॥
आई लहिर डूबि सो गयो ॥८॥
एक पुरख यह चरित्र सुधारियो ॥
मेहीवाल सोहनियहि मारियो ॥
काचो घट वा को दै बोरियो ॥
मेहीवाल हूं को सिर तोरियो ॥९॥

CHARITAR १०१ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने पुरख चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ इक चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥101॥1865॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

अवध पुरी भीतर बसै अज सुत दसरथ राव ॥
दीनन की रछ्या करै राखत सभ को भाव ॥१॥
दैत देवतन को बन्यो एक दिवस संग्राम ॥

बोलि पठायो इंद्र नै लै दसरथ को नाम ॥२॥

चौपई ॥

दूतहि कहियो तुरत तुम जैयहु ॥
सैन सहित दसरथ कै ल्यैयहु ॥
ग्रिह के सकल काम तज आवै ॥
हमरी दिसि ह्वै जुधु मचावै ॥३॥

दोहरा ॥

दूत सतक्रित जो पठियो सो दसरथ पै आइ ॥
जो ता सो स्वामी कहियो सो तिह कहियो सुनाइ ॥४॥

चौपई ॥

बासव कहियो सु ताहि सुनायो ॥
सो सुनि भेद केकई पायो ॥
चले चलो रहि हौ तौ रहि हौ ॥
नातर देह अगनि मै दहि हौ ॥५॥
त्रिय को मोह न्रिपति सौ भारो ॥
तिह संग लै उह ओरि पधारो ॥
बाल कहियो सेवा तव करिहो ॥
जूझो नाथ पावकहि बरिहो ॥६॥
अवध राज तह तुरत सिधायो ॥
सुर असुरन जह जुध मचायो ॥
बज्र बान बिछूआ जह बरखै ॥
कुपि कुपि बीर धनुहियन करखै ॥७॥

भुजंग छंद ॥

बधे गोल गाड़े चलियो बज्रधारी ॥
बजै देव दानव जहा ही हकारी ॥
गजै कोटि जोधा महा कोप कै कै ॥
परै आनि कै बाढवारीन लै कै ॥८॥
भजे देव दानो अनिक बान मारे ॥
चले छाडि कै इंदर के बीर भारे ॥
रहियो एक ठाढो तहा बज्रधारी ॥
परियो ताहि सो राव तहि मार भारी ॥९॥
इतै इंद्र राजा उतै दैत भारे ॥
हटे न हठीले महा रोह वारे ॥
लयो घेरि ता को चहूं ओर ऐसे ॥
मनो पवन उठै घटा घोर जैसे ॥१०॥
परी देव दावान की मारि भारी ॥
हठियो एक हाठे तहा छत्रधारी ॥
अज्रयानंद जू कौ सते लोक जानै ॥
परे आनि सोऊ महा रोस ठानै ॥११॥
महा कोप कै कै हठी दैत ढूके ॥
फिरे आनि चारो दिसा राव जू के ॥
महा बज्र बानान कै घाइ मारै ॥
बली मार ही मारि ऐसे पुकारै ॥१२॥
हटे न हठीले हठे ऐठियारे ॥

मंडे कोप कै कै महाबीर मारे ॥
चहुं ओर बादित्र आनेक बाजै ॥
उठियो राग मारू महा सूर गाजै ॥१३॥
कितै हाक मारे किते बाक दाबे ॥
किते ढाल ढाहे किते दाड़ चाबे ॥
किते बाक सौ हल हले बीर भारी ॥
किते जूझि जोधा गए छत्रधारी ॥१४॥

दोहरा ॥

असुरन की सैना हुते असुर निकसियो एक ॥
सूत संघारि अज नंद कौ मारे बिसिख अनेक ॥१५॥

चौपई ॥

भरथ मात ऐसे सुनि पायो ॥
काम सूति अजि सुत कौ आयो ॥
आपन भेख सुभट को धरियो ॥
जाइ सूतपन न्रिप को करियो ॥१६॥
स्यंदन ऐसी भाति धवावै ॥
न्रिप को बान न लागन पावै ॥
जायो चाहत अजि सुत जहा ॥
लै अबला पहुचावै तहा ॥१७॥
ऐसे अबला रथहि धवावै ॥
जहु पहुचै ता कौ न्रिप घावै ॥
उडी धूरि लगी असमाना ॥
असि चमकै बिजुरी परमाना ॥१८॥
तिलु तिलु टूक एक करि मारे ॥
एक बीर कटि तै कटि डारे ॥
दसरथ अधिक कोप करि गाजियो ॥
रन मै राग मारूआ बाजियो ॥१९॥

दोहरा ॥

संख नफीरी कान्रहरे तुरही भेर अपार ॥
मुचंग सनाई डुगडुगी डवरू ढोल हजार ॥२०॥

भुजंग छंद ॥

चले भाजि लोंडी सु जोधा गरजै ॥
महा भेर भारीन सौ नाद बजै ॥
परी आनि भूतान की भीर भारी ॥
मंडे कोप कै कै बडे छत्र धारी ॥२१॥
दिपै हाथ मै कोटि काढी क्रिपानै ॥
गिरै भूमि मै झूमि जोधा जुआनै ॥
परी आनि बीरान की भीर भारी ॥
बहै ससत्र और असत्र काती कटारी ॥२२॥
बजै सार भारो किते ही पराए ॥
किते चुंग बाधे चले खेत आए ॥
परी बान गोलान की मारि ऐसी ॥
मनो क्वार के मेघ की ब्रिसटि जैसी ॥२३॥
परी मारि भारी मचियो लोह गाढो ॥

अहिलाद जोधान कै चित बाढो ॥
कहूं भूत औ प्रेत नाचै रु गावै ॥
कहूं जोगिनी पीत लोहू सुहावै ॥२४॥
कहूं बीर बैतला बाके बिहारै ॥
कहूं बीर बीरान को मारि डारै ॥
किते बान लै सूर कंमान ऐंचै ॥
किते घैंचि जोधान के केस खैंचै ॥२५॥
कहूं पारबती मूड माला बनावै ॥
कहूं राग मारू महा रुद्र गावै ॥
कहूं कोप कै डाकनी हाक मारै ॥
गए जूझि जोधा बिना ही संघारै ॥२६॥
कहूं दुंदभी ढोल सहनाइ बजै ॥
महा कोप कै सूर केते गरजै ॥
परे कंठ फासी किते बीर मूए ॥
तनं त्याग गामी सु बैकुंठ हूए ॥२७॥
किते खेत मै देव देवारि मारे ॥
किते प्रान सुर लोक तजि कै बिहारे ॥
किते घाइ लागो महाबीर झूमै ॥
मनो पानि कै भंग मालंग घूमै ॥२८॥
बली मार ही मारि कै कै पधारे ॥
हने छत्रधारी महा ऐठियारे ॥
कई कोटि पत्री तिसी ठौर छूटे ॥
ऊडे छिप्र सौ पत्र से छत्र टूटे ॥२९॥
मचियो जुध गाड़ो मंडौ बीर भारे ॥
चहूं ओर के कोप कै कै हकारे ॥
हूए पाक साहीद जंगाह म्यानै ॥
गए जूझि जोधा घनो स्याम जानै ॥३०॥

चौपई ॥

अजि सुत जहा चित लै जावै ॥
तही केकई लै पहुचावै ॥
अब्रिण राखि ऐसो रथ हाक्रयो ॥
निजु पिय के इक बार न बाक्यो ॥३१॥
जहा केकई लै पहुचायो ॥
अजि सुत ता कौ मारि गिरायो ॥
ऐसो करियो बीर संग्रामा ॥
खबरै गई रूम अरु सामा ॥३२॥
ऐसी भाति दुसट बहु मारे ॥
बासव के सभ सोक निवारे ॥
गहियो दात त्रिण उबरियो सोऊ ॥
नातर जियत न बाच्यो कोऊ ॥३३॥

दोहरा ॥

पति राख्यो रथ हाकियो सूरन दयो खपाइ ॥
जीति जुध द्वै बर लए कै कै अति सुभ काइ ॥३४॥

CHARITAR १०२ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ दोइ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥102॥1899॥अफजूं॥*

चौपई ॥

असट नदी जिह ठा मिलि गई ॥
बहती अधिक जोर सो भई ॥
ठटा सहिर बसियो तह भारो ॥
जन बिधि दूसर स्वरग सु धारो ॥१॥

दोहरा ॥

तहा धाम पतिसाह के जलन नामा पूत ॥
सूरति सीरति मै अधिक बिधि नै सजियो सपूत ॥२॥
जो अबला ता कौ लखै रीझ रहै मन माहि ॥
गिरे मूरछना ह्वै धरनि तनिक रहै सुधि नाहि ॥३॥
साह जलाल सिकार कौ इक दिन निकसियो आइ ॥
म्रिगियन कौ मारत भयो तरल तुरंग धवाइ ॥४॥

चौपई ॥

एक मिरग आगे तिह आयौ ॥
तिह पाछे तिन तुरै धवायो ॥
छोरि सैन ऐसे वह धायो ॥
सहिर बूबना के महि आयो ॥५॥
अधिक त्रिखा जब ताहि संतायो ॥
बाग बूबना के महि आयो ॥
पानी उतरि अस्व ते पीयो ॥
ता को तब निंद्रहि गहि लीयो ॥६॥
तब तह सोइ रहियो सुख पाई ॥
भई साझ अबला तह आई ॥
अमित रूप जब ताहि निहारियो ॥
हरि अरि सर ता के तन मारियो ॥७॥
ता कौ रूप हेरि बस भई ॥
बिनु दामन चेरी ह्वै गई ॥
ता की लगन चित मै लागी ॥
नीद भूख सिगरी तिह भागी ॥८॥

दोहरा ॥

जा के लागत चित मै लगन पिया की आन ॥
लाज भूखि भागत सभै बिसरत सकल सियान ॥९॥
जा दिन पिय प्यारे मिलै सुख उपजत मन माहि ॥
ता दिन सो सुख जगत मै हर पुर हूं मै नाहि ॥१०॥
जा के तन बिरहा बसै लगत तिसी को पीर ॥
जैसे चीर हिरौल को परत गोल पर भीर ॥११॥
बूबना बाच ॥
कौन देस एस्वरज तू कौन देस को राव ॥
क्योन आयो इह ठौर तू मो कह भेद बताव ॥१२॥
जलू बाच ॥

चौपई ॥

ठटा देस एस्वर महि जायो ॥

खिलत अखेटक इह ठा आयो ॥
पियत पानि हारियो स्वै गयो ॥
अब तुमरो दरसन मुहि भयो ॥१३॥

दोहरा ॥

हेरि रूप ता कौ तरुनि बसि ह्वै गई प्रबीन ॥
जैसे बूंद की मेघ ज्यों होत नदी मै लीन ॥१४॥
प्रीति लाल की उर बसी बिसरी सकल सियान ॥
गिरी मूरछना ह्वै धरनि बिधी बिरह के बान ॥१५॥
सोरठा ॥
रकत न रहियो सरीर लोक लाज बिसरी सकल ॥
अबला भई अधीर अमित रूप पिय को निरखि ॥१६॥

चौपई ॥

जा दिन मीत पियारो पैयै ॥
तौन घरी उपर बलि जैयै ॥
बिरहु बधी चेरी तिह भई ॥
बिसरि लाज लोगन की गई ॥१७॥

दोहरा ॥

निरखि बूबना बसि भई परी बिरह की फास ॥
भूखि प्यास भाजी सकल बिनु दामनु की दास ॥१८॥
बतिस अभरन त्रिय करै सोरह सजत सिंगार ॥
नाक छिदावत आपनो पिय के हेतु पियार ॥१९॥
तीय पिया के चित मै ऐसो लागियो नेह ॥
भूख लाज तन की गई दुहुअन बिसरियो ग्रेह ॥२०॥
सवैया ॥
बीन सकै बिगसै नहि काहू सौ लोक की लाज बिदा करि राखे ॥
बीरी चबात न बैठि सकै बिल मै नहि बाल हहा करि भाखै ॥
इंद्र को राज समाजन सो सुख छाडि छिनेक बिखै दुख गाखै ॥
तीर लगो तरवारि लगो न लगो जिनि काहू सौ काहू की आखैं ॥२१॥

दोहरा ॥

हेरि बूबना कौ धरनि लोटत मात अधीर ॥
चतुरि हुती चीनत भई पिय बिरह की पीरि ॥२२॥

चौपई ॥

या की लगनि किसू सो लागी ॥
ता ते भूखि प्यास सभ भागी ॥
ता ते बेगि उपायहि करियै ॥
जा ते सगरो सोक निवरियै ॥२३॥
ह्रिदै मंत्र इह भाति बिचारियो ॥
निज पति सो इह भाति उचारियो ॥
सुता तरुनि तुमरे ग्रिह भई ॥
ता की करन सगाई लई ॥२४॥
या को अधिक सुयंबर कैहै ॥
बडे बडे राजान बुलैहै ॥
दुहिता द्रिसटि सभन पर करि है ॥

जो चित रुचे तिसी कह बरि है ॥२५॥
भयो प्रात यह ब्योत बनायो ॥
पुर बासिन सभहीन बुलायो ॥
देस देस बहु दूत पठाए ॥
नरपति सभ ठौरन ते आए ॥२६॥

दोहरा ॥

तौन बाग मै बूबना नित प्रति करत पयान ॥
भेटत साह जलाल को रैनि बसै ग्रिह आनि ॥२७॥

चौपई ॥

ऐसी प्रीति दुहूं मै भई ॥
दुहूंअन बिसरि सकल सुधि गई ॥
कमल नाभ की छबि पहिचनियत ॥
टूक दु प्रीति तार इक जनियत ॥२८॥

दोहरा ॥

भयो प्रात पित बूबना राजा लए बुलाइ ॥
आग्या दुहिता को दई रुचै बरो तिह जाइ ॥२९॥

चौपई ॥

यहै सकेत तहा बदि आई ॥
साहि जलालहि लयो बुलाई ॥
जब हौ द्रिसटि तवू पर करिहौ ॥
फूलन की माला उर डरि हौ ॥३०॥
चड़ि बिवान देखन न्रिप गई ॥
द्रिसटि करत सभहिन पर भई ॥
जब तिह साह जलाल निहारियो ॥
फूल हार ता के उर डारियो ॥३१॥
भाति भाति तब बाजन बाजे ॥
जनियत साहि जलू के गाजे ॥
सभ न्रिप बक्र फूक ह्वै गए ॥
जानक लूटि बिधा तहि लए ॥३२॥

दोहरा ॥

फूक बकत्र भे सभ न्रिपति गए आपने ग्रेह ॥
जलू बूबना को तबै अधिक बढत भयो नेह ॥३३॥

चौपई ॥

इह छल सो अबला करि आई ॥
जानक रंक नवो निधि पाई ॥
ऐसी बसि तरुनी ह्वै गई ॥
मानहु साह जलालै भई ॥३४॥

दोहरा ॥

अरुन बसत्र अति क्रात तिह तरुनि तरुन को पाइ ॥
भाति भाति भोगन भयो ताहि गरे सौ लाइ ॥३५॥

चौपई ॥

ऐसी प्रीति दुहू की लागी ॥
जा को सभ गावत अनुरागी ॥
सोत जगत डोलत ही मग मै ॥
जाहिर भई सगल ही जग मै ॥३६॥

CHARITAR १०३ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ तिंन चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥103॥1935॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

इक अबला थी जाट की तसकर सो तिह नेह ॥
केल कमावत तौन सो निति बुलावत ग्रेह ॥१॥

चौपई ॥

एक दिवस तसकर ग्रिह आयो ॥
बहसि नारि यौ बचन सुनायो ॥
कहा चोर तुम दरबु चुरावत ॥
सु तुम निजु धन हिरि लै जावत ॥२॥

दोहरा ॥

कापत हो चित मै अधिक नैकु निहारत भोर ॥
भजत संधि को तजि सदन चित चुरावो चोर ॥३॥

चौपई ॥

प्रथम साधि दै दरबु चुरावै ॥
पुनि अपुने पति कौ दिखरावै ॥
काजी मुफती सकल निहारै ॥
सो तसकर तिह राह पधारै ॥४॥

दोहरा ॥

धन तसकर कौ अमित दे घर ते दयो पठाइ ॥
कोटवार को खबरि करि हौ मिलिहौ तुहि आइ ॥५॥

चौपई ॥

अमित दरबु दै चोर निकारियो ॥
दै साधहि इह भाति पुकारियो ॥
पतिहि जगाइ कहियो धन हरियो ॥
इह देसेस न्याइ नहि करियो ॥६॥
त्रियो बाच ॥
कोटवार पै जाइ पुकारियो ॥
किनी चोर धन हरियो हमारियो ॥
सकल लोक तिह ठा पग धरियै ॥
हमरो कछुक न्याइ बिचरियै ॥७॥
काजी कोटवार कौ ल्याई ॥

सभ लोगन को साधि दिखाई ॥
ता कौ हेरि अधिक पति रोयो ॥
चोरन मोर सकल धनु खोयो ॥८॥
देखत तिनै मूंद वह लई ॥
रहन तैसियै अंतर दई ॥
दिन बीतयो रजनी ह्वै आई ॥
तिसी पैंड ह्वै आपु सिधाई ॥९॥

दोहरा ॥

काजी औ कुटवार पै निजु पति साधि दिखाइ ॥
प्रथमै धनु पहुचाइ कै बहुरि मिली तिह जाइ ॥१०॥

चौपई ॥

सभ कोऊ ऐसी भाति बखानै ॥
न्याइ न भयो ताहि कर मानै ॥
धनु बिनु नारि झखत अति भई ॥
ह्वै जोगन बन माझ सिधई ॥११॥

CHARITAR १०४ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ चार चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥104॥1946॥अफजूं॥*

चौपई ॥

अलिमरदा कौ सुत इक रहै ॥
तास बेग नामा जग कहै ॥
बचा जौहरी को तिन हेरियो ॥
महा रुद्र रिपु ता कौ घेरियो ॥१॥
ता के द्वारे देखन जावै ॥
रूप निहारि ह्दिै सुखु पावै ॥
केल करो या सो चित भायो ॥
तुरतु दूत ग्रिह ताहि पठायो ॥२॥
दूत अनेक उपचार बनावै ॥
मोहन राइ हाथ नहि आवै ॥
तिह ता सो इह भाति उचारियो ॥
तास बेग ता सौ खिझि मारियो ॥३॥
चोटन लगे दूत रिसि भरियो ॥
मूरख जानि जतन तिह करियो ॥
मोहन आजु कहियो मै ऐहो ॥
ता कौ तास बेग तू पैहो ॥४॥
यह सुनि बैन फूलि जड़ गयो ॥
साच बात चीनत चित भयो ॥
लोग उठाइ पान मद करियो ॥
मानुख हुतो जोनि पसु परियो ॥५॥
मो मन मोल मोहनहि लयो ॥
तब ते मै चेरो ह्वै गयो ॥
एक बार जौ ताहि निहारो ॥
तनु मनु धन ता पै सभ वारो ॥६॥
बिनु सुधि भए दूत तिह चीनो ॥

अंड फोरि आसन पर दीनो ॥
भूखन बसत्र पाग तिह हरी ॥
मूरख कौ सुधि कछू न परी ॥७॥
मदरा की अति भई खुमारी ॥
प्रात लगे जड़ बुधि न संभारी ॥
बीती रैनि भयो उजियारो ॥
तन मन अपने आप संभारो ॥८॥
हाथ जाइ आसन पर परियो ॥
चौकि बचन तब मूड़ उचरियो ॥
निकट आपनो दूत बुलायो ॥
तिन कहि भेद सकल समुझायो ॥९॥

दोहरा ॥

मत भए तुम मद भए सकियो कछू नहि पाइ ॥
मम प्रसाद तुमरे सदन आयो मोहन राइ ॥१०॥

चौपई ॥

मोहन तुम को अधिक रिझायो ॥
भाति भाति करि भाव लडायो ॥
तब तुम कछु संका न बिचारी ॥
भूखन बसत्र पाग दै डारी ॥११॥
ता सो अधिक केल तै कीनो ॥
भाति भाति ता कौ रस लीनो ॥
बीती रैनि प्रात जब भयो ॥
तब तुम ताहि बिदा करि दयो ॥१२॥
तब ते अधिक मत ह्वै सोयो ॥
परे परे आधो दिन खोयो ॥
मिटि मद गयो जबै सुध पाई ॥
तब मो कौ तै लयो बुलाई ॥१३॥
यह सुनि बात रीझि जड़ गयो ॥
छोरि भंडार अधिक धनु दयो ॥
भेद अभेद कछु नैकु न चीनो ॥
लूटयो हुतो लूटि धनु लीनो ॥१४॥
यह चरित्र वह निति बनावै ॥
मदरो प्रयाइ अधिक तिह स्वावै ॥
सुधि बिनु भयो ताहि जब जानै ॥
लेत उतारि जु कछु मनु मानै ॥१५॥

दोहरा ॥

ऐसे करै चरित्र वहु सकै मूड़ नहि पाइ ॥
मदरो अधिक पिवाइ कै मूंड मूंड लै जाइ ॥१६॥

CHARITAR १०५ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने पुरख चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ पाच चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥105॥1962॥अफजूं॥

चौपई ॥

चार यार मिलि मता पकायो ॥
हम कौ भूखि अधिक संतायो ॥
ता ते जतन कछू अब करियै ॥
बकरा या मूरख को हरियै ॥१॥
कोस कोस लगि ठाढे भए ॥
मन मै इहै बिचारत भए ॥
वह जा के आगे ह्वै आयो ॥
तिन ता सो इह भाति सुनायो ॥२॥
कहा सु एहि काधो पै लयो ॥
का तोरी मति को ह्वै गयो ॥
या को पटकि धरनि पर मारो ॥
सुख सेती निज धाम सिधारो ॥३॥

दोहरा ॥

भलौ मनुख पछानि कै तौ हम भाखत तोहि ॥
कूकर तै काधै लयो लाज लगत है मोहि ॥४॥

चौपई ॥

चारि कोस मूरख जब आयो ॥
चहूंअन यौ बच भाखि सुनायो ॥
साचु समुझि लाजत चित भयो ॥
बकरा स्वानि जानि तजि दयो ॥५॥

दोहरा ॥

तिन चारौ गहि तिह लयो भखियो ता कह जाइ ॥
अजि तज भजि जड़ि घर गयो छल नहि लख्यो बनाइ ॥६॥

CHARITAR १०६ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने पुरख चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ छटि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥106॥1968॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

जोधन देव जाट इक रहै ॥
मैन कुअरि तिह त्रिय जग अहै ॥
जोधन देव सोइ जब जावै ॥
जार तीर तब त्रिया सिधावै ॥१॥
जब सोयो जोधन बडभागी ॥
तब ही मैन कुअरि जी जागी ॥
पति कौ छोरि जार पै गई ॥
लागी साधि द्रिसटि पर गई ॥२॥
तब ग्रिह पलटि बहुरि वहु आई ॥
जोधन देवहि दयो जगाई ॥
तेरी मति कौन कहु हरी ॥
लागी संधि द्रिसटि नहि परी ॥३॥
जोधन जगत लोग सभ जागे ॥
ग्रिह ते निकसि चोर तब भागे ॥
केते हने बाधि कई लए ॥

केते त्रसत भाजि कै गए ॥४ ॥
जोधन देव फुलित भयो ॥
मेरौ धाम राखि इह लयो ॥
त्रिय की अधिक बडाई करी ॥
जड़ कौ कछू खबर नहि परी ॥५ ॥

दोहरा ॥

धाम उबारियो आपनो कीनो चोर खुआर ॥
मीत जगायो आनि कै धंनि सु मैन कुआर ॥६ ॥

CHARITAR १०७ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ सात चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥107॥1974॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

एक दिवस स्री कपिल मुनि इक ठा कियो पयान ॥
हेरि अपसरा बसि भयो सो तुम सुनहु सुजान ॥१ ॥
रंभा नामा अपसरा ता को रूप निहारि ॥
मुनि को गिरियो तुरत ही बीरज भूमि मझार ॥२ ॥
गिरियो रेति मुनि के जबै रंभा रहियो अधान ॥
डारि सिंधु सरिता तिसै सुर पुर करियो पयान ॥३ ॥

चौपई ॥

बहत बहत कंनिया तह आई ॥
आगे जहा सिंध को राई ॥
ब्रहमदत सो नैन निहारी ॥
तह ते काढि सुता करि पारी ॥४ ॥
ससिया संखिया ता की धरी ॥
भाति भाति सो सेवा करी ॥
जब जोबन ता के ह्वै आयो ॥
तब राजे इह मंत्र पकायो ॥५ ॥
पुंनू पातिसाह कौ चीनो ॥
पठै दूत ता को इक दीनो ॥
पुंनू बचन सुनत तह आयो ॥
राव ब्याह को बिवत बनायो ॥६ ॥

दोहरा ॥

म्रिगीअहि ते जा के सरस नैन बिराजत स्याम ॥
जीति लई ससि की कला या ते ससिया नाम ॥७ ॥

चौपई ॥

पुर के लोक सकल मिलि आए ॥
भाति भाति बादित्र बजाए ॥
मिलि मिल गीत सभै सुभ गावहि ॥
ससियहि हेरि सभै बलि जावहि ॥८ ॥

दोहरा ॥

नाद नफीरी कान्रहरे दुंदभि बजे अनेक ॥
तरुनि ब्रिधि बाला जिती ग्रिह महि रही न एक ॥९ ॥

चौपई ॥

अबला रही धाम कोऊ नाही ॥
हेरि रूप दुहूंअन बलि जाही ॥
इह भीतर पुंनू कहु को है ॥
सबज धनुख जा के कर सोहै ॥१० ॥
सवैया ॥
ढोल म्रिदंग बजे सभ ही घर यौ पुर आजु कुलाहल भारी ॥
गावत गीत बजावत ताल दिवावत आवति नागरि गारी ॥
भेर हजार बजी इक बार महा छबियार हसै मिलि नारी ॥
देहि असीस कहैं जगदीस इह जोरी जियो जुग चारि तिहारी ॥११ ॥
रूप अपार लखै न्रिप को पुरबासिन कौ उपजियो सुख भारो ॥
भीर भई नर नारिन की सभहूं सभ सोक बिदा करि डारो ॥
पूरन पुंन्य प्रताप ते आजु मिलियो मन भावत मीत पियारो ॥
आवत जाहि कहै मन माहि सु बाल जीओ पति लाल तिहारो ॥१२ ॥
केसरि अंग बरातिन के छिरके मिलि बाल सु आनंद जी के ॥
छैलनि छैल छके चहूं ओरन गावत गीत सुहावत नीके ॥
राज को रूप लखे अति ही गन राजन के सभ लागत फीके ॥
यौ मुसकाहि कहै मन माहि सभे बलि जाहि पियारी के पी के ॥१३ ॥
सात सुहागनि लै बटनो घसि लावत है पिय के तन मै ॥
मुरछाइ लुभाइ रही अबला लखि लालची लाल तिसी छिन मै ॥
न्रिप राज सु राजत है तिन मो लखि यौ उपमा उपजी मन मै ॥
सजि साजि बराजत है सु मनो निसि राज नछत्रन के गन मै ॥१४ ॥
सिंधु के संख सुरेस के आवज सूर के नाद सुनै दरवाजे ॥
मौजन के मुरली मधुरी धुनि देवन के बहु दुंदभि बाजे ॥
जीत के जोग महेसन के मुख मंगल के ग्रिह मंदल राजे ॥
ब्याह तही न्रिप राज तबै अति आनंद के अति आनक बाजे ॥१५ ॥
ब्याह भयो जब ही इह सो तब बात सुनी न्रिप की बर नारी ॥
चौकि रही अति ही चित मै कछु और हुती अब और बिचारी ॥
मंत्र करे लिखि जंत्र घने अरु तंत्रन सो इह बात सुधारी ॥
लागी उचाट रहे चित मै कबहूं न सुहाइ पिया को पिआरी ॥१६ ॥

चौपई ॥

यौ उचाट अति ही तिह लागी ॥
नीद भूखि सिगरी ही भागी ॥
सोत उठै चकि कछु न सुहावै ॥
ग्रिह को छोरि बाहरो धावै ॥१७ ॥

दोहरा ॥

तब ससिया अति चमकि चित ता कौ कियो उपाइ ॥
सखी जिती स्यानी हुती ते सभ लई बुलाइ ॥१८ ॥

चौपई ॥

तब सखियन यह कियौ उपाई ॥
जंत्र मंत्र करि लयो बुलाई ॥
ससिया संग प्रेम अति भयो ॥

पहिली त्रिय परहरि करि दयो ॥१९ ॥
भाति भाति ता सो रति मानै ॥
बरस दिवस को इक दिन जानै ॥
ता पर मत अधिक न्रिप भयो ॥
ग्रिह को राज बिसरि सभ गयो ॥२० ॥

दोहरा ॥

एक तरुनि दूजे चतुरि तरुन तीसरे पाइ ॥
चहत लगायो उरन सो छिनकि न छोरियो जाइ ॥२१ ॥

चौपई ॥

रैनि दिवस ता सो रति मानै ॥
प्रानन ते प्यारो पहिचानै ॥
लागी रहत तवन के उर सो ॥
जैसो भाति माखिका गुर सो ॥२२ ॥
सवैया ॥
लाल को ख्याल अनूपम हेरि सु रीझ रही अबला मन माही ॥
छैलनि छैल छके रस सो दोऊ हेरि तिने मन मै बलि जाही ॥
काम कसी सु ससी ससि सी छबि मीत सो नैन मिले मुसकाही ॥
यौ डहकी बहकी छबि यार पीया हूं को पाइ पतीजत नाही ॥२३ ॥

कबितु ॥

जोबन के जोर जोरावरी जागी जालिम सो जग ते अन्नयारीयौ बिसारी सुधि चीत की ॥
निसि दिन लागियो रहित ता सो छबि की ज्यों एकै ह्वै गई सु मानो ऐसी राजनीत की ॥
अपने ही हाथन बनावत सिंगार ता के पास की सखी न कीन नैक कु प्रतीत की ॥
अंग लपटाइ मुखु चापि बलि जाइ ता के ऐसो ही पियारी जानै प्रीतम सो प्रीत की ॥२४ ॥

दोहरा ॥

रूप लला को लालची लोचन लाल अमोल ॥
बंक बिलौकनि खरच धनु मो मन लीनो मोल ॥२५ ॥
सवैया ॥
रीझ रही अबला मन मै अति ही लखि रूप सरूप की धानी ॥
स्रयान छुटी सिगरी सभ की लखि लाल को खियाल भई अति यानी ॥
लाज तजी सजि साज सभै लखि हेरि रही सजनी सभ स्यानी ॥
हौ मन होरि रही न हटियो बिनु दामन मीत के हाथ बिकानी ॥२६ ॥
ससिया बाच ॥
अंग सभै बिनु संग सखी सिव को अरि आनि अनंग जग्यो ॥
तब ते न सुहात कछू मुहि को सभ खान औ पान सियान भग्यो ॥
झटकौ पटकौ चित ते झट दै न छूटे इह भाति सो नेह लग्यो ॥
बलि हौ जु गई ठग कौ ठगनै ठग मै न ठग्यो ठग मोहि ठग्यो ॥२७ ॥

कबितु ॥

देखे मुख जीहौ बिनु देखे पिय हूं न पाणी तात मात त्याग बात इहै है प्रतीत की ॥
ऐसो प्रन लैहौ पिय कहै सोई काज कैहौ अति हीं रिझैहौ यहै सिछा राजनीत की ॥
जौ कहै बकैहौ कहै पानी भरि आनि दैहौ हेरे बलि जैहौ सुन सखी बात चीत की ॥
लगन निगौडी लागी जा तै नीद भूखि भागी प्यारो मीत मेरो हो पियारी अति मीत की ॥२८ ॥

चौपई ॥

यह सभ बात तवन सुनि पाई ॥
पहिले ब्याहि धाम मै आई ॥
या सौ प्रीति सुनत रिसि भरी ॥
मसलत जोरि सूर निजु करी ॥२९॥
जनमे कुअरि बाप के रही ॥
ह्वै बेरकत मेखला गही ॥
घात आपणे पत को करिहो ॥
सुत के छत्र सीस पर धरिहो ॥३०॥
जनु ग्रिह छोरि तीरथन गई ॥
मानहु रहत चंद्र ब्रत भई ॥
या सुहाग ते राडै नीकी ॥
या की लगत राजेस्वरि फीकी ॥३१॥

दोहरा ॥

खिलत अखेटक जो हनै हमरे पति को कोइ ॥
तो सुनि कै ससिया मरे जियत न बचि है सोइ ॥३२॥

चौपई ॥

बैठ मंत्र तिन यहै पकायो ॥
अमित दरबु दै दूत पठायो ॥
खिलत अखेटक राव जबै है ॥
तब मेरो उर मै सर खैहै ॥३३॥
ता को कालु निकट जब आयो ॥
पुंनू साह सिकार सिधायो ॥
जब गहिरे बन बीच सिधारियो ॥
तनि धनु बान सत्रु तब मारियो ॥३४॥
लागत तीर बीर रिसि भरियो ॥
तुरै धवाइ घाइ तिह करियो ॥
ता को मारि आपु पुनि मरियो ॥
सुर पुर माझि पयानो करियो ॥३५॥

दोहरा ॥

मारि तवन को राव जी परियो धरनि पर आइ ॥
भ्रितन निकट पहूंचि कै लयो गरे सो लाइ ॥३६॥

चौपई ॥

ऐसो हाल चाकरन भयो ॥
जनुक धनी न्रिधनी ह्वै गयो ॥
न्रिप दै कहा धाम हम जैहै ॥
कहा रानियहि बकत्र दिखै है ॥३७॥
नभ बानी तिन को तब भई ॥
भ्रित सुधि कहा तुमारी गई ॥
जोधा बडो जूझि जह जावै ॥
रन छित ते तिन कौन उचावै ॥३८॥

दोहरा ॥

ता ते या की कबर खनि गाडहु इही बनाइ ॥

अस्व बसत्र लै जाहु घर देहु संदेसो जाइ ॥३९॥
बानी सुनि गाडियो तिसै भए पवन भ्रित भेस ॥
अस्व बसत्र लै लाल के बालहि दयो संदेस ॥४०॥

चौपई ॥

बैठी बाल जहा बडभागी ॥
चित चोर की चितवनि लागी ॥
तब लौ खबरि चाकरन दई ॥
अरुन हुती पियरी ह्वै गई ॥४१॥

दोहरा ॥

चड़ि बिवान तह त्रिय चली जहा हन्यो निजु पीय ॥
कै लै ऐहौं पीय कौ कै तह देहौं जीय ॥४२॥

चौपई ॥

चली चली अबला तह आई ॥
दाबियो जहा मीत सुखदाई ॥
कबरि निहारि चक्रित चित भई ॥
ताही बिखै लीन ह्वै गई ॥४३॥

दोहरा ॥

मरन सभन के मूंड पै सफल मरन है ताहि ॥
तनक बिखै तन कौ तजै पिय सो प्रीति बनाइ ॥४४॥
तन गाडियो जह तुम मिले अंग मिलियो सरबंग ॥
सभ कछु तजि ग्रिह को चलियो प्रान पियारे संग ॥४५॥
पवन पवन आनल अनल नभ नभ भू भू संग ॥
जल जल के संग मिलि रहियो तनु पिय के सरबंग ॥४६॥

चौपई ॥

पिय हित देह तवन त्रिय दई ॥
देव लोक भीतर लै गई ॥
अरधासन बासव तिह दीनो ॥
भाति भाति सौ आदरु कीनो ॥४७॥

दोहरा ॥

देव बधून अपछरन लयो बिवान चड़ाइ ॥
जै जैकार अपार हुअ हरखे सुनि सुर राइ ॥४८॥
मछरी औ बिरहीन के बध को कहा उपाइ ॥
जल पिय ते बिछुराइ यहि तनिक बिखै मरि जाइ ॥४९॥
पाप नरक ते न डरी करी सवति की कानि ॥
अति चित कोप बढाइ कै पिय लगवायो बान ॥५०॥

चौपई ॥

सवति साल अति ही चित धारियो ॥
निजु पति सो सायक सौ मारियो ॥
या सुहाग ते राडै रहि हौ ॥
प्रभ को नाम निति उठि कहि हौ ॥५१॥

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ आठ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥108॥2025॥अफजूं॥*

चौपई ॥

यह चलि खबर जात भी तहा ॥
बैठी सभा धरमु की जहा ॥
सवति साल तिन त्रियहि निहारियो ॥
निजु पति बान साथ हनि डारियो ॥१॥
धरमराइ बाच ॥

दोहरा ॥

जा दुख ते जिन इसत्रियहि निजु पति हनियो रिसाइ ॥
ता दुख ते तिह मारियै करियै वहै उपाइ ॥२॥

चौपई ॥

उरबसि प्रात हुती सु नगर मै ॥
नाचत हुती काल के घर मै ॥
तिह बीरो तिह सभा उचायो ॥
सकल पुरख को भेख बणायो ॥३॥
उरबसी बाच ॥
मुसकिल हनन तवन को गुनियै ॥
जा को अधिक सील जगु सुनियै ॥
जा को चित चंचल पहिचानहु ॥
ता को लई हाथ मै मानहु ॥४॥
यौ कहि निकसि मोल हय लयो ॥
जा पै लाख टका दस दयो ॥
चमकि चलै जब तुरे बिराजै ॥
जा को निरखि इंद्र हय लाजै ॥५॥
आप अनूप बसत्र तन धारै ॥
भूखन सकल जराइ सु धारै ॥
लाबे केस काध पर छोरे ॥
जनुक फुलेलहि जात निचोरे ॥६॥
अंजन आंजि आखियन दयो ॥
जनु करि लूटि सिंगारहि लयो ॥
जुलफ जंजीर जालमै सोहै ॥
सुर नर नाग असुर मन मोहै ॥७॥
राजत भ्रिकुटि धनुक सी भारी ॥
मोहत लोक चौदहनि प्यारी ॥
जा की नैक द्रिसटि मै परै ॥
ता की सकल बुधि परहरे ॥८॥

दोहरा ॥

खटमुख मुख खट पंच सिव बिधि कीने मुख चारि ॥
उरबसि केरे रूप को तऊ न पायो पार ॥९॥

चौपई ॥

आयुध सकल अंग करे ॥
सोहत सभ साजन सौ जरे ॥
हीरन की मुकता जग सोहै ॥
ससि को मनो तारिका मोहै ॥१०॥
सवैया ॥
आयुध धारि अनूपम सुंदरि भूखन अंग अजाइब धारे ॥
लाल को हार लसै उर भीतरि भान ते जानु बडे छबियारे ॥
मोतिन की लरकै मुख पै म्रिगनैनि फबे म्रिग से कजरारे ॥
मोहत है सभ ही के चितै निज हाथ मनो ब्रिजनाथ सुधारे ॥११॥
छोरि दए कच काधन ऊपर सुंदर पाग सौ सीस सुहावै ॥
भूखन चारु लसै सभ अंगन भाग भरियो सभ ही कह भावै ॥
बाल लखै कहि लाल तिसै लटकावत अंगन मै जब आवै ॥
रीझत कोटि सुरी असुरी सुधि हेरि छुटै सत हू छुट जावै ॥१२॥
भूखन धारि चड़ियो रथ ऊपरि बाधि क्रिपान निखंग बनायो ॥
खात तंबोल बिराजत सुंदर देव अदेवन को बिरमायो ॥
बास व नैन सहंस्रन सौ छबि हेरि रहियो कछु पार न पायो ॥
आपु बनाइ अनूपम को बिधि ऐचि रहियो दुति अंत न पायो ॥१३॥
पान चबाइ भली बिधि साथ जराइ जरै हथियार बनाए ॥
अंजन आंजि अनूपम सुंदरि देव अदेव सभै बिरमाए ॥
कंठ सिरीमनि कंकन कुंडल हार सु नारि हीए पहिराए ॥
किंनर जछ भुजंग दिसा बिदिसान कै लोक बिलोकिन आए ॥१४॥
इंद्र सहंस्र बिलोचन सौ अविलोक रहियो छबि अंतु न आयो ॥
सेख असेखन ही मुख सौ गुन भाखि रहो परु पार न पायो ॥
रुद्र पियारी की सारी की कोर निहारन कौ मुख पंच बनायो ॥
पूत किये खट चारि बिधै चतुरानन याही ते नामु कहायो ॥१५॥
कंचन कीर कलानिधि केहर कोक कपोत करी कुरराने ॥
कलपद्रुमका अनुजा कमनी बिनु दारिम दामनि देखि बिकाने ॥
रीझत देव अदेव सभै नर देव भए छबि हेरि दिवाने ॥
राज कुमार सो जानि परै तिह बाल के अंग न जात पछाने ॥१६॥

दोहरा ॥

दस सीसन रावन ररे लिखत बीस भुज जाइ ॥
तरुनी के तिल की तऊ सक्यो न छबि को पाइ ॥१७॥
सवैया ॥
लालन को सरपेच बध्यो सिर मोतिन की उर माल बिराजै ॥
भूखन चारु दिपै अति ही दुति देखि मनोजव को मनु लाजै ॥
मोद बढै निरखे चित मै तनिकेक बिखै तन को दुख भाजै ॥
जोबन जोति जगै सु मनो सुरराज सुरान के भीतर राजै ॥१८॥
छोरै है बंद अनूपम सुंदरि पान चबाइ सिंगार बनायो ॥
अंजन आंजि दुहूं अखियान सु भाल मै केसरि लाल लगायो ॥
झूमक देत झुकै झुमके कबि राम सु भाव भलो लखि पायो ॥
मानहु सौतिन के मन को इक बारहि बाधि कै जेल चलायो ॥१९॥
हार सिंगार करे सभ ही तिन केस छुटे सिर स्याम सुहावै ॥
जोबन जोति जगै अति ही मुनि हेरि डिगै तप ते पछुतावै ॥
किंनर जछ भुजंग दिसा बिदिसान की बाल बिलोकन आवै ॥
गंध्रब देव अदेवन की त्रिय हेरि प्रभा सभ ही बल जावै ॥२०॥

दोहरा ॥

ऐसो भेख बनाइ कै तह ते करियो पियान ॥

पलक एक बीती नही तहा पहूंची आनि ॥२१॥

चौपई ॥

एती कथा सु या पै भई ॥
अब कथ चलि तिह त्रिय पै गई ॥
निजु पति मारि राज जिन लयो ॥
लै सु छत्रु निजु सुत सिर दयो ॥२२॥
मुखु फीको करि सभन दिखावै ॥
चित अपने मै मोद बढावै ॥
सो पुंनू निजु सिर ते टारो ॥
राज कमैहै पुत्र हमारो ॥२३॥

दोहरा ॥

सवति साल ते मै जरी निजु पति दयो संघार ॥
बिधवा ही ह्वै जीवि हौ जौ राखे करतार ॥२४॥

चौपई ॥

सवति साल सिर पै तहि सहियै ॥
बिधवा ही ह्वै कै जग रहियै ॥
धन को टोटि कछू मुहि नाही ॥
ऐसे कहै अबला मन माही ॥२५॥

दोहरा ॥

मन भावत को भोग मुहि करनि न देतो राइ ॥
अबि चित मै जिह चाहि हो लैहो निकटि बुलाइ ॥२६॥

चौपई ॥

बैठि झरोखे मुजरा लेवै ॥
जिह भावै ता को धनु देवै ॥
राज काज कछु बाल न पावै ॥
खेल बिखै दिनु रैनि गवावै ॥२७॥
एक दिवस तिन त्रिय यौ कीयो ॥
बैठि झरोखे मुजरा लीयो ॥
सभ सूरन को बोलि पठायो ॥
यह सुनि भेव उरबसी पायो ॥२८॥
भूखन वहै अंग तिन धरे ॥
निजु आलै तै निकसनि करे ॥
मुसकी ताजी चड़ी बिराजै ॥
निस को मनो चंद्रमा लाजै ॥२९॥
सवैया ॥
स्याम छुटे कच काधन ऊपरि सोभित है अति ही घुंघरारे ॥
हार सिंगार दिपै अति चारु सु मो पहि ते नहि जात उचारे ॥
रीझत देव अदेव सभै सु कहा बपुरे नर देव बिचारे ॥
बाल कौ रोक सभै तजि सोक त्रिलोक को लोक बिलोकित सारे ॥३०॥
हार सिंगार बनाइ कै सुंदरि अंजन आखिन आंजि दीयो ॥
अति ही तन बसत्र अनूप धरे जन कंद्रप को बिनु द्रप कीयो ॥
कलगी गजगाह बनी घुंघरार चड़ी हय कै हुलसात हीयो ॥
बिनु दामन ही इह कामनि यौ सभ भामिनि को मन मोल लीयो ॥३१॥

सीस फबै कलगी तुररो सुभ लालन को सरपेच सुहायो ॥
हार अपार धरे उर मै मनु देखि मनोजव को बिरमायो ॥
बीरी चबात कछू मुसकात बंधे गजगाह तुरंग नचायो ॥
स्याम भनै महि लोक की मानहु माननि को मनु मोहनु आयो ॥३२॥

दोहरा ॥

प्रभावती रानी तबै ता को रूप निहारि ॥
रीझि अधिक चित मै रही हर अरि सर गयो मारि ॥३३॥

कबितु ॥

कैधो काहू रिखि इंद्र आसन ते टारि दयो कैधो इह सूरज सरूप धरि आयो है ॥
कैधो चंद्र चंद्रलोक छोरि कै सिपाही बन मेरे जान तीरथ अन्नहैबै को सिधायो है ॥
कैधो है अनंग अरुधंगक के अंतक ते मानुख को रूप कै कै आपु कौ छपायो है ॥
कैधो यह ससिया के रसिया नै कोप कै कै मोरे छलबे कौ कछू छल सो बनायो है ॥३४॥

चौपई ॥

जब लौ बैन कहन नहि पाई ॥
तब लौ निकट गयो वहु आई ॥
रूप निहारि मत ह्वै झूली ॥
ग्रिह की सकल ताहि सुधि भूली ॥३५॥
सोरठा ॥
पठए दूत अनेक अमित दरबु तिन कौ दयो ॥
कहियो महूरत एक क्रिपा करो इह ग्रिह बसो ॥३६॥

कबितु ॥

कैधौ अलिकेस हो कि ससि हो दिनेस हो कि रूप हूं कि भेस हो जहान मै सुहाए हो ॥
सेस हो सुरेस हो गनेस हो महेस हो जी कैधौ जगतेस तुम बेदन बताए हो ॥
कालिंद्री के एस हो कि तुम ही जलेस हो बतावौ कौन देस के नरेसुर के जाए हो ॥
कहो मेरे एस किह काज निजु देस छोरि चाकरी को भेस कै हमारे देस आए हो ॥३७॥
हौ न अलिकेस हौ न ससि हौ दिनेस हौ न रूप हू के भेस कै जहान मै सुहायो हौं ॥
सेस न सुरेस हौ गनेस हौ महेस नही हौ न जगतेस हौ जु बेदन बतायो हौ ॥
कालिंद्री के एस अथितेस मै जलेस नही दछिन के देस के नरेसुर को जायो हौ ॥
मोहन है नाम आगे जैहो ससुरारे धाम सोभा सुनि तुमरी तमासे काज आयो हौ ॥३८॥
सवैया ॥
तेरी सोभा सुनि कै सुनि सुंदरि आयो ईहा चलि कोस हजारौ ॥
आजु महूरत है तित को कछु साथ मिलै नही त्रास बिचारौ ॥
रीत है धाम इहै हमरे निजु नारि बिना नही और निहारौ ॥
खेलो हसौ सुख सो तुम हूं मुहि देहु बिदा ससुरारि सिधारौ ॥३९॥
बात बिदा की सुनी जब ही बिनु चैन भई न सुहावत जी की ॥
लाल गुलाल सी बाल हुती ततकाल भई मुख की छबि फीकी ॥
हाथ उचाइ हनी छतिया उर पै लसै सौ मुंदरी अंगुरी की ॥
देखन को पिय कौ तिय की प्रगटी अखिया जुग जानुक ही की ॥४०॥

दोहरा ॥

मनु तरफत तव मिलन को तनु भेटत नहि जाइ ॥
जीभ जरो तिन नारि की दै तुहि बिदा बुलाइ ॥४१॥

कबितु ॥

कोऊ दिन रहो हसि बोलो आछी बातै कहो कहा ससुरारि की अनोखी प्रीति पागी है ॥
यहै राज लीजै या को राजा ह्वै कै राज कीजै हाथु चाइ दीजै मोहि यहै जिय जागी है ॥
तुम को निहारि किय मार नै सु मार मो कौ ता ते बिसंभार भई नींद भूखि भागी है ॥
तहा कौ न जैये मेरी सेज को सुहैयै आनि लगन निगौडी नाथ तेरे साथ लागी है ॥४२॥
एक पाइ सेवा करौ चेरी ह्वै कै नीर भरौ तुहीं कौ बरौ मोरी इछा पूरी कीजियै ॥
यहै राज लेहु हाथ उठाइ मो कौ टूक देहु हम सौ बढाव नेहु जा ते लाल जीजियै ॥
जौ कहौ बिकैहौ जहा भाखो तहा चली जैहौ ऐसो हाल हेरि नाथ कबहूं प्रसीजियै ॥
याही ठौर रहो हसि बोलो आछी बातै कहो जान ससुरारि को न नामु फेर लीजियै ॥४३॥
सवैया ॥
क्यो निजु त्रिय तजि के सुनि सुंदरि तोहि भजे ध्रम जात हमारो ॥
राज करौ अपने तुम ही सुख सो इन धामन बीच बिहारो ॥
मै प्रगटियो जब ते तब ते तजि कानि त्रिया नहि आन निहारो ॥
क्या तुम ख्याल परो हमरे मन धीर धरो रघुनाथ उचारो ॥४४॥
क्रोरि उपाइ करो ललना तुम केल करे बिनु मै न टरोंगी ॥
भाजि रहोब कहा हम ते तुम भाति भली तुहि आज बरोंगी ॥
जौ न मिलो तुम आजु हमै अब ही तब मै बिख खाइ मरोंगी ॥
प्रीतम के दरसे परसे बिनु पावक मैन प्रवेस करोंगी ॥४५॥
मोहन बाच ॥

चौपई ॥

रीति यहै कुल परी हमारे ॥
सु मै कहत हो तीर तिहारे ॥
चल किसहूं के धाम न जाही ॥
चलि आवै छोरै तिह नाही ॥४६॥
जब यह बात त्रियहि सुनि पाई ॥
निजु मति बीच यहै ठहराई ॥
हौं चलि धाम मीत के जैहौ ॥
मन भावत के भोग कमैहौ ॥४७॥
सवैया ॥
आजु पयान करोगी तहा सखी भूखन बसत्र अनूप बनाऊ ॥
मीत के धाम बद्यो मिलिबो निस होत नही अब ही मिल आऊ ॥
सावन मो मन भावन के लीए सात समुंद्रन के तरि जाऊ ॥
क्रोरि उपाउ करौ सजनी पिय को तन कै तन भेटन पाऊ ॥४८॥

चौपई ॥

जब ते मै भव मो भव लीयो ॥
आनि त्रिया सौ भोग न कीयो ॥
जौ ऐसो चित रिझियो तिहारो ॥
तौ कहा बसि चलत हमारो ॥४९॥
न पियान धाम तव करो ॥
नरक परन ते अति चित डरो ॥
तुम ही धाम हमारे ऐयहु ॥
मन भावत को भोग कमैयहु ॥५०॥
बाते करत निसा परि गई ॥
त्रिय कौ काम करा अति भई ॥
अधिक अनूपम भेस बनायो ॥
ता कौ तिह ग्रिह ओर पठायो ॥५१॥
तब मोहन निजु ग्रिह चलि आयो ॥
अधिक अनूपम भेस बनायो ॥

टकियन की चपटी उरबसी ॥
मोम मारि आसन सौ कसी ॥५२॥
बिखि को लेप तवन मौ कीयो ॥
सिवहि रिझाइ माग करि लीयो ॥
जा के अंग तवन सौ लागै ॥
ता कै लै प्रानन जम भागै ॥५३॥
तब लौ नारि गई वहु आई ॥
कामातुर ह्वै कै लपटाई ॥
ता को भेद कछू नहि जान्यो ॥
उरबसि कौ करि पुरख पछान्यो ॥५४॥
ता सो भोग अधिक जब कीनो ॥
मन मै मानि अधिक सुख लीनो ॥
बिखु के चड़े मत तब भई ॥
जम के धाम बिखै चलि गई ॥५५॥
उरबसि जब ता को बध कीयो ॥
सुर पुर को मारग तब लीयो ॥
जहा काल सुभ सभा बनाई ॥
उरबसि यौ चलि कै तह आई ॥५६॥
ता कौ अमित दरबु तिन दीयो ॥
मेरो बडो काम तुम कीयो ॥
निजु पति कौ जिन त्रियहि संघारियो ॥
ता को तै इह भाति प्रहारियो ॥५७॥

दोहरा ॥

जा दुख ते जिनि इसत्रियहि निजु पति हन्यो रिसाइ ॥
तिसी दोख मारियो तिसै धंन्य धंन्य जम राइ ॥५८॥

CHARITAR १०९ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ नौ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥109॥2083॥अफजूं॥*

सवैया ॥
पूरब देस को एस रूपेस्वर राजत है अलकेस्वर जैसो ॥
रूप अपार करियो करतार किधौ असुरारि सुरेसन तैसो ॥
भार भरे भट भूधर की सम भीर परे रन एकल जैसो ॥
जंग जगे अरधंग करे अरि सुंदर है मकरध्वज कैसो ॥१॥

चौपई ॥

ता के पूत होत ग्रिहि नाही ॥
चिंत यहै प्रजा मन माही ॥
तब तिह मात अधिक अकुलाई ॥
एक त्रिया तिह निकट बुलाई ॥२॥
कंन्या एक राव की लही ॥
सो न्रिप को बरबे कह कही ॥
राइ पुरा के भीतर आनी ॥
रोपेस्वर के मन नहि मानी ॥३॥
जन कहि रहे ब्याह न कीयो ॥
ताहि बिसारि चित ते दीयो ॥
तवन नारि हठनि हठि गही ॥

ता के द्वार बरिस बहुत रही ॥४॥

सवैया ॥

राव रुपेस्वर कुअरि थो न्रिप सो कुपि कै तिह ऊपर आयो ॥
भेद सुन्यो इन हूं लरबै कह सैन जितो जु हुते सु बुलायो ॥
दुंदभि भेर बजाइ रिसाइ चड़ियो दल जोरि तुरंग नचायो ॥
ब्रहम कुमार कै धार हजार मनो जल रासि कै भेटन धायो ॥५॥

चौपई ॥

उमडे अमित सूरमा दुहि दिसि ॥
छाडत बान तानि धनु करि रिसि ॥
धुकि धुकि परे बीर रन भारे ॥
कटि कटि गए क्रिपानन मारे ॥६॥
नाचत भूत प्रेत रन माही ॥
जंबुक गीध मासु लै जाही ॥
कटि कटि मरे बिकट भट लरि कै ॥
सुर पुर बसे बरंगनिन बरि कै ॥७॥

दोहरा ॥

बज्र बान बरछिन भए लरत सूर समुहाइ ॥
झटपट कटि छित पर गिरे बसै देव पुर जाइ ॥८॥

सवैया ॥

दारुन लोह परियो रन भीतर कौन बियो जु तहा ठहरावै ॥
बाजी पदात रथी रथ बारुन जूझे अनेक ते कौन गनावै ॥
भीर क्रिपानन सैथिन सूलन चक्रन कौ चित भीतरि ल्यावै ॥
कोप करे कटि खेत मरे भट सो भव भीतर भूलि न आवै ॥९॥
ढाल गदा प्रघ पटिस दारुण हाथ त्रिसूलन को गहि कै ॥
बरछी जमधार छुरी तरवारि निकारि हजार चले खहि कै ॥
जग को जियबो दिन चारि कु है कहि बाजी नचाइ परे कहि कै ॥
न टरे भट रोस भरे मन मै तन मै ब्रिण बैरिन के सहि कै ॥१०॥
बीर दुहूं दिस के कबि स्याम मुख ऊपर ढालन को धरि जूटे ॥
बान कमान धरे मठसान अप्रमान जुआनन के रन छूटे ॥
राज मरे कहूं ताज गिरे कहूं जूझे अनेक रथी रथ टूटे ॥
पौन समान बहे बलवान सभै दल बादल से चलि फूटे ॥११॥
बाधि कतारिन कौ उमडे भट चक्रन चोट तुफंगन की स्रयों ॥
तीरन सौ बर बीरन के उर चीर पटीर मनो बरमा त्यों ॥
मूंडन ते पग ते कटि ते कटि कोटि गिरे करि साइल से इयों ॥
जोरि बडो दलु तोरि महा खल जीति लए अरि भीतन की ज्यों ॥१२॥

चौपई ॥

ऐसी बिधि जीतत रन भयो ॥
बहुरि धाम को मारगु लयो ॥
तउनै नारि भेद सुनै पायो ॥
रन कौ जीति रुपेस्वर आयो ॥१३॥
आछे अरुन बसत्र तन धारे ॥
दुहूं हाथ नरिएर उछारे ॥
हुतो दरब सो सकल लुटायो ॥
आपु सती कौ भेख बनायो ॥१४॥
जिह मारग राज ह्वै आयो ॥
तही आनि त्रिय चितहि बनायो ॥

तब लौ राइ आइ ही गयो ॥
हेरत तवन सती कौ भयो ॥१५॥
राइ बिहसि तिह ओर निहारियो ॥
निकट बोलि भ्रित बचन उचारियो ॥
जा को सोध लेहु तुम जाई ॥
कौन सती ह्वैबै कह आई ॥१६॥

दोहरा ॥

सुनत राव को दूत बच तहा पहूच्यो जाइ ॥
सकल सती को भेद लै न्रिप पति कहियो सुनाइ ॥१७॥

चौपई ॥

यौ सुन बचन रीझि न्रिप रहियो ॥
धंनि धंनि मुख ते तिह कहियो ॥
हम या सो कछु प्रीति न जागी ॥
मेरे हेत देन जिय लागी ॥१८॥
ध्रिग मो को मै भेद न चीनो ॥
अब लौ ब्याह न या सो कीनो ॥
जिन नारिन सौ प्रीति लगाई ॥
सो इह समै काम नहि आई ॥१९॥
ता ते मै इह अबै बियाहूं ॥
तन लगि या सो नेह निबाहूं ॥
बरति अगनि ते ताहि उबारो ॥
मो सो जरी न तन को जारो ॥२०॥
चिता अगनि जो सती जगाई ॥
बिरहानल सोई ठहिराई ॥
ता के तीर भावरै दीनी ॥
राक हुती रानी बिधि कीनी ॥२१॥
एही चरित्र न्रिपति को पायो ॥
सभ रानिन चित ते बिसरायो ॥
अपनी आग्या के बसि कीनो ॥
जानुक दास मोल को लीनो ॥२२॥

दोहरा ॥

ता दिन तै ता सो घनी प्रीति बढी सुख पाइ ॥
सभ रनियन को राव के चित ते दियो भुलाइ ॥२३॥

CHARITAR ११० *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ दस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥110॥2106॥अफजूं॥*

चौपई ॥

दुरजन सिंघ राव इक भारी ॥
दिसा चारि जिह करत जुहारी ॥
ता को रूप हेरि बलि जावहि ॥
प्रजा अधिक मन मै सुखु पावहि ॥१॥

दोहरा ॥

ताहि देस आवत जु जन ता को रूप निहारि ॥
ह्वै चेरे तिह पुर बसै सभ धन धाम बिसारि ॥२॥

चौपई ॥

जब वहु न्रिपति अखेटक आवै ॥
स्वानन ते बहुत म्रिगन गहावै ॥
बाजन साथ आबियन लेहीं ॥
अमित दरबु हुसनाकन देही ॥३॥
नितिप्रति अधिक म्रिगन कौ मारै ॥
सदा सु बन के बीच बिहारै ॥
दुहू हाथ सौ तीर चलावै ॥
ता ते कहा जान पसु पावै ॥४॥
एक दिवस न्रिप अखिट सिधायो ॥
कारो हरिन हेरि ललचायो ॥
सींगन ते जीयत गहि लैहौ ॥
या कौ घाइ न लागन दैहौ ॥५॥
हेरि हरिन कह तुरै धवायो ॥
पाछो चलियो तवन को आयो ॥
जब परदेस गयो चलि सोई ॥
चाकर तहा न पहूंच्यो कोई ॥६॥
राज प्रभा इक राज दुलारी ॥
राजा को प्रानन ते प्यारी ॥
धौलर ऊच तवन कौ राजै ॥
मनो चंद्रमा कोल बिराजै ॥७॥
तपती नदी तीर तिह बहै ॥
सूरज सुता ताहि जग कहै ॥
पंछी तहा चुगत अति सोहै ॥
हेरनिहारन को मनु मोहै ॥८॥
सुंदर ताहि झरोखे जहा ॥
काढ्यो आनि राइ म्रिग तहा ॥
तुरै धवाइ स्रमित तिह कीनो ॥
स्रिंगन ते स्रिंगी गहि लीनो ॥९॥
यह कौतक न्रिप सुता निहारियो ॥
यहै आपने ह्रिदै बिचारियो ॥
मै अब ही इह न्रिप कौ बरौ ॥
नातर मारि कटारी मरौ ॥१०॥
ऐसी प्रीति राइ सौ जोरी ॥
काहू पास जात नहि तोरी ॥
नैन सैन दै ताहि बलायो ॥
मैन भोग तहि साथ कमायो ॥११॥
ऐसी फबत दुहूंन की जोरी ॥
जनुक क्रिसन ब्रिखभान किसोरी ॥
दुहूं हाथ तिह कुचन मरोरै ॥
जनु खोयो निधनी धनु टोरै ॥१२॥
बार बार तिह गरे लगावै ॥
जनु कंद्रप को द्रपु मिटावै ॥
भोगत ताहि जंघ लै काधे ॥
जनु द्वै मैन तरकसन बाधे ॥१३॥
भाति भाति सौ चुंबन कीने ॥

भाति भाति आसन त्रिय दीने ॥
गहि गहि ता सो गरे लगाई ॥
मानहु रंक नवौ निधि पाई ॥१४॥
सवैया ॥
मीत अलिंगन आसन चुंबन कीने अनेक ते कौन गनै ॥
मुसकात लजात कछू ललता सु बिलास लसै पिय साथ तनै ॥
झमकै जर जेब जराइन की दमकै मनो दामनि बीच घनै ॥
लखि नैकु प्रभा सजनी सभ ही इह भाति रहीअति रीसि मनै ॥१५॥
कंचन से तन है रमनीय द्रिगंचल चंचल है अनियारे ॥
खंजन से मन रंजन राजत कंजन से अति ही कजरारे ॥
रीझत देव अदेव लखे छबि मैन मनो दोऊ साचन ढारे ॥
जोबन जेब जगे अति ही सुभ बाल बने द्रिग लाल तिहारे ॥१६॥

दोहरा ॥

प्रीत दुहान की अति बढी त्रीय पिया के माहि ॥
पट छूटचो निरपट भए रहियो कपट कछु नाहि ॥१७॥
भाति भाति आसन करै तरुन तरुनि लपटाइ ॥
मोद दुहन को अति बढचो गनना गनी न जाइ ॥१८॥

चौपई ॥

चिमटि चिमटि न्रिप केल कमावै ॥
लपटि लपटि तरुनी सुखु पावै ॥
बहसि बहसि आलिंगन करही ॥
भाति भाति सौ बचन उचरी ॥१९॥

दोहरा ॥

भाति भाति आसन करै भाति भाति सुख पाइ ॥
लपटि लपटि सुंदर रमै चिमटि चिमटि त्रिय जाइ ॥२०॥

चौपई ॥

भाति भाति के अमल मंगाए ॥
बिबिध बिधन पकवान पकाए ॥
दारू पोसत और धतूरो ॥
पान डराइ कसुंभड़ो रूरो ॥२१॥

दोहरा ॥

अमित आफूआ की बरी खाइ चड़ाई भंग ॥
चतुर पहर भोगियो त्रियहि तउ न मुचियो अनंग ॥२२॥
तरुन तरुन तरुनी तरुनि तरुन चंद्र की जौन ॥
केल करै बिहसै दोऊ हारि हटै सो कौन ॥२३॥
चतुर पुरख चतुरा चतुर तरुन तरुनि कौ पाइ ॥
बिहस बिहस लावै गरे छिनकि न छोरियो जाइ ॥२४॥

चौपई ॥

जो चतुरा चतुरा कौ पावै ॥
कबहूं न छिन चित ते बिसरावै ॥
जड़ कुरूप कौ चितहि न धरै ॥

मन क्रम बच ताही तौ बरै ॥२५॥

दोहरा ॥

चंदन की चौकी भली कासट द्रुम किह काज ॥
चतुरा को नीको चित्रयो कहा मूड़ को राज ॥२६॥
सोरठा ॥
तरुनि पतरिया नीक चपल चीति भीतर चुभियो ॥
अधिक पियरवा मीत कबहूं न बिसरत ह्रिदै ते ॥२७॥
सवैया ॥
रीझ रही अबला अति ही पिय रूप अनूप लखे मन माही ॥
सोच बिचार तज्यो सभ सुंदरि नैन सो नैन मिले मुसकाही ॥
लाल के लालची लोचन लोल अमोलन की निरखे परछाही ॥
मत भई मन मानो पियो मद मोहि रही मुख भाखत नाही ॥२८॥
सोभत सुध सुधारे से सुंदर जोबन जोति जगे जरबीले ॥
खंजन से मनोरंजन राजत भारी प्रताप भरे गरबीले ॥
बानन से म्रिग बारन से तरवारन से चमके चटकीले ॥
रीझि रही सखि हौहूं लखे छबि लाल के नैन बिसाल रसीले ॥२९॥
भाति भली बिन संग अली जब ते मन भावन भेटि गई हौ ॥
ता दिन ते न सुहात कछू सु मनो बिनु दामन मोल लई हौ ॥
भौह कमान को तानि भले द्रिग साइक के जनु घाइ घई हौ ॥
मारि सु मारि करी सजनी सुनि लाल को नामु गुलाम भई हौ ॥३०॥
बारिज नैन जिती बनिता सु बिलौक कै बान बिना बध ह्वै है ॥
बीरी चबात न बैठि सकै बिसंभार भई बहुधा बररै है ॥
बात कहै बिगसै न बबा की सौ लेत बलाइ सभै बलि जै है ॥
बालम हेत बियोम की बाम सु बार अनेक बजार बकै है ॥३१॥

चौपई ॥

एक सखी छबि हेरि रिसाई ॥
ता के कहियो पिता प्रती जाई ॥
बचन सुनत न्रिप अधिक रिसायो ॥
दुहिता के मंदिर चलि आयो ॥३२॥
राज सुता ऐसे सुनि पायो ॥
मो पितु अधिक कोप करि आयो ॥
तब तिन ह्रिदै कहियो का करो ॥
उर महि मारि कटारी मरो ॥३३॥

दोहरा ॥

बिमन चंचला चित लखी मीत कहियो मुसकाइ ॥
तै चित क्यो ब्रयाकुलि भई मुहि कहि भेद सुनाइ ॥३४॥

चौपई ॥

राज सुता कहि ताहि सुनायो ॥
या ते मोर ह्रिदै डर पायो ॥
राजा सो किनहूं कहि दीनो ॥
ता ते राव कोप अति कीनो ॥३५॥
ता ते राव क्रोध उपजायो ॥
दुहूंअन के मारनि हित आयो ॥
अपने संग मोहि करि लीजै ॥

बहुरि उपाइ भजन को कीजै ॥३६॥
बचन सुनत राजा हसि परियो ॥
ता को सोक निवारन करियो ॥
हमरो कछू सोक नहि करियै ॥
तुमरी जानि जान ते डरियै ॥३७॥

दोहरा ॥

ध्रिग अबला ते जगत मै पिय बध नैन निहारि ॥
पलक एक जीयत रहै मरहि न जमधर मारि ॥३८॥
सवैया ॥
कंठसिरी मनि कंकन कुंडर भूखन छोरि भभूत धरौंगी ॥
हार बिसारि हजारन सुंदर पावक बीच प्रवेस करौंगी ॥
जूझि मरौ कि गरौ हिम माझ टरो न तऊ हठि तोहि बरौंगी ॥
राज समाज न काज किसू सखि पीय मरियो लखि हौहू मरौंगी ॥३९॥

चौपई ॥

बिहसि कुअर यौ बचन उचारो ॥
सोक करो नहि बाल हमारो ॥
हौ अब एक उपायहि करिहो ॥
जा ते तुमरो सोक निवरिहो ॥४०॥
हमरो कछू सोक नहि कीजै ॥
तीर कमान आनि मुहि दीजै ॥
मुहकम कै दरवाजो द्रयावहु ॥
या आंगन महि सेज बिछावहु ॥४१॥
वहै काम अबला तिन कियो ॥
तीर कमानि आनि तिह दियो ॥
भली भाति सौ सेज बिछाई ॥
ता पर मीत लयो बैठाई ॥४२॥

दोहरा ॥

तब अबला चिंता करी जिय ते भई निरास ॥
जीयो त पिय के सहित ही मरौ त पति के पास ॥४३॥

चौपई ॥

पलका पर मीतहि बैठायो ॥
भाति भाति सौ केल कमायो ॥
भाति भाति के भोगन भरही ॥
जिय अपने को त्रास न करही ॥४४॥
तब लौ चक्रवाक दो आए ॥
राज कुमार द्रिगन लखि पाए ॥
एक धनु तानि बान सौ मारियो ॥
दुतिया हाथ सर दुतिय प्रहारियो ॥४५॥
दुहूं सरन दुहूंअन बध कीनो ॥
दुहूंअन भूंनि छिनिक महि लीनो ॥
तिन दुहूंअन दुहूंअन को खायो ॥
संक छोरि पुन केल कमायो ॥४६॥

दोहरा ॥

तिन को भछ्नन करि दुहन लीनो चरम उतारि ॥
पहिरि दुहुन सिर पै लयो पैठे नदी मझारि ॥४७॥

चौपई ॥

चक्रवार सभ को तिन जानै ॥
मानुख कै न कोऊ पहिचानै ॥
पैरत बहु कोसन लगि गए ॥
लागत एक किनारे भए ॥४८॥
दो है दोऊ अरूड़ित भए ॥
चलि करि देस आपने गए ॥
ता कौ लै पटरानी कीनो ॥
चित को सोक दूरि करि दीनो ॥४९॥

दोहरा ॥

पंछियन को पोसत धरे पितु की द्रिसटि बचाइ ॥
पंखी ही सभ को लखै मानुख लख्यो न जाइ ॥५०॥
देस आनि अपने बसे तिय को सदन बनाइ ॥
भाति भाति ता सो रमै निसु दिन मोद बढाइ ॥५१॥

CHARITAR १११ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ गिआरह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥111॥2157॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

सूर सैन राजा हुतो समरकंद के माहि ॥
ता के तुलि नरेस को और जगत मै नाहि ॥१॥
चित्रकला रानी हुती बडभागनि तिह ठौर ॥
रूप सील लजा गुनन ता के तुलि न और ॥२॥

चौपई ॥

ता की न्रिप आग्या महि रहई ॥
सोई करै जु वह हस कहई ॥
आग्या देस सकल तिह मानै ॥
रानी को राजा पहिचानै ॥३॥

दोहरा ॥

अमित रूप ता कौ निरखि मन क्रम बसि भयो पीय ॥
निसु दिन ग्रिह ता के रहै और न हेरत त्रीय ॥४॥

चौपई ॥

तवन न्रिपति इक त्रियहि निहारियो ॥
भोग करौ तिह साथ बिचारियो ॥
रैनि भई जब ही लखि पायो ॥
पठै दूत ग्रिह ताहि बुलायो ॥५॥
ता सौ बोलि अधिक रति मानी ॥
पर त्रिय करि अपनी पहिचानी ॥

ता कौ चहत सदन मै ल्यावै ॥
निजु नारी ते अति डर पावै ॥६॥
यहै बात चित मै मथि राखी ॥
केल समै ता सौ यौ भाखी ॥
ता कौ कहियो बकत्र ते बरिहो ॥
राकहु ते रानी लै करिहो ॥७॥
जब यौ बचन त्रियहि सुनि पायो ॥
राज हेत हियरो हुलसायो ॥
अब हौ ह्वै त्रिय रही तिहारे ॥
बरियौ चहो तब बरो पियारे ॥८॥
एक बात मै तुमै बखानो ॥
मेरो बचन साच जौ मानो ॥
जौ जीयत लौ नेह निबाहो ॥
तो तुम आजु न्रिपति मुहि ब्रयाहो ॥९॥
जा सो नेहु नैकहूं कीजै ॥
ता कौ पीठि जियत नहि दीजै ॥
ता की बाह बिहसि करि गहियै ॥
प्रान जात लौ प्रीति निबहियै ॥१०॥
यह रानी जो धाम तिहारै ॥
ता कौ डर है हियै हमारे ॥
तुमहूं अति ता के बसि प्यारे ॥
जंत्र मंत्र तंत्रन के मारे ॥११॥
हौ अब एक चरित्र बनाऊ ॥
जा ते तुम से न्रिप को पाऊ ॥
सकल सती को साज सवरिहौ ॥
अरुन बसत्र अंगन मै करिहौ ॥१२॥
तुम तह इह रानी संग लै कै ॥
ऐयहु आपु चिंडोल चड़ै कै ॥
तुमहूं आपु मोहि समझैयहु ॥
रानी कौ मम तीर पठैयहु ॥१३॥
कहबे हुती सकल तिन भाखी ॥
सो सभ राइ चित मै राखी ॥
निसुपति छपियो दिनिसि चड़ि आयो ॥
बाम सती को भेस बनायो ॥१४॥
दिन भे चली सती हठ कै कै ॥
ऊच नीच सभहिन संग लै कै ॥
त्रिय सहित राज हूं आयो ॥
आनि सती को सीस झुकायो ॥१५॥
न्रिप तिह कहियो सती नहि हूजै ॥
मो तै अमित दरबु क्यो न लीजै ॥
हे रानी तुमहूं समझावो ॥
जरत अगन ते याहि बचावो ॥१६॥
न्रिप रानी ता कौ समझायो ॥
बिहसि सती यौ बचन सुनायो ॥
यह धन है किह काज हमारे ॥
सुनो राव प्रति कहौ तिहारे ॥१७॥

दोहरा ॥

सुनु रानी तो सौ कहौ बात सुनो महाराज ॥
पिय कारन जिय मै तजौ यह धन है किह काज ॥१८॥

पर धन गनौ पखान सो पर पति पिता समान ॥
पिय कारन जिय मै तजौ सुरपुर करौ पयान ॥१९॥

चौपई ॥

पुनि राजै इह भाति उचारी ॥
एते हठि जिनि करो पियारी ॥
प्रान पतन आपन जिनि कीजै ॥
आधो राज हमारो लीजै ॥२०॥
कौन काज न्रिप राज हमारै ॥
सदा रहो इह धाम तिहारै ॥
मै जुग चारि लगै नहि थीहौ ॥
पिय के मरे बहुरि मै जीहौ ॥२१॥
तब रानी न्रिप बहुरि पठाई ॥
या को कहो बहुरि तुम जाई ॥
ज्यो त्रयो या ते याहि निवरियहु ॥
जो वह कहै वहै तुम करियहु ॥२२॥
तब रानी ता पै चलि गई ॥
बात करत बहुतै बिधि भई ॥
कहियो सती सोऊ बच मै कहूं ॥
इन ते होइ न सो हठ गहूं ॥२३॥
रनियहि कहियो सती पति दै हौ ॥
मोरे अग्र दासिनी ह्वै हौ ॥
तव देखत तेरो न्रिप राऊ ॥
तव घट दै सिर नीर भराऊ ॥२४॥
रानी कहियो पतिहि तुहि दै हौ ॥
तोरे अग्र दासिनी ह्वै हौ ॥
द्रिग देखत निरप तुहि रमवाऊ ॥
गगरी बारि सीस धरि ल्याऊ ॥२५॥
पावक बीच सती जिनि जरो ॥
कछू बकत्र ते हमै उचरो ॥
जौ तू कहै त तो कौ बरि हौ ॥
राकहु ते रानी तुहि करि हौ ॥२६॥
यौ कहि पकरि बाह ते लयो ॥
डोरी बीच डारि करि दयो ॥
तुम त्रिय जिनि पावक मो जरो ॥
मोहू को भरता लै करो ॥२७॥

दोहरा ॥

सभहिन के देखत तिसै लयो बिवान चड़ाइ ॥
इह चरित्र ता को बरियो रानी कियो बनाइ ॥२८॥

CHARITAR ११२ — *SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ बारहा चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥112॥2185॥अफजूं॥

दोहरा ॥

बिसन सिंघ राजा बडो बंगस मै बडभाग ॥
ऊच नीच ता कै प्रजा रही चरन सौ लाग ॥१॥

चौपई ॥

क्रिसन कुअरि ता के पटरानी ॥
जानुक तीर सिंध मथिआनी ॥
नैन दिपै नीके कजरारे ॥
लखे होत ललना मतवारे ॥२॥

दोहरा ॥

रूप दिपै ता को अमित सोभा मिलत अपार ॥
हेरि राइ को चित बध्यौ सकत न बहुरि उबार ॥३॥

चौपई ॥

ता सौ नेह राव को भारी ॥
न्रिपहूं को अति चाहत प्यारी ॥
दुहूंअन परम प्रीत भी ऐसी ॥
सीता सो रघुनाथन वैसी ॥४॥
एक हेरि त्रिय राव लुभानो ॥
निजु त्रिय संग नेह घट मानो ॥
जब इह क्रिसन कुअरि सुनि पाई ॥
राजा पै चित ते खुनसाई ॥५॥
क्रिसन कुअरि चित अधिक रिसाई ॥
मन मै घात यहै ठहराई ॥
दुहकरि करि मै आजु सु करिहो ॥
न्रिपह संघारि आपु पुनि मरिहो ॥६॥

दोहरा ॥

तब रानी चित ते जरी मन मै अधिक रिसाइ ॥
ज्यों सीसो सर के लगे तूटि तरक दै जाइ ॥७॥
पठै दूत राजै तुरत लीनी तरुनि बुलाइ ॥
गरब प्रहरि झख केतु को सोइ रहै सुखु पाइ ॥८॥

चौपई ॥

जब ऐसे रानी सुनि पाई ॥
जमधर लए हाथ मो आई ॥
बिसन सिंघ पति प्रथम संघारियो ॥
ता पाछे तिह त्रिय को मारियो ॥९॥

दोहरा ॥

मारि मास त्रिय तवन को राधि लयो तिह काल ॥
सदन एक उमराव के भेज दयो ततकाल ॥१०॥
मास जानि ता को तुरत चाबि गए सभ सोइ ॥
भलो भलो सभ को कहै भेद न पावै कोइ ॥११॥
हाथ पाव न्रिप के सकल संग मुतहरी तोरि ॥
सीड़न पर ते आनि कै दयो धरनि कह छोरि ॥१२॥
मदरा के मद सो छक्यो उर जमधर की खाइ ॥
सीड़िन ते खिसकत न्रिपत परियो धरनि पर आइ ॥१३॥
स्रोनत सो भीजत भई सकल धरनि सरबंग ॥
आनि तरे राजा परियो लगे कटारी अंग ॥१४॥

चौपई ॥

जब न्रिप मरियो त्रियहि लखि पायो ॥
भाति भाति ह्वै दुखित सुनायो ॥
कौन काल गति करी हमारी ॥
राजा जू चुभि मरे कटारी ॥१५॥
जब रानी ह्वै दीन उघायो ॥
बैठे सभ लोगन सुनि पायो ॥
ता को सभ पूछनि मिलि आए ॥
कोनै दुसट राव जू घाए ॥१६॥
तब रानी अति दुखित बखान्यो ॥
ता को भेद कछू न पछान्यो ॥
प्रथम राव जू मासु मंगायो ॥
आपु भखयो कछु म्रितन पठायो ॥१७॥
पुनि राजा जू अमल मंगायो ॥
आपु पियो कछु हमै पियायो ॥
पीए कैफ कै अति मति भए ॥
सुधि मै हुते बिसुधि ह्वै गए ॥१८॥
मद सौ न्रिपति भए मतवारे ॥
खेल काजि ग्रिह ओर पधारे ॥
बसि ह्वै अधिक काम के गयो ॥
मेरो हाथ हाथ गहि लयो ॥१९॥
पाव खिसत पौरिन ते भयो ॥
अधिक मत मैथो गिरि गयो ॥
उर ते उगरि कटारी लागी ॥
ता ते देह राव जू त्यागी ॥२०॥

दोहरा ॥

सीड़िन ते राजा गिरियो परियो धरनि पर आनि ॥
चुबी कटारी पेट मै ता ते तजियो प्रान ॥२१॥

चौपई ॥

सभन सुनत यौ कथा उचारी ॥
जमधर वहै बहुरि उरि मारी ॥
न्रिप त्रिय मारि प्रान निजु दीनो ॥
चरित चंचला ऐसो कीनो ॥२२॥

CHARITAR ११३ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ तेरह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥113॥2207॥अफजूं॥*

सवैया ॥
एक महा बन बीच बसै मुनि स्रिंग धरे रिख स्रिंग कहायो ॥
कौनहूं ख्याल बिभाडव जू म्रिगिया हूं की कोखिहूं ते उपजायो ॥
होत भयो तपसी तब ते जब ते बुधि लै सुधि को ठहरायो ॥
रैनि दिना रघुनाथ भजै कबहूं पुर भीतर भूल न आयो ॥१॥
बीच करै तपस्या बन के मुनि राम को नामु जपै सुखु पावै ॥
न्रहान करै नित ध्यान धरै मुख बेद ररै हरि की लिव लावै ॥
रीति चलै खट सासत्रन की तन कसट सहै मन को न डुलावै ॥

भूखि पिआस लगै जब ही तब कानन ते चुनि कै फल खावै ॥२॥
काल बितीत भयो इह रीति परियो दुरभिछ तहा सुनि पायो ॥
बीज रहियो नहि एक तहा सभ लोक कनेकन कौ तरसायो ॥
जेते पड़े बहु बिप्र हुते तिन कौ तब ही न्रिप बोलि पठायो ॥
कौन कुकाज कियो कहो मै जिह ते भ्रित लोकन जीव न पायो ॥३॥
राज कही जब यौ तिन कौ तब बिप्र सभै इह भाति उचारे ॥
रीत चलौ रजनीतन की तुम कोऊ न देखियो पाप तिहारे ॥
सिंम्रित मै खट सासत्र मै सभ हूं मिल क्रोरि बिचार बिचारे ॥
स्रिंगी रिखीसन आए तवालय याही चुभै चित बात हमारे ॥४॥
जौ चित बीच रुचै महाराज बुलाइ कै मानस सोई पठैयै ॥
कौने उपाइ बिभाडव को सुत या पुर बीथन मै बहिरैयै ॥
देस बसै फिरि काल नसै चित भीतर साच इहै ठहिरैयै ॥
जौ नहि आवै तो पूत भिजाइ कि आपन जाइ उताइल ल्यैयै ॥५॥
सोरठा ॥
भ्रित मित पूत पठाइ राजा अति हायल भयो ॥
आपनहूं लपटाइ चरन रहियो आयो न मुनि ॥६॥
सवैया ॥
बैठि बिचार कीयो सभ लोगन कौन उपाइ कहो अब कीजै ॥
आपहि जाइ थकियो हमरो न्रिप सो रिखि तौ अजहूं नहि भीजै ॥
जो तिह ल्याइ बुलाइ यहा तिह कौ यह देस दुधा करि दीजै ॥
या ते लजाइ सबो ग्रिह आइ मुनी सुख पाइ सभै तपु छीजै ॥७॥
पात्र सरूप हुती तिह ठौर सोऊ चलि कै न्रिप के ग्रिह आई ॥
भेद अभेद की बात सभै कहि कै मुख ते सभ ही समुझाई ॥
पान चबाइ चली तित को मन देव अदेवन को बिरमाई ॥
अनंद लोक भए तजि सोक सु सोक की बात सभै बिसराई ॥८॥
का बपुरो मुनि है सुनि हे न्रिप नैक जो नैन निहारन पैहौ ॥
रूप दिखाइ तिसै उरझाइ सु बातन सौ अपने बसि कैहौ ॥
पाग बंधाइ जटान मुंडाइ सु ता न्रिप जाइ तवालय ल्यैहौ ॥
केतिक बात सुनो इह नाथ तवानन ते टुक आइसु पैहौ ॥९॥
केतिक बात सुनो मुहि हे न्रिप तारन तोरि अकास ते ल्यैहौ ॥
देव अदेव कहा नर है बर देवन को छिन मै बसि कैहौ ॥
द्योस के बीच चड़ै हौ निसाकर रैनि समै रवि को प्रगटै हौ ॥
ग्यारह रुद्रन को हरि कौ बिधि की बुधि कौ बिधि सौ बिसरैहौ ॥१०॥

दोहरा ॥

ऐसे बचन उचारि त्रिय तह ते कियो पयान ॥
पलक एक बीती नही तहा पहूंची आनि ॥११॥
सवैया ॥
देखि तपोधन कौ बन माननि मोहि रही मन मै सुखु पायो ॥
खात बिभाडव जू फल थो तिन डारिन सो पकवान लगायो ॥
भूख लगी जब ही मुनि कौ तब ही तह ठौर छुधातर आयो ॥
ते फल खाइ रहियो बिसमाइ महा मन भीतर मोद बढायो ॥१२॥
सोच बिचार कीयो चित मो मुनि ए फल दैव कहा उपजायो ॥
कानन मै निरखे नहि नेत्रन आजु लगे कबहूं न चबायो ॥
कै मघवा बलु कै छलु कै हमरे तप को अविलोकन आयो ॥
कै जगदीस क्रिपा करि मो पर मोरे रिझावन काज बनायो ॥१३॥
आनंद यौ उपज्यो मन मै मुनि चौक रहियो बन के फल खै कै ॥
कारन है सु कछू इन मै कहि ऐसे रहियो चहूं ओर चितै कै ॥
हार सिंगार धरे इक सुंदरि ठाढी तहा मन मोद बढै कै ॥
सोभित है महि भूखन पै महिभूखन कौ मनो भूखित कै कै ॥१४॥

जोबन जेब जगे अति ही इक माननि कानन बीच बिराजै ॥
नील निचोल से नैन लसै दुति देखि मनोजव को मनु लाजै ॥
कोक कपोत कलानिधि केहरि कीर कुरंग कहीं किह काजै ॥
सोक मिटै निरखे सभ ही छबि आनंद कौ हिय मै उपराजै ॥१५॥
चित बिचार कियो अपने मन को मुनि है यह ताहि निहारौ ॥
देव अदेव कि जछ भुजंग किधौ नर देव रु देव बिचारौ ॥
राज कुमारि बिराजत है कोऊ ता पर आज सभै तन वारौ ॥
याही को तीर रहौ दिन रैनि करौ तपस्या बन बीच बिहारौ ॥१६॥
जाइ प्रनाम कियो तिह को सुनि बात कहो हम सौ तुम को है ॥
देव अदेवन की दुहित किधौ राम की बाम हुती बन सोहै ॥
राजसिरी किधौ राज कुमारि तू जछ भुजंगन के मन मोहै ॥
साच उचारु सची कि सिवा कि तुही रति है पति को मगु जोहै ॥१७॥
नाथ सची रति हौ न सिवा नहि हौगी न राज कुमार की जाई ॥
राजसिरी नहि जछ भुजंगनि देव अदेव नही उपजाई ॥
राम की बाम न हो अथितीस रिखीस उदालक की त्रिय जाई ॥
एकु जुगीस सुने तुमहूं तिह ते तुमरे बरबे कह आई ॥१८॥
चंचल नैन कि चंचलताई सो टामन सौ तिह को करि दीनो ॥
हाव सु भाव दिखाइ घने छिनकेक बिखै मुनि जू बसि कीनो ॥
पाग बंधाइ जटान मुंडाइ सु भूखन अंग बनाइ नवीनो ॥
जीति गुलाम कियो अपनौ तिह तापस ते ग्रिसती करि लीनो ॥१९॥
तापसताई को त्याग तपीस्वर ता त्रिय पै चित कै उरझायो ॥
पाइ ब्रतोतम कौ तरुनी तन सोक निवारि असोकुपजायो ॥
भाति अनेक बिहारत सुंदर सात सुता खट पूतुपजायो ॥
त्याग दये बन को बसिबो पुर भीतर को बसियो मन भायो ॥२०॥
एक महा बन है सुनि हो मुनि आजु चलै तह जाइ बिहारै ॥
फूल घने फल राजत सुंदर फूलि रहे जमुना के किनारै ॥
त्याग बिलंब चलो तित को तुम कानन सो रमनीय निहारै ॥
केल करै मिलि आपस मै दोऊ कंद्रप कौ सभ द्रप निवारै ॥२१॥
कानन जेतिक थे तिह देस सभै अथितेस को बाल दिखाए ॥
काख ते कंकन कुंडल काढि जरावकि जेब जरे पहिराए ॥
मोहि रहियो तिह कौ लखि कै मुनि जोग कै न्यास सभै बिसराए ॥
काहूं प्रबोध कियो नहि ता कह आपन ही ग्रिह मै मुनि आए ॥२२॥

दोहरा ॥

सात सुता आगे करी तीनु त्रियहि सुत लीन ॥
इक काधे इक काख मै खसटम मुनि सिर दीन ॥२३॥

तोटक छंद ॥

पुर मै रिखि आइ सुने जब ही ॥
जन पूजन ताहि चले सभ ही ॥
चित भातहि भाति अनंदित ह्वै ॥
ब्रिध बाल न ज्वान रहियो घर क्वै ॥२४॥
सभ ही कर कुंकम फूल लीए ॥
मुनि ऊपर वारि कै डारि दीए ॥
लखि कै तिन कौ रिखि यौ हरखियो ॥
तब ही घन सावन ज्यो बरखियो ॥२५॥

दोहरा ॥

बरखियो तहा असेख जल हरखे लोक अपार ॥

भयो सुकाल दुकाल ते ऐसे चरित निहारि ॥२६॥

तोटक छंद ॥

घन ज्यो बरखियो सु घनो तह आई ॥
पुनि लोकन के उपजी दुचिताई ॥
जब लौ ग्रिह ते रिखि राज न जै है ॥
तब लौ गिरि गाव बराबरि ह्वै है ॥२७॥
तब ही तिह पात्रहि बोलि लियो ॥
निजु आधिक देस बटाइ दियो ॥
पुनि ताहि कहियो रिखि कौ तुम टारो ॥
पुर बासिन को सभ सोक निवारो ॥२८॥
सवैया ॥
बैस बिती बसि बामहु के बिसुनाथ कहूं हिय मै न सरियो ॥
बिसंभार भयो बररात कहा बिनु बेद के बादि बिबादि बरियो ॥
बहि कै बलु कै बिझु कै उझ कै तुहि काल को ख्याल कहा बिसरियो ॥
बनि कै तनि कै बिहरौ पुर मै जड़ लाजहि लाज कुकाज करियो ॥२९॥

दोहरा ॥

बचन सुनत ऐसो मुनिज मन मै कियो बिचार ॥
तुरत बनहि पुरि छोरि कै उठि भाजियो बिसंभार ॥३०॥
प्रिथम आनि काढियो रिखहि मेघ लयो बरखाइ ॥
अरध राज तिह न्रिपति को लीनौ आपु बटाइ ॥३१॥
सत टारियो तिह मुनिज को अरध देस कौ पाइ ॥
भाति भाति के सुख करे ह्रिदै हरख उपजाइ ॥३२॥

CHARITAR ११४ — *SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ चौदस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥114॥2239॥अफजूं॥

दोहरा ॥

रिखी गौतम बन मै बसै ताहि अहिल्या त्रीय ॥
मनसा बाचा करमना बसि करि राखियो पीय ॥१॥
सुरी आसुरी किंन्रनी ता सम और न कोइ ॥
रूपवती त्रै लोक मै ता सी अउर न होइ ॥२॥
सिवा सची सीता सती ता को रूप निहारि ॥
रहत नारि निहुराइ करि निज घटि रूप बिचारि ॥३॥
गौतम रिखि के देव सभ गए कौनहूं काज ॥
रूप अहिल्या को निरखि रीझि रहियो सुर राज ॥४॥
अड़िल ॥
बासव की छबि हेरि तिया हू बसि भई ॥
बिरह समुंद के बीच बूडि सभ ही गई ॥
तीन लोक को नाथ जु भेटन पाइयै ॥
हो जोबन जड़ मुनि तीर न ब्रिथा गवाइयै ॥५॥

दोहरा ॥

तब अबला सुर राज के मोही रूप निहारि ॥
हर अरि सर ता कौ हन्यौ घायलि भई सुमार ॥६॥

चौपई ॥

कौन उपाइ सुरेसहि पैयै ॥
पठै सहचरी ताहि बुलैयै ॥
एक रैनि जौ भेटन पाऊ ॥
ता पर सुनो सखी बलि जाऊ ॥७॥

दोहरा ॥

जोगनेसुरी सहचरी सो तिन लई बुलाइ ॥
सकल भेद समुझाइ कै हरि प्रति दई पठाइ ॥८॥
जाइ कहियो सुर राज सो भेद सखी समझाइ ॥
सुनत अहिल्या की ब्रिथा रीझि रहियो सुर राइ ॥९॥
सवैया ॥
बालि गिरी बिसंभार सुनो हरि भाल बिखै बिंदियो न दियो है ॥
टामन सो केहूं ताहि करियो जिन आजु लगे न सिंगार कियौ है ॥
बीरी चबाइ सकै न सखी पर पाइ रही नहि पानि पियो है ॥
बेगि चलो बनि बैठे कहा मन माननि को मनो मोहि लियो है ॥१०॥
क्रोरि कलाप करै कमलाछणि द्योस निसा कबहूं नहि सोवै ॥
सापिन ज्यो ससकै छित ऊपर लोक की लाज सभै हठि खोवै ॥
हार सिंगार धरै नहि सुंदरि आंस्वन सौ ससि आनन धोवै ॥
बेगि चलो बनि बैठे कहा तव मारगि को मुनि मानिन जोवै ॥११॥
बात तपीस्वरनि की सुनि बासव बेगि चलियो जहा बाल बिहारै ॥
बीरी चबाइ सु बेख बनाइ सु बारहि बार सिंगार सवारै ॥
घात पछानि चलियो तित कौ मुनि स्राप के ताप झुकै झिझकारै ॥
जाइ सकै हटिहूं न रहै मतवारे की भाति डिगै डग डारै ॥१२॥
बेगि मिलो मन भावित भावनि प्यारे जू आजु तिहारे भए हैं ॥
भेटन कौ महिराज समै मुनि राज धियान मौ आजु गए हैं ॥
मीत अलिंगन चुंबन आसन भाति अनेकन आनि लए हैं ॥
मोद बढियो मन भामनि के मुनि जा चित ते बिसराइ दए हैं ॥१३॥

दोहरा ॥

बन्यो ठन्नयो सुंदर घनो तीनि लोक को राइ ॥
बासव सो पति पाइ त्रिय मुनिहि दयो बिसराइ ॥१४॥
सवैया ॥
स्रोनन मो खरको सुनि कै तब ही मुनि नायक चौकि परियो है ॥
धियान दियो तजि के सभ ही तब ही रिस के तन साथ जरियो है ॥
धाम की ओर चलियो उठि कै सुर राज लखियो तर खाट दुरियो है ॥
चौकि रहियो चित माझ कहियो यह काहूं निलाज कुकाज करियो है ॥१५॥

दोहरा ॥

रिखि गोतम रिसि कै कहियो को आयो इह धाम ॥
तब तिह अस उतर दियो रिखहि बिहसि करि बाम ॥१६॥

चौपई ॥

माजार इह ठा इक आयो ॥
तमु कौ हेरि अधिक डर पायो ॥
चित अति त्रसत खाट तर दुरियो ॥
मै मुनि जू तुहि साचु उचरियो ॥१७॥

तोटक छंद ॥

मुनि राज कछु नहि भेद लहियो ॥
त्रिय जो किय सो पति साथ कहियो ॥
माजार दुरियो इह खाट तरै ॥
जनु बासव की सभ सोभ धरै ॥१८॥
इह आजि मुनी जिनि कोप करो ॥
ग्रिहती जुत जानि रहियो तुमरो ॥
तुम जाइ तिही ग्रिह होम करो ॥
रघुबीर कि नामहि को उचरो ॥१९॥
सुनि बैन तही मुनि जात भयो ॥
रिखि नारि सुरेस निकारि दयो ॥
कई द्योस बिते तिह भेद सुन्यो ॥
अति ही रिसि कै निजु सीसु धुन्यो ॥२०॥
तब ही रिसि कै रिखि स्राप दियो ॥
सुर नायक कौ भगवान कियो ॥
भग ताहि सहंस्र भए तन मै ॥
त्रिदसेस लजाइ रहियो मन मै ॥२१॥

दोहरा ॥

स्राप दियै त्रिय कौ बहुरि जो तै कियो चरित्र ॥
तै पाहन की चारि जुग होहि सिला अपवित्र ॥२२॥

CHARITAR ११५ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ पंद्रहवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥115॥2261॥अफजूं॥*

भुजंग प्रयात छंद ॥

बढै सुंद अपसुंद द्वै दैत भारी ॥
करै तीनहूं लोक जिन कौ जुहारी ॥
महा कै तपस्या सिवै सो रिझायो ॥
मरै नाहि मारै यहै दान पायो ॥१॥

चौपई ॥

रीझि रुद्र यौ बचन उचारे ॥
तुम नहि मरो किसू ते मारे ॥
जौ आपस मै रारि बढैहो ॥
तौ जम के घर को दोऊ जैहो ॥२॥
महा रुद्र ते जब बरु पायो ॥
सभ लोकन चित ते बिसरायो ॥
जो कोऊ देव द्रिसटि मै आवै ॥
जिय लै के फिर जान न पावै ॥३॥
ऐसी भाति बहुत दुख दए ॥
देव सभै ब्रहमा पै गए ॥
बिसुकरमहि बिधि बोलि पठायो ॥
इहै मंत्र को सार पकायो ॥४॥
बिसुकरमा प्रति बिधहि उचारो ॥
एक त्रियहि तुम आजु सवारो ॥

रूपवती जा सम नहि कोई ॥
ऐसी करो सुंदरी सोई ॥५॥

दोहरा ॥

बिसुकरमा इह बचन सुनि धाम गयो तिह काल ॥
तुरत बनाइ तिलोतमहि आनियो तहा उताल ॥६॥
बिसुकरमा अबला करी अमितु रूप निधि सोइ ॥
जो हेरै रीझै वहै जती न कहियत कोइ ॥७॥
अमित रूप ता को निरखि सभ अबला रिसि खाहि ॥
जिनि हमरे पति हेरि इह याही के ह्वै जाहि ॥८॥
ऐसो भेख सु धारि त्रिय तह ते कीओ पयान ॥
सहिर थनेसर के बिखै तुरत पहूंची आन ॥९॥
जहा बाग तिन को हुतो तहा पहूंची आइ ॥
देव दैत ता कौ निरखि रूप रहे उरझाइ ॥१०॥

चौपई ॥

बाल बिहरती बाग निहारी ॥
सभा छोरि दोऊ उठे हंकारी ॥
तीर तिलोतम के चलि आए ॥
ब्याहन को दोऊ ललचाए ॥११॥
सुंद कहियो या कौ मै बरि हौ ॥
कहियो अपसुंद याहि मै करि हौ ॥
रारि परी दुहूंअन मै भारी ॥
बिचरे सूरबीर हंकारी ॥१२॥

भुजंग छंद ॥

परियो लोह गाड़ो महा बीर माडे ॥
झुके आनि चारो दिसा काढि खाडे ॥
छके छोभ छत्री महा घाइ मेलै ॥
किते ढालि तिरसूल खगान खेलै ॥१३॥
सोरठा ॥
बाजन बजे अनेक सुभट सभै हरखत भए ॥
जीवत बचियो न एक काल बीर चाबे सकल ॥१४॥

दोहरा ॥

जुझै जुझऊआ के बजे सूरबीर समुहाइ ॥
गजे सुंद अपसुंद तब ढोल म्रिदंग बजाइ ॥१५॥

चौपई ॥

प्रथम मारि बानन की परी ॥
दुतिय मारि सैथिन सौ धरी ॥
त्रितिय जुध तरवारिन परियो ॥
चौथो भेर कटारिन करियो ॥१६॥

दोहरा ॥

मुसट जुध पंचम भयो बरखियो लोह अपार ॥
ऊच नीच कातर सुभट सभ कीने इक सार ॥१७॥

बज्र बान बरछा बिछूआ बरखे बिसिख अनेक ॥
ऊच नीच कातर सुभट जियत न उबरियो एक ॥१८॥

सवैया ॥

गाड़ परी इह भाति तहा इत सुंद उते अपसुंद हकारो ॥
पटिसि लोहहथी परसे अमितायुध लै कर कोप प्रहारे ॥
राज परे कहूं ताज हिरे तरफै कहूं बीर क्रिपानन मारे ॥
आपस मै लरि बीर दोऊ बसि काल भए करतार संघारे ॥१९॥

चौपई ॥

आपस बीच बीर लरि मरे ॥
बज्र बान बिछूअन ब्रिन करे ॥
फूल अनेक मेघ ज्यो बरखे ॥
देवराज देवन जुत हरखे ॥२०॥

दोहरा ॥

दुहूं भ्रात बधि कै त्रिया गई ब्रहम पुर धाइ ॥
जै जैकार अपार हूअ हरखे मन सुर राइ ॥२१॥

CHARITAR ११६ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ सोहलवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥116॥2282॥अफजूं॥*

चौपई ॥

दैतन तुमल जुधु जब कीनो ॥
देवराज ग्रिह को मगु लीनो ॥
कमल नालि भीतर छपि रहियो ॥
सचियहि आदि किसू नहि लहियो ॥१॥
बासव कौ खोजन सभ लागे ॥
सची समेत असंख नुरागे ॥
ढूंढि फिरे काहूं नहि पायो ॥
देवन अमित सोक उपजायो ॥२॥

दोहरा ॥

ब्रहसपति कौ बोलियो तबै सभहिन कियो बिचार ॥
खोजि थके पायो नही कह गयो अदित कुमार ॥३॥

चौपई ॥

कैधौ जूझि खेत मै मरियो ॥
कैधौ त्रसत दरी महि दुरियो ॥
भजियो जुध ते अधिक लजायो ॥
अतिथ गयो ह्वै धाम न आयो ॥४॥
सुक्राचारज बाच ॥

दोहरा ॥

सुक्राचारज यौ कहियो कीजै यहै बिचार ॥
राज जुजातहि दीजियै यहै मंत्र को सार ॥५॥

चौपई ॥

त्रिदस इकत्र सकल ह्वै गए ॥
इंद्रतु देत जुजतहि भए ॥
जब तिन राज इंद्र मो पायो ॥
रूप निहार सची ललचायो ॥६॥
कहियो ताहि सुनि सची पिआरी ॥
अब होवहु तुम त्रिया हमारी ॥
खोजत इंद्र हाथ नहि ऐहै ॥
ता कह खोजि कहूं का कैहै ॥७॥
रोइ सची यौ बचन उचारो ॥
गयो एस परदेस हमारो ॥
जे हमरे सत कौ तूं टरि हैं ॥
महा नरक के भीतर परि हैं ॥८॥
यह पापी तजि है मुहि नाही ॥
बहु चिंता हमरो मन माही ॥
ता ते कछू चरित्र बिचरियै ॥
या कौ दूरि राज ते करियै ॥९॥

दोहरा ॥

एक प्रतग्रया मै करी जौ तुम करौ बनाइ ॥
तौ हम कौ ब्रयाहो अबै लै घर जाहु सुहाइ ॥१०॥

चौपई ॥

स्वारी आपु पालकी कीजै ॥
रिखियन कौ ता के तर दीजै ॥
अधिक धवावत तिन ह्यां ऐयै ॥
तब मुहि हाथ आजु ही पैयै ॥११॥
तबै पालकी ताहि मंगायो ॥
मुनियन को ता के तर लायो ॥
ज्यो ह्वै स्रमत असित मन धरही ॥
त्रयो त्रयो कठिन कोररे परही ॥१२॥

दोहरा ॥

एक उदालक रिखि हुतो दियो स्राप रिसि ठानि ॥
तब ते गिरियो इंद्रतु ते परियो प्रिथी पर आन ॥१३॥

चौपई ॥

इसी चरित्र तौन को टारियो ॥
बहुरि इंद्र को जाइ निहारियो ॥
तह ते आनि राजु तिह दयो ॥
सुर पुर बहुर बधावो भयो ॥१४॥

CHARITAR ११७ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ सतरह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥117॥2296॥अफजूं॥*

चौपई ॥

पछिम देव राव बडभागी ॥
मंत्र कला रानी सौ पागी ॥
जो त्रिय कहै वहै जड़ करई ॥
बिनु पूछै कछु तिह न नुसरई ॥१॥
ता पर रहत राव उरझायो ॥
दोइ पुत्र ता ते उपजायो ॥
काल पाइ राजा मरि गयो ॥
राज पुत्र ता के को भयो ॥२॥

दोहरा ॥

एक पुरख आयो तहा अमित रूप की खानि ॥
लखि रानी तिह बसि भई बधी बिरह कै बान ॥३॥
सोरठा ॥
ता कौ लयो बुलाइ पठै सहचरी एक तिह ॥
कहियो बिराजहु आइ संक त्याग हम कौ अबै ॥४॥

चौपई ॥

तब सुंदर तिन ह्रिदै बिचारियो ॥
रानी के प्रति प्रगट उचारियो ॥
एक बात तुम करो ता कहऊ ॥
नातर धाम न तुमरे रहऊ ॥५॥
सु हौ कहौ जो यह नहि करै ॥
मोर मिलन को ख्याल न परै ॥
दुहकर करम जु यह त्रिय करि है ॥
तब यह आजु सु हम को बरि है ॥६॥

दोहरा ॥

ए जू पूत जुग तुम जने तिन दुहूअन को मारि ॥
गोद डारि सिर दुहूं के मागहु भीख बजार ॥७॥

चौपई ॥

तब तिह त्रिया काज सोऊ कियो ॥
निकट बोलि तिन दुहूंअन लियो ॥
मदरा प्रयाइ कीए मतवारे ॥
खड़ग काढि दोऊ पूत संघारे ॥८॥

दोहरा ॥

दुहूं सुतन के काट सिर लए गोद मै डारि ॥
अतिथ भेख को धारि करि मागी भीख बजार ॥९॥

चौपई ॥

भीख मागि मितवा पहि गई ॥
पूतन मुंड दिखावत भई ॥
तोरे लीए दोऊ मै मारे ॥
अब भोगहु मुहि आनि पियारे ॥१०॥
दुहकर करम जारि लखि लयो ॥
पहर एक मिरतक सौ भयो ॥

दुतिय पहर आनि जब लागियो ॥
चित्रयो छोरि मूरछना जागियो ॥११॥
सवैया ॥
तजिहूं न सकै रमिहूं न सकै इह भाति की आनि बनी दुचिताई ॥
बैठ सकै उठिहूं न सकै कहिहूं न सकै कछु बात बनाई ॥
त्यागि सकै गर लागि सकै रस पागि सकै न इहै ठहराई ॥
झूलि गिरियो छित भुल गई सुधि का गति मोरे बिस्वास बनाई ॥१२॥

चौपई ॥

पहर एक बीते पुन जागियो ॥
त्रसत त्रिया के गर सो लागियो ॥
जो त्रिय कहियो वहै तिन कीनो ॥
बहुरि नाहि को नामु न लीनो ॥१३॥

CHARITAR ११८ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ अठारह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥118॥2309॥अफजूं॥*

चौपई ॥

तिरहुत मै तिरहुत पुर भारो ॥
तिहूं लोक भीतर उजियारो ॥
जंत्र कला रानी इक ता के ॥
रुद्र कला दुहिता ग्रिह वा के ॥१॥
लरिकापन ता को जब गयो ॥
जोबन आइ दमामो दयो ॥
इक न्रिप सुत सुंदर तिह लहियो ॥
हर अरि सर ता को तन दहियो ॥२॥

दोहरा ॥

न्रिप सुत अति सुंदर घनो संबरात्रि तिह नाम ॥
तंत्र कला ता कौ सदा जपत आठहूं जाम ॥३॥
अड़िल ॥
भेजि सहचरी ताहि बुलायो निजु सदन ॥
काम भोग तिह संग करियो त्रिय छोरि मन ॥
भाति भाति कै आसन लए सुधारि कै ॥
हो चुंबन लिंगन किय मत कोक बिचारि कै ॥४॥

दोहरा ॥

जंत्र कला तिह बाल की मात गई तब आइ ॥
तंत्र कला ता ते त्रसत मीतहि लयो दुराइ ॥५॥

चौपई ॥

केसातक तिन तुरत मंगायो ॥
लीपि समस ता की सो लायो ॥
तब सभ केस दूर ह्वै गए ॥
राज कुमार त्रिया से भए ॥६॥

दोहरा ॥

सकल बसत्र त्रिय के धरे पहिरि सु भूखन अंग ॥
निरखत छबि स्री रुद्र के जरियो जगत अनंग ॥७॥

चौपई ॥

नारि भेखि ता को पहिराई ॥
आपन टरि माता पहि आई ॥
धरम भगनि न्रिप सुत ठहरायो ॥
जाइ सभन सौ भेद जतायो ॥८॥

दोहरा ॥

धरम भगनि माता सुनौ मोरि पहूंची आइ ॥
दरबु बिदा दै कीजियै ताहि न्रिपहि दरसाइ ॥९॥
सुणि माता बिहसि बचन ताहि निहारियो आइ ॥
गहि बहियो तह लै गई जहा हुते नर राइ ॥१०॥
रानी बाच ॥
सुनो राव तव धरमजा इहि ह्यां पहुची आइ ॥
बिदा अमित धन दै करो या कौ अधिक रिझाइ ॥११॥

चौपई ॥

जब इह बात न्रिपति सुनि पाई ॥
जान्यो मोरि धरमजा आई ॥
छोरि भंडार अमित धन दियो ॥
दुहिता हेत बिदा तिह कियो ॥१२॥
मंत्र कला पितु तीर उचारी ॥
धरम बहिन मो कौ अति प्यारी ॥
मै यह अजु संग लै जैहौ ॥
बन उपबन के चरित्र दिखैहौ ॥१३॥
यौ कहि पलटि धाम निजु आई ॥
पिय सौ कही बात मुसकाई ॥
धरम भगनि मुहि तू अति प्यारी ॥
इसी पालकी चर्हहो हमारी ॥१४॥
बात कहत दोऊ हम जैहै ॥
चित कै सोक दूरि करि दैहै ॥
ताहि पालकी लयो चर्हहाई ॥
बन उपबन बिहरन कौ आई ॥१५॥
बीच बजार पालकी गई ॥
परदन पाति छोरि कै दई ॥
ते काहू कौ द्रिसटि न आवै ॥
केल कमात चले दोऊ जावै ॥१६॥
मन भावत को भोग कमाए ॥
दिन बजार महि किनूं न पाए ॥
असट कहारन के कंध ऊपर ॥
जाघै लई मीत भुज दूपर ॥१७॥
ज्यों ज्यों चली पालकी जावै ॥
त्यों प्रीतम चटके चटकावै ॥
लहैं कहार पालकी चरि कै ॥
त्यों त्यों गहै कंध द्रिड़ करि कै ॥१८॥

बन मै जाइ पालकी धरी ॥
भाति भाति सेती रति करी ॥
अमित दरबु चाहियो सो लयो ॥
त्रिय करि ताहि देस लै गयो ॥१९॥
लिखि पतिया डोरी महि धरी ॥
मात पिता तन इहै उचरी ॥
नर सुंदर मो कह यह भायो ॥
ता ते मै यह चरित बनायो ॥२०॥
वह भ्रमजा नहि होइ तिहारी ॥
जो मै पकरि पालकी डारी ॥
कच अरि लए दूरि कच कए ॥
भूखन बसत्र बाल के दए ॥२१॥
जो धन चहियो सोऊ सभ लीनो ॥
तात मात को दरसन कीनो ॥
तुम ते जब लै बिदा सिधाई ॥
या के संग तबै उठि आई ॥२२॥

दोहरा ॥

देस सुखी तुमरो बसो सुखी रहहु तुम तात ॥
सुखी दोऊ हमहूं बसै चिर जीवो तुम मात ॥२३॥

CHARITAR ११९ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ उनीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥119॥2332॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

एक दिवस स्री इंद्र जू हर घर कियो पियान ॥
महा रुद्र कउ रुद्र लखि चिंत बढी अप्रमान ॥१॥

चौपई ॥

देवतेस जब रुद्र निहारियो ॥
महा कोप करि बज्र प्रहारियो ॥
ता ते अमित कोप तब तयो ॥
छाडत ज्वाल बकत्र ते भयो ॥२॥
पसरि ज्वाल सभ जग महि गई ॥
दाहत तीनि भवन कह भई ॥
देव दैत सभ ही डर पाए ॥
मिलि करि महा रुद्र पहि आए ॥३॥
महा रुद्र तब कोप निवारियो ॥
बारिध मै पावक को डारियो ॥
सकल तेज इकठो ह्वै गयो ॥
ता ते दैत जलंधर भयो ॥४॥
ब्रिंदा नाम त्रिया तिन कीनी ॥
अति पतिब्रता जगत मै चीनी ॥
तिह प्रसादि पति राज कमावै ॥
ता कौ दुसट न देखन पावै ॥५॥
देव अदेव जीति तिन लए ॥
लोक चतुरदस बसि महि भए ॥

सेस अलिकेस सभै बिलखाए ॥
बिसन आदि पुर जीति बताए ॥६॥

दोहरा ॥

सेस जलेस सुरेस सभ पुरी बसाए आनि ॥
महा रुद्र की बाल लखि रीझियो असुर निदान ॥७॥

चौपई ॥

त्रिय को रूप निरखि ललचायो ॥
चतुर दूत तिह तीर पठायो ॥
मो कह रुद्र पारबती दीजै ॥
नातर मीच मूंड पर लीजै ॥८॥
महा रुद्र बाच ॥

दोहरा ॥

दुहिता भगनी दीजियत बेद बिधान बनाइ ॥
अब लौ किसूं न त्रिय दई सुनु असुरन के राइ ॥९॥

चौपई ॥

कोप्रयो असुरेसर हंकारी ॥
सैना जोरि दानवन भारी ॥
सुंभ निसुंभ बुलाए तब ही ॥
रकत बीज ज्वालाछन सभ ही ॥१०॥

भुजंग छंद ॥

महा कोप कै कै हठी दैत गाजै ॥
उठे बाधि बानान बाके बिराजै ॥
लए सूल सैथीन आछे सुहावै ॥
बियो कौन जोधा जो ता को दबावै ॥११॥
इतै रुद्र कोपियो सु डौरू बजायो ॥
उतै बाध गाड़ी अनी इंदर आयो ॥
लए सूर साथी घनी चंद्र आछे ॥
सभै सूल सैथी लए काछ काछे ॥१२॥
हठी कोप कै कै महा दैत ढूके ॥
चले भाति ऐसी सु मानो भभूके ॥
ग्रुजै हाथ लीने ग्रजे बीर भारे ॥
टरै नाहि टारे नहीं जात मारे ॥१३॥
हठे देव बाकी अनी साथ लै कै ॥
महा रुद्र को जुध कै अग्र कै कै ॥
लए बिसन जोधा सु ऐस बिराजै ॥
लखे देव कंन्यान को दरपु भाजै ॥१४॥
इतै दैत बाके उते देव सोहैं ॥
दित्रयादित जू जान को मान मोहैं ॥
बजै सार गाड़ो नही भाज जावै ॥
दुहूं ओर ते खिंग खत्री नचावै ॥१५॥
परियो लोह गाड़ो तहा भाति ऐसी ॥
मनो क्वार के मेघ की ब्रिसटि जैसी ॥
हठियो हाथ मै सूल को सूल लै कै ॥

तिसी छेत्र छत्रीन को छिप्र छै कै ॥१६ ॥
बजियो राग मारू तिसी खेत भारो ॥
किसी काज जो थो न सोऊ पधारो ॥
लरे बाल औ ब्रिध जू आ रिसै कै ॥
गए पाक साहीद याकीन ह्वै कै ॥१७ ॥

चौपई ॥

डिमि डिमि डिमि डामरू डमकहिां ॥
असि अनेक हाथन महिं दमकहिां ॥
कटि कटि मरे बिकट भट रन मै ॥
रिझि रिझि बरै बरंगनन मन मै ॥१८ ॥
लह लह कोटि धुजा फहरावै ॥
सूरज चंद्र न देखे जावै ॥
कहक कहक तह करै मसाना ॥
नाचे बाजे जुझऊआ ज्वाना ॥१९ ॥

दोहरा ॥

परस पास असि बज्र भे बरिसे बिसिख बिसेख ॥
घायल सभु सूरा भए जूझत भए असेख ॥२० ॥

भुजंग छंद ॥

महा जुध कै कै सभै देव हारे ॥
त्रिया पतिब्रता ते न जावै संघारे ॥
गए जूझ जोधा महा ऐठियारे ॥
रहे ते चहूं ओर ऐ कै हकारे ॥२१ ॥
कहा जात देवेस जाने न दै है ॥
इसी छेत्र मै मारि कै तोहि लै है ॥
मंडे बीर बानान बाजान लै कै ॥
महा कोप की चित को ओप दै कै ॥२२ ॥
तबै बिसन जू मंत्र ऐसे बिचारियो ॥
सभै दानवानेस को भेस धारियो ॥
जिसी बाग मै नार ब्रिंदा बिराजै ॥
लखे जाहि कंद्रप को दरपु भाजै ॥२३ ॥

दोहरा ॥

जालंधर के भेस धरि तहा पहूंच्यो जाइ ॥
पति को रूप पछानि कै रीझत भई सु भाइ ॥२४ ॥

चौपई ॥

भाति भाति तिह साथ बिहारियो ॥
सभ कंद्रप को दरपु निवारियो ॥
उतै जुध जो भयो सुनाऊ ॥
ता ते तुमरे ह्रिदै सिराऊ ॥२५ ॥

भुजंग छंद ॥

उतै दैत बाकै इतै देव आछे ॥
लए सूल सैथी सभै काछ काछे ॥

महा नाद मारू तिसी खेत बाजे ॥
दित्रयादित गाड़े दुहूं ओर गाजे ॥२६॥
महा कोप कै कै कहूं बीर जूझे ॥
परे भाति ऐसी नही जात बूझे ॥
कहूं राज बाजी जिरह बीर भारी ॥
कहूं तेग औ तीर काती कटारी ॥२७॥
कहूं टोप टूटे कहूं राग भारी ॥
कहूं ज्वान जेबे सु काती कटारी ॥
कहूं सूल सैथी गिरी भूमि ऐसी ॥
दिपै चार सोभा महा ज्वाल जैसी ॥२८॥

चौपई ॥

ब्रिंदा को प्रथमै सत टारियो ॥
ता पाछै जालंधर मारियो ॥
बहुरो राज आपनो लियो ॥
सुर पुर माझ बधावो कियो ॥२९॥

दोहरा ॥

इह चरित्र सौ बिसन जू ब्रिंदा को सत टारि ॥
आनि राज अपनो लयो जालंधर कह मारि ॥३०॥१॥

CHARITAR १२० *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने पुरख चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ बीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥120॥2362॥अफजूं॥*

चौपई ॥

जहागीर जब तखत सुहावै ॥
बुरका पहिरि नारि इक आवै ॥
खीसे काटि बहुन के लेई ॥
निज मुख किसू न देखन देई ॥१॥
ता को भेद एक नर पायो ॥
और न काहूं तीर जतायो ॥
प्रात भए आई त्रिय जानी ॥
चित के बिखै इहै मति ठानी ॥२॥
पनही हाथ आपने लई ॥
अधिक मारि ता त्रिय कौ दई ॥
सतर छोरि आई क्योन चारी ॥
जूतिन सौ कमरी करि डारी ॥३॥

दोहरा ॥

कमरी कै जूतिन दई भूखन लए उतारि ॥
किह निमित आई इहा ऐसे बचन उचारि ॥४॥

चौपई ॥

सभहूं इहै चित मै जानी ॥
ता की नारि त्रिया पहिचानी ॥
बिनु पूछे पति के क्योन आई ॥

जा ते आजु मारि तैं खाई ॥५ ॥
जब लौ ताहि त्रियहि सुधि आई ॥
तब लौ गयो वह पुरख लुकाई ॥
ता ते त्रसत न तह पुनि गई ॥
चोरी करत हुती तजि दई ॥६ ॥

CHARITAR १२१ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने पुरख चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ इकीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥121॥2368॥अफजूं॥*

चौपई ॥

अभै साड राजा इक भारो ॥
कहलूर के देस उजियारो ॥
खान ततार खेत तिन मारियो ॥
नाकन को कूआ भर डारियो ॥१ ॥
ता पै चड़े खान रिसि भारे ॥
भाति भाति तिन न्रिपति संघारे ॥
हारे सभै उपाइ बनायो ॥
छजूअहि गजूअहि खान बुलायो ॥२ ॥
काख बिखै कबूतर इक राखियो ॥
तिन सौ बचन बकत्र ते भाखियो ॥
या न्रिप को जु बुरा कोऊ करि है ॥
ता को पाप मूड इह परि है ॥३ ॥
यह सुनि बचन मानि ते गए ॥
भेद अभेद न चीनत भए ॥
जाइ राव प्रति यहै उचारो ॥
तव देखन कौ हियो हमारो ॥४ ॥
यौ सुनि बचन राव तिह आयो ॥
चारि चारि भीतरि बैठायो ॥
तिन आयुध देखन कौ लए ॥
हाथो हाथ काढि कै दए ॥५ ॥
आयुधु काढि ऐस बिधि दए ॥
जोरे एक बनावत भए ॥
जा की बाह सीवि दोऊ लीनी ॥
बिनु बाधो मुसकै जन दीनी ॥६ ॥
एक भाट कौ भेद बतायो ॥
राजा के मुख पै कहायो ॥
जो सभ ससत्र दै मुझ डारे ॥
तौ दाता तू जान हमारै ॥७ ॥
यह सुनि न्रिपति ससत्र दै डारे ॥
होर रहे मंत्रीन निवारे ॥
जान्यो न्रिपति निरायुध भयो ॥
बागो आनि ताहि पहिरयो ॥८ ॥

दोहरा ॥

सो बागो पहिरियो न्रिपति बाह कढी नहि जाहि ॥
तीर खान ठाढो हुतो मुसकै लई चराइ ॥९ ॥

चौपई ॥

सुंदर राज पुत्र तह भारो ॥
तुरत तेग कह ताहि संभारो ॥
तमकि वार ता तुरकहि कियो ॥
बाहन दुहूं दुधा करि दियो ॥१०॥

दोहरा ॥

एक राव अगनित तुरक कह लगि लरै रसाइ ॥
सुंदर कौ राजा भए मारत भए बजाइ ॥११॥

चौपई ॥

जल के अस्व अस्व इक जायो ॥
सो बागा राजे के आयो ॥
चरवेदार ताहि लै गयो ॥
भेद रानियन कौ लै दयो ॥१२॥

दोहरा ॥

कुंकम दे घनसार दे यौ स्रवनन सुनि पाइ ॥
मतो बैठि दुहूंअन कियो जूझि मरन के भाइ ॥१३॥
जौ हमरे पति लरि मरे समुह बदन ब्रिण खाइ ॥
तौ हम हूं सभ लरि मरै नर को भेख बनाइ ॥१४॥

चौपई ॥

यहै मंत्र सभहूंन बिचारियो ॥
सभ हूं भेख पुरख को धारियो ॥
एक दिसा कुंकम दे गई ॥
दे घनसार दूज दिसि भई ॥१५॥

दोहरा ॥

कुंकम दे घनसार दे दोऊ अनी बनाइ ॥
दुहूं ओर ठाढी भई जुध करन के भाइ ॥१६॥

चौपई ॥

दुहूं ओर ते ससत्र चलाए ॥
दुहूं ओर बादित्र बजाए ॥
ऐसी मारि क्रिपानन डारी ॥
एक न उबरी जीवत नारी ॥१७॥

दोहरा ॥

बज्र बान बिछूआ बिसिख बरखियो लोह अपार ॥
सभ अबला जूझत भई एक न उबरी नारि ॥१८॥

चौपई ॥

बरछी दुहूं दोफली लीनी ॥
दुहूंअन वहै उदर मै दीन ॥
तिह को झागि कटारिन लरी ॥

दोऊ जूझि खेत मै परी ॥१९॥

दोहरा ॥

सत्रुन सौ बाला लरी प्रीति पिया की मानि ॥
निजु पति को पावत भई सुरपुर कियो पयान ॥२०॥
प्रीति पिया की जे लरी धंनि धंनि ते नारि ॥
पूरि रहियो जसु जगत मै सुर पुर बसी सुधारि ॥२१॥
जूझि मरी पिय पीर त्रिय तनिक न मोरियो अंग ॥
सु कबि स्याम पूरन भयो तब ही कथा प्रसंग ॥२२॥

CHARITAR १२२ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ बाईसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥122॥2390॥अफजूं॥*

चौपई ॥

देव अदेव मिलत सभ भए ॥
छीर समुंद मथबे कह गए ॥
चौदह रतन निकारे जब ही ॥
दानो उठे कोप करि तब ही ॥१॥
हम ही रतन चौदहूं लै है ॥
नातर जियन न देवन दै है ॥
उमडी अमित अनिन को दलि है ॥
लहु भैयन ते भाजि न चलि है ॥२॥

दोहरा ॥

राज काज अर साज सभ आवत कछु जु बनाइ ॥
जेसट भ्रात को दीजियत लहुरे लई न जाइ ॥३॥

भुजंग छंद ॥

चड़े रोस कै कै तहीं दैत भारे ॥
घुरे घोर बाजे सु मारू नगारे ॥
उतै कोप कै कै हठी देव ढूके ॥
उठे भाति ऐसी सु मानौ भभूकै ॥४॥
मंडे कोप कै कै महा रोस बाढै ॥
इते देव बाके उतै दैत गाढै ॥
छके छोभ छत्री महा ऐठ ऐठे ॥
चड़े जुध कै काज ह्वै कै इकैठे ॥५॥
कहूं टीक टाकै कहूं टोप टूके ॥
किये टीपो टापै कई कोटि ढूके ॥
कहूं टाक टूकै भए बीर भारे ॥
करेरे कटीले करी कोटि मारे ॥६॥
किते डोब डूबै किते घाम घूमै ॥
किते आनि जोधा परे झूमि झूमै ॥
किते पानि मागे किते मारि कूकै ॥
किते बाढवारीन को काढ ढूकै ॥७॥
किते चोट ओटै किते कोटि पैठै ॥
किते राग मारू सुने आनि ऐठै ॥

किते भीर भाजे किते सूर कूटे ॥
किते बाज मारे रथी क्रोरि लूटे ॥८॥
कहूं ज्वान जेबे कहूं बाज मारे ॥
कहूं भूमि झूमे दित्रयादित भारे ॥
किते बीर घायन घाए पधारे ॥
किते खेत सोहे महाबीर डारे ॥९॥
इतै सूर कोपियो उतै चंद्र धायो ॥
इतै जोरि गाड़ी अनी इंद्र आयो ॥
उतै बुधि बाधी धुजा बीर बाको ॥
इतो काल कोपियो जितै कौन ता को ॥१०॥
इतै कोपि कै ऐस बाचे सिधायो ॥
दुतिय ओर ते चारज सुक्रा रिसायो ॥
कोऊ तीर छोरै कोऊ मंत्र डारै ॥
लिखै जंत्र केऊ केऊ तंत्र सारै ॥११॥
किते तेग सूते किते बान मारै ॥
किते गोफनै गुरज गोले उभारै ॥
किते मुगद्र ठावैं किते तीर छोरै ॥
किते बीर बीरान को मूंड फोरै ॥१२॥
कहूं छत्र जूझे कहूं छत्र टूटे ॥
कहूं बाज ताजी जिरह राज लूटै ॥
किते पास पासे किते झोक झोरे ॥
किते छिप्र छेके किते छैल छोरे ॥१३॥
किते सूर स्रोनान के रंग रंगे ॥
बचे बीर बाकान बाजी उमंगे ॥
महा भेर भारी महा नाद बाजे ॥
इतै देव बाके उतै दैत गाजे ॥१४॥
उठियो राग मारू महा नाद भारो ॥
इतै सुंभ नैसुंभ दानो संभारो ॥
बिड़ालाछ ज्वालाछ धूम्राछ जोधे ॥
हटे न हठीले किसू के प्रबोधे ॥१५॥
परियो लोह गाड़ो महा खेत भारी ॥
इतै देव कोपे उतै वै हकारी ॥
जुरे आनि दोऊ भैया कौन भाजै ॥
चले भाजि ता की सु मातान लाजै ॥१६॥
जुरे आनि भाई भैया कौन हारै ॥
मरै साचु पै पाव पाछे न डारै ॥
भरे छोभ छत्री महा रुद्र नाचियो ॥
परियो लोह गाड़ो महा लोह माचियो ॥१७॥
हठे ऐठियारे हठी ऐंठि कै कै ॥
महा जुध सौडी महा ही रिसै कै ॥
महा सूल सैथीन के वार छंडे ॥
इते दैत बाके उते देव मंडे ॥१८॥
इतै देव रोहे उते दैत कोपे ॥
भजै नाहि गाड़े प्रिथी पाइ रोपे ॥
तबै बिसन जू मंत्र ऐसे बिचारियो ॥
महा सुंदरी एस को भेस धारियो ॥१९॥
महा मोहनी भेस धारियो कन्नहाई ॥
जिनै नैक हेरियो रहियो सो लुभाई ॥
इतै दैत बाके उतै देव सोहै ॥
दुहू छोरि दीनो महा जुध मोहै ॥२०॥

दोहरा ॥

कालकूट अरु चंद्रमा सिव के दए बनाइ ॥
ऐरावति तरु उचस्रवि हरहि दए सुख पाइ ॥२१॥
कौसतक मनि अरु लछिमी आपुन लई मंगाइ ॥
देव अंम्रित असुरन सुरा बाटत पए बनाइ ॥२२॥

चौपई ॥

रंभा और धनंतर लियो ॥
सभ जग के सुख कारन दियो ॥
तीनि रतन दिय औरु निकारे ॥
तुमहूं तिनो लखत हो प्यारे ॥२३॥
सवैया ॥
रीझि रहे छबि हेरि सुरासर सोक निवार असोकुपजायो ॥
छोरि बिवाद कौ दीन दोऊ सुभ भाग भरियो सबहूं हरि भायो ॥
कुंजर कीर कलानिधि केहरि मान मनोजव हेरि हिरायो ॥
जो तिन दीन सु लीन सभो हसि काहूं न हाथ हथिआर उचायो ॥२४॥

भुजंग छंद ॥

इनै अंम्रित बाट्रयो उनै मद्रय दीनो ॥
छले छिप्र छैली छली भेस कीनो ॥
महा बसत्र धारे इतै आपु सोहै ॥
सभै दैत देवान के चित मोहै ॥२५॥

दोहरा ॥

धरियो रूप त्रिय को तहा आपुन तुरति मुरारि ॥
छली छिनिक मो छलि गयो जिते हुते असुरारि ॥२६॥

CHARITAR १२३ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ तेईसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥123॥2416॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

नारनौल के देस मै बिजै सिंघ इक नाथ ॥
रैनि दिवस डारियो रहै फूल मती के साथ ॥१॥
बिजै सिंघ जा को सदा जपत आठहूं जाम ॥
फूलन के संग तोलियै फूल मती जिह नाम ॥२॥
बिजै सिंघ इक दिन गए आखेटक के काज ॥
भ्रमर कला को रूप लखि रीझ रहे महाराज ॥३॥

चौपई ॥

तह ही ब्याह धाम त्रिय आनी ॥
राव हेरि सोऊ ललचानी ॥
फूल मती सुनि अधिक रिसाई ॥
आदर सो ता को ग्रिह ल्याई ॥४॥
ता सौ अधिक नेह उपजायो ॥
धरम भगनि करि ताहि बुलायो ॥

चित मै अधिक कोप त्रिय धरियो ॥
ता की नास घात अटकरियो ॥५॥
जा की त्रिया उपासिक जानी ॥
वहै घात चीनत भी रानी ॥
रुद्र देहरो एक बनायो ॥
जा पर अगनित दरब लगायो ॥६॥
दोऊ सवति तहा चलि जावै ॥
पूजि रुद्र कौ पुनि घर आवै ॥
मट आछो ऊचो धुज सोहै ॥
सुर नर नाग असुर मन मोहै ॥७॥

दोहरा ॥

पुर बासनि सुंदरि सभै तिह ठा करै पयान ॥
महा रुद्र कौ पूजि कै बहुर बसै ग्रिह आनि ॥८॥
अड़िल ॥
एक दिवस रानी लै ता कौ तह गई ॥
निजु करि असि गहि वाहि मूंड काटत भई ॥
सीस काटि सिव ऊपर दयो चराइ कै ॥
हो रोवत न्रिप प्रति आपु उचारियो आइ कै ॥९॥

दोहरा ॥

धरम भगनि मुहि संग लै रुद्र देहरे जाइ ॥
मूंड काटि निजु कर असहि हर पर दियो चराइ ॥१०॥

चौपई ॥

यौ सुनि बात तहा न्रिप आयो ॥
जह त्रिय तौन नारि कौ घायो ॥
ताहि निहारि चक्रित चित रहियो ॥
त्रिय को कछुक बैन न कहियो ॥११॥

दोहरा ॥

मूंड काटि जिन निजु करन हर पर दियो चराइ ॥
धंन्यो त्रिया धंनि देस तिह धंन्य पिता धंनि माइ ॥१२॥
दाह दियो तिह नारि कौ चित अति सोक बढाइ ॥
फूल मती के भवन मै बहुरि बसत भयो आइ ॥१३॥
सवति मारि निजु करन सौ और न्रिपहि दिखराइ ॥
राजा कौ निजु बस कियो ऐसो चरित बनाइ ॥१४॥
ब्रहम बिसन सर असुर सभ रैनाधिप दिनराइ ॥
बेद ब्यास अरु बेद त्रिय भेद सके नहि पाइ ॥१५॥

CHARITAR १२४ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ चौबीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥124॥2431॥अफजूं॥*

सवैया ॥
लंक मै बंक निसाचर थो रघुनंदन को सुनि एक कहानी ॥
रावन पुत्र कलत्र समेत हने इह खेत महा बलिधानी ॥
रोस भरियो ततकाल गदा गहि कौचक से मद मत क्रिपानी ॥

कोट कौ कूदि समुंद्र कौ फाधि फिरंग मौ आनि परियो अभिमानी ॥१॥
आठिक द्योस अंधेर रहियो पुनि सूर चड़ियो जग धुंध मिटाई ॥
दानव कौ लखि लोकन कै अति ही चित मै उपजी दुचिताई ॥
बाधि अनी भट भूरि चड़े रिपु जीतन की जिय ब्योत बनाई ॥
बान कमान गदा बरछीन की आनि करी तिह साथ लराई ॥२॥
एक परे भभरात भटुतम एक लगे भट घायल घूंमै ॥
एक चलै भजि कै रन ते इक आनि परे मरि कै गिरि भूंमै ॥
एक मरे लरि कै हय ऊपर हाथिन पै इक स्यंदन हूं मै ॥
मानो त्रिबेनी के तीरथ पै मुनि नायक धूम अधो मुख धूंमै ॥३॥
कौच किपान कसे कटनी कटि अंग उतंग सुरंग निखंगी ॥
चौपि चले चहूं ओरन ते घन सावन की घट जान उमंगी ॥
जंग निसंग परियो संग सूरन नाचियो है आपु तहा अरधंगी ॥
रोस भरे न फिरे त्रसि कै रन रंग पचे रवि रंग फिरंगी ॥४॥

चौपई ॥

भेर परियो भारथ ते भारी ॥
नाचे सूरबीर हंकारी ॥
बहु ब्रिण कीए न इक तिह लागियो ॥
अधिक कोप दानव को जागियो ॥५॥
एक हाथ तिन गदा संभारी ॥
दूजो कर तरवारि निकारी ॥
जा कौ दौरि दैत ब्रिण मारे ॥
एकै चोट चौथ ही डारै ॥६॥
जो कोऊ ता कह घाव लगावै ॥
टूटि क्रिपान हाथ रहि जावै ॥
दानव कोप अधिक तब करै ॥
प्रान फिरंगनि बहु के हरै ॥७॥

भुंजग छंद ॥

महा नादि कै कै जबै दैत धावै ॥
घनी सैन को मारि कै कै सु जावै ॥
बियो कौन जोधा लरै रोस कै कै ॥
चले बाज हेरै महा ताप तै कै ॥८॥
लखे दैत भारी सभै भूप भागै ॥
महा त्रास के ताप सौ अनुरागै ॥
चले भाजि कै कै हठी नारि न्याए ॥
करी बाज राजे पियादे पराए ॥९॥

चौपई ॥

सैन भजत लखि भटि रिसि भरे ॥
पलटि कोप कै कै फिरि परै ॥
जेते लखे दैत फिरि आए ॥
घाइ घाइ जम लोक पठाए ॥१०॥
बीस हजार करी तिन घायो ॥
तीस हजार सु बाज खपायो ॥
चालिस सहस तहा रथ काटे ॥
अभ्रन ज्यो जोधा चलि फाटे ॥११॥

दोहरा ॥

बहुरि गदा गहि हाथ मै प्रतिना पतन अपार ॥
भाति भाति संग्रत भयो कछू न संक बिचार ॥१२॥

चौपई ॥

ता सौ जुध सभै करि हारे ॥
तिन ते गए न असुर संघारे ॥
उगियो चंद्र सूर असताए ॥
सभ ही सुभट ग्रिहन हटि आए ॥१३॥
भयो प्रात जब तम मिटि गयो ॥
कोप बहुरि सूरन को भयो ॥
फौजै जोरि तहा चलि आए ॥
जिह ठा दैत घने भट घाए ॥१४॥
डारि पाखरै तुरे नचावै ॥
केते चंद्रहास चमकावै ॥
तनि तनि केतिक बानन मारै ॥
अमित घाव दानव पर डारै ॥१५॥

भुजंग छंद ॥

हठ्यो आपु दानव गदा हाथ लै कै ॥
लई काढि काती महा कोप कै कै ॥
जिते आनि ढूके तिते खेत मारे ॥
गिरे भाति ऐसी न जावै बिचारे ॥१६॥
किते हाक मारै किते घूंम घूंमै ॥
किते जुध जोधा परे आनि भूमै ॥
किते पानि मागै किते हूह छोरैं ॥
किते जुध सौडीन के सीस तोरै ॥१७॥
कहूं बाज जूझै कहूं राज मारे ॥
कहूं छेत्र छत्री करी ताज डारे ॥
चले भाजि जोधा सभै हारि मानी ॥
कछू लाज की बात कै नाहि जानी ॥१८॥
हठी जे फिरंगी महा कोप वारै ॥
लरे आनि ता सो न नैकै पधारे ॥
छकै छोभ छत्री महा कोप ढूके ॥
चहूं ओर ते मार ही मारि कूके ॥१९॥
जिते आनि जूझे सभै खेत घाए ॥
बचे जीति ते छाडि खेतै पराए ॥
हठे जे हठीले हठी खग कूटे ॥
महाराज बाजीन के मूंड फूटे ॥२०॥

चौपई ॥

बीस हजार करी कुपि मारे ॥
तीस हजार अस्व हनि डारै ॥
चालिस सहस रथिन रथ टूटै ॥
साठि सहस्र रथी हूं कूटे ॥२१॥

दोहरा ॥

एती सैन संघारि कै पैदल हन्यो अपार ॥
जनु करि जए न काखि ते आए नहि संसार ॥२२॥

चौपई ॥

सभ ही बीर जुध करि हारे ॥
तिन ते गए न दानौ मारै ॥
खेत छोरि सभ ही घर गए ॥
मतो करत ऐसी बिधि भए ॥२३॥
सवैया ॥
कैसे हूं मारियो मरै न निसाचर जुध सभै करि कै भट हारे ॥
बान क्रिपान गदा बरछीन के भाति अनेकन घाइ प्रहारे ॥
सो नहि भाजत गाजत है रन होत निवरतन क्यो हूं निवारे ॥
देस तजै कहूं जाइ बसै कह आवत है मन मंत्र तिहारे ॥२४॥

चौपई ॥

इंद्रमती बेस्वा तह रहई ॥
अधिक रूप ता कौ जग कहई ॥
सूरज चंद्र जोति जो धारी ॥
जनु याही ते लै उजियारी ॥२५॥

दोहरा ॥

तिन बीरा तह ते लयो चली तहा कह धाइ ॥
बसत्र पहिरि तित कौ चली जित असुरन को राइ ॥२६॥

चौपई ॥

मेवा और मिठाई लई ॥
माटन मो धर पर भरि दई ॥
जह फल खात असुर को राई ॥
तिन लै बन सौ सकल लगाई ॥२७॥
जब दानो कौ भूखि संतायो ॥
तब बन के भछन फल आयो ॥
माट फोरि पकवान चबाइस ॥
मदरा पियत अधिक मन भाइस ॥२८॥
पी मदरा भयो मत अभिमानी ॥
यह जब बात बेसुवन जानी ॥
भाति भाति बादित्र बजाए ॥
गीति अनेक तान कै गाए ॥२९॥
ज्यों ज्यों पात्र नाचती आवै ॥
त्यों त्यों दानो सीस ढुरावै ॥
कोप कथा जिय ते जब गई ॥
कर की गदा बखसि कर दई ॥३०॥
आई निकट लखी जब प्यारी ॥
हुती क्रिपान सोऊ दै डारी ॥
आयुध बखसि निरायुध भयो ॥
यह सभ भेद तिनै लखि लयो ॥३१॥
नाचत निकट दैंत के आई ॥
साकर कर सों गई छुआई ॥
ता सो जंत्र मंत्र इह कीयो ॥
भेटयो तनिक कैद करि लीयो ॥३२॥

दोहरा ॥

तनिक छुअत ता के तुरत बाधि गयो ततकाल ॥
दानव को बाधत भई इह चरित्र करि बाल ॥३३॥

भुजंग छंद ॥

छलियो छैल दानो इसी छलै बाला ॥
लीयो बस्त्रय कै कै महा रूप आला ॥
बंध्रयो बीर मंत्रान के जोर आयो ॥
सभै ग्राम बासीन कौ लै दिखायो ॥३४॥
प्रथम ग्राम बासीन कौ लै दिखारियो ॥
पुनिर खोदि भूमै तिसै गाडि डारियो ॥
जिनै लै गदा को घनो बीर मारे ॥
भए तेज मंत्रान केते बिचारे ॥३५॥

दोहरा ॥

जिन खेचर कर खग लै खत्री हने अपार ॥
ते छैली इह छल छलियो ऐसो चरित्र बिचार ॥३६॥

CHARITAR १२५ — *SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ पचीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥125॥2467॥अफजूं॥

दोहरा ॥

देस तपीसा के बिखै गड़ी सिनसिनी एक ॥
जीति न कोऊ तिह सकियो भिरि भिरि गए अनेक ॥१॥

चौपई ॥

अबदुल नबी तहा कह धायो ॥
चारि द्योस लगि जुध मचायो ॥
अधिक मारि गोलिन की भई ॥
भ्रितन बिसर सकल सुधि गई ॥२॥
आखर गड़ी तवन कौ तोरियो ॥
या कौ किनी न मुहरो मोरियो ॥
अटकत एक अटारी भई ॥
अधिक मारि गोलिन की दई ॥३॥
भरि भरि तुपक तवन त्रिय ल्यावै ॥
लै लै कर मै पुरख चलावै ॥
तकि तकि तन जा के मै मारै ॥
है गै रथ बीरान बिदारै ॥४॥
भरि बंदूक त्रिय सिसत बनाई ॥
खान नबी के ह्रिदै लगाई ॥
लागत घाइ हाहि नहि भाखियो ॥
मारि पालकी भीतरि राखियो ॥५॥

दोहरा ॥

नबी तुपक के संग हन्यो उतै जुध अति होइ ॥
इति भ्रित पति लै घर गए उतै न जानत कोइ ॥६॥
एक तोपची तुपक लै बाधी सिसत बनाइ ॥

ता के पति के उर बिखै गोली हनी रिसाइ ॥७॥

चौपई ॥

लगे तुपक के ब्रिण भट जूझियो ॥
ठाढी निकट तवन त्रिय बूझियो ॥
चकमक झारि कढी चिनगारी ॥
तिन छपरन मो छिप्र प्रजारी ॥८॥
मुगल सेख सैयद तह आए ॥
ता त्रिय को यौ बचन सुनाए ॥
अब तूं इसत्री होहि हमारी ॥
निकट लागि इह भाति उचारी ॥९॥

दोहरा ॥

सुत बालक भरता मरियो इन को प्रथम जराइ ॥
बहुरि तिहारो धाम मै आजु बसौगी आइ ॥१०॥

चौपई ॥

प्रथम चिता मै सुत कौ डारियो ॥
म्रितक खसम कौ बहुरि प्रजारियो ॥
बहुरौ काखि मुगल को भरी ॥
आपन लै पावक मो परी ॥११॥

दोहरा ॥

सुत जराइ पति जारि कै बहुरि मुगल गहि लीन ॥
ता पाछे आपन जरी त्रिय चरित्र यौ कीन ॥१२॥

CHARITAR १२६ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ छबीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥126॥2479॥अफजूं॥*

चौपई ॥

बीर दत चंडालिक रहै ॥
अति तसकर ता कौ जग कहै ॥
खान खवीन तहा जो आवै ॥
ता कौ लूटि कूटि लै जावे ॥१॥
जो आवत कोऊ राह निहारै ॥
जाइ तवन कौ तुरत हकारै ॥
जो तनि धनु रिपु तीर चलावै ॥
छुरा भए तिह काटि गिरावै ॥२॥

दोहरा ॥

लहै निसा इक जब भयो तब वह करत प्रहार ॥
जीवत किसू न छोरई डारत ही संघार ॥३॥

चौपई ॥

रतन सिंघ तिह मग ह्वै आयो ॥

सो लखि तवन चोर नै पायो ॥
ता कहु कहियो बसत्र तुम डारो ॥
नातर तीर कमान संभारो ॥४॥
रतन सिंघ जो तीर चलावै ॥
सोऊ छुरा ते काटि गिरावै ॥
उनसठि तीर छोरि तिन कहियो ॥
एक तीर तरकस मम रहियो ॥५॥

दोहरा ॥

सुनु तसकर मै बिसिख को जा कौ कीयो प्रहार ॥
आजु लगे चूकियो नहीं सुनि लै बचन हमार ॥६॥

चौपई ॥

मै जेते तुहि तीर चलाए ॥
सो सभ ही तै काटि गिराए ॥
अब चेरौ चित भयो हमारो ॥
कहो सु करिहौ काजि तिहारो ॥७॥

दोहरा ॥

एक हौस मन महि रही सो तुहि कहौ सुनाइ ॥
जिह भाखै मारौ तिसै दीजै कछू बताइ ॥८॥

चौपई ॥

यौ सुनि चोर अधिक सुख पायो ॥
एक पत्र करि साथ बतायो ॥
जब ता की तिन द्रिसटि चुराई ॥
तनि गासी तिह मरम लगाई ॥९॥

दोहरा ॥

रतन सिंघ इह छल भए खल की द्रिसटि बचाइ ॥
मरम सथल मारियो बिसिख दीनो ताहि गिराइ ॥१०॥

CHARITAR १२७ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने पुरख चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ सातईसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥127॥2489॥अफज़ूं॥*

दोहरा ॥

मारवार के देस मै उग्र दत इक राव ॥
कोप जगे पावक मनो सीतल सलिल सुभाव ॥१॥

चौपई ॥

धरवारन ता को धन मारियो ॥
पुरी आइ पालकन पुकारियो ॥
अगनत ढोल नगारे बाजे ॥
कौच पहिरि सूरमा बिराजे ॥२॥

दोहरा ॥

बजियो जूझऊआ दुहूं दिसि सूरा भयो सुरंग ॥
पखरारे नाचत भए कातर भए कुरंग ॥३॥

भुजंग छंद ॥

महाबीर गाजे महा कोप कै कै ॥
तिसी छेत्र छत्रीन को छिप्र छै कै ॥
ब्रछी बान बज्रान के वार कीने ॥
किते खेत मारे किते छाडि दीने ॥४॥
किते खिंग खंगे किते खेत मारे ॥
घुरे घोर बाजंत्र मारू नगारे ॥
बचियो बीर एकै न बाजंत्र बाजी ॥
महा त्रास कै कै महा सैन भाजी ॥५॥

चौपई ॥

जब ही भाजि सैन सभ गयो ॥
कोप तबै राजा को भयो ॥
सामुहि ह्वै कै जुध मचायो ॥
देखन इंद्र देव रन आयो ॥६॥
बिसनु दत अति ही सुभ कारी ॥
उहि दिसि को राजा हंकारी ॥
सो आपन लरबे को धायो ॥
उत ते उग्र दत न्रिप आयो ॥७॥
दोऊ सैन राव दोऊ लै कै ॥
रन कौ चले कोप अति कै कै ॥
खड़ग सूल सैथी चमकावत ॥
मारू राग सिधारे गावत ॥८॥
सवैया ॥
ताज परे कहूं साज जिरे कहूं बाज मरे गजराज संघारे ॥
गावत बीर बिताल फिरै कहूं नाचत भूत भयानक भारे ॥
भीत भजे लखि भीर परी अति त्रास भरे सुनि नाद नगारे ॥
कापत है इह भाति मनौ गन गोरन के जनु ओरन मारे ॥९॥
एक महा भट भीर परी लखि भीत भए सु चले भजि कै ॥
इक आनि परे न टरे रन ते करवार कटारिन कौ सजि कै ॥
इक पानिहि पानि रटै मुख ते इक मारहि मारि कहै ग्रजि कै ॥
इक जूझि मरै इक स्वासि भरै इक आनि अरै रजिया रजि कै ॥१०॥

दोहरा ॥

तरफराहि सूरा धरनि बरखियो सार अपार ॥
जे अब्रिणी ठाढे हुते ब्रिणी करे करतार ॥११॥

चौपई ॥

ऐसो बीर खेत तह परियो ॥
एक बीर साबत न उबरियो ॥
राजा जू खेत गिरि गए ॥
जीवत रहे म्रितक नहि भए ॥१२॥

दोहरा ॥

खेत परे न्रिप कौ निरखि भाजे सुभट अनेक ॥
स्याम भनै रन भूमि मै रहियो न सूरा एक ॥१३॥

कबितु ॥

भारे भारे सूरमा पुकारै कै कै महा नाद रानी हम मारे राजा जियते संघार है ॥
केते रथ टूटे केते सूरन के सीस फूटे केते हय छूटे केते हयहूं प्रहारे है ॥
केते करी मारे केते करहि बिदारे केते जुध ते निवारे केते पैदल लतारे है ॥
लोह के करारे केते अस्व हूं उतारे केते खंडे जिनि खंड ते अखंड खंड डारे है ॥१४॥
सवैया ॥
जोरि सभा सुभ बोलि बडे भट और उपाइ कहौ सु करै ॥
उन सूरन ते नहि एक बचियो दुख है छतिया किह भाति भरै ॥
क्यो न देहु बनाइ बडे दल कौ संग जाइ तही फिरि जूझि मरै ॥
फिरि है किधौ जीति अयोधन को नहि राइ मरे तही जाइ मरै ॥१५॥

दोहरा ॥

भाति भाति मारू मंडे कंत जुझियो रन माहि ॥
साजि सैन चतुरंगनी चलहु तहा कह जाइ ॥१६॥
सवैया ॥
मारि परे बिसंभार धरा पर सूर सभे सुख सुध अनीके ॥
ता पर कंत सुनियो जु जुझियो दिन रैनि बसै जोऊ अंतर जीके ॥
ता बिनु हार सिंगार अपार सभै सजनी मुहि लागत फीके ॥
कै रिपु मारि मिलो मै पिया संग नातर पयान करो संग पी के ॥१७॥
जोरि महा दल कोरि कई भट भूखन अंग सुरंग सुहाए ॥
बाधि क्रिपान प्रचंड चड़ही रथ देव अदेव सभै बिरमाए ॥
बीरी चबात कछू मुसकात सु मोतिन हार हिये उरझाए ॥
अंग दुकूल फबै सिर फूल बिलोकि प्रभा दिव नाथ लजाए ॥१८॥

दोहरा ॥

जोरि अनी गाड़े सुभट तह ते कियो पयान ॥
पलक एक लागी नही तहा पहूचै आनि ॥१९॥
सवैया ॥
आवत ही अति जुध करियो तिन बाज करी रथ क्रोरिन कूटे ॥
पासन पासि लए अरि केतिक सूरन के सिर केतिक टूटे ॥
हेरि टरे कोऊ आनि अरे इक जूझि परे रन प्रान निखूटे ॥
पौन समान छुटे त्रिय बान सभै दल बादल से चलि फूटे ॥२०॥

चौपई ॥

मानवती जिह ओर सिधारे ॥
एक तीर इक स्वार संघारे ॥
पखरे केते पदुम बिदारे ॥
कोटिक करी खेत मै मारे ॥२१॥

दोहरा ॥

सभ सखिया हरखति भई कातर भई न कोइ ॥
जुध काज सभ ही चली काल करै सो होइ ॥२२॥
सवैया ॥
चाबुक मारि तुरंग धसी रन काढि क्रिपान बडे भट घाए ॥

पासन पासि लए अरि केतिक जीवत ही गहि जेल चलाए ॥
चूरन कीन गदा गहि कै इक बानन सौ जम लोक पठाए ॥
जीति लए अरि एक अनेक निहारि रहे रन छाडि पराए ॥२३॥
पासन पासि लए अरि केतिक काढि क्रिपान कई रिपु मारे ॥
केते हने गुरजान भए भट केसन ते गहि एक पछारे ॥
सूलन सागन सैथिन के संग बानन सौ कई कोटि बिदारे ॥
एक टरे इक जूझि मरे सुर लोक बरंगनि साथ बिहारे ॥२४॥

चौपई ॥

ऐसे जब अबला रन कीनो ॥
ठाढे इंद्र दत सभ चीनो ॥
पुनि सैना को आयसु दयो ॥
ता कौ घेरि दसो दिसि लयो ॥२५॥

दोहरा ॥

चहूं ओर घेरत भए सभ सूरा रिसि खाइ ॥
भाति भाति जूझत भए अधिक ह्रिदै करि चाइ ॥२६॥

चौपई ॥

मारि मारि कहि बान चलाए ॥
मानवती के सामुहि धाए ॥
तब अबला सभ ससत्र संभारे ॥
बीर अनेक मार ही डारे ॥२७॥
लगे देह ते बान निकारे ॥
तनि तनि वहै बैरियन मारे ॥
जा के अंग घाइ द्रिड़ लागे ॥
गिरि परे बहुरि नहि जागे ॥२८॥
भाति भाति सभ सुभट संघारे ॥
जियत बचे रन त्याग पधारे ॥
इंद्र दत को प्रिथम संघारियो ॥
उग्र दत को बहुरि निहारियो ॥२९॥

दोहरा ॥

उग्र दत को जीति रन जियत बिलोकियो जाइ ॥
अति रानी हरखति भई राजा लियो उठाइ ॥३०॥
अड़िल ॥
रानी लयो उठाइ न्रिपति सुख पाइ कै ॥
अमित दए तिन दान सदन मै आइ कै ॥
घने घरन कौ घाइ सत्रु पति घाइयो ॥
हो राज कियो पुनि आनि हरख उपजाइयो ॥३१॥
राजा बाच ॥

दोहरा ॥

धंनि रानी तै जीति रन हम को लयो उबारि ॥
आज लगे चौदह भवन होइ न तो सी नारि ॥३२॥
धंन रानी तै मारि अरि मारि सत्रु पति लीन ॥
रन ते लयो उचाइ मुहि नयो जनम जनु दीन ॥३३॥

चौपई ॥

सुनु रानी तै मोहि जियारो ॥
अब चेरो मै भयो तिहारो ॥
अब यौ बसी मोर मन माही ॥
तो सम और त्रिया कहूं नाही ॥३८॥

CHARITAR १२८ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ अठाईसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥128॥2523॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

रावी नदि ऊपर बसै नारि साहिबा नाम ॥
मिरजा के संग दोसती करत आठहूं जाम ॥१॥

चौपई ॥

ता को दूलह ब्याहन आयो ॥
यह मिरजा चित चिंत बढायो ॥
या को जतन कौन सो कीजै ॥
या ते यह अबला हरि लीजै ॥२॥
त्रिय हूं के जिय मै यो आई ॥
प्यारो मित्र न छोरियो जाई ॥
या कौ ब्याहि कहा मै करिहौ ॥
याही सो जीहौ कै मरिहौ ॥३॥
मीत भोग तुमरे मै रसी ॥
पति त्रिय भाव जानि ग्रिह बसी ॥
मेरो चित चोरि तै लीनो ॥
ता ते जात ब्याह नहि कीनो ॥४॥

दोहरा ॥

साच कहत जिय की तुमै सुनिहौ मीत बनाइ ॥
मुख मागे बरु देत नहि घोल घुमाई माइ ॥५॥

चौपई ॥

अब मुहि मीत कहो का करौं ॥
तोहि छाडि वा कौ नहि बरौं ॥
मो कहु बाज प्रिसटि पर डारो ॥
आपन लै करि संग सिधारो ॥६॥

दोहरा ॥

जब लौ हमरे धाम नहि गए बराती आइ ॥
तब लौ मुहि तै बाज पै डारि लिजाइ तु जाइ ॥७॥
सवैया ॥
तेरे ही संग बिराज हो मीत मै और करौगी कहा पति कै कै ॥
तोहू कौ आजु बरौ न टरौ मरिहौ नहि हाल हलाहल खै कै ॥
नेहु बढाइ सु केल कमाइ सु देत तिनै अपनी त्रिय कै कै ॥
वै दिन भूलि गए तुम को जिय हो कैसो लालन लाज लजै कै ॥८॥

पीरी ह्वै जात घनी पछुतात बियाह की जो कोऊ बात सुनावै ॥
पान सो पान मरोरत मानिनि दातन सो अंगुरीन चबावै ॥
नारि निवाइ खनै पुहमी नख रेख लखै मन मै पछुतावै ॥
प्यारी को पीय रुचै मिरजा परु ब्रयाहु किधो मन मै न सुहावै ॥९॥

दोहरा ॥

रुचिर रमन तुमरै रची और सुहात न मोहि ॥
ब्याहि बराती जाइ है लाज न ऐहै तोहि ॥१०॥
सवैया ॥
नैसकि मोरि गए अनतै नहि जानत प्रीतम जीत रहैगो ॥
प्यारी ही प्यारी पुकारत आरति बीथन मै बहु बार कहैगो ॥
तो हमरै इन के दुहूं बीच कहौ किह भाति सनेह रहैगो ॥
कौन ही काज सु जीबो सखी जब प्रीति बध्यो निजु मीत दहैगो ॥११॥

चौपई ॥

यहै माननी मंत्र बिचारियो ॥
बोलि सखी प्रति बचन उचारियो ॥
मिरजा साथ जाइ तुम कहियहु ॥
आजु आनि साहिबा कौ गहियहु ॥१२॥
जब वह आइ ब्याहि करि लै है ॥
तुमरे डारि फूल सिर जै है ॥
मोरे गए कहो का करिहो ॥
उर मै मारि कटारी मरिहो ॥१३॥

दोहरा ॥

जौ हम सै लागी कछू तुमरी लगनि बनाइ ॥
तौ मो को लै जाइयो आज निसा कौ आइ ॥१४॥
अड़िल ॥
रंगवती इह भाति जबै सुनि पाइयो ॥
सकल पुरख कौ भेस तब आपु बनाइयो ॥
ह्वै कै बाज अरूड़ि तबै तह कौ चली ॥
हो लीनै सकल सुबेस सखी बीसक भली ॥१५॥

चौपई ॥

चली सखी आवत तह भई ॥
जह कछु सुधि मिरजा की लई ॥
सखी सहित चलि सीस झुकायो ॥
तोहि साहिबा बेग बुलायो ॥१६॥
मिरजा सुनत बात चड़ि धायो ॥
पलक न भई गाव तह आयो ॥
यह सुधि जबै साहिबा पाई ॥
तुरतु एक तह सखी पठाई ॥१७॥

दोहरा ॥

सुनो मित्र बिनु निसि भई ह्यां न पहूचहु आइ ॥
जिन कोऊ सोधि पछानि कै तिन प्रति कहै न जाइ ॥१८॥

चौपई ॥

बहुरि सखी तिह आनि जतायो ॥
बैठि बाग मै दिवस बितायो ॥
सूरज छपियो रैनि जब भई ॥
बाट गाव ता के की लई ॥१९ ॥
रैनि भई ता के तब गयो ॥
डारत बाज प्रिसटि तिह भयो ॥
हरि ता को देसौर सिधारियो ॥
जो पहुचियो ता को सर मारियो ॥२० ॥
रैनि सकल ता को लै गयो ॥
उतरत चड़े दिवस के भयो ॥
थो सु कुमार अधिक तन हारियो ॥
और साहिबा साथ बिहारियो ॥२१ ॥
स्रमत भयो तह कछु स्वै रहियो ॥
तब लौ सभ समधिन सुनि लयो ॥
चड़े तुरै सभ सूर रिसाए ॥
बाधे गोल तहा कह धाए ॥२२ ॥
तब साहिबा द्रिग छोरि निहारा ॥
हेरै चहूं ओर असवारा ॥
संग भाई दोऊ ताहि निहारे ॥
करुणा बहे नैन कजरारे ॥२३ ॥
जौ हमरे पति इने निहरि है ॥
दुहूं बान दुहूअनं कह हरि है ॥
ता ते कछू जतन अब कीजै ॥
जा ते राखि भाइयन लीजै ॥२४ ॥
सोवत हुतो मीत न जगायो ॥
जाड भए तरकस अटकायो ॥
और ससत्र लै कहूं दुराए ॥
खोजे हुते जात नहि पाए ॥२५ ॥
तब लौ आइ सूर सभ गए ॥
मारो मार पुकारत भए ॥
तब मिरजा जू नैन उघारे ॥
कहा गए हथियार हमारे ॥२६ ॥
भौडी राड कहियो क्या करियो ॥
तरकस टागि जाड पै धरियो ॥
पहुचे आनि पखरिया भारे ॥
कहा धरे ते ससत्र हमारे ॥२७ ॥
ससत्रन बिना कहो किह मारो ॥
कहु नारी क्या मंत्र बिचारो ॥
साथी कोऊ संग मै नाही ॥
चिंता अधिक इहै चित माही ॥२८ ॥
हेर रहियो आयुध नहि पाए ॥
तब लग घेर दुबहिया आए ॥
त्रिय को बाज प्रिसटि पर डारियो ॥
नगर आपने ओर सिधारियो ॥२९ ॥
बिनु आयुध भजि चलियो निहारियो ॥
निरभै ह्वै सभहूंन बिचारियो ॥
इन दुहूंअन कौ जान न दैहौ ॥
या कौ मारि आजु ही लैहै ॥३० ॥
कोऊ पकरि सैहथी धायो ॥
किनूं काढि कर खड़ग नचायो ॥

किनूं मारि बानन की करी ॥
पाग उतरि मिरजा की परी ॥३१॥
पाग उतरि ता की जब गई ॥
मूंडी होति नाग तिह भई ॥
सुंदर अधिक केस तिह छूटे ॥
जब ही सूर जुध कह जूटे ॥३२॥
किनी बिसिख कसि ताहि प्रहारियो ॥
किनहूं खड़ग काढि तिह मारियो ॥
किनहूं वारि गुरज को कीनो ॥
खेत मारि मिरजा कौ लीनो ॥३३॥
प्रिथम नास मिरजा कौ करियो ॥
बहुरौ जाइ साहिबहि धरियो ॥
बैठे तिसी बिरछ तर आई ॥
जह तिन दुहूंअन रैनि बिताई ॥३४॥

दोहरा ॥

कमर भरात के की तुरतु जमधर लई निकारि ॥
कियो पयानौ मीत पहि उदर कटारी मार ॥३५॥

चौपई ॥

प्रथम मीत तह ते निकरायो ॥
बहुरि बिरछ तर आनि सुवायो ॥
भ्रातन मोह बहुरि लखि कियो ॥
ससत्रन टागि जाड पर दियो ॥३६॥
प्रथमै रूप हेरि तिह बिगसी ॥
निजु पति कै ता कौ लै निकसी ॥
भ्रातिन हेरि मोह मन आयो ॥
निजु प्रीतम को नास करायो ॥३७॥
वह त्रिय पीर पिया के बरी ॥
आपहु मारि कटारी मरी ॥
जो त्रिय चरित चहै सु बनावै ॥
देव अदेव भेव नहि पावै ॥३८॥

दोहरा ॥

प्रथम तहा ते काढि कै पुनि निजु मीत हनाइ ॥
पुनि जमधर उर हनि मरी भ्रात मोह के भाइ ॥३९॥
भूत भविख भवान मै सुनियत सदा बनाइ ॥
चतुरि चरित्रन कौ सदा भेव न पायो जाइ ॥४०॥

CHARITAR १२९ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ उनतीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥129॥2563॥अफजूं॥

चौपई ॥

सुमति कुअरि रानी इक सुनी ॥
बेद पुरान बिखै अति गुनी ॥
सिव की अधिक उपासक रहै ॥

हर हर सदा बकत्र ते कहै ॥१॥
बिसन सिख्य राजा जू रहई ॥
हरि हरि सदा बकत्र ते कहई ॥
सिव कौ नैक न मन मै ल्यावै ॥
सदा क्रिसन दे गीतन गावै ॥२॥
रानी सो इह भाति उचारै ॥
तै सिव सिव काहे कौ बिचारै ॥
चमतकार या मै कछु नाही ॥
यौ आवत मोरे मन माही ॥३॥
चमतकार सिव तुमै बताऊां ॥
तो तुम को इह मारग ल्याऊं ॥
तै सिव को कछु चरित न जानो ॥
धन प्रसाद ते भयो दिवानो ॥४॥

छपै छंद ॥

प्रथम त्रिपुर कौ घाइ रुद्र त्रिपुरारि कहायो ॥
गंग जटन मै धारि गंगधर नाम सुहायो ॥
जटा जूट कौ धारि जटी नामा सद सोहै ॥
खग म्रिग जछ भुजंग असुर सुर नर मुनि मोहै ॥
करी पारबती नारि पारबतीस्वर सभ जानै ॥
कहा मूड़ तै राव भेद ता कौ पहिचाने ॥५॥

दोहरा ॥

चमतकार तो कौ तुरतु प्रथमै देऊ दिखाइ ॥
बहुरि सिख्य सिव को करौ या मारग मै ल्याइ ॥६॥

चौपई ॥

सोइ गयो तब पतिहि निहारियो ॥
तुरत खाट ते पकरि पछारियो ॥
सिव सिव सिव आपन तब कीनो ॥
कछू राव यह भेद न चीनो ॥७॥
किन धै कै मो कौ पटकायो ॥
रानी मै यह कछू न पायो ॥
सकल ब्रिथा तुम हमै सुनावो ॥
हमरे चित को ताप मिटावो ॥८॥
कछू रुद्र तुम बचन उचारे ॥
तब ऊपर सिव कुपियो तिहारे ॥
चमतकार यह तुमै दिखायो ॥
पटकि खाट ते भूमि गिरायो ॥९॥
सुनत बचन मूरख अति डरियो ॥
ता त्रिय को पाइन उठि परियो ॥
बिसन जाप अब ते मै त्यागियो ॥
सिव जू के पाइन सौ लागियो ॥१०॥
चमतकार सिव मोहि दिखारियो ॥
ता ते चरन आपने डारियो ॥
अब चेरो ता को मै भयो ॥
बिसन जाप तब ते तजि दयो ॥११॥

दोहरा ॥

पलका पर ते रानियहि सोत न्रिपति को डारि ॥
सिख्य तुरतु सिव को कियो ऐसो चरित सुधारि ॥१२॥

CHARITAR १३० — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ तीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥130॥2575॥अफजूं॥*

चौपई ॥

परबतेस राजा इक भारो ॥
चंद्र बंस चंद्रोतुजियारो ॥
भागमती ता की बर नारी ॥
चंद्र लई जा ते उजियारी ॥१॥

दोहरा ॥

सुना धाम ता को बडो धुजा रही फहराइ ॥
साच स्वरग सो जानियो धौलर लख्यो न जाइ ॥२॥

चौपई ॥

देबिदत रानियहि निहारियो ॥
जनुक रूप की रासि बिचारियो ॥
पठै सहचरी बोलि सु लीनो ॥
काम केल ता सौ अति कीनो ॥३॥
बीरदेव राजा सुनि पावा ॥
कोऊ जार हमारे आवा ॥
अधिक कोप न्रिप खड़ग उचायो ॥
पलक न बीती तह चलि आयो ॥४॥
भागवती जब न्रिप लखि लीनो ॥
ताहि चड़ाइ महल पर दीनो ॥
टरि आगे निजु पति कौ लियो ॥
बहुत प्रकार समागम कियो ॥५॥

दोहरा ॥

रूंई सौ सारो सदन एक तुरतु भरि लीन ॥
आज चोर इक मै गहियो यौ न्रिप सौ कहि दीन ॥६॥

चौपई ॥

कहु तु तुम ता कौ गहि ल्याऊ ॥
आनि राव जू तुमै दिखाऊ ॥
जो मुहि कहो ताहि सोऊ कीजै ॥
डारि महल ऊपर ते दीजै ॥७॥
प्रथम न्रिपहि इह भाति जताई ॥
बहुरो बाधि जार कौ ल्याई ॥
आपु भोग जिह साथ कमायो ॥
बहुरि राव कौ आन दिखायो ॥८॥
रानी हेरि ताहि रिसि भरी ॥
सखियन कौ आग्या यौ करी ॥
धौलर ते या कौ तुम डारो ॥

आइसु राजा को न निहारो ॥९ ॥
वै सखिआं ता कौ लै गई ॥
चीनत सदन सु आगे भई ॥
सकल राव को सोक निवारियो ॥
रूंई पै ता कौ गहि डारियो ॥१० ॥
राजै लखी दुसट इह घायो ॥
तिन तनि तनिक खेद नहि पायो ॥
उठि तह ते निजु धाम सिधायो ॥
इह चरित्र निजु जार लंघायो ॥११ ॥
पुनि राजे इह भाति उचारियो ॥
इह जो चोर धाम ते डारियो ॥
मोहि आन वहु म्रितक दिखैयै ॥
आग्या मोहि मानि यह लैयै ॥१२ ॥
जो नर ह्यां ते मिलै बगाई ॥
टूक टूक ह्वै कै सो जाई ॥
तिल तिल भयो द्रिसटि नहि आवै ॥
ता कौ कौन खोज कर ल्यावै ॥१३ ॥
तिल तिल पाइ अंग तिह भए ॥
गीध काक आमिख भखि गए ॥
ता को अंग द्रिसटि नहि आवै ॥
कौन बियो ता कौ लै आवै ॥१४ ॥

भुजंग छंद ॥

दियो डारि जा को महाराज ऐसे ॥
लहियो जाइ ता कौ कछू अंग कैसे ॥
कई टूक ह्वै कै परियो कहूं जाई ॥
गए गीध औ काक ता कौ चबाई ॥१५ ॥

चौपई ॥

यौ सुनि मोनि न्रिपति मुख धरी ॥
द्रिसटि राज कारज पर करी ॥
रानी अपनो मीत बचायो ॥
वा पसु कौ यौ चरित्र दिखायो ॥१६ ॥

CHARITAR १३१ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ इकतीह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥131॥2591॥अफजूं॥*

चौपई ॥

एक पलाऊ देस सुनीजै ॥
मंगल देव सु राव भनीजै ॥
सुघरि कुअरि ता की बर नारी ॥
जनुक जगत की जोति सवारी ॥१ ॥
गरबी राइ कुअरि तिह लहियो ॥
ता की मैन देह कौ दहियो ॥
अमित रूप ता को लखि अटकी ॥
बिसरि गई सभ ही सुधि घट की ॥२ ॥
सोरठा ॥

पठै सहचरी ताहि लीनो सदन बुलाइ कै ॥
अधिक ह्रिदै हरखाइ काम केल ता सौ कियो ॥३॥

दोहरा ॥

भाति भाति आसन करे चुंबन करे बनाइ ॥
चिमटि चिमटि ता सौ रमै छिनिक न छोरियो जाइ ॥४॥

चौपई ॥

मीत अधिक चित भीतर भायो ॥
राजा कौ मन ते बिसरायो ॥
मन बच क्रम ताहीं की भई ॥
पर त्रिय ते निजु त्रिय ह्वै गई ॥५॥
निसु दिन रहत धाम तिह परी ॥
जनु तिह जीति सुयंबर बरी ॥
राजा के त्रिय निकट न आवै ॥
ता के संग अति केल कमावै ॥६॥
चुंबन और अलिंगन देई ॥
भाति भाति कै आसन लेई ॥
हरख ठानि त्रिय केल कमावै ॥
काम रीति की प्रीति जतावै ॥७॥
किनी राव सो भेद जतावा ॥
कोऊ जार तिहारे आवा ॥
राजा तव त्रिय दयो भुलाई ॥
जार साथ अति प्रीति लगाई ॥८॥

दोहरा ॥

तैं मंत्रन के बसि भए छोरी सकल सियान ॥
उत रानी इक जार सौ रमत रहै रुचि मान ॥९॥

चौपई ॥

सकल कथा स्रवनन न्रिप करी ॥
काढि क्रिपान हाथ मै धरी ॥
राजा ग्रिह रानी के आए ॥
रखवारे चहूं ओर बैठाए ॥१०॥
सखी एक लखि भेद सु पायो ॥
सुघरि कुअरि सौ जाइ जतायो ॥
पौढी कहा मीत सौ प्यारी ॥
तो पर करी राव रखवारी ॥११॥
ता ते जतन अबै कछु कीजै ॥
प्रान राखि प्रीतम को लीजै ॥
जौ यह हाथ राव के ऐहै ॥
तोहि सहित जम धाम पठैहै ॥१२॥

दोहरा ॥

बहुत देग अरु देगचे रानी लए मंगाइ ॥
दुगध डारि पावक बिखै सभ ही दए चड़ाइ ॥१३॥

चौपई ॥

एक देग मै तिह बैठारियो ॥
ता पर एक तवा कौ डारियो ॥
मखनी लै घेइया तिह करियो ॥
तपत मिटाइ तवन पर धरियो ॥१४॥

दोहरा ॥

तवा सु जरि कै तासु पै घेइया धरियो बनाइ ॥
लीपि म्रितका सौ लियो दीनी आगि जराइ ॥१५॥
खीर भरी जह देग थी तही धरी लै सोइ ॥
दुगध फेन सो जानियै जार न चीनै कोइ ॥१६॥

चौपई ॥

टरि आवत राज गै लीनो ॥
भाति भाति सो आदरु कीनो ॥
नए महल जे हमै सवारे ॥
ते तुम राइ द्रिसटि नहि डारे ॥१७॥

दोहरा ॥

टरि आगे पति कौ लियो रही चरन सौ लागि ॥
बहुत दिनन आए न्रिपति धंन्य हमारे भाग ॥१८॥

चौपई ॥

जो चित चिंत राव जू आयो ॥
सो आगे त्रिय भाखि सुनायो ॥
मै सभ सदन द्रिसटि मै कै हौ ॥
जारि पकरि जम धाम पठै हौ ॥१९॥
सकल सदन फिरि न्रिपहि दिखाए ॥
रहियो बिलोकि चोर नहि पाए ॥
जहा देग मै जारहि डारियो ॥
तही आनि पति कौ बैठारियो ॥२०॥
जब राजा आवत सुनि पाए ॥
मोद भयो मन सोक मिटाए ॥
यह सभ खान पक्वाए तब ही ॥
भेटत सुने पियारे जब ही ॥२१॥
तवन देग को ढापनुतारियो ॥
प्रथम दूध प्यारे को प्रयारियो ॥
बहुरि बाटि लोगन कौ दीनो ॥
मूरख राव भेद नहि चीनो ॥२२॥
एक देग अतिथान पठाई ॥
दूजी बैरागिन के द्रयाई ॥
तीजी देग संन्यासन दई ॥
चौथी ब्रहमचारियन लई ॥२३॥
पंचई देग चाकरन दीनी ॥
छटई देग पियादन लीनी ॥
देग सपतई ताहि डरायो ॥
सखी संग दै घरु पहचायो ॥२४॥
देखत न्रिप के जार निकारियो ॥
मूड़ राव कछु सो न बिचारियो ॥

अधिक चित रानी मै दीनौ ॥
मोरै हितन बधावौ कीनौ ॥२५॥

दोहरा ॥

मुखु दिसि जड़ देखत रहियो त्रिय सो नेहुपजाइ ॥
देग डारि रानी तुरत जारहि दयो लंघाइ ॥२६॥

चौपई ॥

मूरख राव बाइ मुख रहियो ॥
देखत रहियो जार नहिं गहियो ॥
पाहरून जो खीर पठाई ॥
खान लगे ग्रीवा निहुराई ॥२७॥
जियत जार त्रिय घर पहुचायो ॥
पाहरू न राजा लख पायो ॥
तिह पहुचाइ सखी जब आई ॥
तब रानी अति ही हरखाई ॥२८॥
बहुरि राव रानी रति कीनी ॥
चित की बात ताहि कहि दीनी ॥
किनहूं भ्रम मोरे चित पायो ॥
ता ते मै देखनि ग्रिह आयो ॥२९॥
पुनि रानी यह भाति उचारो ॥
सुनो न्रिपति तुम बचन हमारो ॥
जिन तुहि कहियो सु मुहि कहि दीजै ॥
नातर आस न हमरी कीजै ॥३०॥
जब रानी इह भाति सुनाई ॥
तब राजे सो सखी बताई ॥
जो तुम कहियो साची पहुचावो ॥
नातर धाम म्रितु के जावो ॥३१॥
रानिन को कोऊ दोस लगावै ॥
जिन कौ जगत सीस निहुरावै ॥
झूठी सखी जानि बध कीनो ॥
मूरख राव भेद नहि चीनो ॥३२॥

दोहरा ॥

राजा कौ करि बसि लियो दीनो जार निकारि ॥
सखियन मै साची भई तौनै सखी संघारि ॥३३॥

CHARITAR १३२ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ बतीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥132॥2624॥अफज़ूं॥*

दोहरा ॥

हुगली बंदर को हुतो हिंमत सिंघ न्रिप एक ॥
तहा जहाज जहान के लागहि आनि अनेक ॥१॥

चौपई ॥

सुजनि कुअरि ता की बर नारी ॥

जनुक चंद्र मौ चीरि निकारी ॥
जोबन जेब अधिक तिह सोहै ॥
सुर नर नाग असुर मन मोहै ॥२॥
परम सिंघ राजा अति भारो ॥
परम पुरख जग महि उजियारो ॥
ता की देह रूप अति झमकै ॥
मानहु दिपत दामनी दमकै ॥३॥

दोहरा ॥

सुजनि कुअरि ता को महा रीझी रूप निहारि ॥
गिरी मूरछना ह्वै धरनि मार करी बिसंभारि ॥४॥
अड़िल ॥
पठे सहचरी लीनौ ताहि बुलाइ कै ॥
रति मानी तिह संग सु मोद बढाइ कै ॥
बहुरि बिदा करि दियो अधिक सुख पाइयो ॥
हो काल क्रिपा करि धाम हमारे आइयो ॥५॥
भोग मानि न्रिप गयो प्रात पुनि आइयो ॥
काम केल त्रिय साथ बहुरि उपजायो ॥
पुनि रानी जू बचन मीत सो यौ कियो ॥
हो हमरै चित चुराइ लला जू तुम लियो ॥६॥
जा ते तुम को मीत सु पति करि पाइयै ॥
ता ते सोऊ आजु चरित्र बनाइयै ॥
जौ मै कहो सु करियहु साजन आइ कै ॥
हो मो कह हर लै जैयहु हरख बढाइ कै ॥७॥
एक बास सो कुपिया कसी सुधारि कै ॥
गाड़ी रेती माझ सु सभन दिखारि कै ॥
आखै दोऊ बंधाइ निसा को आइ कै ॥
हो मारै या को बान तुरंग धवाइ कै ॥८॥

चौपई ॥

प्रथम जु नर दोऊ आखि मुंदावै ॥
राति अंधेरी तुरै धवावै ॥
बादगसतिया इह सर मारै ॥
सो रानी कै साथ बिहारै ॥९॥
यह सुनि बात सभन हूं पायो ॥
बिसिख चलात तुरंग धवायो ॥
रात्रि अधेरी आखि मुंदावै ॥
चोट चलात कहूं कहूं जावै ॥१०॥
देस देस एस्वर चलि आवै ॥
आखि मूंद दोऊ तीर चलावै ॥
अरध रात्रि कछु द्रिसटि न आवै ॥
छोरै चोट कहूं कहूं जावै ॥११॥

दोहरा ॥

अरध रात्रि मूंदे द्रिगन सभ कोऊ तीर चलाइ ॥
जीति न रानी कौ सकै निजु रानिन दै जाइ ॥१२॥

चौपई ॥

राजा जू हरखित अति भयो ॥
रानी भलो भेद कहि दयो ॥
सुजनि कुअरि जू को को पै है ॥
निजु रानिन मो कौ दै जै है ॥१३॥
तब लौ परम सिंघ जू आए ॥
जिह रानी सौ केल कमाए ॥
भली भाति डेरा तिह दीनो ॥
भाति भाति सौ आदरु कीनो ॥१४॥
रैनि भई रानीयहि बुलायो ॥
बहुरि तवन सौ केल कमायो ॥
अंधकार भए बास उतारियो ॥
कुपिया कौ भू पर धरि पारियो ॥१५॥

दोहरा ॥

कुपियहि बान प्रहार करि वैसहि धरी बनाइ ॥
बिदा कियो रति मानि कै ऐसो मंत्र सिखाइ ॥१६॥

चौपई ॥

तुम अब ही राजा पै जैयो ॥
ऐसे बचन उचारत ह्वैयो ॥
होहूं बिसिख बगावन आयो ॥
चाहत तुमै चरित्र दिखायो ॥१७॥
राजा को मन भयो अनंदं ॥
बोलत बचन कहा मति मंदं ॥
आखि मूंदि दोऊ बान चलैहौ ॥
या की दोऊ त्रिया गहि लै हो ॥१८॥
ता की आंखि बाधि दोऊ लई ॥
तीर कमान हाथ मै दई ॥
चाबुक है हनि बिसिख बगायो ॥
उहा ठाढि त्रिय ताल बजायो ॥१९॥
सभन तराक सबद सुनि पायो ॥
जानुकि इन तिह तीर लगायो ॥
बास उतारि बिलोकहि कहा ॥
बाको बान बिराजत उहा ॥२०॥

भुजंग छंद ॥

भयो फूक राजा त्रियो पिंड हारी ॥
मनौ आनि कै लात सैतान मारी ॥
रहियो मूंड कौ न्याइ बैने न बोलै ॥
गिरियो झूंमि कै भूंमि आखैं न खोलै ॥२१॥
घरी चारि बीते प्रभा नैक पाई ॥
गिरियो फेरि भूमै कहूं राव जाई ॥
कहूं पाग छूटी कहूं हार टूटे ॥
गिरै बीर ज्यो घूंमि प्रानै निखूटे ॥२२॥
सभै लोक धाए लयोठाइ ता कौ ॥
घनौ सींचि कै बारि गुलाब वा कौ ॥
घरी पाच पाछै न्रिपति सुधि पाई ॥
करी भाति भ्रितं अनेकै बढाई ॥२३॥
डरे काज काहे महाराज मेरे ॥

लए सूर ठाढे सभै ससत्र तेरे ॥
कहो मारि डारै कहो बाधि ल्यावै ॥
कहो काटि के नाक लीकै लगावै ॥२४॥
सवैया ॥
हिंमत सिंघ कही हसि कै चित मै अति रोस को मारि मरूरो ॥
एक धनी नव जोबन दूसर तीसरे हो पुरसोतम पूरो ॥
आखिन मूंदि हन्यो कुपिया कह या पर कोप कियो सभ कूरो ॥
कैसे कै आजु हनो इह को जु है राव बडो अरु सुंदर सूरो ॥२५॥

चौपई ॥

कहि ऐसी न्रिप सीस ढुरायो ॥
ता सुंदरि पर कछु न बसायो ॥
ग्रिह ते काढि त्रियहि पुनि दीनी ॥
इह चरित्र सेती हरि लीनी ॥२६॥

दोहरा ॥

तिह रानी पावत भई ऐसो चरित्र बनाइ ॥
लै ता को ग्रिह को गयो अधिक ह्रिदै सुख पाइ ॥२७॥
सोरठा ॥
सकियो न भेद पछानि इह छल सो छैली छल्यो ॥
रहियो मोनि मुखि ठानि नार रहियो निहुराइ कै ॥२८॥

CHARITAR १३३ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ तेतीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥133॥2652॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सबक सिंघ राजा इक भारी ॥
बाज मती ता की बर नारी ॥
काहू सो नहि राव लजावै ॥
सभ इसत्रिन सो केल कमावै ॥१॥
जो इसत्री तिह कहे न आवै ॥
ता की खाट उठाइ मंगावै ॥
अधिक भोग ता सो न्रिप करई ॥
रानी ते जिय नैक न डरई ॥२॥
बाज मती जिय अधिक रिसावै ॥
सबक सिंघ पर कछु न बसावै ॥
तब त्रिय एक चरित्र बिचारियो ॥
राजा को दुरमति ते टारियो ॥३॥
रूपवती जो त्रिय लखि पावै ॥
सबक सिंघ सो जाइ सुनावै ॥
तुम राजा तिह त्रिया बुलावो ॥
काम केल तिह साथ कमावो ॥४॥
जब यौ बचन राव सुनि पावै ॥
तौन त्रिया को बोलि पठावै ॥
जा की रानी प्रभा उचारै ॥
ता के राजा संग बिहारै ॥५॥
या मै कहो कहा घट गई ॥

जानुक होहूं भिटोअनि भई ॥
जा ते मोर राव सुख पावै ॥
वहै बात हमरे जिय भावै ॥६॥
बली एक सुंदर लखि पायो ॥
प्रथम तवन की त्रियहि भिटायो ॥
जब वहु पुरख अधिक रिसि भरियो ॥
तब ता सो यौ बचन उचरियो ॥७॥

दोहरा ॥

काम केल ता सौ करियो रानी अति सुख पाइ ॥
बहुरि बचन तिह पुरख सो ऐसो कहियो सुनाइ ॥८॥

चौपई ॥

तुमरी प्रभा कहो का रही ॥
निज नारी राजै जो चही ॥
जा की त्रिय सो और बिहारै ॥
ध्रिग ता को सभ जगत उचारै ॥९॥

दोहरा ॥

प्रथम भोग मन भावतो रानी कियो बनाइ ॥
बहुरि बचन ता सौ कहियो ऐसे रिस उपजाइ ॥१०॥

चौपई ॥

तुमरी त्रिय कौ राव बुलावै ॥
काम भोग तिह साथ कमावै ॥
तू नहि मरियो लाज को मरई ॥
पावक बिखै जाइ नहि जरई ॥११॥

दोहरा ॥

कै यह मूरख राव ते बदलो लेहि बनाइ ॥
नातर बद्रिकास्रम बिखै गरौ हिमाचल जाइ ॥१२॥

चौपई ॥

जो त्रिय कहो मोहि सो करौ ॥
सबक सिंघ ते नैक न डरौ ॥
इन कीनो ग्रिह ख्वार हमारो ॥
मैहूं तिह त्रिय संग बिहारो ॥१३॥
रोमातक तुम प्रथम लगावो ॥
सकल त्रिया कौ भेस छकावो ॥
जब तुम कौ राजा लखि पै है ॥
तुरतु मदन के बसि ह्वै जै है ॥१४॥
जार केस सभ दूरि कराए ॥
भूखन अंग अनूप सुहाए ॥
जाइ दरस राजा को दियो ॥
न्रिप को मोहि आतमा लियो ॥१५॥
जब राजै ता को लखि पायो ॥
दौरि सदन रानी के आयो ॥

हे सुंदरि मै त्रियिक निहारी ॥
जानुक महा रुद्र की प्यारी ॥१६॥
जो मुहि तिह तू आज मिलावैं ॥
जो मागै मुख ते सो पावैं ॥
रानी फूलि बचन सुनि गई ॥
जो मै चाहत थी सोऊ भई ॥१७॥
सुनत बचन रानी ग्रिह आई ॥
तौन जार को दयो भिटाई ॥
जब ता को न्रिप हाथ चलायो ॥
पकरि राव को तरे दबायो ॥१८॥
न्रिप को पकरि भुजन ते लियो ॥
गुदा भोग ता को द्रिड़ कियो ॥
तोरि तारि तन रुधिर चलायो ॥
अधिक राव मन माझ लजायो ॥१९॥

दोहरा ॥

गुदा भोग भे ते न्रिपति मन महि रहियो लजाइ ॥
ता दिन ते काहूं त्रियहि लयो न निकटि बुलाइ ॥२०॥

CHARITAR १३४ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ चौतीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥134॥2672॥अफज़ूं॥

दोहरा ॥

दुहिता साहु फिरंग की जा को रूप अपार ॥
तीनि भवन भीतर कहूं ता सम और न नारि ॥१॥

चौपई ॥

अबदुल नाम मुलाना भारो ॥
सहिर जहानाबादि उजियारो ॥
हाजराति जब बैठि मंगावै ॥
देव भूत जिनान बुलावै ॥२॥

दोहरा ॥

देव भूत जिनात कह लेवै निकट बुलाइ ॥
जौन बात चित मै रुचै तिन ते लेत मंगाइ ॥३॥

चौपई ॥

ता पै परी बहुत चलि आवै ॥
कोऊ नाचि उठ कोऊ गावै ॥
भाति भाति के भाव दिखावहि ॥
देखनहार सभे बलि जावहि ॥४॥
लाल परी इक बचन उचारो ॥
साह परी सुनु बैन हमारो ॥
सुंदरि कला कुअरि इक भारी ॥
जनुक रूप की रासि सवारी ॥५॥

दोहरा ॥

ताही ते बिधि रूप लै कीने रूप अनेक ॥
रीझि रही मै निरखि छबि मन क्रम सहित बिबेक ॥६॥

चौपई ॥

ता की प्रभा जात नहि कही ॥
जानुक फूलि मालिती रही ॥
कवन सु कबि तिह प्रभा उचारै ॥
कोटि सूर जनु चड़े सवारे ॥७॥
मुला बात स्रवन यह सुनी ॥
बिरह बिकल ह्वै मूंडी धुनी ॥
एक देव भेजा तह जाई ॥
ता की खाट उठाइ मंगाई ॥८॥
वा सुंदरि को कछु न बसायो ॥
मुला के संग भोग कमायो ॥
बीती रैनि भोर जब भयो ॥
तिह पहुचाइ तही तिन दयो ॥९॥
ऐसी बिधि तिह रोज बुलावै ॥
होत उदोत फिरंग पठावै ॥
मन मानत के केलन करै ॥
भाति भाति के भोगन भरै ॥१०॥

दोहरा ॥

देव देखि काजी निरखि सुंदरि अधिक डराइ ॥
नाक चड़ाए रति करै ता पै कछु न बसाइ ॥११॥

चौपई ॥

तब तिन एक उपाइ बिचारियो ॥
कर मै एक पत्र लिखि डारियो ॥
काजी साथ बात यौ कही ॥
मेरे हौस चित इक रही ॥१२॥

दोहरा ॥

अब लौ सदन दिलीस के द्रिगन बिलोके नाहि ॥
यहै हौस मन मै चुभी सुनु काजिन के नाहि ॥१३॥
देव साथ काजी कहियो या को भवन दिखाइ ॥
बहुरो खाट उठाइ कै दीजहु ह्यां पहुचाइ ॥१४॥

चौपई ॥

ता कौ देव तहा लै गयो ॥
सभ ही धाम दिखावत भयो ॥
साह साह को पूत दिखारियो ॥
हर अरि सर ता त्रिय कौ मारियो ॥१५॥
चित्र देव को हेरत भई ॥
पतिया डारि हाथ ते दई ॥
आपु बहुरि काजी कै आई ॥
उति पतिया तिन छोरि बचाई ॥१६॥

दोहरा ॥

फिरंग राव की मै सुता ल्यावत देव उठाइ ॥
मो सो काजी मानि रति देह तहा पहुचाइ ॥१७॥
मै तुम पर अटकति भई ता ते लिखियो बनाइ ॥
निजु नारी मुहि कीजीयै देव काजियहि घाइ ॥१८॥

चौपई ॥

तब तिन जंत्र मंत्र बहु करे ॥
जा ते देव राज जू जरे ॥
बहुरि काजियहि पकरि मंगायो ॥
मुसक बाधि दरियाइ डुबायो ॥१९॥
बहुरो तौन त्रिया कौ बरियो ॥
भाति भाति के भोगन करियो ॥
देवराज मंत्रन सो जारियो ॥
ता पाछे काजी कौ मारियो ॥२०॥
जो चतुरा चित चरित बनायो ॥
मन मो चहियो वहै पति पायो ॥
देव राज कौ आदि जराइस ॥
ता पाछै काजी कह घाइस ॥२१॥

दोहरा ॥

न्रिप सुत को भरता कियो चतुरा चरित सु धारि ॥
मन मानत को बरु बरियो देव काजियहि मारि ॥२२॥

CHARITAR १३५ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ पैतीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥135॥2694॥अफज़ूं॥*

दोहरा ॥

धरम छेत्र कुरछेत्र को रथ बचित्र न्रिप एक ॥
बाज राज संपति सहित जीते जुध अनेक ॥१॥

चौपई ॥

भ्रमर मती ता की बर नारी ॥
जनुक चंद्र कौ चीरि निकारी ॥
जोबन जेब अधिक तिह सोहै ॥
सुर नर नागि भुजंगन मोहै ॥२॥
भद्र भवानी इक संन्यासी ॥
जानुक आपु गड़ियो अबिनासी ॥
रानी लखियो जबै अभिमानी ॥
निरखि रूप ह्वै गई दिवानी ॥३॥

दोहरा ॥

भद्र भवानी के भवन दीनी सखी पठाइ ॥
भवन बुलायो भद्र कर भ्रमर कला सुख पाइ ॥४॥
अड़िल ॥

सुनत भवानी भद्र बचन तह आइयो ॥
भ्रमर कला को रूप निरखि सुख पाइयो ॥
नाथ भली बिधि रहौ सदा सुख मंगही ॥
हो आजु सभै दुख बिसरे निरखत अंग ही ॥५॥

दोहरा ॥

भ्रमर कला ता को निरखि बिसरे सोक अपार ॥
मोद बढियो तन मै घनो सुखी करे करतार ॥६॥
डारे सारी नील की ओट अचूक चुकैन ॥
लगे अटिक ठाढै रहै बडे बिरहिया नैन ॥७॥

छंद ॥

प्रथम बिरह हम बरे मूंड अपनौ मूंडायो ॥
बहुरि बिरहि के बरे जटन को सीस रखायो ॥
धूरि सीस मै डारि अधिक जोगीस कहाए ॥
जब ते बन कौ गए बहुरि पुर माझ न आए ॥८॥
प्रथम अत्र रिखि भए बरी अनसूआ जिनहूं ॥
बहुरि राम जू भए करी सीता त्रिय तिनहूं ॥
क्रिसन बिसन अवतार करी सोलह सै नारी ॥
त्रिया पुरख की रीति जगत जगतेस बिथारी ॥९॥
सुनत चतुरि को बचन चतुर रीझियो संन्यासी ॥
हाव भाव करि बहुत बिहसि इक गाथ प्रकासी ॥
सुनु सुंदरि तव रूप अधिक बिधि आपु बनायो ॥
हो ता ते हमरो चित तुमै लखि अधिक लुभायो ॥१०॥

दोहरा ॥

भ्रमर कला ए बचन कहि ता के सतहि टराइ ॥
बहुरि भोगि ता सो करियो अधिक ह्रिदै सुख पाइ ॥११॥
भाति भाति चुंबन करे आसन करे अनेक ॥
रति मानी रुचि मानि कै सोकि न रहियो एक ॥१२॥
रथ बचित्र राजा तहा तुरत पहूंच्यो आइ ॥
भेद सुनत रानी डरी चित मै अधिक लजाइ ॥१३॥

चौपई ॥

देग बिखै ता को बैठारियो ॥
सभ ही मूंदि रौजनहि डारियो ॥
पैठन पवन न ता मै पावै ॥
बूंद बारि तिह बीच न जावै ॥१४॥
जिवरन सो तिह द्रिड़ गहि लयो ॥
बहुरो राखि नदी मै दयो ॥
बाधि तूंबरी ता पर लीनी ॥
जा ते जाइ देग सो चीनी ॥१५॥
तब लौ राव तहा गयो आई ॥
उठि रानी अति करी बडाई ॥
जौ तुम भूप अचूक कहावो ॥
या तुमरी कह बिसिख लगावो ॥१६॥
तब राजा तिह तीर लगायो ॥
भदर भवानी अति डर पायो ॥

मो कह आजु राव यह लैहि है ॥
जानो कहा कोप करि कहिहै ॥१७॥

दोहरा ॥

तब राजा हरखत भयो तुमरी तीर लगाइ ॥
धंन्य धंन्य रानी कहियो मुख ते मोद बढाइ ॥१८॥
तब राजा ग्रिह को गयो सकियो भेद नहि चीन ॥
इह छलै सो छैली छल्यो रानी अधिक प्रबीन ॥१९॥
प्रथम भोग ता सो करियो बहुरि देग मै डारि ॥
पुनि बचित्र रथ को छरियो ऐसो चरित सु धारि ॥२०॥

चौपई ॥

प्रथम तीर तुमरहि लगवायो ॥
बहुरि भवानी भद्र डराइयो ॥
बहुरि देग ते काढि मंगायो ॥
पुनि त्रिय ता सौ केल कमायो ॥२१॥

दोहरा ॥

इह छल सौ छलि राव को ता सो केल कमाइ ॥
बहुरि भवानी भद्र कौ दीनो धाम पठाइ ॥२२॥

CHARITAR १३६ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ छतीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥136॥2716॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

मछ्ली बंदर को रहे द्रुपद देव बडभाग ॥
सूरबीर जा के सदा रहै चरन सो लाग ॥१॥

चौपई ॥

तिनिक जग्य को ब्योत बनायो ॥
सभ बिप्रन कौ धाम बुलायो ॥
खान पान तिन को बहु दीनो ॥
तिन के मोहि चित को लीनो ॥२॥

दोहरा ॥

तौन अनल की आंच ते निकसी सुता अपार ॥
नाम द्रोपती तवन को बिप्रन धरियो बिचार ॥३॥
ता पाछे बिधनै दयो ध्रिसटदुमन सुत एक ॥
द्रोणचारज के छै निमित जीतन जुध अनेक ॥४॥

चौपई ॥

जोबन जबै द्रोपती भयो ॥
निज जिय मै अस ठाट ठटयो ॥
ऐसो कछू सुयंबर करौ ॥
जा ते सूरबीर पति बरौ ॥५॥

अड़िल ॥
एक मछ को ऊपर बध्यो बनाइ कै ॥
तेल डारि तर दियो कराह चड़ाइ कै ॥
छाह हेर जो इह चख दछिन मारि है ॥
हो सो नर हमरे साथ सु आइ बिहारि है ॥६॥
देस देस के एसन लयो बुलाइ कै ॥
मछ अछ सर मारो धनुख चड़ाइ कै ॥
डीम डाम करि ता को बिसिख बगावही ॥
हो लगै न ता को चोट बहुरि फिरि आवही ॥७॥

भुजंग छंद ॥

करै डीम डामै बडे सूर धावै ॥
लगै बान ता कौ न राजा लजावै ॥
चलै नीच नारीन कै भाति ऐसी ॥
मनो सीलवंती सु नारी न वैसी ॥८॥

दोहरा ॥

ऐंडे बैंडे ह्वै न्रिपति चोट चलावै जाइ ॥
ताहि बिसिख लागे नही सीस रहै निहुराइ ॥९॥
बिसिख बगावै कोप करि ताहि न लागे घाइ ॥
खिसलि कराहा ते परै जरे तेल मै जाइ ॥१०॥

भुजंग छंद ॥

परे तेल मै भूजि कै भाति ऐसी ॥
बरे ज्यों पकावै महा नारि जैसी ॥
कोऊ बान ता को नही बीर मारै ॥
मरे लाज ते राज धामै सिधारै ॥११॥

दोहरा ॥

अधिक लजत भूपति भए ता कौ बान चलाइ ॥
चोट न काहूं की लगी सीस रहे निहुराइ ॥१२॥
परी न प्यारी हाथ मै मछहि लगियो न बान ॥
लजतन ग्रिह अपने गए बन को कियो पयान ॥१३॥

चौपई ॥

ऐसी भाति कथा तह भई ॥
उतै कथा पंड्वन पर गई ॥
जहा दुखित वै बनहि बिहारै ॥
कंद मूल भछै म्रिग मारै ॥१४॥

दोहरा ॥

कुंती पुत्र बिलोकि कै ऐसे कहियो सुनाइ ॥
मतस देस मै बन घनो तही बिहारै जाइ ॥१५॥

चौपई ॥

पाडव बचन सुनत जब भए ॥
मतस देस की ओर सिधए ॥

जहा सुयंबर द्रुपद रचायो ॥
सभ भूपन को बोलि पठायो ॥१६॥

दोहरा ॥

जहा सुयंबर द्रोपदी रचियो कराह तपाइ ॥
तही जाइ ठाढो भयो धनी धनंजै राइ ॥१७॥
दोऊ पाव कराह पर राखत भयो बनाइ ॥
बहुरि मछ की छाह कह हेरियो धनुख चड़ाइ ॥१८॥
सवैया ॥
कोपि कुवंड चड़ाइ कै पारथ मछ कौ दछिन पछ निहारियो ॥
कान प्रमान प्रतंचहि आन महा करि कै अभिमान हकारियो ॥
खंडन कै रन मंडन जे बलवंडन को सभ पौरख हारियो ॥
यौ कहि बान तज्यो तजि कानि घनी रिसि ठानि तकियो तिह मारियो ॥१९॥

दोहरा ॥

पारथ धनु करखत भए बरखे फूल अनेक ॥
देव सभै हरखत भए हरखियो हठी न एक ॥२०॥

चौपई ॥

यह गति देखि बीर रिस भरे ॥
लै लै हथि हथियारन परे ॥
या जुगियहि जम लोक पठैहैं ॥
ऐंचि द्रोपदी निजु त्रिय कैहैं ॥२१॥

दोहरा ॥

तब पारथ केते कटक काटे कोप बढाइ ॥
केते कटि डारे कटिन काटे करी बनाइ ॥२२॥

भुजंग छंद ॥

किते छत्रि छेके किते छैल छोरे ॥
किते छत्र धारीन के छत्र तोरे ॥
किते हाकि मारे किते मारि डारै ॥
चहूं ओर बाजे सु मारू नगारे ॥२३॥

दोहरा ॥

अन वरत्रयन निरवरत कै अबला लई उठाइ ॥
डारि कापि ध्वज रथ लई बहु बीरन को घाइ ॥२४॥

भुजंग छंद ॥

किती बाह काटे किते पाव तोरे ॥
महा जुध सोडीन के छत्र छोरे ॥
किते पेट फाटे किते ठौर मारे ॥
गिरे भाति ऐसी सु मानो मुनारे ॥२५॥

चौपई ॥

दस हजार हैवर हनि डारियो ॥

बीस हजार हाथयहि मारियो ॥
एक लछ राजा रथ घायो ॥
बहु पैदल जम धाम पठायो ॥२६॥

दोहरा ॥

द्रोणज द्रोण क्रिपा करन भूरस्रवा कुरराइ ॥
अमित संग सैना लए सभै पहूंचै आइ ॥२७॥
सवैया ॥
या द्रुपदा तुम ते सुनु रे सठ जीति सुयंबर मै हम लैहै ॥
सागन सूलन सैथिन सों हनि कै तुहि को जम धाम पठैहै ॥
डारि रथोतम मै त्रिय को कत भाजत है जड़ जान न दैहै ॥
एक निदान करै रन मै किधो पारथ ही कि द्रुजोधन ह्वैहै ॥२८॥

चौपई ॥

तो कह जीति जान नहि दैहै ॥
स्रोन सुहाने बागन ह्वैहै ॥
एक निदान करै रन माही ॥
कै पाडव कै कैरव नाही ॥२९॥
अड़िल ॥
प्रथम पारथ भानुज कौ बिसिख प्रहारियो ॥
ता पाछे कुरराबि क्वाड भे मारियो ॥
भीम भीखमहि साइक हने रिसाइ कै ॥
हो द्रोण द्रोणजानुज के घोरन घाइ कै ॥३०॥
भूरस्रवा कौ बहुरि बाण सो बसि कियो ॥
क्रिपाचारजहि बहुरि मूरछना करि लियो ॥
हठी करण तब धायो कोप बढाइ कै ॥
हो तुमल जुध रण कियो सनंमुख आइ कै ॥३१॥
एक बिसिख अरजुन के उर मै मारियो ॥
गिरियो मूरछना धरनि न नैक संभारियो ॥
तबै द्रोपती साइक धनुख संभारि कै ॥
हो बहु बीरन कौ दियो छिनिक मौ मारि कै ॥३२॥
एक बिसिख भानुज के उर मै मारियो ॥
दुतिय बान सो दुरजोधनहि प्रहारियो ॥
भीखम भूरस्रवाहि द्रोण घाइल करियो ॥
हो द्रोणज क्रिपा दुसासन को स्यंदन हरियो ॥३३॥

दोहरा ॥

सभै सूर हरखत भए कायर भयो न एक ॥
माचियो प्रबल प्रचंड रण नाचे सुभट अनेक ॥३४॥
अड़िल ॥
राज बाज ताजियन सु दयो गिराइ कै ॥
साज बाज साजियन सु गैन फिराइ कै ॥
है पाखरे संघारे ससत्र संभारि कै ॥
हो पैदल रथी बिदारे बान प्रहारि कै ॥३५॥

चौपई ॥

पहर एक राखे अटकाई ॥
भाति भाति सो करी लराई ॥

गहि धनु पान धनंजै गाजियो ॥
तब ही सैन कैरवन भाजियो ॥३६॥

दोहरा ॥

त्रिय कौ जुध बिलौकि कै पारथ भयो प्रसंन्य ॥
कहियो आजु तै द्रोपती धरनी तल मै धंन्य ॥३७॥

चौपई ॥

मै अब बिकि दामन बिनु गयो ॥
जनु तै दास मोल को लयो ॥
जो कछु कहौ कारज तव करिहो ॥
प्रान जान ते नैकु न डरिहो ॥३८॥

दोहरा ॥

तरुन बिधातै तव करियो तरनी कीनो मोहि ॥
केल करे बिनु जात लै लाज न लागत तोहि ॥३९॥

चौपई ॥

बानावली धनंजै धारी ॥
मुरछित सकल सैन करि डारी ॥
द्रुपती साथ बिहारियो सोऊ ॥
ता को देखत भयो न कोऊ ॥४०॥

दोहरा ॥

चुंबन आसन लै घने रति मानी द्रुपतीस ॥
ता पर कोऊ न पर सके ठटकि रहे अवनीस ॥४१॥
जीति कैरवन के दलहि द्रुपतिह लयो छिनाइ ॥
न्रिप मारे हारे गए धंन्य धनंजै राइ ॥४२॥

चौपई ॥

प्रथम सूरमा सकल निवारे ॥
बचे भाजे भिरे ते मारे ॥
जीति द्रोपती अति सुख पायो ॥
तब पारथ ग्रिह ओर सिधायो ॥४३॥

CHARITAR १३७ — *SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ सैतीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥137॥2759॥अफजूं॥

चौपई ॥

आभावती ओडछे रानी ॥
सुंदरी भवन चौदहूं जानी ॥
ता कौ अति ही रूप बिराजै ॥
सुरी आसुरिनि कौ मनु लाजै ॥१॥
रूपमान तिह नैन निहारियो ॥
ता को चीति मीत करि डारियो ॥

वा के धाम बुलावन कीनो ॥
भाति भाति सो आसन दीनो ॥२॥
ताहि केसअरि बकत्र लगायो ॥
सभ केसन कौ दूरि करायो ॥
पुरखहु ते इसत्री करि डारी ॥
मित पति लै तीरथन सिधारी ॥३॥
पति को कही बात समुझाई ॥
मोरी हिया बहिन इक आई ॥
ताहि संग लै तीरथ लैहो ॥
सभ ही पाप बिदा कर दैहो ॥४॥
अड़िल ॥
पति मित लै के संग सिधाई तीरथन ॥
ऐस सहेट बनाई अपने यार तन ॥
जब पिय लै गंगा महि नैहो जाइ कै ॥
हो भगनी मुख ते भाखि मिलौगी आइ कै ॥५॥

दोहरा ॥

मीत नाथ कौ संग लै तह को कियो पयान ॥
केतिक दिनन बिताइ कै गंग कियो इसनान ॥६॥

चौपई ॥

पति को संग गंग लै न्रहाई ॥
भाखि बहिनि ता सो लपटाई ॥
मन मानत तिन केल कमायो ॥
मूरख कंत भेव नहि पायो ॥७॥
चिमटि चिमटि ता सो लपटाई ॥
मन मानत त्रिय केल कमाई ॥
दिन देखत त्रिय केल कमायो ॥
मूरख कंत भेव नहि पायो ॥८॥

दोहरा ॥

मन मानत को मानि रति दीनो जार उठाइ ॥
मुख बाए मूरख रहियो भेद न सकियो पाइ ॥९॥

CHARITAR १३८ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ अठतीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥138॥2769॥अफज्रं॥*

अड़िल ॥
मानणेसुरी रानी अतिहि सु सोहनी ॥
सिंघ गरूर न्रिपति के चित की मोहनी ॥
बैरम सिंघ बिलोकियो जब तिन जाइ कै ॥
हो मदन बस्रय ह्वै गिरी भूमि मुरछाइ कै ॥१॥

चौपई ॥

उठत प्रीति प्रिय अधिक लगाई ॥
काम केल तिह साथ कमाई ॥
बहुरि जार इह भाति उचारो ॥

सुनो त्रिया तुम बचन हमारो ॥२॥
तौ लखि हौ मै तुमै प्यारो ॥
पति देखत मुहि साथ बिहारो ॥
तब तैसी त्रिय घात बनाई ॥
सो मै तुम सौ कहत सुनाई ॥३॥

दोहरा ॥

तिन घर भीतर पीर को राखियो थान बनाइ ॥
माननेस्वरी घात लखि दीनो ताहि गिराइ ॥४॥

चौपई ॥

ढाहि थान निजु पतिहि दिखायो ॥
पीर नाम लै अति डर पायो ॥
रोस अबै सुरतान बढैहै ॥
तो कौ डारि खाट ते दैहै ॥५॥
प्रथम डारि तह ते तुहि दै है ॥
बहुरि खाट के तरे दबै है ॥
मो कह पकरि तहा ही डरि है ॥
दुहूंअनि कौ गोडन सौ मरि है ॥६॥
रसरन साथ बंध करि लै है ॥
ता पाछे तो कौ उलटै है ॥
औध खाट तव उपरि डरि है ॥
बहुरि तुमै जानन सौ मरि है ॥७॥
प्रथम कथा ता सो यौ कही ॥
खाट डारि पति सौ स्वै रही ॥
जब सोयो ता कौ लखि पायो ॥
द्रिड़ रसरन के साथ बंधायो ॥८॥
जिवरन साथ बाधि तिह गई ॥
सोइ रहियो जड़ सुधि न लई ॥
खाट तरे इह भाति करो है ॥
जानुक म्रितक सिर्रही पै सोहै ॥९॥

दोहरा ॥

खाट साथ द्रिड़ बाधि कै औध दियो उलटाइ ॥
चड़ि बैठी ता पर तुरतु जार संगि लपटाइ ॥१०॥
अड़िल ॥
भाति भाति तिह त्रिय कौ जार बजाइ कै ॥
भाति भाति के आसन लए बनाइ कै ॥
चुंबन आलिंगन लीने रुचि मानि कै ॥
हो तर डारियो जड़ रहियो मोन मुखि ठानि कै ॥११॥

चौपई ॥

हाहि हाइ तर परियो उचारै ॥
कहा करियो तै पीर हमारै ॥
तुमै त्याग मै अनत न धायो ॥
जैसो कियो तैसो फल पायो ॥१२॥
अड़िल ॥
अब मोरो अपराध छिमापन कीजियै ॥

कछू चूक जो भई छिमा करि लीजियै ॥
तोहि त्यागि करि अनत न कितहूं जाइहौ ॥
हो पीर तुहारे साल साल मै आइहौ ॥१३॥

चौपई ॥

जार भोग द्रिड़ जब करि लयो ॥
न्रिप कौ छोरि तरे ते दयो ॥
प्रथम मीत निजु त्रिय नै टारियो ॥
बहुरि आनि कै राव उठारियो ॥१४॥
मूरख कछू भेव नहि पायो ॥
जानियो मोहि पीर पटकायो ॥
बंधन छूटे सु थान सवारियो ॥
त्रिय कौ चरित न जिय मै धारियो ॥१५॥

CHARITAR १३९ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ उनतालीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥139॥2783॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

हिजली बंदर को रहै बानी राइ नरेस ॥
मेघमती रानी तहा रति के रहत सुबेस ॥१॥
मजलिसि राइ बिलोकि कै रीझि रही त्रिय सोइ ॥
बोलि भोग ता सौ कियो रघुपति करै सु होइ ॥२॥

चौपई ॥

बानी राइ जब यौ सुनि पायो ॥
कोऊ जार हमारे आयो ॥
दोऊ बाधि भुजा इह लैहौ ॥
गहरी नदी बीच बुरवैहौ ॥३॥
रानी बात जबै सुन पाई ॥
एक गोह कौ लयो मंगाई ॥
बाधि रसन ता सो इक लियो ॥
ताहि चराइ दिवारहि दियो ॥४॥

दोहरा ॥

ता सो रसन बन्नहाइ कै जारहि दयो लंघाइ ॥
मूड़ राव चक्रित रहियो सकियो चरित्र न पाइ ॥५॥

CHARITAR १४० *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ चालीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥140॥2788॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

भसमागद दानो बडो भीम पुरी के माहि ॥
ताहि बराबरि भासकरि जुध समै मो नाहि ॥१॥

चौपई ॥

तिन बहु बैठि तपस्या कियो ॥
यौ बरदान रुद्र ते लियो ॥
जा के सिर पर हाथ लगावै ॥
जरि बरि भसम सु नर हो जावै ॥२॥
तिन गौरी को रूप निहारियो ॥
यहै आपने ह्रिदै बिचारियो ॥
सिव के सीस हाथ मै धरिहो ॥
छिन मै याहि भसम करि डरिहो ॥३॥
चित मै इहै चिंत करि धायो ॥
महा रुद्र के बध हित आयो ॥
महा रुद्र जब नैन निहारियो ॥
निजु त्रिय को लै संग सिधारियो ॥४॥
रुद्र भजत दानो हूं धायो ॥
दछिन पूरब सिवहि भ्रमायो ॥
पुनि पछिम को हर जू धयो ॥
पाछे लगियो ताहि सो गयो ॥५॥

दोहरा ॥

तीनि दिसन मै भ्रमि रहियो ठौर न पायो कोइ ॥
उतर दिसि को पुनि भजियो हरि जू करै सु होइ ॥६॥

चौपई ॥

जब उतर को रुद्र सिधायो ॥
भसमागद पाछे तिह धायो ॥
या को भसम अबै करि दैहो ॥
छीनि पारबती को त्रिय कैहो ॥७॥
पारबती बाच ॥

दोहरा ॥

या बौरा ते मूड़ तै का बरु लियो बनाइ ॥
सभ झूठा सो जानियै लीन अबै पतियाइ ॥८॥

चौपई ॥

प्रथम हाथ निजु सिर पर धरो ॥
लहिहो एक केस जब जरो ॥
तब सिर कर सिव जू के धरियो ॥
मो को निजु नारी लै करियो ॥९॥
यौ बच दैत स्रवन जब करियो ॥
हाथ अपने सिर पर धरियो ॥
छिनक बिखै मूरख जरि गयो ॥
सिव को सोक दूरि कर दयो ॥१०॥

दोहरा ॥

अस चरित्र करि पारबती दीनो असुर जराइ ॥
फटकाचल सिव के सहित बहुरि बिराजी जाइ ॥११॥

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ इकतालीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥141॥2799॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

सहिर बेसहर के बिखै बाणासुर नरेस ॥
देस देस एस्वर झुके जनुक दुतिय अलिकेस ॥१॥

चौपई ॥

जोग मती ता की पटरानी ॥
सुंदर भवन तीन हूं जानी ॥
जोबन जेब अधिक तिस सोहै ॥
सुर नर जछ भुजंगन मोहै ॥२॥

दोहरा ॥

ऊखा नामा कंनिका उपजत भई अपार ॥
लाज सील सुभ सकुच ब्रत निजु करि किय करतार ॥३॥
अड़िल ॥
ता को रूप अनूप सरूप बिराजई ॥
सुर नर जछ भुजंगन को मनु लाजई ॥
ता को कोर कटाछ बिलोकन पाइयै ॥
हो बिन दीनो ही दामन सदा बिकाइयै ॥४॥
नैन हरन से स्याम बिसिख जानुक बढियारे ॥
सुभ सुहाग तन भरे चारु सोभित कजरारे ॥
कमल हेरि छबि लजै दिपत दामन कुररावै ॥
हो बन बन भरमै बिहंग आजु लगि अंत न पावै ॥५॥
जनुक पखरिआ तुरै जनुक जमधर सी सोहै ॥
खड़ग बाढि जनु धरे पुहप नरगिसि तट को है ॥
जनुक रैनि के जगे हेरि हर निज छबि हारे ॥
हो बालि तिहारे नैन जनुक दोऊ मतवारे ॥६॥
चुंचरीट छबि हेरि भए अब लगे दिवाने ॥
म्रिग अब लौ बन बसत बहुरि ग्रिह कौ न सिधाने ॥
तपीसन दुति कौ हेरि जटन को जूट छकायो ॥
हो भ्रमत पंखेरू गगन प्रभा को पार न पायो ॥७॥
ता कौ रूप अनूप बिधातै जो रचियो ॥
रूप चतुरदस लोगन कौ या मै गचियो ॥
जो कोऊ देव अदेव बिलोकै जाइ कै ॥
हो गिरै मूरछना खाइ धरनि पर आइ कै ॥८॥

दोहरा ॥

सहस्रबाहु ता को पिता जा को बीरज अपार ॥
बाहु सहस आयुध धरे जनु दूजो करतार ॥९॥
छित के जिते छितेस सभ बडे छत्रियन घाइ ॥
बिप्रन कौ दछिना दई भूरि गाइ सै दाइ ॥१०॥

चौपई ॥

जा कौ खंड डंड निति भरै ॥

ते सिव की पूजा निति करै ॥
एक दिवस पसुराट रिझायो ॥
तुमल जुध माग्यो मुख पायो ॥११॥
सिव बाच ॥

दोहरा ॥

जब तेरे ग्रिह ते धरनि धुजा परैगी आन ॥
तुमल जुध तब ही भयो लीजौ समझि सुजानि ॥१२॥

चौपई ॥

सोवत सुता सुपन यौं पायो ॥
जानुक मैन रूप धरि आयो ॥
ताहि छोरि ता को सुत बरियो ॥
नगर द्वारिका चितवन करियो ॥१३॥

दोहरा ॥

चमक परी अबला तबै प्रीति पिया के संग ॥
पुलिक पसीजत तन भयो बिरह बिकल भयो अंग ॥१४॥

चौपई ॥

पिय पिय उठ अबलाहि उचरी ॥
छित गिरि गई दातनी परी ॥
तब सखियन तिह लयो उचाई ॥
रेखा चित्र कथा सुनि पाई ॥१५॥
सवैया ॥
घूमत नैन खुमारी सी मानहु गूड़ अगूड़न भेद बतावै ॥
ताप चड़ी तिह को तन कौ सखी हार सिंगार कियो न सुहावै ॥
बेगि चलो सुनि बैन बलाइ लिउ तेरी दसा कहि मुहि न आवै ॥
पीय की पीर कि पीर कछू निरखो पल मै कि मरियो बचि आवै ॥१६॥
बोलत हो मतवारे ज्यो माननि डारत आंखनि ते जल जैहै ॥
घोरि हलाहल आजु पियै नहि कासी बिखै करवत्रहि लैहै ॥
जानत हो ग्रिह छाडि सखी सभ ही पट फारि अतीतनि ह्वैहै ॥
लेहु बिलोकि पियारी को आनन ऊख कला मरिगे दुखु पैहै ॥१७॥

दोहरा ॥

चित्र रेखा सुणि ए बचन हितू हेत दुख पाइ ॥
पवन डारि पाछे चली तहा पहूंची जाइ ॥१८॥
अड़िल ॥
ता को रूप बिलोकियो जब ही जाइ कै ॥
हितू हेतु गिरि परी धरनि दुखु पाइ कै ॥
याहि सखी जिहि बिधि सौ पियहि मिलाइयै ॥
हौ जौन सुपनियै लहियो वहै लै आइयै ॥१९॥

चौपई ॥

चित्रकला धौलहर उसारिस ॥
चौदह भवन तहा लिखि डारिस ॥
देव दैत तिह ठौर बनाए ॥

गंध्रब जछ भुजंग सुहाए ॥२०॥

दोहरा ॥

देस देस के एस जे तह सभ लिखे बनाइ ॥
रोहणेह प्रदुमन सुत हरि आदिक जदुराइ ॥२१॥
चौदह पुरी बनाइ कै ताहि कहियो समझाहि ॥
तुमरो जियब उपाइ मै कीयो बिलोकहु आइ ॥२२॥

चौपई ॥

देव दिखाइ दैत दिखराए ॥
गंध्रब जछ भुजंग हिराए ॥
पुनि कैरव के कुलहि दिखायो ॥
तिनहि बिलौकिन त्रिय सुखु पायो ॥२३॥

दोहरा ॥

चौदहि पुरी बिलोक करि तहा पहूंची आइ ॥
जह सभ जदु कुल के सहित सोभित स्री जदुराइ ॥२४॥
प्रथम लागिली कौ निरखि पुनि निरखे जदुराइ ॥
ह्वै प्रसंन्य पाइन परी जगत गुरू ठहराइ ॥२५॥

चौपई ॥

बहुरि प्रदुमन निहारियो जाई ॥
लजत नारि नारीं निहुराई ॥
ता को पूत बिलोकियो जब ही ॥
मिटि गयो सोक देह को सभ ही ॥२६॥

दोहरा ॥

धंन्य धंन्य मुख कहि उठी सखियहि सीस झुकाइ ॥
जो सुपने भीतर लहियो सोई दयो दिखाइ ॥२७॥
चौदह पुरी बनाइ कै पिय को दरस दिखाइ ॥
चित्र बिखै जिह बिधि लिखियो सो मै देहु मिलाइ ॥२८॥

चौपई ॥

चित्र रेख जब यौ सुनि पाई ॥
पवन रूप ह्वै कै तित धाई ॥
द्वारकावती बिलोकियो जब ही ॥
चित कौ सोक दूरि भयो सभ ही ॥२९॥

दोहरा ॥

चित्र कला तह जाइ कै कहे कुअर सो बैन ॥
गिरि बासिन बिरहनि भई निरखि तिहारे नैन ॥३०॥

चौपई ॥

लाल करो तिह ठौर पयानो ॥
जौन देस मै तुमै बखानो ॥
चड़ि बिवान मै तहा सिधरियै ॥

धाम पवित्र हमारो करियै ॥३१॥

दोहरा ॥

अनरुध सुनि ऐसे बचन तह ते कियो पयान ॥
बहर बेसहर के बिखै तहा पहूंचियो आनि ॥३२॥
जो प्यारो चित मै बस्यो ताहि मिलावै कोइ ॥
ता की सेवा कीजियै दासन दासी होइ ॥३३॥
अड़िल ॥
कहौ त दासी होइ नीर गगरी भरि ल्याऊ ॥
कहो ता बीच बजार दाम बिनु देह बिकाऊ ॥
भ्रितन भ्रितनी होइ कहौ कारज सोऊ कैहौ ॥
हो तवप्रसादि मै सखी आजु साजन कह पैहौ ॥३४॥
तवप्रसादि मै सखी आजु साजन को पायो ॥
तवप्रसादि सुनि हितू सोक सभ ही बिसरायो ॥
तवप्रसादि सुनि मित्र भोग भावत मन करिहौ ॥
हो पुरी चौदहूं माझ चीनि सुंदर पति बरिहौ ॥३५॥

दोहरा ॥

ऐसे बचन उचारि करि मितवहि लियो बुलाइ ॥
भाति भाति के भोग किय मन भावत लपटाइ ॥३६॥

चौपई ॥

आसन चौरासी हूं लए ॥
चुंबन भाति भाति सो दए ॥
अति रति करत रैनि बीताई ॥
ऊखा काल पहूंचियो आई ॥३७॥
भोर भई घर मीतहि राखियो ॥
बाणासुर सो प्रगटि न भाखियो ॥
तब लौ धुजा बधी गिरि गई ॥
ता को चित चिंता अति भई ॥३८॥

दोहरा ॥

भाति भाति के ससत्र लै सूरा सभै बुलाइ ॥
सिव को बचन संभारि कै तहा पहूचियो आइ ॥३९॥

चौपई ॥

जोर अनी राजा इति आयो ॥
उत इन मिलि कै केल मचायो ॥
चौरासिन आसन कह लेही ॥
हसि हसि दोऊ अलिंगन देही ॥४०॥
केल करत दुहिता लखि पाई ॥
जाग्यो क्रोध न्रिपन के राई ॥
अब ही इन दुहूंअन गहि लैहैं ॥
मारि कूटि जम लोक पठैहैं ॥४१॥

दोहरा ॥

ऊखा निजु पितु के निरखि नैन रही निहुराइ ॥

करियै कछू उपाइ अब लीजै मीत बचाइ ॥४२॥
उठि अनरुध ठाढो भयो धनुख बान लै हाथ ॥
प्रगट सुभट झटपट कटे अमित बिकट बल साथ ॥४३॥

भुजंद छंद ॥

परियो लोह गाड़ो महा जुध मचियो ॥
लए पारबती पारबती नाथ नचियो ॥
गहे सूल सैथी सभै सूर धाए ॥
महाकोप कै तुंद बाजी नचाए ॥४४॥

चौपई ॥

केते प्रबल निबल तह कीने ॥
जीति जीति केते रिपु लीने ॥
केते बिनु प्रानन भट भए ॥
रहि रहि ससत्र साथ ही गए ॥४५॥

भुजंग छंद ॥

करी क्रोरि मारे रथी कोटि कूटे ॥
किते स्वार घाए फिरै बाज छूटे ॥
किते छत्र छेके किते छत्र तोरे ॥
किते बाधि लीने किते छैल छोरे ॥४६॥
किते भीरु भाजे किते कोपि ढूके ॥
चहूं ओर ते मार ही मारि कूके ॥
लए बाहु साहंस्र सो ससत्र भारे ॥
चलियो कोपि कै राज बाजे नगारे ॥४७॥

दोहरा ॥

जुध भये कह लौ गनो इती न आवत सुधि ॥
घाइन कै घाइल भए बाधि लयो अनरुध ॥४८॥

चौपई ॥

जब ऊखा ऐसे सुनि पाई ॥
लीने मोर बाधि सुखदाई ॥
तब रेखा कह बोलि पठाइस ॥
नगर द्वारिका बहुरि पठाइस ॥४९॥
चली चली जैयहु तुम तहा ॥
बैठे क्रिसन स्याम घन जहा ॥
दै पतिया पाइन परि रहियहु ॥
हमरी कथा छोरि ते कहियहु ॥५०॥
अड़िल ॥
दीना नाथ हमारी रछा कीजियै ॥
या संकट को काटि आइ करि दीजियै ॥
परियो बंद ते पौत्रहि अबै छुराइयै ॥
हो तब आपन कह दीनु धरन कहाइयै ॥५१॥
प्रथम बकी को मारि बहुरि बगुलासुर मारियो ॥
सकटासुर केसियहि केस गहि कंस पछारियो ॥
आघासुर त्रिणवरत मुसट चंडूर बिदारे ॥
हो लीजै हमै बचाइ सकल हम सरनि तिहारे ॥५२॥

मधु कौ प्रथम संघारि बहुरि मुर मरदन कीनो ॥
दावानल ते राखि सकल गोपन को लीनो ॥
महा कोपि करि इंद्र जबै बरखा बरखाई ॥
हो तिसी ठौर तुम आन भए ब्रिजनाथ सहाई ॥५३॥

दोहरा ॥

जह साधन संकट बनै तह तह लए बचाइ ॥
अब हमहो संकट बनियो कीजै आनि सहाइ ॥54॥

अड़िल ॥
चित्र कला इह भाति दीन ह्वै जब कही ॥
ता की ब्रिथा समसत चित जदुपति लई ॥
ह्वै कै गरुड़ अरूड़ पहुंचै आइ कै ॥
हो बिकट सुभट चटपट कटि दए रिसाइ कै ॥५५॥

चौपई ॥

भीरि परे भाजे भट भारे ॥
जाइ राव पै बहुरि पुकारे ॥
बैठियो कहा दैव के घाए ॥
चड़्हे गरुड़ गरुड़ध्वज आए ॥५६॥

दोहरा ॥

यौ सुनि कै राजा तबै रन चड़ि चलियो रिसात ॥
बाधि बढारी उमगियो कौच न पहिर्यो गात ॥५७॥

चौपई ॥

जोरे सैन जात भयो तहा ॥
गाजत क्रिसन सिंघ जू जहा ॥
असत्र ससत्र करि कोप चलाए ॥
काटि स्याम सभ भूमि गिराए ॥५८॥

नराज छंद ॥

सहस्र ही भुजान मै सहस्र असत्र ससत्र लै ॥
हठियो रिसाइ कै हठी कमान बान पान लै ॥
बधे रथी महारथी अप्रमान बान मारि कै ॥
दए पठाइ स्वरग सूर कोप कौ सभारि कै ॥५९॥

चौपई ॥

बहु साइक जदुपति कौ मारे ॥
बहु बानन सो गरुड़ प्रहारे ॥
बहु सूलन सो रथी परोए ॥
लगे सुभट सैहथियन सोए ॥६०॥
तब स्री कोप क्रिसन करि दीनो ॥
खंड खंड सत्रासत्र कीनो ॥
बाणासुरहि बान बहु मारे ॥
बेधि बरम धनु चरम सिधारे ॥६१॥
अड़िल ॥
बहुरि क्रिसन जी बान चलाए कोप करि ॥

बाणासुर के चरम बरम सरबासत्र हरि ॥
सूत मारि है चारो दए गिराइ कै ॥
हो रथी महारथ अति रथियन को घाइ कै ॥६२॥
चमकि ठाढ भूअ भयो अयुधन धारि कै ॥
गरुड़ गरुड़ नायक को बिसिख प्रहारि कै ॥
सात सातकहि आठ अरुजनहि मारि करि ॥
हो कोटि करी कुरराइ हने रिसि धारि करि ॥६३॥
कोप क्रिसन के जग्यो धुजा काटत भयो ॥
छिप्रछटा कर छत्र छितहि डारत भयो ॥
चरम बरम रिपु चरम कोप करि काटियो ॥
हो रथ रथियन रन भीतर तिल तिल बाटियो ॥६४॥
बडे दुबहिया मारे क्रिसन रिसाइ कै ॥
तिल तिल पाइ प्रहारे रथियन घाइ कै ॥
छैल चिकनिया काटे भुजा सहस्र हरि ॥
हो तव सिव पहुचे आइ सु भगत बिचारि करि ॥६५॥
बीस बान बिसुइस कह ब्रिजपति मारियो ॥
बहुरि बान बतीस सु वाहि प्रहारियो ॥
निरखि जुध को जछ रहै चित लाइ कै ॥
हो देव अदेवन देव रहे उरझाइ कै ॥६६॥
रुद्र क्रुध अति भयो तपत तप छोरियो ॥
सीत ताप तजि क्रिसन बकत्र तिह मोरियो ॥
ऐस गौरि सौ गाह गगन सर लाइ कै ॥
हो तुमल जुध करि लीनो खेत छिनाइ कै ॥६७॥

दोहरा ॥

जीति सत्रु निजु पौत्र की कीनी बंदि खलास ॥
भाति भाति बाजन बजे हरखे सुनि सुरि ब्यास ॥६८॥
अड़िल ॥
आनरुध कौ ऊखा दई बिवाहि कै ॥
गाड़े गड़वारन गड़ गजियन गाहि कै ॥
हठे हठीलन जीति चले सुख पाइ कै ॥
हो दंत बकत्र के संग बन्यो रन आइ कै ॥६९॥

भुजंग छंद ॥

उतै दंत बकत्रा इते क्रिसन सूरो ॥
हटै न हठीलो महा जुध पूरो ॥
लए सूल सैथी महाबीर राजै ॥
लखे दित्रय अदित्रय को द्रपु भाजै ॥७०॥
तबै छाडि कै चक्र दीनो कन्नहाई ॥
बही दैत की नारि मै धारि जाई ॥
गिरियो झूमि कै भूमि मै कोपि कूटियो ॥
मनो मेरु को सातवो स्रिंग टूटियो ॥७१॥

चौपई ॥

हनि अरि द्वारावती सिधारे ॥
भाति भाति के बजे नगारे ॥
पठे तरुनि पखरिया हरखे ॥
सुर सभ पुहप गगन ते बरखे ॥७२॥

दोहरा ॥

बाहू छै बानास्र करि दंत बकत्रहि घाइ ॥
हरी क्रिसोदरि जीति सिव धंन्य धंन्य जदुराइ ॥७३॥

CHARITAR १४२ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ बिआलीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥142॥2872॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

राज मती रानी रहै उतर देस अपार ॥
गड़ि बिधनै ता सी बधू और न सकियो सवारि ॥१॥
बिभ्रम देव बडो बली ता को रहै नरेस ॥
ता को त्रास समुंद्र लग मनियत चारो देस ॥२॥
क्रिपा नाथ जोगी तहा जा सम रूप न और ॥
लखि अबला भू पर गिरै भई मूरछना ठौर ॥३॥

चौपई ॥

बोलि लयो रानी जोगिस बर ॥
कामकेल ता सो बहु बिधि करि ॥
पुनि ताही आसन पहुचायो ॥
रैनि भई तब बहुरि मंगायो ॥४॥

दोहरा ॥

भूधर सिंघ तहा हुतो अति सुंदरि इक राज ॥
साज बाज भीतर किधौ बिसकरमा ते बाज ॥५॥
राज निरखि सुंदर घनो रानी लियो बुलाइ ॥
प्रथम भोग ता सौ करियो पुनि यौ कहियो बनाइ ॥६॥
अड़िल ॥
सुनिहो प्रीतम राज काज मुर कीजियै ॥
कछु धन छोरि भंडार हमारो लीजियै ॥
खोदि भूमि तर मंडप एक बनाइयै ॥
हो मंडप लखियो न जाइ भूमि लहि जाइयै ॥७॥
तब तिन छोरि भंडार अमित धन को लियो ॥
खोदि भूमि के तरे बनावत मट भयो ॥
कै सोई स्यानो लखै न देवल पाइयै ॥
हो और भूमि सी सो भूअ चित मै ल्याइयै ॥८॥

चौपई ॥

राजहि रानी रोज बुलावै ॥
भाति भाति के केल कमावै ॥
अति सनेह ता सौ उपजायो ॥
जनुक सात फेरन को पायो ॥९॥
केल कमाइ राज जब जावै ॥
तब रानी जोगियहि बुलावै ॥
चिमटि चिमटि ता सौ रति मानै ॥
मूरख राव भेद नहि जानै ॥१०॥
काम अधिक दिन राज संतायो ॥

बिनु बोले रानी के आयो ॥
केल करत सो त्रिय लखि पाई ॥
ता के कोप जग्यो जिय आई ॥११॥
अड़िल ॥
केल करत रानी तिह लखियो बनाइ कै ॥
बाधि रसरियन लियो सु दियो जराइ कै ॥
क्रिपा नाथ के साथ कहियो यौ जाइ करि ॥
हो जो मै कहो चरित्र सु करियै नाथ बर ॥१२॥

चौपई ॥

खान पान आगे तव धरिहौ ॥
मुंद्रित मठ को द्वारनि करिहौ ॥
खोदि भूमि इक चरित्र दिखैहौ ॥
तव चरनन तर राव झुकैहौ ॥१३॥
यौ कहि मूंदि दुआरन लियो ॥
आगे ढेर भसम तिह कियो ॥
आपु राव सौ जाइ जतायो ॥
सोवत समै सुपन मै पायो ॥१४॥
इक जोगी सुपने मै लहियो ॥
तिह मो सो ऐसे जनु कहियो ॥
खोदि भूमि तुम मोहि निकारो ॥
ह्वै बडो प्रताप तिहारो ॥१५॥
भूधर राज खोदबो लायो ॥
मै तुम सो यौ आनि सुनायो ॥
तुमहूं चले संग ह्वै तहा ॥
कहा चरित्र ह्वै है धौ उहा ॥१६॥
यौ कहि न्रिपति संग लै आई ॥
भूअ खोदन त्रिय दयो लगाई ॥
मंडप तहा एक जब लहियो ॥
धंन्य धंन्य पति त्रिय सो कहियो ॥१७॥
जोगी निरखि सखी भजि आई ॥
दौरि न्रिपति चरनन लपटाई ॥
कहियो सु जब खोलत द्रिग भयो ॥
तब ही राज भसम ह्वै गयो ॥१८॥
तब रानी यौ बचन उचारे ॥
सुनहो राव प्रान ते प्यारे ॥
मो को जान प्रथम तह दीजै ॥
बहुरो आपु पयानो कीजै ॥१९॥
यौ कहि कै अबला तह गई ॥
ता सो केल कमावत भई ॥
ता पाछे न्रिप को तह ल्याई ॥
जोगी की झाई दिखराई ॥२०॥
तब जोगी यौ बचन उचारे ॥
बहत जान्रहवी अबि लगि थारे ॥
ता को हम को नीर दिखरियै ॥
हम को सोक निवारन करियै ॥२१॥
जब राजै ऐसे सुनि पायो ॥
भरि गागरि गंगा जल ल्यायो ॥
आइ सु नीर बिलोकियो जब ही ॥
ऐसे बचन उचारे तब ही ॥२२॥

निजु तूंबा ते दूध दिखायो ॥
गंगोदक तहि को ठहरायो ॥
कहियो जान्रहवी को का भयो ॥
तब पै थो अब जल ह्वै गयो ॥२३॥

दोहरा ॥

सतिजुग के जुग मै हमो या मै कियो निवास ॥
अब बरतत जुग कौन सो सो तुम कहहु प्रकास ॥२४॥

चौपई ॥

सतिजुग बीते त्रेता भयो ॥
ता पाछे द्वापर बरतयो ॥
तब ते सुनु कलजुग अब आयो ॥
सु तुहि कह हम प्रगट सुनायो ॥२५॥
कलजुग नाम जबै सुनि लयो ॥
हाहा सबद उचारत भयो ॥
तिहि मुहि बात लगन नहि दीजै ॥
बहुरो मूंदि दुआरन लीजै ॥२६॥
रानी बाच ॥
मै सेवा तुमरी प्रभु करिहो ॥
एक पाइ ठाढी जल भरिहो ॥
मूंदिन द्वारन को क्योन लीजै ॥
हम पर नाथ अनुग्रहु कीजै ॥२७॥
पुनि राजै यौ बचन उचारो ॥
क्रिपा करहु मै दास तिहारो ॥
यह रानी सेवा कह लीजै ॥
मो पर नाथ अनुग्रहु कीजै ॥२८॥

दोहरा ॥

सेवा कह रानी दई यौ राजै सुख पाइ ॥
द्वारन मूंदिन न दयो रहियो चरन लपटाइ ॥२९॥
मूड़ राव प्रफुलित भयो सकियो न छल कछु पाइ ॥
सेवा को रानी दई ताहि सिध ठहराइ ॥३०॥
राज मारि राजा छलियो रति जोगी सो कीन ॥
अतभुत चरित्र त्रियान कौ सकत न कोऊ चीन ॥३१॥

CHARITAR १४३ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ तैतालीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥143॥2903॥अफजूं॥*

चौपई ॥

बीकानेर राव इक भारो ॥
तीन भवन भीतर उजियारो ॥
वती सिंगार राव की रानी ॥
सुंदरि भवन चौदहूं जानी ॥१॥
अड़िल ॥
तहा राइ महताब सुदागर आइयो ॥

लखि रानी को रूप हियो ललचाइयो ॥
भेजि सहचरी तिह ग्रिह लयो बुलाइ कै ॥
हो मन मानत रति करी अधिक सुख पाइ कै ॥२॥

चौपई ॥

नितप्रति रानी ताहि बुलावै ॥
भाति भाति सो भोग कमावै ॥
जानत रैनि अंत जब आई ॥
ताहि देत निजु धाम पठाई ॥३॥
अड़िल ॥
चुनि चुनि भली मताह सुदागर ल्यावई ॥
रानी ता कौ पाइ घनो सुख पावई ॥
अति धन छोरि भंडार देत तहि नित्य प्रति ॥
हो बस्यो रहत अबला के प्रीतम नित्य चित ॥४॥

चौपई ॥

मूरख राव जबै सुनि पाई ॥
भाति भाति रानी डर पाई ॥
या त्रिय को अब ही हनि दैहौ ॥
खोदि भूमि के बिखै गडैहौ ॥५॥
जब रानी ऐसे सुनि पायो ॥
तौन जार को बोलि पठायो ॥
ता के कहियो संग मुहि लीजै ॥
अपने देस पयानो कीजै ॥६॥
मंदिर एक उजारि बनायो ॥
दो द्वारन ता मै रखवायो ॥
हम खोजत इह मग जौ ऐहै ॥
दूजे द्वार निकसि हम जैहै ॥७॥
अड़िल ॥
एक साढनी न्रिप की लई मंगाइ कै ॥
ता पर भए स्वार दोऊ सुख पाइ कै ॥
तौन महल के भीतर पहुचे आइ करि ॥
हौ भाति भाति के केल करे सुख पाइ करि ॥८॥
सुनि राजा त्रिय भजी चड़ियो रिसि खाइ कै ॥
साथी लीनो संग न कोऊ बुलाइ कै ॥
लै पाइन के खोज पहूचियो आइ करि ॥
हो वा मंदिर के माझ धस्रयो कुरराइ करि ॥९॥

दोहरा ॥

थकि साढिन तिन की गई तहा जु पहुचे जाइ ॥
अथक ऊांटनी राव चड़ि तहा पहूंचियो आइ ॥१०॥
उतर साढि ते राव तब तहा चड़ियो रिसि खाइ ॥
इन दुहूंअन गहि जम सदन दैहौ अबै पठाइ ॥११॥

चौपई ॥

इह मारग जब न्रिप चड़ि गए ॥
दुतिय मारगु उतरत ते भए ॥
अथक साढनी पर चड़ि बैठै ॥

रानी सहित सु जार इकैठै ॥१२॥

अड़िल ॥

अथक साढि चड़ि बैठै दई धवाइ कै ॥
पवन बेगि ज्यो चली मिलै को जाइ कै ॥
उतरि राव का देखै दिसटि पसारि कै ॥
हो उतिम साढिन हरी मत महि मारि कै ॥१३॥

चौपई ॥

तब राजा प्रयादो रहि गयो ॥
पहुचत तिनै न क्योहूं भयो ॥
छल बल सभ अपने करि हारियो ॥
लै रानी ग्रिह जार पधारियो ॥१४॥

अड़िल ॥

दुहूं हाथ निजु मूंड छार डारत भयो ॥
जनुक राह मै लूटि किनू ता कौ लयो ॥
गिरियो झूमि कै भूमि अधिक मुरझाइ कै ॥
हो डूबि नदी महि मरियो अधिक बिख खाइ कै ॥१५॥
लै रानी को जार जबै ग्रिह आइयो ॥
भाति भाति सो दरबु दिजानु लुटाइयो ॥
जौ ऐसी अबला कौ छल सौ पाइयै ॥
हो बिनु दामन तिह दए हाथ बिकि जाइयै ॥१६॥
छल अबला छैलन को कछू न जानियै ॥
लहियो न जा कौ जाइ सु कैस बखाइनै ॥
जु कछु छिद्र इन के छल कौ लखि पाइयै ॥
हो समुझि चित चुप रहो न किसू बताइयै ॥१७॥

CHARITAR १४४ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ चौतालीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥144॥2920॥अफजूं॥

दोहरा ॥

सहिर सिपाहा कै बिखै भगवती त्रिय एक ॥
ता के पति के धाम मै घोरी रहै अनेक ॥१॥

चौपई ॥

घोरी एक नदी तट गई ॥
दरिआई है लागत भई ॥
ता ते एक बछेरो भयो ॥
जनु अवतार इंद्र है लयो ॥२॥
सक्र बरन अति ताहि बिराजै ॥
ता कौ निरखि चंद्रमा लाजै ॥
चमकि चलियो इह भाति सुहावै ॥
जनु घन प्रभा दामनी पावै ॥३॥
ता कौ लै बेचन त्रिय गई ॥
सहिर साह के आवत भई ॥
आपुन भेस पुरख को धारे ॥
कोटि सूर जन चड़े सवारे ॥४॥
जबै साह दीवान लगायो ॥

त्रिया तुरै लै ताहि दिखायो ॥
निरखि रीझि राजा तिह रहियो ॥
लीजै मोल तिसै चित चहियो ॥५॥
प्रथम हुकम करि तुरै फिरायो ॥
बहुरि भेजि भ्रित मोल करायो ॥
टका लाख दस कीमति परी ॥
मिलि गिलि मोल दलालन करी ॥६॥
अड़िल ॥
तब अबला तिन बचन उचारे बिहसि करि ॥
लीजै हमरो बैन साह तू स्रोन धरि ॥
पाच हजार मुहर मुहि ह्यां दै जाइयै ॥
हो लै कै बहुरि तबेलेम तुरै बंधाइयै ॥७॥
साह असरफी पाच हजार मंगाइ कै ॥
चरे तुरंग तिह दीनी कर पकराइ कै ॥
कहियो मुहर पहुचाइ बहुर मै आइ हौ ॥
हो ता पाछे घुरसारहि घोर बंधाइ हौ ॥८॥
यौ कहि तिन सौ बचन धवायो तुरै त्रिय ॥
पठै पखरिया पहुचे करि कै कोप हिय ॥
कोस डेढ सै लगे हटे सभ हारि कै ॥
हो हाथ न आई बाल रहे सिर मारि कै ॥९॥
मुहरै ग्रिह पहुचाइ सु आई बाल तह ॥
बैठो चारु बनाइ साह जू सभा जह ॥
तुरतु तुरै ते उतर सलामै तीनि कर ॥
हो लीजै अपनो तुरै लयो मै मोल भरि ॥१०॥

दोहरा ॥

मुहरै घर पहुचाइ कै तिन कौ चरित दिखाइ ॥
आनि तुरो न्रिप को दियो ह्रिदै हरख उपजाइ ॥११॥

CHARITAR १४५ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ पैतालीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥145॥2931॥अफजूं॥

दोहरा ॥

प्रमुद कुमारि रानी रहै जा को रूप अपार ॥
बिजै राज राजा निरखि कियो आपना यार ॥१॥
अड़िल ॥
बिजै राज को लीनो धाम बुलाइ कै ॥
लपटि लपटि रति करी हरख उपजाइ कै ॥
पुनि ता सो यौ बचन उचारे प्रीति करि ॥
हो सुनि राजा मुरि बैन लीजिअहि ह्रिदै धरि ॥२॥
जब मुर कियो सुयंबर पिता बनाइ करि ॥
हौ लखि कै तुमरो रूप रही उरझाइ कर ॥
अवर राव मुहि लै गयो जुध मचाइ कै ॥
हो मोर न बस कछु चलियो मरो बिख खाइ कै ॥३॥
लगन अनोखी लगै न तोरी जात है ॥
निरखि तिहारो रूप न हियो सिरात है ॥
कीजै सोऊ चरित जु तुम कह पाइयै ॥

हो निजु नारी मुहि कीजै सु बिधि बताइयै ॥४॥
महा रुद्र के भवन जुगिन ह्वै आइहौ ॥
कछुक मनुख लै संग तहा चलि जाइहौ ॥
महाराज जू तुम तह दलु लै आइयो ॥
हो दुसटन प्रथम संघारि हमै लै जाइयो ॥५॥
बदि ता सो संकेत बहुरि सुख पाइ कै ॥
निजु मुख ते कहि लोगन दई सुनाइ कै ॥
महा रुद्र के भवन कालि मै जाइहौ ॥
हो एक रैनि जगि बहुरि सदन उठि आइहौ ॥६॥
कछुक मनुछ लै संगि जाति तित को भई ॥
महा रुद्र के भवन जगत रजनी गई ॥
प्यारी को आगम राजै सुनि पाइयो ॥
हो भोर होन नहि दई जोरि दलु आइयो ॥७॥
जो जन त्रिय के संग प्रथम तिन घाइयो ॥
जीयत बचे जो जोधा तिनै भजाइयो ॥
ता पाछे रानी को लयो उचाइ कै ॥
हो ग्रिह अपने को गयो हरख उपजाइ कै ॥८॥
रानी को लीनो सुखपाल चड़ाइ कै ॥
आलिंगन चुंबन कीने सुख पाइ कै ॥
सुनत लोग के त्रिय बहु कूक पुकार की ॥
हो चित आपने के बीच दुआए देत भी ॥९॥

CHARITAR १४६ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ छयालीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥146॥2940॥अफजूं॥*

चौपई ॥

खैरी नाम बलोचनि रहै ॥
दुतिय सवति संमी जग कहै ॥

फतह खान ता को पति भारो ॥

तिहूं भवन भीतर उजियारो ॥१॥
रोस कियो ता पै हजरति अति ॥
मुहिंम सैद खा करी बिकट मति ॥
ताहि मिलाइ बहुरि गहि लीनो ॥
मुलतान ओर पयानो कीनो ॥२॥
बंध्रयो राव बालन सुनि पायो ॥
सकल पुरख को भेख बनायो ॥
बालोची सैना सभ जोरी ॥
भाति भाति अरि प्रतिना तोरी ॥३॥

दोहरा ॥

घेरि सैद खा कौ त्रियन ऐसे कहियो सुनाइ ॥
कै हमरो पति छोरियै कै लरियै समुहाइ ॥४॥
अड़िल ॥
सैद खान ऐसे बचनन सुनि पाइ कै ॥
चड़ियो जोरि दलु प्रबल सु कोप बढाइ कै ॥
है गै पैदल बहु बिधि दए संघारि कै ॥
हो सूरबीर बाकन कौ बान प्रहारि कै ॥५॥

भुजंग छंद ॥

बजी भेर भारी महा सूर गाजे ॥
बंधे बीर बानान बाके बिराजे ॥
किते सूल सैथीन के घाइ घाए ॥
मरे जूझि जाहान मानो न आए ॥६॥
गजै राज जूझै किते बाज मारे ॥
कहूं राज घूमै कहूं ताज डारे ॥
किते पाक साहीद मैदान हूए ॥
बसे स्वरग मो जाइ मानो न मूए ॥७॥

चौपई ॥

खैरी जाहि खग गहि मारै ॥
गिरै भूमि न रतीक संभारै ॥
संमी निरखि जाहि सर छोरै ॥
एकै बान मूंड अरि तोरै ॥८॥
सवैया ॥
खग परे कहूं खोल झरे कहूं टूक गिरे छित ताजन के ॥
अरु बान कहूं बरछी कतहूं कहूं अंग कटे बर बाजन के ॥
कहूं बीर परै कहूं चीर दिपै कहूं सूंड गिरे गजराजन के ॥
अति मारि परी न संभारि रही सभ भाजि चले सुत राजन के ॥९॥

चौपई ॥

केते बिकट सुभट कटि डारे ॥
केते करी हने मतवारे ॥
दल पैदल केते रन घाए ॥
जियत बचे लै प्रान पराए ॥१०॥
खैरी संमी जात भई तहा ॥
ठाढो सैद खान थो जहा ॥
निजु हथियहि जंजीरहि डारे ॥
तही जाइ झारी तरवारै ॥११॥
खुनसि खग खत्रियहि प्रहारियो ॥
प्रथम करी कर कौ कटि डारियो ॥
बहुरि खान कौ तेग चलाई ॥
ग्रीवा बची नाक पर आई ॥१२॥

दोहरा ॥

अटिक नाक मै असि रहियो गयो हाथ ते छूटि ॥
भुजा अंबारी सौ बजी रही बंगुरियै टूटि ॥१३॥

चौपई ॥

तब संमी सैहथी संभारी ॥
महा सत्रु के उर मै मारी ॥
बरछा भए परोए उतारियो ॥
सभन दिखाइ भूम पर मारियो ॥१४॥
बंगु निहार त्रिया पहिचानी ॥
धंन धंन सैद खा बखानी ॥
इन के पेट पुत्र जो ह्वै है ॥

बातन जीति लंक गड़ लैहै ॥१५॥

दोहरा ॥

चीर फौज गज फाधि कै आनि कियो मुहि घाइ ॥
इन कौ इहै इनामु है भरता देहु मिलाइ ॥१६॥
ऐस खग सिर झारि कै बडे पखरियन घाइ ॥
सैन सकल अवगाहि कै निजु पति लयौ छनाइ ॥१७॥

चौपई ॥

सूरबीर बहु भाति संघारे ॥
खेदि खेत ते खान निकारे ॥
निजु भरतहि छुरवाहइ ल्याई ॥
भाति भाति सो बजी बधाई ॥१८॥

CHARITAR १४७ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ सैतालीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥147॥2958॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सहिर कनौज कंचनी रहै ॥
अधिक रूप ता कौ जग कहै ॥
दुरग दत राजा बसि भयो ॥
रानिन डारि ह्रिदै ते दयो ॥१॥
रानिन बैठ मंत्रि यौ कयो ॥
राजा कर हमरे ते गयो ॥
सोऊ जतन आजु मिलि करियै ॥
जा ते या बेस्वा कौ मरियै ॥२॥
अड़िल ॥
बिसन सिंघ कौ राणी लयो बुलाइ कै ॥
काम केल ता सौ किय प्रीतुपजाइ कै ॥
पुनि ता सौ यौ बैन कहे हित मानि कै ॥
हो मोर कारजहि करो हितू मुहि जानि कै ॥३॥
प्रथम बहुत धन या बेस्वा कौ दीजियै ॥
बहुरि राव देखत हित या सौ कीजियै ॥
जब राजा सौ या कौ नेहु तुराइयै ॥
हो बहुरि आपने धाम बोलि इह घाइयै ॥४॥
प्रथम दरबु बेस्वा कह दयो बनाइ कै ॥
पुनि ता सौ रति मानी प्रीतुपजाइ कै ॥
जब ता को न्रिप लीनो सदन बुलाइ कै ॥
हो तौन सभा मै बैठियो सोऊ आइ कै ॥५॥
बिसन सिंघ तिह कहियो कछू मुसकाइ कै ॥
बहुरि सारतै करी न्रिपहि दिखराइ कै ॥
या मूरख न्रिप कौ नहि देसी दीजियै ॥
हो या सौ नेहु बढाइ न या को कीजियै ॥६॥

चौपई ॥

तब रानी न्रिप चलि आई ॥

सकल भेद तिह दियो बताई ॥
तुहि देखत देसी उहि दई ॥
तोरी प्रीति कहा इह भई ॥७॥

दोहरा ॥

तुहि देखत इन उहि दई देसी सुनु महाराज ॥
ता ते तुमरो या भए हित कीनो किह काज ॥८॥
बेस्वा तुम कौ भावई त्याग करियो तै मोहि ॥
और पुरखु ता कौ रुचै लाज न लागत तोहि ॥९॥

चौपई ॥

जौ इन के राखे पति पैयै ॥
तौ बरागिनिन क्यो ग्रिह ल्यैयै ॥
टटूअहि चड़ि जीते संग्रामा ॥
को खरचै ताजी पै दामा ॥१०॥

दोहरा ॥

इन बेस्वनि कौ लाज नहि नहि जानत रस रीति ॥
राव छोरि रंकहि भजहि पैसन की परतीत ॥११॥
अड़िल ॥
तुम सेती बाहर को नेह जतावई ॥
निजु हित वा के संग टका जो ल्यावई ॥
और सदन मौ जात जु याहि बताइयै ॥
हो तब राजा जू इह कह लीक लगाइयै ॥१२॥

दोहरा ॥

इत रानी राजा भए ऐस कहियो समुझाइ ॥
मनुछ पठै उत जार को बेस्वा लई बुलाइ ॥१३॥

चौपई ॥

जब बेस्वा ता के घर गई ॥
रनियहि आनि सखी सुधि दई ॥
निजु पति कौ लै चरिति दिखाइयो ॥
न्रिप ध्रिग चित आपन ठहरायो ॥१४॥

दोहरा ॥

मै जा कौ धनु अमित दै करी आपनी यार ॥
तिन पैसन हित त्याग मुहि अनतै कियो पार ॥१५॥
अड़िल ॥
बेस्वा बाहर आई केल कमाइ कै ॥
राव लरिकवा दए बहुत चिमटाइ कै ॥
केल करत मरि गई तवन दुख पाइयो ॥
हो कैसु पेसनी रानी चरित बनाइयो ॥१६॥

CHARITAR १४८ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ अठतालीसवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥148॥2974॥अफजूं॥

चौपई ॥

परबत सिंघ पोसती रहै ॥
पाचिसत्री जा के जग कहै ॥
पोसत पियत कबहूं न अघावै ॥
ता कौ कवन मोल लै प्रयावै ॥१॥
इक दिन टूटि अमल तिह गयो ॥
अधिक दुखी तब ही सो भयो ॥
तब पाचो इसत्रिन सुनि पयो ॥
खोजि रही ग्रिह कछू न लहियो ॥२॥
तब पाचो मिलि मतो बिचारियो ॥
ऊपर खाट दुखित सो डारियो ॥
इन गाडन लै चलै उचारियो ॥
निजु मन यहे त्रियान बिचारियो ॥३॥
अड़िल ॥
डंडकार के बीच जबै त्रिय वै गई ॥
मारग महि गडहा गहिरो निरखत भई ॥
आवत लखे बटऊआ धन लीने घनो ॥
हो कहियो हमारो सौदो अब आछे बनो ॥४॥
सुनहो बीर बटाऊ बात बलोच सभ ॥
पिय गाडन के हेत इहा आई हम सभ अब ॥
या सौ आनि जनाजो अबै सवारियै ॥
हो हमरे गुन औगुन न ह्रिदै बिचारियै ॥५॥
उसटन ते सभ उतरि बलोच तहा गए ॥
नीत खैर की फातया देत ऊहा भए ॥
ता को परे सुमार म्रितक की ज्यों निरख ॥
हो निकट इसथितह भए गड़ा को गोर लखि ॥६॥
लीनी खाट उठाइ म्रितक तिह जानि कै ॥
सकियो न भेद अभेद कछू पहिचानि कै ॥
जब ता पै सभ ही इसथित भे आइ कै ॥
हो डारि फासियन गडहे दए गिराइ कै ॥७॥
एक गाव ते दौरि आफू ल्यावति भई ॥
एक पुकारत ऊच चली कोसक गई ॥
बहु लोगन कौ ल्याइ सु उन कौ घाइ कै ॥
हो कहि फासिन पति हने दए दिखराइ कै ॥८॥

चौपई ॥

पंच इसत्री तिन जुत आई ॥
धनवंती अति ठगन तकाई ॥
पंचन के फासी गहि डारी ॥
हम पाचो रहि गई बिचारी ॥९॥

दोहरा ॥

पति मारे फासिन ठगन साथी रहियो न कोइ ॥
हम बन मै एकल त्रिया दैव कहा गति होइ ॥१०॥

चौपई ॥

काजी कोटवार तह आए ॥

रनसिंगे रन नाद बजाए ॥
कोप ठान यौ बचन उचारे ॥
हम साथी इह ठाउ तिहारे ॥११॥

दोहरा ॥

चारि ऊट मुहरन भरे आठ रुपैयन साथ ॥
पति मूए एऊ गए तौ हम भई अनाथ ॥१२॥

चौपई ॥

तब काजी इह भाति उचारो ॥
त्रिया कछू जिनि सोक बिचारो ॥
हम कौ फारखती लिख दीजै ॥
द्वादस ऊट आपने लीजै ॥१३॥

दोहरा ॥

दीनन की रछ्या करी कौडी गनी कुपाइ ॥
सभ ही दयो बहोरि धन धंन काजिन के राइ ॥१४॥
दुसट अरिसट निवारि कै लीनो पतह बचाइ ॥
भाति भाति सेवा करी हीए हरख उपजाइ ॥१५॥

CHARITAR १४९ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ उनविंजवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥149॥2989॥अफजूं॥*

चौपई ॥

रानी एक नगौरे रहै ॥
गरभवती ता कौ जग कहै ॥
पूत राव के ग्रिह कोऊ नाही ॥
चिंता इहे ताहि मन माही ॥१॥
गरभवती आपहि ठहिरायो ॥
पूत आन को आन जिवायो ॥
सभ कोऊ पूत राव को मानै ॥
ता कौ भेद न कोऊ जानै ॥२॥
अड़िल ॥
दोइ पुत्र जब ताहि बिधातै पुन दए ॥
रूपवंत सुभ सील जत ब्रत होत भे ॥
तब उन दुहूं पालकन लै कै बिखु दई ॥
हो निजु पूतन कह राज पकावत तह भई ॥३॥
भाति भाति सौ रोदन कियो पुकारि कै ॥
निरखा तिन की ओर सिरोकचुपारि कै ॥
प्राननाथ ऊ आए कहियो न सोक करि ॥
हो अकथ कथा की कथा जानि जिय धीर धरि ॥४॥

दोहरा ॥

जियत तिहारे पूत दो सदा रहै जग माहि ॥
उन को सोक न कीजियै जियत अजौ तव नाह ॥५॥

चौपई ॥

जो कोऊ त्रिया तहा चलि आवै ॥
यहै आहि परबोध जतावै ॥
जियौ चारि जुग पूत तिहारे ॥
दोऊअन को नहि सोक बिचारे ॥६॥

CHARITAR १५० — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ पंजाह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥150॥2995॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

कुपित सिंघ राजा रहै राजौरी के माहि ॥
सदा सील सु ताहि अति रोह तवन मै नाहि ॥१॥

चौपई ॥

त्रिया गुमान मती तिह जनियत ॥
अति सुंदरि तिहु लोक बखनियत ॥
पति के संग नेह तिह भारो ॥
वा को रहत प्रान ते प्यारो ॥२॥
जब राजा रन काज सिधारै ॥
तब रानी इह भाति उचारै ॥
हौ नहि तुमै छोरि ग्रिह रहिहो ॥
प्राननाथ के चरनन गहिहों ॥३॥
जब न्रिप को रन बनि कहूं आवै ॥
त्रिय आगै ह्वै खड़ग बजावै ॥
बैरिन जीति बहुरि घर आवै ॥
भाति भाति के भोग कमावै ॥४॥
इक दिन जुध न्रिपहि बनि आयो ॥
चड़ि गै पै त्रिय सहित सिधायो ॥
जातहि परियो भेर रन भारी ॥
नाचे सूरबीर हंकारी ॥५॥
अड़िल ॥
भाति भाति रन सुभट संघारे कोप करि ॥
भाति भाति रथ बाज बिदारे सर प्रहरि ॥
निरखि जुध को सूर परे अरराइ कै ॥
हो मंदल तूर म्रिदंग मुचंग बजाइ कै ॥६॥
पठे पखरियन कोप अधिक जिय मै जग्यो ॥
सजे संजोअन सैन दुहूं दिसि उमग्रयो ॥
बजे जुझऊआ नाद परे अरराइ कै ॥
हो टूक टूक ह्वै जुझे सुभट समुहाइ कै ॥७॥
चटपट सुभट बिकटि कटि कटि के भू परै ॥
खंडि खंडि किते अखंडियन खहि खगन मरै ॥
टूक टूक ह्वै गिरे न मोरै नैक मन ॥
हो प्रलै काल सो कियो बिधातै बहुरि जनु ॥८॥
जब रानी कै सहित राव जू रिसि भरै ॥
दोऊ कै बर कठिन कमानन कर धरै ॥
दछिन बिसिख दिखाइ बाम अरि मारही ॥
हो एक घाइ कै संग चूर करि डारही ॥९॥

जनुक जेठ के मास अदित अध दिन चड़ियो ॥
जनुक करारन छोरि नीर नायक हड़ियो ॥
बज्र बिसिख असि हन्यो सु सैन उचाइयो ॥
हो जबै बिसुन लछमी के सहत रिसाइयो ॥१०॥
रानी जा तन बिसिख प्रहारै कोप करि ॥
तछिन म्रितक ह्वै परई सूर सु भूमि पर ॥
फूल दए बरखाइ गगन ते देवतन ॥
हो रानी कौ रन हेर उचारै धंन्य धंनि ॥११॥
त्रिया सहित न्रिप लरियो अधिक रिस खाइ कै ॥
तब ही लगी तुफंग ह्रिदै मै आइ कै ॥
गिरियो अंबारी मध्य मूरछना होइ करि ॥
हो तब त्रिय लियो उचाइ नाथ दुहूं भुजनि भरि ॥१२॥
तवन अंबारी संग न्रिपहि बाधत भई ॥
निजु कर करहि उचाइ इसारति दल दई ॥
जियत न्रिपति लखि सुभट सभे धावत भए ॥
हो चित्र बचित्र अयोधन तिह ठा करत भे ॥१३॥
पीसि पीसि करि दात सूरमा रिसि भरे ॥
टूक टूक ह्वै परे तऊ पगु न टरे ॥
तौन सैन संग राजा लीने घाइ कै ॥
हो जीत नगारे बजे अधिक हरिखाइ कै ॥१४॥
तब रानी निजु करन बैरियहि मारि कै ॥
निजु सुत दीनो राज सु घरी बिचारि कै ॥
करि कै बडो अडंबर आपु जरन चली ॥
हो तबै गगन ते बानी ताहि भई भली ॥१५॥
क्रिपा सिंधु जू क्रिपा अधिक तुम पर करी ॥
निजु नायक के हेतु बहुत बिधि तै लरी ॥
ता ते अपनौ भरता लेहु जियाइ कै ॥
हो बहुरि राज कौ करो हरख उपजाइ कै ॥१६॥

दोहरा ॥

सत्रु नाथ हनि जुध करि लीनो पतिहि जियाइ ॥
बहुरि राज अपनौ करियो नाथ सहित सुख पाइ ॥१७॥

CHARITAR १५१ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ इकयावनो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥151॥3012॥अफजूं॥*

चित्र सिंघ बाच ॥

दोहरा ॥

जैसो त्रिय इन रन कियो तोसो करै न कोइ ॥
पाछे भयो न अब सुन्यो आगे कबहूं न होइ ॥१॥

चौपई ॥

तब मंत्री इह भाति उचारी ॥
सुनो राज तुम बात हमारी ॥
बिसुन साथ जंभासुर लरियो ॥
ता कौ प्रान लछिमी हरियो ॥२॥
ता ते होत इंद्र भै भीत्रयो ॥

चौदह भवन नरह तनि जीत्यो ॥
सोऊ असुर इह पर चड़ि आयो ॥
तुमल जुध हरि साथ मचायो ॥३॥
अड़िल ॥
भाति भाति ता सो रन इंद्र मचाइयो ॥
सूर चंद्र थकि रहे न कछू बसाइयो ॥
देव दैत ह्वै म्रितक बिराजे ताहि रन ॥
हो जनु अलिकिस के बाग बिराजै मालि जन ॥४॥

भुजंग छंद ॥

लए बीर धीरे महा कोपि ढूके ॥
चहूं ओर गाजे हठी इंद्र जू के ॥
उते दैत बाके इतै देव रूरे ॥
हटे न हठीले महा रोस पूरे ॥५॥
दुहूं ओर बाजंत्र आनेक बाजे ॥
बधे बीर बाने दुहूं ओर गाजे ॥
मचियो जुध गाड़ो परी मार भारी ॥
बहै तीर तरवारि काती कटारी ॥६॥
महा कोप कै कै बली दैत धाए ॥
हठिन कोप कै ससत्र असत्रै चलाए ॥
बधे कौच काती जबै जंभ गजियो ॥
तबै छाडि कै खेत देवेस भजियो ॥७॥

चौपई ॥

भाजत इंद्र जात भयो तहा ॥
लए लछमी हरि थिर जहा ॥
भाति भाति ह्वै दुखित पुकारे ॥
तुमरे जियत नाथ हम हारे ॥८॥
जगपति सूल कोप तब आयो ॥
लछिमी कुअरि लै संग सिधायो ॥
बाधि सनधि बिराजियो तहा ॥
गाजत बीर जंभ बहु जहा ॥९॥
अड़िल ॥
बीस बान बिसुनाथ चलाए कोप करि ॥
लगे जंभ के देह गए उहि घानि करि ॥
भए स्रोन बिसिखोतम अधिक बिराजही ॥
हो जिन की प्रभा बिलोकि तछजा लाजही ॥१०॥

दोहरा ॥

लछिम कुमारि ऐसो कहियो सुनहु बिसन जू बैन ॥
या कौ हौहूं जीति कै पठऊ जम कै ऐन ॥११॥
अड़िल ॥
बिसन ठाढि कै लछमि कुअरि कर धनुख लिय ॥
चित्र बचित्र अयोधन ता सो ऐस किय ॥
अमित रूप दिखराइ मोहि अरि कौ लियो ॥
हो बहु घाइन के संग ताहि घायल कियो ॥१२॥
मिसही कहियो न हनु रे हरि इह मार है ॥
बहुत जुध करि या सौ बहुरि संघारि है ॥
जब पाछे की ओर सु सत्रु निहारियो ॥

हो दयो सुदरसन छाड मूंडि कट डारियो ॥१३॥

दोहरा ॥

लछमि कुअरि जब जंभ सो ऐसो कियो चरित्र ॥
मारि सुदरसन सो लयो सुखित कीए हरि मित्र ॥१४॥

CHARITAR १५२ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ बावनो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥152॥3026॥अफजूं॥*

चौपई ॥

नाज मती अबला जग कहै ॥
अटकी एक न्रिपत पर रहै ॥
बाहू सिंघ जिह जगत बखानै ॥
चौदह लोक आनि कौ माने ॥१॥
न्रिप की प्रभा हेरि छकि रही ॥
केल करै मो सौ चित चही ॥
भाति भाति उपचार बनाए ॥
कै सिहु राव हाथ नहि आए ॥२॥
जब त्रिय सोइ सदन मै जावै ॥
न्रिप की प्रभा चित मै आवै ॥
चकि चकि उठै नींद नहि परै ॥
मीत मिलन की चिंता करै ॥३॥

दोहरा ॥

वै सम्रथ असम्रथ मै वै सनाथ मै अनाथ ॥
जतन कवन सो कीजियै आवै जा ते हाथ ॥४॥

चौपई ॥

कासी बिखै करवतहि लैहो ॥
पिय कारन अपनो जिय दैहो ॥
मन भावत प्रीतम जौ पाऊ ॥
बार अनेक बजार बिकाऊ ॥५॥

दोहरा ॥

कहा करों कैसे बचों लगी बिरह की भाह ॥
रुचि उन की हम को घनी हमरी उनै न चाह ॥६॥
नाज मती तब आपनी लीनी सखी बुलाइ ॥
बाहू सिंघ राजा भए कहो संदेसो जाइ ॥७॥
बचन सुनत ता कउ सखी तहा पहूंची आइ ॥
नाज मती जैसे कहियो त्यों तिन कहियो सुनाइ ॥८॥
अड़िल ॥
मै छबि तुमरी निरख नाथ अटकत भई ॥
बिरह समुंद के बीच बूडि सिर लौ गई ॥
एक बार करि क्रिपा हमारे आइयै ॥
हो मन भावत को हम सो भोग कमाइयै ॥९॥

चौपई ॥

जब चेरी अस जाइ उचारी ॥
तब राजै यौ हियै बिचारी ॥
सोऊ बात इह त्रियहि कहिजै ॥
जा ते आप धरम जुत रहिजै ॥१०॥

अड़िल ॥

दोइ सत्रु हमरिन ते एक संघारियै ॥
बिना घाइ के किये दूसरो मारियै ॥
तब मै तुम को अपने सदन बुलाइ हों ॥
हो मन भावत के तुम सो भोग कमाइ हों ॥११॥
जाइ सहचरी कहियो त्रिया सुनि पाइ कै ॥
प्रीत राव की बधी उठी मरराइ कै ॥
ह्वै कै बाज अरूड़ भेख नर धारि कै ॥
हो न्रिप के अरि पै गई चरित्र बिचारि कै ॥१२॥
सुनो राव जू मो को चाकर राखियै ॥
तह को करो मुहिंम जहा को भाखियै ॥
प्रान लेत लौ लरों न रन ते हारिहों ॥
हौ बिनु अरि मारै खेत न बाजी टारिहो ॥१३॥
ता को सूर निहारि न्रिपति चाकर कियो ॥
ग्रिह ते काढि खजानो ता को बहु दियो ॥
दूजो राव बुलाइ सु बीर बुलाइ कै ॥
हो बाहू सिंघ पै चड़ियो महा रिसि खाइ कै ॥१४॥

चौपई ॥

नाज मती इह भाति उचारी ॥
सुनो राव तुम बात हमारी ॥
सभ बीरन को बोलि पठैयै ॥
सभ के सर पर नाम डरैयै ॥१५॥

दोहरा ॥

जब गाड़ो रन परैगो बहै तीर तरवारि ॥
बिना नाम सर पै लिखै सकि है कवन बिचारि ॥१६॥

चौपई ॥

नाज मती जब ऐस बखान्यो ॥
सत्य सत्य राजे करि मान्यो ॥
सकल सूरमा बोलि पठाए ॥
सभन सरन पर नाम लिखाए ॥१७॥

दोहरा ॥

सर पर नाम लिखाइ कै रन कह चड़े रिसाइ ॥
जा को सर जिह लागि है सो भट चीनो जाइ ॥१८॥
जुध जबै गाड़ो परियो घात बाल तिन पाइ ॥
उहि राजा को बान लै इह न्रिप हन्यो रिसाइ ॥१९॥

चौपई ॥

लागत बान राव रिसि भयो ॥

सर पर नाम लिखियो लखि लयो ॥
मुहि इन हन्यो न्रिपति सोऊ मारियो ॥
बहुरि आपहूं स्वरग सिधारियो ॥२०॥

दोहरा ॥

नाज मती इह चरित्र सो दुहूं न्रिपन कौ घाइ ॥
बहुर रैबारी राव सों आनि दई सुख पाइ ॥२१॥

चौपई ॥

न्रिप मै तुमरे काज सवारे ॥
दोनो सत्रु तिहारे मारे ॥
अब मो को तुम धाम बुलावो ॥
काम भोग मुहि साथ कमावो ॥२२॥

दोहरा ॥

तब राजै ता कौ तुरत लीनो सदन बुलाइ ॥
काम भोग ता सो कियो ह्रिदै हरख उपजाइ ॥२३॥
एक न्रिपति निजु कर हन्यो ता ते दुतिय हनाइ ॥
रति मानी इह न्रिप भए नाज मती सुख पाइ ॥२४॥

चौपई ॥

नाज मती न्रिप लै घर राखी ॥
त्रिय कीनी रवि ससि करि साखी ॥
राक हुती रानी करि डारियो ॥
त्रिया चरित्र न जात बिचारियो ॥२५॥

CHARITAR १५३ — *SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ त्रिपनो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥153॥3051॥अफजूं॥

दोहरा ॥

स्यालकोट के देस मै दरप कला इक बाम ॥
तरुन देह ता कौ रहै अधिक सतावत काम ॥१॥
दानी राइ तहा हुतो एक साह के पूत ॥
सूरति सीरति के बिखै बिधनै कियो सपूत ॥२॥
दरप कला इह साह की दुहित रहै अपार ॥
हियै बिचारियो साह के सुत सौ रमौ सुधार ॥३॥

चौपई ॥

बोलि साहु को पूत मंगायो ॥
काम केल तिह संग कमायो ॥
दिवस भए ग्रिह देत पठाई ॥
रैनि भए पुनि लेत बुलाई ॥४॥
ऐसी प्रीति दुहनि मै भई ॥
लोक लाज सभ ही तजि दई ॥
जानुक कहूं ब्याह करि आनी ॥

तिन पर नारि ऐस पहिचानी ॥५॥
अड़िल ॥
इसक मुसक खासी अरु खुरक बखानियै ॥
खून खैर मदपान सु बहुरि प्रमानियै ॥
कस कोऊ करई सात छपाए छपत नहि ॥
हो होवत प्रगट निदान सु सारी स्रिसटि महि ॥६॥

दोहरा ॥

दरप कला सुत साहु के ऊपर रही बिकाइ ॥
रैनि दिवस ता सौ रमै सभहिन सुनी बनाइ ॥७॥
दरप कला जब साहु कौ लीनो पूत बुलाइ ॥
आन पियादन गहि लियो रहियो न कछू उपाइ ॥८॥

चौपई ॥

दरप कला इह भात उचारी ॥
सुनो मीत तुम बात हमारी ॥
सोना बोवत मुहि तुम कहियहु ॥
यौ कहि नैन नीच करि रहियहु ॥९॥
न्रिप पहि बाध ताहि लै गए ॥
ते वै बैन बखानत भए ॥
एक बात मै तुमै दिखाऊ ॥
तुम ते कहो कहा तब पाऊां ॥१०॥
जा पै बैठे मुहि गहि आनो ॥
उन मो सो इह भाति बखानो ॥
जौ मै कंचन बीजि दिखाऊ ॥
तब मै कहो कहा बर पाऊ ॥११॥
जद यौ बचन राव सुनि पायो ॥
दरप कला कौ बोलि पठायो ॥
ता को एक धाम मै राखियो ॥
कंचन के बीजन कह भाखियो ॥१२॥
मोहि इह एक सदन मै राखो ॥
भली बुरी कछु बात न भाखो ॥
जब मै मास इकादस लहिहौ ॥
तुम सौ आइ आप ही कहिहौ ॥१३॥
जब वै दोऊ एक ग्रिह राखै ॥
तब त्रिय यौ ता सौ बच भाखै ॥
मो सौ भोग मीत अब करियै ॥
या चिंत ते नैकु न डरियै ॥१४॥

दोहरा ॥

पकरि मीत को आपने ऊपर लये चराइ ॥
ता सौ रति मानत भई लपटि लपटि सुख पाइ ॥१५॥
कालि किनी जान्यो नही आजु रमौ तव संग ॥
लाज न काहू की करो मो तन बढियो अनंग ॥१६॥
अड़िल ॥
दस मासन रति करी हरख उपजाइ कै ॥
आसन चुंबन अनिक किये लपटाइ कै ॥
जब गियारवो मास पहूच्यौ आइ करि ॥
हो दरप कला कहियो न्रिपति सौ जाइ करि ॥१७॥

कंचन बोवन समै पहूच्यो आइ कै ॥
सभ रानी जुत न्रिप कौ लियो बुलाइ कै ॥
पुर बासी जन सभे तमासा कौ गए ॥
हो जह असथित वह त्रिया तहा ही जात भे ॥१८॥
जो त्रिय पुरख न बिनसियो ताहि बुलाइयै ॥
वा कै कर दै ह्यां कलधौत बिजाइयै ॥
जो बिनसियो नर त्रिय इह हाथ छुवाइ है ॥
हो उगै न कंचन नैक दोस मुहि आइ है ॥१९॥
तब राजै सभहिन यौ कहियो सुनाइ कै ॥
जो बिनसियो नहि होइ सु बीजहु जाइ कै ॥
सुनत बचन त्रिय नर सभ ही चक्रित भए ॥
हो सोनो बीजन काज न तित कौ जात भे ॥२०॥

चौपई ॥

दरप कला इह भाति उचारी ॥
जो राजा सभ त्रिया तुहारी ॥
तिन सभहिन इह ठौर बुलावहु ॥
कंचन दे करि हाथ बिजावहु ॥२१॥

दोहरा ॥

सभ रानी जेतक हुती ठटकि रही मन माहि ॥
कछु चरित्र इह ठानि रखि कंचन बोयो नाहि ॥२२॥

चौपई ॥

दरप कला पुन ऐस उचारी ॥
जो तुम रावहु न बिभचारी ॥
तौ तुम आइ कंचनहि बोवहु ॥
हमरो सकल असुख कह खोवहु ॥२३॥
अड़िल ॥
त्रिया पुरख सुनि बैन मूंदि मुख रहत भे ॥
कंचन बोवन काज न टरि तित कौ गए ॥
दरप कला तब बचन कहे मुसकाइ कै ॥
हो सुनो राव जू बचन हमारो आइ कै ॥२४॥
पुरख इसत्रिन कौ जो न्रिप प्रथम संघारियै ॥
तौ कर लै के खड़ग दुहुन हुम मारियै ॥
बिनसे बिना न रहियो कोऊ जगत मै ॥
हो छमा करो अपराधु जु कीनो आजु मै ॥२५॥

दोहरा ॥

जब रितु राज समै बिखै बेग पवन को होइ ॥
ऊच नीच कापे बिना रहियो बिरछ न कोइ ॥२६॥
सुनि राजा ऐसो बचन कीनो तिनै निहाल ॥
साहु सुता सुत साहु को देत भयो ततकाल ॥२७॥
अड़िल ॥
इह छल सौ त्रिय छैल सभन कौ छलि गई ॥
केल न्रिपति के धाम मास दस करत भी ॥
बहुर सभन को ऐसो चरित्र दिखाइ करि ॥
हो मन भावत को मीत बरियो सुख पाइ करि ॥२८॥

CHARITAR १५४ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ चौवनो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥154॥3079॥अफजूं॥

चौपई ॥

साहिजहा की एक बर नारी ॥
प्रानमती तिह नाम उचारी ॥
तिनिक साहु को पूत बिलोकियो ॥
तब ही आनि कामु तिह रोकियो ॥१॥
अड़िल ॥
पठै सहिचरी ता को लियो बुलाइ कै ॥
लपटि लपटि रति करी हरख उपजाइ कै ॥
केल करत दोहूं बचन कहे मुसकाइ कै ॥
हो चौरासी आसन लीने सुख पाइ कै ॥२॥

दोहरा ॥

बहुत दिवस ता सो रमी पुनि यौ कहियो बनाइ ॥
याहि मारि करि डारियै जिनि कोऊ लखि जाइ ॥३॥

चौपई ॥

प्रानमती आग्या तिह दई ॥
मारन सखी ताहि लै गई ॥
आपु भोग तिह साथ कमायो ॥
पुनि ता सो इह भाति सुनायो ॥४॥
मो सो भोग भलो तै दियो ॥
मोहि चित हमरो कौ लियो ॥
तो पर चोट मै नही डारो ॥
एक चरित तन तुमै निकारो ॥५॥
अड़िल ॥
अरध सूर जब चड़्यो सु द्रिगन निहारिहौ ॥
तब तोरो गहि हाथ नदी मै डारि हौ ॥
तबै हाथ अर पाव अधिक तुम मारियो ॥
हो डूबत डूबत कहि कै ऊच पुकारियो ॥६॥
तब सरता के बिखे ताहि गहि डारियो ॥
हाथ पाव बहु मारि सु जार पुकारियो ॥
डूबत तिह लखि लोग पहूचै आइ कै ॥
हो हाथो हाथ उबारियो लयो बचाइ कै ॥७॥

CHARITAR १५५ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ पचानवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥155॥3086॥अफजूं॥

चौपई ॥

मद्र देस चौधरी भणिजै ॥
रोसन सिंघ तिह नाम कहिजै ॥
कंद्रप कला बाल तिह सोहै ॥

खग म्रिग जछ भुजंगन मोहै ॥१॥
ता के धाम अंनु धनु भारी ॥
निति उठि करै नाथ रखवारी ॥
जौ अतिथ मागन कह आवै ॥
मुख मागत बरु लै घरु जावै ॥२॥
अड़िल ॥
तिह ठा इक अतिथ पहूंच्यो आइ कै ॥
लखि तिह छबि झख केतु रहै उरझाइ कै ॥
अप्रमान अप्रतिम सरूप बिधनै दयो ॥
हो भूत भविख भवान न को ऐसौ भयो ॥३॥
कंद्रप कला हेरि ता की छब बसि भई ॥
बिरह नदी के बीच डूबि सिगरी गई ॥
पठै सहचरी तिह ग्रिह लियो बुलाइ कै ॥
हो भाति भाति रति करी हरख उपजाइ कै ॥४॥
पाच चौतरो छोरि चौधरी आइयो ॥
कुठिआ मो चौध्रनी ताहि छपाइयो ॥
बहुरि उचारे बैन मूड़ सौ कोपि कै ॥
हो ता को सिर कै बिखै पनहिया सौ कु दै ॥५॥
तुमरे राज न धरै सुयंबर अंग मै ॥
आछो सदन सवारो दयो न दरब तै ॥
कछु न कीनो भोग जगत मै आइ कै ॥
बिप्रन दियो सु कछु न दान बुलाइ कै ॥६॥

चौपई ॥

तब मूरख ऐसी बिधि भाखियो ॥
मै तुम ते कछु दरबु न राखियो ॥
जा कौ रुचै तिसी को दीजै ॥
मोरी कछू कानि नहि कीजै ॥७॥
अड़िल ॥
ताम्र दान ते दुगन रुकम कौ जानीयै ॥
रुकम दान तै चौगुन स्वरनहिं मानीयै ॥
बडो धान को धन तै दान प्रमानही ॥
हो चारि सु खट दस आठ पुरान बखानही ॥८॥

दोहरा ॥

इह जो कोठी अंन जुत दीजै दिजन बुलाइ ॥
इहै कहियो मुरि मानियै सुनु चौध्रिन के राइ ॥९॥
वहै भिटौअन बामनी लीनी निकट बुलाइ ॥
जार सहित तिह नाज की कुठिया दई उठाइ ॥१०॥

चौपई ॥

मूरख बात न कछु लखि लई ॥
किह बिधि नारि ताहि छलि गई ॥
जान्यो दान आजु त्रिय कीनो ॥
ता कौ कछू चरित्र न चीनो ॥११॥
दान भिटौअन को जब दियो ॥
कछु जड़ भेद समझि नहि लियो ॥
तह ते काढि अंन तिन खायो ॥
तवन जार को घर पहुचायो ॥१२॥

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ छपनो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥156॥3098॥अफज़ूं॥*

दोहरा ॥

बिद्रभ देस भीतर रहै भीमसैन न्रिप एक ॥
है गै रथ हीरन जरे झूलहि द्वार अनेक ॥१॥
दमवंती ता की सुता जा को रूप अपार ॥
देव अदेव गिरै धरनि तिस की प्रभा निहारि ॥२॥
अड़िल ॥
काम देव तिह चहै सु क्योहूं पाइयै ॥
इंद्र चंद्र कहै ताहि ब्याहि लै आइयै ॥
कारतकेअ तिह ब्याहन कियो निहारि करि ॥
हो महा रुद्र बन बसे न आए पलटि घरि ॥३॥
नैन हरन के हरे बैन पिक के हरि लीने ॥
हरि दामनि की दिपति दसन दारिम बस कीने ॥
कीर नासिका हरी कदलि जंघन ते हारे ॥
हो छपे जलज जल माहि आंखि लखि लजत तिहारे ॥४॥

दोहरा ॥

ता की प्रभा जहान मै प्रचुर भई चहूं देस ॥
सभ ब्याहन ता कौ चहै सेस सुरेस लुकेस ॥५॥
सुनि पछिन के बकत्र ते तिय की सुंदर हाल ॥
मान सरोवर छोडि तिह आवत भए मराल ॥६॥

चौपई ॥

दमवंती ते हंस निहारे ॥
रूप मान चित माझ बिचारे ॥
सखियन सहित आप उठ धाई ॥
एक हंस तिन ते गहि ल्याई ॥७॥
हंस बाच ॥
सुनु रानी इक कथा प्रकासौ ॥
तुमरे जिय को भरम बिनासौ ॥
नल राजा दछिन इक रहई ॥
अति सुंदर ता को जग कहई ॥८॥

दोहरा ॥

तेजमान सुंदर धनी ताहि उचारत लोग ॥
ता को बोलि बिवाहियै वहु बर तुमरो जोग ॥९॥

चौपई ॥

हम है मान सरोवर बासी ॥
हंस जोनि दीनी अबिनासी ॥
देस देस के चरित बिचारै ॥
राव रंक की प्रभा निहारै ॥१०॥
अड़िल ॥

धनद धनी हम लहियो तपी इक रुद्र निहारियो ॥
इंद्र राज इक लहियो सूर बिसुइसहि बिचारियो ॥
लोक चत्रदस बिखै तुही सुंदरी निहारी ॥
हो रूपमान नल राज ताहि तुम बरो प्यारी ॥११॥

दोहरा ॥

दमवंती ए बचन सुनि हंसहि दयो उडाइ ॥
लिखि पतिया कर मै दई कहियहु नल प्रति जाइ ॥१२॥
अड़िल ॥
बोलि पिता कौ कालि सुयंब्र बनाइ हौ ॥
बडे बडे राजन को बोलि पठाइ हौ ॥
पतिया के बाचत तुम ह्यां उठि आइयै ॥
हो निजु नारी करि मोहि संग लै जाइयै ॥१३॥
हंस उहा ते उडियो तहा आवत भयो ॥
दमवंत्रयहि संदेस न्रिपति नल कौ दयो ॥
नल पतिया कौ रहियो ह्रिदै सो लाइ कै ॥
हो जोरि सैन तित चलियो म्रिदंग बजाइ कै ॥१४॥

दोहरा ॥

दूत पहूच्यो मीत को पतिया लीने संग ॥
आखै अति निरमल भई निरखत वा के अंग ॥१५॥
सुनि राजा बच हंस के मन मै मोद बढाइ ॥
बिद्रभ देस कौ उठि चलियो ढोल म्रिदंग बजाइ ॥१६॥
अड़िल ॥
देवऊ पहुचे आइ दैत आवत भए ॥
गंध्रब जच्छ भुजंग सभै चलि तह गए ॥
इंद्र चंद्र अर सूरज पहुचे आइ करि ॥
हो धनधिईस जलि राव बदित्र बजाइ करि ॥१७॥
नल ही को धरि रूप सकल चलि तह गए ॥
नल को करि हरि दूत पठावत तह भए ॥
सुनि न्रिप बर ए बचन चलियो तह धाइ करि ॥
हो किनी न हटकियो ताहि पहूच्यो जाइ करि ॥१८॥
दमवंती छबि निरखि अधिक रीझत भई ॥
जु कछु हंस कहियो सु सभ साची भई ॥
जा दिन मै या को पति करि करि पाइ हौ ॥
हो तदिन घरी के सखी सहित बलि जाइ हौ ॥१९॥
मन मै इहै दमवंती मंत्र बिचारियो ॥
सभहिन के बैठे इह भाति उचारियो ॥
सुनो सकल जन इहै भीमजा प्रन करियो ॥
हो जो तुम मै नल राव वहै करि पति बरियो ॥२०॥
फूक बदन ह्वै न्रिपत सकल घर कौ गए ॥
कलिजुगादि जे हुते दुखित चित मै भए ॥
नलहि भीमजा बरी अधिक सुख पाइ कै ॥
हो भाति भाति बादित्र अनेक बजाइ कै ॥२१॥
धरि पुहकरि को रूप तहा कलिजुग गयो ॥
जब ता कौ नल ब्याहि सदन ल्यावत भयो ॥
खेलि जूप बहु भातिन ताहि हराइयो ॥
हो राज पाट नल बन कौ जीति पठाइयो ॥२२॥
राज पाट नल जब इह भाति हराइयो ॥

बन मै अति दुखु पाइ अजुधिआ आइयो ॥
बिछुरे पति के भीमसुता बिरहिन भई ॥
जो जिह मारग गे नाथ तिसी मारग गई ॥२३॥
भीम सुता बिन नाथ अधिक दुख पाइयो ॥
कह लगि करौ बख्यान न जात बताइयो ॥
नल राज के बिरहि बाल बिरहिनि भई ॥
हो सहरि चंदेरी माझ वहै आवत भई ॥२४॥
भीमसैन तिन हित जन बहु पठवत भए ॥
दमवंती कह खोजि बहुरि ग्रिह लै गए ॥
वहै जु इह लै गयो दिज बहुरि पठाइयो ॥
हो खोजत खोजत देस अजुध्या आइयो ॥२५॥
हेरि हेरि बहु लोग सु याहि निहारियो ॥
दमवंती को मुख ते नाम उचारियो ॥
कुसल ताहि इह पूछियो नैनन नीर भरि ॥
हो तब दिज गयो पछानि इहै नल न्रिपति बर ॥२६॥
जाइ तिनै सुधि दई न्रिपति नल पाइयो ॥
तब दमवंती बहुरि सुयंब्र बनाइयो ॥
सुनि राजा ए बैन सकल चलि तह गए ॥
हो रथ पै चड़ि नल राज तहा आवत भए ॥२७॥

दोहरा ॥

न्रिप नल कौ रथ पै चड़े सभ जन गए पछानि ॥
दमवंती पुनि तिह बरियो इह चरित्र कह ठानि ॥२८॥

चौपई ॥

लै ता को राजा घर आए ॥
खेलि जूप पुनि सत्रु हराए ॥
जीति राज आपनौ पुनि लीनो ॥
भाति भाति दुहूंअन सुख कीनो ॥२९॥

दोहरा ॥

मै जु कथा संछेपते या की कही बनाइ ॥
या ते किय बिसथार नहि मति पुसतक बढ जाइ ॥३०॥
दमवंती इह चरित सो पुनि पति बरियो बनाइ ॥
सभ ते जग जूआ बुरो कोऊ न खेलहु राइ ॥३१॥

CHARITAR १५७ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ सतावनो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥157॥3129॥अफजूं॥

चौपई ॥

चौड़ भरथ संन्यासी रहै ॥
रंडीगिर दुतियै जग कहै ॥
बालक राम एक बैरागी ॥
तिन सौ रहै सपरधा लागी ॥१॥
एक दिवस तिन परी लराई ॥
कुतकन सेती मारि मचाई ॥

कंठी कहूं जटन के जूटे ॥
खपर सौ खपर बहु फूटे ॥२॥
गिरि गिरि कहूं टोपियै परी ॥
ढेर जटन ह्वै गए उपरी ॥
लात मुसट के करै प्रहारा ॥
जन करि चोट परै घरियारा ॥३॥

दोहरा ॥

सभ कापै कुतका बजै पनही बहै अनेक ॥
सभ ही के फूटे बदन साबत रहियो न एक ॥४॥

चौपई ॥

कंठन की कंठी बहु टूटी ॥
मारी जटा लाठियन छूटी ॥
किसी नखन के घाइ बिराजैं ॥
जनु करि चड़े चंद्रमा राजैं ॥५॥
केस अकेस होत कही भए ॥
किते हने नसि किन मर गए ॥
काटि काटि दातन कोऊ खाही ॥
ऐसो कहूं जुध भयो नाही ॥६॥
ऐसी मारि जूतियन परी ॥
जटा न किसहूं सीस उबरी ॥
किसू कंठ कंठी नहि रही ॥
बालक राम पन्नही तब गही ॥७॥
एक संन्यासी के सिर झारी ॥
दूजे के मुख ऊपर मारी ॥
स्रौनत बहियो बदन जब फूटियो ॥
सावन जान पनारो छूटियो ॥८॥
तब सभ ही संन्यासी धाए ॥
गहि गहि हाथ जूतियै आए ॥
चौड़ भरथ रंडीगिर दौरे ॥
लै लै ढोव चेलका औरे ॥९॥
बालक राम घेरि कै लियो ॥
जूतन साथ दिवानो कियो ॥
घूमि भूमि के ऊपर छरियो ॥
जनु करि बीजु मुनारा परियो ॥१०॥

दोहरा ॥

सभ मुंडिया क्रुधित भए भाजत भयो न एक ॥
चौड़ भरथ गिर राड पै कुतका हने अनेक ॥११॥
संन्यासी कोपित भए लगे मुतहरी घाइ ॥
लात मुसट जूतिन भए मुंडिया दए गिराइ ॥१२॥
अड़िल ॥
पकरि मुतहरी पुनि सकोप मुंडिया भए ॥
फरूआ लाठी सभे लए उदित भए ॥
काटि काटि कै अंग संन्यासिन खावही ॥
हो दस नामन को लै लै नाम गिरावही ॥१३॥
तब संन्यासी धाइ धाइ तिन काटही ॥
तोरि तोरि कंठिन ते कंठी साटही ॥

ऐच ऐच टागन ते गह गह डारही ॥
दो दुहूं हाथ भे खैंचि मुतहरी मारही ॥१४॥
मुंडिया ताब्र कला पै आए ॥
हम सभ संन्यासीन दुखाए ॥
जब रानी ऐसे सुन लई ॥
दतात्रैन बुलावत भई ॥१५॥
संन्यासी दतात्रै मानै ॥
रामानंद बैराग प्रमानै ॥
ते तुम कहै वहै चित धरियहु ॥
मेरी कही चित मै करियहु ॥१६॥
एक दिवस हमे ग्रिह सोवहु ॥
सगरी निसा जागतहि खोवहु ॥
जो तुम कहै लरौ तौ लरियहु ॥
नातर बैर भाव नहि करियहु ॥१७॥
जुदा जुदा घर दोऊ सुवाए ॥
अरध रात्रि भे बैन सुनाए ॥
दत रामानंद कहै सु करियहु ॥
बहुरो कोप ठानि नहि लरियहु ॥१८॥

दोहरा ॥

छलि छैली इह बिधि गई ऐसो चरित सवारि ॥
सिमरि गुरन के बचन द्वै बहुरि न कीनी रारि ॥१९॥

CHARITAR १५८ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ अठावनो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥158॥3148॥अफजूं॥*

चौपई ॥

राज सिंघ राजा इक रहई ॥
बीर कला रानी जग कहई ॥
ता सौ नेह न्रिपति को भारो ॥
जानत भेद देस इह सारो ॥१॥
अड़िल ॥
और रानियन कबहूं न न्रिपति बुलावई ॥
भूलि न कबहूं तिन कौ सदन सुहावई ॥
इह चिंता चित माझ चंचला सभ धरै ॥
हो जंत्र मंत्र अरु तंत्र राव सौ सभ करै ॥२॥

चौपई ॥

जंत्र मंत्र सभ ही करि हारे ॥
कैसे हूं परे हाथ नहि प्यारे ॥
एक सखी इह भात उचारो ॥
सुनु रानी तै बचन हमारो ॥३॥
जौ उन सौ मै प्रीति तुराऊ ॥
तौ तुम ते कहु मै का पाऊ ॥
बीर कलहि न्रिप मुख न दिखावै ॥
तुमरे पासि रैनि दिन आवै ॥४॥
यौ कहि जात तहा ते भई ॥

न्रिप बर के मंदिर महि गई ॥
पति त्रिय के कानन महि परी ॥
मुख ते कछू न बात उचरी ॥५॥
न्रिप त्रिय कहियो तोहि का कहियो ॥
सुनि पति बचन मोन ह्वै रहियो ॥
पति पूछ्यो तुहि इह का कही ॥
सुन त्रिय बचन मोन ह्वै रही ॥६॥
पति जान्यो त्रिय बात दुराई ॥
त्रिय जान्यो कछु न्रिपति चुराई ॥
कोप करा दुहूंअन कै पई ॥
प्रीति रीत सभ ही छुटि गई ॥७॥
वा रानी सो नेह बढायो ॥
जिन चरित्र इह भाति बनायो ॥
वा सो प्रीति रीति उपजाई ॥
बीर कला चित ते बिसराई ॥८॥

CHARITAR १५९ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ उनसठवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥159॥3156॥अफजूं॥*

चौपई ॥

बलवंड सिंघ तिरहुति को न्रिप बर ॥
जनु बिधि करियो दूसरो तम हर ॥
अमित रूप ता को अति सोहै ॥
खग म्रिग जछ भुजंगन मोहै ॥१॥
रानी साठि सदन तिह माही ॥
रूपवती तिन सम कहूं नाही ॥
सभहिन सौ पति नेह बढावत ॥
बारी बारी केल कमावत ॥२॥
रुकम कला रानी रस भरी ॥
जोबन जेब सभन तिन हरी ॥
आन मैन जब ताहि संतावै ॥
पठै सहचरी न्रिपति बुलावै ॥३॥

दोहरा ॥

क्रिसन कला इक सहचरी पठै दई न्रिप तीर ॥
सो या पर अटकत भई हरिअरि करी अधीर ॥४॥

चौपई ॥

सुनो न्रिपति जू बात हमारी ॥
मै रीझी लखि प्रभा तिहारी ॥
मै तव हेरि दिवानी भई ॥
मो कह बिसर सकल सुधि गई ॥५॥

दोहरा ॥

सुधि भूली मोरी सभै बिरह बिकल भयो अंग ॥
काम केल मो सौ करौ गहि गहि रे सरबंग ॥६॥

चौपई ॥

जब राजै ऐसे सुनि पायो ॥
ता को भोग हेत ललचायो ॥
लपटि लपटि ता सौ रति करी ॥
चिमटि चिमटि आसन तन धरी ॥७॥
चिमिट चिमिट ता सौ रति मानी ॥
कामातुर ह्वै त्रिय लपटानी ॥
न्रिप बर छिनिक न छोरियो भावै ॥
गहि गहि ताहि गरे सौ लावै ॥८॥

दोहरा ॥

भाति भाति आसन लए चुंबन करे बनाइ ॥
चिमटि चिमटि भोगत भयो गनना गनी न जाइ ॥९॥
सवैया ॥
खाइ बंधेजन की बरियै न्रिप भाग चबाइ अफीम चड़ाई ॥
पीत सराब बिराजत सुंदर काम की रीति सौ प्रीत मचाई ॥
आसन और अलिंगन चुंबन भाति अनेक लीए सुखदाई ॥
यौ तिह तोरि कुचान मरोरि सु भोर लगे झकझोरि बजाई ॥१०॥
अड़िल ॥
रति मानी तिह संग न्रिपति हरखाइ कै ॥
कामातुर ह्वै जात त्रिया लपटाइ कै ॥
भाति भाति के आसन लए बनाइ करि ॥
हो भोर होत लौ भजी हिये सुख पाइ करि ॥११॥

चौपई ॥

बितई रैन भोर जब भई ॥
चेरी न्रिपति बिदा कर दई ॥
बिहबल भई बिसरि सभ गयो ॥
ता का ओडि उपरना लयो ॥१२॥

दोहरा ॥

क्रिसन कला रति मानि कै तहा पहूची जाइ ॥
रुकम कला पूछित भई ता कह निकटि बुलाइ ॥१३॥
प्रति उतर ॥
सवैया ॥
काहे कौ लेत है आतुर स्वास गई ही उताइल दौरी इहा ते ॥
काहे कौ केस खुले लट छूटिये पाइ परी तव नेह के नाते ॥
ओठन की अरुनाई कहा भई तेरी बडाई करी बहु भाते ॥
कौन कौ अंबर ओढियो अली परतीति कौ लाई हौ लेहु उहा ते ॥१४॥

दोहरा ॥

सुनि बच रानी चुप रही जा के रूप अपार ॥
छल को छिद्र न किछु लखियो इम छलगी बर नारि ॥१५॥

CHARITAR १६० — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ सठवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥160॥3171॥अफज्रूं॥*

दोहरा ॥

नरवर को राजा बडो बीर सैन तिह नाम ॥
देस देस के एस जिह जपत आठहूं जाम ॥१॥

चौपई ॥

स्वरनमती ता की बर नारी ॥
जन समुंद्र मथि सात निकारी ॥
रूप प्रभा ता की अति सो है ॥
जा सम रूपवती नहि को है ॥२॥
सुनियो जोतकिन ग्रहन लगायो ॥
कुरूछेत्र नावन न्रिप आयो ॥
रानी सकल संग कर लीनी ॥
बहु दछिना बिप्रन कह दीनी ॥३॥

दोहरा ॥

स्वरनमती गरभित हुती सोऊ संग करि लीन ॥
छोरि भंडार दिजान को अमित दछिना दीन ॥४॥
नवकोटी मरवार को सूर सैन थो नाथ ॥
सोऊ तहा आवत भयो सभ रनियन लै साथ ॥५॥

चौपई ॥

बीर कला ता की बर नारी ॥
दुहूं पछ भीतर उजिआरी ॥
ता की प्रभा जात नहि कही ॥
मानहु फूलि चंबेली रही ॥६॥
राजा दोऊ अनंदित भए ॥
अंक भुजन दोऊ भेटत भए ॥
रनियन दुहू मिलावै भयो ॥
चित को सोक बिदा करि दयो ॥७॥
अड़िल ॥
निज देसन की कथा बखानत सभ भई ॥
दुहूं आपु मै कुसल कथा की सुधि लई ॥
गरभ दुहूंन के दुहूंअन सुने बनाइ कै ॥
हो तब रनियन बच उचरे कछु मुसकाइ कै ॥८॥
जौ दुहूंअन हरि दैहै पूतुपजाइ कै ॥
तब हम तुम मिलि हैं ह्यां बहुरौ आइ कै ॥
पूत एक के सुता बिधाता देइ जौ ॥
हो आपस बीच सगाई तिन की करैं तौ ॥९॥

दोहरा ॥

यौ कहि कै त्रिय ग्रिह गई द्वैकन बीते जाम ॥
सुता एक के ग्रिह भई पूत एक के धाम ॥१०॥

चौपई ॥

संमस नाम सुता को धरियो ॥
ढोला नाम पूत उचरियो ॥

खारिन बीच डारि दोऊ ब्रयाहे ॥
भाति भाति सौ भए उमाहे ॥११॥

दोहरा ॥

कुरूछेत्र को न्रहान करि तह ते कियो पयान ॥
अपने अपने देस के राज करत भे आनि ॥१२॥

चौपई ॥

ऐसी भातिन बरख बितए ॥
बालक हुते तरुन दोऊ भए ॥
जब अपनो तिन राज संभारियो ॥
पूरब करियो बिवाह चितारियो ॥१३॥
लरिकापनो दूरि जब भयो ॥
ठौरहि ठौर और ह्वै गयो ॥
बालाई कि तगीरी आई ॥
अंग अंग फिरी अनंग दुहाई ॥१४॥
सवैया ॥
एक दिना म्रिग मारि कै ढौलन यौ अपने मन बीच बीचारियो ॥
बैस बिती बसि बामन के अबिबेक बिबेक कछू न बिचारियो ॥
ब्याह कियो लरिकापन मै हम जो तिह को कबहू न संभारियो ॥
आवत भयो निजु धाम नही तिह मारग ही ससुरारि सिधारियो ॥१५॥
कंबर बाधि अडंबर कै करि बोलि सु बीर बरात बनाई ॥
भूखन चारु दिपै सभ अंगन आनंद आजु हिये न समाई ॥
रूप अनूप बिराजत सुंदर नैनन की कहि क्राति न जाई ॥
चारु छके छबि हेरि चराचर देव अदेव रहै उरझाई ॥१६॥

चौपई ॥

सूर सैन राजै सुनि पायो ॥
बेटा बीर सैन को आयो ॥
लोक अगमनै अधिक पठाए ॥
आदर सौ ग्रिह मै तिह ल्याए ॥१७॥
तब रानी संमस सुनि पायो ॥
ढोला देस हमारे आयो ॥
फूलत अधिक ह्रिदै महि भई ॥
दुरबल हुती पुसट ह्वै गई ॥१८॥
भेटत पीय पियवहि भई ॥
चित मै अति प्रफुलत ह्वै गई ॥
ऐचि ऐचि पिय गरे लगावै ॥
छैलहि छैल न छोरियो जावै ॥१९॥

दोहरा ॥

पिय पातर पतरी त्रिया परम प्रीति उपजाइ ॥
गहि गहि परै प्रजंक पर पल पल बलि बलि जाइ ॥२०॥

चौपई ॥

संमस संग न कसि रति करै ॥
चित मै इहै बिचार बिचरै ॥
ऐचि हाथ ता को न चलावै ॥

जिनि कटि टूटि प्रिया की जावै ॥२१॥

दोहरा ॥

तब संमस ऐसे कहियो सुनिहो ढोलन मीत ॥
रति कसि कसि मो सौ करौ ह्वै कै ह्रिदै निचीत ॥२२॥
ढोला नरवर कोट को बसौ नेह के गाव ॥
ता ते सभ त्रिय पियन को ढोला उचरत नाव ॥२३॥
निडर होइ तुम मुहि भजो संका करौ न एक ॥
ज्यों रेसम टूटे नही कसिसै करो अनेक ॥२४॥
अड़िल ॥
सुनत पियरवा बैन ताहि भोगत भयो ॥
चौरासी आसन संमस के कसि लयो ॥
चुंबन लए अनेक अंग लपटाइ कै ॥
हो चिमटि चिमटि तिह भजियो हरख उपजाइ कै ॥२५॥
चतुरु चतुरिया चिमटि चिमटि रति मानही ॥
बिहसि बिहसि बहु भातिन बचन बखानही ॥
त्रिया तिहारो आसन तजियो न जावई ॥
हो कहि कहि ऐसी भाति गले लपटावई ॥२६॥
भाति भाति अबला के आसन लेत भयो ॥
लपटि लपटि करि गरे ताहि सुख देत भयो ॥
चिमटि चिमटि रति करै दोऊ मुसकाइ कै ॥
हौ सकल कोक को मत कौ कहै बनाइ कै ॥२७॥

चौपई ॥

लै मुकलावो अति सुख पायो ॥
नरवर गड़ की ओर सिधायो ॥
ब्याहित दूत त्रिया को धायो ॥
सकल जाइ तिह भेद जतायो ॥२८॥

दोहरा ॥

तब ब्याहित अगली त्रियहि भेद सकल सुनि पाइ ॥
कोपि अधिक चित मै कीयो सुनि संमस को नाइ ॥२९॥
स्वरनमती ब्याहित अगलि चित अति कोप बढाइ ॥
बीर सैन पति पितु भए ऐस कहत भी जाइ ॥३०॥
कहों बचन चित दै सुनो बैन एस के एस ॥
भजि ढोला तुम ते गयो लेन तिहारो देस ॥३१॥

चौपई ॥

जो तू जिय ते ताहि न मरि है ॥
तौ तेरो सोऊ बध करि है ॥
कै राजा जिय ते तिह मारो ॥
नातर अब ही देस निकारो ॥३२॥
जब इह भाति राव सुनि पाई ॥
चित के बिखै सति ठहराई ॥
जौ त्रिय ल्यावन काज सिधावत ॥
मेरे कहे बिना नहि जावत ॥३३॥
पुत्र बधू मुहि साचु उचारो ॥
लियो चहत सुत राज हमारो ॥

या कौ कहौं न मुख दिखरावै ॥
द्वादस बरख बनहि बसि आवै ॥३४॥

दोहरा ॥

पलटि खरावन कौ धरियो पठै मनुछ इक दीन ॥
मोहि मिले बिनु बन बसै राव बचन इह कीन ॥३५॥
सुनत भ्रित न्रिप के बचन ताहि कहियो समझाइ ॥
देस निकारो तुहि दियो मिलहु न मो को आइ ॥३६॥
तब ढोलन अति दुखित ह्वै ऐसे कहियो पुकारि ॥
जीवहिगे तौ मिलहिगे नरवर कोट जुहार ॥३७॥
तब सुंदरि संगि उठि चली सुनि करि ऐसो बैन ॥
हियो फटत अंतर घटत बारि चुआवत नैन ॥३८॥
अड़िल ॥
सुनि ढोलन ए बैन नरवरहि तजि गयो ॥
द्वादस बरख प्रमान बसत बन मै भयो ॥
बन उपबन मै भ्रमत फलन को खाइ कै ॥
हो त्रिया सहित तह बस्यो म्रिगन कह घाइ कै ॥३९॥
बरख त्रिदसए बीर सैन तन तजि दयो ॥
म्रितु लोक कह छोरि स्वरगबासी भयो ॥
तब ढोलन फिरि आनि राज अपनो लियौ ॥
हो रानी संमस साथ बरख बहु सुख कियौ ॥४०॥

CHARITAR १६१ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ इकसठवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥161॥3211॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

देस तपीसा के रहै आठ चोरटी नारि ॥
रैनि दिवस चोरी करै सकै न कऊ बिचारि ॥१॥
चित्रमती तसकर कुअरि द्वै तिन की सिरदार ॥
मारग मै इसथित रहै घावहि लोग हजार ॥२॥
नाराइन दामोद्र भनि बिंद्राबनहि उचारि ॥
सुनि सारत ऐसे त्रिया सभ ही जाहि बिचारि ॥३॥
नाराइन नर आइयौ दामोदर दामंग ॥
बिंद्राबन लै जाइ बन मारहु याहि निसंग ॥४॥

चौपई ॥

जब अबला ऐसे सुनि पावै ॥
ता नर कौ बन मै लै जावै ॥
फासी डारि प्रथम तिह घावै ॥
ता पाछै तिह दरबु चुरावै ॥५॥
आवत एक नार तह भई ॥
फासी डारि तिसू कौ लई ॥
तब अबला तिन बचन उचारे ॥
सु मै कहत हौ तीर तिहारे ॥६॥
अड़िल ॥
कहि निमिति मुहि मारो अति धन देत हौ ॥
तुमरो कछू न दरबु चुराए लेत हौ ॥

सरखत अब ही हम ते लेहु लिखाइ कै ॥
हो सदन सहित सभ लेहु खजानो जाइ कै ॥੭॥
जौ तुम फासी डारि अबै मुहि घाइ हो ॥
जो धन हमरे पास वहै तुम पाइ हो ॥
सरखत क्यो न लिखाइ मंगाइन लीजियै ॥
हो धाम सहित सभ जाइ खजानो लीजियै ॥੮॥

दोहरा ॥

चिंत करी इसत्रिन जु हम लैहै इह धन घाइ ॥
ह्यां को दरबु कर आइ है हुआं को लयो न जाइ ॥੯॥
ता ते अबै मंगाइ कै सरखत लेहु लिखाइ ॥
धाम सहित या कौ दरब लेहि सहिर मै जाइ ॥੧੦॥
अड़िल ॥
सरखत लियो लिखाइ सु तुरतु मंगाइ कै ॥
इहै त्रिया तिन ता मै लिखियौ रिसाइ कै ॥
मोहि एकलो जानि फास गर डारि करि ॥
हो सरखत लियो लिखाइ बसत्र धन मोहि हरि ॥੧੧॥

चौपई ॥

ता कौ छोरि फास ते दियो ॥
आपु नगर को मारग लियो ॥
जब सरखत काजियहि निहारियो ॥
तिन कौ चौक चादनी मारियो ॥੧੨॥

दोहरा ॥

तुंद कला तब बन बिखै ऐसो चतिर बनाइ ॥
प्रान राखि धन राखियो उन इसत्रिनि को घाइ ॥੧੩॥

CHARITAR ੧੬੨ — *SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ बासठवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥162॥3224॥अफजूं॥

दोहरा ॥

ग्वारिएर गड़ मो रहै भद्र सैन न्रिप नाम ॥
जा को जीव जगत्र के जपत आठहू जाम ॥੧॥

चौपई ॥

बिजै कुअरि ता की बर नारी ॥
निजु हाथन बिधि जनुक सवारी ॥
अप्रमान तिह प्रभा बिराजै ॥
जा कौ निरखि चंद्रमा लाजै ॥੨॥

दोहरा ॥

भद्र सैन न्रिप एक दिन खेलन चड़ियो सिकार ॥
जान बैरियन घात तिह ता कौ दियो संघार ॥੩॥

चौपई ॥

चली खबरि रानी पहि आई ॥
राजा हने बैरियन जाई ॥
तब रानी मन मंत्र बिचारियो ॥
सु मै चौपई मो कहि डारियो ॥४॥
सुत बालक हमरो बिधि कीनो ॥
नाथ मारग सुर पुर को लीनो ॥
ता ते इहै चरित्र बिचारो ॥
छल करि तिन बैरिन को मारो ॥५॥
लिख पत्री तिन तीर पठाई ॥
न्रिप जो करी तैसियै पाई ॥
सूरज कला दुहिता कौ लीजै ॥
हम सभ की प्रतिपारा कीजै ॥६॥
पत्री बाचि फूलि जड़ गए ॥
जोरि बरातहि आवत भए ॥
जब ही भद्र सैन पुर आए ॥
तब रानी यौ बचन सुनाए ॥७॥
एक एक साऊ ह्यां आवहि ॥
हम ते पाव पुजावत जावहि ॥
ता पाछे आपुन न्रिप आवै ॥
सूरज कला को लै घर जावै ॥८॥
हमरे धाम रीति इह परी ॥
ता ते जात दूरि नहि करी ॥
एक एक जोधा प्रथमावहि ॥
ता पाछै राजा कौ ल्यावहि ॥९॥
एक एक साऊ तह आयो ॥
डारि डारि फासी त्रिय घायो ॥
एक संघारि डारि करि दीजै ॥
दूसर कौ यौ ही बध कीजै ॥१०॥
सभ सूरन को प्रथम संघारियो ॥
मारि भोहरन भीतरि डारियो ॥
ता पाछे न्रिप बोल पठायो ॥
रानी डारि फास गर घायो ॥११॥

दोहरा ॥

सभ सूरा प्रथमै हने बहुरि न्रिपति कौ कूटि ॥
जो लसकर बाकी बचियो सो सभ लीनो लूटि ॥१२॥
सभ बैरिन कौ घाइ कै सुत कौ राज बैठाइ ॥
पुनि पति के फैंटा भए जरी म्रिदंग बजाइ ॥१३॥

CHARITAR १६३ — *SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ त्रिसठवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥163॥3237॥अफजूं॥

चौपई ॥

उदै पुरी खुररम की नारी ॥
हजरति कौ प्रानन ते प्यारी ॥
मुख सूखत जी जी तिह करते ॥
अनत न लखे तवन के डरते ॥१॥

बेगम बाग एक दिन चली ॥
सोरह सत लीनो संग अली ॥
सुंदर नर इक पेखत भई ॥
त्रिय कौ भूलि सकल सुधि गई ॥२॥

दोहरा ॥

जोबन कुअरि सखी हुती लीनी निकट बुलाइ ॥
उदै पुरी ता सौ सकल भेद कहियो समझाइ ॥३॥
सवैया ॥
कानि करौ नहि साहिजहान की धाम जितो धन है सु लुटाऊं ॥
अंबर फारि दिगंबर ह्वै करि चंदनुतारि बिभूति चड़ाऊं ॥
का सौ कहौ नहि तू हमरो कोऊ जी की ब्रिथा कहि ताहि सुनाऊं ॥
पंख दए बिधि तू लखि मो कह प्रीतम कौ उडि कै मिलि आऊं ॥४॥
प्रीति करी तिह सौ किह काज सु मीत के काज जु मीत न आवै ॥
पीर कहै अपने चित मै उहि पीर कौ पीर के नीर बुझावै ॥
हौ अटकी मन भावन सौ मुहि कैसियै बात कोऊ कहि जावै ॥
हौ होऊ दासन दासि सखी मुहि जो कोऊ प्रीतम आनि मिलावै ॥५॥
जो सखी काज करै हमरो तिह भूखन की कछु भूख न ह्वै है ॥
बसत्र अपार भरे घर बार सु एकहि बार हजारन लै है ॥
मोरी दसा अवलोकि कै सुंदरि जानत ही हियो मै पछुतै है ॥
कीजै उपाइ दीजै बिखु आइ कि मीत मिलाइ कि मोहू न पै है ॥६॥
ऐसे उदै पुरी के मुख ते बच जोबन कुअरि जबै सुनि पायो ॥
ताहि पछान भली बिधि सौ मन बीच बिचार इहै ठहरायो ॥
देग मै डारि चली तित को बगवानन भाखि पक्वान लखायो ॥
साइत एक बिहानी न बाग मै आनि पिआरी कौ मीत मिलायो ॥७॥

दोहरा ॥

उदै पुरी पिय पाइ तिह चरन रही लपटाइ ॥
ता को जो दारिद हुते छिन मै दयो मिटाइ ॥८॥
अड़िल ॥
गहि गहि ता को बाल गरे चिमटत भई ॥
लपटि लपटि ता के आसन के तर गई ॥
चौरासी आसन सभ लिये बनाइ कै ॥
हो आठ जाम रति करी हरख उपजाइ कै ॥९॥

दोहरा ॥

तरुन पुरख तरुनै त्रिया त्रितिय चंद्र की जौनि ॥
लपटि लपटि करि रति करै तिन ते हारै कौन ॥१०॥
अड़िल ॥
कोकसार के मुख ते मतन उचारही ॥
भाति भाति उपबन की प्रभा निहारही ॥
चौरासी आसन सभ करे बनाइ करि ॥
हो भाति भाति रति करी गरे लपटाइ करि ॥११॥

दोहरा ॥

चौरासी आसन लए भाति भाति लपटाइ ॥
चतुर चतुरियहि भावई छिनक न छोरियो जाइ ॥१२॥

चौपई ॥

ता की त्रिया भेद सुनि पायो ॥
उदै पुरी मो पतिहि बुलायो ॥
भाति भाति ता सौ रति करी ॥
मो ते जात बात नहि जरी ॥१३॥
साहिजहा पै अबै पुकारौ ॥
छिन मै तुमै ख्वार करि डारौ ॥
यौ कहि बैन जात भी तहा ॥
हजरति रंग महल महि जहा ॥१४॥
उदैपुरी तिह संग ल्याई ॥
तब लौ नारि पुकारि सुनाई ॥
साहिजहा तब बचन उचारे ॥
कवन करत इह सोर दुआरे ॥१५॥

दोहरा ॥

उदै पुरी तब यौ कहियो समुझि चित कै माहि ॥
सती भयो चाहत त्रिया होन देत इह नाहि ॥१६॥

चौपई ॥

तब हजरति इह भाति उचारो ॥
या कौ मनै करो जिनि जारो ॥
त्रिय जन संग अमित करि दए ॥
ता कह पकरि जरावत भए ॥१७॥

दोहरा ॥

अति रति ता सो मानि कै संग पियरवहि ल्याइ ॥
हजरत को इह छल छलियो सवतिहि दियो जराइ ॥१८॥

CHARITAR १६४ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ चौसठवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥164॥3255॥अफजूं॥

दोहरा ॥

हिंगुलाज जग मात के रहै देहरो एक ॥
जाहि जगत के जीव सभ बंदत आनि अनेक ॥१॥

चौपई ॥

सिंघ बचित्र तहा को न्रिप बर ॥
भाति भाति को धनु ता के घर ॥
भान कला तिह त्रिया भणिजै ॥
ता के को त्रिय तुलि कहिजै ॥२॥
दिजबर सिंघ एक दिज ता के ॥
भिसत कला अबला ग्रिह वा के ॥
सात पूत सुंदर तिह घर मै ॥
कोबिद सभ ही रहत हुनर मै ॥३॥

दोहरा ॥

तहा भवानी को भवन जाहिर सकल जहान ॥
देस देस के एस जिह सीस झुकावत आनि ॥४॥
अड़िल ॥
अति सुंदर मठ ऊची धुजा बिराजही ॥
निरखि दिपतता ताहि सु दामनि लाजही ॥
देस देस के एस तहा चलि आवही ॥
हो जानि सिवा को भवन सदा सिर न्यावही ॥५॥

दोहरा ॥

जो इछा कोऊ करै सो सभ पूरन होइ ॥
प्रगट बात सभ जगत इह जानत है सभ कोइ ॥६॥

चौपई ॥

एक दिवस ऐसो तह भयो ॥
अभ्रयो सूर चंद्र प्रगटयो ॥
अकसमात्र बानी तिह भई ॥
सो दिजबर स्रवनन सुनि लई ॥७॥
प्रात भए राजा इह मरि है ॥
कोटि उपाव किसै न उबरि है ॥
जो कोऊ सात पूत ह्यां मारै ॥
तौ अपनौ यह राव उबारे ॥८॥
दिजबर सुनि बचनन ग्रिह आयो ॥
निजु नारी तन भेद जतायो ॥
तब त्रिय सात पूत संग लीने ॥
सरब मंगला की बलि दीने ॥९॥
सात पूत पित हने निहारे ॥
असि लै कंठ आपने मारे ॥
सुर पुर बाट जबै तिन लई ॥
ठाढी नारि निहारत भई ॥१०॥
वहै हाथ अपने असि लीनो ॥
निजु प्रानन को त्रास न कीनो ॥
राव बचै कहि ताहि संभारियो ॥
गहि करि कंठ आपने मारियो ॥११॥
सात पूत हनि पतहि संघारियो ॥
बहुरि मूंड अपनो कटि डारियो ॥
राव चक्रयो कौतक जब लहियो ॥
सोई खड़ग हाथ मै गहियो ॥१२॥
सात पूत हमरे हित मारे ॥
बहुरि आपुने नाथ संघारे ॥
पुनि इन देह नेह मम दियो ॥
ध्रिग इह राज हमारो कियो ॥१३॥
सोई खड़ग कंठी पर धरियो ॥
मारन अपनो आपु बिचरियो ॥
क्रिपा करी तब ताहि भवानी ॥
ऐसी भाति बखानी बानी ॥१४॥
अड़िल ॥
इन कौ लेहु जियाइ न निजु बध कीजियै ॥

राज बरिस बहु करौ बहुत दिन जीजीयै ॥
तब दुरगा तै सभ ही दए जियाइ कै ॥
हो निरखि न्रिपति की प्रीति हरख उपजाइ कै ॥१५॥

चौपई ॥

ऐसो ढीठ तवन त्रिय करियो ॥
पति पूतन के प्रानन हरियो ॥
बहुरो बध अपनो कहूं कीनो ॥
प्रान बचाइ न्रिपति को लीनो ॥१६॥

दोहरा ॥

निरखि सतता सभन की जग जननी हरखाइ ॥
सात पूत पति के सहित तिह जुत दए जियाइ ॥१७॥
त्रिय चरित्र दुहकरि करियो जैसो करै न कोइ ॥
पुरी चत्रदस के बिखै धंन्य धंन्य तिह होइ ॥१८॥

चौपई ॥

सात पूत मूए जियराए ॥
अपनी देह सहित पति पाए ॥
न्रिप की बडी आरबल होई ॥
ऐसो करत चरित्र न कोई ॥१९॥

CHARITAR १६५ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ पैसठवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥165॥3274॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

सुक्रित सिंघ सूरो बडो सूरति को नरपाल ॥
जुबन कला रानी रहै जा के नैन बिसाल ॥१॥

चौपई ॥

ता के एक पूत ग्रिह भयो ॥
सवतिन डारि सिंधु मै दयो ॥
कहियो कि इह भिरटी लै गई ॥
इहै खबरि राजा कह भई ॥२॥
रानी अधिक सोक तब कीनो ॥
माथो फोरि भूंमि तन दीनो ॥
तब राजा ता के ग्रिह आयो ॥
भाति भाति तिह ताप मिटायो ॥३॥
रीति काल की किनूं न जानी ॥
ऊच नीच के सीस बिहानी ॥
एकै बचत काल से सोऊ ॥
राव रंक अरु बचत न कोऊ ॥४॥

दोहरा ॥

जो उपजियो सो बिनसियो जियत न रहसी कोइ ॥

ऊच नीच राजा प्रजा सुर सुरपति कोऊ होइ ॥५॥

चौपई ॥

तुम सुंदरि सभ सोक निवारहु ॥
स्री जदुपति कह हियै संभारहु ॥
वा सुत को कछु सोक न कीजै ॥
और मागि प्रभु ते सुत लीजै ॥६॥

दोहरा ॥

अवर तुमारे धाम मै ह्वै है पूत अपार ॥
वा को सोक न कीजियै सुन सुंदरि सुकुमारि ॥७॥

चौपई ॥

जब राजै यौ तिह समझायो ॥
तब रानी सुत सोक मिटायो ॥
अवर पूत की आसा भए ॥
चौबिस बरिस बीति करि गए ॥८॥
अड़िल ॥
सुंदर नर इक पेखत तब अबला भई ॥
ग्रिह की सभ सुधि बिसरि ताहि तब ही गई ॥
पठै सहचरी ता कौ लियो मंगाइ कै ॥
हो काम केल तिह संग करियो सुख पाइ कै ॥९॥

चौपई ॥

तब रानी यौ ह्रिदै बिचारी ॥
बोलि जार प्रति सकल सिखारी ॥
लरिका हुतो जोग्रयह हरियो ॥
सुंदर जानि न मो बधि करियो ॥१०॥

दोहरा ॥

थो बालक जोगी हरियो ह्वै भिरटी के भेस ॥
मै जानत नहि कवन सुत बसत कवन से देस ॥११॥

चौपई ॥

जार संग इह भाति सिखाई ॥
आप राव सो जाइ जताई ॥
जो बालक मै पूत गवायो ॥
सो मै आजु खोज ते पायो ॥१२॥
सुनि न्रिप बचन अनंदित भयो ॥
ता को बोलि निकटि तब लयो ॥
तब रानी इह भाति उचारो ॥
सुनो पूत तुम बचन हमारो ॥१३॥
सकल ब्रिथा अपनी तुम कहो ॥
हमरे सभ सोकन कह दहो ॥
राजा सों कहि प्रगट सुनायो ॥
राजपूत ह्वै राज कमायो ॥१४॥
सुनु रानी मै कहा बखानो ॥

बालक हुतो कछू नहि जानो ॥
जोगी कहियो सु तुम तन कहिहौ ॥
सोक संताप तिहारो दहिहौ ॥१५॥
इक दिन यौ जौगीस उचारियो ॥
सूरति सहिर बडो उजियारियो ॥
ह्वै भिरटी मै तहा सिधायो ॥
बालक सुत राजा को पायो ॥१६॥
ह्वै भिरटी जब ही मै धयो ॥
भाजि लोग आगे ते गयो ॥
तोहि डारि बगली महि लीनो ॥
औरै देस पयानो कीनो ॥१७॥
चेला अवर भछ तब ल्याए ॥
ताहि खवाइ करि नाथ रिझाए ॥
भछन काजि और कोऊ धरियो ॥
राव पूत लखि मोहि उबरियो ॥१८॥

दोहरा ॥

सुनु रानी ऐसे बचन नैनन नीरु बहाइ ॥
न्रिप देखत सुत जार कहि लयो गरे सो लाइ ॥१९॥

चौपई ॥

बालक हुतो पूत तब हरियो ॥
मोरे भाग सु जियत उबरियो ॥
कौनहूं काज देस इह आयो ॥
सो हम आजु खोज ते पायो ॥२०॥
गहि गहि ता को गरे लगावै ॥
देखत राव चूंबि मुख जावै ॥
अपने धाम सेज डसवाई ॥
ता सौ रैनि बिराजत जाई ॥२१॥
आठो जाम धाम तिह राखै ॥
पूत पूत मुख ते तिह भाखै ॥
काम केल निसि भई कमावै ॥
मूरख राव भेद नहि पावै ॥२२॥

CHARITAR १६६ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ छिआसठवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥166॥3296॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

बास बरेली के बिखै बीर बडो धन राव ॥
साह परी ता की त्रिया राखत सभ को भाव ॥१॥

चौपई ॥

एक पात्र राजा के आई ॥
भूखन बसत्र अनूप सुहाई ॥
न्रिप बर अटिक तवन पर गयो ॥
रानिन डारि ह्रिदै ते दयो ॥२॥

दोहरा ॥

एक भ्रात न्रिप को हुतो जा को रूप अपार ॥
साह परी ता सौ बिधी राजा को डर डारि ॥३॥

चौपई ॥

नितप्रति रानी ताहि बुलावै ॥
काम भोग तिह संग कमावै ॥
राजा कौ हिय ते बिसरायो ॥
ता कौ राज देउ ठहरायो ॥४॥
अब मै राज देत हौ तो कौ ॥
निजु नारी करियहु तुम मो कौ ॥
जो मै तुमै कहौं सो करियहु ॥
या राजा ते नैक न डरियहु ॥५॥
मन बीसक इक बिसहि मंगैयै ॥
सभ भोजन के बीच डरैयै ॥
राजा सहित आन सभ खै है ॥
छिनकिक बिखै म्रितक ह्वै जैहै ॥६॥

दोहरा ॥

तिन कौ प्रथम संघारि कै लीजै राजु छिनाइ ॥
आप देस पति हूजियै मोहि सहित सुख पाइ ॥७॥

चौपई ॥

तब तिन जार काज सोऊ कियो ॥
सैन सहित निवतो न्रिप दियो ॥
सभ भोजन भीतर बिसु डारी ॥
सभहिन बेस्वा सहित खवारी ॥८॥
सैन सहित भछत न्रिप भए ॥
घरिकिक बिखै मौत मरि गए ॥
जियत बचे तो तिन गहि घाए ॥
तिन ते एक जान नहि पाए ॥९॥
तिन कौ मारि राज तिन लियो ॥
ता कौ निजु नारी लै कियो ॥
हाथ ठाढ कीनो तिह घायो ॥
पाइ परियो तिह आनि मिलायो ॥१०॥
ऐसो चरित चंचला कीनो ॥
निजु नायक कौ बध करि दीनो ॥
और सूरमन कौ बध कियो ॥
राज जार अपनै को दियो ॥११॥

दोहरा ॥

इह चरित्र सौ चंचला निजु नायक को मारि ॥
राज जार कौ लै दियो ऐसे खेलि खिलारि ॥१२॥

CHARITAR १६७ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ सतसठवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥167॥3308॥अफज़ूं॥*

दोहरा ॥

पछिम को राजा रहै रन मंडन सिंघ नाम ॥
देस देस के एस जिह पूजत आठो जाम ॥१॥
वा राजा की बलिभा जोति मती सुभ कारि ॥
तीन भवन भीतर नही जा सम राज कुमारि ॥२॥

चौपई ॥

एक पात्र राजा पहि आई ॥
निजु हाथन बिधि जानु बनाई ॥
ता पर अटक राव की भई ॥
रानी बिसरि ह्रिदै तै गई ॥३॥

दोहरा ॥

तब रानी चित के बिखै रही अधिक ही खीझि ॥
वा बेस्वा परि राव की सुनि स्रवनन अति रीझि ॥४॥

चौपई ॥

देस देस खबरै दै गई ॥
बेस्वन रीझि राव की भई ॥
अबला देस देस ते आई ॥
आनि राव की पुरी सुहाई ॥५॥

दोहरा ॥

तब रानी क्रुधित भई धारि बदन मै मौन ॥
न्रिप अटके बेस्वन भए हमै संभरि है कौन ॥६॥

चौपई ॥

ऐसो जतन कछू अब करियै ॥
जा ते इन बेस्वन कौ मरियै ॥
लखत राव के प्रीति जनाऊ ॥
छलि सो बडो कलेस मिटाऊ ॥७॥
अधिक प्रीत बेस्वन सौ कीनी ॥
लछमी बहुत सभन कह दीनी ॥
प्रीति करत जिह न्रिपति हमारो ॥
सो हम कौ प्रानन ते प्यारो ॥८॥
इह सुनि बैन फूल न्रिप गयो ॥
भेद अभेद न पावत भयो ॥
या सौ करत प्रीति मै भारी ॥
रानी करत ताहि रखवारी ॥९॥

दोहरा ॥

सभ रानी बेस्वन सहित लीनी निकटि बुलाइ ॥
भाति भाति के सुख किये तिन ते गीत गवाइ ॥१०॥

चौपई ॥

ऐसो चरित नित न्रिप करई ॥
कछु रानिन ते संक न धरई ॥
सभ बेस्वन ते धाम लुटावै ॥
जोति मती जिय मै पछुतावै ॥११॥
तब रानी न्रिप तीर उचारो ॥
सुनो न्रिपति जू बचन हमारो ॥
बेरी एक बैठि सुख कीजै ॥
दूजी नाव बेसवन दीजै ॥१२॥
हम तुम बैठि नाव सुख कैहै ॥
इन बेस्वन ते गीति गवैहै ॥
जो सुंदरि इन ते लखि लिजियहु ॥
ता सौ भोग राव तुम किजियहु ॥१३॥
सो सुनि राव अनंदित भयो ॥
त्रियन सहित बेस्वन लै गयो ॥
आमूं जहा बहित नद भारो ॥
जनु बिधि असटम सिंधु सवारो ॥१४॥
नीकी नाव रानियन लई ॥
बेरी बुरी बेस्वन दई ॥
अपने राव तीर बैठारियो ॥
मूरख भेद न कछू बिचारियो ॥१५॥
तब रानी तिन अति धनु दीनो ॥
बेरियार अपने बसि कीनो ॥
जहा बहत आमूं नद भारो ॥
बेस्वन तही बोरि तुम डारो ॥१६॥
अरध नदी नवका जब गई ॥
तब ही फोरि मलाहन दई ॥
सभ बेस्वा डूबन तब लागी ॥
भरूवनि दसो दिसन कह भागी ॥१७॥
बेस्वा सकल गुचकियन खाही ॥
ठौर न रही भाजि जित जाही ॥
हाइ हाइ रानी तब करई ॥
इन मूए राजा इह मरई ॥१८॥
राव सुनत इन कहै निकारहु ॥
सखियन कहियो बोर गहि डारहु ॥
अमित म्रिदंग बहत कहूं जाही ॥
बेस्वा कही गुचकियन खाही ॥१९॥
मुरली मुरज तंबूरा बहै ॥
भरूआ बहे जाति नहि कहे ॥
भरूअनि कहूं पुकारत जाही ॥
बेस्वन रही कछू सुधि नाही ॥२०॥
डूबि डूबि भरूआ कहूं मरे ॥
भरूअनि उदर नीर सो भरे ॥
बेस्वा एक जियत नहि बाची ॥
ऐसी मार किरीचक माची ॥२१॥
गुचकि खात बेस्वा जे गई ॥
टंगरनि पकरि बोरि सोऊ दई ॥
हाइ हाइ न्रिप ठाढ पुकारै ॥
को पहुचै तिन खैंचि निकारै ॥२२॥
जो बेस्वा काढन कह गयो ॥
डूबत वहू नदी महि भयो ॥

धार धार भरुअनि इक करही ॥
डूबि डूबि सरिता मो मरही ॥२३॥
कूकि कूकि बेस्वा सभ हारी ॥
किनही पुरख न ऐंचि निकारी ॥
भरूआ मरि भरूअनि जुत रहे ॥
इक सो साठि ताइफे बहे ॥२४॥

दोहरा ॥

दस दस मन तिलकै भई खट मन भई इजार ॥
डूबि मरी बेस्वा सकल कोऊ न सकियो निकारि ॥२५॥

चौपई ॥

तब रानी न्रिप पै चलि गई ॥
भाति भाति समुझावत भई ॥
पति तुम कछू सोक न बिचारहु ॥
इन रनियन के संग बिहारहु ॥२६॥
और बेस्वा बोलि पठैयहु ॥
काम केल तिन संग कमैयहु ॥
जौ तुम कौ राखियो करतारा ॥
होइ सुंदरी कई हजारा ॥२७॥

दोहरा ॥

मूड़ राव चुप ह्वै रहियो सकियो न चरित बिचारि ॥
प्रगट अखारे साठि सत रानी दए संघारि ॥२८॥

CHARITAR १६८ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ अठसठवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥168॥3336॥अफजूं॥

चौपई ॥

ब्रिज महि एक अहीरनि रहै ॥
साह परी ता कौ जग कहै ॥
अति उतम तिह अंग बिराजै ॥
जा कौ निरखि चंद्रमा लाजै ॥१॥
रंगी राम अहीरिक तहा ॥
लागी लगन त्रिया की उहा ॥
जब सोयो अपनो पति जानै ॥
काम केल तिह संग प्रमानै ॥२॥
एक दिवस ता सो पति सोयो ॥
काम केल करि अति दुख खोयो ॥
रंगी राम तहा चलि आयो ॥
फिरि घर चलियो दाव नहि पायो ॥३॥
जागत हुती त्रिया लखि लीनो ॥
नैनन सैन मित्र कह दीनो ॥
खारी हुती सु ऐंचि मंगाई ॥
निजु पलघा के निकटि बिछाई ॥४॥
पिय के अंग अलिंगन करियो ॥

आसन तिह खारी पर धरियो ॥
मन मानत को भोग कमायो ॥
मूरख नाह भेद नहि पायो ॥५॥
अड़िल ॥
चिमटि चिमटि करि भोग अधिक ता सौ कियो ॥
अधर पान करि कै करि जारि बिदा दियो ॥
सोत रहियो मूरख कछु भेद न पाइयो ॥
हो धर खारी पर कस इन करम कमाइयो ॥६॥

दोहरा ॥

उर चिमटयो पिय सो रहियो केल जार तन कीन ॥
खारी दई उठाइ पुनि जार बिदा करि दीन ॥७॥

CHARITAR १६९ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे इक सौ उनतरवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥169॥3343॥अफज़ूं॥*

दोहरा ॥

पलवल को राजा रहै सरब सिंघ तिह नाम ॥
देस देस के एस जिह भजत आठहूं जाम ॥१॥

चौपई ॥

कला सु बीर ताहि बर नारी ॥
मथि समुंद्र जनु सात निकारी ॥
जोबन जोति अधिक तिह सोहै ॥
देव अदेवन को मन मोहै ॥२॥
रावत सिंघ बिलौकत भई ॥
हरि अरि बसि रानी ह्वै गई ॥
बूडि मरा तव सुत हम आंखिन सौ लहा ॥
हो बहत नदी महि गयो न कर किनहूं गहा ॥७॥
साहु सुनत इह भाति उठा अकुलाइ कै ॥
सरिता तीर पुकारत आतुर जाइ कै ॥
लोटत लोटत भू पर इत ते उत गयो ॥
हो माल मताह लुटाइ अथित ह्वै जात भयो ॥८॥
वही सखी या पहि इह भाति उचारियो ॥
तव पितु ह्वै करि अतिथ सु बनहि पधारियो ॥
माल मताहि लुटाइ जात बन कौ भयो ॥
हो राज कुअरि के धाम सौपि तुम कह गयो ॥९॥
पितु ते भयो निरास रहत तिह ग्रिह भयो ॥
देस माल सुख पाइ बिसरि सभ ही गयो ॥
काज करत सोई भयो कुअरि जो तिह कहियो ॥
हो इह छल सेती छला सदा ता के रहियो ॥१०॥
अपनो धाम बिसारि कुअरि चित ते दयो ॥
बहुत काल सुख पाइ रहत तिह ग्रिह भयो ॥
भेद न दूजे कान किनूं नर जानियो ॥
हो साहु पुत्र सौ अधिक कुअरि रस ठानियो ॥११॥

CHARITAR २६२ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ बासठ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥262॥4951॥अफजूं॥

चौपई ॥

अजैचंद पूरब की दिसि न्रिप ॥
अनिक भाति जीते जिन बहु रिप ॥
नागरमती नारी ता के घर ॥
रूपवान दुतिमान छटा बर ॥१॥
जुधकरन राजा को भ्राता ॥
कुंट चारहूं बिच बिख्याता ॥
अति ही रूप तवन को राजत ॥
जानु दिवाकरि दुतिय बिराजत ॥२॥

दोहरा ॥

अबला ता को रूप लखि अटिक रही मन माहि ॥
पति करि दिया बिसारि करि कछू रही सुधि नाहि ॥३॥

चौपई ॥

सखी हुती इक तहा स्यानी ॥
तिन यह बात सकल पहिचानी ॥
रनियहि भाखि तहा चलि गई ॥
सभ तिह बात बतावत भई ॥४॥
जुधकरन इह बात न मानी ॥
नागमती तब भई खिसानी ॥
जा महि मै अपना मन दिया ॥
उह जड़ हम मै चित न किया ॥५॥

दोहरा ॥

जौ इह हमरी सभ ब्रिथा कहि है काहू पास ॥
अजैचंद राजा अबै हम ते होइ उदास ॥६॥

चौपई ॥

तब पति और त्रियन हित कै है ॥
भूल न धाम हमारे ऐ है ॥
तब हौ काज कहौ का करि हौ ॥
बिरहा की पावक महि बरि हौ ॥७॥

दोहरा ॥

ता ते करो चरित्र कछु हनियै या कहु आज ॥
साम डारि या के इसै हनौ न जानहि राज ॥८॥

चौपई ॥

एक सखी कह कहि समझायो ॥
अधिक दरबु दै तहा पठायो ॥
जब आवत न्रिप कह लखि लीजौ ॥
तब मद पी गारी तिह दीजौ ॥९॥
अजैचंद तिह ठा जब आयो ॥
अपहि त्रिय बौरी ठहरायो ॥
भाति अनिक गारिन तिह दीयो ॥
कोपमान राजा कह कीयो ॥१०॥
न्रिप इह कहा अबै गहि लेहु ॥
डारि इसी धौलर ते देहु ॥
तब सखि भाज जात भी तहा ॥
जुधकरन को ग्रिह थो जहा ॥११॥
अधिक कोप रानी तब भई ॥
सैना को आग्या इम दई ॥
जिन न्रिप चोर डारि ग्रिह राखी ॥
ता को हनो आज यौ भाखी ॥१२॥

दोहरा ॥

यौ न्रिप हूं आग्या दई अति चित कोप बढाइ ॥
सखी सहित वहि मूड़ कौ अब ही देहु उडाइ ॥१३॥

चौपई ॥

आइसु दिया तोपखाना कौ ॥
इह घर पर छाडहु बाना कौ ॥
अब ही या कह देहु उडाई ॥
पुनि मुख हमहि दिखावहु आई ॥१४॥

दोहरा ॥

सुनि न्रिप के चाकर बचन तहा पहूंचे जाइ ॥
त्रिया चरित्र न बूझियो भ्राता दियो उडाइ ॥१५॥

चौपई ॥

त्रिया चरित्र किनहूं नहि जाना ॥
बिधना सिरजि बहुरि पछुताना ॥
सिव घर तजि काननहि सिधायो ॥
तऊ तरुनि को अंतु न पायो ॥१६॥

दोहरा ॥

इह छल सौ राजा छला जुधकरन कौ घाइ ॥
त्रिय चरित्र को मूड़ कछु भेव सका नहि पाइ ॥१७॥

CHARITAR २६३ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ तिरसठि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥263॥4968॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

न्रिपति बिचछ्न सैन के मती सुलछनि नारि ॥
दछनि को राजा रहै धन करि भरे भंडार ॥१॥

चौपई ॥

बिरह कुअरि ता के दुहिता इक ॥
पड़ी ब्याकरन कोक सासत्रनिक ॥
नाना बिधि की बिद्या धरै ॥
बहु पंडित उसतित जिह करै ॥२॥

दोहरा ॥

अधिक रूप तिह कुअरि को ब्रहम बनायो आपु ॥
ता सम सुंदरि थापि करि सका न दूसरि थापु ॥३॥
परी पदमनी पंनगी ता सम और न कोइ ॥
नरी न्रितकारी नटी दुतिय न वैसी होइ ॥४॥
हिंदुनि तुरकानी जिती सुरी आसुरी बारि ॥
खोजत जगत न पाइयत दूसर वैसी नारि ॥५॥
इंद्र लोक की अपछ्रा ताहि बिलोकनि जात ॥

निरखत रूप अघात नहि पलक न भूलि लगात ॥६ ॥

चौपई ॥

हेरि अपछरा तिह मुसकानी ॥
सखिन माझ इह भाति बखानी ॥
जैसी यह सुंदर जगि माही ॥
ऐसी अवर कुअरि कहूं नाही ॥७ ॥
साह परी वाच ॥
अड़िल ॥
जैसी यह सुंदरी न सुंदरि कहूं जग ॥
थकति रहत जिह रूप चराचर हेरि मग ॥
या सम रूप कुअर जो कतहूं पाईऐ ॥
हो करि कै क्रोरि उपाइ सु याहि रिझाइऐ ॥८ ॥

दोहरा ॥

परी सुनत ऐसे बचन सभन कहा सिर न्याइ ॥
या सम सुंदर पुरख इह दै है खोजि मिलाइ ॥९ ॥
अड़िल ॥
परी राज की परी सभाग्रया पाइ कै ॥
चलत भई सखि सहस सिंगार बनाइ कै ॥
खोजि फिरी सभ देस न सुंदर पाइयो ॥
हो एक हुतो रिखि तह तिन भेद बताइयो ॥१० ॥

चौपई ॥

इक रिखि थो कानन इक भीतर ॥
ता सम तपी न थो अवनी पर ॥
तिनिक अपछरा तहा निहारी ॥
क्रिपा जानि इह भाति उचारी ॥११ ॥

दोहरा ॥

को है री तू कह चली क्योन आई इह देस ॥
कै तू इसत्री इंद्र की कै अबला अलिकेस ॥१२ ॥

चौपई ॥

किह कारन ते तै ह्यां आई ॥
कहु कवनै किह काज पठाई ॥
साच कहे बिनु जान न दै हौ ॥
नातर स्राप अबै तुहि कै हौ ॥१३ ॥
अड़िल ॥
एक दिवस मुनि चली अपछरा धाइ कै ॥
निरखि कुअरि को रूप रही उरझाइ कै ॥
चित महि किया बिचार कुअर हूं पाइयै ॥
हो ऐसो सुंदर खोजि सु याहि मिलाइयै ॥१४ ॥

चौपई ॥

हम सी सखी सहस्रन सुंदरि ॥
पठै दई दसहूं दिसि मुनि बर ॥

खोजि थकी प्रीतम नहि पायो ॥
देस देस सभ हेरि गवायो ॥१५॥

दोहरा ॥

खोजि देस ब्याकुल भई आई तुमरे पास ॥
दीजै सुघर बताइ कहूं कारज आवहि रास ॥१६॥

चौपई ॥

ब्रहमा एक पुरख उपजायो ॥
न्रिप के धाम जनम तिन पायो ॥
सात समुंद्रन पार बसत सो ॥
को पहुचै तिह ल्याइ सकत सो ॥१७॥

दोहरा ॥

रिखि के इह बिधि बचन सुनि चलत भई सु कुमारि ॥
सपत सिंध के छिनिक महि जात भई उहि पार ॥१८॥

चौपई ॥

सुंदर सदन हुतो जह न्रिप बर ॥
जात भई सुंदरि ताहि घर ॥
जह न्रिप सुत आस्रम सुनि लीया ॥
गई तहा तिन बिलम न कीया ॥१९॥
लोकंजन डारत चख भई ॥
परगट हुती लोप ह्वै गई ॥
यह सभ ही को रूप निहारै ॥
या कौ कोऊ न पुरख बिचारै ॥२०॥
अड़िल ॥
सिंघ दिलीस धारि बसत्र बैठे जहा ॥
लोकंजन द्रिग डारि जात भी त्रिय तहा ॥
हेरि तवन की प्रभा रही उरझाइ करि ॥
हो सुधि या की गी भूलि रही ललचाइ करि ॥२१॥

चौपई ॥

यह सुधि ताहि बिसरि करि गई ॥
तिह पुर बसत बरख बहु भई ॥
कितक दिनन वा की सुधि आई ॥
मन महि तरुनी अधिक लजाई ॥२२॥
जौ यह बात परी सुनि पै है ॥
मो कह काढि स्वरग ते दै है ॥
ता ते या कौ करौ उपाई ॥
जा ते इह उहि देउ मिलाई ॥२३॥
आलय हुतो कुअर को जहा ॥
वा को चित्र लिखत भई तहा ॥
चित्र जबै तिन कुअर निहारा ॥
राज पाट सभ ही तजि डारा ॥२४॥
अड़िल ॥
मन मै भयो उदास राज को त्यागि कै ॥
रैनि दिवस तह बैठि रहत अनुरागि कै ॥

रोइ रोइ द्रिग नैनन रुहर बहावई ॥
हो कोटिन करै बिचार न ता कौ पावई ॥२५॥
नटी नाटकी न्रिपनी न्रितणि बखानियै ॥
नरी नागनी नगनी निजु त्रिय जानियै ॥
सिवी बासवी ससी कि रवि तन जई ॥
हो चेटक चित्र दिखाइ चतुरि चित लै गई ॥२६॥
लिख्यो चित्र इह ठौर बहुरि तिह ठा गई ॥
चित्र चतुरि के भवन बिखै लिखती भई ॥
प्रात कुअरि को जब तिन चित्र निहारियो ॥
हो राज पाट सभ साज तबै तजि डारियो ॥२७॥
निरखि कुअर को चित्र कुअरि अटकत भई ॥
राज पाट धन की सुधि सभ जिय ते गई ॥
बढी प्रेम की पीर बतावै कहो किह ॥
हो जो तिह सोक निवारि मिलावै आनि तिह ॥२८॥
मतवारे की भाति कुअरि बवरी भई ॥
खान पान की सुधि तब ही तजि करि दई ॥
हसि हसि कबहूं उठै कबै गुन गावई ॥
हो कबहूं रोवत दिन अरु रैनि बितावई ॥२९॥
दिन दिन पियरी होत कुअरि तन जावई ॥
अंतर पिय की पीर न प्रगट जतावई ॥
सात समुंदर पार पिया ता को रहै ॥
हो आनि मिलावै ताहि इतो दुख किह कहै ॥३०॥
अब कहो ब्रिथा कुअर की कछु सुनि लीजियै ॥
सुनहु सुघर चित लाइ स्रवन इत दीजियै ॥
रोत रोत निसु दिन सभ सजन बितावई ॥
हो परै न ता को हाथ चित्र उर लावई ॥३१॥

दोहरा ॥

इतै चाह उन की लगी उन कौ इन की चाह ॥
कहु कौने छल पाइयै करता करै निबाह ॥३२॥
अड़िल ॥
अतिथ भेस धरि परी कुअरि के ढिग गई ॥
राज सुता की बात बतावत तिह भई ॥
तुम कौ उन की चाह उनै तुमरी लगी ॥
हो निसु दिनु जपत बिहंग ज्यो प्रीति तैसी जगी ॥३३॥
सात समुंद्रन पार कुअरि वह जानियै ॥
नेह लग्यो तुम सो तिह अधिक प्रमानियै ॥
करि करि कौन उपाइ कहो तिह ल्याइयै ॥
हो राज कुअर सुकुमारि सु किह बिधि पाइयै ॥३४॥
मुहि सरदार परी की सुरिद बखानियै ॥
रवि ससि की सम जा को रूप प्रमानियै ॥
जब वहु राज कुअरि की चित निरखत भई ॥
हो तब हौ तुमरे तीर पठाइ तुरित दई ॥३५॥

दोहरा ॥

तीनि भवन मै भ्रमि फिरी ता सम कहूं न नारि ॥
ता के बरबे जोग हौ तुम ही राज कुमार ॥३६॥
अड़िल ॥
हौ सरदार परी पहि अब उठ जाइ हो ॥

कुअरि जोग बर लहि तुहि ताहि बताइ हो ॥
जब तुम ता कह जाइ सजन बरि लेहुगे ॥
हो कहा बतावहु मोहि तबै जसु देहुगे ॥३७॥

चौपई ॥

यौ कहि ता कौ परी उडानी ॥
सिवी बासवी रवी पछानी ॥
चलि सरदार परी पहि आई ॥
सकल ब्रिथा कहि ताहि सुनाई ॥३८॥

दोहरा ॥

तीनि लोक मै खोजि करि सुघर लखा इक ठौर ॥
चलि करि आपु निहारियै जा सम सुंद्र न और ॥३९॥

चौपई ॥

सुनत बचन सभ परी उडानी ॥
सात समुंद्र पार निजकानी ॥
जब दिलीप सिंघ नैन निहारा ॥
चित को सोक दूर करि डारा ॥४०॥

दोहरा ॥

अप्रमान दुति कुअर की अटकी परी निहारि ॥
यहि सुंदरि हम ही बरै डारी कुअरि बिसारि ॥४१॥

चौपई ॥

हाइ हाइ वहु परी उचारै ॥
दै दै मूंडि धरनि सौ मारै ॥
जिह निमित हम अस स्रम कीया ॥
सो बिधि ताहि न भेटन दीया ॥४२॥

दोहरा ॥

अब सरदार परी कहै हौ ही बरिहो जाहि ॥
पीर कुअरि की न करै लाज न आवत ताहि ॥४३॥
सुनु सरदार परी जु हम जिह हित अति स्रम कीन ॥
अब तै याहि बरियो चहत मिलन न ता कह दीन ॥४४॥

चौपई ॥

सखि सरदार परी क्या करै ॥
बिरह ताप तन छतिया जरै ॥
जब मै या को रूप निहारियो ॥
स्वरग बिखै को बास बिसारियो ॥४५॥

दोहरा ॥

कहा करो मै जाउ कत लगै निगोडे नैन ॥
बिनु हेरे कल न परै निरखत लागत चैन ॥४६॥
बिन देखे महबूब के पलक लगत है जाम ॥

तब सरदार परी हुती अब इह भई गुलाम ॥४७॥
कहा करौ का सौ कहौ कहे न आवत बैन ॥
बिनु देखे महबूब के भए जहमती नैन ॥४८॥
अड़िल ॥
पलक न इत उत जाइ नैन ऐसे लगे ॥
पिय देखन के प्रेम दोऊ इह बिधि पगे ॥
लगन लागि मुरि गई निगोडि न छूटई ॥
हो नैकु निहारे बिनु सखि प्रान निखूटई ॥४९॥
छुटत छुटाए नाहि निगोडे जह लगे ॥
पलक न इत उत होइ प्रेम पिय के पगे ॥
जहा लगे ए नैन तही कै ह्वै रहे ॥
हो फिरि आवन के नाहि कबिन ऐसे कहे ॥५०॥

दोहरा ॥

थरहराइ थिर न रहहि पलक नही ठहराहि ॥
जह लागे ए लोइना फिरि आवन के नाहि ॥५१॥
निरखि नैन महबूब के नैन गडे तिन माहि ॥
उडै अघाने बाज ज्यो फिर आवन के नाहि ॥५२॥
जहा लगे ए लोइना तह ही के सु भए ॥
बहरी ज्यों कहरी दोऊ गए सु गए गए ॥५३॥
अड़िल ॥
जित लागे ए नैन सु तितही के भए ॥
करि हारी हौ जतन न भूलि इतै अए ॥
छुटी बात मुरि कर ते कहो हौ क्या करौ ॥
हो मदन ताप तन तई सदा जिय मै जरौ ॥५४॥

चौपई ॥

कोटि जतन करि रही सखी सब ॥
लगन निगौडी लागि गई जब ॥
तब तिन परी उपाइ बिचारो ॥
राज पुत्र सौ जाइ उचारो ॥५५॥
राज कुअर तै जिह बर लाइक ॥
जा की परी लगहि सभ पाइक ॥
अब तुहि बरियो चहत हमरी पति ॥
कहा तिहारे आवत है मति ॥५६॥
राज कुअर इह भाति सुना जब ॥
बचन परी सो कहे बिहसि तब ॥
मै सरदार परिहि नहि बरि हौं ॥
लागि बिरह सु कुअरि के मरि हौं ॥५७॥

दोहरा ॥

लाग कुअरि के बिरह तन बरि हौ दिन अरु रैनि ॥
कहा भयो इह जौ परी नैक न लगि है नैन ॥५८॥

चौपई ॥

कहा परी इक मोर कहा करु ॥
राज कुअर तै राज परी बरु ॥
राज कुअरि कहु बरि कस करि है ॥

पदमिनि छाडि हसतिनी बरि है ॥५९॥

दोहरा ॥

जा सौ मेरो हित लगा वहै हमारी नारि ॥
सुरी आसुरी पदमिनी परी न बरौ हजार ॥६०॥

चौपई ॥

परी जतन करि करि बहु हारी ॥
एक बात तब और बिचारी ॥
जौ इह कहत वहै हौ करौ ॥
बहुरो छलि याही कह बरौ ॥६१॥
प्रथम परी जो तहा पठाई ॥
वहै आपने तीर बुलाई ॥
ताहि कहा जु कहा मुर करि है ॥
तब तव दैव धाम धन भरि है ॥६२॥
याहि कुअर मुहि देहु मिलाई ॥
हौ या पर जिय ते उरझाई ॥
कहा हमारा करै प्यारी ॥
तू साहिब मै दास तिहारी ॥६३॥
अड़िल ॥
सुनत बचन इह परी फूलि मन मै गई ॥
सुघर कुअर के पास जात तब ही भई ॥
पर पाइन कर जोर कहा मुसकाइ कै ॥
हौ करौ बिनति जौ कहौ कछू सकुचाइ कै ॥६४॥
प्रथम परी सौ कुअर तुमैस उचारियहु ॥
गहि बहिया सिहजा पर तिह बैठारियहु ॥
रमियो चहै तुम सौ तब तुम यौ भाखियहु ॥
हो घरी चारि पाचक लगि द्रिड़ चित राखियहु ॥६५॥
प्रथम ब्याह ता सौ जौ मोर कराइहो ॥
बरियो चहहु जौ मोहि तु तब ही पाइहो ॥
ताहि बरे बिन मै न तोहि क्योहूं बरो ॥
हो नातर मारि कटारी उर अब ही मरो ॥६६॥
इह बिधि भेद कुअर दै ता के ढिग गई ॥
जिह तिह सहचरि जानि पठै इह पै दई ॥
मै करि जतन अनेक कुअरहि रिझाइयो ॥
हो तुम सो करन कलोल कबूल कराइयो ॥६७॥

चौपई ॥

साह परी कह लै तह आई ॥
जहा कुअर की सेज सुहाई ॥
तहा कपूर अरगजा महिकै ॥
बाधी धुजा धाम पर लहिकै ॥६८॥
इह बिधि दीना कुअर मिलाई ॥
बैठे दोऊ सेज पर जाई ॥
तह ते जबै सखी टरि गई ॥
काम करा ता के तन भई ॥६९॥
काम परी कह जबै संतायो ॥
हाथ कुअर की ओर चलायो ॥
बिहसि कुअर इह भाति उचारी ॥

कहों बात तुहि सुनहु प्यारी ॥७०॥
प्रथम मोहि तुम ताहि मिलावहु ॥
बहुरि भोग मुरि संग कमावहु ॥
पहिले बरो वहै बर नारी ॥
वह इसत्री तै यार हमारी ॥७१॥
अड़िल ॥
करि हारी बहु जतन न तिह रति वहि दई ॥
जु कछु बखानी कुअर वहै मानत भई ॥
पछ्न पर बैठाइ ताहि लैगी तहा ॥
हो पिय पिय रटत बिहंग ज्यों कुअरि परी जहा ॥७२॥
चित्र जवन को हेरि मुहबति लगत भी ॥
ता को दरस प्रतछि जबै पावत भई ॥
कुअरि चहत जो हुती बिधातै सो करी ॥
हो बन बसंत की भाति सु झरि झरि भी हरी ॥७३॥

चौपई ॥

जब दरसन त्रिय का पिय करा ॥
खान पान आगे लै धरा ॥
बिबिध बिधन के अमल मंगाए ॥
बैठि कुअरि के तीर चड़ाए ॥७४॥
ताहू को बहु कैफ पिवाई ॥
बहुरो लयो गरे सो लाई ॥
आसन चुंबन बहु बिधि कीए ॥
चित के ताप बिदा करि दीए ॥७५॥

दोहरा ॥

कुअरि सजन सो रति करत रीझ रही मन माहि ॥
वहि दिन पूजा रुद्र की भूलि करी तिन नाहि ॥७६॥

चौपई ॥

कुअरि कुअर कै संग सिधाई ॥
एक बिवत मन माहि पकाई ॥
इक दुरबल त्रिय निकट बलाइसि ॥
कान लागि तिह मंत्र सिखाइसि ॥७७॥
अपनी ठौर ताहि बैठायो ॥
ताहि भली बिधि चरित सिखायो ॥
सभ सखियन जब ताहि निहारा ॥
तिन त्रिय तब इह भाति उचारा ॥७८॥
मै सिव पूजन कालि न गई ॥
ता ते स्राप रुद्र मुहि दई ॥
या ते अवर बरन ह्वै गयो ॥
गोर बरन ते सावर भयो ॥७९॥
सभ सखियन इह भाति सुना जब ॥
मिलि राजा पहि जात भई सब ॥
सभ ब्रितात कहि ताहि सुनायो ॥
दुहितहि तात बिलोकन आयो ॥८०॥
अनत बरन राजै जब लहा ॥
इह बिधि सो रानी तन कहा ॥
कहा भयो इह राज दुलारी ॥

गोरी हुती ह्वै गई कारी ॥८१॥

दोहरा ॥

बिरध तरुनि ते ह्वै गई भई गोरि ते स्याम ॥
सति स्राप सिव ऐसई जपो सकल सभ जाम ॥८२॥

चौपई ॥

मूरख राज बात नहि जानी ॥
और नारि दुहिता पहिचानी ॥
बिरह मती मितवा संग गई ॥
बहु बिधि भोग कमावत भई ॥८३॥
अड़िल ॥
इक दिन धाम परी के देत पठाइ कै ॥
इक दिन आपु कलोल करत सुख पाइ कै ॥
अरधारध बजावै ता सौ रैनि दिन ॥
हो मूरख बात न पाई राजै कछू इन ॥८४॥

CHARITAR २६४ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ चौसठि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥264॥5052॥अफजूं॥

चौपई ॥

पूरब दिसि रथ चित्र नराधिप ॥
सकल प्रिथी तल हुतो न्रिपाधिप ॥
प्रक्रित मती ता की पटरानी ॥
नरी सुरी जिह निरखि लजानी ॥१॥

दोहरा ॥

चित्र कौच इक न्रिप हुतो ढाका सहिर मंझार ॥
जा सम सुंद्र न होइगो भयो न राज कुमार ॥२॥
जात्रा तीरथन की निमित गयो तह राज कुमार ॥
जानुक चला सिंगार यह नौ सत साज सिंगार ॥३॥
अड़िल ॥
जहा झरोखा राखा न्रिपति सुधारि कै ॥
तिह मग निकसा न्रिप सौ सत सिंगारि कै ॥
निरखि प्रभा तिह तरुनि अधिक बौरी भई ॥
हो घर बाहर की सुधि छुटि करि सिगरी गई ॥४॥
निकसि ठाढि भी नौ सत कुअरि सिंगार करि ॥
जोरि रही चखु चारि सु लाज बिसारि करि ॥
निरखि न्रिपति चकि रहा तरुनि केते जतन ॥
हो नरी नागनी नगी बिचारी कौन मन ॥५॥
चारु चित्रनी चित्र की प्रतिमा जानियै ॥
परी पदमिनी प्रक्रिति पारबती मानियै ॥
एक बार जौ ऐसी भेटन पाइयै ॥
हो आठ जनम लगि पल पल बलि बलि जाइयै ॥६॥

चौपई ॥

उतै कुअरि कह चाहि भई इह ॥
इह कौ बाछ्हा भई अधिक तिह ॥
प्रगट ठाढ ह्वै हेरत दोऊ ॥
इत उत पल न टरत भयो कोऊ ॥७॥

दोहरा ॥

इत उत ठाढे हेर द्वै प्रेमातुर ह्वै तौन ॥
जनु सनमुख रन भट भए भाजि चले कहु कौन ॥८॥

चौपई ॥

लागति प्रीति दुहुन की भई ॥
अथियो सूर रैनि ह्वै गई ॥
रानी दूतिक तहा पठायो ॥
अधिक सजन सौ नेह जतायो ॥९॥
तिह रानी सौ पति को अति हित ॥
निसि कह ताहि न छाडत इत उत ॥
सोत सदा तिह गरे लगाए ॥
भाति अनिक सौ हरख बढाए ॥१०॥
रानी घात कोऊ नहि पावै ॥
जिह छल ता सौ भोग कमावै ॥
राजा सदा सोत संग ता के ॥
किह बिधि संग मिलै इह वा के ॥११॥
बिना मिले तिह कल नहि परई ॥
राजा सोत संग ते डरई ॥
जब स्वै गयो पतिहि लखि पायो ॥
वहै घात लखि ताहि बुलायो ॥१२॥
पठै सहचरी लयो बुलाई ॥
बहु बिधि ताहि कहा समुझाई ॥
रानी कहा राव सो सोई ॥
यौ भजियहु ज्यों जगै न कोई ॥१३॥
चित्र कौच तिह ठा तब आयो ॥
राजा रानी जानि न पायो ॥
राजा की जाघै गहि लीनी ॥
बल सो ऐंचि आपु तर कीनी ॥१४॥
तब न्रिप जगा कोप करि भारा ॥
चोर चोर कहि खड़ग संभारा ॥
रानी जगी हाथ गहि लीना ॥
यौ जड़ कौ प्रति उतर दीना ॥१५॥

दोहरा ॥

तीरथ निमित आयो हुतो यह ढाका को राइ ॥
कहा प्रथम न्रिप पद परसि बहुरि अनैहो जाइ ॥१६॥

चौपई ॥

तुमरे पग परसन के काजा ॥
इह कारन आयो इह राजा ॥
तिह न हनो इह बहु धन दीजै ॥
चरन लगा पति बिदा करीजै ॥१७॥

दोहरा ॥

बिदा किया न्रिप दरब दै ता को चरन लगाइ ॥
इह छल सौ मूरख छला सका न छल को पाइ ॥१८॥

CHARITAR २६५ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ पैसठि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥265॥5070॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

सुमति सैन इक न्रिपति सुना बर ॥
दुतिय दिवाकर किधौ किरनिधर ॥
समर मती रानी ग्रिह ता के ॥
सुरी आसुरी सम नहि जा के ॥१॥
स्री रनखंभ कला दुहिता तिह ॥
जीति लई ससि अंस कला जिह ॥
निरखि भान जिह प्रभा रहत दबि ॥
सुरी आसुरिन की नहि सम छबि ॥२॥

दोहरा ॥

तरुनि भई तरुनी जबै अधिक सुखन के संग ॥
लरिकापन मिटि जात भयो दुंदभि दियो अनंग ॥३॥

चौपई ॥

चारि भ्रात ता के बलवाना ॥
सूरबीर सभ ससत्र निधाना ॥
तेजवान दुतिमान अतुल बल ॥
अरि अनेक जीते जिह दलि मलि ॥४॥
सारदूल धुज नाहर धुज भन ॥
सिंघ केतु हरि केतु महा मन ॥
चारौ सूरबीर बलवाना ॥
मानत सत्रु सकल जिह आना ॥५॥
चारौ कुअरि पड़न के काजा ॥
दिज इक बोलि पठायो राजा ॥
भाखयादिक ब्याकरन पड़े जिन ॥
औगाहन सभ किय पुरान तिन ॥६॥
अधिक दरब न्रिप बर तिह दीया ॥
बिबिध बिधन करि आदर कीया ॥
सुता सहित सौपे सुत तिह घर ॥
कछु बिद्या दिजि देहु क्रिपा करि ॥७॥
जब ते तह पड़बे कह आवै ॥
अपनो बिप कह सीस झुकावै ॥
जो सिख्या दिज देत सु लेहीं ॥
अमित दरब पंडित कह देही ॥८॥
इक दिन कुअरि अगमनो गई ॥
दिज कह सीस झुकावत भई ॥
सालिग्राम पूजत था दिजबर ॥
भाति भाति तिह सीस न्याइ करि ॥९॥

ता कौ निरखि कुअरि मुसकानी ॥
सो प्रतिमा पाहन पहिचानी ॥
ताहि कहा पूजत किह नमितिह ॥
सिर नावत कर जोरि काज जिह ॥१०॥
दिज बाच ॥
सालग्राम ठाकुर ए बाला ॥
पूजत जिनै बडे नरपाला ॥
तै अग्यान इह कहा पछानै ॥
परमेस्वर कह पाहन जानै ॥११॥
राजा सुत बाच ॥
सवैया ॥
ताहि पछानत है न महा जड़ जा को प्रताप तिहूं पुर माही ॥
पूजत है प्रभु कै तिस कौ जिन के परसे परलोक पराही ॥
पाप करो परमारथ कै जिह पापन ते अति पाप डराही ॥
पाइ परो परमेस्वर के पसु पाहन मै परमेस्वर नाही ॥१२॥

बिजै छंद ॥

जीवन मै जल मै थल मै सभ रूपन मै सभ भूपन माही ॥
सूरज मै ससि मै नभ मै जह हेरौ तहा चित लाइ तहा ही ॥
पावक मै अरु पौन हूं मै प्रिथवी तल मै सु कहा नहि जाही ॥
ब्यापक है सभ ही के बिखै कछु पाहन मै परमेस्ववर नाही ॥१३॥
कागज दीप सभै करि कै अरु सात समुंद्रन की मसु कैयै ॥
काटि बनासपती सिगरी लिखबे हूं कौ लेखनि काज बनैयै ॥
सारस्वती बकता करि कै सभ जीवन ते जुग साठि लिखैयै ॥
जो प्रभु पायुत है नहि कैसे हूं सो जड़ पाहन मौ ठहरैयै ॥१४॥

चौपई ॥

ए जन भेव न हरि को पावै ॥
पाहन मै हरि कौ ठहरावै ॥
जिह किह बिधि लोगन भरमाही ॥
ग्रिह को दरबु लूटि लै जाही ॥१५॥

दोहरा ॥

जग मै आपु कहावई पंडित सुघर सुचेत ॥
पाहन की पूजा करै या ते लगत अचेत ॥१६॥

चौपई ॥

चित भीतर आसा धन धारैं ॥
सिव सिव सिव मुख ते उचारैं ॥
अधिक डिंभ करि जगि दिखावैं ॥
द्वार द्वार मागत न लजावैं ॥१७॥
अड़िल ॥
नाक मूंदि करि चारि घरी ठाढे रहै ॥
सिव सिव सिव ह्वै एक चरन इसथित कहै ॥
जो कोऊ पैसा एक देत करि आइ कै ॥
हो दातन लेत उठाइ सिवहि बिसराइ कै ॥१८॥

कबितु ॥

औरनुपदेस करै आपु ध्यान कौ न धरै लोगन कौ सदा त्याग धन को द्रिड़ात है ॥
तेही धन लोभ ऊच नीचन के द्वार द्वार लाज कौ त्याग जेही तेही पै घिघात है ॥
कहत पवित्र हम रहत अपवित्र खरे चाकरी मलेछन की कै कै टूक खात है ॥
बडे असंतोखी हैं कहावत संतोखी महा एक द्वार छाडि मागि द्वारे द्वार जात है ॥१९॥
माटी के सिव बनाए पूजि कै बहाइ आए आइ कै बनाए फेरि माटी के सुधारि कै ॥
ता के पाइ परियो माथो घरी द्वै रगरियो ऐ रे ता मै कहा है रे दै है तोहि कौ बिचारि कै ॥
लिंग की तू पूजा करै संभु जानि पाइ परै सोई अंत दै है तेरे कर मै निकारि कै ॥
दुहिता कौ दै है की तू आपन खबै है ता कौ यौ ही तोहि मारि है रे सदा सिव ख्वारि कै ॥२०॥

बिजै छंद ॥

पाहन कौ सिव तू जो कहै पसु या ते कछू तुहि हाथ न ऐ है ॥
त्रैयक जोनि जु आपु परा हसि कै तुहि को कहु का बरु दै है ॥
आपन सो करि है कबहूं तुहि पाहन की पदवी तब पै है ॥
जानु रे जानु अजान महा फिरि जान गई कछु जानि न जै है ॥२१॥
बैस गई लरिकापन मो तरुनापन मै नहि नाम लयो रे ॥
औरन दान करात रहा कर आप उठाइ न दान दयो रे ॥
पाहन को सिर न्रयातन तै परमेस्वर कौ सिर न्यात भयो रे ॥
कामहि काम फसा घर के जड़ कालहि काल कै काल गयो रे ॥२२॥
द्वैक पुरानन कौ पड़ि कै तुम फूलि गए दिज जू जिय माही ॥
सो न पुरान पड़ा जिह के इह ठौर पड़े सभ पाप पराही ॥
डिंभ दिखाइ करो तपसा दिन रैनि बसै जियरा धन माही ॥
मूरख लोग प्रमान करै इन बातन कौ हम मानत नाही ॥२३॥
काहे को काज करो इतनी तुम पाहन को किह काज पुजावो ॥
काहे को डिंभ करो जग मै इह लोक गयो परलोक गवावो ॥
झूठे न मंत्र उपदेस करो जोऊ चाहत हो धन लौ हरखावो ॥
राज कुमारन मंत्र दियो सु दियो बहुरौ हम कौ न सिखावो ॥२४॥
दिज बाच ॥

चौपई ॥

कहा बिप्र सुनु राज दुलारी ॥
तै सिव की महिमा न बिचारी ॥
ब्रहमा बिसन रुद्र जू देवा ॥
इन की सदा कीजियै सेवा ॥२५॥
तै या के भेवहि न पछानै ॥
महा मूड़ इह भाति बखानै ॥
इन को परम पुरातन जानहु ॥
परम पुरख मन महि पहिचानहु ॥२६॥
हम है कुअरि बिप्र ब्रत धारी ॥
ऊच नीच सभ के हितकारी ॥
जिसी किसी कह मंत्र सिखावै ॥
महा क्रिपन ते दान करावै ॥२७॥
कुअरि बाच ॥
मंत्र देत सिख अपन करत हित ॥
ज्यों त्यों भेट लैत ता ते बित ॥
सति बात ता कह न सिखावहु ॥
ताहि लोक परलोक गवावहु ॥२८॥
सुनहु बिप तुम मंत्र देत जिह ॥
लूटि लेत तिह घर बिधि जिह किह ॥
ता कह कछू ग्यान नहि आवै ॥

मूरख अपना मूंड मुंडावै ॥२९॥
तिह तुम कहु मंत्र सिधि ह्वै है ॥
महादेव तो कौ बरु दै है ॥
जब ता ते नहि होत मंत्र सिधि ॥
तब तुम बचन कहत हौ इह बिधि ॥३०॥
कछू कुक्रिया तुम ते भयो ॥
ता ते दरस न सिव जू दयो ॥
अब तै पुंन्य दान दिज कर रे ॥
पुनि सिव के मंत्रहि अनुसरु रे ॥३१॥
उलटो डंड तिसी ते लेही ॥
पुनि तिह मंत्र रुद्र को देही ॥
भाति भाति ता कौ भटकावै ॥
अंत बार इमि भाख सुनावै ॥३२॥
तो ते कछु अछ्र रहि गयो ॥
तै कछु भंग क्रिया ते भयो ॥
ता ते तुहि बरु रुद्र न दीना ॥
पुंन्य दान चहियत पुनि कीना ॥३३॥
इह बिधि मंत्र सिखावत ता को ॥
लूटा चाहत बिप्र घर जा को ॥
जब वहु दरब रहत ह्वै जाई ॥
और धाम तब चलत तकाई ॥३४॥

दोहरा ॥

मंत्र जंत्र अरु तंत्र सिधि जौ इनि महि कछु होइ ॥
हजरति ह्वै आपहि रहहि मागत फिरत न कोइ ॥३५॥
दिज बाज ॥

चौपई ॥

सुनि ए बचन मिसर रिसि भरा ॥
धिक धिक ता कहि बचन उचरा ॥
तांै हमरी बात कह जानै ॥
भाग खाइ कै बैन प्रमानै ॥३६॥
कुअरि बाच ॥
सुनो मिसर तुम बात न जानत ॥
अहंकार कै बचन प्रमानत ॥
भाग पीए बुधि जात न हरी ॥
बिनु पीए तव बुधि कह परी ॥३७॥
तुम आपन स्याने कहलावत ॥
कब ही भूलि न भाग चड़ावत ॥
जब पुन जाहु काज भिछा के ॥
करहो ख्वार रहत ग्रिह जा के ॥३८॥
जिह धन को तुम त्याग दिखावत ॥
दर दर तिह मागन कस जावत ॥
महा मूड़ राजन के पासन ॥
लेत फिरत हो मिस्र जू कन कन ॥३९॥
तुम जग महि त्यागी कहलावत ॥
सभ लोकन कह त्याग द्रिड़ावत ॥
जा कह मन बच क्रम तजि दीजै ॥
ता कह हाथ उठाइ कस लीजै ॥४०॥

काहू धन त्याग द्रिड़ावहि ॥
काहू को कोऊ ग्रहि लावहि ॥
मन महि दरब ठगन की आसा ॥
द्वार द्वार डोलत इह प्यासा ॥४१॥
अड़िल ॥
बेद ब्याकरन सासत्र सिंम्रित इम उचरै ॥
जिनि किसहू ते एक टका मो कौ झरै ॥
जे तिन को कछु देत उसतति ता की करै ॥
हो जो धन देत न तिनै निंद ता की ररै ॥४२॥

दोहरा ॥

निंदिआ अरु उसतति दोऊ जीवत ही जग माहि ॥
जब माटी माटी मिली निंदुसतति कछु नाहि ॥४३॥
अड़िल ॥
देनहार दाइकहि मुकति नहि करि दियो ॥
अनदाइक तिह पुत्र न पित को बध कियो ॥
जा ते धन कर परै सु जस ता को करै ॥
हो जा ते कछु न लहै निंद तिह उचरै ॥४४॥

चौपई ॥

दुहूंअन सम जोऊ करि जानै ॥
निंद्या उसतति सम करि मानै ॥
हम ताही कह ब्रहम पछानहि ॥
वाही कहि दिज कै अनुमानहि ॥४५॥
अड़िल ॥
ए दिज जा ते जतन पाइ धन लेवही ॥
ता नर कह बहु भाति बडाई देवही ॥
मिथया उपमा बकि करि तहि प्रसंन करै ॥
हो घोर नरक के बीच अंत दोऊ परै ॥४६॥

चौपई ॥

धन के काज करत सभ काजा ॥
ऊच नीच राना अरु राजा ॥
ख्याल काल को किनूं न पायो ॥
जिन इह चौदह लोक बनायो ॥४७॥
अड़िल ॥
इही दरब के लोभ बेद ब्याकरन पड़त नर ॥
इही दरब के लोभ मंत्र जंत्रन उपदिस कर ॥
इहीं दरब के लोभ देस परदेस सिधाए ॥
हो परे दूरि कह जाइ बहुरि निजु देसन आए ॥४८॥

कबितु ॥

एही धन लोभ ते पड़त ब्याकरन सभै एही धन लोभ ते पुरान हाथ धरे हैं ॥
धन ही के लोभ देस छाडि परदेस बसे तात अरु मात के दरस हू न करे हैं ॥
ऊचे द्रुम साल तहा लाबे बट ताल जहा तिन मै सिधात है न जी मै नैकु डरे हैं ॥
धन कै नुरागी हैं कहावत तिआगी आपु कासी बीच जए ते कमाऊ जाइ मरे हैं ॥४९॥

बिजै छंद ॥

लालच एक लगै धन के सिर मधि जटान के जूट सवारैं ॥
काठ की कंठिन कौ धरि कै इक कानन मै बिनु कानि पधारैं ॥
मोचन कौ गहि कै इक हाथन सीस हू के सभ केस उपारैं ॥
डिंभु करै जग डंडन कौ इह लोक गयो परलोक बिगारैं ॥५०॥
माटी के लिंग बनाइ कै पूजत ता मै कहो इन का सिधि पाई ॥
जो निरजोति भयो जग जानत ताहि के आगे लै जोति जगाई ॥
पाइ परे परमेस्वर जानि अजान बडै करि कै हठताई ॥
चेत अचेत सुचेतन को चित की तजि कै चट दै दुचिताई ॥५१॥
कासी के बीच पड़ै बहु काल भुटंत मै अंत मरै पुनि जाई ॥
तात रहा अरु मात कहूं बनिता सुत पुत्र कलत्रन भाई ॥
देस बिदेस फिरै तजि कै घर थोरी सी सीखि कै चातुरताई ॥
लोभ की लीक न लाघी किसू नर लोभ रहा सभ लोग लुभाई ॥५२॥

कबितु ॥

एकन को मूंडि माडि एकन सौ लेहि डाड एकन कै कंठी काठ कंठ मै डरत हैं ॥
एकन द्रिड़ावै मंत्र एकन लिखावै जंत्र एकन कौ तंत्रन प्रबोध्रयो ई करत हैं ॥
एकन कौ बिद्या को बिवादन बतावै डिंभ जग को दिखाइ ज्यों क्योन मात्रा कौ हरत है ॥
मैया कौ न मानै महा कालै न मनावै मूड़ माटी कौ मानत ता ते मागत मरत है ॥५३॥
सवैया ॥
चेत अचेतु कीए जिन चेतन ताहि अचेत न को ठहरावैं ॥
ताहि कहै परमेस्वर कै मन माहि कहे घटि मोल बिकावैं ॥
जानत है न अजान बडै सु इते पर पंडित आपु कहावैं ॥
लाज के मारे मरै न महा लट ऐंठहि ऐंठ अमैठि गवावैं ॥५४॥

बिजै छंद ॥

गतमान कहावत गात सभै कछू जानै न बात गतागत है ॥
दुतिमान घने बलवान बडे हम जानत जोग मधे जत है ॥
पाहन कै कहै बीच सही सिव जानै न मूड़ महा मत है ॥
तुमहूं न बिचारि सु जान कहो इन मै कहा पारबती पति है ॥५५॥
माटी कौ सीस निवावत है जड़ या ते कहो तुहि का सिधि ऐ है ॥
जौन रिझाइ लयो जग कौ तव चावर डारत रीझि न जै है ॥
धूप जगाइ कै संख बजाइ सु फूलन की बरखा बरखै है ॥
अंत उपाइ कै हारि हैं रे पसु पाहन मै परमेस्वर न पै है ॥५६॥
एकन जंत्र सिखावत है दिज एकन मंत्र प्रयोग बतावै ॥
जो न भिजै इन बातन ते तिह गीति कबित सलोक सुनावै ॥
द्योस हिरै धन लोगन के ग्रिह चोरु चकै ठग देखि लजावै ॥
कानि करै नहि काजी कुटवार की मूंडि कै मूंडि मुरीदन खावै ॥५७॥

दोहरा ॥

पाहन की पूजा करैं जो है अधिक अचेत ॥
भाग न एते पर भखै जानत आप सुचेत ॥५८॥

तोटक छंद ॥

धन के लगि लोभ गए अनतै ॥
तजि मात पिता सुत बाल कितै ॥
बसि कै बहु मास तहा ही मरै ॥
फिरि कै ग्रिहि के नहि पंथ परै ॥५९॥

दोहरा ॥

धनी लोग है पुहप सम गुनि जन भौर बिचार ॥
गूंज रहत तिह पर सदा सभ धन धाम बिसार ॥६०॥

चौपई ॥

सभ कोऊ अंत काल बसि भया ॥
धन की आस निकरि तजि गया ॥
आसा करत गया संसारा ॥
इह आसा को वार न पारा ॥६१॥
एक निरास वहै करतारा ॥
जिन कीना इह सकल पसारा ॥
आसा रहित और कोऊ नाही ॥
जानु लेहु दिजबर मन माही ॥६२॥
लोभ लगे धन के ए दिजबर ॥
मागत फिरत सभन के घर घर ॥
या जग महि कर डिंभ दिखावत ॥
ते ठगि ठगि सभ कह धन खावत ॥६३॥

दोहरा ॥

आसा की आसा लगे सभ ही गया जहान ॥
आसा जग जीवत बची लीजै समझि सुजान ॥६४॥

चौपई ॥

आसा करत सगल जग जया ॥
आसहि उपज्या आसहि भया ॥
आसा करत तरुन ब्रिध हूआ ॥
आसा करत लोग सभ मूआ ॥६५॥
आसा करत लोग सभ भए ॥
बालक हुतो ब्रिध ह्वै गए ॥
जिति कित धन आसा करि डोलहि ॥
देस बिदेस धनास कलोलहि ॥६६॥
पाहन कहु धनास सिर न्यावै ॥
चेत अचेतन कौ ठहरावै ॥
करत प्रपंच पेट के काजा ॥
ऊच नीच राना अरु राजा ॥६७॥
काहू को सिछा सु द्रिड़ावै ॥
काहूं कौ लै मूंड मुंडावै ॥
काहूं पठै तीरथन देही ॥
ग्रिह को दरबु माग सभ लेही ॥६८॥
जिह नर को धनवान तकावै ॥
जोनि सिला महि ताहि फसावै ॥
बहुरि डंड तिह मूंडि चुकाही ॥
काढि देत ता के पुनि माही ॥६९॥
इन लोगन धन ही की आसा ॥
स्री हरि जी की नाहि प्यासा ॥
डिंभि जगत कह करि परचावै ॥
लछिमी हर ज्यों त्यों लै आवै ॥७०॥
दिज बाच ॥

सुनु पुत्री तै बात न जानै ॥
सिव कह करि पाहन पहिचानै ॥
बिप्रन कौ सभ ही सिर न्यावै ॥
चरनोदक लै माथ चड़ावै ॥७१॥
पूजा करत सगल जग इन की ॥
निंद्या करत मूड़ तै जिन की ॥
ए है परम पुरातन दिजबर ॥
सदा सराहत जिन कह न्रिप बर ॥७२॥
कुअरि बाच ॥
सुन मूरख दिज तै नहि जानी ॥
परम जोति पाहन पहिचानी ॥
इन महि परम पुरख तै जाना ॥
तजि स्यानप ह्वै गयो अयाना ॥७३॥
अड़िल ॥
लैनौ होइ सु लै दिज मुहि न झुठाइयै ॥
पाहन मै परमेस्वर न भाखि सुनाइयै ॥
इन लोगन पाहन महि सिव ठहराइ कै ॥
हो मूड़न लीजहु लूट हरख उपजाइ कै ॥७४॥
काहू कह पाहन महि ब्रहम बतात है ॥
जल डूबन हित किसहूं तीरथ पठात है ॥
ज्यों त्यों धन हर लेत जतन अनगनित कर ॥
हो टका गाठि महि लए न देही जान घर ॥७५॥
धनी पुरख कह लखि दिज दोख लगावही ॥
होम जग्य ता ते बहु भात करावही ॥
धनियहि करि निरधनी जात धन खाइ कै ॥
हो बहुरि न ता कौ बदन दिखावत आइ कै ॥७६॥

चौपई ॥

काहू लौ तीरथन सिधावै ॥
काहू अफल प्रयोग बतावै ॥
काकन ज्यों मंडरात धनू पर ॥
ज्यों किलकिला मछरीयै दू पर ॥७७॥
ज्यो द्वै स्वान एक हडिया पर ॥
भूसत मनो बादि बिद्रयाधर ॥
बाहर करत बेद की चरचा ॥
तन अरु मन धन ही की अरचा ॥७८॥

दोहरा ॥

धन की आसा मन रहे बाहर पूजत देव ॥
न हरि मिला न धन भयो ब्रिथा भई सभ सेव ॥७९॥
अड़िल ॥
ए बिद्या बल करहि जोग की बात न जानै ॥
ए सुचेत करि रहहि हमनि आचेत प्रमानै ॥
कहा भयौ जौ भाग भूलि भौंदू नहि खाई ॥
हो निजु तन ते बिसंभार रहत सभ लखत लुकाई ॥८०॥
भाग खाइ भट भिड़हि गजन के दात उपारहि ॥
सिमटि साग संग्रहहि सार सनमुख ह्वै झारहि ॥
तै मूजी पी भाग कहो का काज सवरि हैं ॥
हो ह्वै कै म्रितक समान जाइ औधे मुख परि हैं ॥८१॥

भुजंग छंद ॥

सुनो मिस्र सिछा इनी को सु दीजै ॥
महा झूठ ते राखि कै मोहि लीजै ॥
इतो झूठ कै और नीको द्रिड़ावौ ॥
कहा चाम के दाम कै कै चलावौ ॥८२॥
महा घोर ई नरक के बीच जै हौ ॥
कि चंडाल की जोनि मै औतरै हौ ॥
कि टागे मरोगे बधे म्रितसाला ॥
सनै बंधु पुत्रा कलत्रान बाला ॥८३॥
कहो मिस्र आगे कहा ज्वाब दैहो ॥
जबै काल के जाल मै फासि जैहो ॥
कहो कौन सो पाठ कैहो तहा ही ॥
तऊ लिंग पूजा करौगे उहा ही ॥८४॥
तहा रुद्र ऐ है कि स्री क्रिसन ऐ है ॥
जहा बाधि स्री काल तो कौ चले है ॥
किधौ आनि कै राम ह्वै है सहाई ॥
जहा पुत्र माता न ताता न भाई ॥८५॥
महा काल जू को सदा सीस न्रयैयै ॥
पुरी चौदहूं त्रास जा को त्रसैयै ॥
सदा आनि जा की सभै जीव मानै ॥
सभै लोक ख्रयाता बिधाता पछानै ॥८६॥
नही जानि जाई कछू रूप रेखा ॥
कहा बास ता को फिरै कौन भेखा ॥
कहा नाम ता को कहा कै कहावै ॥
कहा कै बखानो कहे मो न आवै ॥८७॥
न ता को कोऊ तात माता न भाई ॥
न पुत्रा न पोत्रा न दाया न दाई ॥
कछू संग सैना न ता को सुहावै ॥
कहै सति सोई करै सो बन्यावै ॥८८॥
कईऊ सवारै कईऊ खपावै ॥
उसारे गड़े फेरि मेटै बनावै ॥
घनी बार लौ पंथ चारो भ्रमाना ॥
महा काल ही को गुरू कै पछाना ॥८९॥
मुरीद है उसी की वहै पीर मेरो ॥
उसी का किया आपना जीव चेरो ॥
तिसी का कीआ बालका मै कहावौ ॥
उही मोहि राखा उसी को धिआवौ ॥९०॥

चौपई ॥

दिज हम महा काल को मानै ॥
पाहन मै मन को नहि आनै ॥
पाहन को पाहन करि जानत ॥
ता ते बुरो लोग ए मानत ॥९१॥
झूठा कह झूठा हम कै है ॥
जो सभ लोग मनै कुररै है ॥
हम काहू की कानि न राखै ॥
सति बचन मुख ऊपर भाखै ॥९२॥
सुनु दिज तुम धन के लब लागे ॥
मागत फिरत सभन के आगे ॥

आपने मन भीतरि न लजावहु ॥
इक टक ह्वै हरि ध्यान न लावहु ॥९३॥
दिज बाच ॥
तब दिज बोला तै क्या मानै ॥
संभू को पाहन करि मानै ॥
जो इन को करि आन बखानै ॥
ता को ब्रहम पातकी जानै ॥९४॥
जो इन कह कटु बचन उचारै ॥
ता कौ महा नरक बिधि डारै ॥
इन की सदा कीजियै सेवा ॥
ए है परम पुरातन देवा ॥९५॥
कुअरि बाच ॥
एकै महा काल हम मानै ॥
महा रुद्र कह कछू न जानै ॥
ब्रहम बिसन की सेव न करही ॥
तिन ते हम कबहूं नही डरही ॥९६॥
ब्रहम बिसन जिन पुरख उचारियो ॥
ता कौ म्रितु जानियै मारियो ॥
जिन नर काल पुरख को ध्यायो ॥
ता के निकट काल नहि आयो ॥९७॥
जे नर काल पुरख को ध्यावै ॥
ते नर काल फास नहि जावै ॥
तिन के रिध सिध सभ घर मौ ॥
कोबिद सभ ही रहत हुनर मौ ॥९८॥
काल पुरख इकदा जिन कहा ॥
ता के रिधि सिधि ह्वै रहा ॥
भाति भाति धन भरे भंडारू ॥
जिन का आवत वार न पारू ॥९९॥
जिन नर काल पुरख कह ध्यायो ॥
सो नर कलि मो कबहू न आयो ॥
या जग मै ते अति सुख पावै ॥
भोग करै बैरनि कह घावै ॥१००॥
जब तो को दिज काल सतै है ॥
तब तू को पुसतक कर लै है ॥
भागवत पड़ो कि गीता कहि हो ॥
रामहि पकरि कि सिव कह गहि हो ॥१०१॥
जे तुम परम पुरख ठहराए ॥
ते सभ डंड काल के घाए ॥
काल डंड बिन बचा न कोई ॥
सिव बिरंच बिसनिंद्र न सोई ॥१०२॥
जैसि जूनि इक दैत बखनियत ॥
त्रयो इक जूनि देवता जनियत ॥
जैसे हिंदूआनो तुरकाना ॥
सभहिन सीस काल जरवाना ॥१०३॥
कबहूं दैत देवतन मारैं ॥
कबहूं दैतन देव संघारैं ॥
देव दैत जिन दोऊ संघारा ॥
वहै पुरख प्रतिपाल हमारा ॥१०४॥
अड़िल ॥
इंद्र उपिंद्र दिनिंद्रहि जौन संघारियो ॥

चंद्र कुबेर जलिंद्र अहिंद्रहि मारियो ॥
पुरी चौदहूं चक्र जवन सुनि लीजियै ॥
हो नमसकार ताही को गुर करि कीजियै ॥१०५॥
दिज बाच ॥

चौपई ॥

बहु बिधि बिप्रहि को समझायो ॥
पुनि मिस्रहि अस भाखि सुनायो ॥
जे पाहन की पूजा करि है ॥
ता के पाप सकल सिव हरि है ॥१०६॥
जे नर सालिग्राम कह धयैहै ॥
ता के सकल पाप को छैहै ॥
जो इह छाडि अवर कह धयै है ॥
ते नर महा नरक महि जै है ॥१०७॥
जे नर कछु धन बिप्रहि दै है ॥
आगे माग दस गुनो लैहै ॥
जो बिप्रन बिनु अनतै देही ॥
ता कौ कछु सु फलै नहि सेई ॥१०८॥
अड़िल ॥
तबै कुअरि प्रतिमा सिव की कर मै लई ॥
हसि हसि करि दिज के मुख कसि कसि कै दई ॥
सालिग्राम भे दाति फोरि सभ ही दीए ॥
हो छीनि छानि करि बसत्र मिस्र के सभ लीए ॥१०९॥
कहो मिस्र अब रुद्र तिहारो कह गयो ॥
जिह सेवत थो सदा दाति छै तिन कियो ॥
जिह लिंगहि कौ जपते काल बताइयो ॥
हो अंत काल सो तुमरे मुख महि आइयो ॥११०॥

चौपई ॥

ता को दरबु छीनि जो लियो ॥
जो सभ दान दिजन करि दियो ॥
कहियो मिस्र कछु चिंत न करहूं ॥
दान दस गुनो आगै फरहूं ॥१११॥

कबितु ॥

औरन को कहत लुटावो तुम खाहु धन आपु पहिती मै डारि खात न बिसार हैं ॥
बडे ही प्रपंची परपचंन को लीए फिरै दिन ही मै लोगन को लूटत बजार हैं ॥
हाथ ते न कौडी देत कौडी कौडी माग लेत पुत्री कहत ता सो करै बिभचार हैं ॥
लोभता के जए हैं कि ममता के भए हैं ए सूमता के पुत्र कैधौ दरिद्रावतार हैं ॥११२॥

चौपई ॥

पहती बिखै बिसार न डारहि ॥
औरन पास गाल को मारहि ॥
जनियत किसी देस के राजा ॥
कौडी के आवत नहि काजा ॥११३॥
जौ इन मंत्र जंत्र सिधि होई ॥
दर दर भीखि न मागै कोई ॥
एकै मुख ते मंत्र उचारै ॥

धन सौ सकल धाम भरि डारै ॥११४ ॥
राम क्रिसन ए जिनै बखानै ॥
सिव ब्रहमा ए जाहि प्रमानै ॥
ते सभ ही स्री काल संघारे ॥
काल पाइ कै बहुरि सवारे ॥११५ ॥
केते रामचंद अरु क्रिसना ॥
केते चतुरानन सिव बिसना ॥
चंद सूरज ए कवन बिचारे ॥
पानी भरत काल के द्वारे ॥११६ ॥
काल पाइ सभ ही ए भए ॥
कालो पाइ काल ह्वै गए ॥
कालहि पाइ बहुरि अवतरि है ॥
कालहि काल पाइ संघरि है ॥११७ ॥

दोहरा ॥

स्राप राछसी के दए जो भयो पाहन जाइ ॥
ताहि कहत परमेस्र तै मन महि नही लजाइ ॥११८ ॥
दिज बाच ॥

चौपई ॥

तब दिज अधिक कोप ह्वै गयो ॥
भरभराइ ठाढा उठि भयो ॥
अब मै इह राजा पै जैहौ ॥
तही बाधि करि तोहि मंगै हौ ॥११९ ॥
कुअरि बाच ॥
तब तिन कुअरि दिजहि गहि लिआ ॥
डार नदी के भीतर दिया ॥
गोता पकरि आठ सै दीना ॥
ताहि पवित्र भली बिधि कीना ॥१२० ॥
कही कुअरि पितु पहि मै जै हौं ॥
तै मुहि डारा हाथ बतै हौं ॥
तेरे दोनो हाथ कटाऊं ॥
तौ राजा की सुता कहाऊं ॥१२१ ॥
दिज वाच ॥
इह सुनि बात मिस्र डर पयो ॥
लागत पाइ कुअरि के भयो ॥
सोऊ करो जु मोहि उचारो ॥
तुम निजु जिय ते कोप निवारो ॥१२२ ॥
कुअरि बाच ॥
तुम कहियहु मै प्रथम अनायो ॥
धन निमिति मै दरबु लुटायो ॥
पाहन की पूजा नहि करियै ॥
महा काल के पाइन परियै ॥१२३ ॥
कबियो बाच ॥
तब दिज महा काल को ध्यायो ॥
सरिता महि पाहनन बहायो ॥
दूजे कान न किनहूं जाना ॥
कहा मिस्र पर हाल बिहाना ॥१२४ ॥

दोहरा ॥

इह छल सौ मिसरहि छला पाहन दए बहाइ ॥
महा काल को सिख्य करि मदरा भाग पिवाइ ॥१२५॥

CHARITAR २६६ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ छिआसठि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥266॥5195॥अफज्रूं॥*

चौपई ॥

रूप सैन इक न्रिपति सुलछन ॥
तेजवान बलवान बिचछन ॥
सकल मती ता के घर दारा ॥
जा सम कहूं न राज कुमारा ॥१॥
तहि इक बसै तुरकनी नारी ॥
तिह सम रूप न मैन दुलारी ॥
तिन राजा की छबि निरखी जब ॥
मोहि रही तरुनी ता पर तब ॥२॥
रूप सैन पहि सखी पठाई ॥
लगी लगन तुहि साथ जताई ॥
इक दिन मुरि कहियो सेज सुहैयै ॥
नाथ सनाथ अनाथहि कैयै ॥३॥
इमि दूती प्रति न्रिपति उचारा ॥
त्रिय आगे पति जियत तिहारा ॥
जौ तौ प्रथम काजियहि मारै ॥
तिह पाछे मुहि संगि बिहारै ॥४॥
सुनि सहचरि तिह जाइ जताई ॥
न्रिप हम को इमि भाख सुनाई ॥
जौ तै प्रथम काजियहि घावै ॥
तिह उपरात बहुरि मुहि पावै ॥५॥
सुनि त्रिय बात चित महि राखी ॥
और न किसी औरतहि भाखी ॥
रैनि समै काजी जब आयो ॥
काढि क्रिपान सोवतहि घायो ॥६॥
ता को काटि मूंड करि लियो ॥
लै राजा के हाजर कियो ॥
तव निमित काजी मै घायो ॥
अब मुहि संग करो मन भायो ॥७॥
जब सिर निरखि न्रिपति तिह लयो ॥
मन के बिखै अधिक डर पयो ॥
पति मारत जिह लगी न बारा ॥
का उपपति तिह अग्र बिचारा ॥८॥
धिक धिक बच तिह त्रियह उचारा ॥
भोग करब मै तजा तिहारा ॥
त्रिय पापनि तै भरता घायो ॥
ता ते मोहि अधिक डर आयो ॥९॥
अब तै जाहि पापनी तही ॥
निज कर नाथ संघारा जही ॥
अब तेरो सभ ही भ्रिग साजा ॥

अब ही लगि जीवत निरलाजा ॥१०॥

दोहरा ॥

हित मेरे जिन पति हना कीना बडा कुकाज ॥
जमधर मारि न मरत है अब लौ जियत निलाज ॥११॥

चौपई ॥

सुनत बचन ए नारि रिसाई ॥
लजित भई घर को फिरी आई ॥
पति को मूंड तिसी घर डारा ॥
आइ धाम इस भाति पुकारा ॥१२॥
प्रात भए सभ लोग बुलाए ॥
सभहिन काजी म्रितक दिखाए ॥
स्रोनत धार परत जिह गई ॥
सो मगु ह्वै करि खोजत भई ॥१३॥
जह जह जाइ स्रोन की धारा ॥
तिह हेरत जन चले अपारा ॥
तह सभहूं लै ठाढो कीना ॥
जह निजु हाथ डारि सिर दीना ॥१४॥
मूंड कटयो सभहिन लखि पायो ॥
इह काजी याहीं न्रिप घायो ॥
ता कह बाधि लै गए तहा ॥
जहागीर बैठा थो जहा ॥१५॥
सभ ब्रितात कहि प्रथम सुनायो ॥
इह काजी राजै इन घायो ॥
हजरति बाधि त्रियहि कह दीना ॥
भेद कछू जिय माझ न चीना ॥१६॥
मारन कौ लै ताहि सिधाई ॥
आंखिन ही महि न्रिपहि जताई ॥
मुर जिय राखु कहै सौ करि हौ ॥
लै घट सीस पानि कौ भरि हौ ॥१७॥
तब सुंदरि इह भाति बिचारो ॥
अब माना न्रिप कहा हमारो ॥
ता कौ छाडि हाथ ते दीना ॥
खून बखस्यो मै इह कीना ॥१८॥
प्रथमहि छाडि मित्र कह दीना ॥
पुन इह भाति उचारन कीना ॥
अब मै सैर मका के जै हौ ॥
मरी त गई जियत फिरि ऐ हौ ॥१९॥
लोगन सैर भवारो दियो ॥
आपु पैंड तिह ग्रिह कौ लियो ॥
ताहि निरखि राजा डरपाना ॥
काम भोग तिह संग कमाना ॥२०॥
लोग कहै मका कह गई ॥
हुआं की सुधि किनहूं नहि लई ॥
कहा बाल इन चरित दिखायो ॥
किह छल सौ काजी कह घायो ॥२१॥
इह छल साथ काजियहि मारा ॥
बहुरि मित्र कह चरित दिखारा ॥

इन की अगम अगाधि कहानी ॥
दानव देव न किनहूं जानी ॥२२॥

CHARITAR २६७ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ सतसठि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥267॥5217॥अफजूं॥*

चौपई ॥

चंपावती नगर दिसि दछिन ॥
चंपत राइ न्रिपति सुभ लछन ॥
चंपावती धाम तिह दारा ॥
जा सम कहूं न राज दुलारा ॥१॥
चंपकला दुहिता ता के ग्रिह ॥
रूपमान दुतिमान अधिक वह ॥
जब तिह अंग मैनता वई ॥
लरिकापन की सुधि बुधि गई ॥२॥
हुतो बाग इक तहा अपारा ॥
जिह सर नंदन कहा बिचारा ॥
तहा गई वहु कुअरि मुदित मन ॥
लए सुंदरी संग करि अनगन ॥३॥
तह निरखा इक साह सरूपा ॥
सूरति सीरति माझि अनूपा ॥
रीझी कुअरि अटकि गी तब ही ॥
सुंदर सुघर निहारियो जब ही ॥४॥
सभ सुधि भूलि सदन की गई ॥
आठ टूक तिह उपर भई ॥
ग्रिह ऐबे की बुधि न आई ॥
तही उधरि तिह संग सिधाई ॥५॥
सहचरि भेद चरित इक जाना ॥
इह बिधि साथ चरित्र प्रमाना ॥
रोइ रोइ धुनि ऊच पुकारै ॥
दै दै मूंड धरनि सौ मारै ॥६॥
चंपकला राजा की जाई ॥
राछस गही आनि दुखदाई ॥
ताहि छुरैयै जान न दीजै ॥
बेगहि बध दानव को कीजै ॥७॥
ए सुनि बैन लोग सभ धाए ॥
काढे खड़ग बाग मै आए ॥
दैत वैत तह कछु न निहारा ॥
चक्रित भे जिय माझ बिचारा ॥८॥
हरि दानव तिह गयो अकासा ॥
राज कुअरि ते भए निरासा ॥
रोइ पीट दुहिता कह हारे ॥
राजा भए अधिक दुखियारे ॥९॥
केतिक दिनन सकल धन खायो ॥
देस बिदेस फिरत दुख पायो ॥
राज कुअरि मित्रहि कौ त्यागी ॥
आधी रति देस कौ भागी ॥१०॥
लिखि पत्री पित पास पठाई ॥

दानव ते मै देव छुराई ॥
पठै मनुछ अब बोलि पठावहु ॥
मोहि मिलाइ अधिक सुख पावहु ॥११॥
पड़ि पत्री पित कंठ लगाई ॥
अधिक पालकी तहा पठाई ॥
चंपकला कह ग्रिह लै आयो ॥
मूरख भेद अभेद न पायो ॥१२॥

CHARITAR २६८ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ अठसठ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥268॥5229॥अफजूं॥

चौपई ॥

गूआ बंदर इक रहत न्रिपाला ॥
जा को डंड भरत भूआला ॥
अप्रमान ता के घर मै धन ॥
चंद्र सूर कै इंद्र दुतिय जनु ॥१॥
मित्र मती ता की अरधंगा ॥
पुंन्रयमान दूसर जनु गंगा ॥
मीन केतु राजा तह राजै ॥
जा को निरखि मीन धुज लाजै ॥२॥
अड़िल ॥
स्री झखकेतु मती दुहिता तिह जानियै ॥
अप्रमान अबला की प्रभा प्रमानियै ॥
जा सम सुंदरि कहूं न जग महि जानियत ॥
हो रूपमान उहि की सी वही बखानियत ॥३॥

चौपई ॥

प्रात भए न्रिप सभा लगाई ॥
ऊच नीच सभ लिया बुलाई ॥
तह इक पुत्र साहु को आयो ॥
जिह सम दिति आदिति न जायो ॥४॥
अड़िल ॥
राज कुअरि रही थकित सु ताहि निहारि करि ॥
चकित चित महि रही चरित्र बिचारि करि ॥
सखी पठी तिह धाम मिलन की आस कै ॥
हो चाह रही जस मेघ पपिहरा प्यास कै ॥५॥

दोहरा ॥

अति प्रसंन्य चित महि भई मन भावन कह पाइ ॥
सहचरि को जु दरद्रि थो ततछिन दिया मिटाइ ॥६॥

चौपई ॥

जब ही तरुनि तरुन कौ पायो ॥
भाति भाति तिन गरे लगायो ॥
रैनि सगरि रति करत बिहानी ॥
चारि पहर पल चार पछानी ॥७॥

पिछली पहर रात्रि जब रही ॥
राज कुअरि ऐसे तिह कही ॥
हम तुम आव निकसि दोऊ जावै ॥
और देस दोऊ कहूं सुहावै ॥८॥
तुहि मुहि कह धन की थुर नाही ॥
तुमरी चहत कुसल मन माही ॥
यौ कहि दुहूं अधिक धनु लीना ॥
औरै देस पयाना कीना ॥९॥
चतुरि भेद सहचरि इक पाई ॥
तिह ग्रिह को दई आगि लगाई ॥
रनियनि रानी जरी सुनाई ॥
रोवत आपु न्रिपहि पहि धाई ॥१०॥
रानी कहा न्रिपहि जरि मरी ॥
तुम ता की कछु सुधि न करी ॥
अब तिन के चलि असति उठावौ ॥
मानुख दै गंगा पहुचावौ ॥११॥
न्रिप सुनि बचन उताइल धायो ॥
जह ग्रिह जरत हुतो तह आयो ॥
हहा करत रानीयहि निकारहु ॥
जरति अगनि ते याहि उबारहु ॥१२॥
जानी जरी अगनि महि रानी ॥
उधलि गई मन बिखै न आनी ॥
अधिक सोक मन माहि बढायो ॥
प्रजा सहित कछु भेद न पायो ॥१३॥
धनि धनि इह रानी को धरमा ॥
जिन असि कीना दुहकरि करमा ॥
लजा निमित प्रान दै डारा ॥
जरि करि मरी न रौरन पारा ॥१४॥

CHARITAR २६९ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ उनहतरि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥269॥5243॥अफजूं॥*

चौपई ॥

मोरंग दिसि इक रहत न्रिपाला ॥
जा के दिपत तेज की ज्वाला ॥
पूरब दे तिह नारि भणिजै ॥
को अबला पटतर तिह दिजै ॥१॥
पूरब सैन न्रिपति को नामा ॥
जिन जीते अनगन संग्रामा ॥
जा के चड़त अमित दल संगा ॥
है गै रथ पैदल चतुरंगा ॥२॥
तह इक आयो साह अपारा ॥
जा के संग इक पुत्र प्यारा ॥
जा को रूप कहै नही आवै ॥
ऊख लिखत लेखन ह्वै जावै ॥३॥
पूरब दे तिह ऊपर अटकी ॥
भूलि गई सभ ही सुधि घटि की ॥
लगियो कुअर सो नेह अपारा ॥

जिह बिनु रुचै न भोजन बारा ॥४ ॥
एक दिवस तिह बोलि पठायो ॥
काम केल रुचि मानि कमायो ॥
दुहूंअन ऐसे बधा सनेहा ॥
जिन को भाखि न आवत नेहा ॥५ ॥
साहु पुत्र तब साहु बिसारियो ॥
ता के सदा रहित जिय धारियो ॥
पिता संग कछु कलह बढायो ॥
चड़ि घोरा परदेस सिधायो ॥६ ॥
अड़िल ॥
त्रिय निमित निजु पितु सौ कलह बढाइ कै ॥
चड़ि बाजी पर चला देस कह धाइ कै ॥
पितु जान्यो सुत मेरो देस अपने गयो ॥
हौ अरध रात्रि गे ग्रिह रानी आवत भयो ॥७ ॥

चौपई ॥

तह ते साहु जबै उठि गयो ॥
तब रानी अस चरित बनयो ॥
ताहि निपुंसक करि ठहरायो ॥
राजा सौ इस भाति जतायो ॥८ ॥
मै इक मोल निपुंसक आना ॥
जा को रूप न जात बखाना ॥
ता ते अपने काज करै हौ ॥
मन भावत के भोग कमै हौ ॥९ ॥

दोहरा ॥

भली भली राजा कही भेद न सका बिचार ॥
पुरख निपुंसक भाखि त्रिय राखा धाम सुधारि ॥१० ॥
रम्यो करत रानी भए तवन पुरख दिन रैनि ॥
न्रिपति निपुंसक तिह लखै कछू न भाखै बैन ॥११ ॥

CHARITAR २७० — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ सतर चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥270॥5254॥अफजूं॥*

चौपई ॥

तेलंगा जह देस अपारा ॥
समर सैन तह को सरदारा ॥
ताहि बिलास देइ घर रानी ॥
जा की जात न प्रभा बखानी ॥१ ॥
तिह इक छैल पुरी संन्यासी ॥
तिह पुर मद्र देस कौ बासी ॥
रानी निरखि लगनि तिह लागी ॥
जा ते नींद भूख सभ भागी ॥२ ॥
रानी की ताहू सौ लागी ॥
छूटै कहा अनोखी जागी ॥
इक दिन तिह सौ भोग कमायो ॥
भोग किया तिम द्रिड़ त्रिय भायो ॥३ ॥

बहु दिन भोग तवन संगि किया ॥
ऐसुपदेस तवन कह दिया ॥
जौ मै कहौ मित्र सो कीजहु ॥
मेरो कहियो मानि करि लीजहु ॥४॥
कहूं जु म्रितक परियो लखि पैयौ ॥
ता को काटि लिंग लै ऐयौ ॥
ताहि कुपीन बिखै द्रिड़ रखियहु ॥
भेद दूसरे नरहि न भखियहु ॥५॥
अड़िल ॥
जब मै देहो तुमै उराभे लाइ कै ॥
तब तुम हम पर उठियहु अधिक रिसाइ कै ॥
काढि कुपीन ते हम पर लिंग चलाइयो ॥
हो ऊच नीच राजा कह चरित दिखाइयो ॥६॥

चौपई ॥

सोई काम मित्र तिह कीना ॥
जिह बिधि सौ तवनै सिख दीना ॥
रानी प्रात पतिहि दिखराई ॥
संन्यासी पहि सखी पठाई ॥७॥
संन्यासी जुत सखी गहाई ॥
राजा देखत निकट बुलाई ॥
छैल गिरहि बहुत भाति दुखायो ॥
तै चेरी संग भोग कमायो ॥८॥
यौ सुनि बचन तेज मन तयो ॥
कर महि काढि छुरा कह लयो ॥
कटियो लिंग बसत्र ते निकारा ॥
राज तरुनि के मुख पर मारा ॥९॥
हाइ हाइ रानी कहि भागी ॥
ता के उठि चरनन संग लागी ॥
हमि रिखि तुमरो चरित न जाना ॥
बिनु समुझे तुहि झूठ बखाना ॥१०॥
तब राजे इह भाति बिचारी ॥
इंद्री काटि संन्यासी डारी ॥
ध्रिग ध्रिग कुपि रानियहि उचारा ॥
तै त्रिय किया दोख यह भारा ॥११॥
अब इह राखु आपने धामा ॥
सेवा करहु सकल मिलि बामा ॥
जब लगि जियै जान नहि दीजै ॥
सदा जती की पूजा कीजै ॥१२॥
रानी बचन न्रिपति को माना ॥
बहु बिधि साथ ताहि ग्रिह आना ॥
भोग करै बहु हरख बढाई ॥
मूरख बात न राजै पाई ॥१३॥

दोहरा ॥

इह बिधि चरित बनाइ कै ताहि भजा रुचि मान ॥
जीवत लगि राखा सदन सका न न्रिपति पछान ॥१४॥

CHARITAR २७१ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ इकहतरि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥271॥5267॥अफजूं॥

चौपई ॥

एक सुगंध सैन न्रिप नामा ॥
गंधागिर परबत जिह धामा ॥
सुगंध मती ता की चंचला ॥
हीन करी ससि कीं जिन कला ॥१॥
बीर करन इक साहु बिख्याता ॥
जिह सम दुतिय न रचा बिधाता ॥
धन करि सकल भरे जिह धामा ॥
रीझि रहत दुति लखि सभ बामा ॥२॥
सौदा नमिति तहा वह आयो ॥
जा कह निरखि रूप सिर न्यायो ॥
जा सम सुंदर सुना न सूरा ॥
देग तेग साचो भरपूरा ॥३॥

दोहरा ॥

रानी ता को रूप लखि मन महि रही लुभाइ ॥
मिलिबे के जतनन करै मिल्यो न ता सो जाइ ॥४॥

चौपई ॥

रानी बहु उपचार बनाए ॥
बहुत मनुख तिह ठौर पठाए ॥
बहु करि जतन एक दिन आना ॥
काम भोग तिह संग कमाना ॥५॥
बहुत दरब ता कह तिन दीना ॥
ता के मोहि चित कह लीना ॥
इह बिधि सौ तिह भेव द्रिड़ायो ॥
ब्राहमन को तिह भेस धरायो ॥६॥
आप न्रिपति संग कीया गिआना ॥
किय उपदेस पतिहि बिधि नाना ॥
जैसो पुरख दान जग द्यावै ॥
तैसो ही आगे बरु पावै ॥७॥
मै तुहि बार दान बहु कीना ॥
ता ते पति तो सो न्रिप लीना ॥
तुमहौ पुंनि बार बहु कीनी ॥
तब मो सी सुंदरि तिय लीनी ॥८॥
अब जौ पुंन्य बहुरि मुहि करि हो ॥
मो सी त्रिय आगे पुनि बरि हो ॥
धरम करत कछु ढील न कीजै ॥
दिज कौ दै जग मौ जसु लीजै ॥९॥
इह सुनियौ न्रिप के मन आई ॥
पुंन्य करन इसत्री ठहराई ॥
जो रानी के मन महि भायो ॥
वहै जानि दिज बोलि पठायो ॥१०॥
ता कह नारि दान करि दीनी ॥
मूड़ भेद की क्रिया न चीनी ॥

सो लै जात तरुनि कह भयो ॥
मूंडि मूंडि मूरख को गयो ॥११॥

◀ *इति स्री चरित्र पख्यानो त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ बहतरि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥272॥5279॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुक्रित सैन इक सुना नरेसा ॥
जिह को डंड भरत सभ देसा ॥
सुक्रित मंजरी तिह की दारा ॥
जा सम देव न देव कुमारा ॥१॥
अतिभुत सैन साहु सुत इक तह ॥
जा सम दुतिय न उपज्यो महि मह ॥
जगमगात तिह रूप अपारा ॥
जिह सम इंद्र न चंद्र कुमारा ॥२॥
रानी अटकि तवन पर गई ॥
तिह ग्रिह जाति आपि चलि भई ॥
ता सो प्रीति कपट तजि लागी ॥
छूटो कहा अनोखी जागी ॥३॥
बहु बिधि तिन संग भोग कमाना ॥
केल करत बहु काल बिहाना ॥
सुंदर और तहा इक आयो ॥
वहै पुरख रानी कहलायो ॥४॥
वहै पुरख रानी कह भाइसि ॥
काम केल ग्रिह बोलि कमाइसि ॥
प्रथम मित्र तिह ठा तब आयो ॥
रमत निरखि रानी कुररायो ॥५॥
अधिक कोप करि खड़गु निकारियो ॥
रानी राखि जार कह मारियो ॥
आपु भाज पुनि तह ते गयो ॥
तेज भए त्रिय को तन तयो ॥६॥
लिखि पतिया असि ताहि पठाई ॥
तोहि मित्र मुहि तजा न जाई ॥
छिमा करहु इह भूलि हमारी ॥
अब दासी मै भई तिहारी ॥७॥
जौ आगे फिरि ऐस निहरियहु ॥
मोहू सहित मारि तिह डरियहु ॥
भला किया तुम ताहि संघारा ॥
आगे राह मित्र मुहि डारा ॥८॥

दोहरा ॥

पतिया बाचत मूड़ मति फूल गयो मन माहि ॥
बहुरि तहा आवत भयो भेद पछानियो नाहि ॥९॥

चौपई ॥

प्रथम मित्र तिह ठा जब आयो ॥
दुतिय मित्र सौ बाधि जरायो ॥
जिन मेरे मितवा कह मारियो ॥

वहै चाहियत पकरि संघारियो ॥१०॥
अस त्रिय प्रथम भजत भी जा को ॥
इह चरित्र पुनि मारियो ता को ॥
इन अबलन की रीति अपारा ॥
जिन को आवत वार न पारा ॥११॥

CHARITAR २७३ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ तिहतर चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥273॥5290॥अफजूं॥*

चौपई ॥

इक अंबसट के देस न्रिपाला ॥
पदुमिनि दे जा के ग्रिह बाला ॥
अप्रमान तिह प्रभा भनिजै ॥
जिह को को पतटर त्रिय दिजै ॥१॥
ता के एक दास घर माही ॥
जिह सम स्याम बरन कहूं नाही ॥
नामाफिक संख्या तिह रहै ॥
मानुख जोनि कवन तिह कहै ॥२॥
चेरी एक हुती ता सौ रति ॥
जा के हुती न कछु घट महि मति ॥
नामाफिक तिन नारि बुलायो ॥
काम भोग मन खोलि मचायो ॥३॥
तब लगि आइ न्रिपति गयो तहा ॥
चेरी रमत दासि संग जहा ॥
लटपटाइ दासी तब गई ॥
चटपट जात सकल सुधि भई ॥४॥
जतन अवर कछु हाथ न आयो ॥
मारि दास उलटो लटकायो ॥
हरे हरे तर आगि जराई ॥
काढत है जनु करि मिमियाई ॥५॥
न्रिपति म्रितक जब दास निहारा ॥
अदभुद ह्वै इह भाति उचारा ॥
क्यो इह हनि तै दिय लटकाई ॥
किह कारन तर आगि जराई ॥६॥
चेरी बाच ॥
मिल्यो बैद मुहि एक न्रिपारा ॥
क्रिया दई तिन मोहि सुधारा ॥
मै इह करी चकितसा ता ते ॥
लीजै सकल ब्रिथा सुनि या ते ॥७॥
खई रोग इह कहियो राज महि ॥
ता ते मारि दास तू इह कहि ॥
करि मिमियाई न्रिपहि खवावै ॥
तब तिह दोख दूर ह्वै जावै ॥८॥
तिह निमित या को मै घायो ॥
मिमियाई को बिवत बनायो ॥
जौ तुम भछन करहु ते कीजै ॥
नातर छाडि आजु ही दीजै ॥९॥
जब इह भाति न्रिपति सुनि पायो ॥

ताहि बैदनी करि ठहरायो ॥
मन महि कहियो भली बिधि कीनी ॥
घर महि नारि रोगिहा दीनी ॥१०॥
धंनि धंनि कहि ताहि बखाना ॥
तेरो गुन हम आजु पछाना ॥
पछम दिसि हम सुनी बनैयत ॥
हमरे देस न ढूंडी पैयत ॥११॥
तुहि जानत मुहि कहत बताई ॥
मिमिआई इह देस बनाई ॥
कहा भयो इक दास संघारा ॥
हमरो रोग बडो तै टारा ॥१२॥

CHARITAR २७४ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ चौहतर चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥274॥5302॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

बंदर बस तह बासी जहा ॥
हबसी राइ नराधिप तहा ॥
हबस मती ता कै घर रानी ॥
जनु पुर खोजि चौदहूं आनी ॥१॥
हासिम खान पठान इक तहा ॥
जा सम सुंदर कोऊ न कहा ॥
रानी ताहि निरखि उरझानी ॥
बिरह बिकल ह्वै गई दिवानी ॥२॥
रानी जतन अनेक बनाए ॥
छल बल सौ ग्रिह मित्र बुलाए ॥
काम भोग तिह संग कमाना ॥
आसन चुंबन कीए प्रमाना ॥३॥

दोहरा ॥

अनिक भाति भजि मित्र कह गरे रही लपटाइ ॥
जानु निरधनी पाइ धन रहियो हीय सौ लाइ ॥४॥

चौपई ॥

तब राजा ता के ग्रिह आयो ॥
निरखि सेज पर ताहि रिसायो ॥
असि गहि धयो हाथ गहि नारी ॥
इह बिधि सौ हसि बात उचारी ॥५॥
तै राजा इह भेद न जाना ॥
बिनु बूझे असि कोप प्रमाना ॥
प्रथमहि बात जानियै या की ॥
बहुरौ सुधि लीजै कछु ता की ॥६॥
इह है मित्र मछिंदर राजा ॥
आयो न्याइ लहन तव काजा ॥
तपस्या बल आयो इह ठौरा ॥
है सभ तपसिन का सिरमौरा ॥७॥
या संग मित्राचार करीजै ॥

भुगति जुगति बहु बिधि तिह दीजै ॥
भली भली तुहि क्रिया सिखैहै ॥
राज जोग बैठो ग्रिह पैहै ॥८॥
न्रिप ए बचन सुनत पग परा ॥
मित्राचार तवन संग करा ॥
ताहि मछिंद्रा नाथ पछान्यो ॥
मूरख भेव अभेव न जान्यो ॥९॥
बहु बिधि तन पूजा तिह करै ॥
बारंबार पाइ पसु परै ॥
ताहि सही रिखिराज पछाना ॥
सति बचन त्रिय कौ करि जाना ॥१०॥
ताहि मछिंदर करि ठहरायो ॥
त्रिय कह सौपि ताहि उठि आयो ॥
वह ता सौ निति भोग कमावै ॥
मूरख बात न राजा पावै ॥११॥
इह छल साथ जार भजि गयो ॥
अति बिसमै राजा कौ भयो ॥
तब रानी राजा ढिग आई ॥
जोरि हाथ अस बिनै सुनाई ॥१२॥
जिन न्रिप राज आपना त्यागा ॥
जोग करन के रस अनुरागा ॥
सो तेरी परवाहि न राखै ॥
इमि रानी राजा तन भाखै ॥१३॥
सति सति तब राज बखाना ॥
ता को दरस सफल करि माना ॥
भेद अभेद जड़ कछू न पायो ॥
त्रिय संग चौगुन नेह बढायो ॥१४॥१॥

CHARITAR २७५ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ पचहतरि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥275॥5316॥अफजूं॥*

चौपई ॥

संक्रावती नगर इक राजत ॥
जनु संकर के लोक बिराजत ॥
संकर सैन तहा को राजा ॥
जा सम दुतिय न बिधना साजा ॥१॥
संकर दे ता की बर नारी ॥
जनुक आपु जगदीस सवारी ॥
रुद्र मती दुहिता तिह सोहै ॥
सुर नर नाग असुर मन मोहै ॥२॥
तहा छबील दास थो छत्री ॥
रूपवान छबि मान अति अत्री ॥
ता पर अटक कुअरि की भई ॥
आठ टूक वा पर ह्वै गई ॥३॥

दोहरा ॥

लगन निगोडी लगि गई छुटित छुटाई नाहि ॥

मत भई मनु मद पीआ मोहि रही मन माहि ॥४॥

चौपई ॥

एक सहचरी तहा पठाई ॥
चित जु हुती कहि ताहि सुनाई ॥
सो चलि सखी सजन पहि गई ॥
बहु बिधि ताहि प्रबोधत भई ॥५॥
अड़िल ॥
तबै छबीलो छैल तहा चलि आइयो ॥
रमियो तरुन बहु भाति कुअरि सुख पाइयो ॥
लपटि लपटि तर जाइ पियरवहि भुजन भरि ॥
हो द्रिड़ आसन दै रहियो न इत उत जाति टरि ॥६॥

दोहरा ॥

एक सुघर दूजे तरुनि त्रितीए सुंदर मीत ॥
बसियो रहत निस दिन सदा पल पल चित जिमि चीति ॥७॥

चौपई ॥

इक दिन मिति इमि बचन बखाना ॥
तव पित के हौ त्रास त्रसाना ॥
जौ तुहि भजत न्रिपति मुहि पावै ॥
पकरि काल के धाम पठावै ॥८॥
बिहसि कुअरि अस ताहि बखाना ॥
तै इसत्रिन के चरित न जाना ॥
पुरख भेख तुहि सेज बुलाऊ ॥
तौ मै तुमरी यार कहाऊ ॥९॥
रोमनासनी ताहि लगाई ॥
सकल समस तिह दूरि कराई ॥
कर महि ताहि तंबूरा दीया ॥
गाइन भेस सजन को कीया ॥१०॥
पिति बैठे तिह बोलि पठायो ॥
भले भले गीतान गवायो ॥
सुनि सुनि नाद रीझि न्रिप रहियो ॥
भली भली गाइन इह कहियो ॥११॥
संकर दे इह भाति उचारी ॥
सुन गाइन तै बात हमारी ॥
पुरख भेस धरि तुम निति ऐयहु ॥
इह ठा गीति मधुरि धुनि गैयहु ॥१२॥
यौ सुनि पुरख भेस तिन धरा ॥
प्राची दिसा चाद जन चरा ॥
सकल लोग इसत्री तिह जानै ॥
त्रिया चरित्र न मूड़ पछानै ॥१३॥
अड़िल ॥
मित्र पुरख कौ भेस धरे नित आवई ॥
आन कुअरि सौ काम कलोल कमावई ॥
कोऊ न ता कह रोकत गाइन जानि कै ॥
हो त्रिय चरित्र कह मूड़ न सकहि पछानि कै ॥१४॥

दोहरा ॥

इह छल सौ ता सौ सदा निसु दिन करत बिहार ॥
दिन देखत सभ को छलै कोऊ न सकै बिचार ॥१५ ॥

चौपई ॥

संकर देव न ताहि पछानै ॥
दुहिता की गाइन तिह मानै ॥
अति स्यानप ते कैफन खावै ॥
महा मूड़ निति मूंड मुंडावै ॥१६ ॥
कहा भयो जो चतुर कहाइसि ॥
भूलि भाग भौदू न चड़ाइसि ॥
अमली भलो खता जु न खावै ॥
मूंड मूंड सोफिन को जावै ॥१७ ॥
संकर सैन न्रिपहि अस छला ॥
कह किय चरित संकरा कला ॥
तिह गाइन की दुहिता गनियो ॥
मूरख भेद अभेद न जनियो ॥१८ ॥

CHARITAR २७६ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दोइ सौ छिहतरि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥276॥5334॥अफजूं॥*

अड़िल ॥
सहिर मुरादाबाद मुगल की चंचला ॥
हीन करी जिह रूप चंद्रमा की कला ॥
रूप मती ता के सम सोई जानियै ॥
हो तिह समान तिहु लोक न और प्रमानियै ॥१ ॥

चौपई ॥

दूसरि एक तिसी की नारी ॥
तिह सम होत न ताहि पियारी ॥
तिन इह जानि रोस जिय ठानो ॥
और पुरख संग कीया यरानो ॥२ ॥

दोहरा ॥

जैसे वा त्रिय की हुती सवतिन की अनुहारि ॥
तैसो ई तिन खोजि नर तिह संग कीया पा॥ ॥३ ॥

चौपई ॥

त्रिय इक दिन तिह धाम बुलाइसि ॥
काम केल तिह संग कमाइसि ॥
सवतिह फासि डारि गर मारियो ॥
जाइ मुगल तन ऐस उचारियो ॥४ ॥
अदभुत बात नाथ इक भई ॥
तुमरी नार पुरखु ह्वै गई ॥
ऐसी बात सुनी नहि हेरी ॥
जो गति भई नारि की तेरी ॥५ ॥
सुनि ए बचन चक्रित जड़ भयो ॥
उठि तिह आपु बिलोकन गयो ॥

ता के लिंग छोरि जौ लहा ॥
कहियो भयो जो मुहि त्रिय कहा ॥६॥
अति चिंतातुर चित महि भयो ॥
बूडि सोक सागर महि गयो ॥
ऐ इलाह तैं इह कस कीना ॥
इसत्री कौ मानस कर दीना ॥७॥
तह इक आयो सिंघ अपारा ॥

काढे दात बडे बिकरारा ॥
ताहि निरखि न्रिप सुत डर पायो ॥
साह सुता तिह धीर बंधायो ॥११॥
तब तिह ताकि तुपक सौ मारियो ॥
न्रिप सुत देखत सिंघ प्रहारियो ॥
राज कुअर अस बचन उचारे ॥
मागहु जो जिय रुचत तिहारे ॥१२॥
तब तिन ता सौ ब्रिथा उचारी ॥
राज कुअर मै साह दुलारी ॥
तो सौ मोरि लगनि लग गई ॥
ता ते भेस धरत इह भई ॥१३॥
अब तुम हमरे साथ बिहारो ॥
इसत्री करि ग्रिह महि मुहि बारो ॥
जस मुरि लगन तुमू पर लागी ॥
तस तुम होहु मोर अनुरागी ॥१४॥
आनंद भयो कुअर के चीता ॥
जनु करि मिली राम कह सीता ॥
भोजन जानु छुधातरु पाई ॥
जनु नल मिली दमावति आई ॥१५॥
उही ब्रिछ तर ता कौ भजा ॥
भाति भाति आसन कह सजा ॥
ताहि सिंघ को चरम निकारी ॥
भोग करे ता पर नर नारी ॥१६॥
ता को नाम अपछरा धरा ॥
कही कि रीझि मोहि इह बरा ॥
इह छल ताहि नारि करि ल्यायो ॥
रूप केतु पितु भेद न पायो ॥१७॥

दोहरा ॥

इह छल ता कौ ब्याहि कै लै आयो निजु धाम ॥
लोक अपछरा तिह लखै कोऊ न जानै बाम ॥१८॥
न्रिप सुत बरा करौल ह्वै भई अनाथ सनाथ ॥
सभहूं सिर रानी भई इह बिधि छल के साथ ॥१९॥

CHARITAR २९८ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दो सौ अठानवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥298॥5769॥अफजूं॥

चौपई ॥

चंद्र चूड़ इक रहत भूपाला ॥
अमित प्रभा जा के ग्रिह बाला ॥
ता सी दूसरि जग महि नाही ॥
नरी नागनी निरखि लजाही ॥१॥
साहिक हुतो अधिक धनवाना ॥
जा सौ धनी न जग मै आना ॥
अछ्छल देइ दुहिता ता के घर ॥
रहत पंडिता सभ मति हरि करि ॥२॥
चंद्र चूड़ को हुतो पुत्र इक ॥

पड़ा ब्याकरन अरु सासत्र निक ॥
ता को नाम न कहबे आवै ॥
लिखत ऊख लिखनी ह्वै जावै ॥३॥
इक दिन कुअर अखेटक गयो ॥
साहु सुता को निरखत भयो ॥
वा की लगी लगन इह संगा ॥
मगन भई तरुनी सरबंगा ॥४॥
चतुरि दूति इक तहा पठाई ॥
कहियहु ऐस कुअर कह जाई ॥
एक दिवस मोरे घर आवहु ॥
साथ हमारे भोग मचावहु ॥५॥
तब वहु सखी कुअर पहि आई ॥
कही कुअरि सो ताहि सुनाई ॥
बिहसि साजन इह भाति उचारी ॥
कहियहु जाइ ऐस तुम प्यारी ॥६॥
इक अवधूत सु छत्र त्रिपारा ॥
सुनियत बसत समुद के पारा ॥
है अवधूत मती दुहिता तिह ॥
अवर न घड़ी बिधाता सम जिह ॥७॥
प्रथम तू तिसै मोहि मिलावै ॥
ता पाछे मो सौ पति पावै ॥
यौ जो कोटि उपाव बनै है ॥
तौ मो सो नहि भोगन पै है ॥८॥
यौ ही सखी जाइ तिह कही ॥
मन बच कुअरि चक्रित ह्वै रही ॥
चित मौ अनिक चटपटी लागी ॥
ता ते नींद भूख सभ भागी ॥९॥
समुंदर पार जायो नहि जावै ॥
तऊ कुअरि को साति न आवै ॥
साज तहा चलिबे को करा ॥
तीरथ जात हौ पितहि उचरा ॥१०॥
साज बाज सभ कीआ त्यारा ॥
तह ह्वै चली बाज असवारा ॥
सेतबंध रामेस्वर गई ॥
इह बिधि ह्रिदै बिचारत भई ॥११॥
ता ते ह्वै जहाज असवारा ॥
गई सिंगलादीप मझारा ॥
जह तिह सुना राज को धामा ॥
जात भई तह हीं कौ बामा ॥१२॥
तह गी पुरख भेस को करि कै ॥
भाति भाति के भूखन धरि कै ॥
जब अवधूत मती तिह हेरा ॥
राज कुअर जान्यो कहूं केरा ॥१३॥
निरखत कुअरि मदन बसि भई ॥
अंग अंग बिहबल ह्वै गई ॥
चित महि कहा इसी कह बरि हौ ॥
नातर घाइ कटारी मरि हौ ॥१४॥
देखै लगी सीस निहुराई ॥
तिह त्रिय घात इहै कर आई ॥
तुरंग धवाइ जात तह भई ॥

सिंघनि जानु म्रिगी गहि लई ॥१५॥
झटकि झरोखा ते गहि लई ॥
बाधत साथ प्रिसट के भई ॥
हाहा भाखि लोग पचि हारे ॥
राखि न सके ताहि रखवारे ॥१६॥
बाधि प्रिसटि तिह तुरंग धवायो ॥
एकै बान मिला सो घायो ॥
ता कह जीति धाम लै आई ॥
सखी कुअर के धाम पठाई ॥१७॥
जो तुम कहा काज मै किया ॥
अपनो बोल निबाहहु पिया ॥
प्रथम ब्याहि मो कौ लै जावौ ॥
ता पाछे या कह तुम पावौ ॥१८॥
राज कुअर तब ही तह आयो ॥
ता सौ प्रथमै ब्याह करायो ॥
बहुरौ ब्याहि ताहि लै गयो ॥
असि चरित्र चंचला दिखयो ॥१९॥
प्रथमहि पार समुंद कै गई ॥
राज सुतहि हरि ल्यावत भई ॥
बहुरौ मन भावत पति करियो ॥
त्रिया चरित्र न जात बिचरियो ॥२०॥

CHARITAR २९९ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे दो सौ नंन्यानवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥299॥5789॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सीससार केतु इक राजा ॥
जा सो बिधि दूसर न साजा ॥
सीसै सार देइ तिह रानी ॥
जा सम दूसर ह्वै न बखानी ॥१॥
ता सौ अधिक न्रिपति की प्रीता ॥
निस दिन रहै तरुनि मै चीता ॥
कितक दिनन रानी मरि गई ॥
राजा की उदास मति भई ॥२॥
अवर नारि की ओर न हेरै ॥
भूल न जात किसी के डेरै ॥
नारी और अधिक दुख पावै ॥
नाथ मिले बिनु मैन संतावै ॥३॥
मिलि बैठी इक दिन सभ रानी ॥
आपु बिखै मिलि करत कहानी ॥
इह जड़ पति मति किन हरि लई ॥
कहा भयो रानी मरि गई ॥४॥
एतो सोक कियो जा को इह ॥
मति हरि लई कहा या की तिह ॥
ह्वै है त्रिया न्रिपन के घनी ॥
सदा सलामति चहियत धनी ॥५॥
सखी एक स्यानी तह अही ॥
तिह इह भाति बिहसि करि कही ॥

मै न्रिप ते त्रिय सोक मिटैहौ ॥
बहुरि तिहारे साथ मिलैहौ ॥६॥
जारिक पकरि कोठरी राखा ॥
न्रिप के सुनत ऐस बिधि भाखा ॥
ध्रिग इह मूड़ न्रिप को जीआ ॥
जिह अबिबेक बिबेक न कीआ ॥७॥
जु त्रिया और सौ भोग कमावै ॥
बातन साथ पतिहि उरझावै ॥
न्रिप जु कोठरी छोरि निहारै ॥
साच झूठ तब आपु बिचारै ॥८॥
न्रिप के स्रवनन धुनि इह परी ॥
तुरतु कुठरीया जाइ उघरी ॥
हेरा जब वहु मनुछ बनाई ॥
तब ऐसे तिह कहा रिसाई ॥९॥
इतो सोक हम कीयो निकाजा ॥
इह न लहत थो ऐस निलाजा ॥
अब मै रनियन अवर बिहारौ ॥
रानी मरी न फेरि चितारौ ॥१०॥
और त्रियन के साथ बिहारा ॥
वा रानी कह न्रिपति बिसारा ॥
इह छल त्रियन नरिंद्रहि छरा ॥
त्रिय चरित्र अतिभुत इह करा ॥११॥

CHARITAR ३०० *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥300॥5800॥अफजूं॥*

चौपई ॥

इछावती नगर इक सुना ॥
इछ सैन राजा बहु गुना ॥
इसट मती ता के घर नारी ॥
इसट देवका रहत दुलारी ॥१॥
अजै सैन खतरेटा तहा ॥
आवत भयो धाम त्रिय जहा ॥
राणी ता को रूप निहारा ॥
गिरी धरनि जनु लगियो कटारा ॥२॥
उड़दा बेग निपुंसक बने ॥
पठै दए रानी तह घने ॥
गहि करि ताहि लै गए तहा ॥
तरनी पंथ बिलोकत जहा ॥३॥
काम भोग ता सौ रानी करि ॥
पौढे दोऊ जाइ पलघा पर ॥
तब लगि आइ न्रिपति तह गए ॥
सोवत दुहूं बिलोकत भए ॥४॥
भरभराइ त्रिय जगी दुखातुर ॥
डारि दयो दुपटा पति मुख पर ॥
जब लौ करत दूरि न्रिप भयो ॥
तब लौ जारि भाजि करि गयो ॥५॥
दुपटा दूरि करा न्रिप जबै ॥

पकर लियो रानी कह तबै ॥
कहा गयो वहु जु मै निहारा ॥
बिनु न कहै भ्रम मिटै हमारा ॥६॥
प्रथमै जान माफ मुर कीजै ॥
बहुरौ बात साच सुनि लीजै ॥
बचनु देहु मेरे जौ हाथा ॥
बहुरि लेहु बिनती सुनि नाथा ॥७॥
भैंगे नेत्र तोरि बिधि करे ॥
इक तै जात दोइ लख परे ॥
तुम कह कछू झावरो आयो ॥
मुहि को दिखि लखि करि द्वै पायो ॥८॥
न्रिप सुनि बचन चकित ह्वै रहा ॥
त्रिय सौ बहुरि बचन नहि कहा ॥
मुख मूंदे घर कौ फिरि आयो ॥
करम रेख कह दोस लगायो ॥९॥

CHARITAR ३०१ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ इक चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥301॥5809॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सोरठ सैन एक भूपाला ॥
तेजवान बलवान छिताला ॥
सोरठ दे ता कै घर रानी ॥
सुंदर सकल भवन महि जानी ॥१॥
छत्रि सैन तह साह भनिजै ॥
छत्र देइ इक सुता कहिजै ॥
भूत भवान भविख्य मझारी ॥
भई न है ह्वै है न कुमारी ॥२॥
जब वहु तरुनि चंचला भई ॥
लरिकापन की सुधि बुधि गई ॥
छतिया कुचन तबै उठि आए ॥
मदन भरतिया भरत भराए ॥३॥
अभरन सैन कुअर तिन लहा ॥
तेजवान कछु जात न कहा ॥
लागी लगन छूटि नहि गई ॥
सुक नलनी की सी गति भई ॥४॥
ता सौ लगी लगन बहु भाता ॥
किह बिधि बरन सुनाऊ बाता ॥
नितिप्रति ता कह बोलि पठावै ॥
काम भोग रुचि मान कमावै ॥५॥
ता के लए नाथ कह मारा ॥
तन मै राड भेस को धारा ॥
जब ग्रिह अपने जार बुलायो ॥
सभ प्रसंग कहि ताहि सुनायो ॥६॥
सुनि कै जार बचन अस डरा ॥
ध्रिग ध्रिग बच तिह त्रियहि उचरा ॥
जिन अपनो पति आपु संघरियो ॥
मुहि कस चहत भलाई करियो ॥७॥

पति मारियो जा के हित गयो ॥
सो भी अंत न ता को भयो ॥
ऐसो मित्र कछू नही करियो ॥
इह राखे ते भलो संघरियो ॥८॥
कर महि काढि भगौती लई ॥
दुहूं हाथ ता को सिर दई ॥
हाइ हाइ जिमि भूप पुकारै ॥
त्रयो त्रयो नारि क्रिपानन मारै ॥९॥
द्वै दिन भए न पति के मरै ॥
ऐसी लगे अबै ए करै ॥
ध्रिग जियबो पिय बिनु जग माही ॥
जार चोर जिह हाथ चलाही ॥१०॥
मरियो निरखि तिह सभन उचारा ॥
भला करा तै जार संघारा ॥
चादर की लजा तै राखी ॥
धंन्य धंन्य पुत्री तू भाखी ॥११॥

CHARITAR ३०२ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ दो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥302॥5820॥अफजूं॥*

चौपई ॥

अभरन सिंघ सुना इक न्रिप बर ॥
लजत होत जिह निरखि दिवाकर ॥
अभरन देइ सदन महि नारी ॥
मथि अभरन जणु सकल निकारी ॥१॥
रानी हुती मित्र सेती रति ॥
भोगत हुती तवन कह नितिप्रति ॥
इक दिन भेद राव लखि पायो ॥
त्रिय के धाम बिलोकन आयो ॥२॥
तह ते लयो पकरि इक जारा ॥
तौने ठौरि मारि करि डारा ॥
इसत्री जानि न इसत्री मारी ॥
चित अपने ते दई बिसारी ॥३॥
बीतत बरख अधिक जब भए ॥
रानी बहु उपचार बनए ॥
राजा ता के धाम न आयो ॥
तब इक औरुपचार बनायो ॥४॥
रानी भेस संन्यासिनि को धरि ॥
जात भई तजि धाम निकरि करि ॥
खेलत न्रिपति अखिट जब आयो ॥
एक हरिन लखि तुरंग धवायो ॥५॥
जोजन कितक नगर ते गयो ॥
पहुचत जह न मनुछ इक भयो ॥
उतरियो बिकल बाग मै जाई ॥
रानी इकल पहूची आई ॥६॥
संन्यासिनि को भेस बनाए ॥
सीस जटन को जूट छकाए ॥
जो नरु ता को रूप निहारै ॥

उरझि रहै नहि संक बिचारै ॥७॥
उतरत बाग तिही त्रिय भई ॥
उहि राजा तन भेट हुई ॥
निरखत रूप उरझि न्रिप रहियो ॥
नरी नागनी को इह कहियो ॥८॥
कवन रूप रानी तुम हो जू ॥
किधो अपछरा साच कहो जू ॥
कै तुम हो रति पति की नारी ॥
कै निसि पति की अहहु कुमारी ॥९॥
भाति भाति तन चरचा करी ॥
बेद ब्याकरन कोक उचरी ॥
ज्यों त्यों चित ता को हरि लीना ॥
बिना घाइ घायल पति कीना ॥१०॥
मगन भयो चित भीतर भूपा ॥
निरखि नारि को रूप अनूपा ॥
एक बार कह जौ इह पाऊां ॥
जनम अनेक लगे बलि जाऊां ॥११॥
न्रिपहु नारि कह अधिक रिझायो ॥
भाति अनिक सेती उरझायो ॥
भजौ याहि मन माहि बिचारियो ॥
इह बिधि ता सौ बचन उचारियो ॥१२॥
हम तुम आउ रमै मिलि दोऊ ॥
और न लखत हमै ह्यां कोऊ ॥
क्यो तरुनापन ब्रिथा गवावत ॥
रानी ह्वै क्यो न सेज सुहावत ॥१३॥
अस तन सुंदरि धूरि न लावहु ॥
जोबन जाल न ब्रिथा गवावहु ॥
बिरधापनो आइ जब जै है ॥
इह ज्वानी कह तब पछतै है ॥१४॥
इह जोबन के कहा गुमाना ॥
जो काहू पर थिर न रहाना ॥
आउ करै दोऊ भोग बिलासा ॥
कहा करत या को भरवासा ॥१५॥
अड़िल ॥
धन जोबन को कहा गुमान न कीजियै ॥
सुख हम कौ दै तरुनि आपि सुखु लीजियै ॥
बिरधापनु ऐ है तरनापन जाइ है ॥
हो तब इह समै संभारि अधिक पछुताइ है ॥१६॥

चौपई ॥

प्रथम कही मेरी जो करै ॥
तिह पाछै मुहि साथ बिहरै ॥
बचन दीजिऐ मेरो हाथा ॥
तौ मै मानौ बच तौ नाथा ॥१७॥
अड़िल ॥
प्रिथम त्रिया को दोख छिमापन कीजियै ॥
तिह पाछे मोरा मन न्रिप बर लीजियै ॥
दोख छिमापन कीन बचन त्रिय को तबै ॥
हो सुने संन्यासिनि बैन स्रवन भीतर जबै ॥१८॥

चौपई ॥

एक दिवस त्रिय के ग्रिह आवै ॥
दुतिय दिवस ता के घर जावै ॥
रानी भेस संन्यासिनि धरै ॥
काम भोग राजा तन करै ॥१९॥
तिह न्रिप दुतिय नारि करि जानै ॥
भेद अभेद न मूड़्ह पछानै ॥
इसत्री चरित्र नहीं लखि पावै ॥
नितप्रति अपनो मूंड मुंडावै ॥२०॥

CHARITAR ३०३ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ तीन चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥303॥5840॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

बिधी सैन राजा इक सूरो ॥
तेग देग दुहूंअनि करि पूरो ॥
तेजवान दुतिवान अतुल बल ॥
अरि अनेक जीते जिन दलि मलि ॥१॥
बिभ्रय मती दुहिता इक ता के ॥
नरी नागनी सम नहि जा के ॥
अप्रमान तिह सेज सुहावै ॥
रवि ससि रोज बिलोकन आवै ॥२॥
ता को लगियो एक संग नेहा ॥
ज्यों सावन को बरिसत मेहा ॥
चतुर कुअर तिह नाम भनिजै ॥
कवन पुरख पटतर तिह दिजै ॥३॥
बिध्या देई इक दिन रसि कै ॥
बोलि लिया प्रीतम कह कसि कै ॥
काम भोग तिह साथ कमायो ॥
तरुनी तरुन अधिक सुख पायो ॥४॥
बिधी सैन सौ किनहि जताई ॥
तोरि सुता ग्रिह जार बुलाई ॥
काम भोग तिह साथ करत है ॥
तो ते न्रिप नहि नैकु डरत है ॥५॥
तब न्रिप साथ तिसी को लै कै ॥
जात भयो तह अधिक रिसै कै ॥
बिध्या मती जबै सुनि पाई ॥
मीत सहित जिय मै डर पाई ॥६॥
खोदि छात द्वै छेद सवारे ॥
जिह आवत वै राह बिचारे ॥
तिह मग ह्वै बिसटा दुहूं करा ॥
दूत सहित न्रिप के सिर परा ॥७॥
अंध गए ह्वै सूझ न आयो ॥
तिसी पैड ग्रिहि जार पठायो ॥
राजा भेद अभेद न लहा ॥
दुहिता काम कै गई कहा ॥८॥
बिसटा रही दुहूं के लगि कै ॥

सु घर गयो तिह के सिर हगि कै ॥
घरीक लगी धोवते बदनन ॥
बहुरि गए दुहिता कै सदनन ॥९॥
तहा जाइ जौ न्रिपति निहरा ॥
जार वार कछु दिसटि न परा ॥
तब न्रिप उलटि तिसी को मरियो ॥
बिसटा प्रथम जाहि सिर परियो ॥१०॥
इह छल सौ त्रिय पियहि उबारियो ॥
तिन के मुख बिसटा कौ डारियो ॥
भला बुरा भूपति न बिचारा ॥
भेद दाइकहि पकरि पछारा ॥११॥

CHARITAR ३०४ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चार चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥304॥5851॥अफजूं॥*

चौपई ॥

त्रिपुरा सहर बसत है जहा ॥
त्रिपुर पाल राजा थो तहा ॥
त्रिपुर मती ता की बर नारी ॥
कनक अवटि साचे जनु ढारी ॥१॥
फूल मती दूसरि तिह सवतिनि ॥
जनु तिह हुता आखि मैं सौ कनि ॥
ता सौ ताहि सिपरधा रहै ॥
चित भीतर मुख ते नहि कहै ॥२॥
त्रिपुरा मती एक दिज ऊपर ॥
अटकी रहै अधिक ही चित करि ॥
रैनि दिवस ग्रिह ताहि बुलावे ॥
काम केल रुचि मान मचावै ॥३॥
एक नारि तिन बोलि पठाई ॥
अधिक दरब दै ऐसि सिखाई ॥
जब ही जाइ प्रजा सभ सोई ॥
ऊच सबद उठियहु तब रोई ॥४॥
यौ कहि जाइ न्रिपति तन सोई ॥
आधी राति अंधेरी होई ॥
अधिक दुखित ह्वै नारि पुकारी ॥
न्रिप के परी कान धुनि भारी ॥५॥
राणी लई संग अपने करि ॥
हाथ बिखै अपने अस कौ धरि ॥
दोऊ चलि तीर तवन के गए ॥
इह बिधि सौ पूछत तिह भए ॥६॥

दोहरा ॥

को है री तू रोत क्यो कहा लगियो दुख तोहि ॥
मारत हौ नहि ठौर तुहि साच बतावहु मोहि ॥७॥

चौपई ॥

मुहि अरबला न्रिपति की जानहु ॥

भूपति भोर काल पहिचानहु ॥
ता ते मै रोवत दुखियारी ॥
सभै बिछुरि हैं निसुपति प्यारी ॥८॥
किह बिधि बचै न्रिपति के प्राना ॥
प्रात कीजियै सोई बिधाना ॥
तह त्रिय कहियो क्रिया इक करै ॥
तब मरबे ते न्रिपति उबरै ॥९॥
त्रिपुर मती दिजबर कह देहू ॥
डोरी निजु काधे करि लेहू ॥
दरब सहित तिह ग्रिहि पहुचावै ॥
तब न्रिप निकट काल नहि आवै ॥१०॥
फूलि देइ जु दुतिय त्रिय घर मै ॥
तिह देवै चंडारहि कर मै ॥
त्रिपुर मती कह ग्रिह न बुलावै ॥
ता कौ फेरि न बदन दिखावै ॥११॥

दोहरा ॥

प्रात आइ अपने सदन वहै क्रिया न्रिप कीन ॥
इक रानी दिजबर दई दुतिय चंडारहि दीन ॥१२॥
भेद अभेद त्रियान के मूढ न सकियो बिचारि ॥
दई दोऊ त्रिय पुंन्य करि जिय को त्रास निवार ॥१३॥

CHARITAR ३०५ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ पाच चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥305॥5864॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

बहड़ाइचि को देस बसत जह ॥
धुंध पाल न्रिप बसत होत तह ॥
दुंदभ दे ता के घर रानी ॥
जा की सम सुंदर न सक्रानी ॥१॥
तहिक सुलछन राइ बखनियत ॥
छत्री को तिह पूत प्रमनियत ॥
ता के तन सुंदरता घनी ॥
मोर बदन ते जाति न भनी ॥२॥
ता सौ बधी कुअरि की प्रीता ॥
जैसी भाति राम सो सीता ॥
रैनि दिवस तिह बोलि पठावै ॥
संक त्याग त्रिय भोग मचावै ॥३॥
इक दिन खबरि न्रिपति कह भई ॥
भेदी किनहि ब्रिथा कहि दई ॥
अधिक कोप करि गयो न्रिपति तह ॥
भोगत हुती जार कह त्रिय जह ॥४॥
रानी भेद पाइ अस कीया ॥
बाधि औध सिहजा तर लीया ॥
राव सहित ऊपरहि बहिठी ॥
भाति भाति तन होइ इकठी ॥५॥
रति मानी न्रिप साथ बनाई ॥

मूरख कंत बात नहि पाई ॥
रीझि रहा अबला कह भजि कै ॥
भाति भाति के आसन सजि कै ॥६॥
भोग कमात अधिक थकि गयो ॥
सोवत सेज तिसी पर भयो ॥
जौ न्रिचेसट त्रिय पिय लखि पायो ॥
जारि काढि करि धाम पठायो ॥७॥

दोहरा ॥

जागि खोजि न्रिप घर थका जार न लहियो निकारि ॥
भेद दियो जिह जान तिह झूठो हन्यो गवार ॥८॥

CHARITAR ३०६ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ छे चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥306॥5872॥अफजूं॥

चौपई ॥

भैरो पाल सुना इक राजा ॥
राज पाट ता ही कह छाजा ॥
चपला वती सुनी तिह त्रिय बर ॥
हुती पंडिता सकल हुनर करि ॥१॥
अद्रपाल इक न्रिपति परोसा ॥
देग तेग को जाहि भरोसा ॥
सुघना वती सुता इक ता की ॥
रोसन भयो जोति ससि वा की ॥२॥
इक दिन निकसा न्रिपति सिकारा ॥
लए स्वान सीचान हजारा ॥
चीता और जारियन लीने ॥
स्रयाह गोस नहि जाहि सु चीने ॥३॥
लगर झगर जुररा अरु बाजा ॥
बहरी कुही सिचान समाजा ॥
बासे और बसीनै घनी ॥
चिपक धूतियै जाहि न गनी ॥४॥
भाति भाति तन खेल सिकारा ॥
अधिक म्रिगन कह खेदि पछारा ॥
तब लगि द्रिसटि बराहिक आयो ॥
तिह पाछे तिह तुरंग धवायो ॥५॥
जात भयो ताही के देसा ॥
हाकि तुरंग पवन के भेसा ॥
सुघना वती लखा जब ता कौ ॥
लयो बुलाइ तहीं ते वा कौ ॥६॥
धौलर तर कमंद लरकाई ॥
लयो तिसौ तिह पैड चड़ाई ॥
काम भोग अति रुच करि माना ॥
भेद दूसरे मनुख न जाना ॥७॥
तब तिह पित यौ ह्रिदै बिचारा ॥
निजु रानी के साथ उचारा ॥
हम तुम आउ सुता के जाहीं ॥

दुहिता होइ खुसी मन माही ॥८॥
तब वै दोऊ सुता के गए ॥
ता के प्रापति द्वार पर भए ॥
सुघना वती तिह लखि दुख पायो ॥
अधिक असरफी काढि मंगायो ॥९॥
और अधिक तिन अतिथ बुलाए ॥
एक एक दै मुहर पठाए ॥
तिन के माहि न्रिपति कर मंगना ॥
दै सत मुहर निकारियो अंगना ॥१०॥
मुर परवार लख्यो इन राजा ॥
एतो दयो दरब बिनु काजा ॥
ता ते दुगुन तवन कह दयो ॥
भेद अभेद न जानत भयो ॥११॥

दोहरा ॥

राज सुता पिय मित्र कौ इह छल अतिथ बनाइ ॥
दै असरफी निकारियो भेद न जाना राइ ॥१२॥
मन मानत को भोग करि पित अरु मात दिखाइ ॥
इह छल सौ काढा तिसै किनहूं न गहियो बनाइ ॥१३॥

CHARITAR ३०७ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ सात चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥307॥5885॥अफजूं॥*

चौपई ॥

कोच बिहार सहिर जह बसै ॥
अमरावती पुरी कह हसै ॥
ब्रिध केतु तिह भूप भनिजै ॥
को राजा पटतर तिह दिजै ॥१॥
स्री फुट बेसरि दे तह दारा ॥
जिह सम देव न देव कुमारा ॥
ता को जात न रूप उचारा ॥
दिवस भयो ता ते उजियारा ॥२॥
हाजी राइ तहा खतिरेटा ॥
इसक मुसक के साथ लपेटा ॥
ता की जात न प्रभा उचारी ॥
फूलि रही जानुक फुलवारी ॥३॥
स्री फुट बेसरि दे तिह लहा ॥
इह बिधि चित अपने महि कहा ॥
कै अब मरौ कटारी हनि कै ॥
कै इह भजौ आजु बनि ठनि कै ॥४॥

दोहरा ॥

मसि भीजत तिह बदन पर अति सुंदर सरबंग ॥
कनक अवटि साचे ढरियो लूटी प्रभा अनंग ॥५॥

चौपई ॥

सुघरि सहचरी तहा पठाई ॥
छल सौ ताहि तहा लै आई ॥
जब तिह हाथ चलायो रानी ॥
हाजी राइ बात नहि मानी ॥६॥
अबला कोटि जतन करि हारी ॥
क्योहूं न भजी ताहि न्रिप नारी ॥
हाइ हाइ गिरि भूम उचारा ॥
मुर करेज डाइनी निहारा ॥७॥
तिह त्रिय बसत्र हुते पहिराए ॥
डाइन सुनत लोग उठि धाए ॥
जब गहि ताहि बहुत बिधि मारा ॥
तब तिन मना जु त्रिया उचारा ॥८॥
तब लगि तहा न्रिपति हूं आयो ॥
सुनि करेज त्रिय हरियो रिसायो ॥
इह डाइनि कह कहा संघारो ॥
कै अब ही रानीयहि जियारो ॥९॥
तब तिन दूरि ठाढ न्रिप कीए ॥
रानी के चुंबन तिन लीए ॥
राजा लखै करेजो डारै ॥
भेद अभेद नहि मूड़ बिचारै ॥१०॥
सभ तब ही लोगान हटायो ॥
अधिक नारि सौ भोग मचायो ॥
राखै जो मुरि कहि प्रिय प्राना ॥
तुम सौ रमौ सदा बिधि नाना ॥११॥
अधिक भोग ता सौ त्रिय करि कै ॥
धाइ भेस दै दयो निकरि कै ॥
भाखत जाइ पतिहि अस भई ॥
देइ करिजवा डाइनि गई ॥१२॥
दित मुहि प्रथम करिजवा भई ॥
पुनि वह अंत्रध्यान ह्वै गई ॥
न्रिप बर द्रिसटि न हमरी आई ॥
क्या जनियै किह देस सिधाई ॥१३॥
सति सति तब न्रिपति उचारा ॥
भेद अभेद न मूड़ बिचारा ॥
निरखत थो त्रिय जार बजाई ॥
इह चरित्र गयो आंखि चुराई ॥१४॥
प्रथम मित्र त्रिय बोलि पठायो ॥
कहियो न किय त्रिय त्रास दिखायो ॥
बहुरि भजा इह चरित लखाया ॥
ठाढ न्रिपति जड़ मूंड मुंडाया ॥१५॥

CHARITAR ३०८ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ आठ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥308॥5900॥अफजूं॥*

चौपई ॥

करनाटक को देस बसत जह ॥
स्री करनाटक सैन न्रिपति तह ॥
करनाटक देई ग्रिह नारी ॥

जा ते लिय रवि ससि उजियारी ॥१॥
तह इक साह बसत थो नीको ॥
जाहि निरखि सुख उपजत जी को ॥
ता के सुता हुती इक धामा ॥
थकित रहत निरखत जिह बामा ॥२॥
सुता अपूरब दे तिह नामा ॥
जिह सी कहूं कोऊ नहि बामा ॥
एक साह के सुत कह ब्याही ॥
बीरज केतु नाम तिह आही ॥३॥
जब वहु ब्याहि ताहि लै गयो ॥
निजु सदनन लै प्रापति भयो ॥
एक पुरख तिन नारि निहारा ॥
जा की सम नहि राज कुमारा ॥४॥
निरखत ताहि लगन तिह लगी ॥
नीद भूखि तब ही ते भगी ॥
पठै सहचरी ताहि बुलावै ॥
काम भोग रुचि मान कमावै ॥५॥
संग ता के बहु बधा सनेहा ॥
राझन और हीर को जेहा ॥
बीरज केत कह यादि न ल्यावै ॥
धरम भ्रात कहि ताहि बुलावै ॥६॥
भेद ससुर के लोग न जानै ॥
धरम भ्रात तिह त्रिय पहिचानै ॥
भेद अभेद न मूरख लहही ॥
भ्राता जान कछू नहि कहही ॥७॥
इक दिन त्रिय इह भाति उचारा ॥
निजु पति कौ दै कै बिखु मारा ॥
भाति भाति सौ रोदन करै ॥
लोग लखत सिर केस उपरै ॥८॥
अब मै धाम कवन के रहो ॥
मै पिय सबद कवन सौ कहो ॥
न्याइ नहीं हरि के घरि भीतरि ॥
इह गति करी मोरि अवनी तर ॥९॥
ग्रिह को दरब संग करि लीना ॥
मित्रहि संग पयाना कीना ॥
धरम भाइ जा कौ करि भाखा ॥
इह छल नाथ धाम करि राखा ॥१०॥
लोग सभै इह भाति उचारा ॥
आपु बिखै मिलि करत बिचारा ॥
कहा करै इह नारि बिचारी ॥
जा की दैव ऐस गति धारी ॥११॥
ता ते लै सभ ही धन धामा ॥
अपुने गई भाइ के बामा ॥
भेद अभेद न सकत बिचरि कै ॥
गई जार के नाथ संघरि कै ॥१२॥

CHARITAR ३०९ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ नौ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥309॥5912॥अफजूं॥

चौपई ॥

पुनि मंत्री इह भाति उचारा ॥
सुनहु न्रिपति जू बचन हमारा ॥
गारव देस बसत है जहा ॥
गौर सैन राजा थो तहा ॥१॥
स्री रस तिलक देइ तिह दारा ॥
चंद्र लियो जा ते उजियारा ॥
सामुंद्रक लछन ता मै सबि ॥
छबि उचार तिह सकै कवन कबि ॥२॥
तह इक हुतो साह को पूता ॥
भूतल को जानुक पुरहूता ॥
अधिक तरुन को तेज बिराजै ॥
नरी नागनी को मन लाजै ॥३॥
जब रानी तिह प्रभा निहारी ॥
तब ते भई अधिक मतवारी ॥
निरखि मित्र के नैन बिकानी ॥
तब ही ते ह्वै गई दिवानी ॥४॥
तब तिह बोलि लीयो अपने घर ॥
काम केल कीना अति रुचि करि ॥
भाति भाति तिह गरे लगायो ॥
अबला अधिक ह्रिदै सुखु पायो ॥५॥
तब लग आइ न्रिपति तह गयो ॥
ततछिन डारि महल ते दयो ॥
मरि गयो न्रिपति न भेद बिचारा ॥
जो जन अरध उरध ते पारा ॥६॥
आप रोत इह भाति उचारा ॥
देव पकरि करि न्रिपति पछारा ॥
मोरे साथ कियो थो संगा ॥
ता ते भयो अपवित्र स्रबंगा ॥७॥

दोहरा ॥

इह छल जार निकारियो निजु नाइकहि संघारि ॥
भेद अभेद मूरख किछू सका न नैक बिचारि ॥८॥
निजु नाइक कौ महल ते तिह हित दियो गिराइ ॥
यार बचायो आपनो नैक न रही लजाइ ॥९॥

CHARITAR ३१० — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ दस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥310॥5921॥अफजूं॥*

चौपई ॥

बिरह सैन इक न्रिपति सुजाना ॥
मानत आनि देस जिह नाना ॥
बिरह मंजरी ता की रानी ॥
सुंदरि भवन चत्रदस जानी ॥१॥
ता कै धाम एक सुत भयो ॥
जानक रवि दुतियो प्रगटयो ॥
सुंदरिता तिह कही न आवै ॥

निरखत पलक न जोरी जावै ॥२॥
तह इक तरनि साह की जाई ॥
जा की छबि नहि जात बताई ॥
कै ससि ते रोहनि इह जई ॥
आगे ह्वै है न पाछे भई ॥३॥
राज कुअर जब तवन निहारियो ॥
मदन बान तन ताहि प्रहारियो ॥
लगी अटकि सुधि बुधि छुट गई ॥
तबहि तरुनि मतवारी भई ॥४॥
भाति भाति तन दरबु लुटाई ॥
अधिक सखिन कह रही पठाई ॥
राज कुअर क्योहूं नहि आए ॥
ता सौ करे न मन के भाए ॥५॥
करि करि जतन कुअरि बहु हारी ॥
कैसहूं भजी मित्र नहि प्यारी ॥
घायल फिरै कुअरि मतवारी ॥
जानुक म्रिगी बिसिख तन मारी ॥६॥
रोवत कुअरि कबूं उठि गावै ॥
नाचत कबहूं बचन सुनावै ॥
मित्र मिलाइ देइ मुहि कोई ॥
जो मुख मागै दयो तिह सोई ॥७॥
एक सखी इह भाति उचारो ॥
सुनहु मित्रनीथ बचन हमारो ॥
जो तुहि कौ तव मित्र मिलाऊां ॥
तउ कहा तुम ते बर पाऊां ॥८॥
साह सुता जब यौ सुनि पावा ॥
जनुक बहुरि बपु मै जिय आवा ॥
निधनी अधिक मनहु धन पायो ॥
जनु कर अंमित म्रित के आयो ॥९॥
जा सौ लगन कुअर की हुती ॥
ता सौ भेस धारि कै सुती ॥
राज ग्रिहन मै किया पियाना ॥
भाखत भई बचन बिधि नाना ॥१०॥
न्रिप सुत त्रिय जु तिहारे भई ॥
मै तिन तुमरे धाम पठई ॥
तुम तिह त्रिय को चित चुरायो ॥
अब चलि कुअर करो मन भायो ॥११॥
जब न्रिप सुत ऐसे सुनि पाई ॥
चलियो न पनही पाइ चड़ाई ॥
भेद अभेद जड़ कछु न बिचारा ॥
आयो साह सुता कै द्वारा ॥१२॥
दिया बुझाइ दयो आगे त्रिय ॥
आवत भयो अंधेरे घर पिय ॥
चित अटका जा सौ सो जानी ॥
काम क्रिया ता सौ कसि ठानी ॥१३॥
काम भोग करि धाम सिधारियो ॥
मूरख कछु न बिचार बिचारियो ॥
दिया बुझाइ त्रिय रोज बुलावै ॥
काम केल करि कुवति कमावै ॥१४॥
देन कहा सू दूतियहि दीना ॥

काम भोग न्रिप सुत तन कीना ॥
तिन जड़ भेद अभेद न पायो ॥
इह छल अपनो मूंड मुंडायो ॥१५॥

CHARITAR ३११ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ ग्यारह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥311॥5936॥अफजूं॥

चौपई ॥

जोग सैन राजा इक अति बल ॥
अरि अनेक जीते जिन दल मलि ॥
स्री संन्यास मती दारा घर ॥
अधिक चतुरि त्रिय हुती गुनन करि ॥१॥
केतिक दिनन जनत सुत भई ॥
सिख्या राइ बिरागी दई ॥
बढत बढत सो भयो तरुन जब ॥
अत ही सुंदरि होत भयो तब ॥२॥
तह इक हुती जाट की दारा ॥
अटकि रही लखि राज कुमारा ॥
निसु दिन सदन तवन के जावै ॥
न्रिप सुत ताहि चित नहि ल्यावै ॥३॥
ता ते तरुनि दुखित अति भई ॥
चित मै चरित बिचारे कई ॥
तब तन इहै बिचार बिचारा ॥
निजु तन भेस जोग को धारा ॥४॥
जोग भेस धरि तिह ग्रिह गई ॥
जंत्र मंत्र सिखवत बहु भई ॥
ता को लयो चोर करि चिता ॥
और हरा ग्रिहि को सभ बिता ॥५॥
इक दिन यौ तिह साथ उचारो ॥
जानत जोगी सवहि उठारो ॥
इक दिन इकल जु मो सौ चलै ॥
कौतक लखहु सकल तुम भलै ॥६॥

दोहरा ॥

अब लगि जगत मसान को नाहि निहारा नैन ॥
अब जुगिया के हेत ते दिखिहैं भाखे बैन ॥७॥

चौपई ॥

जब निसु भई अरध अंध्यारी ॥
तब न्रिप सुत इह भाति बिचारी ॥
इकलो जोगी साथ सिधै है ॥
उठत मसान निरखि घर ऐ है ॥८॥
चलत भयो जोगी के संगा ॥
त्रिय चरित्र को लख्यो न ढंगा ॥
ह्वै एकलो गयो तिह साथा ॥
ससत्र असत्र गहि लयो न हाथा ॥९॥
जब दोऊ गए गहर बन माही ॥

जह कोऊ मनुख तीसरो नाही ॥
तब अबला इह भाति उचारा ॥
सुनहु कुअर जू बचन हमारा ॥१०॥
त्रिय बाच ॥
कै जड़ प्रानन की आसा तजु ॥
कै रुचि मानि आउ मुहि कौ भजु ॥
कै तुहि काटि करै सत खंडा ॥
कै दै मोरि भग बिखै लंडा ॥११॥
राज कुअर अत ही तब डरा ॥
काम भोग तिह त्रिय संग करा ॥
इह छल सै वा को छलि गई ॥
राइ बिरागियहि भोगत भई ॥१२॥
अंत त्रियन के किनूं न पायो ॥
बिधना सिरजि बहुरि पछुतायो ॥
जिन इह कियौ सकल संसारो ॥
वहै पछानि भेद त्रिय हारो ॥१३॥

CHARITAR ३१२ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ बारह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥312॥5949॥अफजूं॥

चौपई ॥

स्वरन सैन इक सुना न्रिपाला ॥
जा के सदन आठ सै बाला ॥
बिस्वमती ता के इक नारी ॥
जात न जिह की प्रभा उचारी ॥१॥
नाइनेक तिन न्रिपति निहारी ॥
रूपमान गुनमान बिचारी ॥
ता कह पकरि सदन लै आयो ॥
काम भोग तिह साथ कमायो ॥२॥
ता को लै इसत्री न्रिप करो ॥
भाति भाति तिह साथ बिहरो ॥
ता त्रिय की कुटेव नहि जाई ॥
अवरन साथ रमै लपटाई ॥३॥
इक दिन अरध निसा जब भई ॥
जार धाम नाइन वह गई ॥
चौकीदारन गहि ता कौ लिय ॥
नाक काटि कर बहुरि छाडि दिय ॥४॥
नाइनि कटी नाक लै कै कर ॥
फिरि आई न्रिप के भीतर घर ॥
तब न्रिप रोम मूंडबे काजा ॥
माग्यो तुरतु उसतरा राजा ॥५॥
तब तिन वहै उसतरा दीयो ॥
जा पर बाढि न कबहूं कीयो ॥
निरखि न्रिपति तिह अधिक रिसायो ॥
गहि ता त्रिय की ओर चलायो ॥६॥
तब त्रिय हाइ हाइ कहि उठी ॥
काटि नाक राजा जू सुटी ॥
तब राजा हेरन तिह धायो ॥

स्रोन पुलत लखि मुख बिसमायो ॥७॥
हाहा पद तब न्रिपति उचारा ॥
मै नहि ऐसे भेद बिचारा ॥
निरखहु ता त्रिय की चतुरई ॥
राजा मूंड बुराई दई ॥८॥

दोहरा ॥

भेद अभेद कौ तिन न्रिपति किया न ह्रिदै बिचार ॥
ताहि बुराई सिर दई नाक कटाई नारि ॥९॥

CHARITAR ३१३ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ तेरह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥313॥5958॥अफजूं॥*

चौपई ॥

दछिन सैन सु दछिन न्रिप इक ॥
सासत्र सिम्रित जानत थो निक ॥
सदन सु दछिन दे तिह दारा ॥
जनु ससि चड़ियो गगन मंझारा ॥१॥
अप्रमान रानी की थी छबि ॥
निरखि प्रभा जिह रहत भान दबि ॥
राजा अधिक आसकत ता परि ॥
जिह बिधि अलि पंखुरी कमल करि ॥२॥
तहा साह की हुती दुलारी ॥
तिन राजा की प्रभा निहारी ॥
स्री सु कुमार देइ तिह नामा ॥
जिह सी भई न महि महि बामा ॥३॥
चित महि साह सुता यौ कहियो ॥
जब तिह हेरि अटक मन रहियो ॥
कौन जतन जा ते न्रिप पाऊ ॥
चित ते त्रिय पहिली बिसराऊ ॥४॥
बसत्रति उतम सकल उतारे ॥
मेखलादि तन मो पट धारे ॥
ता के धूम द्वार पर डारियो ॥
इसत्री पुरख न किनूं बिचारियो ॥५॥
केतिक दिवस बीत जब गए ॥
लखन नगर निकसत प्रभ भए ॥
भाखा सुनन सभन की काजा ॥
अतिथ भेस धरि निकसियो राजा ॥६॥
तिन त्रिय भेस अतिथ को धरि कै ॥
बचन उचारियो न्रिपहि निहरि कै ॥
कह भयो राजा मूरख मति कौ ॥
भली बुरी जानत नहि गति कौ ॥७॥
दुराचार रानी जु कमावै ॥
ता के धाम नित्य न्रिप जावै ॥
जड़ इह लखत मोरि हितकारनि ॥
सो नित सोत संग लै यारनि ॥८॥
न्रिप यह धुनि स्रवनन सुनि पाई ॥

पूछत भयो तिसी कह जाई ॥
अथित न्रिपति ह्यां दो क्या करै ॥
जो तुम कहहु सो बिधि परहरै ॥९॥
इह न्रिप जोग न ऐसी नारी ॥
चहियत हनी कि तुरत निकारी ॥
भलो न गवन करो ता के छिन ॥
दुराचार त्रिय करत जु निस दिन ॥१०॥
इन के जोग एक त्रिय अही ॥
एक साह के जाई कही ॥
ज्यों इह न्रिप पुरखन को राजा ॥
त्रयो वहु नारि त्रियन सिरताजा ॥११॥
जौ वा कौ राजा ग्रिह ल्यावै ॥
राज पाट तब सकल सुहावै ॥
ताहि लखे त्रिय सभ दुरि जाही ॥
जिमि उडगन रवि की परछाही ॥१२॥
जब राजै इह बिधि सुन पायो ॥
इहै मतो जिय माझ पकायो ॥
दुराचारि इसत्री परहरौ ॥
निजु त्रिय साह सुता लै करौ ॥१३॥
प्रातै काल धाम जब आयो ॥
नेगी महतन बोलि पठायो ॥
साह सुता जिह तिह बिधि लई ॥
रानी डारि ह्रिदै ते दई ॥१४॥

दोहरा ॥

इह चरित्र तह चंचला ता को चरित दिखाइ ॥
निजु त्रिय साथ तुराइ तिह आपन भज्यो बनाइ ॥१५॥

CHARITAR ३१४ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चौदह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥314॥5973॥अफज्रूं॥*

चौपई ॥

सहिर इटावा गंग तीर जह ॥
पाल सु पछिम हुते न्रिपति तह ॥
नारि सु पछिम दे ता के घर ॥
सुरी नागनी नरी न सरबर ॥१॥
बाढी एक रानियहि हेरा ॥
मदन देह तब ही तिह घेरा ॥
अधिक नेह तिह साथ बढायो ॥
राजा को चित ते बिसरायो ॥२॥
ऐसी रसिगी ता सौ नारी ॥
जा ते पति तन प्रीति बिसारी ॥
गेरू घोरि पान करि लीयो ॥
मुख ते डारि लखत न्रिप दीयो ॥३॥
जाना स्रोण बदन ते बमा ॥
न्रिप मन मै इह सूल न छमा ॥
अति आतुर ह्वै बैद बुलाए ॥

चिहन रोग तिह नारि सुनाए ॥४॥
तब तिन पी गेरू पुनि डारा ॥
स्रोण बमा सभहून बिचारा ॥
तब पति सो इम नारि उचारो ॥
अब रानी कह मरी बिचारो ॥५॥
रानी कहत न्रिपति सो करियहु ॥
मेरो बहुरि न बदन निहरियहु ॥
और सखी काहू न दिखैयो ॥
रानी जाइ जार घरि ऐयो ॥६॥
साच बचन जड़ सुनत उचरि कै ॥
दम कह रोकि गई जनु मरि कै ॥
आंसु पुलित अखीआं पति भई ॥
तब ही जार साथ उठि गई ॥७॥
आंखि पूंछि न्रिप हेरै कहा ॥
ऊहा न अंग तवन को रहा ॥
तब सखियन इह भाति उचारियो ॥
भेद अभेद पसु न्रिप न बिचारियो ॥८॥
रानी गई सदेह स्वरग कह ॥
छोरि गई हम कौ कत महि मह ॥
मूरख साचु इहै लहि लई ॥
देह सहित सुरपुर त्रिय गई ॥९॥
जे जे पुंन्नयवान है लोगा ॥
ते ते है इह गति के जोगा ॥
जिन इक चित ह्वै कै हरि ध्यायो ॥
ता के काल निकट नहि आयो ॥१०॥
इक चित जो ध्यावत हरि भए ॥
देह सहत सुरपुर ते गए ॥
भेद अभेद की क्रिया न पाई ॥
मूरख सति इहै ठहराई ॥११॥

CHARITAR ३१५ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ पंद्रह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥315॥5984॥अफजूं॥

चौपई ॥

सहिर सुनार गाव सुनियत जह ॥
राइ बंगाली सैन बसत तह ॥
स्री बंगाल मती तिह रानी ॥
सुंदर भवन चत्रदस जानी ॥१॥
बंग देइ दुहिता इक ता के ॥
और सुंदरी सम नहि जा के ॥
तिन इक पुरख निहारो जब ही ॥
काम देव के बसि भी तब ही ॥२॥
सूर सूर कहि भू पर परी ॥
जनु गज बेल बाव की हरी ॥
सु छबि राइ सुधि पाइ बुलाइसि ॥
काम भोग रुचि मान मचाइसि ॥३॥
बधि गी कुअरि सजन के नेहा ॥
जिमि लागत सावन को मेहा ॥

सूर सूर कहि गिरी प्रिथी पर ॥
तात मात आई सखि सभ घर ॥४॥
मात परी दुहिता कह जनियहु ॥
ता तन जीए कुअरि प्रमनियहु ॥
जो मै कहत तुमै सो करियहु ॥
छोरि कफन मुखि नहिन निहरियहु ॥५॥
तुम कौ तात मात दुख ह्वै है ॥
तुमरी सुता अधोगत जै है ॥
हमरो कछू न सोकहि धरियहु ॥
छमापराध हमारो करियहु ॥६॥
रवि ससि कौ मै मुख न दिखारा ॥
अब हेरै कस अंगन हमारा ॥
सास घूटि जनु करि मरि गई ॥
सखियन लपिटि बसत्र महि लई ॥७॥
बकरी बाधि सिरंही मधि दीनी ॥
छोर बसत्र पितु मात न चीनी ॥
दुहूं सुता को बचन संभारा ॥
सल के माझ बकरियहि जारा ॥८॥
गई जार संग राज कुमारी ॥
भेद अभेद किनी न बिचारी ॥
दुहिता मरी जारि जनु दीनी ॥
त्रिय चरित्र की क्रिया न चीनी ॥९॥

CHARITAR ३१६ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ सोलह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥316॥5993॥अफजूं॥*

चौपई ॥

मंत्री कथा उचारी औरै ॥
राजा देस बंगला गौरै ॥
समन प्रभा ता की पटरानी ॥
जिह सम सुनी न किनी बखानी ॥१॥
पुहप प्रभा इक राज दुलारी ॥
बहुरि बिधाता तसि न सवारी ॥
ता की आभा जात न कही ॥
जनु करि फूलि अबासी रही ॥२॥
भूमि गिरी ता की सुंद्राई ॥
ता ते अबासी लई ललाई ॥
गाल्रहन ते जो रस चुइ परा ॥
भयो गुलाब तिसी ते हरा ॥३॥
जोबन जब आयो अंग ता के ॥
साह एक आयौ तब वा के ॥
एक पुत्र सुंदरि तिह संगा ॥
जन मनसा द्वै जए अनंगा ॥४॥
गाजी राइ नाम तिह नर को ॥
कंकन जान काम के कर को ॥
भूखन को भूखन तिह मानो ॥
दूखन को दूखन पहिचानो ॥५॥
पुहप प्रभा ता को जब लहा ॥

मन बच क्रम ऐसे कर कहा ॥
ऐसि करौ मै कवन उपाई ॥
मोरि इहीं संग होइ सगाई ॥६॥
प्रातहि काल सुयंबर किया ॥
कुंकम डारि तिसी पर दिया ॥
अरु पुहपन तै डारिसि हारा ॥
हेरि रहे मुख भूप अपारा ॥७॥
तिह न्रिप सुत सभहूं करि जाना ॥
साह पुत्र किनहूं न पछाना ॥
मात पिता नहि भेद बिचरा ॥
इह छल कुअरि सभन कह छरा ॥८॥

CHARITAR ३१७ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ सत्रह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥317॥6001॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

मरगज सैन हुतो इक न्रिप बर ॥
मरगज देइ नारि जा के घर ॥
रूपवान धनवान बिसाला ॥
भिछ्छक कलपतरु द्रुजनन काला ॥१॥
मूंगी पटना देस तवन को ॥
जीति कवन रिपु सकत जवन को ॥
अप्रमान तिह प्रभा बिराजै ॥
सुर नर नाग असुर मन लाजै ॥२॥
एक पुरख रानी लखि पायो ॥
तेजमान गुनमान सवायो ॥
पुहप राज जनु मधि पुहपन के ॥
चोरि लेति जनु चित इसत्रिन के ॥३॥
सोरठा ॥
रानी लयो बुलाइ तवन पुरख अपने सदन ॥
अति रुचि अधिक बढाइ ता सौ रति मानत भई ॥४॥

चौपई ॥

तब लगि नाथ धाम तिह आयो ॥
मनहातर त्रिय जार छपायो ॥
बहु बुगचा आगे दै डारे ॥
ता के जात न अंग निहारे ॥५॥
बहु चिर तह बैठा न्रिप रहा ॥
भला बुरा कछु भेद न लहा ॥
जब ही उठि अपनो घर आयो ॥
तब ही त्रिय घर मीत पठायो ॥६॥

CHARITAR ३१८ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ अठारह चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥318॥6007॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

सुनो न्रिपति मै भाखत कथा ॥
जह मिलि देव समुद कह मथा ॥
तहा सुब्रत नामा मुनि रहै ॥
अधिक ब्रती जा कह जग कहै ॥१॥
त्रिय मुनि राज मती तिह रहै ॥
रूप अधिक जा को सभ कहै ॥
असि सुंदरि नहि और उतरी ॥
है ह्वैहै न बिधाता करी ॥२॥
सागर मथन देव जब लागे ॥
मथ्यो न जाइ सगल दुख पागे ॥
तब तिन त्रिय इह भाति उचारो ॥
सुनो देवतियो बचन हमारो ॥३॥
जो बिधि धरै सीस पर झारी ॥
पानि भरै जल रासि मंझारी ॥
मेरो धूरि पगन की धोवै ॥
तब यह सफल मनोरथ होवै ॥४॥
ब्रहम अति आतुर कछु न बिचरा ॥
झारी राखि सीस जल भरा ॥
देखहु इह इसत्रिन के चरिता ॥
इह बिधि चरित दिखायो करता ॥५॥

CHARITAR ३१९ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ उनीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥319॥6012॥अफजूं॥*

चौपई ॥

भूमि भार ते अति दुख पायो ॥
ब्रहमा पै दुख रोइ सुनायो ॥
ब्रहमा करी बिसन की सेवा ॥
ता ते भए क्रिसन जग देवा ॥१॥
मुर दानव को कंस वतारा ॥
करत पूरब लौ द्रोह संभारा ॥
वा के करत हनन के दावै ॥
नितप्रति आसुरन तहा पठावै ॥२॥
प्रथम पूतना क्रिसन संघारी ॥
पुनि सकटासुर देह उधारी ॥
बहुरि बकासुर असुर संघारियो ॥
ब्रिखभासुर के ब्रिखन उपारियो ॥३॥
आघासुर को अघ निवरत करि ॥
पुनि केसी मारियो चरनन धरि ॥
बहुरि ब्रहम कह चरित दिखायो ॥
धरि करि पर गिर इंद्र हरायो ॥४॥
नंदहि छीन बरन ते ल्यायो ॥
संदीपन के सुतहि मिलायो ॥
दावानल ते गोप उबारे ॥
गोपन सौ ब्रिज करे अखारे ॥५॥
कुवलया गज को दात लयो हरि ॥
चाडूरहि मुसटकहि प्रहरि करि ॥
पकरि केस ते कंस पछारा ॥

उग्रसैन सिर छत्रहि ढारा ॥६॥
जरासिंधु की चमूं संघारी ॥
संख लयो संखासुर मारी ॥
नगर द्वारिका कीया प्रवेसा ॥
देस देस के जीति नरेसा ॥७॥
दंतबक्र नरकासुर घायो ॥
सोरह सहस बधू बरि ल्यायो ॥
पारजात सुर पुर ते ल्याया ॥
बिंद्राबन महि खेल दिखाया ॥८॥
पंड्वन की जिन करी जितारी ॥
द्रुपद सुता की लाज उबारी ॥
सभ कौरव के दलहि खपाई ॥
संतहि आंच न लागन पाई ॥९॥
सभ सूचनता जौ करि जैयै ॥
ग्रंथ बढन ते अधिक डरैयै ॥
ता ते थोरी कथा उचारी ॥
चूक होइ कबि लेहु सुधारी ॥१०॥
अब मै कहत कथा रुकमनी ॥
जिह छल बरियो क्रिसन सो धनी ॥
लिखि पतिया दिज हाथ पठाई ॥
कहियहु महाराज तन जाई ॥११॥
सवैया ॥
ब्याह बद्यो सिसपाल भए सुई जोरि बरात बियाहन आए ॥
हौ अटकी मधसूदन सौ जिन की छबि हाटक हेरि हिराए ॥
चात्रिक की जिमि प्यास घटे न बिना घन से घन स्याम सुहाए ॥
हारी गिरीं न हिरियो हिय को दुख हेरि रहीं न हहा हरि आए ॥१२॥

चौपई ॥

पतिया बाचि चड़े हरि रथै ॥
मानहु लूट लयो मनमथै ॥
उत सिसुपाल जोरि दल आयो ॥
कुंदन पुरी नगर नियरायो ॥१३॥
भेद कहा रुकमिनी बिप्र स्रयों ॥
प्रान नाथ सेती कहियहु यौ ॥
जब मै गौरि पूजबै ऐहौं ॥
तब तव दरस चंद्र सो पैहौं ॥१४॥

दोहरा ॥

तब तुम हम कौ भुजा भरि लीजहु रथहि चड़ाइ ॥
निजु नारी लै कीजियहु दुसट सभन को घाइ ॥१५॥

चौपई ॥

रुकम ब्याह की सौज बनाई ॥
भाति भाति पकवान मिठाई ॥
फूलियो फिरत त्रियन के गन मै ॥
मूंड मुंडे की खबरि न मन मै ॥१६॥
गौरि पूजने बहिनि पठाई ॥
तह ते हरी क्रिसन सुखदाई ॥
दुसट लोग मुख बाइ रहत भे ॥

हाइ हाइ इह भाति कहत भे ॥१७॥

भुजंग छंद ॥

चलियो क्रिसन ता कौ रथै डारि लै कै ॥
तबै बीर धाए सभै कोप ह्वै कै ॥
जरासिंधु ते आदि लै बीर जेते ॥
हथै लै पटैलै चले डारि तेते ॥१८॥
किते पाखरै डारि कै बाजियो पै ॥
किते चार जामे चड़े ताजियो पै ॥
मघेले धधेले बुंदेले चंदेले ॥
कछ्वहे रठौरे बघेले खंडेले ॥१९॥
तबै रुकम रुकमी सभै भाइ लै कै ॥
चलियो सैन बाकी हठी गोल कै कै ॥
तहा बान तीखे छुटे ओर चारू ॥
मंडे आनि जोधा बज्यो राग मारू ॥२०॥
कही भीम भेरी बजै संख भारे ॥
कहूं नाद नाफीरियै औ नगारे ॥
परी मारि बानान की भाति ऐसी ॥
उठी अगनि ज्वाला प्रलै काल जैसी ॥२१॥
चलै सीघ्रता सौ खहै बान बाने ॥
उठै अगन ज्वाला लसै ज्यो टनाने ॥
कहूं चरम बरमै परे मरम भेदे ॥
कहूं मास के गीध लै गे लबेदे ॥२२॥
कहूं अंगुलित्राण काटे परे है ॥
कहूं अंगुली काटि रतनै झरे है ॥
रही हाथ ही मै क्रिपानै कटारे ॥
गिरै जूझि कै कै परे भूम मारे ॥२३॥
तबै कोप कै कै चंदेले सिधाए ॥
बधे चुंग चुंगी चले खेत आए ॥
चहूं ओर घेरियो हरी किसन कौ यौ ॥
गड़ेदार मानो करी मत की ज्यो ॥२४॥
तबै कोप कै क्रिसन मारे चंदेले ॥
मघेले धधेले बघेले बुंदेले ॥
चंदेरीस हूं कौ तबै बान मारा ॥
गिरियो भूमि पै न हथ्यारै संभारा ॥२५॥

चौपई ॥

जरासिंध कहि पुनि सर मारा ॥
भागि चलियो न हथ्यार संभारा ॥
भिरे सु मरे बचे ते हारे ॥
चंदेरियहि चंदेल सिधारे ॥२६॥
तब रुकमी पहुचत भयो जाई ॥
अधिक क्रिसन सौ करी लराई ॥
भाति भाति तन बिसिख प्रहारे ॥
हारियो वहै क्रिसन नहि हारे ॥२७॥
चित मै अधिक ठानि कै क्रुधा ॥
माडत भयो क्रिसन सौ जुधा ॥
एक बान तब स्याम प्रहारा ॥
गिरियो प्रिथी पर जानु संघारा ॥२८॥

सर सौ मूंडि प्रथम तिह सीसा ॥
बाधि लयो रथ सौ जदुईसा ॥
भ्रात जानि रुकमिनी छडायो ॥
लजत धाम सिसपाल सिधायो ॥२९॥
किनूं चंदेलन के सिर तूटे ॥
कईक गए मूंड घर टूटे ॥
सकल चंदेले लाज लजाए ॥
नारि गवाइ चंदेरी आए ॥३०॥

दोहरा ॥

गए चंदेल चंदेरियहि कर ते नारि गवाइ ॥
इह चरित्र तन रुकमनी बरत भई जदुराइ ॥३१॥

CHARITAR ३२० — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ बीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥320॥6043॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुक्राचारज दान्वन को गुर ॥
सुक्रावती बसत जा को पुर ॥
मारि देव जा कौ रन जावै ॥
पड़ि संजीवनि ताहि जियावै ॥१॥
देवजानि इक सुता तवन की ॥
अप्रमान छबि हुती जवन की ॥
कच नामा देवन को दिजबर ॥
आवत भयो सुक्र के तब घर ॥२॥
देवजानि संगि किया अधिक हित ॥
हरि लीनो ज्यों त्यों त्रिय को चित ॥
मंत्रहि लेन संजीवन काजा ॥
इह छल पठियो देवतन राजा ॥३॥
दैत भेद पावत जब भए ॥
ता को डारि नदी हनि गए ॥
बिलम लगी वह धाम न आयो ॥
देवजानि अति ही दुख पायो ॥४॥
भाखि पिता तन बहुरि जियायो ॥
दैतन देख अधिक दुख पायो ॥
नितिप्रति मारि ताहि उठि जावै ॥
पुनि पुनि ता कौ सुक्र जियावै ॥५॥
तब तिह मारि मद्रय महि डारियो ॥
बचत भूंजि निजु गुरहि खवारियो ॥
देवजानि जब ताहि न लहा ॥
अधिक दुखित ह्वै पित प्रति कहा ॥६॥
अब लौ कच जु धाम नहि आयो ॥
जनियत किनहूं असुर चबायो ॥
ता ते पितु तिह बहुरि जियावो ॥
हमरे मन को सोक मिटावो ॥७॥
तब ही सुक्र ध्यान महि गए ॥
तिह निजु पेट बिलोकत भए ॥

मंत्र सजीवन कौ किह दै करि ॥
काढत भयो उदर अपनो फरि ॥८॥
काढत ताहि सुक्र मरि गयो ॥
बहुरि मंत्र बल कचहि जिययो ॥
स्राप दयो मदा को तिह तह ॥
ता ते पियत न याकह कोऊ कह ॥९॥
देविजान पुनि ऐस बिचारा ॥
यौ कच तन तजि लाज उचारा ॥
काम भोग मो सौ तै करु रे ॥
हमरे मदन ताप कह हरु रे ॥१०॥
तिन रति करी न ता ते संगा ॥
ब्यापि रहियो तिह जदिप अनंगा ॥
देवजानि तब अधिक रिसाई ॥
मोहि न भज्यो याहि दुखदाई ॥११॥
इह बिधि स्राप देत तिह भई ॥
कथा चउपई सु मै बनई ॥
पापी फुरै मंत्र तव नाही ॥
तो ते सुर न जिवाए जाही ॥१२॥
प्रथम जियायो ताहि कसट करि ॥
रम्यो न सो स्राप्रयो तब रिसि भरि ॥
पिता भए इह भाति सुनायो ॥
देवराज इह कचहि पठायो ॥१३॥
तात बात कहो मै सो करो ॥
मंत्र सजीवन इह ननुसरो ॥
जब इह सीखि मंत्र कह जै है ॥
देवराज फिरि हाथ न ऐ है ॥१४॥
मंत्र न फुरै स्राप इह दीजै ॥
मेरो बचन मानि पितु लीजै ॥
भेद अभेद कछु सुक्र न पायो ॥
मंत्र निफल को स्रापु दिवायो ॥१५॥
ताहि मरे बहु बार जियायो ॥
तब स्राप्रयो जब भोग न पायो ॥
त्रिय चरित्र गति किनूं न पाई ॥
जिनि बिधनै इह नारि बनाई ॥१६॥

CHARITAR ३२१ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ इकीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥321॥6059॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनु प्रभु और बखानो कथा ॥
ऐहै चित हमारे जथा ॥
छजकरनन को देस बसत जह ॥
सुछबि केतु इक हुतो न्रिपति तह ॥१॥
अचरज दे ता के इक नारी ॥
कनक अवटि साचे जनु ढारी ॥
स्री मकराछ मती दुहिता तिह ॥
छीनि करी ससि अंस सकल जिह ॥२॥
जब बर जोग भई वहु दारा ॥

साहु पूत तन किया प्यारा ॥
काम केल तिह साथ कमावै ॥
भाति अनिक तन ताहि रिझावै ॥३॥
न्रिप तन भेद किसू नर भाखा ॥
तब ते ताहि धाम असि राखा ॥
जहा न पंछी करै प्रवेसा ॥
जाइ न जहा पवन को वेसा ॥४॥
कुअरि मित्र बिनु बहु दुखु पायो ॥
बीर हाकि इक निकट बुलायो ॥
ता सौ कहा तहा तुम जाई ॥
ल्याहु सजन की खाटि उचाई ॥५॥
सुनत बचन तह बीर सिधयो ॥
खाट उचाइ ल्यावत भयो ॥
काम भोग करि कुअरि कुअर संग ॥
पहुचायो ग्रिह ताहि तिसी ढंग ॥६॥

दोहरा ॥

एक दिवस ता कौ पिता गयो सुता के ग्रेह ॥
सेज देखि करि दलमली चित महि बढा संदेह ॥७॥

चौपई ॥

चिंतातुर घर को फिरि आयो ॥
सहिर ढंढोरा ऐस दिलायो ॥
जे कोई पुहप खरीदन आवै ॥
मुहि निरखे बिनु लेन न पावै ॥८॥
पुहपन समै बिकन जब भयो ॥
तब तह न्रिपति बिलोकन अयो ॥
जोगी एक तहा तब आयो ॥
पुहप पाच मन मोल चुकायो ॥९॥
आइ सु फूल मोल लै गयो ॥
पाछो गहत न्रिपति तिह भयो ॥
जात जात दोऊ गए गहिर बन ॥
जह लखि जात तीसरो मनुख न ॥१०॥
तब जोगी सर जटा उघारी ॥
तिन भीतर ते नारि निकारी ॥
भाति भाति ता सौ रति करि कै ॥
सोयो ताप मदन कौ हरि कै ॥११॥
जब ही सोइ संन्यासी गयो ॥
जूत जटन तिह नारि छुरयो ॥
तह ते पुरख एक तिह काढा ॥
काम भोग ता सौ करि गाढा ॥१२॥
न्रिप ठाढो तिह चरित निहारा ॥
जोरि हाथ जोगियहि उचारा ॥
मो ग्रिह काल क्रिपा करि ऐयो ॥
जथा सकति भोजन करि जैयो ॥१३॥
प्रात गयो संन्यासी तिह घर ॥
भगवा भेस सकल तन मै धरि ॥
भाति भाति तन प्रभा बनाई ॥
महा धरम सो जनियो जाई ॥१४॥

संन्यासी कह न्रिप आगे धरि ॥
दुहिता के राजा आयो घर ॥
तीन थाल भोजन के भरि कै ॥
आगे राखे बचन उचरि कै ॥१५॥
इह बिधि बचन कहे संन्यासी ॥
कहा करत है मुहि तन हासी ॥
एक मनुछ हौ इतनौ भोजन ॥
खायो जाइ कवन बिधि मो तन ॥१६॥
एक थार भोजन तुम करो ॥
दुतिय जटन मै तिह अनसरो ॥
जिह तिह भाति जटा छुरवाइ ॥
तह ते नारि निकासी राइ ॥१७॥
त्रितिय थार आगे तिह राखा ॥
बिहसि बचन ता सौ न्रिप भाखा ॥
केस फास ते पुरख निकारहु ॥
यह भोजन तुम ता कह ख्वारहु ॥१८॥
जिह तिह बिधि ता को सु निकारियो ॥
बहुरि सुता सौ बचन उचारियो ॥
तीन थार अगे तिह राखे ॥
तीनो भखहु याहि बिधि भाखे ॥१९॥
दुहकर करम लखियो पित को जब ॥
चक्रित भई चित माझ कुअरि तब ॥
जार सहित वह बीर बुलायो ॥
आपन सहित भोज वह खायो ॥२०॥
त्रास चित मै अधिक बिचारा ॥
इन राजै सभ चरित निहारा ॥
कवन उपाइ आजु ह्यां करियै ॥
कछुक खेलि करि चरित निकरियै ॥२१॥
बीर हाकि अस मंत्र उचारा ॥
पित जुत अंध तिनै करि डारा ॥
गई मित्र के साथ निकरि करि ॥
भेद सका नहि किनूं बिचरि करि ॥२२॥
अंध भए ते लोग सभै जब ॥
इह बिधि बचन बखाना न्रिप तब ॥
आछि बैद कोऊ लेहु बुलाइ ॥
जो आखिन को करे उपाइ ॥२३॥
दुहिता बैद भेस तह धरि कै ॥
रोग न्रिपति अखिअन कौ हरि कै ॥
मागि लयो पित ते सोई पति ॥
खचित हुती जा के भीतर मति ॥२४॥
इह छल बरियो बाल पति तौने ॥
मन महि चुभियो चतुरि कै जौने ॥
इन इसत्रिन के चरित अपारा ॥
सजि पछुतान्रयो इन करतारा ॥२५॥

CHARITAR ३२२ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ बाईस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥322॥6084॥अफजूं॥*

चौपई ॥

भद्र सैन राजा इक अति बल ॥
अरि अनेक जीते जिन दलमलि ॥
सहिर भेहरा मै असथाना ॥
जिन कौ भरत दंड न्रिप नाना ॥१॥
कुमदनि दे ता के घर नारी ॥
आपु जनकु जगदीस सवारी ॥
ता की जात न प्रभा उचारी ॥
फूल रही जनु करि फुलवारी ॥२॥
प्रमुद सैन सुत ग्रिह अवतरियो ॥
मदन रूप दूसर जनु धरियो ॥
जा की जात न प्रभा बखानी ॥
अटिक रहत लखि रंक रु रानी ॥३॥
जब वह तरुन कुअर अति भयो ॥
ठौरहि ठौर अवर ह्वै गये ॥
बालपने कि तगीरी आई ॥
अंग अंग फिरी अनंग दुहाई ॥४॥
तह इक सुता साह की अही ॥
कुअर बिलोक थकित ह्वै रही ॥
हौस मिलन की ह्रिदै बढाई ॥
एक सहचरी तहा पठाई ॥५॥
सखी कुअर तन ब्रिथा जनाई ॥
साह सुता तव हेरि लुभाई ॥
करहु सजन तिह धाम पयाना ॥
भोग करो वा सौ बिधि नाना ॥६॥
द्वै हैगे इह नगर खुदाई ॥
तिन दुहूंअन मौ रारि बढाई ॥
जौ तू दुहूं जियन तै मारै ॥
बहुरि हमारो साथ बिहारै ॥७॥
सुनि बच भेस तुरक त्रिय धरा ॥
बाना वहै आपनो करा ॥
गहि क्रिपान तिह कियो पयाना ॥
जहा निमाजी पड़त दुगाना ॥८॥
जब ही पड़ी निमाज तिनो सब ॥
सिजदा बिखै सु गए तुरक जब ॥
तब इह घात भली करि पाई ॥
काटि मूंड दुहूंअन के आई ॥९॥
इह बिधि दोऊ खुदाई मारे ॥
रमी आनि करि साथ प्यारे ॥
भेद अभेद न किनी बिचारा ॥
किनही दुसट कहियो इन मारा ॥१०॥

दोहरा ॥

मारि खुदाइन दुहूं कह बरियो आनि कर मित ॥
देव अदेव न पावही अबलान के चरित ॥११॥

CHARITAR ३२३ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ तेईस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥323॥6095॥अफजूं॥*

चौपई ॥

मंत्री कथा उचारन लागा ॥
जा के रस राजा अनुरागा ॥
सूरति सैन न्रिपति इक सूरति ॥
जानुक दुतिय मैन की मूरति ॥१॥
अछ्रा देइ सदन तिह नारी ॥
कनक अवटि साचै जन ढारी ॥
अपसर मती सुता तिह सोहै ॥
सुर नर नाग असुर मन मोहै ॥२॥
सुरिद सैन इक साह पुत्र तह ॥
जिह सम दूसर भयो न महि मह ॥
राज सुता तिह ऊपर अटकी ॥
बिसरि गई सभ ही सुधि घट की ॥३॥
चतुरि सहचरी तहा पठाई ॥
नारि भेस करि तिह लै आई ॥
जब वहु तरुन तरुनियहि पायो ॥
भाति भाति भजि गरे लगायो ॥४॥
भाति भाति के आसन लै कै ॥
भाति भाति तन चुंबन कै कै ॥
तिह तिह बिधि ता को बिरमायो ॥
ग्रिह जैबो तिनहूं सु भुलायो ॥५॥
सखी भेस कह धारे रहै ॥
सोई करै जु अबला कहै ॥
रोज भजै आसन तिह लै कै ॥
भाति भाति ता कहु सुख दै कै ॥६॥
पित तिह निरखै भेद न जानै ॥
दुहिता की तिह सखी प्रमानै ॥
भेद अभेद जड़ कोइ न लहही ॥
वा की ताहि खवासिनि करही ॥७॥
इक दिन दुहिता पिता निहारत ॥
भई खेल के बीच महा रत ॥
तवन पुरख कह पुरख उचरि कै ॥
भरता करा सुयंबर करि कै ॥८॥
बैठी बहुरि सोक मन धरि कै ॥
सुनत मात पित बचन उचरि कै ॥
कह इह करी लखहु हमरी गति ॥
मुहि इन दीन सहचरी करि पति ॥९॥
अब मुहि भई इहै सहचरि पति ॥
खेलत दई लरिकवन सुभ मति ॥
अब जौ है मोरै सत माही ॥
तौ इह नारि पुरख ह्वै जाही ॥१०॥
त्रिय ते इहै पुरख ह्वै जाही ॥
जौ कछु सत मेरे महि आही ॥
यह अब जूनि पुरख की पावै ॥
मदन भोग मुरि संग कमावै ॥११॥
चक्रित भयो राजा इन बचनन ॥
रानी सहित बिचार कियो मन ॥
दुहिता कहा कहत बैनन कह ॥

अचरज सो आवत है जिय मह ॥१२॥
जब तिह बसत्र छोरि न्रिप लहा ॥
न्रिकस्रयो वहै जु दुहिता कहा ॥
अधिक सती ता कहि करि जाना ॥
भला बुरा नहि मूड़ पछाना ॥१३॥

CHARITAR ३२४ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चौबीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥324॥6108॥अफजूं॥*

चौपई ॥

स्री सुलतान सैन इक राजा ॥
जा सम दुतिय न बिधना साजा ॥
स्री सुलतान देइ तिह नारी ॥
रूपवान गुनवान उजियारी ॥१॥
ता के भवन भई इक बाला ॥
जानुक सिथर अगनि की ज्वाला ॥
स्री सुलतान कुअरि उजियारी ॥
कनक अवटि साचे जन ढारी ॥२॥
जोबनंग ता के जब भयो ॥
बालापन तब ही सभ गयो ॥
अंग अंग दयो अनंग दमामा ॥
जाहिर भई जगत महि बामा ॥३॥
सुनि सुनि प्रभा कुअर तह आवै ॥
द्वारै भीर बार नहि पावै ॥
एक तरुन तरुनी कौ भायो ॥
जानुक मदन रूप धरि आयो ॥४॥
सोइ कुअर तरुनी कौ भायो ॥
पठै सहचरी बोलि पठायो ॥
क्रीड़ा करी बहुत बिधि वा सो ॥
कीनो प्रात सुयंबर ता सो ॥५॥
जब ही ब्याह तवन सौ कीयो ॥
बहुतिक बरिस न जाने दीयो ॥
क्रीड़ा करै भाति भातिन तन ॥
हरख बढाइ बढाइ अधिक मन ॥६॥
भोग बहुत दिन ता संग कयो ॥
ता को बल सभ ही हरि लयो ॥
जबै न्रिधात कुअर वह भयो ॥
तब ही डारि ह्रिदै ते दयो ॥७॥
औरन साथ करै तब प्रीता ॥
निसु दिन करै काम की रीता ॥
पतिहि तोरि खोजा करि डारा ॥
आपु अवर सो केल मचारा ॥८॥
बिरह राइ ता को थो यारा ॥
जा सो बधियो कुअरि के प्यारा ॥
ता पर रही होइ सो लटकन ॥
तिह हित मरत प्यास अरु भूखन ॥९॥
इक दिन भाग मित्र तिह लई ॥
पोसत सहित अफीम चड़ई ॥

बहु रति करी न बीरज गिराई ॥
आठ पहिर लगि कुअरि बजाई ॥१०॥
सभ निसि नारि भोग जब पायो ॥
बहु आसन करि हरख बढायो ॥
ता पर तरुनि चित ते अटकी ॥
भूलि गई सभ ही सुधि घट की ॥११॥
द्वै घटिका जो भोग करत नर ॥
ता पर रीझत नारि बहुत करि ॥
चारि पहर जो केल कमावै ॥
सो क्योन न त्रिय कौ चित चुरावै ॥१२॥
रैनि सकल तिन तरुनि बजाई ॥
भाति भाति के साथ हंढाई ॥
आसन करे तरुनि बहु बारा ॥
चुंबनादि नख घात अपारा ॥१३॥
भाति भाति के चतुरासन करि ॥
भज्यो ताहि तर दाबि भुजन भरि ॥
चुंबन आसन करत बिचछन ॥
कोक कला कोबिद सभ लछन ॥१४॥

दोहरा ॥

पोसत स्राब अफीम बहु घोटि चड़ावत भंग ॥
चारि पहर भामहि भजा तऊ न मुचा अनंग ॥१५॥

चौपई ॥

भोग करत सभ रैनि बितावत ॥
दलिमलि सेज मिलिन ह्वै जावत ॥
होत दिवाकर की अनुराई ॥
छैल सेज मिलि बहुरि बिछाई ॥१६॥
पौढि प्रजंक अंक भरि सोऊ ॥
भाग अफीम पियत मिलि दोऊ ॥
बहुरि काम की केल मचावै ॥
कोक सार मत प्रगट दिखावै ॥१७॥
कैफन साथ रस मसे ह्वै करि ॥
प्रोढि प्रजंक रहत दोऊ स्वै करि ॥
बहुरि जगै रस रीति मचावै ॥
कवित उचारहि धुरपद गावै ॥१८॥
तब लगि बिरह नटा ता को पति ॥
निकसियो आइ तहा मूरख मति ॥
तब त्रिय चतुर चरित्र बिचरि कै ॥
हन्यो ताहि फासी गर डरि कै ॥१९॥
एक कोठरी मित्र छपायो ॥
पतिहि मारि सुर ऊच उघायो ॥
राजा प्रजा सबद सुनि धाए ॥
दुहिता के मंदरि चलि आए ॥२०॥
म्रितक परियो ता कौ भरतारा ॥
राव रंक सभहूंन निहारा ॥
पूछत भयो तिसी कह राजन ॥
कहा भई या की गति कामनि ॥२१॥
सुनहु पिता मै कछू न जानो ॥

रोग याहि जो तुमै बखानो ॥
अकसमात्र या कह कछु भयो ॥
जींवत हुतो म्रितक ह्वै गयो ॥२२॥
अरु जौ अब मो मै कछु सत है ॥
अरु जौ सत्य बेद कौ मत है ॥
अब मै रुद्र तपस्या करि हौ ॥
याहि जियाऊ कै जरि मरि हौ ॥२३॥
तुमहूं बैठ याहि अंगना अब ॥
पूजा करहु सदा सिव की सब ॥
मै या कौ इह घर लै जै है ॥
पूजि सदा सिव बहुरि जिवै हौ ॥२४॥
मात पिता अंगना बैठाए ॥
नैबी महता सगल बुलाए ॥
लै संग गई म्रितक कह तिह घर ॥
राखियो थो जहा जार छपा करि ॥२५॥
तिह घर जाइ पाट द्रिड़ दै करि ॥
रमी जार के साथ बिहसि करि ॥
न्रिप जुत बैठ लोग द्वारा परि ॥
भेद अभेद न सकत बिचरि करि ॥२६॥
ते सभ ही जिय मै अस जानै ॥
सुता सिवहि पूजत अनुमानै ॥
या की आजु सतता लहि है ॥
भली बुरी बतिया तब कहि है ॥२७॥
जो यह कुअरि रुद्र सो रत है ॥
जौ यह तिह चरनन मै मत है ॥
तौ पति जीवत बार न लगि है ॥
सिव सिव भाखि म्रितक पुनि जगि है ॥२८॥
इत ते द्वार बिचार बिचारत ॥
उत त्रिय संग भी जार महा रत ॥
ज्यों ज्यों लपटि चोट चटकावै ॥
ते जाने वह गाल्रह बजावै ॥२९॥
तहा खोदि भू ता को गाडा ॥
बाहर हाड गोड नहि छाडा ॥
अपने साथ जार कह धरि कै ॥
लै आई इह भाति उचरि कै ॥३०॥
जब मै ध्यान रुद्र को धरियो ॥
तब सिव अस मुर साथ उचरियो ॥
बरंब्रूह पुत्री मन भावत ॥
जो इह समै ह्रिदै महि आवत ॥३१॥
तब मै कहियो जियाइ देहु पति ॥
जो तुमरे चरनन महि मुर मति ॥
तब इह भाति बखानियो सिव बच ॥
सो तुम समझि लेहु भूपति सचु ॥३२॥

दोहरा ॥

ता ते अति सुंदर करो वा ते बैस किसोर ॥
नाथ जींयो स्री संभु की क्रिपा द्रिसटि की कोर ॥३३॥

चौपई ॥

सभहिन बचन सत करि जाना ॥
सिव को सत बचन अनुमाना ॥
तब ते तजि सुंदर जिय त्रासा ॥
नित प्रति ता सौ करत बिलासा ॥३४॥

CHARITAR ३२५ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ पचीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥325॥6142॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

गहरवार राजा इक अति बल ॥
कबै न चलिया पीर हलाचल ॥
गूड़्ह मती नारी ता के घर ॥
कही न परत प्रभा ता की बर ॥१॥
तह इक हुतो साह बडभागी ॥
रूपवान गुनवान नुरागी ॥
सुकच मती दुहिता ता के घर ॥
प्रगट भई जनु कला किरणिधर ॥२॥
एक तहा बैपारी आयो ॥
अमित दरब नहि जात गनायो ॥
जवित्र जाइफर उसटै भरे ॥
लौंग लायची कवन उचरे ॥३॥
उतरत धाम तवन के भयो ॥
मिलबो काज साह संग गयो ॥
दुहित घात तवन की पाई ॥
सकल दरबु तिह लियो चुराई ॥४॥
मात्रा ग्रिह की सकल निकारि ॥
दई बहुरि तह आगि प्रजार ॥
रोवत सुता पिता पहि आई ॥
जरियो धाम कहि ताहि सुनाई ॥५॥
सुन त्रिय बचन साह द्वै धाए ॥
घर को माल निकासन आए ॥
आगे आइ निहारै कहा ॥
निरखा ढेर भसम का तहा ॥६॥
बहुरि सुता इमि बचन उचारे ॥
यहै पिता दुख ह्रिदै हमारे ॥
आपनि गए का सोक न आवा ॥
या को लगत हमै पछतावा ॥७॥
पुनि सुता कौ अस साह उचारे ॥
सोई भयो जु लिखियो हमारे ॥
तुम या को कछु सोक करहु जिन ॥
दै हो दरबु जरियो जितनो इन ॥८॥
भेद अभेव न कछु जड़ पायो ॥
मूंड मुंडाइ बहुरि घर आयो ॥
करम रेख अपनी पहिचानी ॥
त्रिय चरित्र की रीति न जानी ॥९॥
साहु सुता इह छल धन हरा ॥
भेद न ता के पितै बिचरा ॥
स्याना हुतो भेद नहि पायो ॥

बिनु लागे जल मूंड मुंडायो ॥१०॥

CHARITAR ३२६ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ छबीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥326॥6152॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

अचलावती नगर इक सोहै ॥
अचल सैन राजा तह कोहै ॥
अचल देइ ता के घर रानी ॥
सुंदरि भवन चत्रदस जानी ॥१॥
अचल मती दूसर तिह दारा ॥
ता ते सुंदरि हुती अपारा ॥
ता सौ न्रिप को नेह अपारा ॥
जानत ऊच नीच तिह प्यारा ॥२॥
दुतिय नारि अस चरित बिचारियो ॥
एक नारि के साथ सिखारियो ॥
ता को भरियो दरब सौ धामा ॥
जानत अवर न दूजी बामा ॥३॥
जब सभ अरध रात्रि स्वै जाहि ॥
जागत रहै एक जन नाहि ॥
दीप जरियो धौलर जब लहियहु ॥
तब तुम अस राजा सौ कहियहु ॥४॥
माया गडी मोहि न्रिप जानो ॥
एक बात मै तुमै बखानो ॥
अछला दे त्रिय कौ बलि दै कै ॥
ग्रिह लै जाहि काढि मुहि लै कै ॥५॥
अछला दे जब ही सुनि पायो ॥
उलटि भेद तिह त्रियहि सिखायो ॥
एक बात मागे मुहि देहु ॥
न्रिप पहि नाम तिसी का लेहु ॥६॥
प्रथमै अधिक दरबु तिह दिया ॥
दुगनो दरब देन तिह किया ॥
तिन सहेट उत दीप जगायो ॥
इति इसत्री इमि भाखि सुनायो ॥७॥
हे न्रिप मुहि माया तुम जानो ॥
बिकट केतु की गडी पछानो ॥
अपनी इसत्री कह बलि दै कै ॥
या ते भखहु काढि धन लै कै ॥८॥
रानी साथ जहा न्रिप सोयो ॥
अरधिक रात्रि बचन तह होयो ॥
मुहि माया कौ घर ही राखहु ॥
इसत्री दै अपनी बलि भाखहु ॥९॥
जिन इसत्री इह चरित बनायो ॥
ता ही को न्रिप नाम सुनायो ॥
राजा लोभ दरब के मारे ॥
तिसी नारि कह बलि दै डारे ॥१०॥
जिनहु नारि कौ मतो सिखायो ॥
पलटि काम ताही के आयो ॥

उन त्रिय दरब ताहि बहु द्रयाइ ॥
नारि तिसी कौ हन्यौ बनाइ ॥११॥
बुरी बात जो कोई बनावै ॥
उलटि काम ताही के आवै ॥
जैसा कियो तैस फल पायो ॥
ताहि हनत थी आपु हनायो ॥१२॥

CHARITAR ३२७ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ सताईस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥327॥6164॥अफजूं॥*

चौपई ॥

थंभकरन इक थंभ्र देस न्रिप ॥
सिख्य साधु को दुसटन को रिपु ॥
ता के स्वान एक थो आछा ॥
सुंदर घनो सिंघ सो काछा ॥१॥
इक दिन धाम न्रिपति के आयो ॥
पाहन हनि तिह ताहि हटायो ॥
त्रिय की हुती स्वान सौ प्रीता ॥
पाहन लगे भयो दुख चीता ॥२॥
पाहन लगे स्वान मरि गयो ॥
रानी दोस न्रिपति कह दयो ॥
मरियो स्वान भयो कहा उचारा ॥
ऐसे हमरे परै हजारा ॥३॥
अब तै या कौ पीर पछाना ॥
ता को भाति पूजि है नाना ॥
कहियो सही तब याहि पुजाऊ ॥
भले भले ते नीर भराऊ ॥४॥
कुतब साह राखा तिह नामा ॥
तही खोदि भूअ गाडियो बामा ॥
ता की गोर बणाई ऐसी ॥
किसी पीर की होइ न जैसी ॥५॥
इक दिन आपु तहा त्रिय गई ॥
सिरनी कछू चड़ावत भई ॥
मंनति मोरि कही बर आई ॥
सुपना दियो पीर सुखदाई ॥६॥
मोहि सोवते पीर जगायो ॥
आपु आपनी कबुर बतायो ॥
ता ते मै इह ठौर पछानी ॥
जब हमरी मनसा बर आनी ॥७॥
इह बिधि जब पुर मै सुनि पायो ॥
ज्रयारति सकल लोग मिलि आयो ॥
भाति भाति सीरनी चड़ावै ॥
चूंबि कबुर कूकर की जावै ॥८॥
काजी सेख सैयद तह आवै ॥
पड़ि फातया सीरनी बटावै ॥
धूरि समस झारूअन उडाही ॥
चूंमि कबुर कूकर की जाही ॥९॥

दोहरा ॥

इह छल अपनै स्वान को चरित दिखायो बाम ॥
अब लगि कह ज्रयारति करै साहु कुतब दी नाम ॥१०॥

CHARITAR ३२८ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ अठाईस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥328॥6174॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

बिजियावती नगर इक सोहै ॥
ब्रिभ्रम सैन न्रिपति तह कोहै ॥
ब्रयाघ्र मती ता के घर दारा ॥
चंद्र लयो ता ते उजियारा ॥१॥
तिह ठा हुती एक पनिहारी ॥
न्रिप के बार भरत थी द्वारी ॥
तिह कंचन के भूखन लहि कै ॥
डारि दए घट मौ कर गहि कै ॥२॥
ऊपर जल ता के तर भूखन ॥
किनूं न नर समझ्यो तिह दूखन ॥
बहु पुरखन ता को जल पीआ ॥
किनहूं जानि भेद नहि लीआ ॥३॥
रानीहूं तिह घटहि निहारा ॥
द्रिसटि न्रिपति की तर सु निकारा ॥
काहूं बात लखी नहि गई ॥
भूखन जात नारि हरि भई ॥४॥

CHARITAR ३२९ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ उनतीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥329॥6178॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

बिरहावती नगर इक दछिन ॥
बिरह सैन तिह न्रिपति बिचछन ॥
बिरहा देइ सदन महि बाला ॥
जनु करि सिखर अगनि की ज्वाला ॥१॥
इसका दे तिह सुता भनिजै ॥
चंद सूर जिह सम छबि दिजै ॥
अवर नारि तिह सम नहि कोई ॥
त्रिय की उपमा कह त्रिय सोई ॥२॥
सुंदरता ता के तन ऐसी ॥
सची पारबती होइ न तैसी ॥
मालुम सकल जगत उजियारी ॥
जछ गाध्रबी भीतर प्यारी ॥३॥
कंचन सैन दैत तह भारो ॥
बीरजमान दुतिमान करारो ॥
निहकंटक असुरान करियो जिन ॥
समुहि भयो सो बली हन्यो तिन ॥४॥

तिह पुर अरधि राति वह आवै ॥
एक पुरख नितप्रति भखि जावै ॥
सभहिन सोच बढियो जिय मै अति ॥
बैठि बिचार करत भे सुभ मति ॥५॥
इह राछस अति ही बलवाना ॥
मानुख भखत रैनि दिन नाना ॥
त्रास करत काहू नहि जन कौ ॥
निरभै फिरत होत करि मन कौ ॥६॥
बेस्वा हुती एक पुर तवनै ॥
दानव खात मनुख भूअ जवनै ॥
सो अबला राजा पह आई ॥
निरख राव की प्रभा लुभाई ॥७॥
इह बिधि कहियो न्रिपति तन बैना ॥
जौ तुम मुहि राखहु निजु ऐना ॥
तौ हौ मारि असुर कह आवौ ॥
या पुर को सभ सोक मिटावौ ॥८॥
तब मै बरौ तोहि कौ धामा ॥
जब तै हन असुर कह बामा ॥
देस सभै अरु लोग बसै सुख ॥
मिटै प्रजा के चित को सभ दुख ॥९॥
बली आठ सै महिख मंगायो ॥
भछ भोज पकवान पकायो ॥
मदरा अधिक तहा लै धरा ॥
सात बार जु चुआइनि करा ॥१०॥
भली भाति सभ अंन बनाए ॥
भाति भाति बिखु साथ मिलाए ॥
गरधभान बहु दई अफीमै ॥
बाधे आनि असुर की सीमै ॥११॥
आधी राति दैत तह आयो ॥
गरधभान महिखान चबायो ॥
भछ भोज बहुते तब खाए ॥
भरि भरि प्याले मदहि चड़ाए ॥१२॥
मद की पीए बिसुध ह्वै रहा ॥
आनि अफीम गरौ तिह गहा ॥
सोइ रहा सुधि कछू न पाई ॥
नारि पछान घात कह धाई ॥१३॥
अठ हज़ार मन सिका लयो ॥
ता पर अवटि ढारि करि दयो ॥
भसमी भूत दैत वहु कियो ॥
बिरहवती पुर कौ सुख दियो ॥१४॥

दोहरा ॥

इह छल अबला असुर हनि न्रिपहि बरियो सुख पाइ ॥
सकल प्रजा सुख सौ बसी ह्रिदै हरख उपजाइ ॥१५॥

CHARITAR ३३० — *SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ तीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥330॥6193॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

वलंदेज को एक न्रिपाला ॥
वलंदेज देई घर बाला ॥
ता पुर कुप्रयो फिरंग राइ मन ॥
सैन चड़ा लै करि संग अनगन ॥१॥
नामु फिरंगी राइ न्रिपति तिह ॥
अंगरेजन पर चड़त करी जिह ॥
अनगन लए चमूं चतुरंगा ॥
जनु करि उमडि चलियो जल गंगा ॥२॥
वलंदेज देई के नाथहि ॥
प्रान तजे डर ही के साथहि ॥
रानी भेद न काहू दयो ॥
त्रास त्रसत राजा मरि गयो ॥३॥
म्रितक नाथ तिह समै निहारा ॥
और संग बहु सैन बिचारा ॥
इहै घात जिय माहि बिचारी ॥
कासट पुत्रिका लछ सवारी ॥४॥
लछ ही हाथ बंदूक सवारी ॥
दारू गोलिन भरी सुधारी ॥
डिवढा चुनत भई तुपखाना ॥
तीर बंदूक कमान अरु बाना ॥५॥
जब अरि सैन निकट तिह आई ॥
सभहिन गई पलीता लाई ॥
बीस हजार तुपक इक बार ॥
छुटगी कछु न रही संभारा ॥६॥
जिमि मखीर की उडत सु माखी ॥
तिमि ही चली बंदूकै बाखी ॥
जा के लगे अंग मौ बाना ॥
ततछिन तिन भट तजे पराना ॥७॥
तरफराहि गौरिन के मारे ॥
पछु सुत ओरन जनुक बिदारे ॥
रथी सु नागपती अरु बाजा ॥
जम पुर गए सहित निजु राजा ॥८॥

दोहरा ॥

इह चरित्र तन चंचला कूटो कटक हजार ॥
अरि मारे राजा सहित गए ग्रिहन कौ हारि ॥९॥

CHARITAR ३३१ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ इकतीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥331॥6202॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

सहिर भेहरे एक न्रिपति बर ॥
काम सैन तिह नाम कहत नर ॥
कामावती तवन की नारी ॥
रूपवान दुतिवान उजियारी ॥१॥
ता के बहुत रहै ग्रिह बाजिन ॥

जयो करत ताजी अरु ताजिन ॥
तह भव एक बछेरा लयो ॥
भूत भविख्य न वैसे भयो ॥२॥
तह इक होत साह बडभागी ॥
रूप कुअर नामा अनुरागी ॥
प्रीति कला तिह सुता भनिजै ॥
को दूसर पटतर तिह दिजै ॥३॥
सौ त्रिय एक चौधरी सुत पर ॥
अटकि गई तरुनी अति रुचि करि ॥
मिजमानी छल ताहि बुलायो ॥
भाति भाति भोजनहि भुजायो ॥४॥
कीना कैफ रसमसो जब ही ॥
तरुनी इह बिधि उचरी तब ही ॥
अब तै गवन आइ मेरो करि ॥
काम तपत अब ही हमरो हरि ॥५॥
तब इह बिधि तिन पुरख उचारी ॥
यौ न भजौ तुहि सुनहु प्यारी ॥
जो राजा के उपज्यो बाजी ॥
सो दै प्रथम आनि मुहि ताजी ॥६॥
तब तिन त्रिय बिचार अस कियो ॥
किह बिधि जाइ तुरंगम लियो ॥
ऐसे करियै कवनुपचारा ॥
जा ते परै हाथ मो प्यारा ॥७॥
अरध रात्रि बीतत भी जबै ॥
स्वान भेख धारा त्रिय तबै ॥
कर महि गहि क्रिपान इक लई ॥
बाजी हुतो जहा तह गई ॥८॥
सात कोट तह कूदि पहूंची ॥
दान क्रिपान मान की सूची ॥
जिह जागत पहरूअरि निहारै ॥
ता को मूंड काटि करि डारै ॥९॥
अड़िल ॥
एक पहरूअहि मारि दुतिय कह मारियो ॥
त्रितिय मारि चतरथ को सीस उतारियो ॥
पंचम खसटम मारि सपतवौ हति कियो ॥
हो असटम पुरख संघारि छोरि बाजी लियो ॥१०॥
परी नगर मै रौरि जबै त्रिय है हरियो ॥
पठै पखरिया कछ्छि कछ्छि कहै कहा परियो ॥
बाट घाट सभ रोकि गहो इह चोरि कौ ॥
हो धर लीजै इह होन न दीजै भोर कौ ॥११॥
जित जित धावहि लोग हरियो है कहै किस ॥
कढै क्रिपानै दिखियत धावत दसौ दिसि ॥
अस कारज जिह किय न जान तिह दीजियै ॥
हो ज्यों त्यों जीति तुरंग न्रिपति को लीजियै ॥१२॥
बहुत पहूंचे निकटि तरुनि के जाइ कै ॥
फिरि मारे तिन वहै तुरंग नचाइ कै ॥
करि करि जाहि चलाकी बाही बेग तन ॥
हो तिन की हौस न राखी राखे एक ब्रन ॥१३॥

चौपई ॥

कूद कीआ जा के पर वारा ॥
इक ते ताहि दोइ करि डारा ॥
चुनि चुनि हने पखरिया मन तै ॥
द्वै द्वै गे ह्वै इक इक तन तै ॥१४॥
बहु बिधि बीर पखरिया मारै ॥
इक इक ते करि द्वै द्वै डारे ॥
घोरा सहित घाइ जो घए ॥
द्वै ते चारि टूक ते भए ॥१५॥

दोहरा ॥

इह बिधि बीर बिदार बहु नदी तुरंग तराइ ॥
जहा मित्र को ग्रिह हुतो तही निकास्यो आइ ॥१६॥

चौपई ॥

जब तिह आनि तुरंगम दीयो ॥
काम भोग ता सै द्रिड़ कीयो ॥
जौ पाछे तिन फौज निहारी ॥
इह बिधि सौ तिह त्रियहि उचारी ॥१७॥
अड़िल ॥
बुरो करम हम करियो तुरंग न्रिप को हरियो ॥
आपु आपुने पगन कुहारा कौ मरियो ॥
अब ए तुरंग समेत पकरि लै जाइ है ॥
हो फासी दैहै दुहूं कि सूरी द्रयाइ है ॥१८॥

चौपई ॥

त्रिय भाख्यो पिय सोक न करो ॥
बाज सहित दोऊ बचे बिचरो ॥
ऐसो चरित अबै मै करि हो ॥
दुसटन डारि सिर छारि उबरि हो ॥१९॥
तहा पुरख को भेस बनाइ ॥
दल कह मिली अगमने जाइ ॥
कही हमारो सतर उबारो ॥
और गाव ते सकल निहारो ॥२०॥
मिलि दल धाम अगमने जाइ ॥
बाज पाइ झाझर पहिराइ ॥
सकल गाव तिन कह दिखराई ॥
फिरि तिह ठौरि तिनै लै आई ॥२१॥
परदा लेत तानि आगे तिन ॥
देखहु जाइ जनाना कहि जिन ॥
आगे करि सभहिन के बाजा ॥
इह छल बाम निकारियो राजा ॥२२॥
सो आंगन लै तिनै दिखावै ॥
आगे बहुरि कनात तनावै ॥
आगे करि करि बाज निकारै ॥
नेवर के बाजत झनकारै ॥२३॥
बहू बधू तिन की वहु जानै ॥
बाजी कह मूरख न पछानै ॥
नेवर कै बाजत झनकारा ॥
भेद अभेद न जात बिचारा ॥२४॥

दुहिता बहू तिनै करि जानै ॥
सुनि सुनि धुनि नेवर की कानै ॥
भेद अभेद कछू न बिचारी ॥
इह छल छलै पुरख सभ नारी ॥२५॥
जवन रुचा ज्यों त्यों तिह भजा ॥
जिय जु न भायो तिह कौ तजा ॥
इन इसत्रीन के चरित अपारा ॥
जिनै न बिधना सकत बिचारा ॥२६॥

CHARITAR ३३२ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ बतीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥332॥6228॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनहो राज कुअरि इक बाता ॥
त्रिय चरित्र जो किय बिख्याता ॥
पसचिम दिसा हुती इक नगरी ॥
हंस मालनी नाम उजगरी ॥१॥
हंस सैन जिह राज बिराजै ॥
हंस प्रभा जा की त्रिय राजै ॥
रूपवान गुनवानुजियारी ॥
जाहिर लोक चौदहूं प्यारी ॥२॥
तह इक साहु सुता दुतिमाना ॥
बहुरि जियत जिह निरखि ससाना ॥
जोबन भयो अधिक तिह जब ही ॥
बहुतन साथ बिहारत तब ही ॥३॥
इक दिन भेस पुरख को धारि ॥
निजु पति साथ करी बहु रारि ॥
लात मुसट के करत प्रहार ॥
सो तिह नारि न सकै बिचारि ॥४॥
ता सौ लरि काजी पहि गई ॥
लै इलाम प्रयादन संग अई ॥
ऐच पतिहि लै तहा सिधाई ॥
कोतवार काजी जिह ठाई ॥५॥
प्रयादन साथ द्वार पति थिर करि ॥
दिन कह गई मित्र अपने घर ॥
ता संग करि क्रीड़ा की गाथा ॥
लै आई साहिद कहि साथा ॥६॥
अड़िल ॥
जार प्रयादन पति जुति द्वारे ठाढि कर ॥
दुतिय मित्र के गई दिवस कह नारि घर ॥
काम भोग तिह साथि कीया रुचि मानि करि ॥
हो साहिद कै ल्याई अपने तिह साथ धरि ॥७॥

चौपई ॥

कहा लगे मै कहो उचरि करि ॥
इह बिधि गई बहुतन के घर ॥
संग साहिद सभ ही करि लीने ॥

सकल रुजू काजी के कीने ॥८॥
तिह अपनी अपनी ते मानै ॥
एक एक को भेद न जानै ॥
जु त्रिय कहत सो पुरख बखानत ॥
आपु आपु की बात न जानत ॥९॥
सभ साहिद जब नजरि गुजरे ॥
एक बचन वह त्रिया उचरे ॥
तब काजी साची इह कीनो ॥
दरब बटाइ अरध तिह दीनो ॥१०॥
किनूं न ता को भेद बिचारा ॥
कस चरित्र इह नारि दिखारा ॥
औरन की कोऊ कहा बखानै ॥
आपु आप महि तेऊ न जानै ॥११॥

दोहरा ॥

कहा लखा त्रिय करम करि कैसे करम कमाइ ॥
भेद अभेद सभ आपु महि सका न कोऊ पाइ ॥१२॥

CHARITAR ३३३ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ तेतीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥333॥6240॥अफज्राूं॥*

चौपई ॥

राज सैन इक राजा दछिन ॥
त्रिय तिह राज मती सुभ लछन ॥
अमित दरब तन भरे भंडारा ॥
जिन को आवत वार न पारा ॥१॥
पिंगल दे तह साह दुलारी ॥
जा की सम नहि दुतिय कुमारी ॥
निरखि न्रिपति त्रिय भई दिवानी ॥
तब ते रुचत खान नहि पानी ॥२॥
ता की लगनि न्रिपति तन लागी ॥
छूटै कहा अनोखी जागी ॥
सखी चीनि इक हितू स्यानी ॥
पठै दई न्रिप की रजधानी ॥३॥
जिमि तिमि बदा मिलन तिह संगा ॥
तिह तन ब्यापियो अधिक अनंगा ॥
तिह भेटन कौ चित ललचावै ॥
घात न निकसन की त्रिय पावै ॥४॥
कहियो साहु इक भूप बुलावत ॥
सभ अंनन को निरख लिखावत ॥
बचन सुनत तह साहु सिधारा ॥
भलो बुरो नहि मूड़ बिचारा ॥५॥
निकसत भई घात त्रिय पाइ ॥
भोग कीआ राजा सो जाइ ॥
रहियो मूड़ पर द्वार बहिठो ॥
भला बुरा कछु लगियो न डिठो ॥६॥
त्रिय करि केल भूप सौ आई ॥

लयो साहु घर बहुरि बुलाई ॥
कहियो प्रात हम तुम दोऊ जै है ॥
राजा कहत वहै करि ऐहै ॥७॥

दोहरा ॥

इह छल मूरख तिह छला सकियो न भेद बिचार ॥
कहा चरित इन त्रिय किया न्रिप संग रमी सुधारि ॥८॥

CHARITAR ३३४ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चौतीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥334॥6248॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

सहिर सरोही के बिखै बिक्रत करन इक राइ ॥
बीर बडो बाको रथी राखत सभ को भाइ ॥१॥

चौपई ॥

अबला दे रानी ता के घर ॥
अधिक पंडिता सकल हुनर करि ॥
बीरम देव पुत्र तिह जायो ॥
तेजवान बलवान सुहायो ॥२॥
ता की जात न प्रभा बखानी ॥
रूप अनंग धरियो है जानी ॥
कह लगि प्रभा करै कवनै कबि ॥
निरखि सूर ससि रहत इंद्र दबि ॥३॥
छैल छबीलो कुअर अपारा ॥
आपु घड़ा जानुक करतारा ॥
कनक अवटि साचे जन ढारियो ॥
रीझि रहत जिन ब्रहम सवारियो ॥४॥
नैन फबत म्रिग से कजरारे ॥
केस जाल जनु फास सवारे ॥
जा के परे गरै सोई जानै ॥
बिनु बूझै कोई कहा पछानै ॥५॥
जेतिक देत प्रभा सभ ही कबि ॥
तेतिक हुती तवन भीतरि छबि ॥
पुरख नारि चितवह जो ताहि ॥
कछु न संभार रहत तब वाहि ॥६॥
चंचरीट दुति देखि बिकाने ॥
भवर आजु लगि फिरति दिवाने ॥
महादेव ते नैक निहारे ॥
अब लगि बन मै बसत उघारे ॥७॥
अड़िल ॥
चतुरानन मुख चतुर लखि याही ते करै ॥
सिखि बाहन खट बदन सु याही ते धरै ॥
पंचानन या ते सिव भए बचारि करि ॥
हो सहसानन नहु सका प्रभा को सिंधु तरि ॥८॥

चौपई ॥

जे अबला तिह रूप निहारत ॥
लाज साज धन धाम बिसारत ॥
मन मै रहत मगन ह्वै नारी ॥
जानु बिसिख तन म्रिगी प्रहारी ॥९ ॥
साह जैन अलावदीन जह ॥
आयो कुअर रहन चाकर तह ॥
फूलमती हजरति की नारी ॥
ता के ग्रिह इक भई कुमारी ॥१० ॥
स्री दिमाग रोसन वह बारी ॥
जनु रति पति ते भई कुमारी ॥
जनुक चीरि चंद्रमा बनाई ॥
ताही ते ता मै अतिताई ॥११ ॥
बीरम दे मुजरा कह आयो ॥
साहु सुता को ह्रिदै चुरायो ॥
अनिक जतन अबला करि हारी ॥
कै सिहु मिला न प्रीतम प्यारी ॥१२ ॥
कामातुर भी अधिक बिगम जब ॥
पिता पास तजि लाज कही तब ॥
कै बाबुल ग्रिह गोरि खुदाओ ॥
कै बीरम दे मुहि बर द्रयाओ ॥१३ ॥
भली भली तब साह उचारी ॥
मुसलमान बीरम कर प्यारी ॥
बहुरि ताहि तुम करौ निकाहा ॥
जिह सौ तुमरी लगी निगाहा ॥१४ ॥
बीरम तीर वजीर पठायो ॥
साह कहियो तिह ताहि सुनायो ॥
हमरे दीन प्रथम तुम आवहु ॥
बहुरि दिलिस की सुता बियावहु ॥१५ ॥
बीरम देव कहा नहि माना ॥
करियो आपने देस पयाना ॥
प्राते खबरि दिलिस जब पाई ॥
अमिति सैन अरि गहन पठाई ॥१६ ॥
बीरम देव खबरि जब पाई ॥
पलट करी तिन साथ लराई ॥
भाति भाति भारी भट घाए ॥
तहा न टिके तवन के पाए ॥१७ ॥
काधल वत राजा थो जहा ॥
बीरम देव जात भयो तहा ॥
काधल दे आगे जहा रानी ॥
रूपवान गुनवान स्यानी ॥१८ ॥
अड़िल ॥
काधल दे रानी तिह रूप निहारि कै ॥
गिरी धरनि के भीतर हिये बिचारि कै ॥
ऐसो इक पल कुअर जु भेटन पाईयै ॥
हो जनम पचासिक लौ सखी बलि बलि जाईयै ॥१९ ॥

चौपई ॥

जाइ सखी बीरम दे पासा ॥
इह बिधि साथ करी अरदासा ॥
कै तुम काधल दे को भजो ॥

कै इह देस हमारो तजो ॥२०॥
पाछे लगी फौज तिन मानी ॥
दुतिय रहन की ठौर न जानी ॥
ता को देस तरुनि नहि तजो ॥
काधल दे रानी कह भजो ॥२१॥
रानी रमी मित्र के भोगा ॥
चित के दए त्यागि सभ सोगा ॥
तब लगि लिखो साह को आयो ॥
बाचि मंत्रियन भाखि सुनायो ॥२२॥
लिखि सु लिखा महि यहै पठाई ॥
और बात दूजी न जनाई ॥
कै बीरम कह बाधि पठावहु ॥
कै मेरे संग जुध मचावहु ॥२३॥
रानी बाधि न बीरम दयो ॥
पहिर कौच दुंदभी बजयो ॥
निरभै चली जुध के काजा ॥
है गै रथ साजत सर साजा ॥२४॥

भुजंग प्रयात छंद ॥

बज्यो राग मारू मंडे छत्रधारी ॥
बहै तीर तरवार काती कटारी ॥
कहूं केतु फाटे गिरे छत्र टूटे ॥
कहूं मत दंती फिरै बाज छूटै ॥२५॥
कहूं बाज जूझे परे है मतंगै ॥
कहूं नाग मारे बिराजै उतंगै ॥
कहूं बीर डारे परे बरम फाटे ॥
कहूं खेत खाडे लसै चरम काटे ॥२६॥
गिरे बीर मारे का लौ गनाऊ ॥
कहौ जो सभै एक ग्रंथै बनाऊ ॥
जथा सकति कै अलप ता ते उचारो ॥
सुनो कान दै कै सभे ही पिआरो ॥२७॥
इतै खान ढूके उतै राज नीके ॥
हठी रोस बाढे सु गाढे अनीके ॥
लरे कोप कै कै सु एकै न भाज्यो ॥
घरी चारि लौ सार सौ सार बाज्यो ॥२८॥
तहा संख भेरी घने नाद बाजे ॥
म्रिदंगै मुचंगै उपंगै बिराजे ॥
कहूं नाइ नाफीरियैं औ नगारे ॥
कहूं झाझ बीना बजै घंट भारे ॥२९॥
कहूं टूक टूक है गिरै है सिपाही ॥
मरे स्वामि के काजहूं को निबाही ॥
तहा कौच धारे चड़े छत्र धारी ॥
मिलै मेल मानो मदारै मदारी ॥३०॥
किते भूमि लोटै सु हाथै उचाए ॥
डरै सेख जैसे समाई समाए ॥
जुझै ज्वान जोधा जगे जोर जंगै ॥
मनो पान कै भंग सोए मलंगै ॥३१॥
बहै आन ऐसे बचै बीर कौनै ॥
लरियो आनि जो पै गयो जूझि तौनै ॥
तहा जोजनं पाच भयो बीर खेतं ॥

बिदारे परे बीर ब्रिंदे बिचेतं ॥३२॥
कहूं बीर बैताल बीना बजावै ॥
कहूं जोगनीयैं खरीं गीत गावै ॥
कहूं लै बरंगनि बरैं वै तिसी को ॥
लहै सामुहे जुध जुझो जिसी को ॥३३॥

चौपई ॥

जब ही सैन जूझि सभ गई ॥
तब त्रिय सुतहि पठावत भई ॥
सोऊ जूझि जब स्वरग सिधायो ॥
दुतिय पुत्र तह और पठायो ॥३४॥
सोऊ गिरियो जूझि रन जब ही ॥
तीजे सुतहि पठायो तब ही ॥
सोऊ जूझि जब गयो दिवालै ॥
चौथे पूत पठायो बालै ॥३५॥
चारौ गिरे जूझि सुत जब ही ॥
अबला चली जुध कौ तब ही ॥
सूर बचे ते सकल बुलाइसि ॥
लरन चली दुंदभी बजाइसि ॥३६॥
ऐसा करा बाल तह जुधा ॥
रही न भट काहू महि सुधा ॥
मारे परे बीर बिकरारा ॥
गोमुख झाझर बसत नगारा ॥३७॥
जा पर सिमटि सरोही मारति ॥
ता को काटि भूम सिर डारति ॥
जा के हनै तरुनि तन बाना ॥
करै सुभट म्रित लोक पयाना ॥३८॥
चुनि चुनि ज्वान पखरिया मारे ॥
इक इक ते द्वै द्वै करि डारे ॥
उठी धूरि लागी असमाना ॥
असि चमकै बिजुरी परमाना ॥३९॥
काटे सुभट सरोहिन परे ॥
जनु मारुत बर बिरछ उपरे ॥
गज जूझे मारे बाजी रन ॥
जनु क्रीड़ा सिव को यह है बन ॥४०॥
रन ऐसो अबला तिन कीया ॥
पाछे भयो न आगे हूआ ॥
खंड खंड ह्वै गिरी धरनि पर ॥
रन जूझी भवसिंधु गई तरि ॥४१॥
खंड खंड बाजी पर भई ॥
तऊ न छोरि अयोधन गई ॥
भूत पिसाच गए भखि तामा ॥
बागि मोरि तऊ भजी न बामा ॥४२॥
प्रथम चारऊ पुत्र जुझाए ॥
बहुरि आपु बैरी बहु घाए ॥
प्रथम बाल कौ जबै संघारियो ॥
तिह पाछे बीरम दे मारियो ॥४३॥
ता को मारि काटि सिर लियो ॥
लै हाजिर हजरति के कियो ॥
तब पित पठै सुता पहि दीना ॥

अधिक दुखित ह्वै दहुता चीना ॥४४॥

दोहरा ॥

जब बेगम तिह स्वार कौ देखा सीस उघारि ॥
पलटि परा तब मूंड न्रिप तउ न कबूली नारि ॥४५॥

चौपई ॥

बेगम सोकमान तब ह्वै कै ॥
जमधर हना उदर कर लै कै ॥
प्रान मित्र के लीने दीना ॥
ध्रिग मो कौ जिन अस क्रम कीना ॥४६॥

दोहरा ॥

बीरम दे राजा निमित बेगम तजे परान ॥
सु कबि स्याम या कथा को तब ही भयो निदान ॥४७॥

CHARITAR ३३५ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ पैतीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥335॥6295॥अफजूं॥*

चौपई ॥

राज सैन इक सुना न्रिपति बर ॥
राज देइ रानी ता के घर ॥
रंगझड़ दे दुहिता तह सोहै ॥
सुर नर नाग असुर मन मोहै ॥१॥
बढत बढत अबला जब बढी ॥
मदन सु नार आपु जनु गढी ॥
मात पिता चरचा भई जोई ॥
प्रचुर भई जग भीतरि सोई ॥२॥
मातै कही सुता के संगा ॥
चंचलता जिन करु सुद्रंगा ॥
कहा बिसेस धुजहि तू बरि है ॥
ता को जीति दास लै करि है ॥३॥
सुनत बात ता कह लगि गई ॥
राखी गूड़ न भाखत भई ॥
जब अबला निसि कौ घर आई ॥
चली तहा नर भेस बनाई ॥४॥
चलत चलत बहु चिर तह गई ॥
जहा बिलासवती नगरई ॥
तवन नगर चलि जूप मचायो ॥
ऊच नीच सभ ही नहरायो ॥५॥
बडे बडे जूपी जब हारे ॥
मिलि राजा के तीर पुकारे ॥
इक ह्यां ऐस जुआरी आयो ॥
किसू पास नहि जात हरायो ॥६॥
इह बिधि सुने बचन जब राजा ॥
आपन सजियो जूप को साजा ॥

कहियो ताहि ह्यां लेहु बुलाइ ॥
जिन जूपी सभ लए हराइ ॥७॥
भ्रित सुनि बचन पहूंचे तहा ॥
जूपिन कुअरि हरावत जहा ॥
कहियो ताहि तुहि राइ बुलायो ॥
चाहत तुम सौ जूप मचायो ॥८॥
न्रिप के तीर तरुनि तब गई ॥
बहु बिधि जूप मचावत भई ॥
अधिक दरब तिन भूप हरायो ॥
ब्रहमा ते नहि जात गनायो ॥९॥
जब न्रिप दरब बहुत बिधि हारा ॥
सुत ऊपर पासा तब ढारा ॥
वहै हरायो देस लगायो ॥
जीता कुअर भज्यो मन भायो ॥१०॥

दोहरा ॥

जीति सकल धन तवन को दीना देस निकार ॥
कुअर जीति करि पति करा बसी धाम ह्वै नार ॥११॥
चंचलान के चरित को सकत न कोई बिचार ॥
ब्रहम बिसन सिव खट बदन जिन सिरजी करतार ॥१२॥

CHARITAR ३३६ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ छतीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥336॥6307॥अफजूं॥*

चौपई ॥

जमल सैन राजा बलवाना ॥
तीन लोक मानत जिह आना ॥
जमला टोडी को नरपाला ॥
सूरबीर अरु बुधि बिसाला ॥१॥
सोरठ दे रानी तिह सुनियत ॥
दान सील जा को जग गुनियत ॥
परज मती दुहिता इक ता की ॥
नरी नागनी सम नहि जा की ॥२॥
बिसहर को इक हुतो न्रिपाला ॥
आयो गड़ जमला किह काला ॥
छाछ कामनी की पूजा हित ॥
मन क्रम बचन इहै करि करि ब्रत ॥३॥
ठाढि परज दे नीक निवासन ॥
राज कुअर निरखा दुख नासन ॥
इहै चित मै कीअसि बिचारा ॥
बरौ याहि करि कवन प्रकारा ॥४॥
सखी भेजि तिह धाम बुलायो ॥
भाति भाति को भोग कमायो ॥
इह उपदेस तवन कह दयो ॥
गौरि पुजाइ बिदा कर गयो ॥५॥
बिदा कीआ तिह ऐस सिखाइ ॥
आपु न्रिपति सो कही जताइ ॥

मनीकरन तीरथ मै जै हौ ॥
नाइ धोइ जमला फिरि ऐ हौ ॥६॥
जात तीरथ जात्रा कह भई ॥
सहिर बेसहिर मो चलि गई ॥
होत तवन सौ भेद जतायो ॥
मन मानत के भोग कमायो ॥७॥
काम भोग करि कै घर राखी ॥
रछपालकन सो अस भाखी ॥
बेगि नगर ते इनै निकारहु ॥
हाथ उठावै तिह हनि मारहु ॥८॥
सो तरुनी तिह रस रसि गई ॥
काढि समिग्री सिगरी दई ॥
इह छल साथ लहा मन भावन ॥
सका चीन कोऊ पुरख उपावन ॥९॥
काढि दए सभ ही रखवारे ॥
लोह करा जिन ते हनि डारे ॥
जमलेस्वर न्रिप सौ यौ भाखी ॥
तुमरी छीनि सुता न्रिप राखी ॥१०॥
बेसहरा पर कछु न बसायो ॥
सुनत बात न्रिप मूंड ढुरायो ॥
इह छल बरा कुअरि वहु राजा ॥
बाइ रहा मुख सकल समाजा ॥११॥

CHARITAR ३३७ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ सैतीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥337॥6318॥अफजूं॥*

दोहरा ॥

नगर बिभासावती मै करन बिभास नरेस ॥
जा के तेज रु त्रास कौ जानत सगरो देस ॥१॥

चौपई ॥

मती बिवास तवन की रानी ॥
सुंदरि भवन चत्रदस जानी ॥
सात सवति ता की छबिमान ॥
जानुक सात रूप की खान ॥२॥
आयो तहा एक बैरागी ॥
रूपवान गुनवान तिआगी ॥
स्याम दास ता को भनि नामा ॥
निस दिन निरखि रहत तिह बामा ॥३॥
मती बिभास तवन रस राची ॥
काम भोग मितवा के माची ॥
गवन करौ ता सौ मन भावै ॥
सवतिन सोक ह्रिदै महि आवै ॥४॥
अहिधुज दे झखकेतु मती भनि ॥
पुहप मंजरी फूल मती गनि ॥
नागरि दे नागनि दे रानी ॥
न्रित मती सभ ही जग जानी ॥५॥

तिन दिन एक करी मिजमानी ॥
निवति पठी सभ ही घर रानी ॥
बिखु कौ भोजन सभन खवाइ ॥
सकल दई म्रित लोक पठाइ ॥६॥
बिखु कह खाइ मरी सवतै सब ॥
रोवत भई बिभास मती तब ॥
पाप करम कीना मै भारो ॥
धोखे लवन इनै बिखु ख्वारो ॥७॥
अब मै गरौ हिमाचल जाइ ॥
कै पावक महि बरौ बनाइ ॥
सहचरि सहस हटकि तिह रही ॥
मानत भई न तिन की कही ॥८॥
वहै संग बैरागी लीना ॥
जा सौ काम भोग कह कीना ॥
लोग लखै त्रिय गरबे गई ॥
किनहूं बात जानि नहि लई ॥९॥
मूरख राइ बाइ मुख रहा ॥
भला बुरा कछु ताहि न कहा ॥
नारि जारि के साथ सिधाई ॥
बात भेद की किनहु न पाई ॥१०॥
त्रिय को चरित न बिधना जानै ॥
महा रुद्र भी कछु न पछानै ॥
इन की बात एक ही पाई ॥
जिन इसत्री जगदीस बनाई ॥११॥

CHARITAR ३३८ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ अठतीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥338॥6329॥अफ्जूं॥

चौपई ॥

सुनियत इक नगरी उजियारी ॥
बिसुकरमा निजु हाथ सवारी ॥
नामु अलूरा ता को सोहै ॥
तीनो लोक रचित तिन मोहै ॥१॥
भूप भद्र तिह गड़ को राजा ॥
राज पाट ताही कह छाजा ॥
रतन मती तिह न्रिप की रानी ॥
अधिक कुरूप जगत महि जानी ॥२॥
ता के निकट न राजा जावै ॥
निरखि नारि को रूप डरावै ॥
अवर रानियन के घर रहै ॥
ता सौ बैन न बोला चहै ॥३॥
यह दुख अधिक नारि के मनै ॥
चाहत प्रीति न्रिपति सौ बनै ॥
एक जतन तब किया पिआरी ॥
सुनहु कहत हौ कथा बिचारी ॥४॥
पूजा करत लखियो जब राजा ॥
तब तन सजा सकल त्रिय साजा ॥
महा रुद्र को भेस बनाइ ॥

अपनै अंग बिभूति चड़ाइ ॥५ ॥
करत हुतो राजा जपु जहा ॥
सिव बनि आनि ठाढि भी तहा ॥
जब राजै तिह रूप निहरा ॥
मन क्रम ईस जानि पग परा ॥६ ॥
सुफल भयो अब जनम हमारा ॥
महादेव को दरस निहारा ॥
कहियो करी मै बडी कमाई ॥
जा ते दीनी रुद्र दिखाई ॥७ ॥
बरंब्रूह तिह कहा नारि तब ॥
जौ जड़ रुद्र लखियो जाना जब ॥
तै मुरि करी सेव भाखा अति ॥
तब तहि दरसु दियो मै सुभ मति ॥८ ॥
सुनि बच नारि राइ हरखाना ॥
भेद अभेद जड़ कछू न जाना ॥
त्रिय के चरन रहा लपटाई ॥
नारि चरित की बात न पाई ॥९ ॥
तब ऐसा त्रिय किया उचारा ॥
सुनहु बात तुम राज कुमारा ॥
रतन मती तुमरी जो रानी ॥
यह मुरि अति सेवकी प्रमानी ॥१० ॥
जौ या सौ तुम करहु प्यारा ॥
ह्वै है तुमरो तबै उधारा ॥
सत्र होइगो नास तिहारो ॥
तब जानौ तू भगत हमारो ॥११ ॥
यौ कहि लोकंजन द्रिग डारी ॥
भई लोप नहि जाइ निहारी ॥
मूड़ राव तिह रुद्र प्रमाना ॥
भेद अभेद कछु पसू न जाना ॥१२ ॥
तब ते ता सौ कीआ प्यारा ॥
तजि करि सकल सुंदरी नारा ॥
इह छल छला चंचला राजा ॥
आलूरे गड़ को सिरताजा ॥१३ ॥

CHARITAR ३३९ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ उनतालीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥339॥6342॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

मथुरा नाम हमारे रहै ॥
जग तिह त्रियहि गुलाबे कहै ॥
राम दास नामा तह आयो ॥
निरखि नारि तिह मदन सतायो ॥१ ॥
बहुत बरिस ता सौ वहु रहा ॥
पुनि ऐसे तिह त्रिय सौ कहा ॥
आउ होहि हमरी तै नारी ॥
कसि दै है तुहि यह मुरदारी ॥२ ॥
भली भली अबला तिन भाखी ॥
चित महि राखि न काहू आखी ॥

जब मथुरा आयो तिह धामा ॥
तब असि बचन बखान्यो बामा ॥३॥
हरी चंद राजा जग भयो ॥
अंत काल सो भी मरि गयो ॥
मानधात प्रभ भूप बढायो ॥
अंत काल सोऊ काल खपायो ॥४॥
जो नर नारि भयो सो मरा ॥
या जग महि कोऊ न उबरा ॥
इह जग थिर एकै करतारा ॥
और म्रितक इह सगल संसारा ॥५॥

दोहरा ॥

या जग महि सोई जियत पुंन्य दान जिन कीन ॥
सिखियन की सेवा करी जो मागै सो दीन ॥६॥

चौपई ॥

यह उपदेस सुनत जड़ ढरियो ॥
बहुरि नारि सौ बचन उचरियो ॥
जो उपजै जिय भली तिहारै ॥
वहै काम मै करौ सवारै ॥७॥
त्रिय बाच ॥
फटा बसत्र जा का लखि लीजै ॥
बसत्र नवीन तुरत तिह दीजै ॥
जा कै घरि महि होइ न दारा ॥
ता कह दीजै अपनी नारा ॥८॥
राम दास तब ताहि निहारियो ॥
धन बिहीन बिनु नारि बिचारियो ॥
धन हूं दीया नारि हूं दीनी ॥
भली बुरी जड़ कछू न चीनी ॥९॥
इह छल गई जार के नारा ॥
बसत्र दरब लै साथ अपारा ॥
इह आपन अति साध पछाना ॥
भली बुरी का भेव न जाना ॥१०॥

CHARITAR ३४० — *SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चालीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥340॥6352॥अफजूं॥

चौपई ॥

सुक्रितावती नगर इक सुना ॥
सुक्रित सैन राजा बहु गुना ॥
सुभ लछनि दे नारि बिराजै ॥
चंद्र सूर की लखि दुति लाजै ॥१॥
स्री अपछरा देइ सु बाला ॥
मानहु सकल राग की माला ॥
कही न जात तवन की सोभा ॥
इंद्र चंद्र जस रवि लखि लोभा ॥२॥
तह इक आइ गयो सौदागर ॥

पूत साथ तिह जानु प्रभाकर ॥
राज सुता तिह ऊपर अटकी ॥
चटपट लाज लोक की सटकी ॥३॥
चतुरि जानि तह सखी पठाई ॥
ज्यों त्यों तहा ताहि लै आई ॥
राज सुता ता सौ रति मानी ॥
केल करत सभ राति बिहानी ॥४॥
बाढा बिरह दुहन को ऐसा ॥
हम ते भाखि न जाई कैसा ॥
एक छोरि इक अनत न जावै ॥
पलक ओट जुग कोटि बिहावै ॥५॥
काम भोग करि बदा संकेता ॥
लागियो साह पुत्र सो हेता ॥
मुहि अपने लै संग सिधारो ॥
तब जानौ तै यार हमारो ॥६॥
ता सौ रति करि धाम सिधायो ॥
कीया जतन जो हितू सिखायो ॥
बसत्र बहुत बहु मोल पठाए ॥
प्रथम न्रिपति कह सकल दिखाए ॥७॥
पुनि रनिवासहि पठै बनाए ॥
राज सुतहि अस गयो जताए ॥
जो पसंद इन मै ते कीजै ॥
सो दे बसत्र मोलि मुरि लीजै ॥८॥
अड़िल ॥
रानी मालु दिखाइ बहुरि लै कुअरि दिखायो ॥
लपटि तरुनि तिह माहि आपनो अंग दुरायो ॥
गई मित्र के धाम न भूप बिचारियो ॥
हो इह छल तिह लै साथ हरीफ सिधारियो ॥९॥

दोहरा ॥

भाग न भौदू पियत थो राहत भयौ परबीन ॥
दुहिता हरी हरीफ यौ सका न जड़ छल चीन ॥१०॥

CHARITAR ३४१ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ इकतालीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥341॥6362॥अफजूं॥*

चौपई ॥

उतर दिसा प्रगट इक नगरी ॥
स्री ब्रिजराजवती सु उजगरी ॥
स्री ब्रिजराज सैन तह राजा ॥
जा कह निरखि इंद्र अति लाजा ॥१॥
स्री ब्रिजराज मती तिह रानी ॥
सुंदरि भवन चतरदस जानी ॥
स्री बरंगना दे तिह बाला ॥
जनु निरधूम अगनि की ज्वाला ॥२॥
चतुरि सखी जब ताहि निहारै ॥
मधुर बचन मिलि ऐस उचारै ॥

जैसी इह है दुतिय न जई ॥
आगे होइ न पाछे भई ॥३॥
जब बरंगना देइ तरुनि भी ॥
लरिकापन की बात बिसरिगी ॥
राज कुअर तब ताहि निहारियो ॥
ता पर तरुनि प्रान कह वारियो ॥४॥
ता सौ काम भोग नित मानै ॥
द्वै तै एक देह करि जानै ॥
तब चतुरा इह चरित्र बिचारियो ॥
कहो न्रिपति सो प्रगट उचारियो ॥५॥
मो कौ स्राप सदा सिव दीना ॥
ता ते जनम तिहारे लीना ॥
स्राप अवधि पूरन ह्वै है जब ॥
पुनि जै हौ हरि लोक बिखै तब ॥६॥
इक दिन गई मित्र के संगा ॥
लिखि पत्रा पर अपने अंगा ॥
स्राप अवधि पूरन अब भई ॥
सुरपुर सुता तिहारी गई ॥७॥
अब जो धाम हमारे माला ॥
सो दीजै दिज कौ ततकाला ॥
यार अपने ब्रहमन ठहरायो ॥
सकल दरब इह छल तिह द्रयायो ॥८॥
इह चरित्र गी मित्रह साथा ॥
दै धन किया अनाथ सनाथा ॥
मात पिता सभ अस लखि लई ॥
स्राप मुचित भयो सुरपुर गई ॥९॥

CHARITAR ३४२ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ बतालीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥342॥6371॥अफ्जूं॥

चौपई ॥

सोरठ देस बसत है जहा ॥
दिजबर सैन नराधिप तहा ॥
मती सुमेर तवन की नारी ॥
दुतिय न जग मै ऐसि कुमारी ॥१॥
सोरठ देइ सुता इक ता के ॥
और नार सम तुलि न वा के ॥
दुतिय परज दे भई कुमारी ॥
जिह सी दुतिय न ब्रहम सवारी ॥२॥
दोऊ सुता तरुनि जब भई ॥
जन करि किरणि सूर ससि वई ॥
ऐसी प्रभा होत भी तिन की ॥
बाछा करत बिधाता जिन की ॥३॥
ओज सैन इक अनत न्रिपति बर ॥
जनु करि मैन प्रगटियो बपु धरि ॥
सो न्रिप खेलन चड़ा सिकारा ॥
रोझ रीछ मारे झंखारा ॥४॥
निकसियो तहा एक झंखारा ॥

द्वादस जा के सीग अपारा ॥
ल्रिप तिह निरखि तुरंग धवावा ॥
पाछे चला कोस बहु आवा ॥५॥
बहुत कोस तिह म्रिगहि दखेरा ॥
चाकर एक न पहुचा नेरा ॥
आयो देस सोरठी के महि ॥
न्रिप की सुता अनात हुती जहि ॥६॥
आनि तही झंखार निकारा ॥
अबला दुहूं निहारति मारा ॥
ऐसा बान तवन कह लागा ॥
ठौर रहा पग द्वैक न भागा ॥७॥
राज कुआरी दुहूं निहारो ॥
दुहूं ह्रिदै इह भाति बिचारो ॥
बिनु पूछे पितु इह हम बरि है ॥
नातर मारि कटारी मरि है ॥८॥
तब लगु भूप त्रिखातुर भयो ॥
म्रिग के सहित तहा चलि गयो ॥
सो म्रिग राज सु तन कह दीयो ॥
तिन को सीत बारि लै पीयो ॥९॥
बाधा बाज एक द्रुम के तर ॥
सोवत भयो ह्वै भूप स्रमातुर ॥
राज कुआरन घात पछाना ॥
सखियन सो अस किया बखाना ॥१०॥
मदरा बहु दुहूं कुअरि मंगायो ॥
सात बार जो हुतो चुआयो ॥
अपन सहित सखियन कौ प्रयाइ ॥
अधिक मत करि दई सुवाइ ॥११॥
जब जाना ते भई दिवानी ॥
सोए सकल पहरूआ जानी ॥
दुहूं सनाही लई मंगाइ ॥
पहिरि नदी मै धसी बनाइ ॥१२॥
तरत तरत आई ते तहा ॥
सोवत सुतो नराधिप जहा ॥
पकरि पाव तिह दिया जगाइ ॥
अजा चरम पर लिया चड़ाइ ॥१३॥
भूपति लिया चड़ाइ सनाई ॥
सरिता बीच परी पुनि जाई ॥
तरत तरत अपनो तजि देसा ॥
प्रापत भी तिह देस नरेसा ॥१४॥
जब कछु सुधि सखियन तिन पाई ॥
न्रिसंदेह यौ ही ठहराई ॥
मद सौ भई जानु मतवारी ॥
डूबि मुई दोऊ राज दुलारी ॥१५॥

दोहरा ॥

वै दोऊ न्रिप संग गई अनिक हिये हरखात ॥
अजा चरम पर भूप बर दुहूंअन चला बजात ॥१६॥

CHARITAR ३४३ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ त्रितालीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥343॥6387॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

हरिद्वार इक सुन न्रिपाला ॥
तेजिमान दुतिमान छिताला ॥
स्री रसरंग मती तिह जाई ॥
जिह सम दूसरि बिधि न बनाई ॥१॥
जब वहु तरुनि तरुन अति भई ॥
भूप सैन न्रिप कहि पित दई ॥
सिरी नगर भीतर जब आई ॥
लखि चंडालिक अधिक लुभाई ॥२॥
पठै सहचरी लिया बुलाई ॥
न्रिप सौ भोग कथा बिसराई ॥
रैनि दिवस तिह लेत बुलाई ॥
रति अति नितप्रति करत बनाई ॥३॥
रसत रसत ऐसी रसि गई ॥
जनु कर नारि तवन की भई ॥
सभ ब्रितात कहि ताहि सिखायो ॥
सोवति समै भूप कह घायो ॥४॥
प्रात जरन के काज सिधाई ॥
आगे राखि लए निजु राई ॥
जबै चिता पर बैठी जाइ ॥
चहूं ओर दिय आगि लगाइ ॥५॥
चारो दिसा अगनि जब लागी ॥
तब ही उतरि चिता तै भागी ॥
लोगन चरित क्रिया नहि जानी ॥
दीनी तिसी चंडारहि रानी ॥६॥
यौ छलि छैल चिकनिसन गई ॥
किनूं न बात ताहि लखि लई ॥
नारि अधिक मन हरख बढायो ॥
चाहत हुती सोइ पति पायो ॥७॥
तब ते आजु लगे उह देसा ॥
मारत त्रिय कौ प्रथम नरेसा ॥
कठ तरे करि जाहि जरावत ॥
भाखि सकति नहि बात लजावत ॥८॥

दोहरा ॥

तिह रानी के पुत्र तब राज करा तिह ठाव ॥
आजु लगे चंडालियै भाखत तिन को नाव ॥९॥

CHARITAR ३४४ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चौतालीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥344॥6396॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

दौला की गुजराति बसत जह ॥
अमर सिंघ इक हुता न्रिपति तह ॥

अंगना दे रानी तिह राजै ॥
निरखि दिवंगनन को मन लाजै ॥१॥
राजा अधिक पीर कह मानै ॥
भली बुरी जड़ बात न जानै ॥
तहा सुबरन सिंघ इक छत्री ॥
रूपवान धनवान धरत्री ॥२॥
सुंदर अधिक हुतो खतिरेटा ॥
जनुक रूप सौ सकल लपेटा ॥
जब ते निरखि नारि तिह गई ॥
सुधि बुधि छाडि दिवानी भई ॥३॥
ता संग नेह सजा रुचि मान ॥
जानि बूझि ह्वै गई अजान ॥
दई सहचरी तहिक पठाइ ॥
ज्यों त्यों तिह ग्रिह लिया मंगाइ ॥४॥
पोसत भाग अफीम मंगाई ॥
पानि डारि करि भाग घुटाई ॥
पान किया दुहूं बैठि प्रजंकहि ॥
रति मानी भरि भरि द्रिड़ अंकहि ॥५॥

दोहरा ॥

जबै टनाने कैफ के आए अखियन माहि ॥
करहि बिलास प्रजंक चड़ि हसि हसि नारि औ नाहि ॥६॥

चौपई ॥

भाति भाति के आसन लै कै ॥
अबला कह बहु भाति रिझै कै ॥
आपन पर घायल करि मारी ॥
मदन मोहनी राज दुलारी ॥७॥
अधिक बढाइ नारि सौ हेता ॥
इहि बिधि बाधत भए संकेता ॥
धूंई कालि पीर की ऐयहु ॥
डारि भाग हलवा महि जैयहु ॥८॥
सोफी जबै चूरमा खै है ॥
जीयत म्रितक सभै ह्वै जै है ॥
तही क्रिपा करि तुमहूं ऐयहु ॥
मुहि लै संग दरब जुत जैयहु ॥९॥
जब ही दिन धूंई को आयो ॥
भागि डारि चूरमा पकायो ॥
सकल मुरीदन गई खवाइ ॥
राखे मूड़ मत करि स्वाइ ॥१०॥
सोफी भए जबै मतवारे ॥
प्रिथम दरब हरि बसत्र उतारे ॥
दुहूंअन लिया देस को पंथा ॥
इह बिधि दै साजन कह संथा ॥११॥
भया प्रात सोफी सभ जागे ॥
पगरी बसत्र बिलोकन लागे ॥
सरवर कहै क्रोध किय भारा ॥
सभहिन कौ अस चरित दिखारा ॥१२॥
सभ जड़ रहो तहा मुख बाई ॥

लजा मान मूंड निहुराई ॥
भेद अभेद न किनूं पछाना ॥
सरवर किया सु सिर पर माना ॥१३॥

दोहरा ॥

भेद अभेद त्रियान को सकत न कोऊ पाइ ॥
सभन लखो कैसे छला कस करि गई उपाइ ॥१४॥

CHARITAR ३४५ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ पैतालीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥345॥6410॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

सुनु राजा इक कहौ कबित ॥
जिह बिधि अबला किया चरित ॥
सभहिन कौ दिन ही महि छला ॥
निरखहु या सुंदरि की कला ॥१॥
इसकावती नगर इक सोहै ॥
इसक सैन राजा तह को है ॥
स्री गजगाह मती तिह नारी ॥
जा सम कहूं न राज कुमारी ॥२॥
इक रणदूलह सैन न्रिपति तिह ॥
जा सम उपजा दुतिय न महि महि ॥
महा सूर अरु सुंदर घनो ॥
जनु अवतार मदन को बनो ॥३॥
सो न्रिप इक दिन चड़ा सिकारा ॥
मारत रीझ रोझ झंखारा ॥
इसकावती नगर तर निकसा ॥
प्रभा बिलोकि नगर की बिगसा ॥४॥
अस सुंदरि जिह न्रिप की नगरी ॥
कस ह्वै है तिह नारि उजगरी ॥
जिह किह बिधि तिह रूप निहरियै ॥
नातर अतिथ इही ह्वै मरियै ॥५॥
बसत्र उतारि मेखला डारी ॥
भूखन छोरि भिभूति सवारी ॥
सभ तन भेख अतिथ का धारा ॥
आसन आन द्वार तिह मारा ॥६॥
केतक बरस तहा बिताए ॥
राज तरुनि के दरस न पाए ॥
कितक दिनन प्रतिबिंबु निहारा ॥
चतुर भेद सभ गयो बिचारा ॥७॥
तरुनी खरी सदन आनंद भरि ॥
जल प्रतिबिंब परा तिह सुंदरि ॥
तही सुघर तिह ठाढ निहारा ॥
जानि गयो सभ भेद सुधारा ॥८॥
त्रियहु ताहि प्रतिबिंबु लखा जब ॥
इह बिधि कहा चित भीतर तब ॥
इहु जनियत कोई राज कुमारा ॥

पारबतीस अरि को अवतारा ॥९ ॥
रानी बोलि सुरंगिया लीना ॥
अति ही दरब गुपत तिह दीना ॥
निजु ग्रिह भीतरि सुरंगि दिवाई ॥
काढी तही न किनहूं पाई ॥१० ॥

दोहरा ॥

सखी तिसी मारग पठी तही पहूंची जाइ ॥
गहि जाघन ते लै गई चला न भूप उपाइ ॥११ ॥

चौपई ॥

गहि न्रिप को लै गई सखी तह ॥
रानी हुती बिलोकति मग जह ॥
दिया मिलाइ मित्र ता को इन ॥
मन मानत रति करी दुहू तिन ॥१२ ॥
भाति भाति चुंबन दुहूं लीनो ॥
अनिक अनिक आसन त्रिय दीने ॥
अस लुभधा राजा को चिता ॥
जस गुनि जन सुनि स्रवन कबिता ॥१३ ॥
रानी कहत बचन सुनु मीता ॥
तौ सौ बधा हमारा चीता ॥
जब ते तव प्रतिबिंबु निहारा ॥
तब ते मन हठ परियो हमारा ॥१४ ॥
नितिप्रति चहै तुमी संग जाऊ ॥
मात पिता की कानि न ल्याऊ ॥
अब किछु अस पिय चरित बनैयै ॥
लाज रहै तोहि पति पैयै ॥१५ ॥
छोरि कथा तिह भूप सुनाई ॥
निजु न्रिप ता की कथा जताई ॥
मै हौ रासट्र देस को राजा ॥
तव हित भेस अतिथ को साजा ॥१६ ॥
नेत्र लगे तुम सौ हमरे तब ॥
तव प्रतिबिंबु लखे जल महि जब ॥
तव मुरि जब प्रतिबिंबु निहारा ॥
गयो मारि तुहि मदन कटारा ॥१७ ॥
मुहि लखि धीरज न तुमरा रहा ॥
सुरंगि खोदि सखियन अस कहा ॥
सो गहि मुहि गी तीर तिहारी ॥
चहत जो थो सो भई पियारी ॥१८ ॥
दुहूं बैठ इक मंत्र बिचारा ॥
मै राजा लखि गयो रखवारा ॥
पिय पठाइ ग्रिह ऐस उचारी ॥
लोन लेत न्रिप नार तिहारी ॥१९ ॥
सुनत स्रवन सभ जन मिलि आए ॥
आनि तवन कह बचन सुनाए ॥
किह निमित छाडत है देही ॥
सुनि राजा की नारि सनेही ॥२० ॥
सुनु राजा इक दिज मारियो मुहि ॥
लोन लेऊगी साच कहूं तुहि ॥

जो धन हमरे धाम निहारहु ॥
सो सभ गाडि गोरि महि डारहु ॥२१॥
होरि रहे सभ एक न मानी ॥
परी भोहरा भीतर रानी ॥
आस पास लै लोन बिथारो ॥
जो धन हुतो गाडि सभ डारो ॥२२॥
सुरंगि सुरंगि रानी तह आई ॥
बैठे जहा मीत सुखदाई ॥
ता को संग लौ तही सिधारी ॥
मूड़ लोग कछु गति न बिचारी ॥२३॥

CHARITAR ३४६ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ छितालीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥346॥6433॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

जह हम दिसा उतरा सुनी ॥
राजा तहिक बसत थो गुनी ॥
कलगी राइ जाहि जग भाखत ॥
नाना देस कानि तिह राखत ॥१॥
मीत मती तिह नारि बिराजै ॥
जाहि बिलोकि चंद्रमा लाजै ॥
ता की एक लछिमिनि दासी ॥
दुरबल देह घड़ी अबिनासी ॥२॥
ता सौ नारि हेतु अति मानै ॥
मूड़ न रानी क्रिआ पछानै ॥
गुपत लेत दासी सु छिमाही ॥
बुरी बुरी तिह देत उगाही ॥३॥
तिह रानी अपनी करि मानै ॥
मूरख ताहि जसूस न जानै ॥
परै बात ता कह जे स्रवनन ॥
लिखि पठवै ततछिन राजा तन ॥४॥
हुते दोइ दासी के भाई ॥
बिरध दंत कछु कहा न जाई ॥
स्याम बरन इक दुतिय कुरूपा ॥
आंखै जानु सुरन के कूपा ॥५॥
बगल गंधि तिन ते अति आवै ॥
बैठन निकट न कोई पावै ॥
चेरी भ्रात जानि हित मानै ॥
मूड़ नारि कछु क्रिया न जानै ॥६॥
तह इक हुती जाटि की नार ॥
मैन कहत तिह नाम उचार ॥
जउ तिह नाम चेरि सुनि पावे ॥
तह ते ताहि टूकरा जावे ॥७॥
तिन इसत्री इह भाति बिचारी ॥
दासी मूड़ ह्रिदै महि धारी ॥
भाइ खरचु कछु मागत तेरे ॥
गुहज पठैयै करि करि मेरे ॥८॥
तब चेरी ऐसो तन कियो ॥

डारि दरब भोजन महि दियो ॥
भाइ निमित खरची पठ दई ॥
सो लै नारि दरबु घर गई ॥९॥
आधो धन तिह भ्रातन दीना ॥
आधो काढि आपि त्रिय लीना ॥
मूरख चेरी भेद न पावै ॥
इह चरित्र तन मूंड मुंडावै ॥१०॥

CHARITAR ३४७ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ संतालीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥347॥6443॥अफजूं॥*

चौपई ॥

गौरिपाल इक सुना नरेसा ॥
मानत आनि सकल तिह देसा ॥
गौरा देई नारि तिह सोहै ॥
गौरावती नगर तिह को है ॥१॥
ता की त्रिया नीच सेती रति ॥
भली बुरी जानत न मूड़ मति ॥
इक दिन भेद भूप लखि लयो ॥
त्रासित जारु तुरतु भजि गयो ॥२॥
गौरा दे इक चरित बनायो ॥
लिखा एक लिखि तहा पठायो ॥
इक राजा की जान सुरीता ॥
सो ता कौ ठहरायो मीता ॥३॥
तिसु मुख ते लिखि लिखा पठाई ॥
जहा हुते अपने सुखदाई ॥
को दिन रमत ईहा ते रहना ॥
दै करि पठिवहु हमरा लहना ॥४॥
सो पत्री न्रिप के कर आई ॥
जानी मोरि सुरीति पठाई ॥
जड़ निजु त्रिय को भेद न पायो ॥
नेह त्याग तिह साथ गवायो ॥५॥
सुघर हुतौ तौ भेव पछानत ॥
त्रिय की घात सति करि जानत ॥
मूड़ राव कछु क्रिया न जानी ॥
इह बिधि मूंड मूंडि गी रानी ॥६॥

CHARITAR ३४८ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ अठतालीस चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥348॥6449॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनु राजा इक कथा प्रकासौ ॥
तुमरे जिय का भरम बिनासौ ॥
उग्रदत इक सुनियत राजा ॥
उग्रावती नगर जिह छाजा ॥१॥
उग्र देइ तिह धाम दुलारी ॥

ब्रहमा बिसन सिव तिहूं सवारी ॥
अवरि न असि कोई नारि बनाई ॥
जैसी यह राजा की जाई ॥२॥
अजब राइ इक तह खतिरेटा ॥
इसक मुसक के साथ लपेटा ॥
राज सुता जब तिह लखि पायो ॥
पठै सहचरी पकरि मंगायो ॥३॥
काम भोग माना तिह संगा ॥
लपटि लपटि ता के तर अंगा ॥
इक छिन छैल न छोरा भावै ॥
मात पिता ते अधिक डरावै ॥४॥
इक दिन करी सभन मिजमानी ॥
संबल खार डारि करि स्यानी ॥
राजा रानी सहित बुलाए ॥
दे दोऊ बिखि स्वरग पठाए ॥५॥
आपु सभन प्रति ऐस उचारा ॥
बर दीना मुहि कह त्रिपुरारा ॥
रानी सहित नराधिप घाए ॥
मुर नर के सभ अंग बनाए ॥६॥
अधिक मया मो पर सिव कीनी ॥
राज समग्री सभ मुहि दीनी ॥
भेद अभेद न काहू पायो ॥
सीस सुता के छत्र फिरायो ॥७॥
कितक दिवस इह भाति बिताई ॥
रोम मित्र के दूर कराई ॥
त्रिय के बसत्र सगल दै वा कौ ॥
बर आन्रयो इसत्री करि ता कौ ॥८॥

दोहरा ॥

मात पिता हनि पुरख बन बरियो मित्र त्रिय सोइ ॥
राज करा इह छल भए भेद न पावत कोइ ॥९॥

CHARITAR ३४९ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ उनचास चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥349॥6458॥अफजूं॥

चौपई ॥

सुजनावती नगर इक पूरब ॥
सभ सहिरन ते हुतो अपूरब ॥
सिंघ सुजान तहा को राजा ॥
जिह सम बिध नै और न साजा ॥१॥
स्री नवजोबन दे तिह नारी ॥
घड़ी न जिह सी ब्रहम कुमारी ॥
जो अबला तिह रूप निहारै ॥
मन क्रम बच इह भाति उचारै ॥२॥
इंद्र धाम है ऐस न नारी ॥
जैसी न्रिप की नारि निहारी ॥
अस सुंदर इक साह सपूता ॥

जिह लखि प्रभा लजत पुरहूता ॥३॥
यह धुनि परी तरुनि के कानन ॥
तब ते लगी चटपटी भामनि ॥
जतन कवन मै आजु सु धारूं ॥
उहि सुंदर कह नैन निहारूं ॥४॥
नगर ढंढोरा नारि फिरायो ॥
सभहिन कह इह भाति सुनायो ॥
ऊच नीच कोई रहै न पावै ॥
प्रातकाल भोजन सभ खावै ॥५॥
राजहि बात कछू नहि जानी ॥
निवता दियो लखियो त्रिय मानी ॥
भाति भाति पकवान पकाए ॥
ऊच नीच सभ निवति बुलाए ॥६॥
भोजन खान जनावहि बिगसहि ॥
त्रिय की द्रिसटि तरे ह्वै निकसहि ॥
ऐंठी राइ जबायो तहा ॥
बैठि झरोखे रानी जहा ॥७॥
रानी निरखि चीन तिह गई ॥
बहु बिधि ताहि सराहत भई ॥
धंनि धंनि मुख ते बहुरि उचारा ॥
जिन करतै इह कुअर सवारा ॥८॥
लीना सखी पठाइ तिसै घरि ॥
काम भोग किय लपटि लपटि करि ॥
एक तरुन अरु भाग चड़ाई ॥
चार पहरि निसि नारि बजाई ॥९॥
ऐंठी सौ बधि गयो सनेहा ॥
जो मुहि कहे न आवत नेहा ॥
भेद सिखै तिह धाम पठायो ॥
आधी रैनि नरेसहि घायो ॥१०॥
प्राति चली जरबे के काजा ॥
दरबु लुटावत नारि निलाजा ॥
द्रिसट बंधु सभ की असि करी ॥
सभहूं लखा अबला जरि मरी ॥११॥
निकसि जारि संग आपु सिधारी ॥
भेद न लखै पुरख अरु नारी ॥
द्रिसटि बंद करत अस भई ॥
मूंडि मूंडि सभहिन को गई ॥१२॥

CHARITAR ३५० — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ पचासवो चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥350॥6470॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनो भूप इक कहौ कहानी ॥
किनहूं सुनी न आगे जानी ॥
भूप सु बसत्र सैन इक सोहै ॥
ता के सम न नराधिप को है ॥१॥
धाम सु बसत्र मती तिह नारी ॥
बसत्रावती नगर उजियारी ॥

अवल चंद तिह ठा इक रावत ॥
रानी सुना एक दिन गावत ॥२॥
बधि गयो ता सौ ऐस सनेहा ॥
जस सावन को बरसत मेहा ॥
एक जतन तिन नारि बनायो ॥
पठै सखी तिह बोलि पठायो ॥३॥
काम भोग ता सौ द्रिड़ कीना ॥
भाति भाति पिय को रस लीना ॥
राज पाट सभ ही सु बिसारियो ॥
ता के हाथ बेचि जीय डारियो ॥४॥
सभ अतीत ग्रिहि निवति पठाए ॥
बसत्र भगौहै तिस पहिराए ॥
आपहु बसत्र भगौहे धरि कै ॥
जात भई तिह साथ निकरि कै ॥५॥
चोबदार किनहूं न हटाई ॥
सभहिन करि जोगी ठहराई ॥
जब वहु जात कोस बहु भई ॥
तब राजै पाछे सुध लई ॥६॥

CHARITAR ३५१ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ इक्रयावन चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥351॥6476॥अफजूं॥*

चौपई ॥

इसक तंबोल सहिर जह सोहै ॥
इसक तंबोल नरिस तह को है ॥
इसकपेच दे ता की रानी ॥
सुंदरि देस देस महि जानी ॥१॥
काजी बसत एक तह भारो ॥
आरफ दीन नाम उजियारो ॥
सुता जेबतुल निसा तवन की ॥
ससि की सी दुति लगत जवन की ॥२॥
तह गुलजार राइ इक नामा ॥
थकित रहत निरखत जिह बामा ॥
सो काजी की सुता निहारा ॥
मदन बान तह ताहि प्रहारा ॥३॥
हितू जानि इक सखी बुलाई ॥
ता कह कहा भेद समझाई ॥
जौ ता कह तै मोहि मिलावैं ॥
मुख मागै सोई बरु पावैं ॥४॥
सखी गई तब ही ता के प्रति ॥
आनि मिलाइ दयौ तिन सुभ मति ॥
भाति भाति दुहूं करे बिलासा ॥
तजि करि मात पिता को त्रासा ॥५॥
अस गी अटकि तवन पर तरुनी ॥
जोरि न सकत पलक सौ बरनी ॥
रैनि दिवस तिह प्रभा निहारै ॥
धंन्य जनम करि अपन बिचारै ॥६॥
धंनि धंनि तवन दिवस बडभागी ॥

जिह दिन लगन तुमारी लागी ॥
अब कछु ऐस उपाव बनैयै ॥
जिह छल पिय के संग सिधैयै ॥७॥
बोलि भेद सभ पियहि सिखायो ॥
रोमनास तिह बदन लगायो ॥
सभ ही केस दूर करि डारे ॥
पुरख नारि नहि जात बिचारे ॥८॥
सभ त्रिय भेस धरा प्रीतम जब ॥
ठाढा भयो अदालति मै तब ॥
कहि मुर चित काजी सुत लीना ॥
मै चाहत ता कौ पति कीना ॥९॥
काजी काढि किताब निहारी ॥
देखि देखि करि इहै उचारी ॥
जो आवै आपन ह्वै राजी ॥
ता कह कहि न सकत कछु काजी ॥१०॥
यह हमरे सुत की भी दारा ॥
हम या की करि है प्रतिपारा ॥
भेद अभेद जड़ कछू न चीनी ॥
निरखित साह मुहर करि दीनी ॥११॥
मुहर कराइ धाम वह गयो ॥
पुरस भेस धरि आवत भयो ॥
जब दिन दुतिय कचहिरी लागी ॥
पातसाह बैठे बडभागी ॥१२॥
काजी कोटवार थो जहा ॥
पुरख भेस धरि आयो तहा ॥
संग सुता काजी की आनी ॥
साह सुनत इह भाति बखानी ॥१३॥
निरखहु काजि सुता मुहि बरा ॥
आपहि रीझि मदनपति करा ॥
वहै मुहर हजरतिहि दिखाई ॥
जो इसत्री ह्वै आपु कराई ॥१४॥
निरखत मुहर सभा सभ हसी ॥
काजि सुता मितवा ग्रिह बसी ॥
काजी हूं चुप ह्वै करि रहा ॥
न्याइ किया तैसा फल लहा ॥१५॥

दोहरा ॥

इह छल सौ काजी छला बसी मित्र के धाम ॥
लखन चरित चतुरान को है न किसी को काम ॥१६॥

CHARITAR ३५२ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ बावन चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥352॥6492॥अफजूं॥

चौपई ॥

सुनहु राज इक कथा उचारो ॥
जिय तुमरे को भरम निवारो ॥
बिसनावती नगर इक दछिन ॥

बिसन चंद तह भूप बिचछन ॥१॥
उग्र सिंघ तह साहु भनिजै ॥
कवन भूप पटतर तिह दिजै ॥
स्री रनझूमक दे तिहा बाला ॥
चंद्र लयो जा ते उजियाला ॥२॥
सुंभ करन कह हुती बिवाही ॥
सो दिन एक निरख न्रिप चाही ॥
जतन थकियो करि हाथ न आई ॥
कोप बढा अति ही नर राई ॥३॥
देखहु इहु अबला का हीया ॥
जिह कारन हम अस छल कीया ॥
रंक छोरि करि राव न भायो ॥
बहु भ्रितन कह तहा पठायो ॥४॥
सुनत बचन चाकर तह गए ॥
घेर लेत ता को घर भए ॥
ता के पति कह हना रिसाई ॥
भाजि गई त्रिय हाथ न आई ॥५॥
म्रितक नाथ जब नारि निहारियो ॥
इहै चंचला चरित बिचारियो ॥
कवन जतन राजा कह मरियै ॥
अपने पति को बैर उतरियै ॥६॥
लिख पतिया पठई इक तहा ॥
बैठो हुतो नराधिप जहा ॥
जो मो कह रानी तुम करहु ॥
तो मुहि भूप आजु ही बरहु ॥७॥
सुनत बचन न्रिप बोलि पठाई ॥
पर की त्रिय रानी ठहराई ॥
जिह तिह बिधि ता को ग्रिहि आनो ॥
भेद अभेद जड़ कछु न पछानो ॥८॥
संग अपने ता कौ लै सोयो ॥
चित को भरमु सकल ही खोयो ॥
कामातुर ह्वै हाथ चलायो ॥
काढि क्रिपान नारि तिन घायो ॥९॥
न्रिप कह मारि वैसही डारी ॥
ता पर त्रयो ही बसत्र सवारी ॥
आपु जाइ निजु पति तन जली ॥
निरखहु चतुरि नारि की भली ॥१०॥

दोहरा ॥

बैर लिया निजु नाहि को न्रिप कह दिया संघारि ॥
बहुरि जरी निजु नाथ सौ लोगन चरित दिखारि ॥११॥

CHARITAR ३५३ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ त्रिपन चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥353॥6503॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

सुनहु भूप इक कथा नवीनी ॥

किनहूं लखी न आगे चीनी ॥
राधा नगर पूरब मै जहा ॥
रुकम सैन राजा इक तहा ॥१॥
स्री दलगाह मती त्रिय ता की ॥
नरी नागनी तुलि न वा की ॥
सुता सिंधुला देइ भनिजै ॥
परी पदमनी प्रक्रित कहिजै ॥२॥
तहिक भवानी भवन भनीजै ॥
को दूसर पटतर तिहि दीजै ॥
देस देस एस्वर तह आवत ॥
आनि गवरि कह सीस झुकावत ॥३॥
भुजबल सिंघ तहा न्रिप आयो ॥
भोज राज ते जनुक सवायो ॥
निरखि सिंधुला दे दुति ता की ॥
मन बच क्रम चेरी भी वा की ॥४॥
आगे हुती और सो परनी ॥
अब इह साथ जात नहि बरनी ॥
चित महि अधिक बिचार बिचारत ॥
सहचरि पठी तहा ह्वै आरति ॥५॥
सुनु राजा तै पर मै अटकी ॥
भूलि गई सभ ही सुधि घट की ॥
जौ मुहि अब तुम दरस दिखावो ॥
अम्रित डारि जनु म्रितक जियावो ॥६॥
सुनि सखी बचन कुअरि के आतुर ॥
जात भई राजा तहि सातिर ॥
जु कछु कहियो कहि ताहि सुनायो ॥
सुनि बच भूप अधिक ललचायो ॥७॥
चिंत करी किह बिधि तह जैयै ॥
किह छल सौ ता कौ हरि लयैयै ॥
सुनि बच भूखि भूप की भागी ॥
तब ते अधिक चटपटी लागी ॥८॥
भूप सखी तब तही पठाई ॥
इसथित हुती जहा सुखदाई ॥
कहा चरित कछु तुमहि बनावहु ॥
जिह छल सदन हमारे आवहु ॥९॥
एक ढोल त्रिय कोर मंगावा ॥
बैठि चरम सो बीच मड़ावा ॥
इसथित आपु तवन महि भई ॥
इह छल धाम मित्र के गई ॥१०॥
इह छल ढोल बजावत चली ॥
मात पिता सभ निरखत अली ॥
भेव अभेव न किनहूं पायो ॥
सभ ही इह बिधि मूंड मुंडायो ॥११॥

दोहरा ॥

इह चरित्र तन चंचला गई मित्र के धाम ॥
ढोल ढमाको दै गई किनहूं लखा न बाम ॥१२॥

CHARITAR ३५४ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चौवन चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥354॥6515॥अफजूं॥

चौपई ॥

सुनु राजा इक कथा अपूरब ॥
जो छल किया सुता न्रिप पूरब ॥
भुजंग धुजा इक भूप कहावत ॥
अमित दरब बिपन पह द्रयावत ॥१॥
अजितावती नगर तिह राजत ॥
अमरावती निरखि जिह लाजत ॥
बिमल मती ता के ग्रिह रानी ॥
सुता बिलास देइ पहिचानी ॥२॥
मंत्र जंत्र तिन पड़े अपारा ॥
जिह सम पड़े न दूसरि नारा ॥
गंग समुद्रहि जहा मिलानी ॥
तही हुती तिन की राजधानी ॥३॥
निरखि प्रभा तिह जात न कही ॥
रजधानी ऐसी तिह अही ॥
ऊच धौलहर तहा सुधारे ॥
जिन पर बैठि पकरियत तारे ॥४॥
मजन हेत तहा न्रिप आवत ॥
नाइ पूरबले पाप गवावत ॥
तह इक न्रहान नराधिप चलो ॥
जोबनवान सिपाही भलो ॥५॥
सो बिलास दे नैन निहारा ॥
मन क्रम बच इह भाति बिचारा ॥
कै मै अब याही कह बरिहौ ॥
नातर बूडि गंग महि मरिहौ ॥६॥
एक सखी लखि हितू सियानी ॥
ता सौ चित की बात बखानी ॥
जो ता कौ तूं मुझै मिलावै ॥
मुख मागै जेतो धन पावै ॥७॥
तब सखि गई तवन के ग्रेहा ॥
पर पाइन असि दियो संदेहा ॥
राज सुता तुमरै पर अटकी ॥
भूलि गई ता कहि सुधि घट की ॥८॥
सुनि न्रिप बचन भयो बिसमै मन ॥
इह बिधि ताहि बखाने बैनन ॥
अस किछु करियै बचन स्यानी ॥
स्री बिलास दे ह्वै मुर रानी ॥९॥
तुम न्रिप भेस नारि को धारहु ॥
भूखन बसतर अंग सुधारहु ॥
भुजंग धुज कह दै दिखराई ॥
फुनि अंगना महि जाहु छपाई ॥१०॥
भूपति बसत्र नारि के धारे ॥
अंग अंग गहिना गुहि डारे ॥
भुजंग धुज कह दई दिखाई ॥
निजु अंगना महि गयो लुकाई ॥११॥
निरखि भूप तिह रहा लुभाइ ॥

वहै सखी तह देइ पठाइ ॥
प्रिथमे निरखि ताहि तुम आवहो ॥
बहुरि बियाह को ब्योत बनावहु ॥१२॥
सुनत बचन सहचरि तह गई ॥
टारि घरी द्वै आवत भई ॥
तिह मुख ते ह्वै बचन उचारे ॥
सुनहु स्रवन दै भूप हमारे ॥१३॥
प्रथम सुता अपनी तिह दीजै ॥
बहुरौ बहिनि तवन की लीजै ॥
सुनत बैन न्रिप फेर न कीनो ॥
दुहितहि काढि तवन कह दीनो ॥१४॥
सुता प्रथम दै ब्याह रचायो ॥
न्रिप कौ ब्याह नारि कर ल्यायो ॥
तब तिन बधि तिह जड़ को कियो ॥
दुहिता सहित राज हर लियो ॥१५॥
प्रथम सुता राजा की हरी ॥
बहुरि नास तिह तन की करी ॥
बहुरौ छीनि राज तिन लीना ॥
बरि बिलास देई कह कीना ॥१६॥

CHARITAR ३५५ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ पचपन चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥355॥6531॥अफजूं॥

चौपई ॥

सुनु न्रिप कथा बखानै औरै ॥
जो भई एक राज की ठौरै ॥
सहिर सु नार गाव है जहा ॥
सबल सिंघ राजा इक तहा ॥१॥
दल थंभन देई तिह नारि ॥
जंत्र मंत्र जिह पड़े सुधारि ॥
जोगी इक सुंदर तह आयो ॥
जिह सम सुंदर बिध न बनायो ॥२॥
रानी निरखि रीझि तिह रही ॥
मन बच क्रम ऐसी बिधि कही ॥
जिह चरित्र जुगिया कह पैयै ॥
उसी चरित्र कौ आजु बनैयै ॥३॥
ब्रिसटि बिना बदरा गरजाए ॥
मंत्र सकति अंगरा बरखाए ॥
स्रोन असथि प्रिथमी पर परै ॥
निरखि लोग सभ ही जिय डरै ॥४॥
भूप मंत्रियन बोलि पठायो ॥
बोलि बिप्र पुसतकन दिखायो ॥
इन बिघनन को कह उपचारा ॥
तुम सभ ही मिलि करहु बिचारा ॥५॥
तब लगि बीर हाकि तिह रानी ॥
इह बिधि सौ कहवाई बानी ॥
एक काज उबरे जो करै ॥
नातर प्रजा सहित न्रिप मरै ॥६॥

सभहिन लखी गगन की बानी ॥
बीर बाक्रय किनहूं न पछानी ॥
बहुरि बीर तिन ऐस उचारो ॥
सु मै कहत हौ सुनहु प्यारो ॥७॥
जौ राजा अपनी लै नारी ॥
जुगियन दै धन सहित सुधारी ॥
तब इह प्रजा सहित नहि मरै ॥
अबिचल राज प्रिथी पर करै ॥८॥
प्रजा लोक सुनि बच अकुलाए ॥
ज्यों त्यों तहा न्रिपहि लै आए ॥
जुगियहि देहि दरबु जुत नारी ॥
भेद अभेद की गति न बिचारी ॥९॥

दोहरा ॥

प्रजा सहित राजा छला गई मित्र के नारि ॥
भेद अभेद भला बुरा सका न कोई बिचारि ॥१०॥

CHARITAR ३५६ *— SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ छपन चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥356॥6541॥अफजूं॥

चौपई ॥

सुनु राजा इक और प्रसंगा ॥
भाखि सुनावत तुमरे संगा ॥
अचलावती नगर इक राजत ॥
सूर सिंघ तह भूप बिराजत ॥१॥
अंजन देइ तवन की रानी ॥
खंजन दे दुहिता तिह जानी ॥
अधिक दुहूं की प्रभा बिराजै ॥
निरखि नरी नागिनि मन लाजै ॥२॥
तहा एक आयो सौदागर ॥
रूपवंतु जनु दुतिय निसाकर ॥
जो अबला तिह रूप निहारै ॥
राज पाट तजि साथ सिधारै ॥३॥
सो आयो न्रिप त्रिय के घर तर ॥
राज सुता निरखा तिह द्रिग भरि ॥
मन बच क्रम इह उपर भूली ॥
जनु मद पी मतवारी झूली ॥४॥
सिंघ प्रचंड नाम तिह नर को ॥
जनु करि मुकट काम के सिर को ॥
सखी एक तह कुअरि पठाई ॥
कहियहु ब्रिथा सजन सौ जाई ॥५॥
सखी तुरत तिन तह पहुचायो ॥
जस नावक को तीर चलायो ॥
सकल कुअरि तिन ब्रिथा सुनाई ॥
मन बच रीझि रहा सुखदाई ॥६॥
नदी बहत न्रिप ग्रिहि तर जहा ॥
ठाढ हूजियहु निसि कह तहा ॥

डारि देग मै कुअरि बहै हैं ॥
छिद्र मूंदि ता को सभ लै हैं ॥७॥
ऊपर बाधि तंबूरा दै हैं ॥
इह चरित्र मुहि ताहि मिलै हैं ॥
जब तुबरी लखियहु ढिग आई ॥
काढि भोग दीजहु सुखदाई ॥८॥
इह बिधि बदि ता सौ संकेता ॥
दूती गी न्रिप त्रियज निकेता ॥
डारि देग मै कुअरि बहाई ॥
बाधि तूंबरी तह पहुचाई ॥९॥
जब बहती तुबरी तह आई ॥
आवत कुअरि लखा सुखदाई ॥
ऐंचि तहा ते देग निकारी ॥
लै पलका ऊपर बैठारी ॥१०॥
पोसत भाग अफीम मंगाई ॥
दुहूं खाट पर बैठि चड़ाई ॥
चारि पहर ता सौ करि भोगा ॥
भेद न लखा दूसरे लोगा ॥११॥
इह बिधि ता सौ रोज बुलावै ॥
काम भोग करि ताहि पठावै ॥
भूप सहित कोई भेद न पावै ॥
नितप्रति अपनो मूंड मुंडावै ॥१२॥

CHARITAR ३५७ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ सतावन चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥357॥6553॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनु भूपति इक कथा नवीनी ॥
किनहूं लखी न आगे चीनी ॥
सुंद्रावती नगर इक सोहै ॥
सुंदर सिंघ राजा तह को है ॥१॥
सुंदर दे राजा की नारी ॥
आपु जनकु जगदीस सवारी ॥
ता की जात न प्रभा बखानी ॥
ऐसी हुती राइ की रानी ॥२॥
तहिक साह को पूत अपारा ॥
कनक अवटि साचे जनु ढारा ॥
निरखि नाक जिह सूआ रिसानो ॥
कंज जानि द्रिग भवर भुलानो ॥३॥
कटि केहरि लखि अधिक रिसावत ॥
ता ते फिरत म्रिगन कह धावत ॥
सुनि बानी कोकिल कुकरई ॥
क्रोध जरत कारी ह्वै गई ॥४॥
नैन निरखि करि जलज लजाना ॥
ता ते जल महि किया पयाना ॥
अलक हेरि नागिनि रिसि भरी ॥
चित महि लजत पतारहि बरी ॥५॥
सो आयो राजा के पासा ॥

सौदा की जिय मै धरि आसा ॥
सुंदरि दे निरखत तिह भई ॥
सुधि बुधि तजि बौरी ह्वै गई ॥६॥
पठै सहचरी ताहि बुलावा ॥
काम भोग किय जस मन भावा ॥
तह इक हुती न्रिपति की चेरी ॥
हेरि गई जस हेरि अहेरी ॥७॥
पाव दाबि न्रिप जाइ जगायो ॥
धाम तोर तसकरि इक आयो ॥
रानी के संग करत बिलासा ॥
चलि देखहु तिह भूप तमासा ॥८॥
सुनत बचन न्रिप अधिक रिसायो ॥
खड़ग हाथ लै तहा सिधायो ॥
जब अबला पति की सुधि पाई ॥
अधिक धूंम तह दिया जगाई ॥९॥
सभ के नैन धूम्र सौ भरे ॥
असुआ टूटि बदन पर परे ॥
जब रानी इह घात पछानी ॥
मित्र लंघाइ हिये हरखानी ॥१०॥
आगे सौ करि काढा जारा ॥
धूम्र भरे द्रिग न्रिपन निहारा ॥
पौछ नेत्र जब ही गयो तहा ॥
कोऊ न पुरख निहारा उहा ॥११॥
उलटि तिसी चेरी कह घायो ॥
इह रानी कह दोस लगायो ॥
मूरख भूप न भेद बिचारा ॥
आगे करि त्रिय मित्र निकारा ॥१२॥

CHARITAR ३५८ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ अठावन चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥358॥6565॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनु राजा इक और चरित्र ॥
जिह छल नारि निकारा मित्र ॥
पूरब देस अपूरब नगरी ॥
तिहूं भवन के बीच उजगरी ॥१॥
सिव प्रसाद राजा तह को है ॥
सदा सरबदा सिव रत सोहै ॥
भावन दे तिह नारि भणिजै ॥
मन मोहनि दे सुता कहिजै ॥२॥
साह मदार पीर तह जाहिर ॥
सेवत जाहि भूप नर नाहर ॥
एक दिवस न्रिप तहा सिधारा ॥
दुहिता सहित लए संग दारा ॥३॥
अड़िल ॥
एक पुरख न्रिप की दुहिता कहि भाइयो ॥
पठै सहचरी ता कह तही बुलाइयो ॥
तही काम के केल तरुनि ता सौ कियो ॥

हो हसि हसि करि आसन ता को कसि कसि लियो ॥४॥

पीर चूरमा हेत जु भूप बनाइयो ॥
अधिक भाग कौ ता महि तरुनि मिलाइयो ॥
सभ सोफी तिह खाइ दिवाने ह्वै परे ॥
हो जानु प्रहार बिना सगरे आपे मरे ॥५॥

चौपई ॥

सोफी भए सभे मतवारे ॥
जनु कर परे बीर रन मारे ॥
राज सुता इत घात पछाना ॥
उठ प्रीतम संग किया पयाना ॥६॥
सोफी किनूं न आंखि उघारी ॥
लात जानु सैतान प्रहारी ॥
भेद अभेद न किनहूं पायो ॥
राज कुअरि लै मीत सिधायो ॥७॥

CHARITAR ३५९ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ उनसठि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥359॥6572॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनु राजा इक और प्रसंगा ॥
जस किय सुता पिता के संगा ॥
प्रबल सिंघ राजा इक अति बल ॥
अरि कापत जा के डर जल थल ॥१॥
स्री झकझूमक दे तिह बारि ॥
घड़ी आपु जनु ब्रहम सु नार ॥
तह थो सुघर सैन खतिरेटा ॥
इसक मुसक के साथ लपेटा ॥२॥
जगंनाथ कह भूप सिधायो ॥
पुत्र कलत्र संग लै आयो ॥
जगंनाथ को निरख दिवाला ॥
बचन बखाना भूप उताला ॥३॥
हमरो पाप पुरातन गयो ॥
सफल जनम हमरो अब भयो ॥
जगंनाथ को पायो दरसन ॥
और करा हाथन पग परसन ॥४॥
तब लग भूप सुता तह आई ॥
पिता सुनत अस कहा सुनाई ॥
सुनि मै सैन आजु हिया करि हो ॥
जिह ए कहै तिसी कह बरि हो ॥५॥
प्रात उठी तह ते सोई जब ॥
बचन कहा पित संग इह बिधि तब ॥
सुघर सैन खत्री जो आही ॥
जगंनाथ दीनी मै ताही ॥६॥
राजै बचन सुना इह बिधि जब ॥
ऐस कहा दुहिता के संग तब ॥
जगंनाथ जा कह तू दीनी ॥

हम सौ जात न ता सौ लीनी ॥७॥
भेद अभेद न कछु जड़ पायो ॥
इह छल अपना मूंड मुंडायो ॥
जगंनाथ को बचन पछाना ॥
राज सुता लै मीत सिधाना ॥८॥

CHARITAR ३६० — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ साठ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥360॥6580॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनु राजा इक कथा पुरातन ॥
जिह बिधि पंडित कहत महा मुनि ॥
एक महेस्र सिंघ राजाना ॥
डंड देत जा को न्रिप नाना ॥१॥
नगर महेस्रावति तह राजत ॥
अमरावति जह दुतिय बिराजत ॥
ता की जात न उपमा कही ॥
अलका निरखि थकित तिह रही ॥२॥
गज गामिनि दे सुता भनिजै ॥
चंद्र सूर पटतर मुख दिजै ॥
ता की जात न प्रभा बखानी ॥
थकित रहत राजा अरु रानी ॥३॥
ता की लगन एक सो लागी ॥
नींद भूखि जा ते सभ भागी ॥
गाजी राइ तवन को नामा ॥
थकित रहत जा कौ लिख बामा ॥४॥
और घात जब हाथ न आई ॥
एक नाव तब निकट मंगाई ॥
राज कुअरि तिह राखा नामा ॥
जानत सकल पुरख अरु बामा ॥५॥
गाजी राइ बैठि तिह ऊपर ॥
निकसा आइ भूप महलन तर ॥
लैनी होइ नाव तौ लीजै ॥
नातरु मोहि उतर कछु दीजै ॥६॥
मै लै राज कुअरि कौ जाऊ ॥
बेचौ जाइ और ही गाऊ ॥
लैनी होइ नाव तब लीजै ॥
नातर हमै बिदा करि दीजै ॥७॥
मूरख भूप बात नहि पाई ॥
बीता दिन रजनी ह्वै आई ॥
राज सुता तब देग मंगाइ ॥
बैठी बीच तवन के जाइ ॥८॥
छिद्र मूंदि नौका तर बाधी ॥
छोरी तबै बही जब आंधी ॥
जब न्रिप प्रात दिवान लगायो ॥
तब तिन तह इक मनुख पठायो ॥९॥
जौ तुम नाव न मोल चुकावत ॥
राज कुअरि लै बनिक सिधावत ॥

जानि देहु जो मोल न बनी ॥
मेरे घर नवका है घनी ॥१०॥
हरी कुअरि राजा कौ कहि कै ॥
मूरख सका भेद नहि लहि कै ॥
प्रात सुता की जब सुधि पाई ॥
बैठि रहा मूंडी निहुराई ॥११॥

CHARITAR ३६१ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ इकसठ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥361॥6591॥अफजूं॥

चौपई ॥

सुनु भूपति इक कथा बचित्र ॥
जिह बिधि किय इक नारि चरित्र ॥
गुलो इक खत्रानी आही ॥
जेठ मल छत्री कह ब्याही ॥१॥
ता कौ और पुरख इक भायो ॥
निजु पति सेती हेतु भुलायो ॥
रैनि दिवस तिह धाम बुलावै ॥
काम भोग तिन साथ कमावै ॥२॥
इक दिन सुधि ता के पति पाई ॥
बहु बिधि ता संग करी लराई ॥
अनिक करी जूतिन की मारा ॥
तब तिन इह बिधि चरित बिचारा ॥३॥
ता दिन ते निजु पति कौ त्यागी ॥
साथ फकीरन के अनुरागी ॥
वाहि अतिथ करि कै संग लीना ॥
औरै देस पयाना कीना ॥४॥
जिह जिह देस आपु पगु धारै ॥
तहीं तहीं वहु संग सिधारै ॥
और पुरखु तिह अतिथ पछानै ॥
त्रिया चरित्र न कोई जानै ॥५॥

CHARITAR ३६२ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ बासिठ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥362॥6596॥अफजूं॥

चौपई ॥

सुन राजा इक कथा नवीन ॥
जस चरित्र किय नारि प्रबीन ॥
सिंघ महेस्र सुना इक राजा ॥
जिह सम और न बिधना साजा ॥१॥
नगर महेस्रावति तिह राजत ॥
देवपुरी जा कौ लखि लाजत ॥
बिमल मती रानी तिह ऐन ॥
जा सम सुनी न निरखी नैन ॥२॥
स्री पंजाब देइ तिह बेटी ॥
जा सम इंद्र चंद्र नहि भेटी ॥

अधिक तवन की प्रभा बिराजै ॥
जिह दुति निरखि चंद्रमा लाजै ॥३॥
जब जोबन ता के तन भयो ॥
अंग अंग मदन दमामो दयो ॥
भूप ब्याह को बिवत बनाइ ॥
सकल प्रोहितन लिया बुलाइ ॥४॥
सिंघ सुरेस्र भूप तब चीना ॥
जिह ससि जात न पटतर दीना ॥
करी तवन के साथ सगाई ॥
दै सनमान बरात बुलाई ॥५॥
जोरि सैन आयो राजा तह ॥
रचा ब्याह को बिवतारा जह ॥
तही बरात आइ करि निकसी ॥
रानी कंज कली जिमि बिगसी ॥६॥

दोहरा ॥

राज सुता सुंदर हुती तिह बर होत कुरूप ॥
बिमन भई अबला निरखि जनु जिय हारा जूप ॥७॥

चौपई ॥

एक साहु को पूत हुतो संग ॥
सुंदर हुते सकल जा के अंग ॥
राज सुता लख ताहि लुभाई ॥
गिरी धरनि जनु नाग चबाई ॥८॥
सुता गिरी मइया तह आई ॥
सीचि बारि बहु चिरै जगाई ॥
जब ता को बहुरौ सुधि आई ॥
उलटि गिरी जन लगी हवाई ॥९॥
पहरिक बिते बहुरि सुधि आई ॥
रोइ मात सौ बात जनाई ॥
अगनि जारि मुहि अबै जरावौ ॥
इहु कुरूप के धाम न द्रयावौ ॥१०॥
मातहि हुती सुता अति प्यारी ॥
चिंता करी चित महि भारी ॥
जिनि इह राज सुता मरि जाइ ॥
कहा करै ता की तब माइ ॥११॥
जब न्रिप सुता कछू सुधि पाई ॥
रोइ मात सौ बात सुनाई ॥
ध्रिग मुहि राज सुता क्यो भई ॥
किसी साह के धाम न गई ॥१२॥
मोरो भाग लोप ह्वै गयो ॥
ता ते जनम भूप को लयो ॥
अब ऐसे कुरूप के जै हौ ॥
रैनि दिवस सभ रोत बितै हौ ॥१३॥
ध्रिग मुहि नारि जोनि कस धरी ॥
क्योन भूपति के धामौतरी ॥
मागी देत न म्रितु बिधाता ॥
अब ही करौ देहि को घाता ॥१४॥

दोहरा ॥

मुख मागे जो पुरख को भलो बुरो कुछ होइ ॥
तौ दुखिया इह जगत मै जियत न उबरै कोइ ॥१५॥

चौपई ॥

अब मै मारि कटारी मरिहौ ॥
नातर बसत्र भगौहे धरिहौ ॥
बरौ त पूत साह को बरौ ॥
नातर आजु खाइ बिखु मरौ ॥१६॥
रानी को दुहिता थी प्यारी ॥
सोई करी जु ताहि उचारी ॥
चेरी काढि तवन कह दीनी ॥
भूप सुता करि तिन जड़ चीनी ॥१७॥
साह पुत्र कह दई कुमारी ॥
दुतिय पुरख नहि क्रिया बिचारी ॥
लै चेरी वहु भूप सिधायो ॥
जान्यो राज सुता बरि ल्यायो ॥१८॥

CHARITAR ३६३ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ त्रैसठि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥363॥6614॥अफजूं॥*

चौपई ॥

गनपति सिंघ एक राजा बर ॥
गनपावती हुतो जा के घर ॥
स्री महताब प्रभा तिह रानी ॥
जाहि निरखि करि नारि लजानी ॥१॥
मुहकम सिंघ एक छत्री जह ॥
जिह सम उपजा दुतिय न महि मह ॥
रानी जब ता को लखि पायो ॥
काम भोग ग्रिह बोलि कमायो ॥२॥
तब लगि आइ गयो राजा तह ॥
जार हुतो भोगत ता कौ जह ॥
निरख नाथ त्रिय चरित्र बिचारा ॥
हार तोरि अंगना महि डारा ॥३॥
बिहसि बचन न्रिप संग उचारा ॥
खोजि हार तुम देहु हमारा ॥
आन पुरख जौ हाथ लगै है ॥
तौ हमरे पहिरन ते जै है ॥४॥
खोजत भयो जड़ हार अयानो ॥
नेत्र नीच करि भेद न जानो ॥
नारि आगे ह्वै मीत निकारा ॥
सिर नीचे पसु तिह न निहारा ॥५॥
पहरिक लगे खोजि जड़ हारो ॥
लै रानी कह दयो सुधारो ॥
अति पतिब्रता ताहि ठहरायो ॥
दुतिय पुरख जिन कर न छुआयो ॥६॥

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चौसठि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥364॥6620॥अफजूं॥*

चौपई ॥

निपबर सिंघ एक राजाना ॥
मानत आनि देस जिह नाना ॥
स्री किलकंचित दे तिह रानी ॥
जाहि निरखि पुर नारि रिसानी ॥१॥
निपबरवती नगर तिह राजत ॥
दुतिय प्रिथी जनु सुरग बिराजत ॥
नगर प्रभा नहि जात बखानी ॥
थकित रहत राजा अरु रानी ॥२॥
स्री चितचौप मती तिह कंन्या ॥
जिह सम नारि न उपजी अंन्रया ॥
ता की जात न उपमा करी ॥
रूप रास जोबन तन भरी ॥३॥
राज कुअर इक हुतो अपारा ॥
इक दिन निकसा निमिति सिकारा ॥
म्रिग हित धयो न पहुचा कोई ॥
आवत भयो नगर तिह सोई ॥४॥
राज सुता तिह रूप निहारो ॥
मन क्रम बच अस करा बिचारो ॥
ऐसो छैल एक दिन पैयै ॥
जनम जनम पल पल बलि जैयै ॥५॥
अटिक सिंघ लखि तेज सवाया ॥
थकित रही राजा की जाया ॥
पठै सहचरी लियो मगाइ ॥
काम भोग रुचि मानुपजाइ ॥६॥
चारि पहर निसु किया बिलासा ॥
तजि करि मात पिता को त्रासा ॥
पोसत भागि अफीम मंगावहि ॥
एक सेज दोऊ बैठ चड़ावहि ॥७॥
कैफहि होत रसमसे जब ही ॥
क्रीड़ा करत दोऊ मिल तब ही ॥
भाति भाति तन आसन लै कै ॥
चुंबन और अलिंगन कै कै ॥८॥
स्रमित भए अरु भे मतवारे ॥
सोइ रहै नहि नैन उघारे ॥
प्राति पिता ता कौ तह आयो ॥
जाइ सहचरी तिनै जगायो ॥९॥
वहै सखी तिह बहुरि पठाई ॥
यौ कहियहु राजा सौ जाई ॥
चौका परा भोज दिज कारन ॥
बिनु न्रहाए न्रिप तह न सिधारन ॥१०॥
बसत्रुतारि कर इही अनावहु ॥
बहुर सुता के धाम सिधावहु ॥
भूप बचन सुनि बसत्र उतारे ॥
चहबचा महि न्रहान सिधारे ॥११॥

जब डुबिआ कह भूपत लीना ॥
तब ही काढि मित्र कह दीना ॥
बसत्र पहिरि फिरि तहा सिधायो ॥
भेद अभेद न कछु जड़ पायो ॥१२॥

दोहरा ॥

स्यानो भूप कहात थो भाग न भूल चबाइ ॥
इह छल छलि अमली गयो पनही मूंड लगाइ ॥१३॥

CHARITAR ३६५ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ पैसठि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥365॥6633॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

सुनु राजा इक और प्रसंगा ॥
जस छल कीना नारि सुरंगा ॥
छितपति सिंघ इक भूपत बर ॥
अबला दे रानी जा के घर ॥१॥
नाभ मती दुहिता तिह सोहै ॥
सुर नर नाग असुर मन मोहै ॥
पदुमावती नगर तिह राजत ॥
इंद्रावती निरखि तिह लाजत ॥२॥
बीर करन राजा इक औरै ॥
भद्रावती बसत थो ठौरै ॥
ऐंठी सिंघ पूत तिह जायो ॥
निरखि मदन जिह रूप बिकायो ॥३॥
न्रिप सुत खेलन चड़ा सिकारा ॥
आवत भयो तिह नगर मझारा ॥
न्रहावत हुती जहा न्रिप बारि ॥
थकति रहा तिह रूप निहारि ॥४॥
राज सुता तिह ऊपर अटकी ॥
बिसरि गई उत तिह सुधि घट की ॥
रीझ रहे दोनो मन माही ॥
कछू रही दुहूंअनि सुधि नाही ॥५॥
तरुनि गिरा जब चतुर निहरा ॥
ता की हाथ नाभि पर धरा ॥
अरु पद पंकज हाथ लगाई ॥
मुख न कहा कछु धाम सिधाई ॥६॥
द्वैक घरी तिन परे बिताई ॥
राज कुअर कह पुनि सुधि आई ॥
हाहा सबद रटत घर गयो ॥
खान पान तब ते तजि दयो ॥७॥
बिरही भए दोऊ नर नारी ॥
राज कुअर अरु राज कुमारी ॥
हाव परसपर दुहूअन भयो ॥
सो मै कबितन माझ कहियो ॥८॥
सवैया ॥
उन कुंकम टीको दयो न उतै इत तेहूं न सोंदुर माग सवारी ॥

त्यागि दयो सभ को डरवा सभ हूं की इतै तिह लाज बिसारी ॥
हार तजे तिन हेरब ते सजनी लखि कोटि हहा करि हारी ॥
पान तजे तुम ता हित प्रीतम प्रान तजे तुमरे हित प्यारी ॥९॥

चौपई ॥

उतै कुअरि कह कछू न भावै ॥
हहा सबद दिन कहत बितावै ॥
अंन न खात पियत नहि पानी ॥
मित्र हुतो तिह तिन पहिचानी ॥१०॥
कुअर ब्रिथा जिय की तिह दई ॥
इक त्रिय मोहि दरस दै गई ॥
नाभ पाव पर हाथ लगाइ ॥
फिरि न लखा कह गई सु काइ ॥११॥
ता की बात न ताहि पछानी ॥
कहा कुअर इन मुझै बखानी ॥
पूछि पूछि सभ ही तिह जावै ॥
ता को मरमु न कोई पावै ॥१२॥
ता को मित्र हुतो खतरेटा ॥
इसक मुसक के साथ लपेटा ॥
कुअर तवन पहि ब्रिथा सुनाई ॥
सुनत बात सभ ही तिन पाई ॥१३॥
नाभ मती तिह नाम पछाना ॥
जिह नाभी कह हाथ छुआना ॥
पदुमावती नगर ठहरायौ ॥
ता ते पद पंकज कर लायो ॥१४॥
दोऊ चले तह ते उठि सोऊ ॥
तीसर तहा न पहूचा कोऊ ॥
पदुमावती नगर था जहा ॥
नाभ मती सुंदरि थी तहा ॥१५॥
पूछत चले तिसी पुर आए ॥
पदुमावती नगर नियराए ॥
मालिनि हार गुहत थी जहा ॥
प्रापति भए कुअर जुत तहा ॥१६॥
एक मुहर मालनि कह दियो ॥
हार गुहन तिह न्रिप सुत लियो ॥
लिखि पत्री ता महि गुहि डारी ॥
जिस हाथन लै पड़े प्यारी ॥१७॥
तै जिह हाथ नाभि कह लायो ॥
और दुहूं पद हाथ छुहायो ॥
ते जन आजु नगर महि आए ॥
तुम सौ चाहत नैन मिलाए ॥१८॥
राज सुता पतिया जब चीनी ॥
छोरि लई कर किसू न दीनी ॥
बहु धन दै मालिनी बुलाई ॥
लिखि पत्री फिरि तिनै पठाई ॥१९॥
सिव कौ दिपत देहरो जहा ॥
मै ऐहो आधी निसि तहा ॥
कुअर तहा तुमहूं चलि ऐयहु ॥
मन भावत को भोग कमैयहु ॥२०॥
कुअर निसा आधी तह जाई ॥

राज सुता आगे तह आई ॥
काम भोग की जेतिक प्यासा ॥
पूरनि भई दुहूं की आसा ॥२१॥
मालिनि की दुहिता कहि बामा ॥
राज कुअर कह ल्याई धामा ॥
राति दिवस दोऊ करत बिलासा ॥
भूपति की तजि करि करि त्रासा ॥२२॥
कितक दिनन ता को पति आयो ॥
अति कुरूप नहि जात बतायो ॥
सूकर के से दाति बिराजै ॥
निरखत करी रदन द्वै भाजै ॥२३॥
राज कुअर त्रिय भेस सु धारे ॥
आवत भयो तिह निकट सवारे ॥
राज सुता पहि निरखि लुभायो ॥
भोग करन हित हाथ चलायो ॥२४॥
राज कुअर तब छुरी संभारी ॥
नाक काटि न्रिप सुत की डारी ॥
नाक कटै जड़ अधिक खिसायो ॥
सदन छाडि काननहि सिधायो ॥२५॥
नाक कटाइ जबै जड़ गयो ॥
इन पथ सिव देवल को लयो ॥
न्रिप सुत म्रिगिक हितू हनि ल्यायो ॥
दुहूंअन बैठि तिही ठा खायो ॥२६॥
तही बैठि दुहूं करे बिलासा ॥
त्रियहि न रही भोग की आसा ॥
लै ता के संग देस सिधायो ॥
इक सहचरि कह तहा पठायो ॥२७॥
डिवढी सात सखी तिन नाखी ॥
इमि बतीआ भूपति संग भाखी ॥
पति त्रिय गए दोऊ निसि कह तह ॥
आगे हुते सदा सिव जू जह ॥२८॥
दुहूं जाइ तह कीए प्रयोगा ॥
तीसर कोई न जानत लोगा ॥
उलटि परा सिव जू रिसि भरियौ ॥
भसमी भूत दुहूं कह करियौ ॥२९॥
वहै भसम लै तिनै दिखाई ॥
म्रिग भछन तिह तिनै जगाई ॥
भसम लहे सभ ही जिय जाना ॥
लै प्रीतम घर नारि सिधाना ॥३०॥

CHARITAR ३६६ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ छिआसठ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥366॥6663॥अफजूं॥*

चौपई ॥

अंधावती नगर इक सोहै ॥
सैन बिदाद भूप तिह को है ॥
मूरखि मति ता की बर नारी ॥
जिहसी मूड़ न कहूं निहारी ॥१॥

प्रजा लोग अति ही अकुलाए ॥
देस छोडि परदेस सिधाए ॥
और भूप पहि करी पुकारा ॥
न्याइ करत तैं नही हमारा ॥२॥
ता ते तुम कुछ करहु उपाइ ॥
जा ते देस बसै फिरि आइ ॥
चारि नारि तब कहियो पुकारि ॥
हम ऐहै जड़ न्रिपहि संघारि ॥३॥
द्वै त्रिय भेस पुरख के धारी ॥
पैठि गई तिह नगर मंझारी ॥
द्वै त्रिय भेस जोग्रय के धारो ॥
प्रापति भी तिह नगर मझारो ॥४॥
इक त्रिय चोरी करी बनाइ ॥
पकरि लई दूसरि त्रिय जाइ ॥
द्वै त्रिय जोग भेस कौ धरि कै ॥
गई भूप को चरित बिचरि कै ॥५॥
भूप कहा सूरी इह दीजै ॥
तीनो हुकम हमारे लीजै ॥
हनननात लै ताही सिधारे ॥
द्वै इसत्री ह्वै अतिथ पधारे ॥६॥
जोगिनि नारि कहा अस कीजै ॥
द्वै महि इक जोगी कह दीजै ॥
ऐहै इहा अरस की बाता ॥
जानत कोई न ता की घाता ॥७॥
दुतिय नार इमि बचन उचारे ॥
याहि न सूरी देहु कहारे ॥
सूरी एक अतिथ को दीजै ॥
तसकर दूर इहा ते कीजै ॥८॥
चली खबरि आवै इह कहा ॥
बैठि बिदाद नराधिप जहा ॥
अंध नगर के तीर लोग सभ ॥
अछर कछु न पड़ै तिन गरधभ ॥९॥
और कछू जानै नहि बाता ॥
महा पसू मूरख बिख्याता ॥
इह धुनि परी कान प्रभ के जब ॥
निरखन चला अतिथहि द्वै तब ॥१०॥
दरस किया तिन को जब जाई ॥
बचन किया भूपति मुसकाई ॥
तुम सूरी कारन किह लेहु ॥
सो मुहि भेद क्रिपा करि देहु ॥११॥
हो हम जनम जनम किय पाता ॥
या पर चड़त होहि सभ घाता ॥
या पर बात स्वरग की ऐहै ॥
आवा गवन तुरत मिटि जैहै ॥१२॥
जब राजै ऐसो सुनि पाई ॥
चित चड़बे की बिवत बनाई ॥
अवर लोग सभ दए हटाइ ॥
आपु चड़ा सूरी पर जाइ ॥१३॥
भूप चड़त जोगी भजि गए ॥
कहूं दुरे जनियत नहि भए ॥

धरि इसत्रिन के रूप अपारा ॥
मिलगे ता ही नगर मंझारा ॥१४॥
इह छल अन्नयाई न्रिप मारि ॥
देस बसायो बहुरि सुधारि ॥
अंध नगर कछु बात न पाई ॥
इह छल हना हमारा राई ॥१५॥

CHARITAR ३६७ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ सतसठ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥367॥6678॥अफजूं॥*

चौपई ॥

गड़ कनौज कौ जहा कहिजै ॥
अभै सिंघ तह भूप भनिजै ॥
स्री चखु चार मती तिह नारी ॥
जिह सम तुल न ब्रहम सवारी ॥१॥
ता को नेह एक सौ लागो ॥
जा ते लाज छाड तन भागो ॥
अघट सिंघ तिह नाम भनिजै ॥
को दूजा पटतर तिह दिजै ॥२॥
नितिप्रति तिह त्रिय बोलि पठावत ॥
काम भोग तिह साथ कमावत ॥
तब लौ तहा नराधिप आयो ॥
त्रिय चरित्र इह भाति बनायो ॥३॥
तुमरे केस भूप बिकरारा ॥
सहे न मो ते जात सुधारा ॥
प्रथमहि रोम मूंडि तुम आवहु ॥
बहुरि हमारी सेज सुहावहु ॥४॥
जब न्रिप गयो रोम मूंडिन हित ॥
रानी अधिक प्रसंन्य भई चित ॥
छिद्र ताकि निजु मीत लुकायो ॥
मूरख भूप भेद नहि पायो ॥५॥

CHARITAR ३६८ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ अठसठ चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥368॥6683॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनु राजा इक और कहानी ॥
जिह बिधि किया राव संग रानी ॥
गनपति सिंघ एक राजा बर ॥
सत्रु कंपत ता के डर घर घर ॥१॥
चंचल दे राजा की नारी ॥
जिसु सम दुतिय न कहूं हमारी ॥
अवर रानियन के घर आवै ॥
ता कौ कब ही मुख न दिखावै ॥२॥
रानी इन बातन ते जरी ॥
पति बध की इछा जिय धरी ॥

और नारि को धरि करि भेसा ॥
निजु पति के ग्रिह किया प्रवेसा ॥३॥
अपनी नारि न न्रिपतिह जाना ॥
अधिक रूप लखि ताहि लुभाना ॥
भई रैनि तब लई बुलाइ ॥
भोग कीया ता सौ लपटाइ ॥४॥
यौ बतिया तिह साथ उचारी ॥
है छिनार न्रिप नार तिहारी ॥
एक पुरख को धाम बुलावत ॥
मुहि निरखत ता सौ लपटावत ॥५॥
यौ न्रिप सो तिन कही बनाइ ॥
अति निजु पति कह रिसि उपजाइ ॥
लखिन चला भूपत तिह धाई ॥
धाम आपनागम त्रिय आई ॥६॥
निजु तनु भेस पुरख को धारी ॥
गई सवति के धाम सुधारी ॥
आगे प्रीति हुती संग जा के ॥
बैठी जाइ सेज चड़ि ता के ॥७॥
तबि लगि तहा नराधिप आयो ॥
पुरख भेस लखि नारि रिसायो ॥
जो बातैं मुहि यार उचारी ॥
सो अखियन हम आजु निहारी ॥८॥
काढि क्रिपान हननि तिह धयो ॥
रानी हाथ नाथ गहि लयो ॥
तव त्रिय भेस तहा नर धारा ॥
तै जड़ या कह जार बिचारा ॥९॥
जब तिह न्रिप निजु नारि बिचारियो ॥
उतरा कोप हियै थो धारियो ॥
तिन इसत्री इह भाति उचारी ॥
सुनु मूरख न्रिप बात हमारी ॥१०॥
बसत एक दिजबर इह गावै ॥
चंद्र चूड़ ओझा तिह नावै ॥
ब्रहम डंड तिह पूछि करावहु ॥
तब अपनो मुख हमै दिखावहु ॥११॥
जब राजा तिह ओर सिधायो ॥
तब दिज को त्रिय भेख बनायो ॥
चंद्र चूड़ धरि अपना नाम ॥
प्रापति भई न्रिपति के धाम ॥१२॥
तिह न्रिप नाम पूछ हरखाना ॥
चंद्र चूड़ तिह कौ पहिचाना ॥
जिह हित जात कहो परदेसा ॥
भली भई आयो वहु देसा ॥१३॥
जब पूछा राजै तिह जाई ॥
त्रिय दिज ह्वै इह बात बताई ॥
जो न्रिदोख कह दोख लगावै ॥
जमपुर अधिक जातना पावै ॥१४॥
तह तिह बाधि थंभ कै संग ॥
तपत तेल डारत तिह अंग ॥
छुरियन साथ मासु कटि डारै ॥
नरक कुंड के बीच पछारै ॥१५॥

गावा गोबर लेहु मगाइ ॥
ता की चिता बनावहु राइ ॥
ता मौ बैठि जरै जे कोऊ ॥
जम पुर बिखै न टंगियै सोऊ ॥१६॥

दोहरा ॥

सुनत बचन दिज नारि न्रिप गोबर लिया मंगाइ ॥
बैठि आपु ता महि जरा सका न त्रिय छल पाइ ॥१७॥

CHARITAR ३६९ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ उनहतर चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥369॥6700॥अफजूं॥*

चौपई ॥

ब्रयाघ्र केतु सुनियत इक राजा ॥
जिह सम दुतिय न बिधना साजा ॥
ब्रयाघ्रवती नगर तिह सोहै ॥
इंद्रावती नगर को मोहै ॥१॥
स्री अबदाल मती त्रिय ता की ॥
नरी नागनी तुलि न वा की ॥
तह इक हुतो साहु सुत आछो ॥
जनु अलि पनच काछ तन काछो ॥२॥
अड़िल ॥
स्री जस तिलक सिंघ तिह नाम पछानियै ॥
रूपवान धनवान चतुर पहिचानियै ॥
जो इसत्री ता को छिन रूप निहारई ॥
हो लोक लाज कुलि कानि सभै तजि डारई ॥३॥

चौपई ॥

एक सखी ता कौ लखि पाई ॥
बैठि सखिन महि बात चलाई ॥
जस सुंदर इक इह पुर माही ॥
तैसौ चंद्र सूर भी नाही ॥४॥
सुनि बतिया रानी जिय राखी ॥
और नारि सौ प्रगट न भाखी ॥
जो सहचरि ता कौ लखि आई ॥
रैनि भई तब वहै बुलाई ॥५॥
अधिक दरबु ता कौ दै रानी ॥
पूछी ताहि दीन ह्वै बानी ॥
सु कहु कहा मुहि जु तै निहारा ॥
किया चाहत तिह दरस अपारा ॥६॥
तब चेरी इमि बचन उचारो ॥
सुनु रानी जू कहा हमारो ॥
स्री जस तिलक राइ तिह जानो ॥
साह पूत ता कह पहिचानो ॥७॥
जु तुम कहौ तिह तुमै मिलाऊ ॥
मदन ताप सभ तोर मिटाऊ ॥
सुनत बचन रानी पग परी ॥

पुनि ता सौ बिनती इमि करी ॥८॥
जे ता को तैं मुझै मिलावैं ॥
जो धन मुख मागै सो पावैं ॥
तह सखी गई बार नहि लागी ॥
आनि दियो ता कौ बडभागी ॥९॥

दोहरा ॥

रानी ता कौ पाइ तिह दारिद दिया मिटाइ ॥
न्रिप की आख बचाइ उहि लिये गरे सौ लाइ ॥१०॥

चौपई ॥

दोऊ धनी औ जोबनवंत ॥
करत काम क्रीड़ा बिगसंत ॥
इक कामी अरु कैफ चड़ाई ॥
रैनि सकल रति करत बिताई ॥११॥
लपटि लपटि आसन वे लेही ॥
आपु बीचि सुखु बहु बिधि देही ॥
चुंबन करत नखन के घाता ॥
रैनि बिती आयो ह्वै प्राता ॥१२॥
रानी गई प्रात पति पास ॥
लगी रही जा की जिय आस ॥
अथवत दिनन होत अंधयारो ॥
बहुरि भजै मुहि आनि प्यारो ॥१३॥
जौ रहि हौ राजा कै पास ॥
मोहि राखि है बिरध निरास ॥
संग कहा या के स्वै लैहौ ॥
मित्र भोग भोगन ते जैहौ ॥१४॥
किह छल सेज सजन की जाऊ ॥
नख घातन किह भाति छपाऊ ॥
बिरध भूप तन सोत न जैयै ॥
ऐसो कवन चरित्र दिखैयै ॥१५॥
जाइ कही न्रिप संग अस गाथा ॥
बात सुनहु हमरी तुम नाथा ॥
हियै बिलारि मोर नख लाए ॥
काढि भूप कौ प्रगट दिखाए ॥१६॥
अड़िल ॥
सुनु राजा मै आजु न तुम संग सोइ हौ ॥
निजु पलका पर परी सकल निसु खोइ हौ ॥
इहा बिलारि मोहि नख घात लगात है ॥
हो तुहि मूरख राजा ते कछु न बसात है ॥१७॥

चौपई ॥

इह छल तजि स्वैबो न्रिप पासा ॥
किया मित्र सौ काम बिलासा ॥
घात नखन की नाह दिखाई ॥
बिरध मूड़ न्रिप बात न पाई ॥१८॥

CHARITAR ३७० *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ सतर चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥370॥6718॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

अछल सैन इक भूप भनिजै ॥
चंद्र सूर पटतर तिह दिजै ॥
कंचन दे ता के घर नारी ॥
आपु हाथ लै ईस सवारी ॥१॥
कंचन पुर को राज कमावै ॥
सूरबीर बलवान कहावै ॥
अरि अनेक जीते बहु भाता ॥
तेज त्रसत जा के पुर साता ॥२॥
तहा प्रभाकर सैनिक साह ॥
निरख लजत जा को मुख माह ॥
जब रानी ता कह लखि पायो ॥
इहै चित भीतर ठहरायो ॥३॥
या कह जतन कवन करि पइयै ॥
कवन सहचरी पठै मंगइयै ॥
याहि भजै बिनु धाम न जैहौ ॥
जिह तिह भाति याहि बसि कैहौ ॥४॥
कनक पिंजरी परी हुती तह ॥
मरम केतु रानी के बसि मह ॥
बीर राधि तिह तही पठाई ॥
सेज उठाइ जाइ लै आई ॥५॥
काम भोग ता सौ जब माना ॥
द्वै प्रानन ते इक जिय जाना ॥
निजु नाइक सेती हित छोरो ॥
ता सौ चतुरि चौगुनो जोरो ॥६॥
जाइ राव सौ बात जनाई ॥
मोरो साह पूरबलो भाई ॥
हम को स्राप एक रिखि दिया ॥
ता ते जनम दुहूं ह्यां लिया ॥७॥
पुनि हम सौ रिखि ऐस उचारा ॥
ह्वै है बहुरि उधार तुहारा ॥
मात लोक बहु बरिस बितैहौ ॥
बहुरौ दोऊ स्वरग महि ऐहौ ॥८॥
हम तुमरो घर बस सुखु पायो ॥
अब रिखि स्राप अवधि ह्वै आयो ॥
ए बच भाखि न्रिपहि घर आई ॥
साह परी जुत लिया बुलाई ॥९॥

चौपई ॥

गई इह गई धुंनि तुम करियहु ॥
भूप सुनत नभ बिखै उचरियहु ॥
जब तिन बात भेद की जानी ॥
भला कहौगी परी बखानी ॥१०॥
साह सहित भूपति पहि जाइ ॥
कही जात है रानी राइ ॥
इह बिधि भाखि लोप ह्वै गई ॥

गई गई बानी नभ भई ॥११॥

अड़िल ॥

गई इह गई चिर लौ नभ बानी भई ॥
प्रजा सहित तिन भूप यहै जिय मै ठई ॥
रानी सुर पुर गई भ्रात को साथ लै ॥
हो मूरख भेद अभेद न सका बिचारि कै ॥१२॥

चौपई ॥

मिलि सभहिन इह भाति उचारी ॥
गई सुरग न्रिप नारि तुमारी ॥
तुम चिंता चित मै नहि करो ॥
सुंदर सुघर अवर त्रिय बरो ॥१३॥

CHARITAR ३७१ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ इकहतरि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥371॥6731॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

सुनु राजा इक अवर प्रसंगा ॥
जिह बिधि किया नारि न्रिप संगा ॥
जलज सैन इक भूम भनिजै ॥
सुछबि मती तिह नारि कहिजै ॥१॥
सुछबिवती तिह नगर कहीजत ॥
अमर पुरी पटतर तिह दीजत ॥
राजा को त्रिय हुती न प्यारी ॥
या ते रानी रहत दुखारी ॥२॥
रानी रूप बैद को ठानि ॥
राजा के घर किया पयान ॥
कहा असाध भया है तोहि ॥
बोलि चकितसा कीजै मोहि ॥३॥
धावत तुमै पसीनो आवत ॥
रवि देखत द्रिग धुंध जनावत ॥
राजा बात सत्य करि मानी ॥
मूड़ भेद की क्रिया न जानी ॥४॥
मूरख भूप भेद नहि पायो ॥
त्रिय ते बोलि उपाइ करायो ॥
तिन बिख डारि औखधी बीचा ॥
छिन महि करी भूप की मीचा ॥५॥

CHARITAR ३७२ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ बहतर चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥372॥6736॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

सहिर दौलताबाद बसत जह ॥
बिकट सिंघ इक भूप हुतो तह ॥
भान मंजरी ता की दारा ॥

जिह सम करी न पुनि करतारा ॥१॥
भीम सैन इक तह थो साहा ॥
प्रगट भयो जनु दूसर माहा ॥
स्री अफताब देइ तिह नारी ॥
कनक अवटि साचे जनु ढारी ॥२॥
तिन मन मै इह बात बखानी ॥
किह बिधि कै हूजियै भवानी ॥
सोइ रही सभ जगहि दिखाइ ॥
चमकि उठी सुपने कह पाइ ॥३॥
कहा दरस मुहि दिया भवानी ॥
सभहिन सौ भाखी इमि बानी ॥
जिह बरदान देउ तिह होई ॥
या महि परै फेरि नहि कोई ॥४॥
लोग बचन सुनि करि पग लागे ॥
बरु मागन ता ते अनुरागे ॥
ह्वै बैठी सभहिन की माई ॥
यह सुनि खबर नराधिप पाई ॥५॥
एक नारि इह नगर भनिजै ॥
नाम हिंगुला देइ कहिजै ॥
जगत मात कौ आपु कहावै ॥
ऊच नीच कह पाइ लगावै ॥६॥
काजी और मुलाने जेते ॥
जोगी मुंडिया अरु दिज केते ॥
सभ की घटि पूजा ह्वै गई ॥
परचा अधिक तवन की भई ॥७॥
सभ भेखी या ते रिसि भरे ॥
बहु धन चड़त निरखि तिह जरे ॥
गहि लै गए ताहि न्रिप पासा ॥
कहत भए इह बिधि उपहासा ॥८॥
करामात कछु हमहि दिखाइ ॥
कै न भवानी नामु कहाइ ॥
तब अबला अस मंत्र बिचारा ॥
सुनु राजा कहियो बचन हमारा ॥९॥
अड़िल ॥
मुसलमान मसजदिहि अलहि घर भाखही ॥
बिप्र लोग पाहन कौ हरि करि राखही ॥
करामात जौ तुहि ए प्रथम बताइ है ॥
हो तिह पाछे कछु हमहूं इनै दिखाइ है ॥१०॥

चौपई ॥

बचन सुनत राजा मुसकाए ॥
दिजबर मुला पकरि मंगाए ॥
मुंडिया और संन्यासी घने ॥
जोगी जंगम जात न गने ॥११॥
अड़िल ॥
भूप बचन मुख ते इह भाति उचारियो ॥
सभा बिखै सभहिन तिन सुनत पचारियो ॥
करामात अपु अपनी हमै दिखाइयै ॥
हो नातर अब ही धाम म्रितु के जाइयै ॥१२॥
सुनि राजा के बचन सभै ब्याकुल भए ॥

सोक समुंद के बीच बूडि सभ ही गए ॥
निरखि न्रिपति की ओर रहे सिर न्याइ कै ॥
हो करामात कोई सकै न ताहि दिखाइ कै ॥१३॥
करामात नहि लखी क्रोध राजा भरियो ॥
सात सात सै चाबुक तिन के तन झरियो ॥
करामात अपु अपुनी कछुक दिखाइयै ॥
हो नातर त्रिय के पाइन सीस झुकाइयै ॥१४॥
ग्रिह खुदाइ कै ते कछु हमहि दिखाइयै ॥
नातर इन सेखन को मूंड मुंडाइयै ॥
करामात बिनु लखे न मिस्रन छोरि हो ॥
हो नातर तुमरे ठाकुर नदि महि बोरि हो ॥१५॥
करामात कछु हमहि संन्यासी दीजियै ॥
नातर अपनी दूरि जटन को कीजियै ॥
चमतकार मुंडियो अब हमहि दिखाइयै ॥
हो नातर अपनी कंठी नदी बहाइयै ॥१६॥

दोहरा ॥

रोदन वै करते भए किसू न आई बात ॥
तब राजै तिह नारि कौ बचन कहा मुसकात ॥१७॥

चौपई ॥

करामात इन कछु न दिखाई ॥
अब चाहत है तुम ते पाई ॥
बचन हिंगुला देइ उचारे ॥
सुनो नराधिप बैन हमारे ॥१८॥
अड़िल ॥
करामाति इक असि मौ प्रथम पछानियै ॥
जा कौ तेजु अरु त्रास जगत मौ मानियै ॥
जीत हार अरु म्रितु धार जा की बसत ॥
हो मेरे मन परमेसुर ताही कौ कहत ॥१९॥
दुतिय काल मौ करामाति पहिचानियत ॥
जिन को चौदह लोक चक्र कर मानियत ॥
काल पाइ जग होत काल मिट जावई ॥
हो या ते मुर मन ताहि गुरू ठहरावई ॥२०॥
करामात राजा रसनाग्रज जानियत ॥
भलो बरो जा ते जग होत पछानियत ॥
करामाति चौथी धन भीतर जानियै ॥
हो होत रंक ते राव धरो तिह मानियै ॥२१॥

चौपई ॥

करामात इन महि नहि जानहु ॥
ए सभ धन उपाइ पहिचानहु ॥
चमतकार इन महि जौ होई ॥
दर दर भीख न मागै कोई ॥२२॥
जौ इन सभहूं प्रथम संघारो ॥
तिह पाछे कछु मोहि उचारो ॥
सति बात हम तुमहि सुनाई ॥
अब सु करौ जो तुमहि सुहाई ॥२३॥
बचन सुनत राजा हरखाना ॥

अधिक दियो तिह त्रिय के दाना ॥
जगत मात तिन त्रिय जु कहायो ॥
तिह प्रसादि निज प्रान बचायो ॥२८॥

CHARITAR ३७३ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ तिहतरि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥373॥6760॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

बीजा पुर जह सहिर भनिजै ॥
एदिल साह तह साह कहिजै ॥
स्री महताब मती तिह कंन्या ॥
जिह सम उपजी नारि न अंन्रया ॥१॥
जोबनवंत भई जब बाला ॥
महा सुंदरी नैन बिसाला ॥
जोबन जेब अधिक तिह बाढी ॥
जानुक चंद्र सूर मथि काढी ॥२॥
तह इक हुतो साहु को पूत ॥
सूरति सीरति बिखै सपूत ॥
धूम्र केतु तिह नाम भनिजै ॥
इंद्र चंद्र पटतर तिह दिजै ॥३॥
बेगम की ता सौ रुचि लागी ॥
जा ते नींद भूख सभ भागी ॥
देखि गई जब ते तिह धामा ॥
तब ते और सुहात न बामा ॥४॥
हितू जान सहचरी बुलाई ॥
भेद भाखि सभ तहा पठाई ॥
हमै साह सुत जु तै मिलै है ॥
जो धन मुख मंगि हैं सो पै हैं ॥५॥
सखी पवन के भेस सिधाई ॥
पलक न बिती साह के आई ॥
साह पूत कह किया प्रनामा ॥
बैठी जाइ सुघरि तिह धामा ॥६॥
तुमरो नाम कहा पहिचनियत ॥
कवन देस के बासी जनियत ॥
सकल ब्रिथा निज प्रथम सुनावहु ॥
बहुरि कुअरि की सेज सुहावहु ॥७॥
सुनी सखी मद्र देस हम रहही ॥
धूम्र केतु हम कौ जन कहही ॥
सौदा हित आए इह देसा ॥
देस देस को निरखि नरेसा ॥८॥
बतियन प्रथम ताहि बिरमाइ ॥
भाति भाति तिन लोभ दिखाइ ॥
ज्यों त्यों लै आई तिह तहा ॥
मारग कुअरि बिलोकत जहा ॥९॥
जो धन कहा सुंद्र तिह दीना ॥
कंठ लगाइ मित्र सो लीना ॥
भाति भाति की कैफ मंगाई ॥
एक खाट चड़ि दुहूं चड़ाई ॥१०॥

भाति भाति तन कैफ चड़ावहि ॥
मिलि मिलि गीत मधुर धुनि गावहि ॥
बिबिध बिधिन तन करत बिलासा ॥
नैकु न करै न्रिपति को त्रासा ॥११॥
छैलिहि छैल न छोरा जाई ॥
निसु दिन राखत कंठ लगाई ॥
जब कबहूं आखेट सिधावै ॥
एक अंबारी ताहि चड़ावै ॥१२॥
तही काम क्रीड़ा कह करै ॥
मात पिता ते नैकु न डरै ॥
इक दिन राजा चड़ा सिकारा ॥
संग लए मिहरियै अपारा ॥१३॥
बेगम सोऊ सिकार सिधाई ॥
एक अंबारी ताहि चड़ाई ॥
एक सखी तिह चड़त निहारा ॥
जाइ भूप सो भेद उचारा ॥१४॥
सुनि न्रिप बात चित मो राखी ॥
औरि नारि सो प्रगट न भाखी ॥
दुहिता को जब गज निकटायो ॥
तब ता को पितु निकट बुलायौ ॥१५॥
सुनत बैन बेगम डरपानी ॥
थरहर कंपा मित्र तिह मानी ॥
अब ही मुझै भूप गहि लै है ॥
इसी बन बिखै मारि चुकै है ॥१६॥
नारि कही पिय जिन जिय डरो ॥
कहौ चरित्र तुमै सो करो ॥
करी रूख के तरै निकारा ॥
लपटि रहा ता सौ तह यारा ॥१७॥
आपु पिता प्रति किया पयाना ॥
मारे रीछ रोझ म्रिग नाना ॥
ताहि बिलोकि पिता चुप रहा ॥
झूठ लखा तिह त्रिय मुहि कहा ॥१८॥
उसी सखी को पलटि प्रहारा ॥
झूठ बचन इन मुझै उचारा ॥
खेलि अखेट भूप ग्रिह आयो ॥
तिसी बिरछ तर करी लखायो ॥१९॥
अड़िल ॥
पकरि भुजा गज पर पिय लयो चड़ाइ कै ॥
भोग अंबारी बीच करे सुख पाइ कै ॥
लपटि लपटि दोऊ केल करत मुसकाइ करि ॥
हो हमरौ भूपति भेद न सकियो पाइ करि ॥२०॥

दोहरा ॥

पहिले रूख चड़ाइ तिह लै आई फिरि धाम ॥
उलटा तिह झूठा किया भेद दिया जिह बाम ॥२१॥

CHARITAR ३७४ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चुहतर चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥374॥6781॥अफजूं॥*

चौपई ॥

इसक तंबोल सहिर है जहा ॥
इसक तंबोल नराधिप तहा ॥
स्री सिंगार मती तिह दारा ॥
जा सी घड़ी न ब्रहमु सु नारा ॥१॥
अड़िल ॥
स्री जग जोबन दे तिह सुता बखानियै ॥
दुतिय रूप की रास जगत महि जानियै ॥
अधिक प्रभा जल थल महि जा की जानियत ॥
हो नरी नागनी नारि न वैसी मानियत ॥२॥

दोहरा ॥

तह इक पूत सराफ को ता को रूप अपार ॥
जोरि नैनि नारी रहै जानि न ग्रिह बिसंभार ॥३॥

चौपई ॥

राज सुता ता की छबि लही ॥
मन बच क्रम मन मै अस कही ॥
एक बार गहि याहि मंगाऊ ॥
काम भोग रुचि मान मचाऊ ॥४॥
पठै सहचरी दई तहा इक ॥
ताहि बात समुझाइ अनिक निक ॥
अमित दरब दै ताहि भुलाई ॥
जिह तिह भाति कुअरि कौ लिआई ॥५॥
भाति भाति के करत बिलासा ॥
मानत किसी न नर को त्रासा ॥
तब लग आइ पिता तह गयो ॥
अधिक बिमन ता को मन भयो ॥६॥
अवर घात तब हाथ न आई ॥
एक बात तब ताहि बनाई ॥
बीच सम्रयाना के तिह सीआ ॥
ऐचित नाव ठाढ कर दीआ ॥७॥
उपर अवर सम्रयाना डारा ॥
वा को जाइ न अंग निहारा ॥
आगे जाइ पिता चलि लीना ॥
जोरि प्रनाम दोऊ कर दीना ॥८॥
अड़िल ॥
तिस सम्रयाना के तर पितु बैठाइयो ॥
एक एक करि ता कौ पुहप दिखाइयो ॥
भूप बिदा ह्वै जबै आपुने ग्रिह अयो ॥
हो काढि तहा ते मित्र सेज ऊपर लयो ॥९॥

दोहरा ॥

इह छल सौ राजा छला सका भेद नहि पाइ ॥
दुहिता के ग्रिह जाइ सिर आयो कोर मुंडाइ ॥१०॥

CHARITAR ३७५ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ पंझतरि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥375॥6791॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

सुन राजा इक और कहानी ॥
किनहूं लखी न किनहूं जानी ॥
सहिर हैदराबाद बसत जह ॥
स्री हरिजछ केतु राजा तह ॥१॥
ग्रिह मदमत मती तिह नारी ॥
स्री प्रबीन दे धाम दुलारी ॥
अपमान दुति जात न कही ॥
जानुक फूल चंबेली रही ॥२॥
निहचल सिंघ तहा इक छत्री ॥
सूरबीर बलवान तिअत्री ॥
तिह प्रबीन दे नैन निहारा ॥
मदन क्रिपान घाइ जनु मारा ॥३॥
पठै सहचरी लिया बुलाइ ॥
भोग किया रुचि दुहूं बढाइ ॥
भाति भाति तन चुंबन करै ॥
बिबिध प्रकार आसनन धरै ॥४॥
तब तह आइ गयो पितु वा को ॥
भोगत हुतो जहा पिय ता को ॥
चमकि चरित्र चंचला कीना ॥
परदन बीच लपटि तिह लीना ॥५॥

दोहरा ॥

परदन बीच लपेटि तिह दिया धाम पहुचाइ ॥
मुख बाए राजा रहा सका चरित्र न पाइ ॥६॥

CHARITAR ३७६ *— SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ छिहतरि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥376॥6797॥अफज़ूं॥

चौपई ॥

नवतन सुनहु नराधिप कथा ॥
किया चरित्र चंचला जथा ॥
त्रिंबक महा रुद्र है जहा ॥
त्रिंबक दत नराधप तहा ॥१॥
त्रिबंक पुर ता को बहु सोहै ॥
इंद्र चंद्र लोक कह मोहै ॥
स्री रसरीति मती तिह नारी ॥
कंचन अवटि साचे जनु ढारी ॥२॥
स्री सुहास दे ता की कंन्या ॥
जिह सम उपजी नारि न अंन्रया ॥
एक चतुरि अरु सुंदरि घनी ॥
जिह समान कोई नहि बनी ॥३॥
इक दिन कुअरि बाग को चली ॥
बीस पचास लए संग अली ॥

जात हुती मारग के माही ॥
सुंदर निरखा एक तहा ही ॥४॥
सेर सिंघ तिह नाम बिराजत ॥
जाहि निरखि रति को मन लाजत ॥
कह लगि तिह छबि भाखि सुनाऊ ॥
प्रभा केर सुभ ग्रंथ बनाऊ ॥५॥
अड़िल ॥
राज सुता जब ते तिह गई निहारि करि ॥
रही मत ह्वै मन इह बात बिचारि करि ॥
कोटि जतन करि करि करि याहि बुलाइयै ॥
हो काम केल करि या सौ हरख कमाइयै ॥६॥

चौपई ॥

सखी एक तह दई पठाइ ॥
जिह तिह बिधि तिह लयो बुलाइ ॥
पड़ि पड़ि दोहा छंद बिहारहि ॥
सकल मदन को ताप निवारहि ॥७॥
आवत नैन निरखि करि राजा ॥
इह बिधि चरित चंचला साजा ॥
रोम नास तिह बदन लगायो ॥
नारि भेस ता कह पहिरायो ॥८॥
झारू एक हाथ तिह लियो ॥
दूजे हाथ टोकरा दियो ॥
मुहरन और रुपैयन भरो ॥
ताहि चंडारी भाखिनि करो ॥९॥
न्रिप आगे करि ताहि निकारियो ॥
मूड़ भूप नहि भेद बिचारियो ॥
काढि खड़ग तिह हनत न भयो ॥
जानि चंडार ताहि न्रिप गयो ॥१०॥
जिन इह मोर अंग छुहि जाइ ॥
मुझै करै अपवित्र बनाइ ॥
ताहि पछानि पकरि नहि लयो ॥
लै मुहरै सुंदर घर गयो ॥११॥

CHARITAR ३७७ — *SAMAPAT*

◀ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ सततर चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥377॥6808॥अफजूं॥

चौपई ॥

भूप त्रिहाटक सैन भनिजै ॥
नगर तिहाड़ो जाहि कहिजै ॥
जाहि त्रिहाटक पुरी बखानै ॥
दानव देव जछ सभ जानै ॥१॥
स्री महबूब मती तिह नारी ॥
जिह सम सुंदरि कहूं न कुमारी ॥
दुतिय नारि म्रिदुहास मती तिह ॥
नहि ससि सम कहियत आनन जिह ॥२॥
स्री महबूब मती तन न्रिप रति ॥

दुतिय नारि पर नहि आनन मति ॥
अधिक भोग तिह साथ कमायो ॥
एक पुत्र ता ते उपजायो ॥३॥
दुतिय नारि ते साथ न प्रीता ॥
ताहि न बीच ल्यावत चीता ॥
सुतवंती इक पुनि पति प्रीत ॥
अवर त्रियहि ल्यावत नहि चीत ॥४॥
दुतिय नारि तब अधिक रिसाई ॥
एक घात की बात बनाई ॥
सिस की गुदा गोखरू दिया ॥
ता ते अधिक दुखित तिह किया ॥५॥
बालक अधिक दुखातुर भयो ॥
रोवत धाम मात के गयो ॥
निरखि तात माता दुख पायो ॥
भली भली धायान मंगायो ॥६॥
इह चरित्र बालहि दुख दियो ॥
आपन भेस धाइ को कियो ॥
किया सवति के धाम पयाना ॥
भेद नारि किनहूं न पछाना ॥७॥
औखध एक हाथ मै लई ॥
सिसु की प्रथम मात कौ दई ॥
बरी खात रानी मरि गई ॥
स्वच्छ सुघरि रानी फिरि अई ॥८॥
निजु ग्रिह आइ भेस न्रिप त्रिय धरि ॥
जाति भई अपनी सवितन घर ॥
सिसु को काढि गोखरू डारो ॥
ताहि सुघरि तिह सुत करि पारो ॥९॥
इह छल सो सवतिन कह मारा ॥
सिसहु जानि सुत लियो उबारा ॥
न्रिपह संग पुनि करि लिय प्यारा ॥
भेद अभेद न किनूं बिचारा ॥१०॥

CHARITAR ३७८ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ अठहतरि चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥378॥6818॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुन राजा इक और प्रसंगा ॥
जिह बिधि भयो नरेसुर संगा ॥
म्रिदुला दे तिह नारि भनिजै ॥
इंद्र चंद्र पटतर तिह दिजै ॥१॥
अड़िल ॥
स्री सुप्रभा दे ता की सुता बखानियै ॥
महा सुंदरी लोक चतुरदस जानियै ॥
जो सहचरि ता कौ भरि नैन निहारही ॥
हो परी पदुमनी प्रकित सु वाहि बिचारही ॥२॥

चौपई ॥

हाटकपुर तिन को दिसि दछिन ॥
राज करत ते तहा बिचछन ॥
तिह पुर एक साह को पुत्र ॥
जनु करि बिधना ठटा चरित्र ॥३॥
ब्रयाघ्र केतु तिह नाम कहिजै ॥
छत्र जाति रघुबंस भनिजै ॥
प्रगट जानु अवतार अनंगा ॥
ऐसो साह पुत्र को अंगा ॥४॥
लागी लगन तवन पर बाला ॥
सखी पठी इक तहा रिसाला ॥
सो चलि गई कुअर के धामा ॥
जिमि तिमि ताहि प्रबोध्रयो बामा ॥५॥
जात भई ता कह लै तहा ॥
मारग कुअरि बिलोकत जहा ॥
निरखत नैन गरे लपटाई ॥
सेजासन पर लियो चड़ाई ॥६॥
बहु बिधि करी तवन सौ क्रीड़ा ॥
कामनि काम निवारी पीड़ा ॥
निसु दिन धाम बाम तिह राखा ॥
मात पिता तन भेद न भाखा ॥७॥
तब लौ ब्याहि दयो तिह तातै ॥
भूलि गई वा कौ वै बातै ॥
निजु प्यारे बिन रहियो न गयो ॥
घालि संदूकहि साथ चलयो ॥८॥
निसु दिन ता सौ भोग कमावै ॥
सोवत रहै न भूपति पावै ॥
एक दिवस जब ही न्रिप जागा ॥
रनियहि छोरि जार उठि भागा ॥९॥
त्रिय सौ बचन कोप करि भाखियो ॥
तै लै जार धाम किमि राखियो ॥
कै अब ही मुहि बात बतावौ ॥
कै प्रानन की आस चुकावौ ॥१०॥
बात सत्य जानी जिय रानी ॥
मुझै न न्रिप छाडत अभिमानी ॥
भाग घोटना हाथ संभारा ॥
फोरि नराधिप के सिर डारा ॥११॥
बहुरि सभन इह भाति सुनाई ॥
प्रजा लोग जब लए बुलाई ॥
मद करि भूप भयो मतवारा ॥
पहिल पुत्र को नाम उचारा ॥१२॥
म्रितक पुत्र को नामहि लयो ॥
ता ते अधिक दुखातुर भयो ॥
सोक ताप को अधिक बिचारा ॥
मूंड फोरि भीतन सौ डारा ॥१३॥

दोहरा ॥

इह छल निजु नायक हना लीना मित्र बचाइ ॥
बहुरि भोग ता सौ करो को न सका छल पाइ ॥१४॥

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ उनासी चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥379॥6832॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

एक चरित्र सैन राजा बर ॥
नारि चरित्र मती ता के घर ॥
वती चरित्रा ता की नगरी ॥
तिहूं भवन के बीच उजगरी ॥१॥
गोपी राइ साह सुत इक तह ॥
जिह सम सुंदर दुतिय न जग मह ॥
तिह चरित्र दे नैन निहारियो ॥
अंग अंग तिह मदन प्रजारियो ॥२॥
जिह तिह बिधि तिह लयो बुलाइ ॥
उठत लयो छतिया सौ लाइ ॥
काम केल कीनो रुचि ठानी ॥
केल करत सभ रैनि बिहानी ॥३॥
पोसत भाग अफीम मंगाई ॥
एक सेज चड़ि दुहूं चड़ाई ॥
भाति अनिक तन किये बिलासा ॥
मात पिता को मन न त्रासा ॥४॥
तब लगि आइ गयो ता कौ पति ॥
डारि दयो सेजा तर उप पति ॥
दुपटा डारि दयो तिह मुख पर ॥
जान्यो जाइ न ता ते त्रिय नर ॥५॥
सोवत कवन सेज पर तोरी ॥
भाखी नाथ मात है मोरी ॥
हम पहि तो नहि जात जगाई ॥
तुमै कहत हौ बाधि ढिठाई ॥६॥
द्वैक घरी तुम अनत सिधावहु ॥
इह उठि गए बहुरि ह्यां आवहु ॥
जब जागै ते अधिक रिसैहै ॥
हम तुम लखि इकत्र चुप ह्वैहै ॥७॥
तिनि इह बात सत्य करि मानी ॥
जात भयो उठि क्रिया न जानी ॥
जब उठि मात गई लखि लैयहु ॥
तब हम कौ तुम बहुरि बुलैयहु ॥८॥
इमि कहि बात जात जड़ भयो ॥
ताहि चड़ाइ खाट पर लयो ॥
भाति अनिक तन करै बिलासा ॥
आवत भयो तिह पिता निवासा ॥९॥
तिसी भाति तन ताहि सुवायो ॥
तात भए इह भाति जतायो ॥
सुनहु पिता इह नारि तिहारी ॥
तुम से छपी लाज की मारी ॥१०॥
सुनत बचन न्रिप धाम सिधाना ॥
भेद अभेद कछू न पछाना ॥
ता कौ काढि सेज पर लीना ॥
ता की मात गवन तह कीना ॥११॥

वैसहि ता कह दिया सुवाइ ॥
कही मात सै बात बनाइ ॥
सुनहु मात जामात तिहारो ॥
मो को अधिक प्रान ते प्यारो ॥१२॥
या को नैन नीद दुख दियो ॥
ता ते सैन स्रमित ह्वै कियो ॥
मै या को नहि सकत जगाई ॥
अब ही सोइ गयो सुखदाई ॥१३॥
सुनि बच मात जात भी उठ घर ॥
लयो सेज पर त्रिय पिय भुज भर ॥
भाति भाति तन भोग कमाए ॥
बहुरि धाम कौ ताहि पठाए ॥१४॥

दोहरा ॥

इह चरित्र तिह चंचलाम पियहि दयो पहुचाइ ॥
भेद अभेद त्रियान के सकियो न कोई पाइ ॥१५॥

CHARITAR ३८० — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ असी चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥380॥6847॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनहु राव इक कथा स्रवन धरि ॥
जिह बिध किया चरित्र त्रिया बर ॥
पीर एक मुलतान भनिजै ॥
रूपवंत तिह अधिक कहिजै ॥१॥
रोसन कदर तवन को नामा ॥
थकित रहित जिह निरखत बामा ॥
जो निरखति तिय पतिहि निहारै ॥
ता कौ ऐंच जूतयन मारै ॥२॥
अड़िल ॥
एक नार तिह पति को रूप निहारि बर ॥
रही मुबतला ह्वै इमि चरित बिचारि करि ॥
इह निरखे बिनु चैन न मो कौ पल परै ॥
हो जौ निरखत हौ ताहि तु रारहि त्रिय करै ॥३॥

चौपई ॥

तिसी त्रिया के धाम सिधाई ॥
बहुतक भेट असरफी ल्याई ॥
जेवर दीने जरे जराइन ॥
जिन को सकत अंत कोई पाइन ॥४॥
सु सभ दई तिह साथि कहा इमि ॥
साथ खादिमा बानो के तिमि ॥
एकहि आस ह्यां मै आई ॥
सु मै कहत हौ तुमै सुनाई ॥५॥
ग्रिह अपने ही मदरो च्वाइ ॥
खाना अनिक भाति के ल्याइ ॥
निजु हाथन लै दुहूं पयाऊ ॥

भेट चड़ाइ घरहि उठि जाऊ ॥६॥
सोई मद लै तहा सिधाई ॥
सात बार बहु भाति चुआई ॥
निजु हाथन लै दुहूं पियायो ॥
अधिक मत करि सेज सुआयो ॥७॥
सोई लखी पीर त्रिय जब ही ॥
नैन सैन दै तिह प्रति तब ही ॥
ता के धरि छतिया परु चूत्रन ॥
काम भोग कीना तिह पति तन ॥८॥
सोवत रही चड़े मद नारी ॥
भेद अभेद की गति न बिचारी ॥
चीठी एक लिखी निज अंगा ॥
बाधि गई ता के सिर संगा ॥९॥
जो त्रिय ख्याल त्रियन के परि है ॥
ता की बिधि ऐसी गति करि है ॥
ता ते तुम त्रिय ऐस न कीजै ॥
बुरो सुभाइ सकल तजि दीजै ॥१०॥

दोहरा ॥

केस पास ते छोरि कै बाचत पतिया अंग ॥
ता दिन ते त्रिय तजि दिया बाद त्रियन के संग ॥११॥

CHARITAR ३८१ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ इकआसी चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥381॥6858॥अफजूं॥*

चौपई ॥

बिसन धुजा इक भूप सुलछन ॥
बिसनपुरी जा की दिसि दछिन ॥
स्री मनि नील मती तिह रानी ॥
सुंदरि सकल भवन मौ जानी ॥१॥
अछली राइ एक तह छत्री ॥
सूरबीर बलवान निछत्री ॥
बदन प्रभा तिह जात न भाखी ॥
जनु मुख चीर चाद की राखी ॥२॥
त्रिय की प्रीति तवन सौ लागी ॥
जा ते नीद भूखि सभ भागी ॥
जिय ते न्रिप रोगी ठहरायो ॥
ऊच नीच सभहीन सुनायो ॥३॥
खींध एक राजा पर धरी ॥
उर पर राखि लोन की डरी ॥
अगनि साथ तिह अधिक तपाई ॥
जो कर साथ छुई नहि जाई ॥४॥
चारो ओर दाबि अस लिया ॥
मुख ते ताहि न बोलन दिया ॥
तब ही तजा गए जब प्राना ॥
भेद पुरख दूसरे न जाना ॥५॥

CHARITAR ३८२ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ बिआसी चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥382॥6863॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सुनहु चरित इक अवर नरेसा ॥
न्रिप इक झारखंड के देसा ॥
कोकिल सैन तवन को नामा ॥
मती कोकिला वा की बामा ॥१॥
बदली राम साह सुत इक तह ॥
जिह सम सुंदर कहूं न जग मह ॥
द्रिग भरि ताहि बिलोका जब ही ॥
रानी भई काम बसि तब ही ॥२॥
काम भोग तिह साथ कमावै ॥
मूड़ नारि नहि ह्रिदै लजावै ॥
जब राजै इह बात पछानी ॥
चित महि धरी न प्रगट बखानी ॥३॥
आधी रैनि होत भी जब ही ॥
राजा दुरा खाट तर तब ही ॥
रानी भेद न वा को पायो ॥
बोलि जार कौ निकट बुलायो ॥४॥
रुचि भरि भोग तवन सौ करा ॥
खाट तरे राजा लहि परा ॥
अधिक नारि मन महि डर पाई ॥
करौ दैव अब कवन उपाई ॥५॥
सुनु मूरख तै बात न पावै ॥
न्रिप नारी कह हाथ लगावै ॥
सुंदरि सुघरि जैसे मुर राजा ॥
तैसो दुतिय न बिधना साजा ॥६॥
अड़िल ॥
जो पर नर कह पिय बिनु नारि निहारई ॥
महा नरक महि ताहि बिधाता डारई ॥
निजु पति सुंदर छाडि न तुमहि निहारिहौ ॥
हो निजु कुल की तजि कानि न धरमहि टारिहौ ॥७॥

चौपई ॥

जैसो अति सुंदर मेरो बर ॥
तुहि वारौ वा के इक पग पर ॥
तिह तजि तुहि कैसे हूं न भजि हों ॥
लोक लाज कुल कानि न तजि हों ॥८॥
सुनत बचन मूरख हरखान्यो ॥
पतीब्रता नारी कह जान्यो ॥
सिर पर धरि पलका पर नचा ॥
इह बिधि जारि नारि जुत बचा ॥९॥

CHARITAR ३८३ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ तिरासी चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥383॥6872॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सदा सिंघ इक भूप महा मनि ॥
सदापुरी जा की पछिम भनि ॥
स्री सुलंक दे ता की नारी ॥
जनुक चंद्र ते चीरि निकारी ॥१॥
तह इक होत साह धनवाना ॥
निरधन करि डारियो भगवाना ॥
अधिक चतुरि ता की इक नारी ॥
तिन ता सौ इह भाति उचारी ॥२॥
करि हौ बहुरि तुमै धनवंता ॥
क्रिपा करै जो स्री भगवंता ॥
आपन भेस पुरख को धारो ॥
राज बाट पर हाट उसारो ॥३॥
एकन दरब उधारो दियो ॥
एकन ते राखन हित लियो ॥
अधिक आपनी पतिहि चलायो ॥
जह तह सकल धनिन सुनि पायो ॥४॥
सोफी सूम साह इक तहा ॥
जा के घर सुनियत धन महा ॥
सुत त्रिय को नहि करत बिस्वासा ॥
राखत दरब आपने पासा ॥५॥
साह सुई तिह नारि तकायो ॥
अधिक प्रीत करि ताहि बुलायो ॥
त्रिय सुत माल कहा तव खै है ॥
एक दाम फिरि तुमै न दै है ॥६॥
साह माल कहूं अनत रखाइ ॥
सरखत ता ते लेहु लिखाइ ॥
मात पूत कोई भेद न पावै ॥
तुम ही चहहु तबै धन आवै ॥७॥
बचन बहुरि तिन साह बखानो ॥
तुम ते और भलो नहि जानो ॥
मेरो सकल दरबु तै लेहि ॥
सरखत गुपत मुझै लिखि देहि ॥८॥
बीस लाख ता ते धन लिया ॥
सरखत एक ताहि लिखि दिया ॥
बाजू बंद बीच इह रखियहु ॥
अवर पुरख सौ भेव न भखियहु ॥९॥
दै धन साह जबै घर गयो ॥
भेख मजूरन को तिन लयो ॥
धाम तिसी के किया पयाना ॥
भेद अभेद तिन मूड़ न जाना ॥१०॥
कही कि एक टूक मुहि देहु ॥
पान भराइस गरदनि लेहु ॥
खरच जानि थोरो तिन करो ॥
भेद अभेद नहि नैकु बिचरो ॥११॥
जब ही घात नारि तिन पाई ॥
बाजू बंद लयो सरकाई ॥
अपनी कबज काढि करि लई ॥
सत की डारि तवन मै गई ॥१२॥

कितक दिनन कहि देह रुपइया ॥
पठै दयो इक ताहि मनइया ॥
एक हजार तहा तो ल्यावहु ॥
आनि बनिज को काज चलावहु ॥१३॥
तिनक हजार न ता कौ दिया ॥
जिय मै कोप साह तब किया ॥
बाधि लै गयो ता कह तहा ॥
काजी कोटवार थो जहा ॥१४॥
मो ते बीस लाख इन लिया ॥
अब इन मुझै हजार न दिया ॥
कही सभो सरखत तिह हेरो ॥
इन को अब ही न्याइ निबेरो ॥१५॥
छोरि सरखतहि सभन निहारो ॥
रुपया सौ इक तहा बिचारो ॥
साचा ते झूठा तिह किया ॥
सभ धनु हरो काढि तिह दिया ॥१६॥
बहुरि बचन तिन नारि उचारे ॥
मै न रहत हौ गाव तिहारे ॥
यौ कहि जात तहा ते भई ॥
सोफी यहि कूटि भंगेरी गई ॥१७॥

दोहरा ॥

निरधन ते धनवंत भी करि तिह धन की हानि ॥
सोफी कह अमलिन छरा देखत सकल जहान ॥१८॥

CHARITAR ३८४ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ चउरासी चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥384॥6890॥अफजूं॥*

चौपई ॥

चित्र केतु राजा इक पूरब ॥
जिह बचित्र रथ पुत्र अपूरब ॥
चित्रापुर नगर तिह सोहै ॥
जिह ढिग देव दैत पुर को है ॥१॥
स्री कटि उतिम दे तिह नारी ॥
सूरज वत तिह धाम दुलारी ॥
जिह सम सुंदरि नारि न कोई ॥
आगे भई न पाछे होई ॥२॥
बानी राइ तहा इक साहा ॥
जिह मुखु सम सुंदरि नहि माहा ॥
स्री गुलजार राइ सुत ता के ॥
देव दैत कोइ तुलि न वा के ॥३॥
राज सुता ता को लखि रूपा ॥
मोहि रही मन माहि अनूपा ॥
एक सहचरी तहा पठाई ॥
जिह तिह भाति तहा लै आई ॥४॥
मिलत कुअरि ता सौ सुखु पायो ॥
भाति भाति मिलि भोग कमायो ॥

चुंबन भाति भाति के लीए ॥
भाति अनिक के आसन कीए ॥५॥
तब लगि मात पिता तह आयो ॥
निरखि सुता चित मै दुख पायो ॥
किह छल सौ इह दुहूं संघारो ॥
छत्र जार के सिर पर ढारो ॥६॥
दुहूंअन के फासी गरु डारी ॥
पिता सहित माता हनि डारी ॥
फास कंठ ते लई नकारी ॥
बोलि लोग सभ ऐस उचारी ॥७॥
इन दुहूं जोग साधना साधी ॥
न्रिप रानी जुत पवन अराधी ॥
बारह बरिस बीत है जब ही ॥
जगि है छाडि तारियहि तब ही ॥८॥
तब लगि तात दिया मुहि राजा ॥
राज साज का सकल समाजा ॥
तब लगि ता को राज कमै हो ॥
जब जग है ता कौ तब दै हो ॥९॥
इह छल तात मात कह घाई ॥
लोगन सौ इह भाति जनाई ॥
जब अपनो द्रिड़ राज पकायो ॥
छत्र मित्र के सीस फिरायो ॥१०॥

दोहरा ॥

तात मात इह भाति हनि दियो मित्र कौ राज ॥
सकत न कोई पछानि करि चंचलान के काज ॥११॥

CHARITAR ३८५ — *SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ पचासी चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥385॥6901॥अफजूं॥*

चौपई ॥

बीर केतु इक भूप भनिजै ॥
बीरपुरी तिह नगर कहिजै ॥
स्री दिन दीपक दे तिह रानी ॥
सुंदरि भवन चतुरदस जानी ॥१॥
राइ गुमानी तह इक छत्री ॥
सूरबीर बलवान धरत्री ॥
इक सुंदर अर चतुरा महा ॥
जिह सम उपजा कोई न कहा ॥२॥
राज तरुनि जब ताहि निहारियो ॥
इहै चंचला चित बिचारियो ॥
कहो चरित्र कवन सो कीजै ॥
जिह बिधि पिय सौ भोग करीजै ॥३॥
बीर मती इक सखी स्यानी ॥
कानि लागि भाख्यो तिह रानी ॥
राइ गुमानी कौ लै कै आइ ॥
जिह तिह बिधि मुहि देहु मिलाइ ॥४॥

सखी ब्रिथा सभ भाखि सुनाई ॥
ज्यों रानी कहि ताहि सुनाई ॥
जिह तिह बिधि ता कह उरझाई ॥
आनि कुअर कौ दयो मिलाई ॥५ ॥
भाति भाति तिह साथ बिहारी ॥
भोग करत बीती निसु सारी ॥
तब लगि आइ गयो तह राजा ॥
इह बिधि चरित चंचला साजा ॥६ ॥
तीछन खड्ग हाथ महि लयो ॥
लै मितहि के सिर महि दयो ॥
टूक टूक करि ता के अंगा ॥
बचन कहा राजा के संगा ॥७ ॥
चलो भूप इक चरित दिखाऊ ॥
गौस मरातिब तुमै लखाऊ ॥
राइ चरित कछहूं न बिचारियो ॥
म्रितक परा तिह मित्र निहारियो ॥८ ॥
ता कौ गौस कुतुब करि माना ॥
भेद अभेद न मूड़ पछाना ॥
त्रसत हाथ ता कौ न लगायो ॥
पीर पछानि जार फिर आयो ॥९ ॥

दोहरा ॥

प्रथम भोग ता सौ किया बहुरो दिया संघारि ॥
मूड़ भूप इह छल छला सका न भेद बिचार ॥१० ॥

CHARITAR ३८६ *— SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ छिआसी चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥386॥6911॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

मारवार इक भूप भनिजै ॥
चंद्र सैन तिह नाम कहिजै ॥
स्री जग मोहन दे तिह नारि ॥
घड़ी आपु जनु ब्रहम सु नार ॥१ ॥
चंद्रवती इह पुरी बिराजै ॥
नाग लोक जा कौ लखि लाजै ॥
होड परी इक दिन तिन माह ॥
बचन कहा त्रिय सौ लर नाह ॥२ ॥
ऐसी कवन जगत मै नारी ॥
कान न सुनी न नैन निहारी ॥
पतिहि ढोल की ढमक सुनावै ॥
बहुरि जार सौ भोग कमावै ॥३ ॥
केतक दिन बीतत जब भए ॥
तिय कौ बच सिमरन ह्वै गए ॥
अस चरित्र करि पतिहि दिखाऊं ॥
भजौ जार अर ढोल बजाऊं ॥४ ॥
तब ते इहै टेव तिन डारी ॥
औरन त्रिय सौ प्रगट उचारी ॥

मै धरि सीस पानि को साजा ॥
भरि ल्यैहौ जल न्रिप के काजा ॥५॥
बचन सुनत राजा हरखानो ॥
ता कौ अति पतिब्रता जानो ॥
निजु सिर कै रानी घट ल्यावै ॥
आनि पानि पुनि मुझै पिलावै ॥६॥
इक दिन त्रिय पिय सोत जगाई ॥
लै घट कौ कर चली बनाई ॥
जब तुम ढोल ढमक सुनि लीजो ॥
तब इमि काज राज तुम कीजो ॥७॥
प्रथम सुन्यो सभ ढोल बजायो ॥
जनियहु रानी डोल धसायो ॥
दुतिय ढमाक सुनो जब गाढा ॥
जनियहु तरुनि कूप ते काढा ॥८॥
तहिक लहौरी राइ भनिजै ॥
जा संग त्रिय को हेतु कहिजै ॥
लयो तिसी को तुरत मंगाइ ॥
भोग किया अति रुचि उपजाइ ॥९॥
प्रथम जार जब धका लगायो ॥
तब रानी लै ढोल बजायो ॥
जब तिह लिंग सु भग ते काढा ॥
त्रिय दिय ढोल ढमाका गाढा ॥१०॥
तब राजै इह भाति बिचारी ॥
डोरि कूप ते नारि निकारी ॥
तिन त्रिय भोग जार सौ कीना ॥
राजा सुनत दमामो दीना ॥११॥
प्रथम जार सौ भोग कमायो ॥
बहुरो ढोल ढमाक सुनायो ॥
भूप क्रिया कबहूं न बिचारी ॥
कहा चरित्र किया इम नारी ॥१२॥

CHARITAR ३८७ *— SAMAPAT*

◄ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ सतासी चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥387॥6923॥अफजूं॥*

चौपई ॥

सिंघ नरिंदर भूप इक न्रिप बर ॥
न्रिपबरवती नगर जा को घर ॥
स्री मद मोकल दे तिह नारी ॥
बिधि सु नार साचे जनु ढारी ॥१॥
देह कुरूप भूप कौ भारा ॥
निजु त्रिय साथ न राखत प्यारा ॥
रैनि दिवस जोगियन बुलावै ॥
जोग साधना चहै कि आवै ॥२॥
या ते नारि अधिक रिसि ठानी ॥
सुनत जोगियन की असि बानी ॥
ऐसा कछू उपाइ बनाऊ ॥
भूपति सहित अजु इन घाऊ ॥३॥
देउं आपनो मित्रहि राजा ॥

जोगी हनौ भूप जुत आजा ॥
सकल प्रजहि इन मारि दिखाऊं ॥
मित्र सीस पर छत्र फिराऊं ॥४॥
जब राजा निस कौ ग्रिह आयो ॥
बहुरि जोगियन बोलि पठायो ॥
तिमि तिमि नारि फास गर डारि ॥
भूप सहित सभ दए संघार ॥५॥
भूपति मारि खाट तर पायो ॥
दुहूं अतीतन तरे डसायो ॥
सिंघासन पर मित्रहि राखा ॥
बोलि प्रजा सभ सो इमि भाखा ॥६॥
जब राजा निसु कौ ग्रिह आयो ॥
दुहूं जोगियन निकट बुलायो ॥
अतभुत नागा तहा इक निकसा ॥
रावल हेरि तवन कौ बिगसा ॥७॥
सापहि मारि तबै तिन लियो ॥
फरूआ बीच डारि करि दियो ॥
घोटि भाग जिमि दुहूंअन पीयो ॥
अति असथूल देह कह कीयो ॥८॥
ता ते अधिक फूलि जब गए ॥
कुंजर सो धारत बपु भए ॥
द्वै घटिका बीती तब फूटे ॥
आवन जान जगत ते छूटे ॥९॥
बरख बारहन के ह्वै गए ॥
त्यागत देह पुरातन भए ॥
स्वरग लोक कह किया पयान ॥
त्यागि आपुनी देह पुरानि ॥१०॥
भूप निरखि चक्रित चित रहा ॥
मुहि सेती ऐसी बिधि कहा ॥
हम तुम आव साप दोऊ खाहि ॥
देह धरे सुरपुर को जाहि ॥११॥
यौ कहि कै न्रिप साप चबायो ॥
मै डरते नहि ताहि हटायो ॥
थोरा भख्यो उडा नहि गयो ॥
ता ते तन सुंदर इह भयो ॥१२॥
देह पुरातन त्यागन करी ॥
औखध बल नौतन तन धरी ॥
देह भूप की ठौर जरावहु ॥
या के सिर पर छत्र फिरावहु ॥१३॥
इह छल साथ जोगियन घायो ॥
भूपति को सुर लोक पठायो ॥
सकल प्रजा को लोथि दिखाई ॥
देस मित्र की फेरि दुहाई ॥१४॥
भेव प्रजा किनहूं न पछाना ॥
किह बिधि हना हमारा राना ॥
किह छल सो जुगियन को घायो ॥
मित्र सीस पर छत्र फिरायो ॥१५॥

दोहरा ॥

गरबी राइ सु मित्र को दिया आपना राज ॥

जोगन जुत राजा हना किया आपना काज ॥१६ ॥

CHARITAR ३८८ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ अठासी चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥388॥6939॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

भूप सुबाहु सैन इक सुना ॥
रूपवान सुंदरि बहु गुना ॥
स्री सुबाहपुर ता को सोहै ॥
जिह सम और नगर नहि को है ॥१॥
स्री मकरधुज दे तिह रानी ॥
सुंदरि देस देस मौ जानी ॥
तिह समान नारी नहि कोऊ ॥
पाछे भई न आगै होऊ ॥२॥
तिन देखा दिली को एसा ॥
इह बिधि ते लिखि पठियो संदेसा ॥
तुम इह ठौर आपु चड़ि आवहु ॥
भूपति जीति मुझै लै जावहु ॥३॥
अकबर सुनत बैन उठि धयो ॥
पवन हुते आगे बढि गयो ॥
साह सुना आयो न्रिपु जब ही ॥
पति सौ बचन बखाना तब ही ॥४॥
तुम ह्यां ते न्रिप भाजि न जैयहु ॥
रन सामुहि ह्वै जुध मचैयहु ॥
मै न तजौगी तुमरा साथा ॥
मरे जरोगी तुम सौ नाथा ॥५॥
इत भूपति कह धीर बंधायो ॥
उतै लिखा लिखि तहा पठायो ॥
आई सैन साह की जब ही ॥
रहा उपाइ कछू नहि तब ही ॥६॥
राजा जूझि मरत भयो जबै ॥
भाज चलत भी परजा तबै ॥
रानी बाधि तबै तिन लई ॥
इह छल धाम मित्र के गई ॥७॥

CHARITAR ३८९ — *SAMAPAT*

◀ *इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ निनानवे चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥389॥6946॥अफज़ूं॥*

चौपई ॥

बाहुलीक सुनियत राजा जह ॥
जिह समान कोई भयो दुतिय नह ॥
धाम गौहरा राइ दुलारी ॥
जिह समान नहि देव कुमारी ॥१॥
तह इक हुता साह का बेटा ॥
जिह समान को भयो न भेटा ॥
एक सुघर अरु सुंदर घनो ॥

जनु अवतार मदन को बनो ॥२॥
भूप सुता तिह निरखि लुभाई ॥
गिरी भूमि जनु नाग चबाई ॥
सखी एक तिह तीर पठाई ॥
गाजि राइ कह लिया बुलाई ॥३॥
जब तिह लखा सजन घर आयो ॥
कंठ गौहरा राइ लगायो ॥
बहु बिधि करे तवन सौ भोगा ॥
दूरि करा जिय का सभ सोगा ॥४॥
भोग करत भायो अति प्यारो ॥
छिन न करत आपन ते न्यारो ॥
भाति भाति की कैफ पिलावै ॥
सुभ्र सेज चड़ि भोग कमावै ॥५॥
तब तह तात तवन का आयो ॥
त्रसत देग महि ताहि छपायो ॥
रौजन मूंदि हौज महि धरा ॥
एक बूंद जल बीच न परा ॥६॥
पितहि ताल ततकाल दिखायो ॥
बीच बेरीयन डारि फिरायो ॥
दीए जराइ बीच तिह डारे ॥
जनु करि चड़े रैनि के तारे ॥७॥
पितहि अचंभव ऐस दिखायो ॥
समाधान करि धाम पठायो ॥
मित्रहि काढ सेज पर लीना ॥
काम भोग बहु बिधि तन कीना ॥८॥

CHARITAR ३९० — *SAMAPAT*

◄ इति स्री चरित्र पख्याने त्रिया चरित्रे मंत्री भूप संबादे तीन सौ नबे चरित्र समापतम सतु सुभम सतु ॥390॥6954॥अफजूं॥

चौपई ॥

बरबरीन को देस बसत जह ॥
बरबर पुर इक नगर हुतो तह ॥
अफकन सेर तहा का राजा ॥
जिह समान बिधि दुतिय न साजा ॥१॥
पीर मुहंमद तह इक काजी ॥
देह कुरूप नाथ जिह साजी ॥
धाम खातिमा बानो नारी ॥
जिह समान नहि राज दुलारी ॥२॥
सोरठा ॥
सुंदर ता की नारि अति कुरूप काजी रहै ॥
तब तिन किया बिचारि किह बिधि बध या कौ करो ॥३॥

चौपई ॥

साह पुत्र तिह पुर इक आयो ॥
बाके राइ सरूप सवायो ॥
काजी की इसत्री तिह लहा ॥
बरौ इसी कह चित यौ कहा ॥४॥

मुसलमान बहु धाम बुलावत ॥
भाति भाति तन दरब लुटावत ॥
यौ कहि सभहूं सीस झुकावै ॥
यह काजी सुंदर ह्वै जावै ॥५॥
एक दिवस उप पतिहि बुलाई ॥
कान लागि सभ बात सिखाई ॥
बीच छपाइ सदन के राखा ॥
और नारि सौ भेव न भाखा ॥६॥
सभ मलेछ उठि फजिर बुलाए ॥
भाति भाति के साथ जिवाए ॥
कहियो सभै मिलि देहु दुआइ ॥
मम पति सुंदरि करै खुदाइ ॥७॥
सभहूं हाथ तसबियै लीनी ॥
बहु बिधि दुआइ तवन कह दीनी ॥
भाति भाति तन करी सुनाइ ॥
तव पति सुंदर करै खुदाइ ॥८॥
लै दुआइ त्रिय धाम सिधाई ॥
मारि काजियहि दियो दबाई ॥
करि काजी लैगी तिह तहा ॥
पड़त किताब मुलाने जहा ॥९॥
प्रजा निरखि ता कह हरखानी ॥
साचु किताब आपनी जानी ॥
हम जो या कह दई दुआइ ॥
या ते सुंदर करा खुदाइ ॥१०॥
इह बिधि प्रथम काजियहि घाई ॥
बरत भई अपना सुखदाई ॥
भेद अभेद न किनूं बिचारा ॥
इह छल बरा अपना प्यारा ॥११॥

दोहरा ॥

तुम सभ ही अति क्रिपा कर दीनी हमै दुआइ ॥
